ब्रह्मर्षिवृद्धवशिष्ठविरचिता

वशिष्ठसंहिता



डॉ. गिरिजाशङ्कर शास्त्री

CHAUKHAMBA SANSKRIT PRATISHTHAN
4360/4, Ansari Road, Darya Ganj,
New Delhi-110002
Ph 011-42637180, 41530902
Email . info@chaukhambabooks.in

॥ श्री: ॥

चौखम्भा संस्कृत भवन ग्रन्थमाला

८८

ब्रह्मर्षिवृद्धवशिष्ठविरचिता

वशिष्ठसंहिता

सम्पादक एवं टीकाकार

डॉ० गिरिजाशङ्कर शास्त्री

एम०ए० संस्कृत साहित्य, आचार्य (फलित ज्योतिष)

डी०फिल० त्रिस्कन्ध (ज्योतिष)

रीडर एवं अध्यक्ष

ईश्वरशरण डिग्री कालेज, इलाहाबाद

चौखम्भा संस्कृत भवन

वाराणासी- २२१००१ (भारत)

इस ग्रन्थ का प्रकाशनाधिकार प्रकाशक द्वारा सुरक्षित है। इस ग्रन्थ के किसी भी अंश का पुन: किसी माध्यम से तैयार होना, सुधार कर आदि किसी पद्धति से संप्रेषण प्रकाशक तथा कापीराइट धारक के पूर्व अनुमति बिना अवैधानिक होगा।

प्रकाशक :

चौखम्भा संस्कृत भवन

संस्कृत, आयुर्वेद एवं इण्डोलाजिकल ग्रन्थों के प्रकाशक एवं वितरक
चौक, चित्रा सिनेमा के सामने (बैंक ऑफ बड़ौदा बिल्डिंग)
वाराणसी -२२१००१ (भारत)
फोन : +९१-५४२-२४२०४१४
e-mail : csb.brajendra@gmail.com

ISBN-978-81-89986-63-6

सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन
© **चौखम्भा संस्कृत भवन**

संस्करण : तृतीय, वि०सं० २०७३
मूल्य : रु० ३५०.००

वितरक :

चौखम्भा संस्कृत भवन

चौक, चित्रा सिनेमा के सामने (बैंक ऑफ बड़ौदा बिल्डिंग)
वाराणसी -२२१००१ (भारत)

मुद्रक : मित्तल आफसेट, वाराणसी

THE
CHAUKHAMBHA SANSKRIT BHAWAN SERIES
88

VAŚIṢṬHA SAMHITĀ

OF

BRHMARṢI VṚDHA VAŚIṢṬHA

Dr. Girijashankar Sastri
M.A. Sanskrit, Ācārya (Phalita Jyotiṣ)
D. Phil. (Triskandha Jyotiṣ)
Reader & Head, Sanskrit Department
Īśvarśaraṇa Degree College
Allahabad

CHAUKHAMBHA SANSKRIT BHAWAN
VARANASI-221001 (INDIA)

All rights reserved by the publishers. No part of this work may be reproduced stored in a ritrieval system or transmitted in any form or by any means, elctronic, mechanical, photo-copying, recording or otherwise, without the prior writen permission of the copyright owner

Publisher

CHAUKHAMBHA SANSKRIT BHAWAN

Sanskrit, Ayurveda & Indological Publishers & Distributors

Chowk, Opp. Chitra Cinema, (Bank of Baroda Building)

Varanasi-221001 (India)

Phone : +91-542-2420414

e-mail : csb.brajendra@gmail.com

ISBN-978-81-89986-63-6

All Rights Reserved

© Chaukhambha Sanskrit Bhawan

Edition : Third 2016

Price : Rs. 350.00

Distributor

CHAUKHAMBHA SANSKRIT BHAWAN

Chowk, (Opp. Chitra Cinema)

Varanasi-221001 (India)

Printed at : Mittal Offset, Varanasi

समर्पण



अलौकिक प्रतिभासम्पन्न, प्रख्यात साहित्यकार
अजातशत्रु, ब्रह्मलीन

डॉ० जयशङ्कर त्रिपाठी

जिनके मृदुल स्नेहाशीष से जीवन
प्रकाशमय हुआ, ऐसे महामनस्वी
को सप्रणाम यह कृति सादर
समर्पित है।

- गिरिजाशङ्कर शास्त्री

Prof. Suresh Chandra Pande
Retired Professor & Head
Sanskrit Department
Allahabad University,
Allahabad
President's
Certificate of Honour

1/6, Prayag Street
Allahabad - 211 002
Phone : (0532) 2641538

आशीर्वचन

संस्कृत के सुप्रसिद्ध विद्वान् एवं ज्योतिर्विद् डॉ० गिरिजा शङ्कर शास्त्री ने सम्पादन तथा प्रामाणिक अनुवाद करके ज्योतिषशास्त्र के अनेक दुर्लभ प्राचीन ग्रन्थों का उद्धार किया है। इनके इस कष्टसाध्य कार्य से न केवल ज्योतिषशास्त्र की नई दिशाओं का उन्मीलन हुआ है अपितु इस क्षेत्र में शोध करने वालों को कार्य करने की प्रेरणा भी मिली है। प्रस्तुत ग्रन्थ 'वशिष्ठ संहिता' उसी दिशा में इनका एक पूर्णतः सफल प्रयास है। 'वशिष्ठ संहिता' के रचयिता तथा रचनाकाल के विषय में निश्चित रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता, इसकी प्राचीनता अवश्य ही निर्विवाद है। छियालीस अध्यायों में रचित इस ग्रन्थ में प्रत्येक अध्याय के अन्त में वृद्धवशिष्ठरचित बताया गया है –

''इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायाम् .... ''

वशिष्ठ के नाम से एक धर्मसूत्र भी मिलता है जिसे महामहोपाध्याय भारतरत्न पी०वी० काणे ने ईसापूर्व ३०० से १०० के मध्य का माना है। रचयिता के सम्बन्ध में वे लिखते हैं ''याज्ञवल्क्यस्मृति की टीका में विश्वरूप ने वृद्धवशिष्ठ के मत दिये हैं। मिताक्षरा एवं भट्टोजि दीक्षित में भी उनका उल्लेख है ..... इन बातों से पता चलता है कि वृद्धवशिष्ठ नाम के कोई प्राचीन धर्माचार्य थे।''

इस ग्रन्थ में ज्योतिष तथा वास्तुशास्त्र सम्बन्धी अनेक विषयों का प्रतिपादन हुआ है। अनेक ऐसे तथ्य भी कहे गये हैं जो पहले अनकहे रह गए थे। जैसे ग्रहों में अष्टकवर्गबल को श्रेष्ठ माना गया है। यथा –

ग्रहाणां तीक्ष्णांशुः सदा तु सदृशो भवेत् ।
अष्टवर्गबलं तद्वद् ग्रहाणामुत्कटं बलम् ।।

विषम भावस्थित ग्रहों की शान्ति पर जोर डाला गया है, न करने पर अर्थहानि मनस्ताप तथा विविध संकट भोगने पड़ते हैं –

ग्रहेषु विषमस्थेषु यः शान्तिं न करोति सः।
अर्थहानिं मनस्तापं चाश्नुते सर्वसङ्कटान् ।।

वास्तु शास्त्र का सविस्तर विवेचन भी इस ग्रन्थ की एक विशेषता है।

इस वशिष्ठ संहिता का उत्तम सम्पादन एवं सुबोध शैली में शाब्दिक अनुवाद सहित प्रकाशन करके डॉ० गिरिजाशङ्कर ने विद्वज्जगत् का और विशेषरूप से दैवज्ञजगत् का परम उपकार किया है। इसके लिए वे साधुवाद एवं बधाई के पात्र हैं।

सुरेशचन्द्र पाण्डे

(सुरेश चन्द्र पाण्डे)

ooo

प्रो० डॉ० नागेन्द्र पाण्डेय
आचार्य, ज्योतिष विभाग
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी
पूर्व अध्यक्ष उ०प्र० संस्कृत संस्थान, लखनऊ
अध्यक्ष ज्योतिष विज्ञान समिति, वाराणसी

आवास :
सूर्यसदनम्
१५ वरुणा विहार कालोनी
वाराणसी कैण्ट-२
फोन : ९४५२५६४६४५

पुरोवाक्

डॉ० गिरिजाशंकर शास्त्रिमहोदयस्य लेखनकौशलेन प्राय: सर्वे सुपरचिताः सन्ति ज्योतिषशास्त्रमर्मज्ञाः। प्राचीनग्रन्थानां संशोधनपुरस्सरं नूतनं कलेवरं दत्त्वा प्रकाशनं नेतुरस्य पुण्यभाजः मनसि ज्योतिषग्रन्थानां उद्धारे विद्यते कोप्यपूर्वः संकल्पः। लोमशसंहितायाः एतद् पूर्वं प्रकाशनं कृतमस्ति शास्त्रिवर्य्येण। पुनश्च यदा वशिष्ठसंहितायाः सम्पादनस्य वार्ता मया श्रुता तदातु मम मनसि महत् कौतूहलमजनि। इदानीमपि संहिताग्रन्थाः विरलाः, अंगुलिगण्याः एव मुद्रिताः सन्ति। अतः यत्र कुत्रापि संहिताग्रन्थाः सन्ति तेषाम् प्रकाशनेन ज्योतिषशास्त्रस्य अध्येतृणां, अनुसन्धातृणां, सामान्यजनानाम् च कृते महद् उपकारो भविष्यतीति मम दृढोविश्वासः।

वशिष्ठसंहितायाः विषयाः ४६ अध्यायेषु विभक्ताः सन्ति। सर्वेषु संहिताग्रन्थेषु वशिष्ठसंहितायाः नाम प्रथममायाति। अत्र विषयाः अपि सुगम्भीराः सुघटिताः घनीभूताः, सुस्पष्टाश्च सन्ति। डॉ० गिरिजाशंकरशास्त्रि महोदयस्य वशिष्ठसंहितायाः प्रकाशने परिश्रमं दृष्ट्वा सत्संकल्पं च परिज्ञाय भृशं परितुष्टोऽस्मि। अहम् विश्वस्तोऽस्मि यदऽयं महोदयः एवं विधानां ग्रन्थानां प्रकाशनेन मौलिकचिन्तनेन च नूनमेव ज्योतिषजगति स्वधवलकीर्तिभिः सुविख्यातः लब्धवर्णश्च भविष्यत्वेव।

वशिष्ठसंहितायाः प्रतिपादकः महर्षि वशिष्ठः वैदिकः ऋषिः। सर्वेषु वैदिकग्रन्थेषु, पुराणेषु, धर्मशास्त्रेषु अन्येषु च संस्कृतवाङ्मयेषु च वशिष्ठस्य

स्थानं महत्त्वपूर्णं दरीदृश्यते। वशिष्ठविश्वामित्रयोः परिवादकथाः प्रथिताः सन्ति। सप्तर्षिमण्डलेषु वशिष्ठस्य अन्यतमं स्थानम्। अतः स्वाभाविकीयं जिज्ञासा जागर्ति यदस्य वशिष्ठसंहितानामाधेयस्य लौकिकसंस्कृते विरचितस्य रचयिता कतमः वशिष्ठः, वैदिकः पौराणिकः आचार्यकालेषु उत्पन्नाः कोऽपि अन्यो वा वशिष्ठः? पौराणिकपरम्परायाम् दृश्यते यद् व्यासनाम्ना विदुषां परम्परा प्राचीनकालादेव समागता प्रतिभाति। एवमेव वशिष्ठनाम्नापि [illegible] लतः आचार्यकालपर्यन्तम् वशिष्ठाभिधाः वहवो वशिष्ठाः संयाताः।

अस्माकं प्रयोजनं तु नारदसंहितायां पराशरसंहितायां च आख्यातस्य वशिष्ठस्य अन्वेषणे विद्यते यश्च ज्योतिषशास्त्रस्य प्रवर्त्तकत्वेन ख्यातोऽस्ति। वशिष्ठपदप्रयोगेऽपि द्वौ भेदौ दृश्येते। कुत्रचित् [illegible] ष्ठशब्दस्य प्रयोगो दृश्यते कुत्रचिच्च वृद्धवशिष्ठशब्दस्य उल्लेखः प्राप्यते। नामभेदेनापि ग्रन्थभेदाः न दृश्यन्ते। अतः वक्तुं शक्यते यत् वृद्धवशिष्ठः एव वशिष्ठः, अत्र व्यक्तिभेदस्याशंका नैव कर्त्तव्या। वशिष्ठशब्दस्य निर्वचनं विविधकोषग्रन्थेषु यथाकृतमस्ति तथात्रोपस्थाप्यते। वशिष्ठशब्दः तन्निष्पत्तिश्च –

वशिका, स्त्रीः वशी वशीकरणं साध्यत्वेनास्त्यस्या इति। वश + ठन् अगुरुः इति शब्दचन्द्रिका। वशिता, स्त्री, वशिनो भावः। वशिन् + तल् वशित्वम्। इति हेमचन्द्रः।। यथा भागवते ११।१५।१६, नारायणे तुरीयाख्ये भगवच्छन्दशब्दिते।

मनो मय्या दधद्योगे मद्धर्म्मा वशितामियात्।।

वशित्वं क्लीः वशिनोभावः। वशिन् + त्व। आयप्तत्वम्। यथा, षड्रत्ने।।

शास्त्रं सुचिन्तितमपि प्रतिचिन्तनीय-
माराधितोऽपि नृपतिः परिशङ्कनीयः।
अङ्के स्थितापि युवतिः परिरक्षणीया,
शास्त्रे नृपे च युवतौ च कुतो वशित्वम्।।

शिवस्याष्टैश्वर्यान्तर्गतैश्वर्य विशेषः। यथा –

अणिमा लघिमा प्राप्तिः प्राकाम्य महिमा तथा।
ईशित्वञ्च वशित्वञ्च तथा कामावशायिता।।

वशित्वं स्वातन्त्र्यं येन स्वतन्त्रञ्चरति इत्यमरटीकायां भरतः।

वशिनी स्त्री! वशी वशीकरणं साध्यत्वेनास्त्यस्या इति। वश + इनिः।

ङीप्। वन्दा शमी वृक्षः इति शब्द रत्नावली। वशिरं, क्ली। उश्यते इष्यते इति वश + वाहुलकात् किरच। यद्वा वशिं वशत्वं रातीति। रा + कः। सामुद्रलवणम् इत्यमरः वशिरः पुं.। वश + किरच् गजपिप्पली इत्यमरः। अस्य पर्यायो यथा–

करि पिप्पलौ करुणा कपिवल्ली कपिल्लिका।
श्रेयसी वशिरश्चापि गजाह्वा गजपिप्पली।।

भुलिटा इति ख्यातः। अस्य पर्य्यायो यथा –

पार्वतेयश्च कुरभो वशिरः कपिपिप्पली।
जामातासौ क्वचित्प्रोक्तः सूर्य्यावर्त्तः सितोऽवरः।।

(इति वैद्यकरत्नमाला)

चव्यम्। इति राजनिर्घण्टः। अपामार्गः। इति मेदिनी। रे० २०८। वचा। इति शब्दचन्द्रिका।

वशिष्ठः पु०। वशवतां वशिनां श्रेष्ठः। वशवत् + इष्ठन्। "विन्मतोर्लुक।।" ५।३।६५ इति पाणिनीसूत्राल्लुकः।। यद्वा वशिष्ठः। पृषोदरादित्वात् साधुः अस्य निरुक्तिर्यथा, महाभारते। १३।९३।८९।

वशिष्ठोऽस्मि वरिष्ठोऽस्मि वेशे वासगृहेष्वपि।
वशिष्ठत्वाच्च वासाच्च वशिष्ठ इति विद्धिमाम।।

स्वनामख्यातमुनिः। तत्पर्य्यायः। अरुन्धतीजानिः इति हेमचन्द्रः। अरुन्धतीनाथः ३ वशिष्ठः ४। इति शब्दरत्नावली। स तु ब्रह्मणः प्राणेभ्यो जातः। तस्य भार्य्या कर्दमकन्या अरुन्धती। पुत्राः सप्तर्षयः। इति श्रीमद्भागवतम् – अपि च –

वशिष्ठश्च तयोर्ज्जायां सप्तपुत्रानजीजनत्।
कन्याञ्च पुण्डरीकाक्षां सर्वशोभासमन्विताम्।।

रजो गात्रोर्ध्व बाहुश्च भवनश्चा नवस्तथा।
सुतपाः शुत्रइत्येते सप्त पुत्राः महौजसः।।

एवं वशिष्ठशब्दस्य निरुक्तिविषये कोशेषु यद् विचारितं तन्मया समासतो निगदितम्। अत्र सर्वत्र शास्त्रेषु वशिष्ठस्य गरीयत्वात् न्यायः समुदेति "ब्राह्मणवशिष्ठः" इति। एतेन एतद् विज्ञातं भवति यद् वशिष्ठः ब्राह्मणेषु ब्राह्मण

कुलेषु वा सर्व श्रेष्ठोऽस्ति। किञ्च सप्तर्षिषु वशिष्ठः भृगुञ्च सर्व श्रेष्ठत्वेन ज्ञायन्ते। अत्रैव इदमपि ज्ञायते यद वशिष्ठस्य साध्वी स्त्री अरुन्धतीति नामा भारतवर्षस्य सती–सावित्री–अनुसूया–सीतादिषु महताऽऽदरेण साध्वीति गण्यते। नक्षत्रमण्डलेषु ध्रुवमण्डलस्य परिक्रमा सप्तर्षिभिः सह वशिष्ठः अरुन्धत्या सह परिक्रामन्दरीदृश्यते। वशिष्ठः गायत्री मन्त्रस्य उद्धारकः। गायत्री शाप विमोचनप्रकरणे ब्रह्मवशिष्ठविश्वामित्रैः गायत्र्या शापः विभिन्नवैदिकमन्त्रैश्च शापोद्धार प्रसंगः सर्वेविदितमेव। वशिष्ठो मन्त्रद्रष्टा ऋषि–रिति एतत्प्रसंगैर्ज्ञायते। वशिष्ठो ब्रह्मापुत्र इति सर्वत्राख्यानं इति। श्रूयते कल्पारम्भे सृष्टिनिमित्तं ब्रह्मा सर्वप्रथमं मानससृष्टौ सप्तर्षिणामेव सृष्टिश्चकार इति सर्वत्र प्रथितं दृश्यते। अतः वशिष्ठः ब्रह्मणे मानसपुत्रः सकलसृष्टि – तत्वज्ञ इति कथने न कोऽपि विसंवादः। एतेन कल्पारम्भ एव वशिष्ठस्य सृष्टिर्जाता इति निश्चयात् सद्युगात् एव वशिष्ठस्य स्थितिः सम्भवा।।

किञ्च वेदे मित्रावरुणयोः पुत्रत्वेन वशिष्ठ इति सिध्यति। कस्मिश्चिद् यज्ञे एकदा उर्वशीं विलोक्य मित्रावरुणयोः वीर्यस्खलनमभवत् तच्चवीर्यं एकस्मिन् यज्ञ–कुम्भे अन्यैराचार्यैं रक्षितम्। तदनु कालेनं कुम्भात् वशिष्ठागस्त्ययोः जन्म समजनि। वृद्धदेवतायामुल्लेखेन कुम्भस्य जले मत्स्यः आधारस्थले च वशिष्ठः कुम्भे चागस्त्यः समुत्पन्ना वभूवुः। एकस्य ऋग्वेदाख्यानानुसारेण वशिष्ठो वर्तमान गान्धार काबुल प्रभृतिदेशानां दिशि राज्यशासकस्य त्रित्सुवंशीय राज्ञौ दिवोदासस्य पौत्रः तत्पुत्र यिज्वन् इत्याख्यस्य पुत्रः राज्ञः सुदासस्य पुरोहित आसीत्। सुदासेन वशिष्ठाय बहुदत्तः आसीत्। एकदा सुदासेन यज्ञार्थं विश्वामित्रमाहूतः यत्र वशिष्ठः कुपितो जातः। किञ्च तेन अन्ययजमानैः भक्तैश्च अतीव कष्टायितः विश्वामित्रस्तु कथञ्चित यज्ञान्नविवृत्तः गतः परं सुदासस्य पुत्राः वशिष्ठस्य शतपुत्रान् नाशितवन्तः। पुनश्च वशिष्ठः। "एकस्मान्निति पश्चाशतमन्त्रैः सुदास पुत्रान् पराजितवान्। सर्वत्र पुराणेषु वशिष्ठो ब्राह्मणो मानसपुत्र इत्याख्यातः। एकस्मिन् पुराणप्रसंगे एकदा राज्ञो वशिष्ठस्य च मध्ये कलहो जातः तस्मात् निमितपोविधाय अशरीरी एव भूत्वा अमरो बभूव तस्य वंशजाः विदेह इति नाम्ना प्रथिता वभुवुः। वशिष्ठेन च शरीरं परित्यज्य मित्रावरुणयोः वीर्येण जन्मलेभे इति पुराणीया कथा ऋग्वेदाख्यायेन साम्यं भजते इति शम्।

त्रेतायां रामावतारे सूर्यवंशेन सह महर्षिवशिष्ठस्य पौरोहित्यं क्रमबद्धरूपेण दरीदृश्यते। आदिकाव्ये वाल्मीकिरामायणे बालकाण्ड एव महाराज्ञो दशरथस्य

पुत्रेष्टि यज्ञस्यानुष्ठानाय महर्षिवशिष्ठेन प्रार्थितं तेन च यज्ञस्यानुष्ठानाय कृत उद्योगः इति वर्णनं समुपलभ्यते।।

ततः साध्विति तद् वाक्यं ब्राह्मणाः प्रत्यपूजयन्।
वशिष्ठप्रमुखाः सर्वे पार्थिवस्य मुखाच्च्युतम्।।

वाल्मीकिरामायणे १।१२।१०

अभिवाद्यवशिष्ठं च न्यायतः प्रतिपूज्य च।
अब्रवीत् प्रश्रितं वाक्यं प्रसवार्थे द्विजोत्तमम्।।
यज्ञो मे क्रियतां ब्रह्मन् यथोक्तं मुनिपुङ्गव।
यथा न विघ्नाः क्रियन्ते यज्ञाङ्गेषु विधीयताम्।।

वाल्मीकि रामायणे १।१३-२-३

एवमेव मर्यादापुरुषोत्तमस्य श्रीरामचन्द्रस्य अन्येषां भ्रातृणां च कुण्डल्या विचारपूर्वकं महर्षिवशिष्ठोगुणानुरूपं नामानि चकार। यतोहि महर्षिवशिष्ठः समस्त धनुर्विद्यायां पारंगतः अतः समस्त कुमारान् वेदविद्याभिः सहैव धनुर्विद्याया अपि अध्यापनं कृतवान्।

अन्यत्र प्रसंगे स्वयज्ञकरणाय ताटकादिराक्षसनिकरान् विनाशाय च रामस्य याचनार्थमागताय विश्वामित्रो याचनायां सहायार्थं वशिष्ठेनसम्मिल्य स्वानुष्ठानपूर्त्तये विश्वामित्रवशिष्ठयोः संवाद अपि आदिकाव्ये उल्लिखितः

भवान् स्निग्धः सुहृन्मह्यं गुरुश्च परमो महान्।
वोढव्यो भवता चैव भारो यज्ञस्य चोद्यतः।।

वाल्मीकिरामायणे।। १।१३।४

अतीत्यैकादशाहं तु नामकर्म तथा करोत्।
ज्येष्ठं रामं महात्मानं भरतं कैकयीसुतम्।।
सौमित्रिं लक्ष्मणमिति शत्रुघ्नमपरं तथा।
वशिष्ठः परम प्रीतो नामानि कुरुते तदा।।

वाल्मीकिरामायणे।१।१८।२१.२२

गजस्कन्धेऽश्वपृष्ठे च रथचर्यासु सम्मतः।
धनुर्वेदे च निरतः पितुः शुश्रूषणेरतः।।

वाल्मीकिरामायणे।।१।१८।२७

इति दृश्यते। अत्रैव प्रसंगे वशिष्ठेन विश्वामित्राय प्रदत्त ब्रह्मर्षि इति उपाधि अपि चर्चितः विद्यते। अग्रिमे प्रसंगे विश्वामित्रस्य इच्छापूर्तये प्रतिश्रुतेनाऽपि राज्ञा दशरथेन विश्वामित्रेण सह रामस्य प्रेषणं जानुमतं जातम्। तत्र महर्षिः वशिष्ठः दशरथं प्रबोध्य विश्वामित्रस्य महिमानं च विज्ञाप्य रामस्य प्रेषणाय राज्ञः प्रबोधनमपि दृश्यते। एतेन महर्षिवशिष्ठस्य राजकुले कीदृशो प्रभावः इति ज्ञातुं शक्यते।

वशिष्ठं च समागम्य कुशलं मुनिपुङ्गवः।
ऋषींश्च तान् यथा न्यायं महाभाग उवाच ह।।

वाल्मीकि रामायणे।।१।१८।४७

यस्माद् विप्रेन्द्रमद्राक्ष सुप्रभाता निशा मम।
पूर्वं राजर्षिशब्देन तपसा द्योतितप्रभः।।
ब्रह्मर्षित्वमनुप्राप्तः पूज्योऽसि बहुधा मया।
तद्भूतमभूद् विप्र पवित्रं परमं मम।।

वाल्मीकिरामायणे।१।१८।५४-५५

त्रस्तरूपं तु विज्ञाय जगत् सर्वं महानृषिः।
नृपतिं सुव्रतो धीरो वशिष्ठो वाक्यमब्रवीत्।।
इक्ष्वाकूणां कुले जातः साक्षाद् धर्म इवापरः।
धृतिमान् सुव्रतः श्रीमान् न धर्मं हातृमर्हसि।।
त्रिषु लोकेषु विख्यातो धर्मात्मा इतिराघवः।
स्वधर्मंप्रतिपद्यस्व नाधर्मं वोढुमर्हसि।।

वाल्मीकिरामायणे।१।२१।६-७

एकत्र प्रसंगे रामविश्वामित्रयोः संवादे वशिष्ठाश्रमे विश्वामित्रस्य गमनं वशिष्ठेन राजर्षिविश्वामित्रद्वारा तस्य राज्यस्यानामयं क्षेमादिकञ्च ज्ञानाय जिज्ञासा, तदनन्तरं ससैन्यस्य विश्वामित्रस्य अतिथिसत्काराय वशिष्ठेन प्रार्थना पुनश्च

कामधेनुद्वारा दिव्यपदार्थैः ससैन्यस्य विश्वामित्रस्य सत्कारः कामधेनोर्महिमानं विज्ञाय राजर्षि विश्वामित्रेण सामान्य याचनया अदत्तायामपि कामधेनोः विश्वामित्रेण बलपूर्वकं वशिष्ठाश्रमेण कामधेनोर्नयनं पुनश्च वशिष्ठाज्ञया कामधेनुनाशकयवन पहलववीराणां सृष्टियैश्च विश्वामित्रसेनायाः संहार पुनश्च विश्वामित्रस्य शतपुत्रैः सहैव वशिष्ठे आक्रमणं वशिष्ठेन च हुँकारद्वारा ततः विश्वामित्रस्य हिमालये गत्वा महातपश्चरणं महादेवप्रसादेन सर्वदिव्यास्त्राणां प्राप्तिः विश्वामित्रेण पुनः तेषां दिव्यास्त्राणां वशिष्ठाश्रमे वशिष्ठे च प्रयोगः पुनश्च क्रुद्धवशिष्ठेन ब्रह्मदण्डस्थापनं पुनश्च पराजितस्य विश्वामित्रस्य क्षत्रियबलस्य धिक्कृतिरिति सर्वं वाल्मीकियमाख्यानमवलोक्य नूनं महर्षिवशिष्ठस्य ब्रह्मतेजः महद्वैशिष्ठ्यञ्च ज्ञातं भवति नूनमयं वशिष्ठः त्रेताकालिकः सत्युग कालिकोऽपि भवितुमर्हतीति कल्पितुं शक्यते।

वाल्मीकिरामायणे महर्षिवशिष्ठजीवनस्येतिवृत्ते अपरैका कथा विलक्षणा वर्णिता विद्यते। वशिष्ठेन पराभूतः राजर्षि विश्वामित्रोघोरतरमं तपश्चरणञ्चकार। तेन तपसा परमः प्रीतो लोकपितामहो भगवान् ब्रह्मा राजर्षिरित्युपाधिं प्रदाय विश्वामित्रवशे सर्वं जगत् वशीकृत्य ब्रह्मलोकं जगाम्। महता तपसापि राजर्षित्व-मेव मयालभ्यं लब्धमिति मन्युना खिन्नो विश्वामित्रपुनः घोरतरं तपश्चरणस्य प्रावहति। एतदभ्यन्तरं एव इक्ष्वाकुकुल सम्भूतो राजा त्रिशंकुः सशरीरं स्वर्गगमनाय चिन्तयामास। पुनश्च स्वकुल गुरुपुरोहितं वशिष्ठं समाहूय स्वचिन्तितं कथयामास प्राकृतसृष्टौ नेदं सम्भवमिति विज्ञाय विमलो महर्षिवशिष्ठो तद् यज्ञात् राजानं प्रतिषेध्य, दक्षिणं दिशं ययौ पुनश्च सशरीरं स्वर्गमनेच्छया त्रिशंकुः शत संख्याकान् वशिष्ठपुत्रान् सन्निधौ आगच्छत् स्वेचिन्तितं तेभ्यो न्यवेदयच्च पित्रा यज्ञप्रस्ताव अस्वीकृत इति ज्ञात्वा तत्पुत्रा अपि एवं विधमपि प्राकृतं यज्ञानुष्ठानाय न्यवारयत्।

एवं कृते सती राज्ञा त्रिशंकुना पुनरिच्छा प्रकटिता यन्मयाऽन्येन गुरुणा यज्ञं कारयितुं यतिष्ये एवं ज्ञात्वा वशिष्ठपुत्राः चाण्डालयोनौ गमनाय त्रिशंकुं शापितवन्तः। ऋषिपुत्रैः शापात् चाण्डालत्वयापन्सन् त्रिशंकुः विश्वामित्रशरणं जगाम। राजर्षिः विश्वामित्रः ऋषिभिः सह त्रिशंकोः स्वर्ग-गमनाय यज्ञाचरणं सशरीरस्य त्रिशंकोः इन्द्रेण प्रतिरोधः तत इन्द्रशापाद् अधः पतनं, पुनः विश्वामित्रेण त्रिशंकोः मध्याकाशे एव स्तम्भनं अधः मुखः सन् त्रिशंकोस्तत्रैव स्थितिरिति सर्वं बाल्मीकिय रामायणे प्रतिपादितमस्ति। एतेन महर्षिवशिष्ठस्य महद्दूरदर्शित्वं

भूत-भविष्यत्-वर्तमानागतातीतादिसर्वतत्त्वम् वेदितव्यत्वेन संगच्छते। अतः वशिष्ठस्य वेदविज्ञान-सृष्टिविज्ञान-ब्रह्मविज्ञानादिषु सर्वत्राव्याहत गतिरिति वेदितव्यं भवतीति प्राज्ञैः स्वीकरणीयम्।

महाभारते वशिष्ठस्य परिचयो योगित्वेन संगच्छते। तेषां स्ववशे स्थितिः, स्थिरधीः, समदर्शी, आश्रमी सिद्धयोगीति तत्रत्य परिचयेन संसूच्यते। श्रीमद्भागवतेऽपि वशिष्ठस्य परिचयो बहुधा दृश्यते। भागवते वशिष्ठस्योत्पत्तिः ब्रह्मणः प्राणेभ्यो जात इति वर्णितम्। तत्रैव सप्तर्षयश्च तत्पुत्रत्वेनाख्यता दरीदृश्यन्ते। महर्षिवशिष्ठस्य परमसाध्वी धर्मभार्या कर्दमऋषिकन्या अरुन्धती आसीदिति तत एवावगम्यते।

योगवासिष्ठे योगिवशिष्ठस्य महन्माहात्म्यं परिलक्षते।

एवं 'वशिष्ठ' शब्दस्य प्रयोगाः, महर्षेः ब्रह्मर्षेश्च वशिष्ठस्याख्यानकाः भारतीय वाङ्मयेषु प्राचुर्येण प्रसृताः सन्ति।

प्रकृतप्रकरणे प्रस्तुतायाः वशिष्ठसंहितायाः विषये किञ्चिदेवोक्त्वा विरमामि। ज्योतिषशास्त्रान्तर्गतसंहितास्कन्धे ये विषयाः भवन्ति तेषाम् वर्णनं वराहमिहिराचार्येण बृहद्संहितायां एवं कृतम् यथा –

दिनकरादीनां ग्रहाणां चारास्तेषु च तेषां प्रकृतिविकृतिप्रमाणवर्णकिरणद्युति संस्थानास्तमनोदयमार्गमार्गान्तरवक्रर्क्षग्रहसमागमचारादिभिः फलानि नक्षत्रकूर्माविभागेन देशेष्वगस्त्यचारः। सप्तर्षिचारः। ग्रहभक्तयो नक्षत्रव्यूहग्रहश्रृङ्गाटक ग्रहयुद्धग्रहसमागम-ग्रह-वर्षफलगर्भलक्षण रोहिणीस्वात्याषाढीयोगाः सद्योवर्षकुसुमलता-परिधिपरिवेषपरिघ पवनोल्कादिग्दाहक्षितिचलनसन्ध्यारागगन्धर्वनगररजोनिर्धातार्धकाण्ड सस्यजन्मेन्द्रध्वजेन्द्र-चापवास्तुविद्याङ्गविद्यावायसविद्यान्तरचक्र मृगचक्रश्वचक्रवातचक्रप्रासादलक्षणप्रतिमालक्षण प्रतिष्ठापनवृक्षायुर्वेदोदगार्गलनी राजनखञ्जनकोत्पातशान्तिमयूरचित्रक-घृतकम्बलखङ्गपट्टकृकवाकु कूर्मगोऽजाश्वेभपुरुषस्त्रीलक्षणान्यन्तःपुरचिन्तापिटकलक्षणोपानच्छेदवस्त्रच्छेद चामरदण्डशयनाऽऽसनलक्षणरत्नपरीक्षा दीपलक्षणं दन्तकाष्ठाद्याश्रितानि शुभाऽशुभानि निमित्तानि सामान्यानि च जगतः प्रतिपुरुषं पार्थिवे च प्रतिक्षणमनन्यकर्माभियुक्तेन दैवज्ञेन चिन्तयितव्यानि।

प्राचीनसंहिताग्रन्थेषु सर्वेऽपि विषयाः न भवन्ति स्म। मन्ये प्राचीन ग्रन्थकारः सूत्ररूपेण विषयस्य विवेचनं कुर्वन्ति स्म। विषयाणां विस्तारः वराहमिहिरस्यानन्तरमेव दृश्यते। वराहमिहिरस्योपरि वशिष्ठसिद्धान्तस्य प्रभावः स्पष्टतया द्रष्टुम् शक्यते। उदाहरणार्थं निदर्शनरूपेण अत्र प्रकरणद्वयं प्रस्तौमि।

राहुचाराध्याये वशिष्ठसंहितायां प्रतिपादितम् –

प्रच्छन्नामररूपं धृत्वा राहुः सुधाप्रदानेऽभूत्।
हरिरपि निखिलं ज्ञात्वाच्छिनद्धि चक्रेण तच्छीर्षम्।।१।।

अमृतमयत्वान्नत्वा हरिं शिर उवाच विस्मिते सदसि।
दातव्या ग्रहसमता गतोऽस्मि मां रक्ष तव शरणम्।।२।।

दत्त्वाष्टमग्रहत्वं पीतो विसर्ज तं राहुम्।
धातृवराच्चंद्रमसं तुदति ततः सर्वपर्वणि च।।३।।

अस्येव कथनस्य अनुसरणं कुर्वन्निव वराहमिहिरः स्वबृहत्संहितायां लिलेख, तदत्र विचारयन्तु सुधीयः –

अमृतास्वादविशेषाच्छिन्नमपि शिरः किलासुरस्येदम्।
प्राणैरपरित्यक्तं ग्रहतां यातं वदन्त्येके।।१।।

इन्द्वर्कमण्डलाकृतिरसितत्वात् किल न दृश्यते गगने।
अन्यत्र पर्वकालाद्वरप्रदानात् कमलयोनेः।।२।।

मुखपुच्छविभक्ताङ्गं भुजङ्गमाकारमुपदिशन्त्यन्ये।
कथयन्त्यमूर्त्तमपरे तमोमयं सैंहिकेयाख्यम्।।३।।

केतुचाराध्यायेऽपि एवमेव साम्यं द्रष्टुम् शक्यते। विषयप्रवर्तने, शब्दचयने, छन्दोबन्धने च साम्यं दर्शनीयमत्र। यथा बृहत्संहितायाम् –

गार्गीयं शिखिचारं पाराशरमसितदेवलकृतं च।
अन्यांश्च बहून् दृष्ट्वा क्रियतेऽयमनाकुलश्चारः।।१।।

दर्शनमस्तमयो वा न गणितविधिनास्य शक्यते ज्ञातुम्।
दिव्यान्तरिक्षभौमास्त्रिविधाः स्युः केतवो यस्मात्।।२।।

अहुताशेऽनलरूपं यस्मिंस्तत्केतुरूपमेवोक्तम्।
खद्योतपिशाचालयमणिरत्नादीन् परित्यज्य।।३।।

वसिष्ठसंहितायाम् –

केतोरुदयास्तमयं ज्ञातुं गणितान्न शक्यते यस्मात्।
दिव्यांतरिक्षभौमास्तस्मात्रिविद्यश्च केतवो जगति।।१।।

एकोत्तरशतभेदा दृश्यते वा सहस्त्रभेदास्ते।
औत्पातिकरूपत्वाद्भवंति बहवस्तथैको वा।।२।।

दिवि ऋक्षग्रहजास्ते दिव्याख्यकेतवो महाफलदाः।
परिवेषेन्द्रधनुरुल्कागंधर्वनगराणि निर्घातः।
गगनविकारजमेतन्मध्यमफलदं तथांतरिक्षं च।।३।।

वशिष्ठसंहिताया महत्वमेतिहासिकदृष्ट्या तु नितरां वरीवर्ती तथैव विषयाणां निर्धारणस्यापि नितरां महत्त्वम्। भकूटविचारे, यात्राव्यवहारे, दोषनिर्धारणे, वास्तु प्रकरणे, अरिष्टशान्तये च विद्यन्ते बहवो विचारणीया गभीरा विषयाः। मन्ये ग्रन्थस्यास्य पूर्णावलोकनेन सम्यगध्ययनेन चास्माकं सर्वेषां दैवज्ञजनानां मनस्तोषः स्यादेवेति शुभं कामयमानः विरमामि।

श्री विश्वनाथार्पणमस्तु।

नागेन्द्र पाण्डेयः

OOO

प्राक्कथन

गणेशं विघ्नेशं प्रथममिहवन्द्यं सुरवरं
रविं सोमं भौमं बुधमथ गुरूं शुक्रमनिशम् ।
शनिं राहुं केतुं गगनगतिसारं ग्रहगणं
प्रभुं सीतारामं प्रणमति जनोऽयं सविनयम् ।।१।।

यज्जोतिषा भाति सहस्त्र भानुः
सूर्यस्तथा चन्द्रकलाकलापः।
नक्षत्र ताराग्रहवह्नि संघः
तज्ज्योतिषां ज्योतिरनन्तमीडे।।२।।

कालत्रयालोकन चारुदक्षं
वृद्धं वशिष्ठं परमं प्रसिद्धम् ।
श्रीसंहिताकारममुं वरिष्ठं
बद्धाञ्जलिः सादरमत्र वन्दे।।३।।

वशिष्ठसंहिता सैषा विदुषां मोददायिका।
भूयादिति समालोच्य सटीकं सम्प्रकाश्यते।।४।।

ऋतेज्ञानान्नमुक्तिः अर्थात् ज्ञान के बिना मोक्ष सम्भव नहीं है। यह धारणा आदिकाल से ही भारतवर्ष में सर्वमान्य रही है। ऋषियों, महर्षियों, तपस्वियों तथा आचार्यों ने इस परम्परा का सदैव निर्वाह किया है। भारतीय वाङ्मय में ज्योतिषशास्त्र की व्यापकता एवं महत्ता असन्दिग्ध है। वेदों में भी ज्योतिशास्त्र एवं उसके ज्ञाता का उल्लेख प्राप्त होता है। ज्योतिषी के लिए वैदिक साहित्य में 'नक्षत्रदर्श' तथा 'गणक' शब्द प्रयुक्त हुआ है। न केवल वेद अपितु उपनिषद्, निरुक्त, व्याकरण, साहित्य, पुराण, धर्मशास्त्र, इतिहास आदि ग्रन्थों में यत्र-तत्र ज्योतिषशास्त्र का उल्लेख प्राप्त होता है। यही कारण है कि वेदाङ्गों के एक अंग ज्योतिष को नेत्र की संज्ञा दी गयी है। जैसा कि आचार्य सायण भी कहते हैं

प्रत्यक्षेणानुमित्या वा यस्तूपायो न बुध्यते।
एनं विदन्ति वेदेन तस्माद् वेदस्य वेदता।।

अर्थात् वेदों का प्रामाण्य प्रत्यक्ष, अनुमान आदि अन्य किसी भी प्रमाण से सिद्ध नहीं किया जा सकता। इसे वेद के द्वारा ही जाना जा सकता है। यही वेद का वेदत्व है। अधुना उपलब्ध सभी साक्ष्यों से यह सर्वथा सिद्ध है कि वेद सर्वाधिक प्राचीन है। वेद के छह अंग प्रसिद्ध हैं जिन्हें ज्योतिष, व्याकरण, शिक्षा, कल्प, निरुक्त तथा छन्द नाम से जाना जाता है। वेद के छः अंगों में ज्योतिष नेत्र, व्याकरण मुख, शिक्षा नासिका, कल्प हाथ, निरुक्त कान तथा छन्द पैर रूप में माने गये हैं। जैसा कि आचार्य भास्कर का भी कथन है–

शब्दशास्त्रं मुखं ज्योतिषं चक्षुषी श्रोत्रमुक्तं निरुक्तं च कल्पः करौ।
या तु शिक्षास्य वेदस्य सा नासिका पादपद्मद्वयं छन्द आद्यैर्बुधैः।।

(सिद्धान्तशिरोमणि)

वेदों का नेत्र होने के कारण ज्योतिषशास्त्र अन्य शास्त्रों की अपेक्षा अत्युत्तम है। जैसे सभी अंगों से युक्त व्यक्ति अंधा होने पर (गतिहीन) असमर्थ हो जाता है। उसी प्रकार यदि वेदों से ज्योतिषशास्त्र को निकाल दिया जाय तो वेद भी अपूर्ण होंगे तथा उनकी अन्धे व्यक्ति जैसी स्थिति बन जायगी। इसलिए आचार्य वराहमिहिर को कहना पड़ा।

अप्रदीपा यथा रात्रिरनादित्यं यथा नभः।
तथाऽसांवत्सरो राजा भ्रमत्यन्ध इवाध्वनि।।

(बृहत्संहिता)

जैसे कोई भी अंग अपने को नहीं देख पाता यथा मुख मुख को, नासिका नासिका को, कान कान को, हाथ हाथ को तथा पैर पैर को देखने में समर्थ नहीं हैं इनको देखने के लिए नेत्रों की ही आवश्यकता पड़ती है उसी प्रकार अन्य शास्त्रों (वेदाङ्गों) को देखने के लिए ज्योतिर्षशास्त्र ही परम सहायक है। अतः आचार्य लगध का कथन है कि–

यथा शिखा मयूराणां नागानां मणयो यथा।
तद्वद्वेदाङ्गशास्त्राणां ज्यौतिषं मूर्धनि स्थितम्।।

(आर्चज्योतिष।३५)

अर्थात्, जैसे मयूर के सिर पर शिखा और जैसे सर्प के शिर पर मणि है, उसी प्रकार वेदाङ्ग शास्त्रों के शिर पर ज्योतिषशास्त्र स्थित है। तथा अन्यत्र कहा गया है –

अप्रत्यक्षाणि शास्त्राणि विवादस्तेषु केवलम्।
प्रत्यक्षं ज्योतिषं शास्त्रं चन्द्रार्कौ यत्र साक्षिणौ।।

ज्योतिष शब्द द्युत् दीप्तौ धातु से इसिन् प्रत्यय के योग से 'द्युतेरिसिन्नादेश्च जः' सूत्र से दकार को जकार आदेश तथा गुणादेश होकर निष्पन्न होता है। अतः प्रकाशमान समस्त पिण्ड जिनका प्रभाव पृथ्वीवासियों पर पड़ता है तथा जिसमें ग्रह, नक्षत्र, राशियों की गतियों के विवेचन के साथ-साथ काल का भी निर्धारण किया जाता है उस शास्त्र को ज्योतिष शास्त्र कहते हैं। सृष्टि के आरम्भ में ज्योतिषशास्त्र के अनेक भेद थे यथा – शकुन, अंगस्फुरण, छींक, स्वर, मुहूर्त, प्रश्न, ग्रहचार, सामुद्रिक शास्त्र, रमल, केरलमत, स्वप्न, ताजिकशास्त्र तथा नाडी ग्रन्थ आदि, किन्तु कालान्तर में ज्योतिषशास्त्र के समस्त भेदों को तीन स्कन्धों में विभाजित किया गया – (1) सिद्धान्त (गणित) ज्योतिष, (2) संहिता ज्योतिष तथा (3) होरा (जातक) अथवा फलित ज्योतिष। यह वर्गीकरण नारद, गर्ग तथा वसिष्ठ के काल तक अवश्य हो चुका था अतएव उस समय तक ज्योतिष को स्कन्धत्रय के नाम से कहा जाने लगा था। जैसा कि निम्नलिखित प्रमाणों से इसकी पुष्टि होती है–

सिद्धान्त संहिता होरा रूपं स्कन्धत्रयात्मकम्।
वेदस्य निर्मलं चक्षुर्ज्योतिशास्त्रमनुत्तमम्।।

(नारद संहिता १।४)

गणितं जातकं शाखां यो वेत्ति द्विजपुंगवः।
त्रिस्कन्धज्ञो विनिर्दिष्टः संहिता पारगश्च सः।।

(गर्ग संहिता)

स्कन्धत्रयात्मकं शास्त्रं आदौ सिद्धान्त संज्ञितम्।
द्वितीयं जातकं प्रोक्तं तृतीयं संहिताह्वयम्।।

अर्थात् त्रयात्मक स्कन्ध ज्योतिषशास्त्र के प्रसिद्ध हैं, जिनमें प्रथम सिद्धान्त, द्वितीय जातक तथा तृतीय संहिता।

आचार्य वराहमिहिर ने भी कहा है –

ज्योतिःशास्त्रमनेक भेद विषयं स्कन्धत्रयाधिष्ठितं।
तत्कात्स्न्योंपनयस्य नाम मुनिभिः संकीर्त्यते संहिता।।
स्कन्धेऽस्मिन् गणितेन या ग्रहगतिस्तन्त्राभिधानस्त्वसौ।।
होरान्योंऽगविनिश्चयश्च कथितः स्कन्धस्तृतीयोऽपरः।।

(बृहत्संहिता १।९)

गणित (सिद्धान्त) ज्योतिष के दो भेद तन्त्र एवं करण माने गये। जिन ग्रन्थों में सृष्टि के आरम्भ से या युग के आरम्भ से इष्ट दिन तक अहर्गण बनाकर ग्रहगणित की प्रक्रिया की जाती है उसे सिद्धान्त या तन्त्र के नाम से जाना जाता है तथा जिस ग्रन्थ में किसी राजा के जन्मदिन या राज्याभिषेक के समय अथवा ज्योतिर्विद् अपने अभीष्ट जन्मादि को प्रमाण बनाकर इष्ट दिन का अहर्गण बनाकर ग्रहानयन की प्रक्रिया करते हैं उस ग्रन्थ को करण ग्रन्थ कहते हैं। कालान्तर में गणित ज्योतिष को सिद्धान्त ज्योतिष कहा जाने लगा। जातक ज्योतिष को फलित ज्योतिष या होरा ज्योतिष के नाम से भी जाना जाता है। होरा शब्द की व्युत्पत्ति करते हुए आचार्य वराहमिहिर ने कहा है कि –

होरेत्यहोरात्रविकल्पमेके वाञ्छन्ति पूर्वापरवर्णलोपात्।
कर्मार्जितं पूर्वभवे सदादि व्यक्तस्य पक्तिं समभिव्यनक्ति।।

(बृहज्जातक १।३)

अर्थात् आचार्यों का एक वर्ग अहोरात्र का विकल्प होरा मानता है। अहोरात्र पद का आदि एवं अन्त वर्ण अ तथा त्र का लोप होने से होरा शब्द निष्पन्न होता है, जो दिन रात्रि में होने के कारण कहा गया है, होरा लग्न का ही दूसरा नाम है। इसी को लग्नाङ्ग या जन्माङ्ग अथवा लग्न कुण्डली के नाम से कहा जाता है। यही होरा शास्त्र पूर्वजन्म में अर्जित शुभ और अशुभ कर्मों के फल को प्रकाशित करता है।

संहिता ज्योतिष सिद्धान्त एवं होरा के अतिरिक्त ज्योतिष के समस्त भेदों को अपने में समाहित कर लेता है। इसे इस प्रकार भी कहा जा सकता है कि जब किसी व्यक्ति विशेष के सम्बन्ध में जन्मकाल के समय से कुण्डली बनाकर भूत, भविष्य एवं वर्तमान का विचार किया जाय, तो उसे जातक या फलित ज्योतिष कहा जाता है तथा वही विचार जब समाज, राष्ट्र या विश्व पर

पड़े, तो उसका विचार जिस विधा के द्वारा किया जाता है तो उसे संहिता ज्योतिष कहते हैं। संहिता शब्द की व्युत्पत्ति सम उपसर्ग पूर्वक धा धारणे धातु से क्त प्रत्यय दधातेर्हि से धा को हि आदेश होकर संहित शब्द पुनः टाप् प्रत्यय के योग से निष्पन्न होता है। जिसका अर्थ है सम्मिश्रण, संकलन, संग्रह। विधि (कानून) का संकलन ही मनुसंहिता, आचार संहिता है। वेद का क्रमबद्ध पाठ वेदसंहिता तथा सन्धि के नियमों के अनुसार वर्णों का मेल व्याकरण की संहिता 'परः सन्निकर्षः संहिता' अष्टाध्यायी १।४।१०९ है। जबकि ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जिसमें सम्पूर्ण ज्योतिषशास्त्र के विषयों का वर्णन हो, उसे संहिता ज्योतिष कहा जाता है। संहिता ज्योतिष में जिन विषयों का समावेश होता है उसका उल्लेख करते हुए आचार्य वराहमिहिर कहते हैं –

यत्रैते संहिता पदार्थाः।

दिनकरादीनां ग्रहाणां चारास्तेषु च तेषां प्रकृतिविकृतिप्रमाण वर्ण किरण द्युति संस्थानास्तमनोदयमार्गमार्गान्तर वक्रानुवक्रर्क्ष ग्रहसमागम चारादिभिः फलानि नक्षत्र कूर्म विभागेन देशेष्वगस्त्यचारः। सप्तर्षिचारः। ग्रहभक्तयो नक्षत्रव्यूह ग्रहशृंगाटक ग्रह युद्ध ग्रहसमागम ग्रहवर्षफल गर्भ लक्षणरोहिणी स्वात्याषाढ़ी योगाः सद्योवर्ष कुसुमलता परिधि परिवेष परिघपवनोल्कादिग्दाह क्षिति चलन सन्ध्याराग गन्धर्व नगर रजो निर्घातार्घ काण्ड सस्यजन्मेन्द्रध्वजेन्द्रचाप वास्तु विद्याङ्ग विद्या वासविद्यान्तर चक्र मृगचक्रश्वचक्र वातचक्र प्रासादलक्षण प्रतिमालक्षण प्रतिष्ठापन वृक्षायुर्वेदोदगार्गलनीराजन खञ्जनकोत्पातशान्ति मयूरचित्रक घृत कम्बल खड्गपट्टकृकवाकु कूर्मगोजाश्वेभ पुरुषस्त्रीलक्षणान्यन्तःपुर चिन्ता पिटक लक्षणोपानच्छेद वस्त्रच्छेद चामर दण्डशयनाऽसन लक्षणरत्न परीक्षा दीपलक्षणं दन्तकाष्ठाद्याश्रितानि शुभाशुभानि निमित्तानि समान्यानि च जगतः प्रतिपुरुषं पार्थिवे च प्रतिक्षणनन्यकर्माभियुक्तेन दैवज्ञेन चिन्तयितव्यानि। न चैकाकिना शक्यन्तेऽहर्निशम वधारयितुं निमित्तानि। तस्मात्सुभृतेनैव दैवज्ञेनान्येऽपि तद्विदश्चत्वारः कर्त्तव्याः। तत्रैकेनैन्द्री चाग्नेयी, दिगवलोकयितव्या। याम्या नैरऋती चान्येनैव वारुणी वायव्या चोत्तरा चैशानी चेति। यस्मादुल्कापातादीनि शीघ्रमपगच्छन्तीति। तस्याश्चाकार वर्ण स्नेहप्रमाणादिग्रहर्क्षोपघातादिभिः फलानि भवन्ति।

अर्थात्, जिसमें सूर्यादि नवग्रहों के संचार, उन चारों में होने वाले ग्रहों का स्वभाव, विकार, प्रमाण, विम्ब का परिमाण, वर्ण, किरण, द्युति (किरणक्रान्ति), संस्थान, अस्त, उदय, मार्ग, मार्गान्तर, वक्र, अनुवक्र, नक्षत्रों के साथ ग्रह समागम, चार, चार का फल, नक्षत्र विभाग द्वारा बने हुए कूर्मचक्र से देशों का शुभाशुभ फल, अगस्त्य मुनि का सञ्चार, सप्तर्षिचार, ग्रहों की भक्ति, नक्षत्रों के व्यूह ग्रह श्रृंगाटक, ग्रह युद्ध, ग्रह समागम, ग्रह के वर्षपति होने पर उसका फल, गर्भ लक्षण, रोहिणी योग, स्वाती योग, आषाढ़ी योग, सद्योवर्षण, कुसुमलता का लक्षण, वृक्षों के फल-फूल की उत्पत्ति के द्वारा सांसारिक शुभाशुभ का ज्ञान, परिधि, परिवेश, परिघ, वायु, उल्कापात, दिग्दाह का लक्षण, भूकम्प, सन्ध्या की लालिमा, गन्धर्व नगर का लक्षण, धूलि का लक्षण, निर्घात लक्षण, अर्धकाण्ड, अनन्त की उत्पत्ति, इन्द्रध्वज, इन्द्रधनुष का लक्षण, वास्तुविद्या, अंगविद्या, वायसविद्या, अन्तरचक्र, मृग चक्र, घोड़ों की चेष्टा, वातचक्र, प्रासाद लक्षण, प्रतिमा लक्षण, प्रतिमा प्रतिष्ठा, वृक्षायुर्वेद, उदगार्गल, नीराजन, खञ्जन लक्षण, उत्पातों की शान्ति, मयूरचित्रक, घृत, कम्बल, खड्ग, पट्ट, मुर्गा, कूर्म, गौ, अजा, कुत्ता, अश्व, हरित, पुरुष, स्त्री, अन्तःपुर की चिन्ता, पिटक, मोती, वस्त्रच्छेद, चामर, दण्ड, शय्या, आसन, इनका लक्षण, रत्नपरीक्षा, दीप लक्षण, दन्त काष्ठ आदि के द्वारा शुभाशुभ फल का लक्ष्ण संसार के प्रत्येक पुरुष और राजाओं में प्रत्येक लक्षण का विचार एकाग्रचित होकर दैवज्ञ को करना चाहिए। अकेला दैवज्ञ सदा शुभाशुभ फल का निर्णय करने के लिए समर्थ नहीं हो सकता। अतः प्रचुर धन देकर सन्तुष्ट किए हुए दैवज्ञ के साथ इस शास्त्र को जानने वाले और चार दैवज्ञों की नियुक्ति राजा को करनी चाहिए। उन चार दैवज्ञों में से एक को पूर्व और अग्निकोण की, दूसरे को दक्षिण और नैर्ऋत्य कोण की, तीसरे को पश्चिम और वायव्य कोण की तथा चौथे को उत्तर और ईशान कोण की परीक्षा करनी चाहिए, क्योंकि उल्कापात आदि निमित्त देखने के साथ ही लुप्त हो जाते हैं। इनके आकार, वर्ण, स्निग्धता, प्रभाव, ग्रह-नक्षत्रों के अभिघात आदि के द्वारा शुभाशुभ फल होते हैं। इन समस्त विचारणीय वस्तुओं से युक्त ग्रन्थ को संहिता ज्योतिष कहा जाता है।

ज्योतिषशास्त्र की रचना आर्यभट, वराहमिहिर, ब्रह्मगुप्त, लल्लाचार्य के पौरुषेय ग्रन्थों से बहुत पूर्व अष्टादश महर्षियों का उल्लेख प्राप्त होता है। महर्षि कश्यप ने १८ तथा पराशर ने १९ आचार्यों के नामों का उल्लेख किया है।

आचार्य नारद ने भी ज्योतिष के १८ प्रणेताओं का नामोल्लेख किया है। (नारद संहिता १, २, ३) कश्यप के मत से ये आचार्य हैं –

सूर्यः पितामहो व्यासो वशिष्ठोऽत्रि पराशरः।
कश्यपो नारदो गर्गो मरीचिर्मनुरङ्गिराः।।
लोमशः पौलिशश्चैव च्यवनो यवनो भृगुः।
शौनकोऽष्टादशश्चैते ज्यौतिःशास्त्र प्रवर्त्तकाः।।

नारद के अनुसार ज्योतिष शास्त्र के अठारह प्रवर्तक इस प्रकार हैं। यथा –

ब्रह्माचार्यो वशिष्ठोऽत्रिर्मनुः पौलस्त्यरोमशौ।
मरीचिरङ्गिरा व्यासो नारदः शौनको भृगुः।।
च्यवनो यवनो गर्गः कश्यपश्च पराशरः।
अष्टादशैते गम्भीरा ज्योतिश्शास्त्रप्रवर्त्तकाः।।

किन्तु पराशर के मत से उन्नीस ज्योतिषशास्त्र प्रवर्त्तक हुए हैं। यथा –

विश्वसृड् नारदो व्यासो वशिष्ठोऽत्रिः पराशरः।
लोमशो यवनः सूर्यः च्यवनः कश्यपो भृगुः।।
पुलस्त्यो मनुराचार्यः पौलिशः शौनकोऽङ्गिराः।
गर्गोमरीचिरित्येते ज्ञेया ज्यौतिः प्रवर्त्तकाः।।

अर्थात् १. सूर्य, २. पितामह, ३. व्यास, ४. वशिष्ठ, ५. अत्रि, ६. पराशर, ७. कश्यप, ८. नारद, ९. गर्ग, १०. मरीचि, ११. मनु, १२. अंगिरा, १३. लोमश, १४. पौलिश, १५. च्यवन, १६. यवन, १७. भृगु, १८. शौनक। ये १८ आचार्य ज्योतिषशास्त्र के प्रवर्तक हैं। किन्तु पाराशर के अनुसार पुलस्त्य उन्नीसवें ज्योतिष प्रवर्तक हैं तथा कुछ आचार्यों ने पौलिश को ही पुलस्त्य कहा है। इनमें से अधिकांश आचार्यों के ज्योतिषग्रन्थ अनुपलब्ध हैं, नारद संहिता, लोमश संहिता तथा गर्ग संहिता आदि का कुछ भाग उपलब्ध होता है किन्तु अन्य ऋषियों के ग्रन्थ अधुना अप्राप्य हैं। अनुपलब्ध ग्रन्थों में आज से पूर्व वशिष्ठ संहिता भी थी। अस्तु विचारणीय विषय यह है कि क्या ये वशिष्ठ संहिता के कर्त्ता वशिष्ठ, ब्रह्मा के मानस पुत्र ब्रह्मर्षि वशिष्ठ हैं अथवा प्राचीन कोई इस नाम के आचार्य। ज्योतिष शास्त्र में जिन १८ या १९ प्रवर्तकों की चर्चा आयी है,

उसमें चौथे स्थान पर वशिष्ठ को भी ज्योतिष शास्त्र का प्रवर्तक कहा गया है। वशिष्ठ की उत्पत्ति पुराणों में दो प्रकार से कही गई है। एक तो ब्रह्मा के मानस पुत्र के रूप में तथा दूसरा कुम्भ से कुम्भज। आज भी शंकराचार्य की परम्परा में जो गुरु स्तुति की जाती है, प्रसिद्ध है–

नारायणं पद्मभवं वशिष्ठं शक्तिं च तत् पुत्र पराशरञ्च।
व्यासं शुकं गौडपदं महान्तं, गोविन्दयोगीन्द्रमथास्य शिष्यम्।।

इससे भी यही ध्वनित होता है कि वशिष्ठ ब्रह्मा के ही पुत्र हैं किन्तु इस ग्रन्थ के कर्त्ता को वृद्ध वशिष्ठ के नाम से कहा गया है। सम्भव है ये वृद्ध वशिष्ठ ब्रह्मा के मानस पुत्र वशिष्ठ से भिन्न कोई अन्य आचार्य हों, किन्तु उपलब्ध पाण्डुलिपि में वृद्ध वशिष्ठ के पूर्व ब्रह्मर्षि शब्द भी लिखा गया है, इससे तो यही संकेत प्राप्त होता है कि इस ग्रन्थ के लेखक अष्टादश प्रवर्तक वशिष्ठ ही रहे होंगे, किन्तु वशिष्ठ का जन्म सतयुग में ही हुआ यह सर्वथा प्रमाणित है। वशिष्ठ त्रेतायुग में सूर्यवंशी राजाओं के ही नहीं अपितु भगवान राम के भी पुरोहित थे और द्वापर युग में भी इनकी चर्चा भागवत आदि पुराणों में भी आती है। वर्तमान में कलियुग चल रहा है और कलियुग के लगभग पाँच हजार एक सौ सात वर्ष भी व्यतीत हो चुके हैं। अत: इस ग्रन्थकार को ब्रह्मा पुत्र वशिष्ठ की रचना मानना असम्भव सा प्रतीत होता है, किन्तु कश्यप, नारद, गर्ग आदि ने वशिष्ठ मुनि के ज्योतिष विषयक संहिता के वचनों का यत्र तत्र उल्लेख किया है। स्वयं ग्रन्थकर्त्ता ने इस संहिता ग्रन्थ में पितामह संहिता के वचनों को छोड़कर अन्य किसी भी आचार्य के वचनों को कहीं भी उद्धृत नहीं किया है। इसमें पितामह को चतुरानन, विधि, ब्रह्मा आदि नामों से यत्र–तत्र सम्बोधित किया है। देखें वशिष्ठ संहिता ३२।६, ३२।२४ तथा ३२।७३ कर्मकाण्ड में आज प्रयुक्त होने वाली सप्तमृत्तिका के स्थान पर उन दिनों अष्टमृत्तिकाएं चौराहे की भी मिट्टी उपयोग में आती थीं। देखें वशिष्ठ संहिता १८।१०६ कृष्णजन्माष्टमी व्रत की चर्चा दो स्थलों पर आयी है। ४३।१२०, ४३।१६७ अत: कृष्ण जन्म के पश्चात् ही यह ग्रन्थ प्रकाश में आया होगा ऐसा कहा जा सकता है। एक स्थल पर व्यास जी का भी उल्लेख आया है। ४५।३५ वशिष्ठ संहिता में यज्ञ की पूर्णाहुति में आचार्यों को दक्षिणा रूप में २१ निष्क देने की बात कही गयी है। निष्क के रूप में मुद्राओं का प्रयोग ईसा के पूर्व ही हुआ करता था। एक स्वर्णमुद्रा को उन दिनों निष्क कहते थे। अतएव अनेक वाह्य एवं आभ्यन्तर प्रमाणों से यह तथ्य सर्वथा

प्रमाणित है कि यह संहिता भगवान् श्रीकृष्ण के गोलोक गमन के पश्चात् किसी भारतीय आचार्य द्वारा वशिष्ठसंहिता का प्रतिसंस्कार किया गया होगा तथा प्रतिसंस्कर्ता ने ग्रन्थ का नाम वशिष्ठ संहिता रखते हुए अपने को वृद्ध वशिष्ठ (यह उसका गोत्र भी हो सकता है) के नाम से कहा होगा। अतः ब्रह्मर्षि वशिष्ठ जो भगवान् श्रीराम के काल में विद्यमान थे उसी समय में यह संहिता भी निर्मित हुई होगी, यह कहा जा सकता है। तथापि यह अलग से शोध का विषय है। इस ग्रन्थ में कुल ४६ अध्याय हैं। जबकि ग्रन्थकार ने इस ग्रन्थ को ४५ अध्यायों में उपनिबन्धित माना है। यथा –

पंचोत्तरचत्वारिंशद्विपुलाध्यायैर्विराजते स्कन्धः।
अज्ञाज्ञानोपशमनमितरेषां बुद्धिवर्द्धनं नित्यम्।।

(वशिष्ठ संहिता १।१३)

इसका कारण यह भी हो सकता है कि इस ग्रन्थ का जो प्रथम अध्याय जिसे ग्रन्थकार ने शास्त्र रूपाध्याय कहा है। इसे अध्याय के क्रम में नहीं माना होगा। इस ग्रन्थ में कुल दो हजार सात सौ तिरालिस श्लोक हैं। इसमें सर्वप्रथम भगवान सूर्य की स्तुति से मंगलाचरण किया गया है। पुनः कहा गया है कि यह समग्र ज्योतिषशास्त्र सर्वप्रथम भगवान सूर्य (हिरण्यगर्भ) ने ब्रह्मा जी को दिया और ब्रह्मा जी से सम्पूर्ण मुनि गणों को प्राप्त हुआ। ग्रन्थकार का कथन है कि इस शास्त्र को जो कि अध्यात्म रूप और अत्यन्त गुह्य है उसे सम्पूर्ण संसार को प्रकाशित करने के लिए निर्मल ज्ञान रूपी चक्षु अर्थात् ज्योतिष शास्त्र को प्रकाशित किया जा रहा है। इसमें तीन स्कन्ध हैं और यह तीसरा स्कन्ध संहिता के नाम से जो जगन्मोहन नामक रूप में है इसे कहूँगा। यथा –

स्कन्धद्वयं वृत्तविचिमर्थगम्भीरमादावधुना यदुक्तम्।।
तत्संहितास्कन्धमिदं तृतीयं वक्ष्ये जगन्मोहननामधेयम्।।

(वशिष्ठ संहिता १।३)

इससे यह भी संकेत प्राप्त होता है कि इस वशिष्ठ संहिता के अतिरिक्त ब्रह्मर्षि वशिष्ठ द्वारा रचित वशिष्ठ सिद्धान्त तथा वशिष्ठजातक गणित एवं फलित के भी ग्रन्थ होंगे जो अधुना अनुपलब्ध हैं, अन्वेषणीय हैं।

आगे ग्रन्थकार कहते हैं कि यज्ञों के निमित्त वेद प्रवृत्त हुए हैं और यज्ञ काल के अधीन है और काल इस ज्योतिष शास्त्र के अधीन है। अतः यह

ज्योतिष शास्त्र वेदाङ्गों में अत्यन्त प्रसिद्ध है। षड्वेदाङ्गों में छन्द पैर हैं, व्याकरण मुख है, कल्प हाथ हैं, ज्योतिष नेत्र है, शिक्षा नाक है तथा निरुक्त कान है। यह ज्योतिष शास्त्र वेद का नेत्र है अतः सम्पूर्ण शास्त्रों में प्रधान है। जैसे सम्पूर्ण अंगों से युक्त होने पर भी आंख से हीन व्यक्ति कुछ भी करने में असमर्थ हो जाता है। वही स्थिति इस शास्त्र से विहीन व्यक्ति की होती है। इसलिए ब्राह्मणों को अवश्य अत्यन्त पुण्यमय रहस्यात्मक इस ज्योतिषशास्त्र का अध्ययन करना चाहिए। इसके ज्ञान मात्र से अर्थ, धर्म, मोक्ष तथा यश की प्राप्ति होती है। कलाओं में कुशल त्रिस्कन्ध ज्योतिष को जानने वाला, सुन्दर वेश वाला कुलीन, सुन्दर आचरण तथा रोग रहित सुशील व्यक्ति ही इस शास्त्र का ज्ञाता हो सकता है।

वशिष्ठसंहिता ग्रन्थ में कुल ४६ अध्यायों में संहिता विषयक अनेक तथ्यों का वर्णन किया गया है। प्रथम अध्याय में कुल १३ श्लोक हैं। पुनः दूसरे अध्याय में सूर्यचाराध्याय का उल्लेख किया गया है, जिसमें कुल २५ श्लोकों में सूर्य की गति (चार) से शुभाशुभ फल बताया गया है। जिसके अन्तर्गत जगत् का शुभाशुभ ज्ञान, अधिक मास एवं क्षयमास का निर्णय, विवाह, संक्रान्ति, दिनार्ध का निश्चय तथा मकरादि राशियों से सूर्य का उत्तरायण होना तथा कर्क से दक्षिणायन होना, दो-दो राशियों से एक-एक ऋतु का वर्णन इस प्रकार छः ऋतुओं का उल्लेख, मेषादि द्वादश राशियों द्वारा चैत्रादि बारह महीनों का ज्ञान, अधिकमास एवं क्षयमास का निर्णय, सूर्य के संक्रान्ति वश वृष्टि का ज्ञान, आर्द्रा प्रवेश वर्षा का ज्ञान, सुभिक्ष अथवा दुर्भिक्ष का ज्ञान, ग्रहण आदि द्वारा होने वाले शुभाशुभ फल का ज्ञान तथा प्रत्येक ऋतुओं में सूर्य के परिवेश आदि से होने [illegible] विवेचन किया गया है।

तीसरा अध्याय चन्द्र चाराध्याय है। इसमें कुल २२ श्लोक हैं जिसमें चन्द्रमा के द्वारा होने वाले उदय अस्त से तथा तिथि, पक्ष और मास के द्वारा द्वितीय तिथि में श्रृंग निर्णय द्वारा तथा तिथियों की हानि या वृद्धि द्वारा होने वाले फलों का वर्णन किया गया है। चन्द्रमा सूर्य की किरणों से ही प्रकाशित है। इसका भी उल्लेख ग्रन्थ में है। चौथा अध्याय भौमचाराध्याय है। जिसमें कुल १५ श्लोक हैं। प्रथम श्लोक में ही कहा गया है कि मंगल चार के बिना जगत् के होने वाले शुभाशुभ फल को नहीं जाना जा सकता। मंगल कहाँ किस राशि में शुभ या अशुभ होता है, वक्री होने पर अग्निभय और रोगभय

देता है और यह मंगल किस नक्षत्र में उदित या अस्त होने पर राष्ट्र के लिए कैसा फल करता है। इसका विस्तार से वर्णन किया है। यहाँ कुछ श्लोक द्रष्टव्य हैं। यथा –

अभ्युदितः श्रवणर्क्षे पुष्ये वक्रं गतो धरातनयः।
निखिलधराधिपवर्गप्रलयकरः प्रतिदिनं प्रजानां च।।

शुभदः सर्वधिष्ण्यानां सौम्यमार्गचरः कुजः।
अरिष्टफलदः सर्वजन्तूनां याम्यमार्गगः।।

(वशिष्ठसंहिता ४।८, १३)

पांचवे बुधचाराध्याय में बुध के चार (गति) वश जगत् में होने वाले शुभाशुभ फल का विवेचन किया गया है। बुध के किस नक्षत्र और राशि में रहने पर क्या फल होता है और किस देश या स्थान के लोग पीड़ित होते हैं। इसका विस्तार से वर्णन है। बुध के सात प्रकार की गति का वर्णन किया गया है। प्रायः सभी गतियों में होने वाले फलों का विस्तार से वर्णन किया गया है। इसमें कुल १७ श्लोक है। छठा गुरुचाराध्याय ग्रह चारों में सबसे बड़ा अध्याय है। इसमें कुल १०१ श्लोक हैं। जिसमें गुरु के उदय अस्त से होने वाले शुभाशुभ फलों का विस्तृत वर्णन है। प्रायः गुरु कार्तिक मास में राशि परिवर्तन करते हैं और जब गुरु का राशि परिवर्तन होता है तो वहीं उनके नाम से वर्ष कहा जाता है। बृहस्पति के आधार पर ही साठ संवत्सरों का उल्लेख किया गया है और किस वर्ष में कौन सा संवत्सर रहेगा इसका विस्तार से वर्णन है।

प्रभवोः विभवः शुक्लः प्रमोदोऽथ प्रजापतिः।
अंगिरा श्रीमुखो भावो युवा धाता तथेश्वरः।।

बहुधान्य प्रमाथी च विक्रमो वृषवत्सरः।
चित्रभानु सुभानुश्च तारणः पार्थिवो व्ययः।।

सर्वजित् सर्वधारी च विरोधी विकृतः खरः।
नन्दनो विजयश्चैव जयो मन्मथ दुर्मुखौ।।

हेमलम्बो विलम्बश्च विकारी शार्वरी प्लवः।
शुभकृच्छोभकृत्क्रोधी विश्वावसु पराभवौ।।

प्लवंगकीलकः सौम्य साधारण विरोधकृत्।
परिधावी प्रमादी स्यादानन्दो राक्षसो नलः।।
पिङ्गलः कालयुक्तश्च सिद्धार्थो रौद्र दुर्मती।
दुन्दुभी रुधिरोद्गारी रक्ताक्षी क्रोधनः क्षयः।।
अब्दैर्युगं पंचभिरब्दषष्ट्या युगानि च द्वादश वै भवन्ति
(वशिष्ठ संहिता ६।२१ से २६)

पुनः इन संवत्सरों के फलों का विस्तार से वर्णन किया गया है। यहाँ विकारि एवं सार्वरी संवत्सरों का फल द्रष्टव्य है। यथा –

स्तोकं जलं मुञ्चति वारिवाहस्तथापि नानाविधसस्यपूर्णा।
विकारिवर्षे निखिला जनास्ते जीवन्ति नानाविधवृक्षमूलैः।।
शार्वरीशरदि भाति मेदिनी पूर्णसस्यजनवृन्दसङ्कुला।
अध्वरोत्सुकधराऽमरपूर्णा धर्ममार्गरतभूपकुलैश्च।।
(वशिष्ठ संहिता अध्याय ६।६१,६२)

संवत्सरों के फल के पश्चात् मेषादि क्रम से द्वादश राशियों में बृहस्पति के गोचर वश चराचर जगत् पर होने वाले फलों को विस्तार से बताया गया है। तुला एवं वृश्चिक राशि में बृहस्पति के होने पर कहा गया है कि जब तुला में गुरु भ्रमण कर रहे हों, तो उस समय सम्पूर्ण वस्तुएँ महंगी हो जाती हैं और दुर्लभ होती हैं तथा इतरद्रव्य तथा धान में महँगाई अधिक बढ़ जाती है। जबकि वृश्चिक राशि में होने पर पृथ्वी पर अत्यधिक वृष्टि होती है तथा धन धान्य से पृथ्वी पूर्ण होती है और सम्पूर्ण जीव सुखी होते हैं, किन्तु अन्त्यज पीड़ित रहते हैं।

तुलयोद्धतवस्तुचयं दुर्लभमखिलं तुलागतेंऽगिरसि।
सुलभं त्वितरद्रव्यं तूत्तमसस्यार्घवृद्धिः स्यात्।।
बहुवृष्टिभिरखिलधरा बहुविधधान्यर्घसंपूर्णा।
वृश्चिकराशौ जीवे सर्वे सुखिनोऽन्त्यजातिविलयः स्यात्।।
(वशिष्ठ संहिता ६।९५, ९६)

सातवें शुक्रचाराध्याय में कुल १९ श्लोक हैं, जिसमें क्रमशः द्वादश राशियों में शुक्र के उदय अस्त एवं भ्रमण से होने वाले चराचर जगत् में होने वाले शुभाशुभ प्रभावों का वर्णन किया गया है। नक्षत्रों के अनुसार शुक्र के

द्वारा होने वाले वृष्टि, सुवृष्टि, अतिवृष्टि तथा अनावृष्टि का उल्लेख विस्तार से किया गया है। शुक्र के द्वारा रोहिणी शकट भेदन का भी उल्लेख किया गया है। पुनः शुक्र के वक्री होने का फल बताकर अध्याय की समाप्ति की गयी है।

भिनत्ति रोहिणीचक्रं शुकः पैतृभतारकम्।
यदा तदा करोत्येनां कपालास्थिमयीं धराम्।।

(वशिष्ठ संहिता ७।१२)

आठवें शनिचाराध्याय में कुल ६ श्लोक हैं। जिसमें क्रमशः शनि के विभिन्न नक्षत्रों के चार से होने वाले विभिन्न देशों एवं स्थानों के शुभाशुभ प्रभावों का वर्णन किया गया है। शनि के द्वारा ईति का भय, व्याधि भय, प्रजाओं को कष्ट तथा राजाओं में कल आदि की वृद्धि एवं अकाल आदि कब होंगे, इसका विस्तार से वर्णन है। तथापि कुछ-कुछ राशियों में शनि के भ्रमण करने से शुभ फलों की प्राप्ति तथा छुद्र वर्ग की उन्नति का उल्लेख भी किया गया है। यथा –

कन्यानृयुग्गोघटचापसंस्थः स्वक्षेत्रसंस्थोऽपि शुभप्रदः स्यात्।
वंगाङ्ककाश्मीरकलिंगगौडसौराष्ट्रदेशेष्वशुभप्रदः स्यात्।।
प्रक्षुभ्यन्ति क्षितीशाः प्रचलितवसुधा मोदते दस्युवर्गो।
धीभ्रंशो बुद्धिभाजां जनपदहरणं चित्रवर्षी पयोदः।
चन्द्रार्कौ मन्दरश्मी ग्रहगणसहितो वान्ति वाताः प्रचण्डा-
श्चक्राकारं समग्रं भ्रमति जगदिदं मीनगे सूर्यसूनौ।।

(वशिष्ठ संहिता ८।५, ६)

नौवें राहुचाराध्याय में कुल ६२ श्लोक हैं जिसमें राहु के द्वारा होने वाले शुभाशुभ फलों का वर्णन किया गया है। सर्वप्रथम उस पौराणिक कथा की ओर उल्लेख किया गया है जिसमें कहा गया है कि समुद्रमन्थन के समय में उत्पन्न अमृत को जब भगवान् विष्णु मोहिनी रूप में देवताओं को पिला रहे थे उस समय राहु छिपकर देवता का रूप बनाकर अमृत का पान कर लिया था। भगवान् विष्णु ने यह जानकर चक्र के द्वारा उसके सिर का छेदन कर दिया, फिर भी अमृतपान कर लेने से वह जीवित रहा। तब भगवान विष्णु ने उसे आठवें ग्रह का स्थान दिया। वहीं राहु पर्व-पर्व पर चन्द्रमा एवं सूर्य को ग्रसता है।

प्रच्छनामररूपं धृत्वा राहुः सुधाप्रदानेऽभूत्।
हरिरपि निखिलं ज्ञात्वाच्छिनद्धि चक्रेण तच्छीर्षम्।।

अमृतमयात्वान्नत्वा हरिं शिव वाच विस्मंते सदसि।
दातव्या ग्रहसमता गतोऽस्मि मां रक्ष तव शरणम्।।

दत्त्वाष्टमग्रहत्वं पीतो विससर्जतं राहुम्।
धातृवराच्चन्द्रमसं तुदति ततः सर्वपर्वणि च।।

अवनतिविक्षेपवशाद्दूराद्दूरं गतः सततम्।
षण्मासांमाभ्यन्तरिताद्ग्रहणं प्रायेण सम्भवति।।

राहुरसौ दनुजत्वाद्भुजगाकारेण गृह्णाति।
भूगोलाधोभागे दर्पणसदृशे राहौ सदा भ्रमति।।

(वशिष्ठ संहिता ९।१ से ५)

इस अध्याय में कहा गया है कि भूगोल के अधो भाग में दर्पण के सदृश्य राहु सदा भ्रमण करता रहता है। राक्षस होने के कारण यही राहु सर्प के आकार से सूर्य-चन्द्रमा को ग्रसता है। सम्पूर्ण पृथ्वी की छाया से उत्पन्न ऊपर चन्द्रमा को छादित करके सूर्य के प्रकाश को शीघ्रता से आकर रोक देता है। इसे गणित स्कन्ध के द्वारा जानना चाहिए। यह राहु प्रत्येक ग्रहण के पर्व पर धात्री, शशि, इन्द्र, कुबेर, वरुण, अग्नि और यम सात प्रकार के मण्डलों में दिखाई पड़ता है। इससे यह भी सिद्ध होता है कि किसी भी एक वर्ष में अधिकतम कुल सात ही ग्रहण हो सकते हैं। इन पर्वों के नाम के अनुसार इनका क्रमशः फल भी ग्रन्थ में बताया गया है। जैसे ब्राह्म पर्व में ग्रहण होने पर द्विज, गोप आदि की वृद्धि होती है। जबकि सौम्य पर्व में उसी प्रकार सज्जनों की हानि तथा अवृष्टि होती है। इन्द्र पर्व में ग्रहण होने से शारदीय फसल का विनाश होता है, राजाओं में कलह होता है तथा सुन्दर वृष्टि होती है। जबकि कुबेर पर्व में ग्रहण होने पर धनी लोगों की धन हानि तथा अतिवृष्टि होती है। वरुण पर्व में ग्रहण होने पर सम्पूर्ण लोगों की वृद्धि, किन्तु राजाओं की हानि होती है। अग्नि पर्व में अग्नि भय तथा अधिक वृष्टि, राजाओं में कलह तथा याम्य पर्व में ग्रहण होने पर दुर्भिक्ष तथा संसार को भय उत्पन्न होता है। आगे कहा गया है यदि एक मास में सूर्य चन्द्रग्रहण हो

रहे हों, तो आतंक तथा महँगाई का भय एवं राजाओं में परस्पर कलह जानना चाहिए। उत्तरायण में यदि सूर्यग्रहण या चन्द्रग्रहण हो रहा हो तो ब्राह्मण, सज्जन, राजा की हानि होती है, जबकि दक्षिणायन में ग्रहण होने पर शरद् कालीन फसल का विनाश होता है। ग्रस्तोदय या ग्रस्तास्त ग्रहण होने पर भी रोग का भय तथा दक्षिणायन में होने वाला फल होता है। इस वशिष्ठ संहिता में ग्रहण के दस प्रकार के ग्रास कहे गये हैं। सव्य, अपसव्य, लेह, ग्रसन, निरोध, अवमर्दन, आमर्द, आघात, मध्यतम तथा तम। इन सभी दसों प्रकार के ग्रासों का फल भी विस्तार से इस राहुचाराध्याय में कहा गया है। आगे कहा गया है कि ग्रहण के समय अतिवृष्टि हो रही हो, हवा चल रही हो या अन्य कोई उत्पात हो रहे हों तो अत्यधिक आतंक की स्थिति पैदा होती है। उस समय उज्जैन, कावेरी नदी के तट के लोग, नर्मदा नदी के तट के लोग पीड़ित होते हैं। पुनः चैत्रादि बारह मासों में होने वाले सूर्य एवं चन्द्र ग्रहण के फलों को विस्तार से बताया गया है। कुछ महीनों के फल उदाहरण रूप में द्रष्टव्य हैं। यथा –

नरेन्द्रपत्नीद्विजसस्यवृद्धिः सौम्या जनाश्चोरकिरातसंघाः।
प्रध्वंसमायान्ति तथा सुवृष्टिर्ज्येष्ठे च मासे ग्रहणं यदि स्यात्।।

आषाढ़मासे ग्रहणं तडागवापीनदीदीर्घिकवप्रपूर्णाः।
काश्मीरगान्धारपुलिन्दचीना लयं प्रयान्त्यल्पजनाः सुतुष्टाः।।

काम्बोजकान्मागधशूरसेनान्पुलिन्दचीनानथ कौरवांश्च।
निहन्ति देवोऽपि च मन्दवर्षी दृष्टो नभोमासि स सैंहिकेयः।।

(वशिष्ठ संहिता ९।४,४७,४८)

इसी प्रकार ग्रहण के फल को बताकर पुनः सूर्य एवं चन्द्रग्रहण के स्पर्श, ग्रास एवं मोक्ष को विस्तार से वर्णित किया गया है।

दसवें केतुचाराध्याय में कुल ५० श्लोक हैं जिसमें केतु के द्वारा होने वाले शुभ-अशुभ फलों को बताया गया है। प्रथम श्लोक में ही वृद्धवशिष्ठ ने कहा है कि केतु का उदय और अस्त गणित के द्वारा नहीं जाना जा सकता और केतु के द्वारा तीन प्रकार के दिव्य, अन्तरिक्ष एवं भूमि (भौम) उत्पात कहे गये हैं।

केतोरुदयास्तमयं ज्ञातुं गणितान्न शक्यते यस्मात्।
दिव्यान्तरिक्षभौमास्तस्मात्रिविधाश्च केतवो जगति।।
(वशिष्ठ संहिता १०।१)

यही बात नारद द्वारा रचित मयूर चित्रकम् में भी कहा गयी है। यथा –

उदयास्तमने केतोर्गणितेनाप्रकाश्यते।
इहोच्यते फलं तस्य भेदाश्च मुनिभाषितम्।।
(मयूर चित्रकम् १।१)

बृहत्संहिता नामक ग्रन्थ में आचार्य वराहमिहिर ने भी केतुचाराध्याय में कहा है कि केतुओं का उदय एवं अस्त गणित द्वारा नहीं जाना जा सकता है। केतुओं की कुलसंख्या एक हजार या एक सौ एक है। केतु का फलादेश, उसके उदय, अस्त, अवस्थान, स्पर्श और धूम्रता आदि के द्वारा अवगत किया जाता है। केतु जितने दिन तक दिखलायी देता है, उतने मास तक उसके फल का परिपाक होता है। जो केतु निर्मल, चिकना, सरल, रुचिर और शुक्लवर्ण होकर उदित होता है, वह सुभिक्ष और सुखदायक होता है। इसके विपरीत रूप वाले केतु शुभदायक नहीं होते, परन्तु उनका नाम धूम्रकेतु होता है। विशेषतः इन्द्रधनुष के समान अनेक रंग वाले अथवा दो या तीन चोटी वाले केतु अत्यन्त शुभकारक होते हैं। हार, मणि या सुवर्ण के समान रूप धारण करने वाले और चोटीदार केतु यदि पूर्व या पश्चिम में दिखलाई दे तो सूर्य से उत्पन्न कहलाते हैं और इनकी संख्या पच्चीस है। अग्नि, दुपहरिया का फूल, लाख या रक्त के समान जो केतु अग्निकोण में दिखलायीं दे, वे अग्नि से उत्पन्न हुए माने जाते हैं और इनकी संख्या पच्चीस है। पच्चीस केतु टेढ़ी चोटी वाले, रुखे और कृष्णवर्ण होकर दक्षिण में दिखलाई पड़ते हैं, ये यम से उत्पन्न हुए माने गये हैं। इनके उदय होने से महामारी फैलती है। दर्पण गोल आकार वाले, शिखा रहित, किरण युक्त और सजल तेल के समान कान्ति वाले जो केतु ईशान दिशा में दिखलाई पड़ते हैं, वे पृथ्वी से उत्पन्न हुए हैं। इनके उदय से दुर्भिक्ष और भय होता है। चन्द्रकिरण, चाँदी, हिम, कुमुद या कुन्दपुष्प के समान जो तीन केतु हैं, ये चन्द्रमा के पुत्र हैं और उत्तर दिशा में दिखलाई देते हैं। इनके उदय होने से सुभिक्ष होता है। ब्रह्मदण्ड नामक युगान्तकारी एक केतु ब्रह्मा से उत्पन्न हुआ है। यह तीन चोटी वाला और तमो रंग का है, इसके उदय होने की दिशा का कोई

नियम नहीं है। इस प्रकार कुल एक सौ एक केतुओं का वर्णन किया गया है। इन केतुओं के उदय-अस्त का फल विभिन्न देश-स्थानों पर क्या होता है, इसका विस्तार से वर्णन किया गया है। जैसा कि अन्तिम श्लोक द्रष्टव्य है-

ये केतवश्चाश्विमुखार्क्षजातास्ताराग्रहादिष्वपि संभवाश्च।
कुर्वन्ति ते तीक्ष्णफलं जनानामन्येऽपि सामान्यफलप्रदाः स्युः।।
(वशिष्ठ संहिता १०।५०)

ग्यारहवां अध्याय वर्षेषादि निर्णय फल का अध्याय है। इसमें कुल ५० श्लोक हैं। सर्वप्रथम ब्राह्म, दिव्य, मनु, पितृ, सौर, चान्द्र, गुरु, सावन एवं नाक्षत्र इन नौ काल मानों की चर्चा की गयी है। क्रमशः इनके अलग-अलग प्रयोजन भी बताये गये हैं। इसमें कहा गया है कि चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन जो वार होता है, वही उस वर्ष का राजा कहा जाता है और मेष संक्रान्ति के दिन का जो ग्रह है वही मन्त्री है। इसी प्रकार रसेश, निरसेश आदि के फल कहे गये हैं तथा प्रत्येक वर्षेश का फल विस्तार से बताया गया है। जैसे यदि सूर्य वर्ष का राजा हो तो मध्यम वृष्टि होती है, शीत अधिक पड़ती है, राजा अपने शत्रुओं पर विजय प्राप्त करते हैं। इसी प्रकार चन्द्र के वर्षाधिपति होने पर गेहूं, धान, गन्ना आदि से पृथ्वी पूर्ण होती है, यज्ञ अनुष्ठान आदि अधिक होते हैं तथा गाय दूध अधिक देती है। मंगल के वर्षेश होने पर चोर, अग्नि, शत्रुगणों से पृथ्वी पूर्ण हो जाती है, राजाओं में युद्ध होते हैं, लोगों में फोड़े-फुंसी या रक्तादिविकार अधिक देखे जाते हैं तथा वर्षा अतिसामान्य होती है। जबकि बुध के वर्षाधिपति होने पर वायु बहुत अधिक चलती है, मध्यम वृष्टि होती है, रोग का भय होता है, राजाओं का क्रोध बढ़ा रहता है, किन्तु फसल अच्छी होती है, और लेखक सम्पादक आदि की वृद्धि होती है। बृहस्पति के वर्षेश होने पर ब्राह्मणों की उन्नति, यज्ञ अनुष्ठान की अधिकता, राजा लोग प्रजापालन में तथा सम्पूर्ण प्रजा अपने कर्मों में लगी रहती है तथा सभी दोष समाप्त हो जाते हैं। शुक्र के वर्षेश होने पर अनेक प्रकार के बाग-बगीचे, तालाब, वापी आदि से युक्त पृथ्वी सस्यपूर्णा हो जाती है। पृथ्वी और ब्राह्मण तथा राजा लोग प्रसन्न रहते हैं। जबकि शनि के वर्षेश होने पर फसल मध्यम होती है, विचित्र प्रकार की वृष्टि होती है, चोर, रोग एवं राजा का कोप होता है। इस प्रकार वर्षेश का फल कहकर पुनः मन्त्री का फल बताया गया है। सूर्य के मन्त्री होने पर सर्वत्र

विचित्र रंग वाली फसलें अनेक प्रकार से विचित्र रूप में उत्पन्न होती हैं, राजाओं का क्रोध बढ़ा रहता है, वन एवं बगीचे पीड़ित होते हैं। जबकि चन्द्रमा के मन्त्री होने पर उत्तम फल तथा मंगल के मन्त्री होने पर अशुभ फल कहा गया है। यथा–

तुहिनकरे सचिववरे नानाविधसस्यसम्पूर्णा।
द्विजसज्जनपशुवृद्धिः काननफलपुष्पतायेजन्तूनाम्।।

दहनप्रहरणडमरमरुदामयभीतिरतुला स्यात्।
क्षितितनये मन्त्रिणि सति शोषं समुपैति निम्नसस्यंचयम्।।

(वशिष्ठ संहिता ११।१९,२०)

इसी प्रकार बुध के मन्त्री होने पर प्रभूत वायु निरन्तर बहती है, आंधी तूफान की अधिकता रहती है, जबकि गुरु के मन्त्री होने पर सुवृष्टि रहती है, पृथ्वी बहुत फसल से युक्त हो जाती है। शुक्र के मन्त्री होने पर यज्ञ अनुष्ठान की अधिकता तथा प्रजाओं में सुख व्याप्त हो जाता है। शनि के मन्त्री रहने पर पृथ्वी पर जल वृष्टि कम होती है और जनता भय युक्त रहती है। मन्त्री का फल कहने के पश्चात् धान्याधिप फल कहा गया है। सूर्य के धान्येश होने पर पृथ्वी पर फसल बहुत कम होती है, ईति का भय हो जाता है, किन्तु कुल्थी एवं चना अधिक पैदा होता है। चन्द्रमा के धान्येश होने पर पृथ्वी फल-फूल, फसल एवं जल से परिपूर्ण होती है। मंगल के धान्येश होने से अग्नि का भय और फसल की कमी होती है। कहीं-कहीं शस्त्र का भय बना रहता है। बुध के धान्येश होने पर फसल अग्नि से नष्ट होती है, मध्यम वृष्टि होती है, तथापि अन्न, धान्य की अधिकता होती है। गुरु के धान्येश होने पर धान्य अधिक होता है। जबकि शनि के धान्येश होने पर राजभय होता है, मध्यम फसल होती है किन्तु कोदौ, कुल्थी, चना, उड़द तथा मूँग बहुत अधिक होती है। इसी प्रकार रसेश का फल बताते हुए कहा गया है कि यदि सूर्य रसेश हों तो चन्दन, कुंकुम, गुग्गुल, तिल, तैल, रेड़ी का तेल मुख्य रूप से वृद्धि को प्राप्त होता है। चन्द्रमा के रसेश होने पर मधुर वस्तुओं का अभाव पृथ्वी पर देखा जाता है किन्तु बुध के रसेश होने पर पिप्पली, सोंठ, हींग, लहसुन, घी, तेल दुर्लभ हो जाते हैं। गुरु के रसेश होने पर चन्दन, कपूर, कन्दमूल, कुंकुम तथा अन्य धान्य आसानी से प्राप्त हो जाते हैं। शुक्र के रसेश होने पर सुगन्धित वस्तुओं तथा क्षार आदि वस्तु तथा कन्दमूल फल, पुष्पादि बहुत उत्पन्न होते हैं,

जबकि शनि के रसेश होने का फल इस प्रकार कहा गया है –

रसेश्वरे सूर्यसुते धरित्र्यां सुदुर्लभान्येव रसानि यानि।
सुगन्धवस्तूनि घृतेक्षुकन्दमूलानि चान्यत्सुलभं भुवि स्यात्।।

(वशिष्ठ संहिता ११।३८)

इसके पश्चात् क्षेपों का उल्लेख करके अध्याय की समाप्ति की गयी है।

बारहवां अध्याय तिथि स्वरूपाध्याय है। इसमें कुल ७५ श्लोकों में वर्णन किया गया है। सर्वप्रथम क्रमशः तिथियों के स्वामियों का उल्लेख करके तिथियों की संज्ञा नन्दा, भद्रा, जया, रिक्ता तथा पूर्णा पांच भागों में की गयी है। प्रत्येक तिथि में कौन से कार्य करणीय हैं और कौन अकरणीय हैं, इसका विस्तार से विचार किया गया है। कुछ उदाहरण द्रष्टव्य है। यथा –

संगीतविद्याखिलशिल्पकर्म सीमन्तचौलान्नगृहप्रवेशम्।
कार्यं द्वितीये दिवसे यदुक्तं सदा तृतीये दिवसेऽपि कार्यम्।।

रिक्तासु शत्रोर्वधबन्धशस्त्रविषाग्निघातादि च याति सिद्धिम्।
सन्मङ्गलं तासु कृतं च मूढैर्विनाशमायाति तदा तु नूनम्।।

(वशिष्ठ संहिता १२।७,८)

इसी तरह प्रत्येक तिथि में होने वाले कर्मों का विस्तार से वर्णन किया गया है। नवमी के तीन भेद किये गये हैं। यथा –

नवमी त्रिविधा ज्ञेया प्रवेशनवमी प्रयाणनवमी च।
नवमदिनं निर्गमतः प्रवेशनवमीति विख्याता।।

नवमदिनं प्रवेशाद्यत्प्रयाणनवमी च नवदिनम्।
सततं नवमीत्रितयं यात्रायां प्राणहानिदं यातुः।।

(वशिष्ठ संहिता १२।२३, २४)

आगे कहा गया है कि यदि दग्ध तिथियाँ हों, उसमें किसी प्रकार का मांगलिक कार्य किया जाये तो वह सब कुछ वैसे नष्ट हो जाता है जैसे गर्मी के समय में छोटी नदियाँ –

मासदग्धासु तिथिषु कृतं यन्मङ्गलादिकम्।
तत्सर्वं नाशमायाति ग्रीष्मे कुसरितो यथा।।

(वशिष्ठ संहिता १२।२६)

तिथियों के अनुसार पूर्णिमा एवं अमावस्या को दो-दो भागों में बाँटा गया है। पूर्णिमा को राका एवं अनुमति तथा अमावस्या को सिनीवाली एवं कुहू कहा है। इसी प्रकार किस तिथि में कौन से कार्य करने चाहिए, इसका विस्तार से वर्णन किया गया है तथा तिथिक्षय, तिथिवृद्धि तथा व्रत, उपवास, जागरण, पूजन आदि का विस्तार से वर्णन है। किस तिथि में किस प्रकार का दान करना चाहिए, इसका भी विस्तार से वर्णन किया गया है।

तेरहवां अध्याय वारस्वरूपाध्याय है। इसमें कुल २० श्लोक हैं। किस वार में कौन सा कार्य करना चाहिए तथा कौन सा नहीं करना चाहिए, इसका विस्तार से उल्लेख है। यथा – रविवार के दिन राज्याभिषेक, उत्सव, मंगल, सेवाकर्म, औषधि सेवन, चित्रकर्म, धातु क्रिया, आभूषण, लाह, चर्म, धान्य, ऊन आदि कार्य करने चाहिए। सोमवार के दिन मोती, जल, शंख, स्फटिक, गन्ने का रोपण, दूध, औषधि, उद्यान, कृषि क्रिया, स्त्रियों का नृत्य गीत तथा समस्त वास्तु कर्म करना चाहिए। जबकि मंगलवार के दिन विष, अग्नि, शस्त्र, चोरी, झूठ, वध तथा बन्धन का कर्म, छेदन, मूँगा रत्न तथा धातुओं का कर्म एवं अभिचार आदि करना चाहिए। बुधवार के दिन शिल्प कर्म, वाहन कर्म, सन्धि, व्यायाम, क्रय-विक्रय, लेखन आदि कार्य, धातु क्रिया, मूँगा, आभूषण आदि तथा गणित का कार्य करना चाहिए। गुरुवार के दिन यज्ञ क्रिया, मांगलिक कार्य, विद्या, स्वंर्ण, वस्त्र, उद्यान, औषधि, शास्त्र, हवन, नृत्य-गीत तथा चर स्थिर सभी प्रकार के कार्य करने चाहिए। शुक्रवार के दिन स्त्रियों के गीत, मुक्ताफल, हीरा, चाँदी, सुगन्धित वस्तु, शय्या, आभूषण, वस्त्र, बगीचा तथा अन्य समस्त माङ्गलिक कृत्य करने चाहिए। जबकि शनिवार के दिन सम्पूर्ण वस्तुओं का ग्रहण, लोहा, शीशा, दीक्षा, गृहादि कर्म, ऊँट, गधा, गाय, सोना तथा तुला आदि कार्य करने चाहिए। पुनः कहा गया है कि सूर्य स्थिर है, चन्द्रमा चर है, मंगल उग्र है, बुध मिश्रित है, गुरु लघु है, शुक्र मृदु है तथा शनि तीक्ष्ण है। आगे कहा गया है कि रविवार को तेल लगाने से शरीर में दुख होता है, जबकि सोमवार को तेल लगाने से कान्ति बढ़ती है, मंगलवार को निधन होता है, बुधवार को लक्ष्मी और कीर्ति की प्राप्ति होती है, गुरुवार को शत्रु की वृद्धि होती है, शुक्रवार को रोग होता है तथा शनिवार के दिन आरोग्य तथा भोग की प्राप्ति होती है तथा नित्य लक्ष्मी आती हैं। आगे कहा गया है कि तेल लगाने के

लिए जो वार और तिथि अमावस्या, भद्रा या पात आदि के दिन निषेध किये गये हैं, उस दिन यदि औषधि युक्त तेल हो तो दोष नहीं होता। किन्तु ग्रहण के समय औषधि युक्त तेल भी नहीं लगाना चाहिए। यथा –

अनुक्तवारातिथिषु त्वमायां विष्टिपातयोः।
औषधेन युतं तैलं न दुष्यं ग्रहणं बिना।।

(वशिष्ठ संहिता १३।१०)

वार प्रवृत्ति ज्ञान के लिए वशिष्ठ संहिता निर्देश करता है कि सूर्योदय से वार का क्रम जानना चाहिए और आगे कहा गया है कि जिस ग्रह के वार में जो-जो कार्य कहे गये हैं वे सभी कार्य उस वार की होरा में भी किये जा सकते हैं। इस ग्रन्थ में पुनः पूर्वादि दिशा के क्रम से दिग्शूल का विचार भी किया गया है। यदि ग्रह दुर्बल चल रहा हो, तो उसके दिशा में यत्नपूर्वक नहीं जाना चाहिए। पूर्ण चन्द्रमा, शुक्र, बुध तथा बृहस्पति का वार सभी कार्यों में पूजित है, जबकि रविवार, मंगलवार तथा शनिवार शुभ नहीं हैं। आगे ग्रहों के रंग भी बताये गये हैं। सूर्य लाल वर्ण का, चन्द्रमा गौर वर्ण का, मंगल अत्यधिक लाल, बुध पीला, गुरु स्वर्णिम वर्ण, शुक्र चाँदी के वर्ण का तथा शनि काले वर्ण का कहा गया है।

चौदहवां नक्षत्र स्वरूपाध्याय है। इसमें कुल 112 श्लोक हैं। प्रथम श्लोक में सभी नक्षत्रों के स्वामियों का उल्लेख किया गया है। यथा –

नासत्यान्तकवह्निधातृनिशिपा रुद्रोऽदितिश्चाङ्गिरा
वाताशाः पितरो भगोर्यमरवी त्वष्टा समीरः क्रमात्।
इन्द्राग्नीत्युडुपाश्च मित्रसुरपौ कोणेश्वरः शम्बरं
विश्वे विष्णुवसूदपाजचरणहिर्बुध्न्यपूषाभिधाः।।

(वशिष्ठ संहिता १४।१)

इसके पश्चात् प्रत्येक नक्षत्रों में होने वाले विविध प्रकार के कार्यों का उल्लेख किया गया है। कुछ नक्षत्रों के उदाहरण द्रष्टव्य हैं –

यात्राभेषजभूषणविद्याश्वेभाजशिल्पवस्त्राद्यम्।
उत्सवमङ्गलकार्यं कर्त्तव्यं दस्रनक्षत्रे।।
साहसदारुणशत्रुप्रशमननिक्षेपकूपकृष्याद्यम्।
विषवधबन्धनदहनप्रहरणकार्याणि भरणीषु।।

अग्निपरिग्रहसाहसरिपुवधदहनास्त्रशस्त्रकर्माद्यम् ।
धातुर्वादविधानं विवादलोहाशम बहुलायाम्।।
सुरनरसद्माद्यखिलं विवाहधनधान्यसंग्रहोपनयम्।
उत्सवभूषणमङ्गलमजभे कार्यं सपौष्टिकं कर्म।।
शान्तिकपौष्टिकशिल्पव्रतकर्मोद्वाहकमङ्गलाद्यखिलम्।
सुरसंस्थापनवास्तुक्षेत्रारम्भादि सिद्ध्यते सौम्ये।।
(वशिष्ठ संहिता १४।२ से ६)

इसी प्रकार सभी नक्षत्रों में होने वाले कार्यों का विस्तार से उल्लेख है।

पन्द्रहवाँ अध्याय योगाध्याय है। इसमें विष्कम्भ प्रीति, आयुष्मान आदि २७ योगों के नामों के अनुसार फल कहे गये हैं। किस योग में कौन सा कार्य करणीय है और कौन अकरणीय है इसकी विस्तार से चर्चा आयी है। इसमें कहा गया है कि ये सभी अपने नाम के अनुसार फल भी प्रदान करते हैं। यथा –

विष्कंभः प्रीतिरायुष्मान्सौभाग्यः शोभनाह्वयः।
अतिगंडः सुकर्माख्यो धृतिः शूलोऽथ गण्डकः।।
वृद्धिर्ध्रुवाख्यो व्याघातो हर्षणो वज्रसंज्ञकः।
सिद्धियोगो व्यतीपातो वरीन्यान्परिघः शिवः।।
सिद्धिः साध्यः शुभः शुक्लो ब्रह्मैन्द्रो वैधृताह्वयः।
सप्तविंशति योगास्ते स्वनामफलदाः स्मृताः।।
(वशिष्ठ संहिता १५।१,२,३)

कहा गया है कि यदि कार्य आवश्यक है और विपरीत योग चल रहा हो, तो पहले चरण का त्याग कर देना चाहिए। किन्तु वैधृती तथा व्यतिपात योग सम्पूर्ण रूप से त्याज्य है। लेकिन परिघ योग का प्रारम्भ का आधा भाग निषिद्ध है।

सोलहवां अध्याय करणाध्याय है। इसमें कुल १९ श्लोक हैं जो क्रमशः बव, बालव, कौलव, तैतिल, गर, वणिक तथा विष्टि, सात चर करण एवं शकुनि, चतुष्पद, नाग एवं किंस्तुघ्न नामक चार स्थिर करणों का उल्लेख किया गया है। सभी करणों के स्वामी देवताओं का और उन करणों में होने वाले

शुभाशुभ कर्मों का विस्तार से वर्णन किया गया है। यथा –

आद्यं बबं बालवकौलवाख्ये तत्तैतिलं तद्गरसंज्ञकं च।
वणिक्च विष्टिः करणानि सप्त चराणि यानि क्रमशो भवन्ति।।
तिथ्यर्धमाद्यं शकुनिर्द्वितीयं चतुष्पदं नागकसंज्ञितं च।
किंस्तुघ्नमेतान्यचराणि कृष्णचतुर्दशीपश्चिमभागतः स्युः।।

(वशिष्ठ संहिता १६।१,२)

सत्रहवां मुहूर्ताध्याय है। इसमें कुल ९ श्लोक हैं और इसमें दिन एवं रात्रि के क्रम से १५-१५ मुहूर्त अर्थात् कुल ३० मुहूर्तों की चर्चा है। किस मुहूर्त में कौन सा कर्म शुभ है और कौन सा अशुभ है। इसका भी उल्लेख हुआ है। यथा – एक उदाहरण द्रष्टव्य है।

अर्यम्णस्त्वर्कवारे हिमकरदिवसे राक्षसब्रह्मसंज्ञौ
पित्राग्नेयौ क्षणौ तौ क्षितिसुतदिवसे सौम्यवारेऽभिजिच्च।
दैत्याप्यौ जीववारे भृगुतनयदिने ब्राहम्यापित्र्यौ मुहूर्तौ
सार्पेशौ तिग्मरोचिप्रियसुतदिवसे वर्जनीया मुहूर्ताः।।

(वशिष्ठ संहिता १७।९)

अठ्ठारहवां अध्याय गोचरविचाराध्याय है। जिसमें कुल १७९ श्लोक हैं। जिसमें मुख्यतः प्रत्येक ग्रहों का गोचर वश भ्रमण का फल कहा गया है। वेध विचार करने का विशेष बल इस ग्रन्थ में दिया गया है। सूर्य को तीसरे, छठें, दसवें और ग्यारहवें शुभ माना गया है। लेकिन यदि वह शनि को छोड़कर अन्य किसी ग्रह के द्वारा विद्ध न हो अर्थात् नौवें, बारहवें, पांचवे तथा चौथे कोई ग्रह न हो। तो उसका शुभ फल प्राप्त होता है।

त्रिषडेकादशमे सूर्यः शुभदो ग्रहैर्न विद्धश्चेत्।
नवरिष्फात्मजजलगैः स्ववलोपेतैर्विसूर्यसूतैः।।

(वशिष्ठ संहिता १८।२)

आचार्य वशिष्ठ का कथन है कि वेध से युक्त होने पर ग्रह मनुष्य को शुभफल प्रदान नहीं करते, किन्तु विपरीत वेध हो जाने से अशुभ ग्रह भी सर्वदा शुभ फल प्रदान करते हैं। इस प्रकार गोचर बल के विचार को जो क्रमशः नहीं जानते अर्थात् गोचर बल से आनभिज्ञ हैं, वे संसार में उपहास्य

का भाजन बनते हैं। आगे गोचर का विशेष फल बताते हुए आचार्य ने कहा है कि नीच राशि गत ग्रह, शत्रु ग्रह से पराजित अथवा अस्त या अपने शत्रु के घर में गये हुए ग्रह शुभ वैसे ही फल नहीं प्रदान करते जैसे मन्त्र से हत होने पर साँप। चन्द्रमा का गोचर फल बताते हुए कहा गया है कि कृष्ण पक्ष की अपेक्षा शुक्ल पक्ष में वह दूसरे, नौंवे व पाँचवे शुभ हो जाता है। कोई भी ग्रह जब अपने घर (राशि) के अन्त भाग में आता है अथवा नक्षत्र के अन्त भाग में आता है अथवा वक्री होता है तो ऐसे सभी ग्रह आगे वाले घर (राशि) का ही फल प्रदान करते हैं। इसी तरह सूर्य और मंगल किसी भी राशि के आदि में ही फल देते हैं, गुरु, शुक्र मध्य में तथा शनि और चन्द्रमा राशि के अन्त में अपना फल प्रदान करते हैं जबकि बुध सदैव समान फल देता है चाहे आदि, मध्य या अन्त कहीं भी हो। पुनः कहा गया है कि राजा के दर्शन के समय सूर्य का बल, युद्ध के समय मंगल का बल, यात्रा के समय शुक्र का बल, दीक्षा के समय शनि का बल, ज्ञान और शिल्प के समय बुध का बल तथा सम्पूर्ण कार्यों में चन्द्रबल मनुष्यों को देखना चाहिए।

राजालोकनसमये रविरार्यः करग्रहेषु बली।
रणसमये धरणिसुतः प्रयाणसमये सितोऽतिबली।।
दीक्षणसमये त्वसितः शशितनयो ज्ञानशिल्पविधौ।
निखिलेषु च कार्येषु चन्द्रबलमुख्यमखिलनृणाम्।।

(वशिष्ठ संहिता १८।१६,१७)

ग्रहों के विपरीत होने पर अथवा चन्द्र, सूर्य ग्रहण होने पर, बिषुवीसंक्रान्ति, व्यतिपात तथा तिथिक्षय चन्द्रमा या तारा के प्रतिकूल होने पर शान्ति कार्य कराना चाहिए। शान्ति के लिए कुण्ड और मण्डप का निर्माण करना चाहिए। वह भी वर्णों के अनुसार अलग-अलग बताया गया है। सूर्य की शान्ति के लिए प्रतिमा बनवानी चाहिए, सूर्य की प्रतिमा ताँबे, चन्द्रमा की स्फटिक की, मंगल की चन्दन की, गुरु की सोने की, शुक्र की चाँदी की तथा शनि की लोहे की, राहु की शीशे की तथा केतु के लिए शुद्ध कांसे की प्रतिमा अपनी रुचि एवं सामर्थ्य के अनुसार बनवानी चाहिए। आगे वैदिक मन्त्रों से ग्रहों का आवाहन करके पूजन करना चाहिए। आकृष्णेन इस मन्त्र से सूर्य का तथा इसी प्रकार समस्त ग्रहों के वैदिक मन्त्र जो आज भी प्रयुक्त होते हैं, उन मन्त्रों से ग्रहों की शान्ति

करानी चाहिए। इसी क्रम में ग्रहों की समिधायें तथा औषधियों का क्रमशः वर्णन किया गया है। पुनः वैदिक मन्त्रों के शान्ति के पश्चात् सूर्यादि नौ ग्रहों के लौकिक मन्त्र श्लोक संख्या १३७ से १४५ तक कही गयी है। पुनः दान, गोदान, कपिला दान, शंख दान, वृषभ दान, स्वर्ण दान, पीत वस्त्र दान, अश्व दान, काली गाय का दान, लोहे का दान, रत्न दान, भूमि दान, बकरा दान, शय्या दान, वस्त्र दान आदि मन्त्रों का उल्लेख किया गया है। इस ग्रह गोचराध्याय में एक विशेष बात यह कही गयी है कि गोचर का विचार करते समय अष्टकवर्ग बल का विचार अवश्य करना चाहिए। कहा गया है कि जैसे ग्रहों में सूर्य सदैव बलवान हैं उसी प्रकार ग्रहों के अन्य बलों में अष्टकवर्ग बलवान है।

यथा ग्रहाणां तीक्ष्णांशु सदा तु सदृशो बली।
अष्टवर्गबलं तद्वद्ग्रहाणामुत्कटं बलम्।।
अष्टवर्गबलं यत्र तत्रास्ति त्रिविधं बलम्।
तस्माद्बलत्रयाणां तत्साधयेदष्टवर्गजम्।।

(वशिष्ठ संहिता १८।१७७, १७८)

इस प्रकार ग्रहों के विषम स्थानों पर स्थित होने पर जो शान्ति करता है, वह प्रसन्नतापूर्वक समय व्यतीत करता है और जो शान्ति नहीं करता वह धनहानि के साथ–साथ मानसिक सन्ताप तथा सम्पूर्ण संकटों को प्राप्त होता है।

उन्नीसहवां अध्याय संक्रान्ति नामक अध्याय है। इसमें कुल ३१ श्लोक हैं। सूर्य के राशि परिवर्तन के समय जिस प्रकार की स्थिति रहती है सम्पूर्ण मासपर्यन्त उसी प्रकार की स्थितियों से राजा–प्रजा सभी को गुजरना पड़ता है। आचार्य ने घोरा, उग्रा, ध्वांक्षी, महोदरी, मन्दाकिनी, मन्दामिश्रा तथा राक्षसी सात प्रकार की संक्रान्तियों का वर्णन किया है। ये संक्रान्तियाँ दिन के अनुसार होती हैं जैसे – रविवार के दिन संक्रान्ति परिवर्तन होने पर घोरा, सोमवार के दिन उग्रा, मंगल के दिन ध्वांक्षी इसी प्रकार अन्य संक्रान्तियाँ भी जाननी चाहिए। कौन संक्रान्ति किस वर्ग के लिए शुभ या अशुभ रहेगी इसका भी फल विस्तार से कहा गया है। संक्रान्ति की करणों के अनुसार सुप्तादि संज्ञायें भी की गयी हैं। पुनः सूर्य के संक्रान्ति का पुण्य काल स्नान, दान के लिए बताया गया है। जिसमें कहा गया है कि संक्रान्ति परिवर्तन से सोलह घटी पूर्व तथा सोलह घटी बाद तक पुण्य काल रहता है। अगर मध्य रात्रि के बाद संक्रान्ति हो रही हो तो

उसका पुण्य काल अगले दिन मानना चाहिए। जबकि मध्य रात्रि से पूर्व संक्रमण होने पर पूर्व दिन ही स्नान, दान का पुण्य मानना चाहिए। यदि मध्य रात्रि में हो रहा हो तो दोनों दिन स्नान, दान का पुण्य कहना चाहिए। इसी प्रकार संक्रान्ति के चार भेद विष्णुपदी, षडशीतिमुखी, अयनी एवं विषुवी संक्रान्तियों के संक्रमण के शुभाशुभ फलों को बताया गया है और यह भी कहा गया है कि पुत्र के जन्म के समय, संक्रान्ति के परिवर्तन के समय, सूर्य, चन्द्रग्रहण के समय अधिक रात्रि होने पर भी स्नान करना चाहिए। संक्रान्ति के अनुसार विविध वाहनों का उल्लेख किया गया है, जिस दिन सूर्य की संक्रान्ति हो रही हो, उस दिन चन्द्रमा यदि बलवान हो, तो मनुष्यों को शुभ फल और गौड हो तो अशुभ फल देता है।

विधोर्बलाबलेनैतत्संक्रमेण दिवाकरः।
ददाति तत्फलं नृणां तस्मिन्मासे तु गौणतः।।

(वशिष्ठ संहिता १९।२६)

बीसवाँ अध्याय चन्द्रताराबलाध्याय है। इसमें कुल १२ श्लोक हैं जिसमें चन्द्रमा और तारा के अनुसार कृष्ण पक्ष और शुक्ल पक्ष में शुभाशुभ फलों को कहा गया है। कृष्ण पक्ष में तारा का बल तथा शुक्ल पक्ष में चन्द्रमा का बल विशेष रूप से विचार करना चाहिए। जन्म, अनुजन्म, नक्षत्र, तीसरी तारा सभी कामों में अशुभ होती है। सम्पत् तारा शुभ फल देने वाली, विपद् तारा विपत्ति देने वाली, क्षेम तारा कल्याण करने वाली, प्रत्यरि तारा प्रतिकूल फल देने वाली, साधन तारा सभी कार्यों को साध्य करने वाली, नैधन तारा निधनता देने वाली, मैत्र तारा मैत्री कराने वाली तथा परम मैत्र तारा अत्यधिक आनन्द देने वाली होती है। इसी प्रकार चन्द्रमा एवं तारा का बल विचार करके यह अध्याय समाप्त किया गया है।

इक्कीसवां अध्याय उपग्रहाध्याय है। इसमें कुल दस श्लोक हैं। जिसमें कहा गया है कि सूर्य से सातवें नक्षत्र की भूकम्प संज्ञा, पाँचवें की अतिविद्युत् संज्ञा, आठवें की शूलोपग्रहा संज्ञा तथा दसवें नक्षत्र की अशनि संज्ञा जाननी चाहिए। अट्ठारहवें नक्षत्र की केतु या उपग्रहा दोष संज्ञा, पन्द्रहवें की दण्ड संज्ञा, उन्नीसवें की उल्का संज्ञा तथा चौदहवें की पात संज्ञा जाननी चाहिए। कुल इक्कीस उपग्रह दोष कहे गये हैं। बुद्धिमानों को विवाहादि कार्यों में इसका

विचार करना चाहिए। ये जब चन्द्रमा से युत होते हैं तो शुभ कार्यों में मृत्यु देने वाले रहते हैं। यथा –

हिमकिरणे त्वेषु युते शुभकार्यं मृत्युदं नृणाम्।
उद्वाहादिषु सततं विचार्य लग्नं वदेद्धीमान्।।

(वशिष्ठ संहिता २१।४)

उसी अध्याय में आनन्द, कालदण्ड, धूम्रप्रजापति, सौम्य आदि कुल २८ योगों का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि ये सभी योग अपने नाम के सदृश ही फल देते हैं। यथा –

सितपक्षे हिमकिरणो बलवान्कृष्णेऽपि बलवती तारा।
शशिबलवत्प्राधान्यं शुक्ले कृष्णे च तारकायाश्च।।
अमृतकिरणस्त्वमृतभवस्तद्बलमखिलं च तद्वस्यात्।
अमृतमयं तत्तस्मादभ्यधिकं त्वन्यखेटबलान्।।
तुहिनकरो जगतां यद्वत्तद्वञ्च तद्बलं त्वखिलम्।
तन्महिमानं व्याचष्टे गुणरूपं निखिलजन्तूनाम्।।

(वशिष्ठ संहिता २१।८,९,१०)

बाईसवाँ अध्याय ग्रहकूटाध्याय है। इस अध्याय में कुल चौदह श्लोक हैं। ग्रहकूटानुसार सम्पूर्ण प्राणियों के शुभाशुभ फल जानने का संक्षेप में वर्णन किया गया है। ग्रहों को स्पष्ट करके उसका पलात्मक बनाकर ८०० का भाग देने पर शेष से वर्तमान जानना चाहिए। कहा गया है कि जिस मनुष्य के जन्म नक्षत्र को क्रूर ग्रह पीड़ित करते हों, वह अत्यधिक दुख, रोग-शोक, भय प्रवास के साथ शत्रु भय को प्राप्त करता है।

यस्य नरस्य हि जन्मनि धिष्ण्ये क्रूरैर्निपीडितखेचरैः।
अतिदुःखामयशोकं भयं प्रवासः शत्रोर्भयं भवति।।

(वशिष्ठ संहिता २२।४)

तेईसवाँ अध्याय लग्नबलाध्याय है। इसमें कुल ४७ श्लोक हैं। इसमें लग्न के बलाबल पर विचार किया गया है। मेष लग्न का फल बताते हुए कहा गया है कि इसमें राजा का अभिषेक साहस कर्म, विरोध, खान, धातु, वाद आदि कार्यों को करना चाहिए। वृष लग्न में स्थिर कार्य विवाह, वास्तु,

कन्या का वरण, गृहारम्भ तथा सम्पूर्ण भूषण शिल्प आदि कार्यों को करना चाहिए। मिथुन लग्न में मेष, वृष में कहे गये कार्य हाथी, घोड़ा, ऊँट, गाय, भैंस, भेड़ा तथा राजा की सेवा आदि करनी चाहिए। कर्क लग्न में शान्ति कर्म, पौ ष्टिक कर्म तथा मांगलिक जल से सम्बन्धित कार्य, बन्धन-मोक्ष का कार्य तथा सम्पूर्ण जल कर्म, वापी, कूप, तालाब, शिल्प, उद्वाह आदि कार्य कर्क लग्न में करने चाहिए। इसी प्रकार सिंह आदि लग्नों का कार्य बताते हुए कहा गया है –

परयोगो नृपसेवा कृषिकर्मवणिङ्महाहवाद्यखिलम्।
स्थिरकर्माखिलवास्तुनि वेश्मशिल्पादि सिंहभे कार्यम्।।
भूषणमंगलकार्यमौषधविज्ञानपुण्यशिल्पादि ।
उद्वाहशान्ति पौष्टिकगजतुरगोष्ट्रादि कन्यायाम्।।
कन्योक्ताखिलकार्यं तुलादिमानानि भाण्डकर्माणि।
यात्रावास्तुविधानं तौलिनिं कृषिकर्म वाणिज्यम्।।
साहसदारुणचित्रकलेखककवास्तूग्रशास्त्रकर्माद्यम्।
आहवकृषिवाणिज्यं क्षितिपतिवादश्च वृश्चिके कार्यम्।।
शान्तिकपौष्टिकशिल्पिकसन्धानाश्वादिनृत्यगीताद्यम्।
राजोपकरणमखिलं भूषणवास्त्वादि चापभे सेवा।।
शम्बरमोचनबन्धनभूषणरत्नादि शिल्पधान्यादि।
क्रयविक्रयमखिलं यद्रिपुहननोद्योगमाहवं मकरे।।
युद्धोपकरणभूषण जलधान्यशिल्पाश्च गोधनाद्यं यत्।
पण्यासवपुरनगरप्रवेशनं कर्म घटे लग्ने।।
यज्जलबन्धनमोचनजलयात्रारत्नभूषणं कर्म।
रथतुरगेभपशूनां कार्यं मीनोदये शिल्पम्।।

(वशिष्ट संहिता २३।५-१२)

आगे इसी अध्याय में कहा गया है कि लग्न के तीस भाग होते हैं। लग्न के आधे भाग को होरा, लग्न के तीसरे भाग को द्रेष्काण, नौवे भाग को नवांशक, बारहवें को द्वादशांश तथा तीसवें को त्रिशांश कहा गया है। इसी को षड्वर्ग कहते हैं। इस षड्वर्ग से युक्त ग्रह शुभद और बलवान हो जाते हैं और इस बल

से रहित ग्रह निर्बल कहे जाते हैं। शुभ कर्मों में इसका विचार अवश्य करना चाहिए। इसके पश्चात् लग्नादि बारह भावों में स्थित ग्रहों के अनुसार शुभाशुभ कर्म करने का निर्देश किया गया है। जैसे कि कहा गया है यदि बुध के राशि में चन्द्रमा शुभवर्ग में स्थित हो, उस समय कोई पाप ग्रह उस वर्ग में स्थित न हो तो ज्ञान विचार करना चाहिए और बुध, गुरु, चन्द्रमा आदि शुभ ग्रह लग्न में या नौवे में बली हो, तो शिल्पारम्भ कार्य करना चाहिए। इस प्रकार ग्रहों के बलाबल का विचार करके अन्य समस्त कार्य करने चाहिए।

चौबीसवाँ अध्याय आधानाध्याय है। इसमें कुल ४८ श्लोक हैं। कहा गया है कि सम्पूर्ण स्त्रियाँ सोम प्रधान होती हैं और सम्पूर्ण पुरुष सूर्य प्रधान होते हैं, अतएव सूर्य एवं चन्द्र बल के अनुसार ही सम्पूर्ण आधान का विचार करना चाहिए। चन्द्रमा और मंगल के योग से स्त्रियों का रजोदर्शन होता है। जब चन्द्रमा अनुपचय (१, २, ४, ५, ७, ८, ९, १२) स्थान में मंगल से देखा जाता हो, तो स्त्रियाँ रजस्वला होती हैं। इसी अध्याय में पहली बार रजोदर्शन होने से उसके क्या शुभाशुभ फल होते हैं, इसे विस्तार से बताया गया है। पुनः नक्षत्रों के अनुसार ऋतुमती होने का फल कहा गया है। इस प्रकार आधान अध्याय के द्वारा पुत्र या कन्या जन्म के विषय में विस्तार से विचार किया गया है।

पच्चीसवाँ अध्याय पुंसवनसीमन्ताध्याय है। इसमें कुल १७ श्लोक हैं। इसमें कहा गया है कि गर्भाधान से तीसरे महीने के अन्दर पुंसवन कर्म किया जाना चाहिए। पुरुष नक्षत्र में कर्क, मिथुन लग्न को छोड़कर तथा रिक्ता तिथि एवं अन्य अशुभ योगों का त्याग कर शुभ योगों में पुंसवन संस्कार करना चाहिए। यथा –

कुर्यात्पुंसवनं प्रसिद्धविषये गर्भे तृतीयेऽथवा
मासि स्फीततनौ तुषारकिरणे पुष्येऽथ वा वैष्णवे।
हित्वा कर्कटकं नृयुग्ममबलामन्येऽप्यरिक्ते तिथौ
शुद्धे नैधनधाम्नि शुक्रशशभृद्विन्मन्त्रिणां वासरे।।
पुंनाम्नि श्रवणं तिष्यः स्वाती हस्तः पुनर्वसुः।
मूलं प्रोष्ठपदं चानुराधा मृगशिरोऽश्विनी।।

(वशिष्ठ संहिता २५।१,२)

इसी तरह सीमन्तोनयन संस्कार का भी मुहूर्त बताया गया है।

छब्बीसवाँ अध्याय जातकर्मनामकर्माध्याय है। इसमें कुल ४ श्लोक है। इसमें कहा गया है कि जिस मुहूर्त में बालक का जन्म हुआ हो, उसी समय जात कर्म विधान का संस्कार करना चाहिए। देवताओं एवं पितरों का तर्पण करके ब्राह्मणों को स्वर्ण, गोदान, भूमि, तिल, धान, वस्त्र, गुड़, घी, चाँदी, नमक आदि का दान करके रक्षोघ्न मन्त्र से हवन करना चाहिए। यथा –

यस्मिन्मुहूर्ते जनितः कुमारस्तस्मिन्विधेयं खलु जातकर्म।
विनिर्गतेवाऽप्यथ सूतकेऽपि तस्मिन्दिने तस्य च नामधेयम्।।

संतर्प्य देवान्सपितृन्द्विजांश्च सुवर्णगोभूतिलधान्यवस्त्रैः।
गुडाज्यरौप्यैर्लवणैश्च होमै रक्षोघ्नमन्त्रैः सह जातकर्म।।

(वशिष्ठ संहिता २६।१, २)

सत्ताईसवाँ अध्याय अन्नप्राशनाध्याय है। इसमें कुल १० श्लोक हैं। इसमें कहा गया है कि छः महीने में या सम महीनें में वर्ष भर के अन्दर बच्चे का अन्नप्राशन संस्कार करना चाहिए। किन्तु कन्याओं का विषम मास में अन्नप्राशन संस्कार करना चाहिए। इसके लिए मुहूर्त का निर्धारण किया गया है। ग्रह स्थितियों का निरूपण करते हुए कहा गया है कि अन्नप्राशन संस्कार के समय में यदि जातक के लग्न में सूर्य हो तो कुष्ठि, क्षीण चन्द्रमा हो तो भिक्षु, मंगल के होने से पित्त आदि रोगों से पीड़ित, बुध रहने से ज्ञानी, गुरु के रहने से भोगी तथा दीर्घायु, शुक्र के होने से सम्पूर्ण भोगों को प्राप्त करने वाला, शनि के रहने से वात रोगी तथा राहु, केतु के रहने पर जीवनपर्यन्त निर्धन रहता है। यथा–

कुष्ठी लग्नगते सूर्ये क्षीणे चन्द्रे च भिक्षुकः।
सत्रदः पूर्णचन्द्रे च कुजे पित्तरुजार्दितः।।
बुधे ज्ञानी गुरौ भोगी दीर्घायुर्भोगवान् सिते।
वातरोगी शनौ राहौ केतौ चान्नविवर्जितः।।

(वशिष्ठ संहिता २७।७,८)

अट्ठाईसवाँ अध्याय चौलाध्याप है। इसमें कुल १२ श्लोक हैं। इसमें कहा गया है कि जातक का मुण्डन संस्कार तीसरे, पाँचवें वर्ष में कराना चाहिए अथवा अपने कुलाचार के अनुसार बच्चों का मुण्डन संस्कार कराना चाहिए। सूर्य उत्तरायण में हो तथा गुरु, शुक्र उदित हो, शुभ दिन हो, चन्द्र तथा तारा बलवान हो तो शुभ लग्न और शुभ नवांश में मुण्डन संस्कार कराना चाहिए।

गृह निर्माण, समुद्र स्नान, तीर्थ यात्रा तथा बच्चे का मुण्डन संस्कार यदि पत्नी गर्भिणी हो तो ये सब नहीं करना चाहिए। इसी प्रकार शुभ नक्षत्र, शुभ तिथि आदि का चौलकर्म में विचार किया गया है।

उन्तीसवाँ अध्याय उपनयनाध्याय है। इसमें कुल ७१ श्लोक हैं। इसमें कहा गया है कि सर्वप्रथम व्रतबन्ध के लिए शुभ लग्न का विचार करना चाहिए। आगे कहा गया है कि गर्भाधान या जन्म से आठवें वर्ष में ब्राह्मण बालक का, ग्यारहवें में क्षत्रिय का तथा बारहवें में वैश्य बालक का उपनयन करना चाहिए। ब्राह्मणों का वसन्त ऋतु के समय में, क्षत्रियों का गर्मी की ऋतु में तथा वैश्यों का शरद् ऋतु में उपनयन संस्कार कराना चाहिए। गुरु, शुक्र के बल का विचार करते हुए विद्यारम्भ की बात कही गयी है। किस प्रकार की ग्रह स्थिति में जातक को क्या फल होगा, इसका विस्तार से उल्लेख किया गया है। आगे कहा गया है कि यदि एक भी शुभ ग्रह अपने उच्च स्थान में स्थित होकर लग्न में स्थित हो या लग्न को देख रहा हो, तो सभी दोष वैसे समाप्त हो जाते हैं, जैसे गर्मी की ऋतु में छोटी नदियाँ सूख जाती हैं। यथा –

शुभग्रहः स्वोच्चसंस्थो लग्नं पश्यति चेद्यदा।
तदा दोषा लयं प्राप्ता ग्रीष्मे कुसरितो यथा।।

(वशिष्ठ संहिता २९।७४)

तीसवाँ अध्याय समावर्त्तनाध्याय है। इसमें कुल ३ श्लोक हैं। इसमें कहा गया है कि वेदों का अध्ययन करने के बाद शुभ मुहूर्त, शुभ नक्षत्र तथा शुभ वार में समावर्त्तन संस्कार कराना चाहिए। यथा –

अधीत्यं वेदांश्च तदर्थशास्त्राण्यभ्यस्य लब्ध्वा स्वगुरोरनुज्ञाम्।
कुर्यात्समावर्त्तनकर्म पश्चाद्गोदानतः पाणिनिपीडनात्प्राक् ।।
सौम्यायने निर्मलयोः सुरेज्यदैत्यज्येयोर्व्योम्नि वलक्षपक्षे।
संत्यज्य रिक्तामवमाष्टमीं च वैनाशिकाख्याखिलऋक्षवृन्दम्।।
करादिपंचस्वदितिद्वयाश्विविष्णुत्रये त्र्युत्तरधातृभेषु।
सपौष्णचान्द्रेषु शुभग्रहर्क्षवारेषु यत्स्नातककर्म शस्तम्।।

(वशिष्ठ संहिता ३०।१,२,३)

इक्तीसवाँ अध्याय विवाहप्रश्नाध्याय है। इसमें कुल ८ श्लोक हैं। इसमें

कहा गया है कि शुभ दिन में पान, फूल, अक्षत, द्रव्य को हाथ में लेकर जानकार ज्योतिषी के पास जाकर सबसे पहले प्रणाम कर पुनः वर या कन्या के विवाह के सम्बन्ध में प्रश्न पूछे। उस समय ज्योतिषी को विचार करते समय यह देखना चाहिए कि प्रश्न लग्न में एक भी पापग्रह हो और कोई दूसरा पापग्रह सातवें स्थान में स्थित हो, तो जानना चाहिए कि विवाह के सात वर्ष बाद वर का निधन हो जायेगा। यदि चन्द्रमा लग्न में स्थित हो और मंगल सातवें स्थित हों, तो आठवें वर्ष में कन्या तथा वर दोनों की मृत्यु हो जायेगी। इसी प्रकार वैवाहिक प्रश्न विचार का शुभाशुभ फल बताया गया है।

बत्तीसवाँ अध्याय विवाहाध्याय है। इसमें कुल २४४ श्लोक हैं। यह इस ग्रन्थ का सबसे बड़ा अध्याय है। इसमें कहा गया है कि कोई भी आश्रम गृहस्थ आश्रम के समान नहीं है अर्थात् गृहस्थ आश्रम सबसे बड़ा आश्रम है। और उसमें यदि सुन्दर गुणों एवं चरित्र से युक्त पत्नी हो तो वह सर्वोत्तम गृहस्थ आश्रम है और यह ज्ञान विवाह लग्न से ही किया जा सकता है। अतएव विवाह लग्न का विस्तार से वर्णन इस अध्याय में प्राप्त होता है। कन्याओं का विवाह समवर्ष में तथा पुरुषों का विषम वर्ष में शुभद होता है। इसके विपरीत दुखप्रद हो जाता है। इसी प्रकार विवाह के मास, दिन, तिथि तथा चन्द्रबल आदि का उल्लेख किया गया है। शुभ ग्रहों के वारों को शुभ, रवि एवं शनिवार को मध्यम तथा मंगलवार को विवाह में त्याज्य कहा गया है। लेकिन उस समय नक्षत्र का वेध नहीं रहना चाहिए। वेध जानने के लिए पंचशलाका चक्र की बात भी कही गयी है। पुनः कहा गया है कि यदि दोनों दम्पति का एक ही नक्षत्र, एक ही राशि हो, किसी प्रकार का भेद (चरण आदि का) न हो, तो विवाह नहीं करना चाहिए। वर-कन्या अपनी माता-पिता की ज्येष्ठ सन्तान हो, तो ज्येष्ठ मास में विवाह नहीं करना चाहिए। सर्वग्रास ग्रहण होने पर सात रात्रि तक विवाहादि काम नहीं करना चाहिए। इसी तरह विवाह में आने वाले अनेक दोषों का उल्लेख इस अध्याय में किया गया है। वैवाहिक २१ महादोषों का उल्लेख करते हुए ग्रन्थकार ने कहा है कि इन दोषों को ब्रह्मा ने अपनी संहिता में कहा है। यथा –

उत्पातभोल्कामहदाख्यदोषाः सर्वेषु देशेषु सदा विवर्ज्याः।
एकोत्तराविंशतिरत्र दोषाः स्वसंहितायां च पितामहेन।।

(वशिष्ठ संहिता ३२।२४)

आगे अन्य दोषों का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि ये सभी दोष देश व्यवस्था के अनुसार अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग रूप में प्रधान होते हैं। जैसे पुरु और बाल्हीक देश में उपग्रह दोष, कलिंग और बंग में पात दोष, सौराष्ट्र तथा साल्व देश में लत्ता दोष और अन्य देशों में वेध दोष जानना चाहिए। इसके पश्चात् क्रमशः संक्रान्ति दोष, वार दोष, विषनाड़ी दोष, अष्टम लग्न राशि दोष, दुर्मुहूर्त दोष, लग्नास्त शुद्धि दोष का विस्तार से उल्लेख किया गया है। इस अध्याय में पितामह संहिता में कहे गये सिद्धान्तों का विस्तार से उल्लेख किया गया है। जिसमें कहा गया है कि विवाह के समय यदि लग्न स्थान में शुभ ग्रह हो, तो विवाहित स्त्री पुत्रवती होती है और अगर क्रूर ग्रह एवं चन्द्रमा हो तो सात वर्ष में विधवा हो जाती है। इसी तरह क्रमशः प्रत्येक भाव में स्थित ग्रहों का शुभाशुभ फल कहा गया है। पुनः दिन कूट, गण कूट, माहेन्द्र कूट, स्त्रीदूर कूट, योनि कूट, राशि कूट, वश्य कूट, नाड़ी कूट, वेध कूट, गण्डभृत कूट, लिंग कूट, जाति कूट, गोत्र कूट, पक्षी कूट, आय कूट, योगिनी कूट आदि का विस्तार से उल्लेख किया गया है। गो धूलि बेला में विवाह की प्रशंसा करते हुए कहा गया है कि सूर्य लग्न से सातवें होते हुए भी गोधूलि बेला में जो विवाह होता है। यथा –

सूर्यात्सप्तमलग्नं यद्गोधूलिकमिति स्मृतम्।
सर्वदोषहरं यद्वत्पापं गंगाजलं यथा।।
गोधूलिकं योगलग्नं भावलग्नं च कल्पितम्।
गान्धर्वादिविवाहेषु वैश्योद्वाहेषु योजयेत्।।

(वशिष्ठ संहिता ३२।२२९, २३०)

वह सभी दोषों को उसी प्रकार धो डालता है जैसे पाप को गंगाजल धो डालता है। गोधूलि लग्न की प्रशंसा करते हुए ऋषि भागुरि, महर्षि गर्ग, आचार्य वराहमिहिर तथा मुहूर्तचिन्तामणिकार ने भी कहा है कि जब सूर्य अस्त होने की स्थिति में हो उस समय गोपों के द्वारा गायों को गोशाला की ओर हाँका जा रहा

हो, तब गाय की खुरों से उठी हुई जो धूलि है वही गोधूलि वेला है। यह सुन्दरियों के विवाह में अत्यधिक धन, पुत्र, आरोग्य और सौभाग्य को देने वाली होती है। इस गोधूलि वेला में नक्षत्र, तिथि, करण, लग्न तथा योग आदि का बिल्कुल भी विचार नहीं करना चाहिए। यह पुरुषों को सुख देने वाला समय है तथा यह समय सभी दुष्कृतों का नाश करने वाला है।

गोपैर्यष्ट्या हतानां खुरपुटदलिता या तु धूलिर्दिनान्ते
सोद्वाहे सुन्दरीणां विपुलधनसुतारोग्यसौभाग्यकर्त्री।
तस्मिन् काले न चर्क्षं न च तिथिकरणं नैव लग्नं न योगः
ख्यातः पुंसां सुखार्थं शमयति दुरितान्युत्थितं गोरजस्तु।।

इसके पश्चात् पितामह के वचनों का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि इस प्रकार विवाह आदि समस्त कार्यों में विचार करना चाहिए। अन्तिम श्लोक में शास्त्रकार ने एक विशेष बात कही है, जिसका अर्थ है प्रायश्चित, चिकित्सा, ज्योतिष और धर्म निर्णय यदि शास्त्र के बिना कोई उपाय बताता है, उसे ब्रह्मघाती कहा जाता है –

प्रायश्चित्तं चिकित्सां च ज्योतिषं धर्मनिर्णयम्।
बिना शास्त्रेण यो ब्रूयात्तमाहुर्ब्रह्मघातकम्।।

(वशिष्ठ संहिता ३२।२४४)

तैतीसवाँ अध्याय राज्याभिषेकाध्याय है। इसमें कुल ६० श्लोक हैं। जिसमें कहा गया है कि राज्याभिषेक कब करना चाहिए उसके लिए कौन सा शुभ लग्न या नक्षत्र होना चाहिए, इत्यादि का विस्तार से वर्णन है। इसी का उल्लेख करते हुए ग्रन्थकार ने कहा है कि जब लग्न में शुभ ग्रह हो अथवा कोई भी ग्रह अपने मूल त्रिकोण, अपने उच्च राशि में, मित्र के राशि पें या अपने नवांश में स्थित हो, ऐसे शुभ लग्न में राज्याभिषेक होने पर राजा को विपुल लक्ष्मी और कीर्ति प्राप्त होती है। इसके अतिरिक्त अपने नीच, शत्रु आदि घरों में ग्रह गये हों, अस्त हों या वक्री हों, तो शोक भय के साथ-साथ राजा को अपकीर्ति भी प्रदान करते हैं। शीर्षोदय, उपचय स्थान के ग्रह अथवा अपने जन्म लग्न से लग्न में शुभ ग्रहों के द्वारा लग्न देखा जा रहा हो, तो राजा का पद स्थिर रहता है। रिक्ता तिथि हो अथवा अमावस्या हो, बुधवार, मंगलवार,

क्रूरदिन, प्रतिकूल नक्षत्र में राज्याभिषेक नहीं कराना चाहिए। राज्याभिषेक के समय बृहस्पति का लग्न या त्रिकोण में होना तथा छठें मंगल का होना, कर्म स्थान में शुक्र का राज्याभिषेक के समय में होना विपुल पराक्रम तथा राजलक्ष्मी प्रदान करने वाला होता है। इसके पश्चात् मन्त्र के साथ मण्डप आदि का निर्माण, भद्रासन, गंगाजल, शतौषधि, सप्तमृतिका, वृषश्रृंग, गजदन्त, कमल, कुमकुम आदि के द्वारा मन्त्रोच्चार सहित राजा का अभिषेक करना चाहिए।

चौतीसवाँ अश्वारिष्ट अध्याय है। इसमें कुल २३ श्लोक हैं। इसमें कहा गया है कि जिस राजा के पास जितने अधिक घोड़े होते हैं, वह युद्ध में विजयी होता है, इसलिए लक्ष्मीवान् उस व्यक्ति को घोड़े की रक्षा करनी चाहिए। सूर्य जब स्वाती नक्षत्र में संक्रमण करते हैं, तब अनेक प्रकार के रोग घोड़ों को हो जाते हैं, जब-जब घोड़ों को रोग होता है, उस समय लोकपालों के साथ गणेश जी की पूजा और हवन करनी चाहिए। पूजा किस प्रकार से हो, मण्डप आदि का निर्माण कैसे हो, वेदिका कैसी बनायी जाये, इसका विस्तार से उल्लेख किया गया है, अन्त में कहा गया है जो राजा इस प्रकार से शान्ति करता है, उसके घोड़े को किसी प्रकार से रोग नहीं होता है तथा वही ऐश्वर्य और प्रभूत लक्ष्मी को प्राप्त करता है। यथा –

एवं यः कुरुते सम्यगश्वशान्तिमनुत्तमाम्।
मुच्यते सर्वरोगेभ्यो वर्द्धते नात्र संशयः।।
ऐश्वर्यं वीरलक्ष्मीं च लभते सर्वदा नृपः।
तस्मात्सर्वप्रयत्नेन त्विमां शान्तिं समाचरेत्।।

(वशिष्ठ संहिता ३४।२२-२३)

पैतीसवाँ अध्याय गजारिष्टशान्त्याध्याय है। इसमें कुल ४६ श्लोक हैं। इसमें कहा गया है कि जिस राजा के पास जितनी अधिक हाथियाँ होती हैं, उसके अधीन सम्पूर्ण पृथ्वी हो जाती है। इसलिए हाथियों का पालन-पोषण सर्वदा करते रहना चाहिए। हाथियों का पोषण गणेश जी की कृपा से हो पाता है। अतः गणेश जी का पूजन विशेष रूप से करना चाहिए। गणेश जी के पूजन के साथ-साथ ब्रह्मा, विष्णु, महेश, इन्द्रादि लोकपाल, वसु, आदित्य, मरुद्गण, सम्पूर्ण देवता-राक्षस ग्रह, गन्धर्व, नाग, सिद्ध, विद्याधर, यक्ष, पिशाच, सप्तमातृका,

बेताल, डाकिनी, भूत-प्रेतादि का भी पूजन करना चाहिए। गजानन और गजसूक्त का जप करना चाहिए। प्राचीन काल में शंकर जी ने कहा था, जब-जब हाथियों को रोग उत्पन्न हो, तब पूजा, होम, जप के साथ शान्ति करनी चाहिए। रविवार के दिन संक्रान्ति हो, या चन्द्र-सूर्य का ग्रहण हो, तिथिक्षय हो, व्यतिपात हो, विषुवी या अयनी संक्रान्ति हो तथा अन्य पुण्य दिनों के अवसर पर जब चन्द्रमा और तारा बलवान हो, तब शान्ति कर्म करना चाहिए। शान्ति कर्म के लिए पुनः कुण्ड, मण्डप तथा वेदिका आदि के निर्माण का विस्तारपूर्वक उल्लेख किया गया है। शान्ति कर्म कराने के पश्चात् ब्राह्मण को भोजन कराके दक्षिणा देनी चाहिए, इस प्रकार जो राजा ठीक ढंग से गज शान्ति करता है, वह सम्पूर्ण कामनाओं की प्राप्ति करके हाथियों की वृद्धि करता है।

छत्तीसवाँ अध्याय ग्रहणशान्तिध्याय है। इसमें कुल २४ श्लोक हैं। इसमें कहा गया है कि जिसके भी जन्म नक्षत्र पर सूर्य या चन्द्र ग्रहण हो रहा हो, उसे भयंकर रोग का भय होता है और जन्म राशि पर होने से केवल धनक्षय होता है। इस दोष की शान्ति के लिए मन्त्र विधान से ग्रहण स्नान की विधि संक्षेप में बतायी गयी है। मण्डप आदि बनाकर गोबर से लेप करके चार घड़ों को स्थापित करके पंचपल्लव, शतौषधि, सप्तमृत्तिका, पंचरत्न, गुग्गुल, चन्दन, पंचगव्य आदि के द्वारा स्वस्तिवाचन पूर्वक वरुण सूक्त का जप करना चाहिए। फिर तिल का होम व्याहृतियों के द्वारा कराना चाहिए। पुनः सूर्य, चन्द्रमा के मन्त्रों का जप करना चाहिए। इस प्रकार से ग्रहण स्नान करने पर उस व्यक्ति को ग्रह पीड़ा नहीं होती। यथा –

अनेन विधिना यत्नाद्ग्रहस्नानं समाचरेत्।
न तस्य ग्रहपीडा वा न च बन्धुधनक्षयः।।
परमां सिद्धिमाप्नोति पुनरावृत्तिदुर्लभाम्।
सूर्यग्रहेऽप्येवमेव सूर्यनाम्ना विधीयते।।

(वशिष्ठ संहिता ३६।२३-२४)

सैंतीसवाँ अध्याय यात्राध्याय है। इसमें कुल २३३ श्लोक हैं। इसमें कहा गया है कि सम्पूर्ण गुणों से युक्त राजाओं के लिए यात्रा का विधान कहा जा रहा है। जातक को देखकर यात्रा की फलसिद्धि होती है, अन्यथा झूठा होता है। जिन

लोगों का जन्म ज्ञात नहीं है। उन्हें भी शकुन आदि देखकर यात्रा करनी चाहिए। शुभ शकुन रहने पर शुभ फल और अशुभ होने पर अन्यथा फल होता है। यात्रा दो प्रकार की होती है। एक सामान्य यात्रा दूसरी समर (युद्ध) यात्रा। सामान्य यात्रा में तिथि, वार, नक्षत्र इष्टफल देने वाले होते हैं। जबकि समर यात्रा में योग, लग्न तथा राजयोग का विचार करना चाहिए। प्रश्न पूछते समय शुभ शकुन को देखकर ही यात्रा करनी चाहिए। प्रच्छक यात्रा के सम्बन्ध में प्रश्न कर रहा हो, उस समय राजा की सामग्री, वाहन, मंगलवाचक शब्द, मंगल घोष, सफेद वस्त्र, फूल, गन्ध, वेदध्वनि, गन्ना, फल, रत्न, बछड़े युक्त गाय, स्त्री, जलती अग्नि, भरा हुआ घड़ा, दूध, दही, मधु, मांस, भात, वेश्या, वृषभ तथा आभूषण आदि यात्रा के समय जय देने वाले कहे गये हैं। इसी तरह प्रच्छक जब प्रश्न पूछ रहा हो, उस समय यदि तृण, भूसी, सांप का केचुल, अंगार, कपास, कीचड़, नमक, गुड़, वसा, हड्डी, पीव, तेल, औषधि, धान, रोगी व्यक्ति, मट्टा, मुण्डा व्यक्ति, उन्मत्त व्यक्ति आ जाये तो कार्य सिद्ध नहीं होता। इसी प्रकार ग्रहों के अनुसार भी यात्रा का शुभाशुभ फल कहा गया है, तिथियों के अनुसार यात्रा के विशेष फलों का निरूपण करते हुए कहा गया है कि रिक्ता तिथि यात्रा में मृत्युप्रद और अर्थ विनाशक होती है। जबकि पंचमी तिथि यश और धन देने वाली होती है। षष्ठी मृत्युकारी, सप्तमी विजय देने वाली, अष्टमी शोक, दुख, रोग देने वाली जबकि दशमी सभी दुखों का शमन करने वाली, लाभ तथा यश देने वाली होती है। एकादशी पशु, मान-सम्मान, सुगन्ध, वस्त्र तथा अनेक प्रकार की सम्पत्ति देने वाली होती है। द्वादशी अशुभ फल देने वाली, जबकि त्रयोदशी एवं पूर्णिमा शुभ फल देने वाली कही गयी है। इसी प्रकार आगे दिग्शूल का भी विचार किया गया है। इन्द्र की दिशा अर्थात् पूरब दिशा में सोमवार एवं शनिवार को तथा दक्षिण दिशा में गुरुवार को, रवि और शुक्र को पश्चिम दिशा में एवं बुध, मंगल को उत्तर दिशा में दिग्शूल कहा गया है। यथा-

तुहिनकिरणमन्दवारे शक्रदिशं न च ब्रजेद्गुरौ च याम्यायाम्।
रविसितदिने प्रतीच्यां सौम्यदिशं ज्ञारयोश्च वारशूलाः स्युः।।

(वशिष्ठ संहिता ३७।२८)

आगे कहा गया है कि सम्पूर्ण दिशाओं में प्रशस्त होता हुआ, पुष्य नक्षत्र यात्रा में सम्पूर्ण मनोरथों को पूर्ण करता है। तथापि इस दिन पश्चिम दिशा में

यात्रा नहीं करनी चाहिए। पुनः कहा गया है कि अगर एक भी वक्री ग्रह अथवा शत्रु राशि का ग्रह, नीच राशि का ग्रह लग्न में स्थित हो, तो यात्रा काल में विनाश देने वाला होता है। पुनः शुभ–अशुभ शकुनों का यात्रा के समय विस्तार से वर्णन किया गया है। विडाल, सर्प, शशक, गोधा, सूकर इनका दर्शन अशुभ होता है और शुभ शकुन बताते हुए कहा गया है कि कन्या, गाय, वाद्य, शंख, दही, फल, फूल, जलती अग्नि, वाहन, बैल, हाथी, घोड़ा, भरा हुआ घड़ा, ब्राह्मण, घी, मांस, मछली, पका अन्न, मुर्दा, वेश्या स्त्री, शराब का घड़ा तथा प्रिय हितकारी वचन प्रस्थान करने वाले के लिए मंगल दायक होते हैं। पुनः द्वादश भाव में गये हुए ग्रहों के अनुसार तथा लग्नस्थ ग्रह के राशि एवं ग्रह के अनुसार यात्रा का विस्तार से वर्णन किया गया है। पुनः गुरु एवं शुक्र के अनुसार यात्रा विवरण प्रस्तुत किया गया है। आगे कहा गया है कि यात्रा के समय यदि सूर्य अशुभ हो तो ब्राह्मण को कपिला गौ, चन्द्रमा के अशुभ होने पर शंख, मंगल के अशुभ होने पर बैल, बुध के अशुभ होने पर स्वर्ण, गुरु के अशुभ होने पर पीला वस्त्र, शुक्र के अशुभ होने पर सफेद वस्त्र, शनि के अशुभ होने पर लोहा दान करने पर सम्पूर्ण मनोकामनायें पूर्ण होती हैं। पुनः कहा गया है कि विवाह, व्रतबन्ध, प्रतिष्ठा आदि महोत्सव जब तक समाप्त न हो जायें, तब तक गृहस्वामी को यात्रा नहीं करनी चाहिए और यही मृतक और सूतक में भी करना चाहिए। घी, खिचड़ी, मछली अथवा खीर खा करके पूर्व दिशा में यात्रा करने पर यात्रा सिद्ध होती है। मज्जिका, खीर, घी, मट्ठा, दही, तिल, भात खाकर रविवार के दिन यात्रा करनी चाहिए। कुल्थी, तिल, घी, चावल, दही, गाय का घी, खीर, हिरण का मांस, दूध, घी, चना, हिरणी का मांस, खरगोश का मांस खाकर यात्रा करने पर यात्रा सफल होती है। यात्रा के अन्य दोषों को बताते हुए कहा गया है कि गुरु बलवान होकर के केन्द्रगत हो जाये, बुध और शुक्र भी केन्द्र में हों, तो यह विजय नाम योग होता है। इसमें यात्रा करने से सदैव विजय होती है। १ लाख दोषों को बुध नष्ट करता है और २ लाख दोषों को शुक्र और १ करोड़ दोषों को गुरु नष्ट करता है, किन्तु यह स्थितियाँ तभी होंगी जब ये सभी ग्रह बलवान होकर केन्द्र में होंगे। इसी तरह शंख संज्ञक योग, पद्म योग, वज्र योग, मित्र योग, आनन्द योग, अमृत योग, शुभ संज्ञक महायोग, कर्तरि योग, अति योग, पूर्ण चन्द्र महायोग, अभय योग, कल्याण योग, जयन्त नाम योग, सिद्धि संज्ञक योग, पद्मक योग, पुण्डरीक योग,

वज्रनिभ योग, कामधेनु योग, घोर संज्ञक योग, महापाशुपत योग, सुदर्शन योग, चक्र योग, महाशंख योग, कौस्तुभ योग, वर्धमानाभय योग, नक्षत्र पद योग, रत्न योग, कल्याण योग, कुमुद नाम योग, चक्राख्य योग, शूल योग, वापी योग, वल्लकी योग, चाप योग, मुसल योग, रज्जू योग, अनल योग, संवर्त योग, यमदण्ड योग, ब्रह्म दण्ड योग, संजीवनी योग, केदार योग, वीणा योग, सिद्धि योग, कुम्भ योग, अरविन्द योग, गोत्र योग, जीमूत योग, प्रभंजन योग, क्रकच योग, दंश योग, श्री योग इत्यादि योगातियोगों के अनुसार यात्रा करने के फल को विस्तार से बताया गया है। कहा गया है कि शुक्र केन्द्र में या लग्न में हो, चन्द्रमा चौथे हो, तो इसमें यात्रा करने वाला राजा शत्रुओं को वैसे मार डालता है जैसे राक्षसों को भगवान विष्णु। किसी भी मित्र के नक्षत्र या राशि में लग्नगत गुरु हो तो इसमें यात्रा करने वाला राजा शत्रुओं को वैसे नष्ट कर देता है जैसे पापों को गंगा जी नष्ट कर देती हैं। यथा –

शुक्रे केन्द्रे लग्नसंस्थे चन्द्रे बन्धुस्थिते यदा।
गतो राजा रिपून्हन्ति केशवो दनुजानिव।।
एकस्मिन्नैव मित्रर्क्षे स्वोच्चगे लग्नगे गुरौ।
गतो राजा रिपून्हन्ति पापं भागीरथी यथा।।

(वशिष्ठ संहिता ३७।२२०-२२९)

अड़तीसवाँ अध्याय गृहप्रवेशाध्याय है। इसमें कुल २४ श्लोक हैं। इसमें कहा गया है कि नये घर में प्रवेश के समय उत्तरायण का सूर्य, गुरु एवं सूर्य बलवान होने चाहिए, शुक्लपक्ष और शुभवार हो, तब वास्तु का पूजन और भूत बलि करके नये घर में प्रवेश करना चाहिए। प्रथम प्रवेश अपूर्व संज्ञक कहा गया है। दिन का प्रवेश शुभद होता है तथा सुन्दर पुत्र और पौत्रों की अभिवृद्धि करने वाला होता है। रात्रि में प्रवेश शुभद नहीं होता, माघ में गृह प्रवेश करने से धन लाभ, फाल्गुन में पुत्र व धन लाभ, चैत्र में धन की हानि, वैशाख में पशु और पुत्र लाभ, ज्येष्ठ मास में शत्रुओं का भय एवं हानि होती है। शुक्ल पक्ष में गृह प्रवेश शुभदायक तथा कृष्ण पक्ष के दशवीं पर्यन्त प्रवेश शुभद होता है। चर लग्न में प्रवेश नहीं करना चाहिए। जिस दिशा में द्वार हो, उस दिशा के कहे गये नक्षत्रों में प्रवेश शुभद होता है। शनिवार भी गृह प्रवेश के लिए शुभद कहा

गया है। यदि प्रवेश लग्न से अष्टम स्थान में कोई क्रूर ग्रह स्थित हो तो प्रवेश कर्ता के लिए तीन वर्ष में अरिष्ट होता है। एक भी ग्रह सप्तम या कर्म स्थान में स्थित हो, तो गृह प्रवेश शुभद होता है। जो वास्तु पूजा रहित बलि के बिना, छाजन के बिना तथा केवाड़ के बिना घर हो, उसमें गृह प्रवेश नहीं करना चाहिए। गृह प्रवेश के समय शुक्र को पीछे, सूर्य को बायें करके पूज्य ब्राह्मणों को आगे करके भरा हुआ घड़ा लिये हुए सुन्दर अटारी वाले तोरण युक्त, माला और चाँदनी से युक्त स्त्रियों के द्वारा गीत गाये जाते हुए तथा बजते हुए वाद्य के साथ नये घर में प्रवेश करना चाहिए। यथा –

कृत्वा शुक्रं पृष्ठतो वामतोऽर्कं विप्रान्पूज्यानग्रतः पूर्णकुम्भम्।
हर्म्यं रम्यं तोरणैः स्त्रग्वितानैः स्त्रीभिः स्त्रवी गीतवाद्यैर्विशेत्तत्।।

(वशिष्ठ संहिता ३८।२४)

उन्तालीसवाँ अध्याय वास्त्वध्याय है। इसमें कुल २२३ श्लोक हैं। इसमें ग्रन्थकार कहते हैं कि मैं उस वास्तु ज्ञान को कह रहा हूँ जिसे सर्वप्रथम ब्रह्मा जी ने कहा था, ग्राम एवं सप्तपुर आदि के निर्माण को इस समय सूक्ष्मता से कह रहा हूँ, सर्वप्रथम क्षेत्र का परीक्षण गन्ध, वर्ण एवं रस आदि के द्वारा करना चाहिए। श्वेत भूमि द्विजातियों के लिए, थोड़ी लाल क्षेत्र (भूमि) क्षत्रियों के लिए, पीली वैश्यों के लिए तथा काली चतुर्थ वर्ण अर्थात् शूद्रों के लिए शुभ कही गयी है। मधुर, पुष्प, अम्ल, मांस, गन्ध वर्ण के अनुरूप, मधुर, कटु, अम्ल और तिक्त क्रमशः वर्णों के अनुसार शुभ होती है। भूमि परीक्षण करने के लिए उसमें एक हाथ गड्ढा खोदकर रात्रि के पहले प्रहर में जल से भर देना चाहिए। प्रातःकाल ठीक ढंग से निरीक्षण करना चाहिए। यदि जल युक्त है तो वृद्धि करने वाली, यदि कीचड़ युक्त है तो मध्यम फल देने वाली, यदि उसमें दरारे हैं तो हानि करने वाली और बिल्कुल सूख गयी हो तो मृत्यु करने वाली होती है। इसी प्रकार के उस गड्ढे को उसी खोदी हुई मिट्टी से पुनः भरना चाहिए। यदि मिट्टी अधिक हो जाए तो वृद्धि करने वाली, बराबर हो जाय तो सम तथा कम पड़ जाय तो क्षय करने वाली भूमि होती है। दक्षिण से उत्तर की ओर और पश्चिम से पूर्व की ओर भूमि नीची हो तो वृद्धि देने वाली होती है और ईशान कोण में नीची भूमि मनोरथों को पूर्ण करने वाली होती है। कील, केश, अस्थि के शुद्ध्यर्थ तीन पुरुषा जमीन खोद करके उससे मिट्टी निकाल कर पुनः शुद्ध

मिट्टी से छिद्र को पूर्ण करना चाहिए। पूर्व आदि द्वारों के फल बताते हुए कहा गया है कि दक्षिण दिशा में यदि द्वार हो तो मृत्यु, बन्धन भय, पुत्र की प्राप्ति, धनागम, यश लाभ, किन्तु चोर का भय और रोग का भय बना रहता है। पश्चिम दिशा में मुख्य द्वार होने पर शत्रु की वृद्धि, पुत्र की हानि, लक्ष्मी की प्राप्ति, धनागम, सौभाग्य, धन लाभ, दुख और शोक होता है। उत्तर दिशा में मुख्य द्वार होने पर धन रहित, स्त्री दोष, हानि, धन की प्राप्ति, सुख का आगमन, दुःख का आगमन, शत्रु बाधा होती है। पूर्व दिशा में दरवाजा होने पर दुःख, शोक नाशक, धन की प्राप्ति कराने वाला, राजा से पूज्य, बहुत धन, तथा स्त्री पुत्र की प्राप्ति होती है। पश्चिम और दक्षिण कपाट शुभप्रद कही गयी है। राजा के लिए ८१ हाथ का भवन बनवाना चाहिए। भूमि का मध्य स्थान ब्रह्म स्थान है, वह निधन प्रद कहा गया है। अग्नि नक्षत्र में सूर्य या चन्द्रमा के रहने पर यदि कोई घर का निर्माण करता है तो वह घर शीघ्र ही अग्नि से जल जाता है। नीच राशि या शत्रु राशि में बृहस्पति, शुक्र, बुध या सूर्य स्थित हों, तो ऐसी स्थिति में बनाया गया घर जल्दी ही निर्धनता दे देता है। यदि गुरु, शुक्र या बुध अपने उच्च राशि में स्थित होकर के लग्न में या अपने नवांश में स्थित हो, तो वह घर सर्वदा सुख-सम्पत्ति देने वाला होता है। स्थिर राशि के सूर्य में गृहारम्भ नहीं करना चाहिए। वैशाख, ज्येष्ठ, माघ, फाल्गुन तथा सावन एवं अगहन मास में गृह निर्माण पुत्र, पौत्र को देने वाला कहा गया है। शुक्ल पक्ष में दिन में गृह निर्माण करना चाहिए न कि रात में। अकारादि क्रम से आठ वर्ग कहे गये हैं। जो क्रमशः गीध, बिल्ली, सिंह, घोड़ा, सर्प, मूषक, हाथी तथा खरगोश हैं। इन अष्टवर्गों को योनि कहा गया है। ये प्रत्येक अपने वर्ग से पांचवें वर्ग के शत्रु होते हैं। इसलिए शत्रु वर्ग को छोड़कर शेष वर्ग में घर बनाना शुभ होता है। काकड़ी विचार करते हुए कहा गया है कि साध्य वर्ग में गृह स्थापित करना चाहिए। उसी के अनुसार धन, ऋण आदि की गणना करके जान लेना चाहिए। इसी प्रकार गृह स्वामी दिशा में ग्राम जानने की भी दशा बतायी गयी है। जो गृह धनादिक है, वह वृद्धि के लिए होते हैं, जबकि ऋणादि मृत्युकारक होते हैं। विपत् तारा में विपत्ति, प्रत्यरि तारा में प्रतिकूल फल तथा निधन तारा में सर्वदा निधन होता है। जैसे विवाह के लिए वर-कन्या के कुण्डली का मेलापक राशिकूट के अनुसार किया जाता है, उसी प्रकार गृह निर्माण में भी ग्रह मेलापक करना चाहिए। लेकिन अपने नक्षत्र से सातवें नक्षत्र का सर्वथा त्याग करना चाहिए। इसके पश्चात् गृह निर्माण में, सूर्य

एवं मंगल का वार, इनका राशि एवं अंश सदा अग्नि का भय देने वाला होता है। शेष ग्रहों के राशि अंश हमेशा कर्ता के लिए इष्ट की सिद्धि देने वाले होते हैं। यथा –

परेषु शुभदं गेहं सर्वं तत्कर्तृराशितः।
सूर्यारवारराश्यंशाः सदा वह्निभयप्रदाः।।
शेषा ग्रहाणां राश्यंशाः कर्तृरिष्टार्थसिद्धिदाः।
तस्मात्सर्वं परीक्ष्यैतद्वदेज्ज्यौतिषिकः सदा।।

(वशिष्ठ संहिता ३९।५६-५७)

इसलिए ज्योतिषी को सदा परीक्षा करके ही उपाय बताना चाहिए। इसके पश्चात् निमित्त या शकुन के अनुसार पृथ्वी के अन्दर स्थित हड्डी जानने का विधान बताया गया है। वास्तु पुरुष के मुख आदि का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि स्थिर लग्न, स्थिर नवांश, शुभ वार तथा शुभांश में बड़े दोषों को छोड़कर के वास्तु का अर्चन, पूजन करना चाहिए। पुण्याःवाचन ब्राह्मणों के आशीर्वचन के द्वारा, लग्न से त्रिकोण एवं केन्द्र में शुभ ग्रह तथा तीसरे, छठें, आठवें पाप ग्रह होने पर गृहारम्भ करना चाहिए। भूमि के अन्दर कहाँ हड्डी है, यह जानने के लिए सूर्य, चन्द्रमा के निमित्त वश तथा प्रश्न के अनुसार कहे गये पहले अक्षर को आधार बनाकर पृथ्वी के अन्दर कहाँ हड्डी है, बताया गया है। जैसे प्रश्नकर्त्ता यदि आदि में अवर्ग का उच्चारण करे, तो पूरब दिशा में हाथी की अंथवा पक्षियों की हड्डी एक पुरुष या पुरुषा (कोई भी एक पुरुष जब अपना एक हाथ उठाकर खड़ा हो, तो उस पूरे लम्बाई को पुरुष कहा गया है) नीचे जाननी चाहिए। क वर्ग के उच्चारण करने पर अग्निकोण में बिल्ली की अथवा बकरे की हड्डी एक हाथ नीचे जानना चाहिए। इसी प्रकार चवर्ग, टवर्ग, पवर्ग, यवर्ग तथा शवर्ग के उच्चारण से भिन्न-भिन्न स्थानों में अनेक जीवों की हड्डियों का ज्ञान करना चाहिए। पुनश्च सोलह प्रकार के गृहों का भेद बताया गया है जिसमें मुख्यतः ध्रुव, धान्य, जय, नन्द, खर, कान्त, मनोरम, सुवक्रक, दुर्मुख, क्रूर, विपक्ष, धनद, क्षय, आक्रन्द, विपुल तथा विजय नाम से भवन कहे गये हैं और इन भवनों के क्या परिणाम होते हैं, इसका विस्तार से वर्णन किया गया है। घर के समीप में गूलर, पाकर, नीम, आम, बहेड़ा, बैर,

खैर तथा अन्य कांटे वाले वृक्ष निन्दित कहे गये हैं तथा बरगद, पीपल, कैथ, इमली, अगस्त और पलाश आदि दूध वाले वृक्ष भी निन्दित माने गये हैं। गृह निर्माण में खम्भे सम संख्या में होने चाहिए, न कि विषम संख्या में। दीवार पके ईंटों की हो अथवा कठोर मिट्टी की हो। कहा गया है कि घर के मध्य में कुँआ नहीं बनाना चाहिए अन्यथा धन हानि होगी। इसलिए ठीक ढंग से विचार करके कुएँ का निर्माण करना चाहिए, पुन्नाग, अशोक, तिलक, शमी, बकुल, चम्पक, अनार, पिप्पली, अंगूर, नीम, दोपहरी का पुष्प, सुपाड़ी, कटहल, कमल, घर की मल्लिका, गुलाब, जाती तथा नारियल के वृक्ष घर के आँगन में सर्वदा मंगलप्रद होते हैं। पाकर तथा बैर का वृक्ष दोनों घर के उत्तर में शुभदायक कहे गये हैं। बरगद तथा गूलर एवं पीपल का वृक्ष पूरब दिशा में शुभद होते हैं तथा अगस्त, मातुलिंग, हल्दी तथा कदली अगर स्वयं उत्पन्न हो रहे हों, तो ये दुःख एवं शोक देते हैं। पुनः कहा गया है घर के निर्माण में तथा प्रवेश में वास्तु पूजा करनी चाहिए। अतः वास्तु का विधान एवं पूजन विस्तार से बताया गया है। कहा गया है कि विधिवत पूजन करके ब्राह्मणों को भोजन कराके स्वयं अपने भाई-बन्धुओं के साथ भोजन करें। पुनः वास्तु पुरुष को नमस्कार करके पूजक व्यक्ति को दक्षिणा देनी चाहिए। ऐसा करने से व्यक्ति सुखी, धन धान्य सम्पन्न तथा पुत्र, पौत्रादि से पूर्ण रहता है। यथा –

एवं यः कुरुते सम्यग्वास्तुपूजां प्रयत्नतः।
आरोग्यं पुत्रपौत्रादि धनधान्यं लभेन्नरः।।
वास्तुपूजामकृत्वा य प्रविशेन्नवमन्दिरे।
रोगान्नानाविधान्क्लेशानश्नुते सर्वसंकटान्।।

(वशिष्ठ संहिता ३९।२२२-२२३)

चालीसवाँ अध्याय सुरप्रतिष्ठाध्याय है। इसमें कुल २१ श्लोक हैं। इसमें कहा गया है कि अब मैं शंकर एवं विष्णु आदि देवताओं की प्राण-प्रतिष्ठा को कह रहा हूँ। उत्तरायण में गुरु एवं शुक्र के उदित रहने पर इन्हीं के दिनों में बैशाख मास तथा ज्येष्ठ मास में प्रतिष्ठा करने से धन, आयु, आरोग्य प्राप्त होता है। चैत्र में रोग होने की सम्भावना होती है जबकि आषाढ़ आदि चार महीनों में देव प्रतिष्ठा करने से पत्नी एवं सन्तान का विनाश होता है। जिस देवता का जो तिथि तथा वार कहा गया है उसी दिन स्थापना करना प्रशस्त है। कर्ता का

सूर्यबल हमेशा विचार करना चाहिए। पंचांग की शुद्धि देखकर दिन के पूर्वार्द्ध भाग में स्थापना शुभ होती है। लग्नानुसार प्रत्येक भाव में स्थित ग्रहों के अनुसार किये गये प्राण–प्रतिष्ठा का फल बताया गया है। कहा गया है कि यदि एक भी बलवान ग्रह चाहे बृहस्पति हो, शुक्र हो अथवा बुध हो और वह लग्न भाव में स्थित हो तो वह वैसे सम्पूर्ण दोषों को नष्ट कर देता है जैसे स्वामी कार्तिकेय तारकासुर की सेना को नष्ट कर देते हैं। यथा –

एकोऽपि जीवो बलवान्तनुस्थः सितोऽपि सौम्योऽप्यथवा बली चेत्।
दोषानशेषान्विनिहन्ति सद्यः स्कन्दो यथा तारकदैत्यवर्गम्।।
हन्त्यर्थहीनं त्वमरप्रतिष्ठा कर्त्तारमृत्विग्वरविप्रमुख्यम्।
मन्त्रैर्विहीना त्वथकर्तृभार्यां यदा तदा लक्षणहानितश्च।।

(वशिष्ठ संहिता ४०।२०,२१)

इकतालीसवाँ अध्याय गुणनिरूपणाध्याय है। इसमें कुल ५२ श्लोक हैं। इसमें कहा गया है कि काल ही ईश्वर है। साक्षात् ईश्वर को काल ही जानना चाहिए। जो काल को जान गया है, वह ईश्वर को जान गया है। इस काल को पृथ्वी पर स्थित योगी भी नहीं जान पाते। फिर भी देहधारियों के कल्याण के लिए ब्रह्मा जी ने भचक्र के भ्रमण से स्थूल काल का निरूपण किया है। प्राण, दिन, मास, युग आदि भग्रहों के द्वारा शुभ–अशुभ ग्रहों के उत्पात, पंचांग, तिथि वार से उत्पन्न तिथि, नक्षत्र, वार, योगपूर्वक, गुण एवं दोषों से युक्त काल नित्य है। इसलिए काल के गुण दोषों को अलग–अलग कहा जा रहा है। नन्दा तिथि में पूर्वाषाढ़ा, कृतिका, आर्द्रा, श्रवण तथा तीनों उत्तरा नक्षत्र योग करें तो यह सभी कार्यों के लिए शुभप्रद समय होता है। भद्रा तिथि में पुनर्वसु एवं मूल तथा रोहिणी आदि नक्षत्रों के योग होने से जो समय होता है, वह सर्वदा मंगलप्रद होता है। जया तिथि में धनिष्ठा, मृगशिरा, हस्त, रेवती तथा तीनों उत्तरा शुभ योग वाले हैं। ये मनुष्यों के लिए कल्याणकारी होते हैं। रिक्ता तिथि में पुष्य, विशाखा, श्लेषा तथा स्वाती नक्षत्र का योग होने से वह सभी कार्यों में शुभ हो जाता है। पूर्णा तिथि में पुष्य, रेवती, धनिष्ठा तथा शतभिषा सभी कार्यों में वृद्धि देने वाले होते हैं। इसी प्रकार वार, नक्षत्र, तिथि के संयोग से होने वाले अनेक योगों का शुभ फल बताया गया है। आगे सात वारों के अनुसार सात योगों के शुभ फलों को कहा गया है। क्रमशः ये सात योग हैं, रविवार के दिन सौम्य

योग, सोमवार को महायोग, मंगल को पूर्ण योग, बुध को शंख योग, बृहस्पति को अमृत योग, शुक्रवार को पद्म योग तथा शनिवार को आनन्द योग की संज्ञा दी गयी है। कहा गया है यदि अपने परमोच्च में गया हुआ बृहस्पति लग्न को देखे, तो इसे समुद्र योग जानना चाहिए और यह समय अत्यन्त बलवान होता है। लग्न को बृहस्पति देखे, अथवा बली बृहस्पति लग्न में स्थित हो, तो इसे वापी योग जानना चाहिए। इसी प्रकार अपने अधिमित्र के घर में स्थित शुक्र लग्न को देखे तथा उसमें स्थित हो, तो इसे मूसल योग कहा है, यह भी सम्पूर्ण कार्यों को सिद्ध करता है। मित्र राशि में गये हुए बृहस्पति लग्न में स्थित हों या लग्न को देखते हों, तो इसे ब्रह्मा जी ने वियत योग कहा है। गुरु बली हो और अपने लग्न में स्थित हो या लग्न में किसी बलवान ग्रह से देखा जाता हो, तो पुण्डरीक नामक महायोग होता है। यह सर्वदा शुभदायक रहता है। शुभ वर्ग में स्थित बृहस्पति बलवान शुभ ग्रह से देखे जाते हों, तो इसे गुणशेखर नामक योग कहा गया है। इसी प्रकार शुक्र और बुध भी गुरु की भाँति योग कारक होते हैं। ग्रन्थ विस्तार के भय से इनका संक्षेप में ही वर्णन किया गया है। वर्गोत्तम में गये हुए बृहस्पति शुक्र या बुध हों तो इसे गुणधूर्जटी नामक योग कहा गया है। यह समय हमेशा बलवान रहता है। केन्द्र में बलिष्ठ शुभ ग्रह जहाँ कहीं भी हो अथवा लाभ स्थान में स्थित हो, तो गुणभास्कर नामक योग होता है। त्रिकोण स्थान में अथवा धन स्थान या तृतीय स्थान में सौम्य ग्रह स्थित हों, तो इसे गुण कौस्तुभ संज्ञा दी गयी है। यह समय भी शुभदायक होता है और यदि वर्गोत्तम चन्द्रमा हो, बलवान शुभग्रह से देखा जाता हो, तो इसे चन्द्रशेखर योग कहा गया है। जबकि तीसरे, छठें और लाभ स्थान में बली पाप ग्रह स्थित हों, शुभ ग्रह से देखे जाते हों, तो इसे श्रीवत्स योग कहा गया है। उच्च स्थान में स्थित सूर्य लाभ स्थान, छठे या तीसरे स्थित हों, तो उसे सिंह योग कहा गया है अथवा अपने उच्च अंश में भी स्थित हों, तो भी यही योग होता है। इसी प्रकार शार्दूल योग, इन्द्र योग, रत्नमालिका योग, मकर योग, निर्मल मणि योग, अर्णव महायोग, सुदर्शन महायोग, गुणसागर योग, पुण्ययोग, शुभयोग, रुद्रदण्ड योग आदि योगों का शुभ फल कहा गया है। दिन के सभी मुहूर्तों में आठवाँ मुहूर्त अभिजित संज्ञक कहा गया है। यह सम्पूर्ण गुणों का स्वामी है और सूर्य जब मध्य दिन में स्थित होते हैं तब यह योग होता है। यथा –

मुहूर्तश्चाष्टमः शश्वदभिजिद्योगसंज्ञकः।
गुणानामधिपः सोऽपि मध्यं दिनगते रवौ।।
उक्तं निरूपणं सम्यग्गुणानामथ साम्प्रतम्।
पितामहोक्तमार्गेण वक्ष्ये दोषनिरूपणम्।।

(वशिष्ठ संहिता ४१।५१, ५२)

बयालीसवाँ अध्याय दोषनिरूपणाध्याय है। इसमें कुल १४८ श्लोक हैं। इसमें रविवार आदि वारों के क्रम में उत्पात योग, मृत्यु योग, अन्ध योग, काण योग, पंगु योग, बधिर योग आदि छः प्रकार के योगों का निरूपण किया गया है। ये सभी योग अपने नाम के अनुसार फल देने वाले कहे गये हैं। पुनः तिथियों के अनुसार रविवार आदि के क्रम से दग्ध आदि योगों का उल्लेख किया गया है। इन योगों में कोई भी शुभ काम करने से कार्य नष्ट हो जाता है। तिथि, नक्षत्र एवं वार के योग से होने वाले योगों को क्रमशः अग्नि जीवा, विष योग, कालकूट योग आदि नाम दिये गये हैं। ये योग अपने नाम के अनुसार फल देते हैं। कहा गया है प्रतिपदा तिथि हो और बुधवार हो अथवा सप्तमी तिथि हो और रविवार हो, तो यह महाशूल नामक योग होता है। इसे सभी कामों में वर्जित कर देना चाहिए। दुष्ट योग में किये गये सभी कर्म शीघ्र ही नष्ट हो जाते हैं। इसलिए अशुभ समयों में प्रयत्नपूर्वक कार्य नहीं करना चाहिए। लग्न से छठें, आठवें चन्द्रमा देवगुरु बृहस्पति से स्थित हो और पंचम स्थान में शनि स्थित हो, मंगल अष्टम स्थान में स्थित हो, सूर्य बारहवें स्थान में हो और बुध भी अष्टम में हो, सप्तम में शुक्र हो, तो यह योग सम्पूर्ण मनुष्यों के लिए मृत्युयोग दायक है। अतएव दावाग्निरूप मानते हुए हमेशा मंगल कार्य में इसे त्याग करना चाहिए। यथा –

लग्नात्वष्ठाष्टसंस्थे शशिनि सुरगुरौ चापि मन्दे सुतस्थे
भौमे रन्ध्रस्थितेऽर्के व्ययभवनगते मृत्युगे चन्द्रसूनौ।
द्यूनस्थे दैत्यपूज्ये सति निखिलनृणां मृत्युयोगा भवन्ति
त्याज्या दावाग्निरूपा सततमवितथं मृत्युदा मंगलेषु।।

(वशिष्ठ संहिता ४२।१३)

बृहस्पति के स्थान से चन्द्रमा अष्टम स्थान में या शत्रु स्थान में स्थित हो, तो इसे संकट नामक योग कहा गया है। यह सभी कार्यों में मृत्युप्रद कहा गया है। यथा –

> जीवस्थानात्तु शीतांशुर्निधनान्त्यारिसंस्थितः।
> योगोऽयं संकटो नाम शोभने निधनप्रदः।।

(वशिष्ठ संहिता ४२।२२)

इसी प्रकार वक्री, शुक्र एवं गुरु आपस में एक दूसरे को देख रहे हों, दिन के आठवें भाग में शनि के अंश से कुलिक आदि दोष हों, वारेश अष्टम में हों, सिंह में बृहस्पति स्थित हो, मध्य काल हो, तो यह मृत्यु योग है, इसमें विवाह होने पर दम्पति की मृत्यु पाँच वर्ष के अन्दर हो जाती है। सिंह राशि या सिंह के अंश में बृहस्पति स्थित हो, तो यह काल मृत्यु नामक योग है , जो कि कलिंग, गौड़ और गुर्जर देश में दम्पति के लिए मृत्युकारक कहा गया है। इसी प्रकार विवाहादि समय में अन्य दोषों को विस्तार से बताया गया है। पुनः महीनों के अनुसार तिथि, वार एवं नक्षत्रों के योग से होने वाले अनेक दोषों का विस्तार से उल्लेख किया गया है। संक्रान्ति, ग्रहण, महापात, वैधृति, व्यतिपात, उपग्रह, महादोष, भूमिकम्प, कालकूट विष, उल्कापात आदि योग सर्व विनाशकारी कहे गये हैं। कहा गया है यदि इन दोषों में विवाह हो, तो नारी विधवा हो जाती है, व्रतबन्ध हो तो वटु का मरण हो जाता है, प्रतिष्ठा होने पर ग्राम का नाश होता है, सीमन्तोनयन संस्कार होने पर गर्भनाश होता है, नया अन्न भोजन करने से मृत्यु हो जाती है, कृषि कार्य प्रारम्भ करने से फसल नष्ट हो जाती है, गृहारम्भ करने से कर्ता का नाश होता है, प्रवेश करने से पति (स्वामी) का नाश होता है, यात्रा करने में यात्रा करने वाले का नाश होता है, किन्तु श्राद्धादि कर्म करने से महापुण्य होता है। पुनः ज्येष्ठा एवं मूल में पैदा होने वाले बालक एवं बालिका के शुभ–अशुभ फलों को कहा गया है और पीड़ा निवारण के लिए मूल की भाँति शान्ति कर्म बताया गया है। कहा गया है कि आश्लेषा में उत्पन्न कन्या अपने पति के बड़े भाई को तथा विशाखा में उत्पन्न देवर को, ज्येष्ठा में उत्पन्न पुत्र को नष्ट करती है। अतः इसकी शान्ति के लिए ब्राह्मणों को गौ दान करना चाहिए और कहा गया है कि श्लेषा, ज्येष्ठा तथा रेवती नक्षत्र में उत्पन्न जातक अभुक्त संज्ञक होता है, इसलिए ऐसे नक्षत्र में उत्पन्न पुत्र या पुत्री को दूसरे के यहाँ दे

देना चाहिए। मूल के पहले पात में उत्पन्न जातक पिता को, दूसरे में अपने माता को, तीसरे में धन को नाश करता है, जबकि चौथे में शुभ हो जाता है। किन्तु इसे श्लेषा आदि नक्षत्रों में उल्टे क्रम से जानना चाहिए। ब्रह्मा जी ने इसकी शान्ति के लिए सुन्दर उपाय कहा है, जिसे मैं ज्योतिषियों के हित के लिए ठीक ढंग से कह रहा हूँ।

इसके पश्चात् गण्ड दोष की शान्ति का विधान कहा गया है। गण्ड नक्षत्रों की शान्ति कर्म के लिए सर्वप्रथम चार द्वार युक्त मण्डप बना करके केला के पत्ते से, फूल माला से तथा तोरण आदि से अलंकृत करके, गाय के गोबर से लीप करके, आटा से चौक पूर करके जैसा ग्रह यज्ञ का विधान बताया गया है वैसा बनाकर बाहर कुण्ड बनाकर के पंचामृत, पंचगव्य तथा पंचपल्लवों के द्वारा सुन्दर सुगन्धित वस्तुओं तथा सर्वौषधि के द्वारा हवन, पूजन करना चाहिए। पुनः आचार्य जी को बैल (गाय) दक्षिणा में देना चाहिए तथा अपनी सामर्थ्य के अनुसार दक्षिणा देनी चाहिए। इस प्रकार वस्त्र और अलंकार से युक्त करके गाय भी दक्षिणा में देनी चाहिए। ब्राह्मणों को भोजन कराकर पुनः आशीर्वाद लेना चाहिए। इस प्रकार से जो शान्ति करता है, वह गण्ड आदि दोषों से मुक्त हो जाता है। अध्याय के अन्त में आचार्य ने कहा है कि सम्पूर्ण दोषों का निरूपण मैंने पितामह के कथनानुसार कहा है। अब इस समय गुणों के अपवाद को अलग-अलग कहूँगा। यथा –

पितामहानुसारेण चोक्तं दोषनिरूपणम्।
गुणापवादमधुना कथ्यते च पृथक्-पृथक्।।

(वशिष्ठ संहिता ४२।१४८)

तैतालीसवाँ अध्याय गुणदोषापवाद नामक अध्याय है। इसमें कुल १७२ श्लोक हैं। इसमें कहा गया है कि आगे दोषों के अपवादों को कहा जा रहा है। यह ज्योतिषियों के हित के लिए अत्यन्त सुन्दर है। कहा गया है कि जिस प्रकार कलियुग में दोषों के द्वारा गुण समूहों को जीत लिया गया है वैसे ही पाप समूह से पुण्य तथा अधर्म के द्वारा धर्म को पराजित कर दिया गया है। वार योग के गुण से उत्पात संज्ञक योग नष्ट हो जाते हैं। जैसे सम्पूर्ण गुणों से युक्त होने से शरीर की मानसिक विकृति नष्ट हो जाती है। श्रेष्ठ लोग महाबली मृत्यु योग को भी वैसे नष्ट कर देते हैं, जैसे साँप मूषक को नष्ट कर देता है। जैसे सिंह कृष्ण

मृग को नष्ट कर देता है, वैसे महाबली अवयोग शुभ योग को नष्ट कर देता है। महाबली काण योग कल्याण योग को नष्ट कर देता है। जैसे रुई के समूह को हवा नष्ट कर देती है। पंगु योग वर्धमान योग को वैसे नष्ट करता है जैसे सुन्दर गुणों से युक्त अन्न को थोड़ा विष नष्ट कर देता है। बधिर योग सुधा योग को वैसे नष्ट करता है जैसे भेड़िया बकरियों के समूह को नष्ट कर देता है। अतएव इन दोषों के प्रबल रहने पर शान्ति कर्म कराना चाहिए। आगे अन्य श्लोकों में शान्ति कर्म कराने का विधान विस्तार से कहा गया है। इसी प्रकार अनेक दोषों का उल्लेख करके यह बताया गया है कि यह समस्त दोष किस प्रकार अच्छे गुणों के परिणामों को नष्ट कर देते हैं। इसमें गुणों के अपवादों को बता करके दोषों के अपवादों को कहा गया है। यथा –

ये मण्डनाध्यायगुणापवादा दोषाश्च सर्वे त्विह चिन्तनीयाः।
गुणापवादं निखिलं समुक्त्वा दोषापवादं त्वधुनाऽभिधास्ये।।

(वशिष्ठ संहिता ४३।९५)

कहा गया है कि जो प्रबल दोष हैं, वे भी कलियुग में काँपते हैं, क्योंकि दोष सदैव पापरूप है और गुण पुण्य रूप है। सिंहनी एक ही पुत्र उत्पन्न करती है और भेड़ियाँ पाँच पुत्र उत्पन्न करती है। जैसे घन माला में सम्पूर्ण तारे लुप्त हो जाते हैं। जैसे दैत्यों के द्वारा देवता भी पराजित कर दिये जाते हैं वैसे दोषों से गुण भी पराजित हो जाते हैं। इसी प्रकार महाबली श्रेष्ठ योग मृत्यु योगों को वैसे नष्ट कंर देता है जैसे सूर्य के उदय होने से घोर अन्धकार नष्ट हो जाता है। अन्धयोग कृत दोष को शुभ योग वैसे ही नष्ट कर देता है जैसे भगवान् विष्णु की कथा सुनने से सौ जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं। कल्याण संज्ञक गुण काण योग के दोषों को ऐसे नष्ट कर देता है, जैसे सिंह हिरणों के समूह को नष्ट कर देता है। इसी प्रकार वर्धमान नामक योग पंगु योग को, सुधा योग बधिर योग को, राक्षस योग को महायोग, दग्ध योग को महाबली योग, ग्रहजन्य कृत दोष को पूर्ण योग, गदा योग को शंख योग, मृत्यु योग को अमृत योग, अग्नि जिह्व दोष को पद्म योग, विष योग को आनन्द योंग, भान्तरालकृत दोष को सिद्ध योग, योगान्तराल दोष को सिद्धातिथि योग नष्ट कर देता है, किन्तु मासान्त दोष को करोड़ों गुण नष्ट नहीं कर पाते हैं। महाशूल योग को सिद्धि योग, दुष्ट योग को पीयूष योग, संकट योग को कपिल योग, समुद्र योग को अनिल योग, मृत्युतुल्य

महादोष को उच्चस्थमित्रगृही या अपनी राशि में स्थित ग्रह नष्ट कर देता है। महाकुलिक दोष को वापी योग, हलाहल दोष को अमृत योग, पक्षछिद्रोक्तनाड़ी दोष को पुण्डरीक योग, महाहलाहल योग को गुणभास्कर योग, महाकाण तथा बधिर योगों को चन्द्रशेखर योग, गुणमर्दन योग को श्रीवत्स योग, कालकूट योग को सिंह योग, धूम योग को शार्दूल योग, उपग्रह दोष को सिद्धि योग, व्यतिपात योग को इन्द्र योग, परिवेश योग को रत्नमाला योग, वातसंज्ञक महादोष को इन्द्रधनुष योग, निर्घात योग को अर्णव महायोग, निर्घात संज्ञक योग को सुदर्शन महायोग, कुलिक योग को गुणसागर योग, उल्का योग को पुण्य योग, अस्मरी संज्ञक योग को श्वेतार्क मूल योग, चन्द्र दोष को शुभ योग तथा लाक्षादोष को विजय संज्ञक योग नष्ट कर देता है। धूम्र योग को कामधेनु योग, क्रकच योग को ब्रह्मदण्ड योग, एकार्गल योग को इन्द्रदण्ड योग, गण्डान्त दोष को अभिजित योग, वेध दोष को गोधूलि योग नष्ट कर देते हैं। इसी प्रकार आगे अध्याय की समाप्ति में कहा गया है कि गुण और दोष गुणों के अपवाद तथा दोषों के अपवादों को ठीक ढंग से विचार करके ज्योतिषियों को अधिक गुणों वाले तथा अल्प दोषों वाले समय शुभ कार्यों में बताना चाहिए।

गुणांश्च दोषांश्चा गुणापवादान्दोषापवादांश्च विचिन्त्य सम्यक्।
गुणाधिकं दैवविदल्पदोषं कालं वदेत्तं खलु मंगलेषु।।

(वशिष्ठ संहिता ४३।१७२)

चौवालीसवाँ अध्याय वस्त्रपरिधानाध्याय है। इसमें कुल १३ श्लोक हैं। इस अध्याय में कहा गया है कि नया वस्त्र धारण करने से सत्कीर्ति, सौभाग्य, शत्रुओं का दमन, मित्रों को प्रिय करने वाला, सत्भाषण, कान्ति देने वाला, विद्या का तिलक, सभा में जय देने वाला तथा त्रैलोक्य को वश में करने वाला होता है। इसलिए उसके नक्षत्र, वार के अनुसार शुभ फलों को बताया जा रहा है। कहा गया है कि बुधवार के दिन नवीन वस्त्र धारण करने से लाभ होता है तथा गुरुवार के दिन बुद्धि और दया में वृद्धि होती है। शनिवार के दिन दुःख प्राप्त होता है तथा शुक्रवार को धारण करने से लाभ होता है। अतएव शुभ दिन एवं शुभ नक्षत्रों की युति में ही सर्वदा नवीन वस्त्र धारण करना चाहिए।

पैतालीसवाँ अध्याय उत्पाताध्याय है। इसमें कुल १९३ श्लोक हैं। इस अध्याय में प्रकृति के द्वारा होने वाले उत्पातों का वर्णन किया गया है। कहा गया

है कि जब अधर्म, असत्य, नास्तिक्य, अतिलोभ, अनाचार तथा प्रजाओं के साथ अन्याय होता है, तो वह उत्पात का कारण बन जाता है। इसलिए शास्त्र के विरुद्ध कार्य करने से जो उत्पात होते हैं। वे शोक और दुःख को देने वाले होते हैं। ये तीन प्रकार के होते हैं। दिव्य अर्थात् देवलोक में, अन्तरिक्ष में तथा पृथ्वी पर। ग्रह नक्षत्रों से उत्पन्न तथा केतुओं के द्वारा जो उत्पात होते हैं, उसे दिव्य संज्ञक कहा गया है। निर्घात्, परिवेश, उल्कापात, इन्द्रधनुष, ध्वजा, लोहित, ऐरावत, उष्ट्र, अश्वकबन्ध तथा परिघ आदि बड़े उत्पात अन्तरिक्ष के उत्पात कहे गये हैं। पृथ्वी पर जो उत्पात होते हैं, वे चाहे स्थावर हों या चर, एक देशिक होने से उसे भूमि सम्बन्धी उत्पात कहा गया है। भौम उत्पात तुच्छ फल देने वाले तथा अन्तरिक्ष के उत्पात मध्यम फल देने वाले, दिव्य उत्पात सम्पूर्ण फल देने वाले होते हैं। भौम उत्पात शान्ति कर्म से शान्त होते हैं और मार्दव से अन्तरिक्ष उत्पात तथा हवन, अन्न, गौ, भूमि दान से दिव्य उत्पात शान्त हो जाते हैं। इन उत्पातों के शमन के लिए किस प्रकार से शान्ति विधान किया जाना चाहिए, इसका विस्तार से वर्णन किया गया है। उत्पातों का अनेक प्रकार से उल्लेख करते हुए कहा गया है कि यदि अकस्मात् पेड़ की शाखा टूट जाय, तो शीघ्र ही राष्ट्र भंग होता है और देश का नाश होता है। सूखे वृक्ष भी अंकुरित होने लगें अथवा वृक्ष अकस्मात् सूख जाय अथवा स्वयं गिर पड़े, तो देवकृत भय होता है। आगे कहा गया है कि सियार के सदृश यदि ध्वनि विकार हो रहा हो या सियार रो रहा हो, तो बहुत शीघ्र ही बड़ा भय होता है अथवा राजा का नाश होता है। वैद्यों को भी रोग हो जाता है। यदि अकस्मात् जंगल में गाँव के पशु-पक्षी विचरण करें और गाँव में जंगली पशु-पक्षी निर्भय होकर घूमें, रात्रि में कौए बोलें और दिन में उल्लू और सियार गाँव में घुस आवें अथवा खरगोश रात्रि में आवें और सन्ध्याकाल के समय में हिरण आदि गाँव के निकट चिल्लायें, तो राष्ट्र या समाज के लिए शत्रु या मृत्यु का भय होता है। कबूतर यदि गाँव में आकर के घर में घुस जायें, बाज और गिद्ध पक्षी आकाश में घूमते हुए घर के आँगन में आकर घुस जायें, तो घर के स्वामी का नाश होता है। इसकी शान्ति के लिए होम और जप करना चाहिए। पुनः कहा गया है कि ग्रह, नक्षत्र, तारा का दर्शन आकाश में दिन में ही दिखायी पड़े, राक्षस, यक्ष आदि प्राणियों के दर्शन होने लगें, दिशायें धुएँ से अन्धकारित हो जायें, असमय में हिमपात हो, वायु, आँधी आदि चले, कौए का मैथुन हो रहा हो तो उसे देखने वाला मनुष्य निश्चित

ही मृत्यु को प्राप्त होता है। अतएव इन उत्पातों का शमन करना चाहिए। इसकी शान्ति किस प्रकार से होगी, इसका विस्तार से उल्लेख इस अध्याय में किया गया है।

इसी अध्याय के अन्त में छिपकली के गिरने का फल भी बताया गया है। कहा गया है कि मस्तक आदि में पल्लीपतन से राज्य का नाश होता है, ललाट या कान में गिरने से आभूषण का लाभ होता है। छाती पर गिरने से सौभाग्य की प्राप्ति, हृदय पर प्रीति में वृद्धि, कोख पर गिरने से पुत्र लाभ होता है, नाभि पर गिरने से यश बढ़ता है, दोनों आखों पर गिरने से मित्र का लाभ होता है, नाक पर गिरने से अच्छी सुगन्ध मिलती है, मुख पर गिरने से भोजन मिलता है, कण्ठ में गिरने पर स्त्री का लाभ होता है, दोनों कन्धों पर गिरने से जय होती है, हाथ पर गिरने से तेज की वृद्धि होती है, दोनों हाथों पर गिरने से धन की वृद्धि होती है। पीठ पर गिरने से भी धन लाभ होता है। दोनों भागों में गिरने से मित्र का आगमन होता है। कमर स्थान पर गिरने से वस्त्र का लाभ होता है। गुह्य स्थान पर गिरने से समागम होता है। गुदा में गिरने पर रोग का विनाश होता है। जंघे या घुटने पर गिरने से वाहन की प्राप्ति होती है। पैरों पर गिरने से सदा गमन होता है। दोनों पैरों पर गिरने से ऊपर गमन होता है। शरीर पर गिरने से राज्य का लाभ होता है। कहा गया है कि किसी भी अंग में गिरगिट चढ़े, तो हानि होती है। अतएव छिपकली या गिरगिट के गिरने से जो वस्त्र पहने रहे उस वस्त्र के सहित स्नान कर लेना चाहिए। पुनः पंचगव्य और तेल लगाकर स्नान करके पुनः तिल का हवन करना चाहिए। वरुण सूक्त मन्त्र का भी जप करना चाहिए। इसके पश्चात् ब्राह्मणों को कलश सहित दक्षिणा देनी चाहिए। ब्राह्मणों को भोजन कराने से सम्पूर्ण दोष नष्ट हो जाते हैं।

छियालीसवाँ अध्याय जो इस ग्रन्थ का अन्तिम अध्याय है, रोगोत्पत्ति शान्ति नामक अध्याय है। इसमें कुल ११४ श्लोक हैं। कहा गया है कि शरीर धारियों को रोग से पीड़ा होती है। अतः रोग शान्ति को कहा जा रहा है। देवताओं की पूजा, हवन, जप और ब्राह्मणों को भोजन कराने से रोग की शान्ति होती है। जिस नक्षत्र में मनुष्य को जब रोग उत्पन्न हो, तब उस नक्षत्र के देवता की सन्तुष्टि के लिए पूजा करनी चाहिए। सोने के प्रमाण से नक्षत्र के स्वामी की प्रतिमा को अपने सामर्थ्यानुसार कल्पित करना चाहिए। ईशान कोण में अथवा

पूरब में अथवा उत्तर में चित्र बनाना चाहिए। उसके ऊपर चावल रखकर अष्टदल कमल बनावे। पुनः पंचामृत से अलग-अलग मन्त्रों द्वारा प्रतिमा की स्थापना करें। पुनः उस देवता की पूजा करें। इसके पश्चात् आचार्य को कुटुम्ब सहित दक्षिणा दें, फिर ब्राह्मणों को भोजन करायें तथा नक्षत्रों की पूजा करने से सम्पूर्ण कामनाओं की प्राप्ति करता है एवं रोगों से मुक्त हो जाता है। अश्विनी नक्षत्र में यदि रोग उत्पन्न हो, तो रोगी नौ दिन तक पीड़ित रहता है, उसे देवस्यत्व मन्त्र का जप करना या कराना चाहिए। भरणी नक्षत्र में उत्पन्न रोग शीघ्र ही मृत्यु दे देता है अथवा एक महीने के बाद रोग से मुक्ति होती है, त्र्यम्बक मन्त्र के जप से शान्ति होती है। कृतिका नक्षत्र में उत्पन्न रोग दस रात्रि के बाद मुक्त होता है, मेधातिथि मन्त्र से जप कराना चाहिए। रोहिणी में भी उत्पन्न रोग दस रात्रि के बाद मुक्ति देता है, इसमें नमोब्राह्मणीय मन्त्र का जप कराना चाहिए। मृगशिरा नक्षत्र में उत्पन्न रोग पांच रात्रि के बाद मुक्ति देता है, इसमें गायत्री मन्त्र का जप करना चाहिए। आर्द्रा नक्षत्र में उत्पन्न रोग शीघ्र ही मृत्यु प्रदान कर देता है अथवा एक महीने बाद रोग से मुक्ति होती है, इसमें नमः शंकराय मन्त्र का जप करना चाहिए। पुनर्वसु नक्षत्र में उत्पन्न रोग नौ रात्रि के बाद मुक्ति देता है, इसमें अदितिद्यौ मन्त्र का जप कराना चाहिए। पुष्य नक्षत्र में उत्पन्न रोग सात रात्रि में चला जाता है, इसमें बृहस्पते अति मन्त्र का जप कराना चाहिए। आश्लेषा नक्षत्र में उत्पन्न रोग बहुत कष्ट देता है और एक महीने बाद छोड़ता है, इसमें नमो अस्त्विवती मन्त्र का जप कराना चाहिए। मघा नक्षत्र में उत्पन्न रोग शीघ्र मृत्यु को प्रदान करता है अथवा १५ दिन बाद राहत देता है, इसमें आयन्तुनस्पितु मन्त्र का जप कराना चाहिए। पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में उत्पन्न रोग पन्द्रह दिन में छोड़ देता है, इसमें भग एवं भगवानित्यस्य मन्त्र का जप करना चाहिए। उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र में उत्पन्न रोग भी पन्द्रह दिन बाद छोड़ देता है, इसमें भी अर्यमायानि मन्त्र का जप कराना चाहिए। हस्त नक्षत्र में उत्पन्न रोग भी पन्द्रह दिन बाद छोड़ देता है, इसमें भी अर्यमायानि मन्त्र का जप कराना चाहिए। चित्रा नक्षत्र में उत्पन्न रोग नौ रात्रि में मुक्ति देता है, इसमें उदुत्यमिति मन्त्र का जप करना चाहिए। स्वाती नक्षत्र में उत्पन्न रोग मृत्यु दे देता है अथवा एक, दो, तीन, चार, पाँच महीने बाद रोग से मुक्ति होती है, इसमें सनःपितेति मन्त्र का जप कराना चाहिए। विशाखा नक्षत्र में उत्पन्न रोग एक महीने बाद आराम देता है, इसमें इन्द्राग्नोआगतमिति मन्त्र का जप कराना चाहिए। अनुराधा

नक्षत्र में उत्पन्न रोग दश रात्रि के बाद आराम देता है, इसमें मित्रस्यचरष्णी मन्त्र का जप कराना चाहिए। ज्येष्ठा नक्षत्र में उत्पन्न रोग या तो मृत्यु दे देता है या एक महीने बाद रोग से मुक्ति होती है, इसमें इन्द्रेवइतिमन्त्रस्य का जप कराना चाहिए। मूल नक्षत्र में उत्पन्न रोग पन्द्रह दिन बाद छोड़ता है, इसमें मोषुणस्य मन्त्र का जप कराना चाहिए। पूर्वाषाढ़ नक्षत्र में उत्पन्न रोग रोगी को मार डालता है अथवा दो, तीन, पांच, छः, सात, महीने बाद मुक्ति देता है, इसमें आप्यायस्येति मन्त्र का जप कराना चाहिए। उत्तराषाढ़ा में उत्पन्न रोग पन्द्रह दिन में मुक्त होता है, इसमें विश्वेदेवा स मन्त्र का जप कराना चाहिए। श्रवण नक्षत्र में उत्पन्न रोग दस रात्रि के बाद मुक्ति देता है, इसमें अतोदेवतिमन्त्र का जप कराना चाहिए। धनिष्ठा नक्षत्र में उत्पन्न रोग दस रात्रि में मुक्ति देता है, इसमें त्रायन्तामिति मन्त्र का जप कराना चाहिए। शतभिषा नक्षत्र में उत्पन्न रोग आठ रात्रि के बाद छोड़ देता है, इसमें इमंमेवरुण इस मन्त्र का जप कराना चाहिए। पूर्वाभाद्रपद में उत्पन्न रोग सर्वथा मृत्युदायी होता है अथवा बहुत महीनों बाद रोग से मुक्ति मिलती है, इसमें शतमग्नीइति मन्त्र का जप कराना चाहिए। उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में उत्पन्न रोग पन्द्रह दिन बाद समाप्त हो जाता है, इसमें नमस्तेरुद्र मन्त्र का जप कराना चाहिए। रेवती नक्षत्र में उत्पन्न रोग आठ रात्रि के बाद शान्त हो जाते हैं, इसमें हंसः सुचिषदितस्य मन्त्र का जप कराना चाहिए। पुनः कहा गया है यदि प्रतिपदा नक्षत्र में रोग आवे, तो पांच रात्रि तक, तृतीया में व्याधि होने पर सात रात्रि तक, चतुर्दशी में व्याधि होने पर दो महीने में मुक्ति अथवा मृत्यु होती है। पूर्णिमा को रोग आने पर तीन रात्रि के बाद मुक्ति हो जाती है। रविवार या सोमवार को रोग उत्पन्न हो, तो जल्दी आराम होता है, किन्तु मंगलवार को रोग उत्पन्न हो, तो वह क्लेश और मृत्यु भी देता है। बुधवार को रोग होने से सात रात्रि में मुक्ति होती है, गुरुवार को व्याधि होने से पाँच रात्रि में मुक्ति मिलती है। शुक्रवार को सात रात्रि में, शनिवार को पन्द्रह रात्रि के बाद मुक्ति मिलती है। आगे कहा गया है कि इस प्रकार राशि आदि के अनुसार रोग होने पर, उनके स्वामियों की अथवा दुर्गा जी की पूजा करनी चाहिए। जो ठीक ढंग से पूजा करता है, वह रोगी शीघ्र ही रोगों से मुक्त होता है। तारा के विचार से कहा गया है जन्म, निधन, प्रत्यरि तथा विपत्ति तारा में व्याधि उत्पन्न होने से बहुत अधिक क्लेश या मरण होता है। अन्तिम श्लोक में

नक्षत्र, तिथि, तारा, चन्द्रमा आदि के विचार से रोग एवं मृत्यु का विचार किया गया है। यथा –

आश्लेषार्द्रात्रिपूर्वायमवरुणमहच्छक्रतारानलाः स्यु–
र्द्वादश्यां स्कन्दरिक्तातिथिषु च रविजारार्कवारेषु योषाम्।।
संजाते तस्य रोगे यमपुरमचिरात्प्राप्नुवन्त्येव चन्द्रे।
जन्मन्यष्टाख्यबन्धुव्ययभवनगते मृत्युलग्ने च राशौ।।

(वशिष्ठ संहिता ४६।११३-११४)

इस प्रकार ४६ अध्यायों में यह वशिष्ठ संहिता लिखी गयी है। संहिता के लेखक वृद्धवशिष्ठ हैं। जैसा कि ग्रन्थ के प्रारम्भ में ही अथ वृद्धवशिष्ठ विरचित वशिष्ठ संहिता कहा गया है। यह ग्रन्थ सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के सरस्वती पुस्तकालय में हस्तलिखित पाण्डुलिपि के रूप में अत्यन्त जीर्ण-शीर्ण अवस्था में मूल संस्कृत में विद्यमान था। दैवयोग से प्राचीन ज्योतिषशास्त्र की अप्रकाशित पाण्डुलिपियों के समुद्धार क्रम में यह पाण्डुलिपि दृष्टिगोचर हुई। विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति महोदय डॉ० राजेन्द्र मिश्र के आदेश से इसकी छाया प्रति प्राप्त हुई। यद्यपि पाण्डुलिपि अत्यन्त प्राचीन थी तथा कहीं-कहीं लिपि अपठनीय भी थी अतएव सम्पादन का यह कार्य अत्यन्त श्रमसाध्य था। किसी भी भाषा में व्याख्या न होने से प्रथमबार उसकी व्याख्या भी कठिन थी किन्तु दैवयोग कहें या परमात्मा की कृपा अथवा शास्त्र के प्रति निष्ठा, अर्थ स्वतः खुलता गया और सम्पादन के साथ-साथ मञ्जुमती हिन्दी टीका भी पूर्ण हुई। अब संस्कृत भाषा से वञ्चित ज्ञान वाले पाठक भी अवश्य लाभान्वित हो सकेंगे ऐसी आशा एवं विश्वास है।

पूर्व ग्रन्थों की भाँति इस ग्रन्थ पर परमश्रद्धेय, पूज्यपाद गुरुवर्य प्रो० सुरेश चन्द्र पाण्डे राष्ट्रपति सम्मानित का आशीर्वचन प्राप्त हुआ है अतः गुरुदेव के प्रति सर्वथा नतमस्तक हूँ। प्रो० नागेन्द्र पाण्डेय जी के प्राक्कथन तथा डॉ० बाबूलाल मिश्र जी के प्रूफ संशोधन से ग्रन्थ की श्रीवृद्धि हुई है अतएव इन विद्वानों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ।

प्रस्तुत ग्रन्थ को प्रायः सर्वथा शुद्ध रखने का भरसक प्रयास किया गया है तथापि लिपि दोष से, टंकण दोष से, लेखक के प्रमाद से, प्रूफ संशोधन आदि के दोषों से यदि कहीं दोष रह गये हों, तो पाठकों से विनम्र निवेदन है कि इसे संशोधित करके शुद्ध कर लें और यदि सूचित कर सकें तो उनका अतिशय उपकार होगा।

बुद्धिमान्द्यवशाद्किञ्चिद् यदशुद्धमलेखि तत्।
द्वेषभावं समुत्सृज्य शोधनीयं मनीषिभिः।।

वशिष्ठसंहिता भव्या भाषया समलङ्कृता ।
गिरिजायाः प्रसादेन भूयाद् दैवज्ञतोषिणी।।

इति

दैवज्ञालयः
४५५, बक्शी खुर्द, दारागंज, इलाहाबाद
दूरभाष : ०५३२-२५०३४७२
मो० ९४५०६१८५६०

डॉ० गिरिजा शङ्कर शास्त्री
अध्यक्ष, संस्कृत विभाग
ईश्वर शरण डिग्री कालेज,
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद
तथा
अध्यक्ष, ज्योतिष कर्मकाण्ड एवं
अध्यात्म शोध संस्थान, प्रयाग।

❑ ❑





वसिष्ठसंहिता





यस्मिन्नृक्षे तु ते तस्मिन् ॥१०॥ श्रेष्ठान्यपायुधिजयं पशुरिन्द्रवंघे तुङ्गे तते नियतमेव लयन्ति पार्श्वसर्वे ॥ ऋक्षे फलं त्वविकलं भवति प्रजा
नां पदे स्थिते ॥ फलमेभं वेद्वयका ॥११॥ वलन्तपन्तः खलु वक्रतेचे तन्मे मा निवसिः सतत द्विजो नाम्ना ॥ केऽपि विद्धोयो हि स्वऋ
व द्विव्यत्वा राज्ञो स्वफलं तथैव ॥१२॥ विश्वाम्बुमूलेन्द्र विशाखमेत्रभानां यदा हन्तान्यभागेरन्तु ॥ येन्द्रे भं यतोति भयं जनानां
करोति दुर्भिक्षमतीव युद्धम् ॥१३॥ अन्त्यभानां यो याम्यवृत्तिं करोति व्यष्टि फलं तेन पाणां ॥ प्रजापतेर्भं यदि पैत्रिभं वा भिनत्ति चन्द्रो तं
करः प्रजानां ॥१४॥ भानां यदा सौम्यगतस्तदा बीजनानुरागं सततं करोति ॥ सदा मयाप्रीतिरतीव दुःखं करोति याम्योपगतश्च भा
नो ॥१५॥ षडृषो स्वभावा हरशोऽरोऽधिष्ण्यात्तु राधिपाग्र्यानि नवक्रमेण ॥ स्वा परार्धा पर भागगेतूक्ते खिलव्योमचरास्तपेतु
॥१६॥ स्वार्द्ध धिष्ण्येषु पति प्रियास्या दिवाकिताम ध्यमभागगेषु ॥ परस्परं प्रेमतयोर्न नार्योः परेषुभक्तो वनिता प्रियः स्यात् ॥१७॥
जघन्यधिष्ण्यानि जलेशसार्पनैरुत्ययाम्यानिलदैवतानि ॥ अर्धाधिष्ण्यान्यदितिर्द्विदैवं स्थिराणि शेषाणि समानि पौनि
१८ अध्यर्धधिष्ण्येषु हितः शशांकः करोति धान्यं महदर्घमेतं ॥ जघन्यभेन द्यममसंशयेन समर्घमन्येषु मासि मासि ॥१९॥ त्वाष्ट्रं व
मेवं महिन्द्रजीवधातुन्तु लोणि वृद्धि रसादिकानां नाम ॥ अर्धवेद ज्योतिषिकैः प्रजानां समर्घवस्तूत्तम संग्रहार्थं ॥२०॥ एतानि नाध्यन्यस
माधिष्ण्यान्यारापत्राणि खंडे विनियोजितानि ॥ नो घोरजन्मादिषु पत्र चोक्तं तत्राभिविद्धे विनियोजनीयं २१ ॥ आदित्यकुंद्रमुहुर्त
मलयुदरी नक्षत्र स्वप्रतेतरजता मलवजक्रांतिः ॥ स्वं विधोश्च दितशीतकरः प्रजानां नाम्ने भिन्नमतुलं कुरुते मासे ॥२२॥ इति
श्वविशिष्ट विरचितायां चन्द्रचारः ॥३॥ यस्मादिनात्भिमुत स्वचारशुभाशुभं जगतः सम्यक् ॥ न ज्ञायते ज्ञानमृते तु मत्तेतस्मा

त्ववन्याभिसमासतोत्र ॥१॥ सूर्ये खो रयक्षोन्तु वेभक्षेवासन्तन्ते केतु चिरेऽस्तीपंगात दृक्शु तस्मालयमेव तत्र वन्हे भयं व्याधिभयं जना
नां ॥२॥ द्वादशो वा दशमे प्रतीपे दृशन्ति गेयां शुष्कं खं प्रतीपं ॥ तत्राशुवक्रे द्विविधं विदर्थरसादिकं नाशमुपैति नूनं ॥३॥ त्रयोदशान्ते
पि चतुर्दशान्ते वक्रे कुजे व्यालमुखाभिधानं ॥ तेभ्यो भयं तत्र सुवृद्धिसस्यसमृद्धिरूपं च जनानुरागम् ॥४॥ प्रतीपगे पंचदशे प्रधि
षेधराकृते षोडशधिष्ण्यके च ॥ रक्ताननं नाम भवेत्तु तत्र सुभिन्नमत्स्यामयशस्त्रवृद्धिः ॥५॥ अष्टादशे सप्तदशे प्रतीपे निखिंशास
वं मुशलाख्यं च ॥ तत्रापि भीतिः क्षितिपालकानां दुर्वृन्दयं याति समस्तलोकाः ॥६॥ भूमिसुतः फाल्गुन्योरुदयं कृत्वा प्रवृत्ति
नो वैश्वं ॥ प्रजापतेस्तमितः करोति निखिलधरामरणं ॥७॥ आषाढेतः श्रवणान्ते द्वयेव वक्रगतः ग्लानतुनयः ॥ नि
खिलधनाधिवर्गप्रलयकरः प्रतिदिनं जनानां च ॥८॥ आर्द्रोदितः पितृधिष्ण्ये तस्मिन्नेव प्राप्तो पगः क्षितिजः ॥ पौ
क्षितिपतिमरणं करोति कलहं क्षितौ नानां ॥९॥ यस्मिन्दिग्द्वारे नक्षत्रे क्षितिजो भ्युदयं गतः ॥ तद्दिगीशस्य मरणं य
दितेषु गतो पगः ॥१०॥ भिन्नत्तियोगतानां च पितृधातृभयोः कुजः ॥ तद्ग्रहपादवेधैर्भिन्नं लंघनतिचक्रवत् ॥११॥ वि
शाखा त्रिश्वधिष्ण्यात्स्वभानां याम्यचरः कुजः ॥ दुर्भिक्षवृद्धिभयहं दारवैः भविस्पृशं ॥१२॥ शुभदः सर्वधिष्ण्यानां सौ
म्यमार्गचरः कुजः ॥ अरिषट्फलदः सर्वजंतूनां याम्यमार्गगः ॥१३॥ मेषसिंहभूषचापसंस्थिते वक्रिते क्षितितनु
ते पाशानि ॥ गोनराश्वगजपन्ति समं नाशमेति निखिलं च दलैवा ॥१४॥ अशोकबंधूकमणिप्रवालसंतस

।। श्रीः ।।

अथ वशिष्ठसंहिताध्यायानुक्रमणिका

	अध्यायाः		पृष्ठम्
१.	शास्त्ररूपाध्यायः	......	१-४
२.	अर्कचाराध्यायः	......	५-१०
३.	चन्द्रचाराध्यायः	......	११-१५
४.	भौमचाराध्यायः	......	१६-१९
५.	बुधचाराध्यायः	......	२०-२३
६.	गुरुचाराध्यायः	......	२४-४४
७.	शुक्रचाराध्यायः	......	४५-४९
८.	शनिचाराध्यायः	......	५०-५१
९.	राहुचाराध्यायः	......	५२-६४
१०.	केतुचाराध्यायः	......	६५-७५
११.	वर्षेशादिनिर्णयफलाध्यायः	......	७६-८६
१२.	तिथिस्वरूपाध्यायः	......	८७-१०२
१३.	वारस्वरूपाध्यायः	......	१०३-१०७
१४.	नक्षत्रस्वरूपाध्यायः	......	१०८-१३०
१५.	योगाध्यायः	......	१३१-१३८
१६.	करणाध्यायः	......	१३९-१४२
१७.	मुहूर्ताध्यायः	......	१४३-१४४
१८.	गोचरविचाराध्यायः	......	१४५-१७८
१९.	संक्रान्त्यध्यायः	......	१७९-१८५
२०.	चन्द्रताराबलाध्यायः	......	१८६-१८८
२१.	उपग्रहाध्यायः	......	१८९-१९१
२२.	ग्रहकूटाध्यायः	......	१९२-१९४
२३.	लग्नबलाध्यायः	......	१९५-२०४

अध्यायाः		पृष्ठम्
२४. आधानाध्यायः	....	२०५–२१६
२५. पुंसवनसीमन्ताध्यायः	....	२१७–२२०
२६. जातकर्मनामकर्माध्यायः	....	२२१–२२१
२७. अन्नप्राशनाध्यायः	....	२२२–२२४
२८. चौलाध्यायः	....	२२५–२२७
२९. उपनयनाध्यायः	....	२२८–२४३
३०. समावर्तनाध्यायः	....	२४४–२४४
३१. विवाहप्रश्नाध्यायः	....	२४५–२४६
३२. विवाहाध्यायः	....	२४७–२९८
३३. राजाभिषेकाध्यायः	....	२९९–३०९
३४. अश्वारिष्टशान्त्यध्यायः	....	३१०–३१४
३५. गजारिष्टशान्त्यध्यायः	....	३१५–३२३
३६. ग्रहणशान्त्यध्यायः	....	३२४–३२८
३७. यात्राध्यायः	....	३२९–३७५
३८. गृहप्रवेशाध्यायः	....	३७६–३८१
३९. वास्त्वध्यायः	....	३८२–४२३
४०. सुरप्रतिष्ठाध्यायः	....	४२४–४२८
४१. गुणनिरूपणाध्यायः	....	४२९–४३९
४२. दोषनिरूपणाध्यायः	....	४४०–४६८
४३. गुणदोषापवादाध्यायः	....	४६९–४९९
४४. वस्त्रपरिधानाध्यायः	....	५००–५०३
४५. उत्पाताध्यायः	....	५०४–५४०
४६. रोगोत्पत्तिशान्त्यध्यायः	....	५४१–५६४

ब्रह्मर्षिवृद्धवशिष्ठविरचिता

वशिष्ठसंहिता

श्रीगणेशाय नमः।

वशिष्ठसंहिता

अथ शास्त्ररूपाध्यायः १।

प्रह्वोऽम्भोजभवामरेन्द्रनिकरस्फूर्जत्किरीटोज्वल-।
ज्ज्योत्स्नालीढपदारविन्दयुगलस्तत्वस्वरूपो रविः।।
ब्रह्माण्डोदरसंस्थिताखिलजगत्तद्धान्तविध्वंसनं।
यः कुर्वन्निखिलं जगत्प्रतिदिनं पर्य्येति कालात्मकः।।१।।

मञ्जुमती टीका : नमनशील ब्रह्मा आदि देवेन्द्र एवं देव समूह में स्फूर्जित मुकुट के सदृश देदीप्यमान ज्योत्स्ना (प्रकाश) से युक्त चरण कमल युगल के तत्वस्वरूप भगवान् सूर्य ब्रह्माण्ड रूपी उदर में स्थित हैं जो सम्पूर्ण जगत् के अन्धकार का विनाश करते हुए कालात्मा स्वरूप प्रतिदिन सम्पूर्ण संसार में भ्रमण करते रहते हैं।

ज्योतिःशास्त्रं समग्रं प्रथमपुरुषतः स्वर्णगर्भाद्विदित्वा।
पूर्वं ब्रह्मा ततोपर्यखिलमुनिगणप्रार्थनाद्यच्चकार।।
तच्चेदं सुप्रसन्नं मृदुपदनिकरैर्गुह्यमध्यात्मरूपं।
शश्वद्विश्वप्रकाशं ग्रहचरितविदां निर्मलं ज्ञानचक्षुः।।२।।

मञ्जुमती टीका : सर्वप्रथम आदिपुरुष हिरण्यगर्भ से ब्रह्माजी सम्पूर्ण ज्योतिषशास्त्र को जानकर तदनन्तर मुनि समूह की प्रार्थना से उन्होंने सुप्रसन्न कोमल किरण समूह से युक्त गोपनीय अध्यात्म स्वरूप अनवरत विश्व को प्रकाशित करने वाले ग्रहों के चरित को जानने वालों के लिए स्वच्छ ज्ञानचक्षु ज्योतिषशास्त्र का निर्माण किया।

स्कन्धद्वयं वृत्तविचित्रमर्थगम्भीरमादावधुना यदुक्तम्।।
तत्संहितास्कन्धमिदं तृतीयं वक्ष्ये जगन्मोहननामधेयम्।।३।।

मञ्जुमती टीका : सर्वप्रथम विचित्र अर्थयुक्त एवं गणित स्कन्ध जो गम्भीर अर्थ वाले हैं, को कहकर इस समय ज्योतिषशास्त्र के तृतीय स्कन्ध जगन्मोहन नामक संहिता ज्योतिष को कहेंगे।

क्रतुक्रियार्थं श्रुतयः प्रवृत्ताः कालाश्रयास्ते क्रतवो निरुक्ताः।।
शास्त्रादमुष्मात्किल कालबोधो वेदाङ्गताऽमुष्य ततः प्रसिद्धा।।४।।

मञ्जुमती टीका : यज्ञ के निमित्त से वेदों की प्रवृत्ति हुई है और वे यज्ञ काल के आधीन हैं। अतएव काल का बोध कराने वाले वेदाङ्ग में प्रसिद्ध इस ज्योतिषशास्त्र नामक संहिता ज्योतिष को कहेंगे।

छन्दः पादौ शब्दशास्त्रं च वक्त्रं कल्पः पाणी ज्योतिषं चक्षुषी च।।
शिक्षा घ्राणं श्रोत्रमुक्तं निरुक्तं वेदस्याङ्गान्याहुरेतानि षट् च।।५।।

मञ्जुमती टीका : वेद के दोनों पैर छन्द शास्त्र हैं, व्याकरण शास्त्र मुख है, कल्पशास्त्र दोनों हाँथ हैं। ज्योतिष नेत्र हैं, शिक्षा नाक है तथा निरुक्त कान हैं। ये छहों वेदाङ्ग के नाम से कहे गये हैं।

वेदस्य चक्षुः किल शास्त्रमेतत्प्रधानताङ्गेषु ततोऽस्य जाता।।
अङ्गैर्युतोऽन्यैः परिपूर्णमूर्तिश्चक्षुर्विहीनः पुरुषो न किंचित्।।६।।

मञ्जुमती टीका : वेद का नेत्र होने से यह शास्त्र सम्पूर्ण अङ्गों में प्रधानता को प्राप्त हो गया है। ठीक उसी प्रकार से जैसे सम्पूर्ण अङ्गों से युक्त होने पर भी व्यक्ति नेत्रहीन होने से किसी कार्य को नहीं कर सकता है।

अध्येतव्यं ब्राह्मणैरेव तस्माज्ज्योतिःशास्त्रं पुण्यमेतद्रहस्यम्।।
एतद्बुद्ध्वा सम्यगाप्नोति यस्मादर्थं धर्मं मोक्षमग्र्यं यशश्च।।७।।

मञ्जुमती टीका : इस पुण्य देने वाले वेदाङ्ग रूप परम तत्वयुक्त तथा रहस्यात्मक ज्योतिषशास्त्र पढ़ने के अधिकारी ब्राह्मण हैं। जो भी मनुष्य इस शास्त्र को जानने वाला है वह ठीक उसी प्रकार से धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष तथा यश को प्राप्त करता है।

श्रुतिस्मृतिज्ञः पटुरर्थशास्त्रे शब्दोपदिष्टः कुशलः कलासु।।
त्रिःस्कन्धविज्ज्योतिषिकः सुवेषः कुली सुवृत्तस्त्वगदः सुशीलः।।८।।

मञ्जुमती टीका : श्रुति स्मृति को जानने वाला, अर्थशास्त्र में पटु, व्याकरणशास्त्र को जानने वाला, सम्पूर्ण कलाओं में कुशल, ज्योतिषशास्त्र के तीनों स्कन्धों का वेत्ता, सुन्दर वेश-भूषा वाला, कुलीन, सुन्दर आचरण वाला, निरोगी तथा ज्योतिषी को सुशील होना चाहिए।

शास्त्रस्वरूपग्रहचारमानप्रत्येकपञ्चाङ्गफलं क्षणाख्याः।।
गोचारसंक्रान्तिनिशीशतारावलोपखेटग्रहकौटभाश्च।।९।।

मञ्जुमती टीका : शास्त्र का स्वरूप, ग्रहचार, मान, प्रत्येक पञ्चाङ्ग का फल, क्षण, गोचर, संक्रान्ति, चन्द्रमा एवं तारा का बल, उपग्रह तथा ग्रहों का फल।

त्रिःस्कन्धपारंगम एव पूज्यः श्राद्धे सदा भूसुरवृन्दकाद्यैः।।
नक्षत्रसूची किल पापरूपो हेयः सदा सर्वसुधर्मकृत्ये।।१०।।

मञ्जुमती टीका : तीनों स्कन्धों में पारंगत, ज्योतिषी सम्पूर्ण ब्राह्मण समुदाय के मध्य में श्राद्ध के समय सदा पूज्य होता है जबकि नक्षत्रसूची ज्योतिषी पापरूप होने से सम्पूर्ण धार्मिक कृत्यों में निन्दनीय होता है।

नोट : *जो ज्योतिषी ग्रह नक्षत्रों तथा तिथियों के उत्पत्ति को नहीं जानते तथा दूसरों के घर-घर जाकर झूठा फलादेश करते हैं। वे नक्षत्रसूची ज्योतिषी कहे गये हैं।*

आधानपुंसवनमष्टममङ्गलं यत्संजातकर्मवरनामनवान्नभुक्तिः।।
चूडाविधिव्रतविवाहनृपाभिषेकयात्राप्रवेशनववास्तुसुरप्रतिष्ठाः।।११।।

मञ्जुमती टीका : आधान, पुंसवन, अष्टम मङ्गल तथा जातक से सम्बन्धित कर्म, श्रेष्ठ नवान्न भोजन, चूडा विधि, उपनयन संस्कार, विवाह, राजा का अभिषेक यात्रा, प्रवेश नवीन वास्तु तथा देवाताओं की प्रतिष्ठा।

गुणदोषयोर्निरूपणमुभयोरपवादमम्बरोत्पातौ ।
अखिलोत्पातप्रशमनशान्तिकमिश्राख्यपैत्रिकाध्यायाः ।।१२।।

मञ्जुमती टीका : गुण-दोषों का निरूपण, दोनों का अपवाद, आकाशीय उत्पात तथा सम्पूर्ण उत्पातों का शमन तथा शान्ति कर्म नामक मिश्र पैत्रिक अध्याय वर्णित हैं।

पञ्चोत्तरचत्वारिंशद्विपुलाध्यायैर्विराजते स्कन्धः ।
अज्ञाज्ञानोपशमनमितरेषां बुद्धिवर्द्धनं नित्यम् ।।१३।।

मञ्जुमती टीका : विशाल पैतालिस अध्यायों में यह स्कन्ध सुशोभित है। यह मूर्खों के अज्ञान का शमन करने वाला तथा नित्य ही बुद्धि का वर्धन करने वाला है।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
शास्त्ररूपाध्यायः प्रथमः।।१।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा विरचित संहिता के शास्त्ररूपाध्याय नामक प्रथम अध्याय का हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथार्कचाराध्यायः २।

अथार्कचाराज्जगतः शुभाशुभे न्यूनाधिमासेतरमासनिर्णयः।
उद्वाहसंक्रान्तिदिनार्द्धनिश्चयः[1] सर्वप्रपञ्चो भवतीति तद्वशात्।।१।।

मञ्जुमती टीका : संसार के शुभाशुभ ज्ञान के लिए क्षयमास तथा अधिकमास के साथ-साथ अन्य मासों का निर्णय विवाह, संक्रान्ति, दिनार्द्ध का निश्चय एवं सम्पूर्ण प्रपञ्च सूर्य के चार अर्थात् गति के आधीन होते हैं।

मकरादिराशिषटक्मुदगयनं कर्कटादिगं याम्यम्।
राशिद्वयार्कभोगातषड्तवः शिशिरादयः क्रमशः।।२।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य मकर से छः राशि तक उत्तरायण तथा कर्क राशि से छः राशि तक दक्षिणायन तथा दो राशियों तक सूर्य के भोग की ऋतु इसी प्रकार शिशिर आदि छः ऋतुएं क्रमशः होती रहती हैं।

चैत्रादिमासेन यथाक्रमेण मेषादयो द्वादश राशयः स्युः।
न्यूनाधिमासेषु समागतेषु चलन्ति तेभ्यो नियतं विनाऽपि।।३।।

मञ्जुमती टीका : चैत्रादि द्वादश मास क्रमशः मेषादि बारह राशियों में सूर्य के भ्रमण से होते हैं। क्षयमास एवं अधिकमास सूर्य के चार वश नियतकाल के बिना ही आते हैं।

सर्वेषु मासेष्वधिमासकः स्यात्तुलादिमासत्रयगः क्षयाख्यः।
संसर्पकः पूर्वभवोऽधिमासः पश्चाद्भवोऽहस्पतिनामधेयः।।४।।

मञ्जुमती टीका : अधिकमास सम्पूर्ण मासों में होता है, किन्तु तुलादि तीन महीनों में क्षयमास हुआ करता है। अधिकमास पूर्व होने से संसर्पक तथा बाद में होने से अहस्पति नाम से कहा जाता है।

यस्मिन्दर्शस्यान्तादर्वागेका परा परं दर्शम्।
उल्लंघ्य भवति भानोः संक्रान्तिः सोऽधिमासः स्यात्।।५।।

मञ्जुमती टीका : जब एक अमावस्या से अगली अमावस्या का उल्लंघन करके सूर्य की संक्रान्ति हो जाती है। उसी को अधिकमास (पुरुषोत्तम मास) कहा जाता है। अर्थात् जिसमें दो अमावस्याओं के अन्तर में सूर्य की एक भी संक्रान्ति नहीं होती।

आद्यन्तदर्शयोर्मध्ये तयोराद्यन्तयोर्यदा।
संक्रान्तिद्वितयं चेत्स्यान्न्यूनमासः स उच्यते।।६।।

मञ्जुमती टीका : अमावस्या के आदि से अन्त अर्थात् जिस चान्द्रमास में सूर्य की दो संक्रान्ति हो जाती हैं उसी को क्षयमास कहते हैं।

मासप्रधानाखिलमेव कर्ममुक्त्वाखिलं कर्म न कार्यमत्र।
यज्ञोपवासव्रततीर्थयात्राविवाहकर्मादि विनाशमेति।।७।।

मञ्जुमती टीका : सम्पूर्ण कर्मों में मास प्रधान होता है। इसलिए सम्पूर्ण कर्म यहाँ यज्ञ, उपवास, व्रत, तीर्थयात्रा, विवाह कर्म आदि अशुभ मास में नष्ट हो जाते हैं।

दास्त्रादिऋक्षद्वयगे दिनेशे वृष्टिर्भवेत्क्षेमकरी जनानाम्।
वह्न्यर्क्षसंस्थे यदि वृष्टिरीतिर्ब्राह्म्यद्वये स्यादतुलं सुभिक्षम्।।८।।

मञ्जुमती टीका : अश्विनी आदि दो नक्षत्रों में अर्थात् अश्विनी भरणी में सूर्य के होने पर वृष्टि होती है तो लोगों का कल्याण होता है। यदि कृत्तिकादि नक्षत्रों में सूर्य के स्थित होने पर वृष्टि होती है तो अतुलनीय सुभिक्ष अर्थात् सुसमय होता है।

प्रवेशकाले यदि रौद्रभस्य वृष्टिर्भवेदीतिरनर्घता च।
शेषेषु पादत्रितयेषु भीतिरत्यल्पवृष्टिर्महती गदा च।।९।।

मञ्जुमती टीका : आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश के समय यदि वृष्टि हो तो ईति का भय होता है तथा मंहगाई होती है। शेष तीन चरणों में वर्षा होने से भय, अत्यल्प वृष्टि और बड़ा रोग होता है।

नोट : अतिवृष्टि, अनावृष्टि, टिड्डी, मूषक, तोता, राजा की चढ़ाई इन सभी से किसानों की खेती नष्ट हो जाती है। इसी को ईति का भय कहा जाता है।

आर्द्राप्रवेशेऽह्नि जगद्विपत्तिं सस्यस्य नाशं कुरुतेऽल्पवृष्टिम्।
क्षेमं सुभिक्षं निशि सस्यवृद्धिं सुवृष्टिमत्यन्तजनानुरागम्।।१०।।

मञ्जुमती टीका : आर्द्रा नक्षत्र में सूर्य का प्रवेश यदि दिन में हो तो संसार में विपत्ति आती है और फसल का नाश होता है तथा स्वल्प वृष्टि होती है। जबकि रात्रि में प्रवेश होने पर कल्याण होता है सुभिक्ष रहता है, फसल की वृद्धि होती है तथा लोगों में आपस में प्रेम बना रहता है।

पुनर्वसोर्भाद्दशधिष्ण्यवृन्दे प्रीतिर्जनानां कलहो नृपाणाम्।
मैत्रादिऋक्षत्रितये नराणां विभावसोः साध्वसमामयश्च।।११।।

मञ्जुमती टीका : पुनर्वसु नक्षत्र से दस नक्षत्र पर्यन्त सूर्य के रहने पर लोगों में प्रीति किन्तु राजाओं में कलह होता है। जबकि अनुराधा आदि तीन नक्षत्रों में सूर्य के रहने पर मनुष्य निरोगी रहते हैं।

जलाधिदैवर्क्षगते पतङ्गे विद्युन्मरुद्वारिघनैश्च युक्ते।
दिनेषु सार्द्धत्रितयेषु पश्चाद्रौद्रादिभेषु क्रमशः सुवृष्टिः।।१२।।

मञ्जुमती टीका : पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र में सूर्य के जाने पर बिजली, वायु, जल तथा बादल से युक्त समय रहता है। साढ़े तीन दिन तक यह स्थिति रहती है इसके पश्चात् सुन्दर वृष्टि होती हैं

भङ्गोऽस्य पौष्णार्क्षगते दिनेशे भिन्नेषु रात्रावपि वीक्षणीयम्।
विश्वादिऋक्षत्रितये यदा स्यात्तदा सुभिक्षं त्रिषु वारुणर्क्षात्।।१३।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य के रेवती नक्षत्र में जाने पर छत्रभङ्ग होता है। लेकिन रात्रि में प्रवेश होने पर इससे भिन्न स्थिति होती है। उत्तराषाढ़ा आदि तीन नक्षत्रों में जब सूर्य होते हैं तब सुभिक्ष होता है। और शतभिषा से तीन नक्षत्र तक सूर्य के रहने पर भी यहीं स्थिति होती है।

राहोः सुतास्तामसकीलकाद्याः कबन्धकाकोष्ट्रशृगालरूपाः।
यदा रवेर्मण्डलगास्तदानीं मातङ्गभूपाहयभीतिदाः स्युः।।१४।।

मञ्जुमती टीका : राहु के पुत्र तामस और कीलक, कबन्ध, काक, उष्ण, शृंगाल रूप होकर जब सूर्यमण्डल में जाते हैं। उस समय हाथी, राजा तथा घोड़े आदि को भय देने वाले होते हैं।

छत्रध्वजे भाङ्कुशगोवृषाश्वदण्डास्त्रभद्रासनसिंहरूपाः।
दृष्टा रवेर्मण्डलगा यदा ते जगद्विपत्तीतिभयप्रदाः स्युः।।१५।।

मञ्जुमती टीका : छत्र, ध्वज, नक्षत्र, अंकुश, गाय, बैल, घोड़ा, दण्ड, अस्त्र भद्रासन तथा सिंह रूप से जब ये राहुपुत्र (तामस, कीलक) सूर्यमण्डल में दिखाई पड़ते हैं। तब संसार पर विपत्ति आती है और यह भय देने वाले होतें हैं।

श्वेता द्विजान्घ्नन्ति नृपांश्च रक्ताः पीताश्च वैश्यानसिताश्च शूद्रान्।
चमूपतिं चोर्ध्वमुखाश्च रक्ताः पुरोधसं तेऽपि विचित्रवर्णाः।।१६।।

मञ्जुमती टीका : जब ये सूर्यमण्डल में श्वेत होते है तो ब्राह्मणों को नष्ट करते हैं और लाल होते हैं तो क्षत्रियों को, पीले होने पर वैश्यों को, काले होने पर शूद्रों को तथा लालउर्ध्व मुख होने पर सेनापतियों को तथा विचित्र वर्ण होने पर पुरोहितों को नष्ट करते हैं।

अधोमुखा धूमनिभाः क्षितीशान् वृष्टिं पिशङ्गाश्च तथाविधास्ते।
उक्त्वा फलं तामसकीलकानां फलं ततो मण्डलवर्णतश्च।।१७।।

मञ्जुमती टीका : धुंआ के वर्ण वाले, नीचे मुख किये हुए राजाओं के लिए नाशक वृष्टि करने वाले, पीले वर्ण वाले तथा उस प्रकार से फलों को जानकर तामस, कीलकों के फलों को जानना चाहिए।

लोहितवर्णो ग्रीष्मे लोकानामीतिदः शश्वत्।
हेमन्ते व्याधिभयं पीतः प्रावृष्यवृष्टिकृत्कृष्णः।।१८।।

मञ्जुमती टीका : यदि (सूर्यमण्डल) लालवर्ण का ग्रीष्म ऋतु में हो तो लोगों को सर्वथा ईति का भय देने वाला होता है। हेमन्त ऋतु में पीला वर्ण होने पर रोग का भय तथा वर्षा ऋतु में काला वर्ण होने पर वृष्टि करने वाला होता है।

आखण्डलचापनिभो भूपविरोधं परस्परं तत्र।
यदि पत्रनिभो बर्हैर्द्वादशवर्षं न वर्षति क्षोण्याम्।।१९।।

मञ्जुमती टीका : इन्द्रधनुष के समान वर्ण होने पर परस्पर राजाओं में विरोध होता है तथा यदि मयूर के पंखे के समान वर्ण हो तो बारह वर्ष तक पृथ्वी पर वर्षा नहीं होती।

शशरक्तनिभो युद्धं राजान्यत्वं विधूपमः सविता।
श्यामनिभः कीटभयं भस्मनिभो भयदमासुरं जगतः।।२०।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य का वर्ण खरगोश के रक्त के समान हो तो राजाओं में युद्ध होता है और यदि चन्द्रमा के वर्ण के समान हो तो राजाओं में संघर्ष होता है। यदि काले रंग का हो तो कीट का भय, तथा भस्म का रंग होने से आसुरी जगत् में भय देने वाला होता है।

भानोरुदयास्तमये चोल्कापतनं महाहवं राज्ञाम्।
परिवेषयति प्रकटं पक्षं पक्षार्द्धमेव वा सततम्।।२१।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य के उदय अस्त के समय यदि उल्का पतन हो तो राजाओं को बहुत भय देने वाला होता है और एक पक्ष में यह प्रभाव प्रकट होता है।

यद्युपसूर्य्यकमस्यां संध्यायामर्थनाशनं प्रचुरम्।
क्षितिपतिकलहः शीघ्रं सलिलभयं वा भवेन्नूनम्।।२२।।

मञ्जुमती टीका : यदि उपसूर्य संध्या के समय दिखाई पड़े तो धन का अधिक मात्रा में नाश होता है। तथा निश्चित ही जल का भय होता है और शीघ्र ही राजाओं में कलह होता है।

ऋतौ वसन्ते खलु कुंकुमाभः शुभप्रदः कापिलसन्निभो वा।
आनन्ददस्ताम्रनिभो विवस्वान्यः शैशिरे वा कपिलः सुभिक्षः।।२३।।

मञ्जुमती टीका : बसन्त ऋतु में कुंकुम के रंग का यदि सूर्यमण्डल हो तो वह शुभफल देने वाला होता है। किन्तु यदि श्वेत मिश्रित पीला वर्ण का हो तो तब भी शुभद होता है और आनन्द देने वाला होता है, यदि वह ताम्र वर्ण का हो, किन्तु शिशिर ऋतु में कपिल वर्ण का होने से सुभिक्ष देता है।

ग्रीष्मे सदा हेमनिभो विचित्रवर्णो नृणां क्षेमशुभप्रदश्च।।
अम्भोजगर्भोपमशोभनश्च ग्रावृष्यतीवाखिलस्यवृद्ध्यै।।२४।।

मञ्जुमती टीका : ग्रीष्म ऋतु में सदा स्वर्णिम रंग का होने से तथा विचित्र वर्ण वाला राजाओं के लिए कल्याणकारी और शुभ फल देने वाला होता

है। कमल के रंग का होने पर सुन्दर वृष्टि करने वाला तथा सम्पूर्ण लोगों की तृप्ति करने वाला होता है।

रक्तः सूर्यः शरदि विपुलाकीर्तिसौभाग्यदश्च।
हेमन्तेऽपि त्वखिलजगतः सस्यसंपद्विवृद्ध्यै।।
ज्ञात्वा चारं दशशतकरस्याखिलं दैववेदी।
पश्चात्सर्वं सुशुभमशुभं वा दिशेत्कालरूपम्।।२५।।

मञ्जुमती टीका : लाल सूर्य शरद् ऋतु में होने से विपुल कीर्ति और सौभाग्य देने वाला और हेमन्त ऋतु में सम्पूर्ण जगत् में फसल और सम्पत्ति की वृद्धि करने वाला होता है। इस प्रकार सूर्य की सम्पूर्ण गति को जानकर दैवज्ञ बाद में सभी शुभ एवं अशुभ समय को कहे।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
रविचाराध्यायो द्वितीयः।।२।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा विरचित संहिता का सूर्यचाराध्याय नामक दूसरे अध्याय का हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

❁❁

अथ चन्द्रचाराध्यायः ३।

अमृतकिरणचारं खेटचारेषु सारं,
विपुलनिखिललोकानन्दनं सुन्दरं च।
सदसदखिललोकाभोगदं यत्फलं तत्,
कथितविषमकालज्ञानरूपं प्रवच्मि।।१।।

मञ्जुमती टीका : चन्द्रमा का चार सम्पूर्ण ग्रहों के चारों का सार है। यह विस्तृत सम्पूर्ण लोक को आनन्द देने वाला तथा सुन्दर है। मैं सद् तथा असद् सम्पूर्ण लोकों के आभोग को देने वाले जो फल हैं, कहे गये उन विषम काल ज्ञान रूप को कहूँगा।

असितचतुर्दश्यन्ते प्रतिमासं चास्तमेति तुहिनकरः।
सततं दर्शस्यान्ते तुलितौ राश्यादिभिर्नियतम्।।२।।

मञ्जुमती टीका : कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी के अन्त से प्रतिमास चन्द्रमा अस्त हो जाता है। वह निरन्तर अमावस्या के अन्त में राश्यादि से नियत फलों को देता है।

विमलः प्रतिपद्यन्ते उदयं संयाति भास्करान्मुक्तः।
द्वादशभागविवृद्ध्या तिथयश्चन्द्राच्च सम्भूताः।।३।।

मञ्जुमती टीका : निर्मल प्रतिपदा के अन्त में, सूर्य से मुक्त हो करके उदय होता है। बारह अंशों से वृद्धि होने पर तिथियां चन्द्रमा से उत्पन्न कही गयी हैं।

हिमद्युतेरभ्युदितस्य शृंगे याम्योन्नते मेषझषे सुभिक्षम्।
जनानुरागं वृषकुम्भयोश्च तुल्ये विषाणे जगतोऽखिलस्य।।४।।

मञ्जुमती टीका : चन्द्रमा के उदित होने पर यदि मेष या मीन राशि हो और उसकी सींग दक्षिण की ओर उठा हुआ हो तो सुभिक्ष होता है। और यदि वृष या कुम्भ राशि हो और सींग समान हो तो सम्पूर्ण संसार में लोगों में आपस में प्रेम होता है।

सौम्योन्नते जिह्म ३ मृगास्यघोश्च मासद्वयं स्वास्थ्यमुपैति लोकः।
सौम्योन्नते शीतनिभे सुवृष्टिः क्षेमं सदा कर्कटचापयोश्च।।५।।

मञ्जुमती टीका : उत्तर की ओर यदि सींग उठा हो मकर राशि में हो तो दो महीने पर्यन्त संसार के लोगों का स्वास्थ्य अच्छा रहता है। और उत्तर की चन्द्रमा की सींग ऊँचा होने पर कर्क एवं धनु राशि वालों के लिए सदा कल्याणदायक होता है एवं सुन्दर वृष्टि होती है।

सस्याभिवृद्धिर्हरिकीटयोश्च सौम्योन्नते चापनिभे सुवृष्टिः।
अनामया वृष्टिरतीव कन्यातुलाद्वयोः शूलनिभे तथैव।।६।।

मञ्जुमती टीका : यदि चन्द्रमा का सींग सिंह एवं वृश्चिक राशि में उत्तर की ओर ऊँचा हो तो फसल की वृद्धि होती है। धनु होने पर सुन्दर वृष्टि होती है तथा कन्या और तुला दोनों राशियों में उसी प्रकार रोगरहित, अत्यधिक वृष्टि होती है।

एवं क्रमेणाभ्युदितः शशाङ्कः क्षेमं सुभिक्षं जगतः करोति।
व्यस्तोदितः प्रोक्तफलं समस्तं करोति नाशं कलहं नृपाणाम्।।७।।

मञ्जुमती टीका : इस क्रम से चन्द्रमा के उदित होने पर संसार में कल्याण एवं सुभिक्ष होता है। इसके विपरीत उदित होने पर पूर्व के कहे गये समस्त फल विपरीत होते हैं तथा राजाओं में कलह और नाश होता है।

श्रृंगे व्रीहियवाकारे वृष्टिः स्यान्महदर्घता।
तस्मिन्पिपीलिकाकारे पूर्वोक्तफलनाशनम्।।८।।

मञ्जुमती टीका : यदि सींग धान या जौ की आकार का हो तो वृष्टि होती है और मंहगाई आती है और यदि चींटी की आकार का हो तो पहले कहे गये फल का नाश हो जाता है।

विशालशुक्ले वृद्धिः स्यादविशाले त्वनर्घता।
अधोमुखे भूपहानिर्दण्डाकारे नृपाहवः।।९।।

मञ्जुमती टीका : विशाल शुक्ल पक्ष में बड़ा सींग होने पर वृद्धि होती है और छोटा होने पर मंहगाई नहीं आती। नीचे मुख होने पर राजाओं की हानि तथा राजाओं के समूह को दण्डाकार होने पर भय होता है।

नाशं ययुर्नृपतयोन्तगतः किराता मन्दे हते हिमकरस्य नवे विषाणे।
क्षुच्छस्त्रभीतिरतुलानिहते कुजे च दुर्भिक्षवृष्टिभयमिन्दुसुते हतेऽस्मिन्।।१०।।

मञ्जुमती टीका : यदि अन्तगत हो जाय तो राजाओं का नाश होता है। और चन्द्रमा के नवीन सींग के शनि से हत होने पर किरातों की हानि होती है। मङ्गल से हत होने पर छुद्र शस्त्र का भय होता है तथा बुध से हत होने पर दुर्भिक्ष तथा अकाल का भय रहता है।

श्रेष्ठा नृपा युधि लयं त्वमरेन्द्रवन्द्ये।
शुक्रे हते नियतमल्पनृपाश्च सर्वे।।
कृष्ण फलं त्वविकलं भवति प्रजानां।
पक्षे सिते विफलमेति भवेच्च यद्वा।।११।।

मञ्जुमती टीका : बृहस्पति से हत होने पर बड़े-बड़े राजा आपस में युद्ध करते हैं जबकि शुक्र से हत होने पर सभी राजा लोग नियत कार्यों में लगे रहते हैं। कृष्ण पक्ष रहने पर प्रजा विकल होती है। जबकि शुक्ल पक्ष पर ये सभी कथन विफल हो जाते हैं।

वलक्षपक्षः खलु वर्द्धते चेत्क्षेमाभिवृद्धिः सततं द्विजानाम्।
कृष्णे विवृद्धौ यदि शूद्रवृद्धिर्व्यत्यासवृद्धौ स्वफलं तथैव।।१२।।

मञ्जुमती टीका : शुक्ल पक्ष में सींग की वृद्धि होने पर बाह्मणों के कल्याण की सदैव वृद्धि होती है किन्तु कृष्ण पक्ष में वृद्धि होने पर शूद्रों की वृद्धि होती है। और इसके विपरीत होने पर सदैव उसी प्रकार से फल होता रहता है।

विश्वाम्बुमूलेन्द्रविशाखमैत्रभानां यदा दक्षिणभागगेन्दुः।
वह्नेर्भयं त्वीतिभयं जनानां करोति दुर्भिक्षमतीव युद्धम्।।१३।।

मञ्जुमती टीका : उत्तराषाढ़ा, पूर्वाषाढ़ा, मूल, ज्येष्ठा, विशाखा तथा अनुराधा नक्षत्रों में जब दाहिने भाग में चन्द्रमा होता है तो अग्नि का भय ईति का भय तथा बड़ा दुर्भिक्ष एवं लोगों में युद्ध होता है।

अनुक्तभानां यदि याम्यवृत्तिं करोति वृष्टिं कलहं नृपाणाम्।
प्रजापतेर्भं यदि पैत्रिभं वा भिनत्ति चन्द्रोन्तकरः प्रजानाम्।।१४।।

मञ्जुमती टीका : जो नक्षत्र नहीं कहे गये हैं उनमें यदि दाहिनी ओर वृद्धि हो, तो राजाओं में कलह तथा अत्यधिक वृष्टि होती है। रोहिणी नक्षत्र अथवा मघा नक्षत्र को यदि चन्द्रमा भेदन करे तो प्रजा का अन्त कर देने वाला होता है अर्थात् प्रलय हो जाता है।

भानां यदा सौम्यगतस्तदानीं जनानुरागं सततं करोति।
सदामयाप्रीतिरतीवदुःखं करोति याम्योपगतश्च भानाम्।।१५।।

मञ्जुमती टीका : चन्द्रमा यदि सौम्यगत अर्थात् उत्तर होकर नक्षत्रों में स्थित हो तो लोगों में आपस में प्रेम होता है। और यदि दक्षिणगत नक्षत्रों में हो तो सदा रोग एवं विरोध अत्यधिक दुःख करता है।

षट् पौष्ण्यभाद्द्वादश रौद्रधिष्ण्यात्सुराधिपाद्भानि नव क्रमेण।
पूर्वार्द्धमध्यापरभागगेन्दुर्भुंक्तेऽखिलव्योमचरास्तथैव।।१६।।

मञ्जुमती टीका : रेवती से छः नक्षत्र पर्यन्त अथवा आर्द्रा से दस नक्षत्र पर्यन्त तथा विशाखा से नौ नक्षत्र के क्रम से पूर्वार्द्ध, मध्य एवं अन्तिम भाग में चन्द्रमा की भुक्ति होने पर सम्पूर्ण जगत् उसी प्रकार से आचरण करता है।

पूर्वार्द्धधिष्ण्येषु पतिप्रिया स्याद्विवाहिता मध्यमभागगेषु।
परस्परं प्रेम तयोर्नृनार्योः परेषु भर्त्ता वनिताप्रियः स्यात्।।१७।।

मञ्जुमती टीका : पूर्वार्द्ध के नक्षत्र समुदाय में विवाहिता स्त्री पति को प्रिय होती है तथा मध्यम भाग में रहने से परस्पर प्रेम नर-नारी में होता है। और बाद के नक्षत्रों में रहने पर स्वामी (वर) स्त्री का प्रिय होता है।

जघन्यधिष्ण्यानि जलेशसार्परौद्रेन्द्रयाम्यानिलदैवतानि।
अध्यर्द्धधिष्ण्यान्यदितिद्विदैवस्थिराणि शेषाणि समाह्वयानि।।१८।।

मञ्जुमती टीका : पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में तथा पूर्वाषाढ़ा, आश्लेषा, आर्द्रा, विशाखा, भरणी, कृत्तिका आदि नक्षत्रों में क्रमशः वृद्धि करने वाले होते हैं। पुनर्वसु अश्विनी आदि स्थिर नक्षत्रों में शेष नक्षत्रों में समान फल देने वाले होते हैं।

अध्यर्द्धधिष्ण्येऽभ्युदितः शशाङ्कः करोति धान्यं महदर्घमन्तम्।
जघन्यभेऽनर्घमसंशयेन स॰ ॰न्येषु च मासि मासि।।१९।।

मञ्जुमती टीका : बृहद् संज्ञक नक्षत्रों में चन्द्रमा के उदित होने पर चन्द्रमा धान की मंहगाई करता है तथा पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र में मंहगाई में संशय बनी रहती है जबकि अन्य नक्षत्रों में प्रत्येक महीने में मंहगाई सामान्य रहती है।

ज्ञात्वैवमेवं मणिजीवधातुमूलोर्णकर्पूररसादिकानाम् ।
अर्घं वदेज्ज्योतिषिकः प्रजानां समर्घवस्तूत्तमसंग्रहार्थम्।।२०।।

मञ्जुमती टीका : इस प्रकार से जानकर रत्न, जीव, धातु, मूल, ऊन, कपूर आदि रसों की मंहगाई ज्योतिषियों को कहनी चाहिए तथा प्रजाओं को बहुमूल्य के अन्य उत्तम वस्तुओं का संग्रह करना चाहिए।

एतानि जाघन्यसमाधिकर्क्षाण्यत्रार्वखण्डे विनियोजितानि।
नोद्वाहजन्मादिषु यत्र चोक्तं तत्राभिवृद्ध्यै विनियोजनीयम्।।२१।।

मञ्जुमती टीका : ये सम्पूर्ण जघन्य आदि नक्षत्रों में जो फल कहे गये, इनको विनयोजित करना चाहिए। इसमें विवाह, जन्म आदि नक्षत्रों में जैसा कहा गया है, उनमें अभिवृद्धि के लिए योजित करना चाहिए।

प्रालेयकुन्दकुमुदामलपुण्डरीकशंखप्रतप्तरजतामलवज्रकान्तिः।
एवंविधोऽभ्युदितशीतकरः प्रजानां क्षेमं सुभिक्षमतुलं कुरुतेऽत्र मासे।।२२।।

मञ्जुमती टीका : जिस महीने में चन्द्रमा यदि कुन्द, कुमुद, निर्मल, श्वेत, कोमल, शंख तथा तपे हुए चांदी तथा निर्मल वज्र कान्ति के समान यदि उदित हो तो प्रजाओं के लिए कल्याण करने वाला तथा अत्यधिक सुभिक्ष करने वाला होता है।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
चन्द्रचाराध्यायस्तृतीयः।।३।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि द्वारा रची गयी संहिता में चन्द्रचाराध्यायनामक तीसरे अध्याय का हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथ भौमचाराध्यायः ४।

यस्माद्विना भूमिसुतस्य चारं शुभाशुभं यज्जगतः सुसम्यक्।
न ज्ञायते ज्ञानमनुत्तमं तत्तस्मात्प्रवक्ष्यामि समासतोऽत्र।।१।।

मञ्जुमती टीका : जिसके बिना सम्पूर्ण जगत् के ठीक प्रकार से शुभ–अशुभ फलों को तथा अनुत्तम ज्ञान को नहीं जाना जा सकता। अतएव संक्षेप में यहां भूमिपुत्र मंगल के चार को कहूँगा।

स स्वोदयर्क्षान्नवमेऽष्टमे वा सप्तर्क्षके वा विचरेत्प्रतीपम्।
तद्वक्रमुख्याह्वयमेव तत्र वह्नेर्भयं व्याधिभयं जनानाम्।।२।।

मञ्जुमती टीका : वह मङ्गल यदि अपने नक्षत्र से आठवें या नवें नक्षत्र में उदित हो या सातवें नक्षत्र में विपरीत विचरण करे तो इसे वक्रमुख नाम से कहा गया है। इसमें लोगों को अग्नि का भय तथा रोग का भय होता है।

एकादशे द्वादशभे प्रतीपे दशर्क्षगे वाश्रुमुखं प्रतीपम्।
तत्राश्रुवक्त्रेऽर्घविवृद्धिपूर्वं रसादिकं नाशमुपैति नूनम्।।३।।

मञ्जुमती टीका : यदि मङ्गल ग्यारहवें या बारहवें नक्षत्र में अथवा दसवें नक्षत्र में विपरीत या वक्री हो जाय तो इसको अश्रुमुख नाम से कहा गया है। इस अश्रुवक्त्र में मंहगाई की वृद्धि तथा रसाादि का निश्चित ही नाश कर देता है।

त्रयोदशर्क्षेऽपि चतुर्दशर्क्षे वक्रे कुजे व्यालमुखाभिधानम्।
तेभ्यो भयं तत्र सुवृष्टिसस्यसमृद्धिरर्घं च जनानुरागम्।।४।।

मञ्जुमती टीका : तेरहवें या चौदहवें नक्षत्र में मङ्गल के व्रकी होने पर यह सर्पमुख नाम से कहा गया है। यह भय तथा सुन्दर वृष्टि, फसलों की समृद्धि तथा लोगों में परस्पर में प्रेम पैदा करता है।

प्रतीपगे पञ्चदशेऽथ धिष्ण्ये धरासुते षोडशधिष्ण्यके च।
रक्ताननं नाम भवेत्तु तत्र सुभिक्षमत्यामयशत्रुवृद्धिः।।५।।

मञ्जुमती टीका : पन्द्रहवें अथवा सोलहवें नक्षत्र में मङ्गल के वक्री होने पर उसका नाम रक्तानन होता है। और वह सुन्दर वृष्टि तथा रोग एवं शत्रु की वृद्धि करता है।

अष्टादशे सप्तदशे प्रतीपे निस्त्रिंशपूर्वं मुशलाह्वयं च।
तत्रार्घभीतिः क्षितिपालकानां युद्धे क्षयं यान्ति समस्तलोकाः।।६।।

मञ्जुमती टीका : मङ्गल के अट्ठारहवें तथा सत्रहवें नक्षत्रों में विपरीत तथा वक्री होने पर मुसल नाम से कहा गया है। इसमें मंहगाई का भय, राजाओं का युद्ध, तथा सम्पूर्ण लोक क्षय को प्राप्त हो जाते हैं।

भूमिसुतः फाल्गुन्योरुदयं कृत्वाथ वक्रितो वैश्वे।
प्राजापत्येऽस्तमितः करोति निखिलधराभ्रमणम्।।७।।

मञ्जुमती टीका : यदि मङ्गल पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र में उदय करता है अथवा उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में वक्री होता हैं तथा रोहिणी नक्षत्र में अस्त होता है तो सम्पूर्ण पृथ्वी मण्डल का भ्रमण अर्थात् भूकम्प होता है अथवा लोगों की मृत्यु होती है।

अभ्युदितः श्रवणर्क्षे पुष्ये वक्रं गतो धरातनयः।
निखिलधराधिपवर्गप्रलयकरः प्रतिदिनं प्रजानां च।।८।।

मञ्जुमती टीका : यदि मङ्गल श्रवण नक्षत्र में उदित होकर के पुष्य नक्षत्र में वक्री होता है। तो सम्पूर्ण पृथ्वी के स्वामियों में प्रलय मच जाता है तथा प्रजाओं में प्रतिदिन लड़ाई होती है।

अभ्युदितः पितृधिष्ण्ये तस्मिन्नेव प्रतीपगः क्षितिजः।
पीडां क्षितिपतिमरणं करोति कलहं क्षितीशानाम्।।९।।

मञ्जुमती टीका : यदि मङ्गल मघा नक्षत्र में उदित होकर के यदि उसी नक्षत्र में विपरीत हो जाय तो राजाओं का मरण होता है। पीड़ा होती है अथवा आपस में कलह हुआ करता है।

यस्मिन्दिग्द्वारनक्षत्रे क्षितिजोऽभ्युदयं गतः।
तद्दिगीशस्य मरणं यदि तेषु प्रतीपगः।।१०।।

मञ्जुमती टीका : मङ्गल जिस भी दिकद्वार नक्षत्र में मङ्गल उदय को प्राप्त होता है। यदि वह मङ्गल उसी में विपरीत हो जाय उस दिशा के राजा का मरण अवश्य होता है।

भिनत्ति योगतारां च पितृधातृभयोः कुजः।
तदा भूपाहवैर्भूमिर्नूनं भ्रमति चक्रवत् ।।११।।

मञ्जुमती टीका : यदि मङ्गल मघा एवं रोहिणी नक्षत्र के योगतारा का भेदन करता है। तब वह राजाओं में हाहाकार तथा पृथ्वी चक्र की भांति भ्र-मित हो जाती है।

विशाखाविश्वधिष्ण्यान्त्यभानां याम्यचरः कुजः।
दुर्भिक्षवृष्टिभयकृदाहवे भुवि भूभुजाम्।।१२।।

मञ्जुमती टीका : विशाखा नक्षत्र एवं उत्तराषाढा नक्षत्र तथा रेवती नक्षत्रों में मङ्गल दाहिने चले तो दुर्भिक्ष वृष्टि का भय करता है। तथा राजाओं में पृथ्वी पर युद्ध होता है।

शुभदः सर्वधिष्ण्यानां सौम्यमार्गचरः कुजः।
अरिष्टफलदः सर्वजन्तूनां याम्यमार्गगः।।१३।।

मञ्जुमती टीका : यदि मङ्गल सम्पूर्ण नक्षत्रों में सौम्य मार्ग से गमन करे तो शुभ देने वाला होता है। जबकि याम्य मार्ग से गमन करे तो सम्पूर्ण प्राणियों के लिए अरिष्ट फल देने वाला होता है।

मेषसिंहझषचापभसंस्थे वक्रिते क्षितिसुते रविजे वा।
गोनराश्वगजपक्षिसमूहं नाशमेति निखिलं च दलं वा।।१४।।

मञ्जुमती टीका : यदि मङ्गल अथवा शनि मेष, सिंह, मीन, धनु राशि पर स्थित होकर वक्री हो जाय तो गौ, मनुष्य, घोड़ा, हाथी तथा पक्षी समूह का, अथवा सम्पूर्ण दल का नाश कर देता है।

अशोकबन्धूकमणिप्रवालसन्तप्तताम्रामलकिंशुकाभः।
एवंविधः सन्नुदितो महीजः शुभाय वृद्ध्यै भवति प्रजानाम्।।१५।।

मञ्जुमती टीका : अशोक का फूल, दोपहरी का फूल, मणि, मूंगा, तपे हुए ताम्बे अथवा स्वच्छ पलास के फूल की कान्ति के समान इस प्रकार के रंग वाला मङ्गल यदि उदित हो तो सम्पूर्ण प्रजा के लिए शुभ करने वाला तथा वृद्धि करने वाला होता है।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
कुजचाराध्यायश्चतुर्थः।।४।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि द्वारा रची गयी संहिता में भौमचाराध्यायनामक
चतुर्थ अध्याय का हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथ बुधचाराध्यायः ५।

बुधोदयः सर्वजगद्विपत्त्यै भवेत्कदाचिद्भृशमन्यथा वा।
वृष्ट्यर्घवाय्वग्निभयप्रदश्च तेभ्यो भयं कुत्रचिदन्यथा वा।।१।।

मञ्जुमती टीका : बुध का उदय सम्पूर्ण जगत् की विपत्ति के लिए होता है। अथवा कभी कुछ अन्यथा भी हो जाता है। वृष्टि, मंहगाई, वायु तथा अग्नि का भय देने वाला अथवा कहीं-कहीं इनसे अन्यथा भय भी होता है।

पुरन्दरश्रीपतिवैश्वदेववसुस्वयम्भूडुषु चन्द्रसूनुः ।
चरन्करोति प्रचुरार्घवृष्टिं नृपाहवाद्भीतिमतीवपीडाम्।।२।।

मञ्जुमती टीका : ज्येष्ठा, श्रवण, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, स्वयं इन नक्षत्रों में यदि बुध विचरण करें तो बहुत अधिक मात्रा में मंहगाई एवं वृष्टि होती है। राजाओं को युद्ध भय तथा अत्यधिक पीड़ा भी होती है।

आर्द्रादितिज्याहिमघासु भेषु चरन्प्रजानामतुलां च पीडाम्।
करोति शीतांशुसुतो वलीयान्क्षुच्छस्त्रवृष्ट्यामयशत्रुभिश्च।।३।।

मञ्जुमती टीका : आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, श्लेषा तथा मघा नक्षत्रों में विचरण करता हुआ बुध प्रजाओं को अत्यधिक पीड़ा देता है। इस स्थिति में बुध बली होने पर शस्त्रभय, वृष्टि, रोग तथा शत्रु देने वाला होता है।

हस्तद्वयस्वातीविशाखमैत्रसुरेशधिष्ण्यानि हि पीडयन्बुधः।
करोति तैलाज्यरसादिवस्तु[१]समृद्धिदस्तत्र गवादिपीडाम्।।४।।

मञ्जुमती टीका : हस्त, चित्रा, स्वाती, विशाखा, अनुराधा तथा ज्येष्ठा नक्षत्रों में विचरण करने से बुध पीड़ा देता हुआ तेल, घी, रस, वस्तु अथवा वस्त्र की समृद्धि करता है। किन्तु वहां गाय आदि पशुओं को पीड़ा देता है।

हौतभुगजपादायमयाम्यर्क्षेषु शीतदीधितेस्तनयः।
अतिविपुलकरोत्यग्निं घ्नन् देहभृतां सप्तधातुविकलकरः।।५।।

मञ्जुमती टीका : पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद तथा भरणी आदि नक्षत्रों में

यदि बुध विचरण करता हो तो अत्यधिक मात्रा में अग्नि से प्राणियों को दहन करता है। तथा सप्तधातुओं को विकल करता है।

वारुणनैर्ऋतपौष्णान्नुपमृद्गन् साश्विनानि चन्द्रसुतः।
सलिलजभेषजतुरगक्रयविक्रयजीविनां च नाशकरः।।६।।

मञ्जुमती टीका : शतभिषा, मूल, रेवती, स्वाती तथा अश्विनी आदि नक्षत्रों में यदि बुध भ्रमण करे तो जल से उत्पन्न, दवा, घोड़ा के क्रय-विक्रय करने वाले लोगों का नाश करता है।

विशदं त्वाहिर्बुध्न्यभमेकं चन्द्रात्मजो विमृद्गीयात्।
विपुलामयशस्त्रभयं क्षुद्भयमतुलं प्रजानां च।।७।।

मञ्जुमती टीका : निर्मल उत्तराभाद्रपद नामक नक्षत्र में यदि बुध भ्रमण करता है। तो विपुल रोग तथा शस्त्र भय तथा सम्पूर्ण प्रजाओं में बुभुक्षा भय उत्पन्न होता है।

प्राकृतमिश्रसंक्षिप्ततीक्ष्णयोगान्तिकघोरपापाश्च ।
सप्तविधा गतिभेदा हिमकरतनयस्य विविधफलदाः स्युः।।८।।

मञ्जुमती टीका : प्राकृतिक, मिश्रित, संक्षिप्त, तीक्ष्ण, योग में बुध के विचरण करने से भंयकर पाप होता है। और बुध के सात प्रकार के गतिभेद होने पर अनेक प्रकार के फल प्राप्त होते हैं।

अनिलानलकमलजयमधिष्ण्यैः स्यात्प्राकृताभिधानगतिः।
पितृशशिशंकरभुजगैर्धिष्ण्यैर्गतिरपरा मिश्रसंज्ञा च।।९।।

मञ्जुमती टीका : कृत्तिका पूर्वाषाढ़ा तथा रोहिणी नक्षत्रों में बुध के गमन करने से प्रकृति समान रहती है। किन्तु मघा, मृगशिरा, आर्द्रा तथा आश्लेषा नक्षत्रों में बुध की गति होने पर दूसरी मिश्र नामक संज्ञा होती है।

भगाद्वितयादितिभद्वितयैः संक्षिप्रसंज्ञिका विपुला।
भाद्रपदद्वयवासवभद्वितर्यश्च विमलतीक्ष्णाख्या।।१०।।

मञ्जुमती टीका : पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, पुनर्वसु तथा पुष्य नक्षत्रों की विपुला संक्षिप्रसंज्ञा कही गयी है। पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभद्रपद, धनिष्ठा

तथा शतभिषा नक्षत्रों की विमल तीक्ष्ण संज्ञा दी गयी है।

योगान्तिकगतिरतुला नैर्ऋतमारभ्भत्रितये।
श्रवणत्रितयं त्वाष्ट्रभमृक्षचतुष्कं च घोरसंज्ञा सा।।११।।

मञ्जुमती टीका : मूल से आरम्भ करके तीन नक्षत्रों की अर्थात् मूल पूर्वाषाढ़ा एवं उत्तराषाढ़ा की अतुला योगान्तिक संज्ञा दी गयी है। तथा श्रवण आदि तीन नक्षत्रों की तथा चित्रा आदि चार नक्षत्रों की घोर संज्ञा कही गयी है।

दिनकरमित्रविशाखाभत्रितयं भवति पापरूपाख्या।
प्राकृतगत्यां राजप्रवृद्धिरारोग्यसस्यवृद्धिः स्यात्।।१२।।

मञ्जुमती टीका : हस्त, अनुराधा एवं विशाखा आदि तीन नक्षत्रों की पापरूप संज्ञा होती है। इनमें प्रकृति की गति में तथा राजाओं की वृद्धि, आरोग्य तथा फसल की वृद्धि होती है।

मित्रविरोधः सततं भवति तयोः क्षिप्रमिश्रयोर्गत्योः।।
अपरासु गतिषु नियतं विपरीतं भवति सर्वजन्तूनाम्।।१३।।

मञ्जुमती टीका : उन दोनों क्षिप्र और मिश्र नामक संज्ञाओं में बुध की गति होने पर हमेशा मित्रों से विरोध होता है। तथा दूसरी गतियों में बुध के गमन होने पर सम्पूर्ण प्राणियों की विपरीत गति होती है।

विकला ऋज्व्यनुवक्रा वक्राख्या बोधनस्य गतिभेदाः।।
विविधफलं तासु करोत्यविकलमेवं वलीयांश्चेत्।।१४।।

मञ्जुमती टीका : विकला, सरला, अनुवक्रा, वक्रा बुध के गति-भेद जानने चाहिए। इनमें अविकल तथा बली होने से बुध अनेक प्रकार के फलों को करता है।

शस्त्रभयामयजननी विकला ऋज्वी च देहिनां शुभदा।।
अर्थविनाशनकरी त्वनुवक्रा भूपयुद्धदा वक्रा।।१५।।

मञ्जुमती टीका : बुध की विकला गति होने पर शस्त्र का भय तथा रोग पैदा करने वाली होती है। जबकि सरलागति में होने पर प्राणियों को शुभ फल देता है। अनुवक्रा गति में रहने पर धन का विनाश करता है तथा वक्रा गति में

रहने पर राजाओं में युद्ध देता है।

आषाढमासद्वितये सपौषे वैशाखमासे यदि चन्द्रसूनुः।
दृष्टः करोत्यामयराजपीडां विवर्षणं तस्करभीतिमुग्राम्।।१६।।

मञ्जुमती टीका : आषाढ़ मास, सावन मास, पौष मास तथा बैशाख मास में यदि बुध उदित होकर दिखाई पड़े तो रोग, राजाओं को पीड़ा, अवर्षण तथा चोरों से भंयकर भय देता है।

माणिक्यशङ्खकनकामलपुष्पराग,
कुन्देन्दुसन्मरकतोपमशुद्धकान्तिः।
स्निग्धः शशाङ्कतनयः प्रचुरार्घदश्च।
लोकेऽन्यमूर्तिरुदितो भयरोगकृत्सः।।१७।।

मञ्जुमती टीका : माणिक्य, शङ्ख, सोना, निर्मल पुखराज, कुन्द के समान चन्द्रमा तथा निर्मल मरकत मणि के समान कान्ति वाला स्निग्ध (चिकना) यदि बुध उदित हो तो अधिक मंहगाई और संसार में अन्यमूर्ति (बुध) रोग तथा भयकारी होता है।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
बुधचाराध्यायः पञ्चमः।।५।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि द्वारा रची गयी संहिता में बुधचाराध्यायनामक पांचवें अध्याय का हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथ गुरुचाराध्याय: ६।

मासेषु चोर्ज्जादिषु कृत्तिकाद्द्वयं द्वयं च क्रमशोऽश्विभात्स्यात्।
त्रिभान्नभस्येषतपस्यमासाः शुक्लान्तयुक्तर्क्षवशादजस्त्रम्।।१।।

मञ्जुमती टीका : कृत्तिकादि दो-दो नक्षत्रों से क्रमशः कार्तिक मास, तथा आश्विन मास, श्रवण मास तथा ज्येष्ठा से इसी प्रकार से शुक्ल पक्ष के अन्त में युक्त नक्षत्र के कारण अन्य मास कहे गये हैं।

उदेति धिष्ण्येन सुरेन्द्रमन्त्री तेनैव तन्नाम भवेत्तु वर्षम्।
ज्ञेयानि तत्कार्तिकपूर्वकाणि भवन्ति तेषां च फलं च सम्यक्।।२।।

मञ्जुमती टीका : जिस नक्षत्र में बृहस्पति उदित होता है उसी नाम से उसी प्रकार वह वर्ष कहा जाता है। इसे कार्तिक मास से जानना चाहिए। इनका ठीक फल कहा जा रहा है।

सितरक्तहरितपीतद्रव्याणां वृद्धिरतुला स्यात्।
शकटकृषीवलवणिजां पीडा स्यात्कार्तिके वर्षे।।३।।

मञ्जुमती टीका : जब कार्तिक मास में बृहस्पति को वर्षारम्भ हो तो श्वेत, लाल, हरा, पीले द्रवों की अत्यधिक वृद्धि होती है। गाड़ी वाहकों, किसान तथा वणिकों को पीड़ा होती है।

सौम्येऽब्दे सस्यानां भयमीतिभ्यो निरन्तरं जगति।
पौषे निवृत्तवैरा राजानो व्याधिपीडितास्त्वपरे।।४।।

मञ्जुमती टीका : अगहन मास में वर्षारम्भ होने पर फसलों का भय तथा संसार के लिए ईति भय बना रहता है। पौष मास में राजाओं में आपस में बैर की निवृत्ति तथा दूसरे लोग रोग से पीड़ित होते हैं।

माघे सस्यविवृद्धिर्महदर्घं कर्म पौष्टिकं प्रचुरम्।
सुरपितृपूजावृद्धिर्भवति जनानां च हार्दितो भीतिः।।५।।

मञ्जुमती टीका : माघ मास में फसल की वृद्धि, मंहगाई, प्रचुर मात्रा में

पौष्टिकता, देवता-पितरों की पूजा में वृद्धि, लोगों में हृदय सम्बन्धी भय होता है।

फाल्गुनमासे वृद्धिः क्वचित्क्वचित्तद्वदर्घसस्यानि।
जन्तूनामारोग्यं परस्परं हन्तुमुद्यता भूपाः।।६।।

मञ्जुमती टीका : फाल्गुन मास में वृद्धि, कहीं-कहीं उसी प्रकार से अन्न की वृद्धि, प्राणियों में आरोग्यता तथा परस्पर राजा एक दूसरे को मारने के लिए उद्यत रहते हैं।

चैत्रे स्त्रीजनहानिः क्रोधवशा भूमिपालकाः सर्वे।
क्षेमं सुभिक्षमतुलं प्रीतिर्द्विजसाधुजन्तूनाम्।।७।।

मञ्जुमती टीका : चैत्र मास में स्त्री जनो की हानि, सम्पूर्ण राजा लोग क्रोध के वशीभूत तथा कल्याण एवं अत्यधिक सुभिक्ष ब्राह्मण, साधु आदि प्राणियों में प्रीति बनी रहती है।

द्विजपशुसज्जनवृद्धिर्वैशाखे शान्तिसंयुताः सर्वे।
अध्वरनिरताः सर्वे भूसुरनिकराश्च सस्यसम्पूर्त्तिः।।८।।

मञ्जुमती टीका : बैशाख मास में ब्राह्मण, पशु एवं सज्जनों की वृद्धि तथा सभी शान्ति से युक्त रहते हैं। सभी ब्राह्मण अपने मार्ग में निरत यज्ञ करते रहते हैं तथा फसल की पूर्ति रहती है।

ज्येष्ठेऽब्दे निखिलजनाः स्वे स्वे कर्मप्रवर्त्तका जगति।
सततं ज्ञातिषु वैरं कुर्वन्त्यवनीश्वरा न तथा।।९।।

मञ्जुमती टीका : ज्येष्ठ मास में आरम्भ होने पर संसार के सभी लोग अपने-अपने कर्म में लगे रहते हैं। निरन्तर अपनी जातियों में बैर करते हैं किन्तु राजा लोग ऐसा नहीं करते।

आषाढेऽब्दे प्रचुरं पीड्यन्ते सर्वसस्यानि।
कृमिकीटादिभिरतुलं त्वपरं सस्यं च वृद्धिमाप्नोति।।१०।।

मञ्जुमती टीका : आषाढ़ मास में आरम्भ होने पर सम्पूर्ण फसलों को अत्यधिक पीड़ा, कृमि आदि की वृद्धि होती है। किन्तु कुछ दूसरी फसलों (अन्न) में वद्धि होती है।

श्रावणवर्षे क्षेमं सस्यान्यखिलानि पाकमुपयान्ति।
राजक्षोभैरतुलं निखिलजना: पीडिता: सततम्।।११।।

मञ्जुमती टीका : श्रावण मास में वर्षारम्भ होने पर सम्पूर्ण फसलों का कल्याण होता है तथा सम्पूर्ण फसलें पक भी जाती हैं। राजाओं में अत्यधिक क्षोभ रहता है। अन्य सभी लोग निरन्तर पीड़ित रहते हैं।

भाद्रपदेऽब्दे षण्डास्तद्भक्ता ये च ते निपीड्यन्ते।
पूर्वं यत्सस्यञ्च निखिलं निष्पत्तिमुपयान्ति।।१२।।

मञ्जुमती टीका : भाद्रपद मास में जो नपुंसक या उनके भक्त हैं वहीं पीड़ित होते हैं। और पूर्व में कहे गये जो फसल आदि हैं। उन सबकी उत्पत्ति होती हैं।

अश्वियुजेऽब्दे वृष्टिर्भवति च नाना निरामयं क्षेमम्।
अपरं सस्यं न स्यात्कुत्रचिदीति: प्रजापीडा।।१३।।

मञ्जुमती टीका : आश्विन मास में वर्षारम्भ होने पर अधिक वृष्टि होती है। अनेक प्रकार से लोग रोगरहित तथा कल्याण को प्राप्त होते हैं। तथा दूसरी फसलों को कही से भी ईति का भय तथा प्रजा को पीड़ा नहीं होती।

भानां यदा सौम्यगति: सुरेज्यस्तदा जनानामभयप्रद: स:।
व्याधिप्रदो दक्षिणमार्गगामी भूदेवभूमीश्वरनाशदश्च।।१४।।

मञ्जुमती टीका : जब नक्षत्रों में बृहस्पति सौम्य गति से गमन करता है तो सम्पूर्ण लोगों को निर्भयता प्रदान करता है। किन्तु दक्षिण देश वाले रोगग्रस्त होते हैं। ब्राह्मणों तथा क्षत्रियों का नाश भी होता है।

वह्नेर्भयंवह्निसमानवर्ण: पीतश्च रोगं हरितोऽरिभीतिम्।
श्यामस्तु युद्धं सततं करोति रक्त: क्षितीशद्विजकामपीडाम्।।१५।।

मञ्जुमती टीका : बृहस्पति उदय होने पर यदि अग्नि के समान वर्ण वाला हो तो अग्नि का भय करता है। पीत वर्ण होने पर रोग देता है। हरा वर्ण होने पर शत्रुभय होता है, काला वर्ण होने पर हमेशा युद्ध कराता है तथा लाल वर्ण होने पर राजा एवं ब्राह्मणों में काम की पीड़ा होती है।

वृष्टेर्भयं धूमनिभः पिशङ्गस्त्वीतेर्भयं कांस्यनिभोन्नभीतिम्।
क्षिप्रं नृपस्यान्तकरो ह्यदृष्टश्चित्रो विचित्रं क्षितिपालयुद्धम्।।१६।।

मञ्जुमती टीका : यदि धुएं के वर्ण का हो तो वृष्टि का भय होता है, श्वेत मिश्रित पीत वर्ण होने पर ईति का भय होता है। कांसिक् रंग होने पर अन्न का भय होता है। विचित्र रंग का कभी अदृश्य होने पर राजाओं का शीघ्र नाश करता है किन्तु विचित्र वर्ण का होने पर राजाओं में युद्ध होता है।

वह्निभाद्वितयमब्दशरीरं नाभिरस्य जलवैश्वदैवभम्।
सार्थभं हृदयमन्तरात्मकं पैतृभं विकसितं सुमनश्च।।१७।।

मञ्जुमती टीका : संवत्सर के कृत्तिका और रोहिणी ये दोनां शरीर हैं। और पूर्वाषाढ़ा एवं उत्तराषाढ़ा ये दोनों नाभि हैं। श्लेषा हृदय है। तथा मघा नक्षत्र सुन्दर मन है।

क्रूरग्रहे चास्य शरीरसंस्थे वह्नेर्भयं वायुभयं च तत्र।
नाभिस्थितेऽनर्घभयं प्रभूतं हृदि स्थिते सस्यभयं जनानाम्।।१८।।

मञ्जुमती टीका : यदि शरीर के नक्षत्रों में क्रूर ग्रह हों तो वायु भय एवं अग्नि भय होता है। नाभि के नक्षत्रों पर क्रूर ग्रह होने पर मंहगाई का भय होता है। तथा हृदय के नक्षत्र पर क्रूर ग्रह होने पर धान्य का भय होता है।

मनस्थिते मूलफलं विनाशं वक्रग्रहस्थे फलमुग्रमेतत्।
सौम्यग्रहेष्वेषु च संस्थितेषु सर्वं शुभं मिश्रफलं च मिश्रैः।।१९।।

मञ्जुमती टीका : मन के नक्षत्र पर पाप ग्रह स्थित होने पर मूल एवं फल का विनाश होता है। वक्री ग्रह के स्थित होने पर उन फलों में और उग्रता आ जाती है। किन्तु सौम्य के स्थित होने पर सब कुछ शुभ होता है। जबकि मिश्र अर्थात् शुभ एवं पाप ग्रहों के स्थिति होने पर मिश्रित फल रहता है।

सुरेज्ययाता भगणाः श्रुति(४)घ्नां नखैरवाप्ताः श्रुतिरामहीनाः।
विभाजिताश्चामरवर्त्मतर्कैः ६० शेषाः स्युरत्र प्रभवादयोऽब्दाः।।२०।।

मञ्जुमती टीका : बृहस्पति के गमन को जानने के लिए सताईस में चार का गुण करें। बीस जोड़ दें, छत्तीस घटा दें पुनः साठ से भाग देने पर शेष से प्रभवादि संवत्सर जानना चाहिए।

अथ गुरुचाराध्याय.

प्रभवो १ विभवः २ शुक्लः ३ प्रमोदो४ऽथ प्रजापतिः५।
अङ्गिराः ६ श्रीमुखो ७ भावो ८ युवा ९ धाता १० तथेश्वरः ११।।२१।।

मञ्जुमती टीका : १. प्रभव २. विभव, ३, शुक्ल, ४, प्रमोद, ५. प्रजापति, ६. अङ्गिरा, ७. श्रीमुख, ८. भाव, ९. युवा, १०. धाता तथा ग्यारहवा ईश्वर संवत्सर होता है।

बहुधान्यः १२ प्रमाथी च १३ विक्रमो १४ वृषवत्सरः १५।
चित्रभानुः १६ सुभानुश्च १७ तारणः १८ पार्थिवो १९ व्ययः २०।।२२।।

मञ्जुमती टीका : १२. बहुधान्य १३. प्रमाथी, १४. विक्रम, १५. वृष, १६. चित्रभानु, १७. सुभानु, १८. तारण, १९. पार्थिव तथा बीसहवां व्यय संवत्सर होता है।

सर्वजित् २१ सर्वधारी च २२ विरोधी २३ विकृतः २४ खरः २५।
नन्दनो २६ विजय २७ श्चैव जयो २८ मन्मथ २९ दुर्मुखौ ३०।।२३।।

मञ्जुमती टीका : २१. सर्वजित, २२. सर्वधारी, २३. विरोधी, २४. विकृत, २५. खर, २६. नन्दन, २७. विजय, २८. जय, २९. मन्मथ तथा तीसहवां दुर्मुख नामक संवत्सर होता है।

हेमलम्बो ३१ विलम्बश्च ३२ विकारी ३३ शार्वरी ३४ प्लवः ३५।
शुभकृ ३६ च्छोभकृ ३७ त्क्रोधी ३८ विश्वावसु ३९ पराभवौ ४०।।२४।।

मञ्जुमती टीका : ३१. हेमलम्ब, ३२. विलम्ब, ३३. विकारी ३४. शार्वरी, ३५. प्लव ३६. शुभकृत्, ३७. शोभ कृत्, ३८. क्रोधी, ३९. विश्वावसु तथा चालीसवाँ पराभव नामक संवत्सर होता है।

प्लवङ्गः ४१ कीलकः ४२ सौम्यः ४३ साधारण ४४ विरोधकृत् ४५।
परिधावी ४६ प्रमादी ४७ स्यादानन्दो ४८ राक्षसो ४९ नलः ५०।।२५।।

मञ्जुमती टीका : ४१. प्लवङ्ग, ४२. कीलक, ४३. सौम्य ४४. साधारण, ४५. विरोधकृत, ४६. परिधावी, ४७. प्रमादी, ४८. आनन्द, ४९. राक्षस तथा पचासवाँ नल नामक संवत्सर होता है।

पिङ्गलः ५१ कालयुक्तश्च ५२ सिद्धार्थो ५३ रौद्र ५४ दुर्मती ५५।
दुन्दुभी ५६ रुधिरोद्गारी ५७ रक्ताक्षी ५८ क्रोधनः ५९ क्षयः ६०।।२६।।

मञ्जुमती टीका : ५१. पिङ्गल, ५२. कालयुक्त ५३. सिद्धार्थ ५४. रौद्र, ५५. दुर्मति ५६. दुन्दुभी, ५७. रूधिरोद्गारी, ५८. रक्ताक्षी, ५९. क्रोधन तथा साठवाँ क्षय नामक संवत्सर होता है।

अब्दैर्युगं पञ्चभिरब्दषष्ट्या युगानि च द्वादश वै भवन्ति।
पञ्चाब्दनाथाः क्रमशो युगस्य वह्न्यर्कचन्द्राब्जजशंकराः स्युः।।२७।।

मञ्जुमती टीका : पांच–पाँच संवत्सरों का समूह बनाकर साठ संवत्सरों में युग बारह बनते हैं । अर्थात् एक-एक युग में पांच प्रभव वर्षादि के बारह युग होते हैं या प्रभवादि पांच-पांच की युग संध्या होती है। इन पांचों वर्ष वाले युगों के स्वामी क्रमशः अग्नि, सूर्य, चन्द्रमा, अज तथा शंकर होते हैं।

कृष्णः सूरिस्त्विन्द्रो ज्वलनस्त्वष्टा चाहिर्बुध्न्यः पितरः।
विश्वे चन्द्रस्त्विन्द्रो दहनस्त्वश्विन्याख्यो भगस्त्वपरः।।२८।।

मञ्जुमती टीका : कृष्ण, सूर्य, इन्द्र, अग्नि, त्वष्ट्रा, अहिर्बुध्न्य, पितर, विश्वदेवता, चन्द्रमा, इन्द्र, दहन, अश्विनी कुमार तथा अन्य भग आदि स्वामी होते हैं।

अब्दे प्रवृत्ते प्रभवेऽग्निकोपः सन्तीतयः पैत्तकफाश्च रोगाः।
स्तोकं जलं मुञ्चति वारिवाहः सदा प्रमोदन्ति जनाश्च सर्वे।।२९।।

मञ्जुमती टीका : प्रभव संवत्सर के आरम्भ होने पर अग्नि का कोप पित्त एवं कफ का रोग होता है। बादल थोड़ी वर्षा करते हैं किन्तु सभी लोग सदा प्रसन्न रहते हैं।

वृष्टिः प्रभूताखिलसस्यवृद्धिर्जनानुरागं विभवे प्रवृत्ते।
अन्योऽन्ययुद्धैः क्षितिपालकानां न दुःखमाप्नोति जनस्तथापि।।३०।।

मञ्जुमती टीका : विभव संवत्सर के आरम्भ होने पर अधिक वृष्टि होती है। सम्पूर्ण अन्नों की वृद्धि होती है। लोग आपस में प्रेम करते हैं। राजा लोग एक दूसरे से युद्ध करते हैं। किन्तु लोग फिर भी दुःख नहीं पाते।

अन्योऽन्यरत्यातिशयादजस्त्रं रामाः प्रपञ्चे रमयन्ति रामान्।
गोधूमशालीक्षुमती धरित्री निवृत्तवैरा भुवि शुक्लवर्षे।।३१।।

मञ्जुमती टीका : शुक्ल संवत्सर के आरम्भ में परस्पर अतिशय प्रेम होता है। पुरुष सुन्दरियों में रमण करते हैं। गेहूँ, धान तथा ईख से पृथ्वी पूर्ण होती है और लोगों में बैर भाव नष्ट होता है।

प्रमोदवर्षे सुजना नृपाश्च मोदन्ति पापाभिरताः सचौराः।
सीदन्ति पृथ्वी बहुसस्यपूर्णा विवैरिणः सर्वजना धरित्र्याम्।।३२।।

मञ्जुमती टीका : प्रमोद वर्ष में सज्जन और राजा प्रसन्न होते हैं। चोर या बैरी पाप में लगे हुए पीड़ित होते हैं। पृथ्वी बहुत अन्न से पूर्ण हो जाती है तथा पृथ्वी पर सभी लोग बैर रहित हो जाते हैं।

गावः प्रभूतपयसः सकला धरित्री मेघैर्विसृष्टसलिलैः परिपूर्णवप्रा।
आरामसंवृतपुरौघविचित्रिताङ्गी तुष्टाः प्रजापतिवरे परिपूर्णलोकाः।।३३।।

मञ्जुमती टीका : प्रजापति संवत्सर में गायें प्रचुर मात्रा में दूध देती हैं। सम्पूर्ण पृथ्वी पर मेघ जल बरसाते हैं। जलाशय पूर्ण रहते हैं। बगीचे हरे-भरे बने रहते हैं तथा लोग परिपूर्ण होकर सन्तुष्ट रहते हैं।

धात्री सुरप्रवरयज्ञवरौघपूर्वैः पूर्णातिरम्यपुरसंघविचित्रिताङ्गी।
अब्दे यदाङ्गिरसि भूरिजनैर्विकीर्णा शश्वत्सुवृष्टिनिकरैश्च तडागपूर्णा।।३४।।

मञ्जुमती टीका : अङ्गिरा वर्ष का आरम्भ होने पर पृथ्वी, देवताओं के यज्ञों से युक्त अति सुन्दर नगर आदि विचित्र अङ्गो वाली जनसंख्या विस्तार से युक्त निरन्तर सुन्दर वृष्टि के द्वारा जलाशय पूर्ण रहते हैं।

विचित्रसस्यांवरचित्रवर्णा गुल्मस्तनी पूर्णतडागपूर्णा।
क्रीडावनाढ्या फलपुष्पका भूः श्रीमुखेऽब्दे वनितेव भाति।।३५।।

मञ्जुमती टीका : श्रीमुख संवत्सर आरम्भ होने पर सम्पूर्ण पृथ्वी बहुत अन्न से संयुक्त होती है और गुल्मलताओं से युक्त, तालाब पूर्ण रहते हैं। क्रीड़ा वन, फल एवं पुष्पों से पूर्ण होने पर स्त्री की भाँति प्रतीत होते हैं।

वापीकूपतडागपूर्तिरतुला स्वस्थाः क्षितीशाः क्षितौ।
देवस्पर्द्धिजनैः सुसस्यनिकरैर्नानाविधैराकरैः।।
धात्री भाति निरन्तरं शुकपिकश्रीकण्ठपुंस्कोकिल-।
भ्राजत्षट्पदनादमण्डितवनैर्भावाह्वयेऽब्दे सदा।।३६।।

मञ्जुमती टीका : भाव संवत्सर में पृथ्वी पर राजा लोग स्वस्थ रहते हैं। वापी, कुंआ तालाब भरे रहते हैं। लोग देवताओं से स्पर्धा करते हैं। सुन्दर फसलों (अन्नों) का समूह नाना प्रकार से पूर्ण रहता है। पृथ्वी निरन्तर तोता, कोयल, नीलकण्ठ तथा नर कोयल, भौरों के नाद से निरन्तर सुशोभित रहती है।

प्रकीर्णकामाः प्रमदा युवेऽब्दे गोधूमशालीक्षुफलैर्नियुक्ता।
चौरामयव्यालभयं प्रभूतं तथापि नन्दन्ति न दुःखमेति।।३७।।

मञ्जुमती टीका : युवा संवत्सर में स्त्रियां प्रकीर्ण कामनाओं से आसक्त, गेहूं, धान तथा गन्ना आदि फलों से युक्त चोर रोग एवं सांप का अत्यधिक भय रहता है। फिर भी लोग आनन्दित रहते हैं। दुःख नहीं पाते।

अब्दे विधातुः सकला धरित्री प्रदायिनी सर्वजनेच्छितार्थान्।
भूदेवभूभृन्निकराश्च सर्वे मखक्रियाद्युत्सवतत्पराः स्युः।।३८।।

मञ्जुमती टीका : धाता संवत्सर में सम्पूर्ण पृथ्वी सभी जनों के इच्छानुसार धन प्रदान करती है। ब्राह्मण तथा क्षत्रिय सभी यज्ञक्रिया आदि उत्सवों में तत्पर रहते हैं।

पोषयतीश्वरवर्षे धात्री धात्रीव निखिलजनान्।।
धात्रीपतयः सर्वे क्षुभ्यन्त्यनिशं परस्परं क्षोभात्।।३९।।

मञ्जुमती टीका : ईश्वर संवत्सर में पृथ्वी सम्पूर्ण जीवों का माता की भाँति पोषण करती है। तथा राजा लोग निरन्तर आपस में छुभित रहते हैं।

बहुधान्याब्दे सततं बहुधान्ययुतं धरातलं निखिलम्।।
पित्तकफानिलजाता बहुधा रोगास्तथाविधास्तत्र।।४०।।

मञ्जुमती टीका : बहुधान्य संवत्सर में पृथ्वी अन्न से पूर्ण हो और पित्त, कफ, वात से उत्पन्न रोग तथा उस प्रकार से अन्य रोग बहुधा होते हैं।

निखिला धरणी सहिता रथतुरगगजादिभिर्बहुभिः।।
कुत्रचिदर्घं प्रचुरं न कुत्रचिद्धनरसं प्रमाथ्यब्दे।।४१।।

मञ्जुमती टीका : प्रमाथी संवत्सर में सम्पूर्ण पृथ्वी रथ, घोड़ा, हाथी आदि अनेक प्रकार के वाहनों से युक्त होती है। कहीं भी मंहगाई नहीं होती। और कहीं धन एवं रस की अधिकता रहती है।

अनुपमविक्रमधरणीनाथैराक्रान्तवसुमती सकला।
विक्रमवर्षे सुजना वर्द्धन्ते विक्रमैः स्वैः स्वैः।।४२।।

मञ्जुमती टीका : विक्रम संवत्सर में सज्जन लोग्र अपने-अपने पराक्रम से बलवान् होते हैं तथा सम्पूर्ण पृथ्वी पर अत्यधिक पराक्रम से युक्त राजा लोग होते हैं।

वृषभनिभा वृषभाब्दे क्षितिपतयः सप्रजाः स्वस्थाः।
बहुविधसस्यसमृद्धिः कृषिजनमतवृष्टिरतुला स्यात्।।४३।।

मञ्जुमती टीका : वृषभ संवत्सर में राजा लोग बैलों की भाँति बहुत युद्ध करें। तथा प्रजायें स्वस्थ रहती हैं और अनेक प्रकार से अन्नों की समृद्धि रहती है, तथा कृषि उपयोगी वर्षा होती है।

नानाविधैः सस्यविचित्रिता भूर्विचित्रभानौ भुवि चित्र‸ृष्टिः।
अन्योऽन्ययुद्धैः क्षितिपालकानां कपालकेशास्थिकबन्धचित्रा।।४४।।

मञ्जुमती टीका : चित्रभानु संवत्सर में विचित्र वर्षा और विचित्र फसलें हों और राजा लोग परस्पर युद्ध करें तथा कपाल, केश, अस्थि, घड़ भी विचित्र हों।

सुभानुवर्षे प्रतपत्यजस्त्रं भानुः क्षितिर्मध्यमसस्ययुक्ता।
शस्त्राग्निकोपैः प्रचलन्ति मर्त्यास्तथापि नो भीतिमवाप्नुवन्ति।।४५।।

मञ्जुमती टीका : सुभानु संवत्सर में सूर्य निरन्तर तपते हैं पृथ्वी पर मध्यम फसल होती है। लोगों में शस्त्र अग्नि आदि क्रोध के द्वारा चलाये जाते हैं फिर भी डर को प्राप्त नहीं होते।

तरन्ति दुःखान्यपि तारणाब्दे जनाः प्रमोदन्ति सपुत्रमित्रैः।
यथेप्सितं वर्षति जम्भभेदी तथापि सीदत्यपरं च सस्यम्।।४६।।

मञ्जुमती टीका : तारण संवत्सर में लोग रोग-शोक-संकट आदि से कठिनता से पार होते हैं तथा पुत्र एवं मित्रों के साथ हर्षित होते हैं। बादल इच्छित वर्षा करते हैं तथापि कुछ अन्न प्रभावित होते हैं।

ये पार्थिवेन्द्रा विलयं ययुस्ते युद्धेषु सर्वे सुखिनः पुरे स्युः।
मुञ्चन्ति तोयं प्रचुरं पयोदा भीतिर्ज्वरेभ्यः खलु पार्थिवेऽब्दे।।४७।।

मञ्जुमती टीका : पार्थिव संवत्सर में राजा लोग प्रसन्न रहें, प्रजा सुखी रहे और विविध फल पुष्पादि से पृथ्वी संयुक्त होती है तथा बादल अधिक वर्षा करते हैं। और ज्वर का भय बना रहता है।

व्ययान्विताः सर्वजना व्ययाब्दे निरन्तरं वारिमयी धरित्री।
धर्मप्रसक्ताः खलु पार्थिवेन्द्राः सीदन्ति ये पापपरा सचौराः।।४८।।

मञ्जुमती टीका : व्यय संवत्सर में सबलोग बहुत व्यय करतें हैं तथा पृथ्वी निरन्तर जलमयी रहती है। राजा लोग धर्म में लगे रहते हैं। चोर एवं पापी लोग पीड़ित होते हैं।

सर्वजिदब्दे निखिलं जगत्सदानन्दसुन्दरोपेतम्।
भूभुजनिकरविकारैः प्रकटितबहुदुःखतामेव।।४९।।

मञ्जुमती टीका : सर्वजित् संवत्सर में सब लोग सदा आनन्द से सुखी रहें तथा राजा लोगों में विकार हो, तथा बहुत दुःख को प्राप्त होवें।

वारिधरा-वारिचयं मुञ्चत्यल्पं क्वचित्क्वचिद्बहुलम्।
अवनीपालकसंयतिनिस्खलिता भूश्च सर्वधार्येऽब्दे।।५०।।

मञ्जुमती टीका : सर्वधारी संवत्सर में राजा लोग प्रजा पालन में तत्पर रहते हैं। सभी जगह पृथ्वी पर सुख-शान्ति रहती है। तथा कहीं-कहीं पृथ्वी पर अधिक वर्षा और कहीं कम वर्षा होती है।

भूपसंक्षोभसम्भूतभूरिभीतिभुजः प्रजाः।
सर्वस्वापहृताश्चोरैर्विरोध्यब्दे विदेशगाः।।५१।।

मञ्जुमती टीका : विरोधी संवत्सर में राजा लोग छुभित होते हैं तथा प्रजाओं में भय की स्थिति बनी रहती है। तथा चोरों के द्वारा सबकुछ हरण कर लिया जाता हैं। लोग विदेश जाने लगते हैं।

प्रकृतिः प्रयाति विकृतिं विकृतिरपि प्रकृतिमायाति।
वर्षे विकृते सुजना निशाचरार्घप्रदा धरणी।।५२।।

मञ्जुमती टीका : विकृत संवत्सर में लोगों के प्रकृति में विकृति (विकार) होता है। तथा विकृति में प्रकृति आती है। पृथ्वी पर सज्जन लोग राक्षसों से पीड़ित रहते हैं।

नृपाः खराऽब्दे भुवि विक्रमेण सापत्न्यराष्ट्रान्प्रचलन्ति हन्तुम्।
रथेभपत्यश्वबलैर्वृतास्ते धात्री जनानन्दफलप्रदा स्यात्।।५३।।

मञ्जुमती टीका : खर संवत्सर में राजा लोग पृथ्वी पर अपने पराक्रम से शत्रु एवं अन्य राष्ट्रों को नष्ट करते हैं। रथ, हाथियों और सेना घोड़े के बल से पृथ्वी प्रजाओं को आनन्द देने वाली होती है।

आनन्ददा सुन्दरनन्दनाब्दे सम्पूर्णसस्यामितवारिवाहैः।।
फलैर्विचित्रामितपुष्पवृन्दैर्धरात्यसस्यादिफलं विनष्टम्।।५४।।

मञ्जुमती टीका : नन्दन संवत्सर में सुख, सुभिक्ष, शोक, नाश और धन-धान्य होता हैं तथा विचित्र फलों से युक्त, अधिक पुष्पों से युक्त पृथ्वी अत्यधिक अन्न आदि फलों को नष्ट करती है।

अतुलबलसमृद्धं पार्थिवेन्द्रस्य चक्रं।
पुरविषयहयादीन्हन्तुमुद्यच्च नित्यम्।।
प्रचलति भुवि चैवं तेऽपि सर्वे चलन्ति।
क्षितिरपि विजयाब्दे सस्यसम्पूर्णरम्या।।५५।

मञ्जुमती टीका : विजय संवत्सर में राजा लोग अत्यधिक बलशाली होते हैं। दूसरे नगर एवं घोड़ों आदि को नष्ट करने में उद्यत, पृथ्वी चलायमान होती है। तथा अन्य से पूर्ण रहती है।

यस्मिञ्जयाब्दे विरलार्घसस्या बलाधिका गोऽजवृषाश्वनागाः।
तथा धराधीशमहारणैश्च सीदन्ति गौडाः खलु गुर्जराश्च।।५६।।

मञ्जुमती टीका : जय संवत्सर में अन्न विरल होता है किन्तु गाय, बकरी, बैल, घोड़े तथा हाथी अत्यधिक बलवान होतें हैं तथा पृथ्वी के स्वामी युद्ध में लगे रहते हैं। गौड़ एवं गुर्जर देश के लोग पीड़ित रहते हैं।

जृम्भन्ति सर्वे विविधान्नपानैः कामोपचारैः पशवो मृगाश्च।
ते मन्मथाब्दे सवराः सचौराः सीदन्ति संन्यासिजना ह्यलब्धाः।।५७।।

मञ्जुमती टीका : मन्मथ संवत्सर में विविध अन्नपान के सेवन से सभी जभाई लेते हैं। पशु एवं मृग आदि कामुक भोग में लगे रहते हैं। शेष लोग एवं चोर तथा सन्यासी गण पीड़ित होते हैं और ठगे जाते हैं।

सुदुर्मुखाब्दे प्रलयं प्रयान्ति सस्यार्घधात्रीपतिमुख्यविप्राः।
प्रव्राजकव्रातकिरातचौरा लैंग्याश्च सर्वे खलु वर्द्धयन्ति।।५८।।

मञ्जुमती टीका : दुर्मुख संवत्सर में फसलों का नाश होता है। राजा तथा मुख्य ब्राह्मण लोग तथा प्रब्राजक श्रमिक किरात चोर तथा ब्रह्मचारी आदि की वृद्धि होती है।

धरामरा गोकुलराजवृन्दा धर्मप्रसक्ताः खलु हेमलम्बे।
सीदन्ति सर्वे विरलार्घसस्यैरवृष्टिभिः क्षुद्भयपीडिताश्च।।५९।।

मञ्जुमती टीका : हेमलम्ब संवत्सर में पृथ्वी देवता, गायों के समूह एवं राजाओं के समूह से युक्त एवं धर्म में आसक्त तथा सभी लोग पीड़ित होते हैं, और अवृष्टि के द्वारा लोग भूख से पीड़ित रहते हैं।

विलम्बिवर्षे त्वरिवृन्दरोगैः स्वल्पार्घवृष्ट्युद्धतचौरसंघैः।
निस्वाः प्रजाः सत्वविहीनमानविदेशगाः स्वोदरपूरणाय।।६०।।

मञ्जुमती टीका : विलम्ब संवत्सर में शत्रु एवं रोग से स्वल्प, वृष्टि, उद्धृत चोरों के समूह से प्रजा निर्धन होती है। बलहीन होने के कारण प्रजा अपने उदर पूर्ति के लिए विदेश चली जाती है।

स्तोकं जलं मुञ्चति वारिवाहस्तथापि नानाविधसस्यपूर्णा।
विकारिवर्षे निखिलां जनास्ते जीवन्ति नानाविधवृक्षमूलैः।।६१।।

मञ्जुमती टीका : विकारी संवत्सर में बादल थोड़े वर्ष बरसते हैं। तथापि अनेक प्रकार के अन्न से पृथ्वी पूर्ण रहती है। नाना प्रकार के वृक्षों एवं मूलों के द्वारा लोग जीवन धारण करते हैं।

शार्वरीशरदि भाति मेदिनी पूर्णसस्यजनवृन्दसङ्कुला।
अध्वरोत्सुकधराऽमरपूर्णा धर्ममार्गरतभूपकुलैश्च।।६२।।

मञ्जुमती टीका : शर्बरी संवत्सर में पृथ्वी शरद् ऋतु की भाँति सुशोभित होती है। लोग अन्न-धन से पूर्ण होते हैं। यज्ञ उत्सुक पृथ्वी देवताओं से पूर्ण होती है। तथा देवताओं का समूह धर्म मार्ग में रत रहता हैं

शुभकृच्छरदि विभाति क्षितिरतुलैर्मखमहोत्सवैः सततम्।
नीतिपथक्षितिपतिभिर्बहुविधसस्यार्घवृष्टिभिः सकला।।६३।।

मञ्जुमती टीका : शुभकृत संवत्सर में शरद् की भाँति पृथ्वी सुशोभित रहती है। हमेशा अत्यधिक यज्ञ एवं महोत्सव होते हैं। राजा लोग नीति के मार्ग पर चलते हैं। तथा अनेक प्रकार से सम्पूर्ण वृष्टि के द्वारा अनेक प्रकार से अन्नों की वृद्धि होती है।

शोभकृति क्षितिपतयो जृम्भन्ते विविधसैन्ययुताः।
क्षितिरपि भाति सुपुष्पितफलितवनारामतोयांशैः।।६४।।

मञ्जुमती टीका : शोभन संवत्सर में राजा लोग विविध सेना से युक्त होकर हुंकार भरते हैं। पृथ्वी सुन्दर फल, फूल, वन, बगीचा एवं जल से शोभायमान होती है।

प्लववर्षे निखिलजनाः स्थलजलभवपण्यजीविनस्तत्र।
बहुवृष्टिभिरखिलधरा प्लवसदृशा भवति जलमध्ये।।६५।।

मञ्जुमती टीका : प्लव संवत्सर में सम्पूर्ण लोक वर्षा अधिक होने पर व्यवसाय से जीविका चलाते है। तथा पृथ्वी जल मध्य में बहुत वृष्टि होने पर प्लव सदृश होती है।

क्रोधिनि शरदि निरन्तरक्षितिपतिकलहैर्विहीनधनाः।
फलमूलाशनवशगास्तथापि लोकाश्च वर्द्धन्तो।।६६।।

मञ्जुमती टीका : क्रोधी संवत्सर में शरद् ऋतु में निरन्तर राजा लोग कलह युक्त धनरहित हो जाते हैं तथा फल मूल भोजन होता है फिर भी प्रजा में वृद्धि होती है।

विश्वावसौ विविधसस्ययुता धरित्री नानाकरैः प्रचुरतोयदमेघवृन्दैः।
नानाविधक्रतुवरेषु विचित्रनादैर्भात्यङ्गवङ्गमगधा निहताश्च चौरैः।।६७।।

मञ्जुमती टीका : विश्वावसु संवत्सर में पृथ्वी अनेक अन्न से युक्त होती है। बादल अधिक वर्षा करते हैं। अनेक प्रकार से यज्ञ अनुष्ठन होते हैं। अङ्ग, बङ्ग, मगध प्रदेशों में चोरों से हत अनेक प्रकार के नाद होते हैं।

परिभवजनितक्लेशैर्निःसाराः सप्रजाः क्षितिपाः।
अतुलितसस्यसमृद्धां भूमिं भुक्त्वा पराभवाब्देऽपि।।६८।।

मञ्जुमती टीका : पराभव संवत्सर में अनेक कष्टों से प्रजा एवं राजा युक्त होते हैं। अत्यधिक अन्न से समृद्ध पृथ्वी का भोग करने पर भी कष्टों से प्रभावित रहते हैं।

अब्दे प्लवङ्गे प्रमदाजनास्तु कुर्वन्ति वैरं पुरुषेषु नित्यम्।
धराधिपक्षोभविघट्टिताभूस्तदा न सम्पूर्णफलप्रदायिनी।।६९।।

मञ्जुमती टीका : प्लवङ्ग संवत्सर में स्त्रियां पुरुषों से नित्य बैर करती हैं। राजा लोग छुभित रहते हैं। पृथ्वी पर संघर्ष रहता है। और सम्पूर्ण फल नहीं प्राप्त होता।

अवृष्टिचौराहवरोगवह्निभीतान् जनान्वीक्ष्य सुकीलकाब्दे।
भूर्जीवयामीति कथं विचार्य विचित्रनानाकरदा च तेभ्यः।।७०।।

मञ्जुमती टीका : सुकील संवत्सर में चोर, रोग, अग्नि को देखकर लोग भयभीत रहते हैं। पृथ्वी पर जीवन यापन कैसे किया जाय क्योंकि विचित्र या अनेक प्रकार के रोगों से लोग पीड़ित हो जाते हैं।

सुवृष्टिसस्यार्घधरा विभाति धर्मप्रसक्तक्षितिपोत्सवाद्यैः।
स्वमार्गसंसक्तजनैरजस्त्रं सौम्याह्वयाब्दे प्रविनष्टदोषैः।।७१।।

मञ्जुमती टीका : सौम्य संवत्सर में सब लोकों में बहुत अन्न जल हों। जल से पृथ्वी सुशोभित हों। राजा लोग धर्म में एवं उत्सव आदि में लगे रहें। और अन्य लोग निरन्तर अपने-अपने मार्गों में दोषों को नष्ट करते हुए लगे रहें।

विविधामयचोरभयं मध्यमवृष्ट्यर्घसस्यभयम्।
भुवि साधारणवर्षे निखिलजनानां च चोरभयम्।।७२।।

मञ्जुमती टीका : साधारण संवत्सर में पृथ्वी पर मध्यम वृष्टि हो एवं फसल को भय हो। विविध रोग एवं चोट के भय हों। तथा सम्पूर्ण लोगों को चोर का भय बना रहे।

कलहो निखिलजनानामीतिभयं स्याद्विरोधकृद्वर्षे।
धरणी सस्यसमृद्धाऽप्यविकलफलदायिनी सततम्।।७३।।

मञ्जुमती टीका : विरोधकृत संवत्सर में सम्पूर्ण लोगों में विरोध बढ़े। किन्तु पृथ्वी अन्न एवं फसल से समृद्ध हो तथापि अविकल फल देने वाली निरन्तर बनी रहे।

शुभफलदा परिधाविन्यतुलितबहुसस्यवृद्धिः स्यात्।
निखिलधराऽऽमयरहिता मध्यमदेशस्य नाशः स्यात्।।७४।।

मञ्जुमती टीका : परिधावी संवत्सर शुभ फल देने वाला हो, बहुत अतुलित अन्न की वृद्धि हो। सम्पूर्ण पृथ्वी रोग से रहित हो तथा मध्यम (मध्य) देश का नाश हो।

सस्यानामीतिभयं क्षुद्रंयमखिलप्रजानां च।
चोरभयं धनिकानां राजभयं च प्रमाद्यब्दे।।७५।।

मञ्जुमती टीका : (प्रमादी) संवत्सर में फसलों के लिए ईति का भय हो। प्रजा में रोग की पीड़ा हो। धनिकों के लिए चोर का भय तथा राजा का भय हो।

आनन्ददः स्थावरजङ्गमानामानन्दवर्षे विविधान्नपान्नैः।
तत्रातिरोगैर्विलयं प्रयान्ति कलिंगवङ्गा खशमाहिषाश्च।।७६।।

मञ्जुमती टीका : आनन्द संवत्सर में स्थावर जङ्गम सभी अनेक प्रकार के अन्न-पान से आनन्दित रहें। वहां अत्यधिक रोग के द्वारा कलिङ्ग, बङ्गाल, खस देशवासी और महिष देशवासी नष्ट हो।

रथाश्वहेमाम्बरलोहकारा वृद्धिं प्रयांत्यारकजीविनश्च।
विप्राः क्षितीशाः सुजनाः सुवृत्ता ये राक्षसाब्दे प्रभवन्ति निस्वाः।।७७।।

मञ्जुमती टीका : राक्षस संवत्सर में रथ, घोड़ा, सोना, वस्त्र, लोहकार एवं आरक जीवी की वृद्धि हो। तथा ब्राह्मण, राजा, सज्जन, एवं सुन्दर आचरण वाले जो लोग हों वे निर्धन हों।

यस्मिन्नलाब्दे विलयं प्रयान्ति मृगाश्च पक्षिव्रजकोकिलाश्च।
अन्ये च सर्वे नरगोकुलाद्याः प्रयान्ति वृद्धिं खलु मध्यदेशाः।।७८।।

मञ्जुमती टीका : नल संवत्सर में मृग, अश्व, पक्षी, बाज और कोयल नष्ट हो जाते हैं। जबकि अन्य सभी मनुष्य गोकुल आदि तथा मध्य देश वृद्धि को प्राप्त होते हैं।

ईतिभयं चोरभयं पिंगलवर्षे भवेन्न शत्रुभयम्।
स्तोकजलं निखिलभुवि द्विजसज्जनवैरमन्योन्यम्।।७९।।

मञ्जुमती टीका : पिङ्गल संवत्सर में ईति का भय हो, चोर का भय हो, शत्रु का भय नहीं हो, सम्पूर्ण पृथ्वी पर थोड़ा जल हो, तथा ब्राह्मण सज्जन आपस में बैर करें।

कालयुगाब्दे सततं विवैरिणाः सर्वधात्रीशाः।
अध्वरनिरता विप्राः क्वचित्क्वचिच्चौरवह्निभयम्।।८०।।

मञ्जुमती टीका : काल संवत्सर में निरन्तर सम्पूर्ण राजा लोग बैर रहित हों। और ब्राह्मण अपने रास्ते में लगे रहें। कहीं-कहीं चोर और अग्नि का भय भी होवें।

सुधातलमखिलं यद्बहुविधधान्यार्घसम्पूर्णम्।
विविधामयसर्पभयं वर्षे सिद्धार्थिसंज्ञे च।।८१।।

मञ्जुमती टीका : सिद्धार्थ संवत्सर में सब जगह अमृतमय हो जाय। बहुत प्रकार के धान्य से पृथ्वी पूर्ण हो। किन्तु अनेक प्रकार से रोग एवं सर्प का भय हो।

युद्ध्यन्ति क्षितिपतयः परस्परं हन्तुमुद्यताः सर्वे।
कोंकणदेशक्षितिपतिनिधनं तत्रैव रौद्राब्दे।।८२।।

मञ्जुमती टीका : रौद्र संवत्सर में राजाओं में परस्पर युद्ध तथा एक दूसरे को मारने के लिए उद्यत रहें। और कोंकण देश के राजा की मृत्यु हो।

दुर्मतिवर्षे वर्षति पर्जन्यः सततमम्बुधाराभिः।
निखिलजनानां हाटकमखिलं गृह्णन्ति कितवचौराश्च।।८३।।

मञ्जुमती टीका : दुर्मति संवत्सर में बादल निरन्तर जल की धारा बरसाते हैं। सम्पूर्ण लोगों का सम्पूर्ण सोना (धन) धोखेबाज और चोर हरण करते हैं।

दुन्दुभिवर्षे सततं विविधोत्सवनादपूरिता धरणी।
विविधफलसस्यपूर्णा विविधामयसंयुता नूनम्।।८४।।

मञ्जुमती टीका : दुंन्दुभि संवत्सर में पृथ्वी निरन्तर अनेक प्रकार के उत्सवों के नाद से पूर्ण रहती हैं। अनेक प्रकार के फल एवं अन्नों से तथा निश्चित ही अनेक प्रकार के रोगों से लोग युक्त होते हैं।

युद्धे भटप्रतिभटास्त्रविखण्डितानां।
रक्तं पिबन्त्यनुदिनं वसुधाधिपानाम्।।
यस्मिन् सदा रुधिरमुद्गिरति प्रवर्षे।
तस्मिन् सदा विरलसस्ययुता धरित्री।।८५।।

मञ्जुमती टीका : रुधिरोद्गारी संवत्सर में युद्ध के समय परस्पर योद्धाओं प्रतियोद्धाओं के अस्त्र से खण्डित होने पर राजाओं के रक्त का पान पृथ्वी करती है। और विरल अन्न से युक्त होती है।

रक्ताक्षिवर्षे सततं महीशाः परस्परं क्रोधपरा न योधाः।
विश्वम्भरा चोत्तमसस्यपूर्णा क्वचित्तदा नैवमहीनसस्या।।८६।।

मञ्जुमती टीका : रक्ताक्षी संवत्सर में निरन्तर राजा लोग आपस में क्रोध युक्त होते हैं। लेकिन लड़ते नहीं। और पृथ्वी उत्तम अन्न से पूर्ण होती हैं किन्तु कहीं अन्न नहीं भी होता।

गोधूमशाल्यादिवरेक्षुवाटनानाविधोद्यानतडागवप्रैः।
तैः क्रोधनाब्दे सकला धरित्री तथा न सन्तोषकरी जनानाम्।।८७।।

मञ्जुमती टीका : क्रोधन संवत्सर में गेहूं, धान तथा गन्ना से युक्त तथा नाना प्रकार के उद्यान, तालाब वापी से युक्त सम्पूर्ण पृथ्वी होती है। तथा लोगों में सन्तोष नहीं होता है।

नरानजानश्वखरोष्ट्रपक्षिमृगांश्च नागाखिलभूतराशीन्।
त्रिभागशेषं कुरुते क्षयाब्दे मही त्वनावृष्टिनृपाहवैश्च।।८८।।

मञ्जुमती टीका : क्षय संवत्सर में मनुष्य, बकरी, खच्चर, गधे, ऊँट, पक्षी तथा हाथी समूह का पृथ्वी में तीन भाग शेष रह जाते हैं अनावृष्टि एवं राजाओं के युद्ध के कारण अर्थात् एक तिहाई मनुष्य मर जाते हैं और पृथ्वी पर वृष्टि नहीं होती।

मेषगते सुरसचिवे मेषविनाशो भवेदचिरात्।
अतुलितसस्यसमृद्धिः क्षितिपतिकलहः प्रजायते क्षोभः।।८९।।

मञ्जुमती टीका : मेष राशि में बृहस्पति के होने पर भेड़ों का विनाश जल्दी होता है। किन्तु अन्न धन की समृद्धि बहुत अधिक होती है। तथापि राजाओं में कलह और क्षोभ उत्पन्न होता है।

शिशुपशुवनितानिचयो विलयं यान्ति द्वितीयगे जीवे।
क्षितिपतिकलहैः सततं मध्यमसस्यार्घदा धरणी।।९०।।

मञ्जुमती टीका : वृष राशि में बृहस्पति के जाने पर बालक, पशु तथा स्त्रियों का समूह नष्ट होता है। तथा राजाओं में निरन्तर कलह बना रहता है। किन्तु पृथ्वी पर मध्यम अन्न उत्पन्न होता है।

कलहरतक्षितिपतयो वारिधराश्चापि कुत्रचिज्जलदाः!
सस्यानां भवति भयं त्वाङ्गिरसे मिथुनराशिस्थे।।९१।।

मञ्जुमती टीका : मिथुन राशि में बृहस्पति के जाने पर फसलों को भय होता है। राजा लोग लड़ाई-झगड़े में लगे रहते हैं। बादल भी कही-कहीं वर्षा करते हैं।

अतुलितसस्यसमृद्धा भवति धरा वारिदाः पयोवाहाः।
निवसति कर्कटराशौ प्रभूतपयसस्तादा गावः।।९२।।

मञ्जुमती टीका : कर्क राशि में बृहस्पति के जाने पर पृथ्वी पर अतुलित अन्न-धन की समृद्धि होती है। बादल जल बरसने वाले होते हैं। गायें बहुत दूध देने वाली होती हैं।

विलयं यान्त्यवनीशाः संयति सुजनाऽवनीसुरा निस्वाः।
अनुपमवृष्टिभिरखिलं धरातलं वारिपूरितं हरिगे।।९३।।

मञ्जुमती टीका : सिंह राशि में बृहस्पति के जाने पर राजा नष्ट होते हैं। सज्जन एवं ब्राह्मण निर्धन (धनरहित) हो जाते हैं। अनुपम वृष्टि पृथिवी तल पर होती है। और पृथ्वी सदैव जल से पूर्ण रहती है।

अतुलितविभूतिसहिताः क्षितिपतयः सप्रजा नियतम्।
भूसुरनिकराः सततं वाध्वरनिरता भवन्ति युवतिस्थे।।९४।।

मञ्जुमती टीका : कन्या राशि में बृहस्पति के जाने पर अतुलित सम्पदा सहित राजा लोग प्रजा से युक्त होते हैं। किन्तु ब्राह्मण लोग निरन्तर यज्ञ में लगे रहते हैं।

तुलयोद्धतवस्तुचयं दुर्ल्लभमखिलं तुलागतेऽङ्गिरसि।
सुलभं त्वितरद्रव्यं तूत्तमसस्यार्घवृद्धिः स्यात्।।९५।।

मञ्जुमती टीका : तुला राशि में बृहस्पति के जाने पर प्रत्येक वस्तुएं तुला से उद्घृत होती हैं और दुर्लभ होती है। किन्तु दूसरे द्रव सुलभ होते हैं और उत्तम फसल की वृद्धि होती है।

बहुवृष्टिभिरखिलधरा बहुविधधान्यार्घसम्पूर्णा।
वृश्चिकराशौ जीवे सर्वे सुखिनोऽन्त्यजातिविलयः स्यात्।।९६।।

मञ्जुमती टीका : वृश्चिक राशि में बृहस्पति के जाने पर सभी सुखी होते हैं। किन्तु अन्त्य जाति नष्ट होती है। किन्तु सम्पूर्ण पृथ्वी अत्यधिक धन-धान्य से पूर्ण होती है।

संकरशवरनिशाचरनिधनं सुखिनः परे गुरौ धनुषि।
अचलाचलसदशाम्बुदनिकरैः सम्पूर्णवारिमयी।।९७।।

मञ्जुमती टीका : धनु राशि में बृहस्पति के जाने पर शंकर जाति, सबर जाति तथा राक्षस जाति का निधन होता है। तथा अन्य लोग सुखी होते हैं। पृथ्वी चलायमान तथा बादल समूहों से सम्पूर्ण जलमयी हो जाती है।

गुरौ मृगस्थेऽम्बुधराः प्रकामं वर्षन्ति वाप्यौघतडागपूर्णा।
शरीरिणां स्थावरजङ्गमानामानन्ददाभीष्टफलैर्धरित्री।।९८।।

मञ्जुमती टीका : मकर राशि में बृहस्पति के जाने पर पृथ्वी पर बहुत वर्षा होती है। वापी तथा तालाब पूर्ण हो जाते हैं। शरीर धारी स्थावर एवं जङ्गम प्राणियों को आनन्द देने वाले तथा पृथ्वी अभीष्ट फल देने वाली होती है।

विवैरिणाः सर्वधराधिनाथाः सीदन्ति पापाश्च कलिंगगौडाः।
कुम्भस्थिते देवगुरौ धरित्री पुष्पैः फलैरुत्तमसस्यरम्या।।९९।।

मञ्जुमती टीका : कुम्भ राशि में बृहस्पति के जाने पर सम्पूर्ण राजा लोग बैर रहित हो जाते हैं। किन्तु कलिङ्ग और गौड़ देशवासी पाप से पीड़ित होते हैं किन्तु पृथ्वी फूल-फल तथा उत्तम फसल से रमणीय हो जाती है।

नानाविधोद्यानतडागसस्यमहोत्सवानेकमखक्रियाद्यैः।
मीनस्थिते देवगुरौ धरित्री रम्या क्षितीशाः सुखिनः प्रजाश्च।।१००।।

मञ्जुमती टीका : मीन राशि में बृहस्पति के जाने पर नाना प्रकार के उद्यान, तालाब, अन्य महोत्सव तथा अनेक यज्ञादि क्रियाओं से पृथ्वी शोभायमान होती है। राजा तथा प्रजा सुखी हो जाते हैं।

कुन्देन्दुशंखस्फटिकप्रवालनीहारमुक्ताफलसन्निभाभः।
एवंविधो देवगुरुर्जनानां शुभप्रदः क्लेशनिवारकश्च।।१०१।।

मञ्जुमती टीका : चन्द्रमा के समान, शंख, स्फटिक, मूंगा तथा बर्फ, मोती के फल के समान आभा वाला बृहस्पति जब उदित होता है। तो लोगों के

लिए शुभ फल देने वाला होता है। तथा कष्ट का निवारण करने वाला हो जाता है।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
गुरुचाराध्यायः षष्ठः।।६।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में
गुरुचाराध्यायनामक छंठें अध्याय का हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथ शुक्रचाराध्यायः ७।

शुक्रचार में नौ बीथिका, तीन मार्ग और छः मण्डल होते हैं। ये नौ बीथियां हैं। १. नाग २. गज, ३. ऐरावत, ४. वृष, ५. गो, ६. जरद्गौ, ७. मृग, ८. अज, ९. दहन। तीन मार्ग हैं – उत्तर, मध्य और दक्षिण। इन्हीं नौ बीथियों में शुक्र का गमन होता है। इसे विस्तार से बताया जा रहा है।

मध्यमरेखानियतं गोवीथिर्भवति मध्यरेखातः।
वृषभैरावतगजनागाख्या वीथयः कुबेरदिग्भागे।।१।।

मञ्जुमती टीका : मध्य मार्ग में नियत मध्यम रेखा से गोबीथी होती है। वृषभ, ऐरावत, गज, नाग, बीथी, कुबेर के दिक्भाग अर्थात् उत्तर मार्ग में होती हैं।

दक्षिणतोऽपि जरद्गवमृगाजदहनाश्च नवभेदाः।
बीथेरेकैकस्यार्क्षत्रितयं क्रमेण धिष्ण्यानि।।२।।

मञ्जुमती टीका : दक्षिण मार्ग में जरद्गौ, मृग, अज तथा दहन बीथियां होती हैं। ये कुल नौ भेद से कही गयी हैं। इन बीथियों के एक-एक में तीन-तीन नक्षत्र क्रमशः हुआ करती हैं।

दिनकरधिष्ण्यात्त्रितयं गोवीथिगतं द्विदैवधिष्ण्यातः।
द्वादश भानि क्रमशो दक्षिणवीथेश्चतुष्टयस्थानि।।३।।

मञ्जुमती टीका : हस्त नक्षत्र से तीन नक्षत्र अर्थात् हस्त, चित्रा, स्वाती, गोबीथी के अन्तर्गत और विशाखा नक्षत्र से बारह नक्षत्र तक क्रमशः जरद्गौ, मृग, अज एवं अग्नि चार स्थानों में बारह नक्षत्र आ जाते हैं।

आश्विनभादिद्वादशधिष्ण्यान्युत्तरवीथेश्चतुष्टयस्थानि।
अथ कथयामि नवानां वीथीनां फलानि तान्यधुना।।४।।

मञ्जुमती टीका : अश्विनी नक्षत्र से बारह नक्षत्र अर्थात् अश्विनी, भरणी, कृत्तिका नागबीथी रोहिणी, मृगशिरा एवं आर्द्रा गजबीथी के अन्तर्गत पुनर्वसु

पुष्य एवं आश्लेषा ऐरावत बीथी के अन्तर्गत तथा मघा पूर्वा फाल्गुनी एवं उत्तरा फाल्गुनी वृष बीथी के अन्तर्गत आते हैं। अब इन नौ बीथियों के फलों को इस समय कहा जा रहा है।

नागवीथिविचरन्भृगोः सुतः पश्चिमदिशि च वृष्टिनाशकृत्।
क्षेमकृत्सुखकरो गजवीथ्यांमर्घवृद्धिमतुलां करोति सः।।५।।

मञ्जुमती टीका : नाग बीथी के अन्तर्गत विचरण करता हुआ शुक्र पश्चिम दिशा में वृष्टि का नाश करता है। किन्तु गज बीथी के अन्तर्गत गमन करने पर कल्याण एवं सुख के साथ अत्यधिक मंहगाई करता है।

शालीक्षुगोधूमयवादिसस्यसम्पूर्णधात्री नितरां विभाति।
ऐरावतोक्षाह्वययोश्च वीथ्योः स्थिते सिते संयति राजनाशः।।६।।

मञ्जुमती टीका : ऐरावत एवं नाग बीथी में विचरण करने पर शुक्र धान, गन्ना, गेहूं, जौ आदि फसलों से सम्पूर्ण पृथ्वी शोभायमान होती है। किन्तु राजा का नाश होता है।

गोवीथिगे दैत्यपुरोहिते भूर्विभाति नानाविधसस्यवृद्ध्या।
जरद्गवायां मृगसंज्ञितायां मध्यार्घवृष्टिर्महदाहवश्च।।७।।

मञ्जुमती टीका : गो बीथी में शुक्र के भ्रमण करने पर पृथ्वी अनेक प्रकार के अन्नों की वृद्धि से शोभायमान होती है। जबकि जरद्गौ एवं मृग बीथी में शुक्र के गमन करने पर मध्यम मंहगाई तथा मध्यम वृष्टि होती है।

क्षितीशसंग्रामजभीतिरीतिर्वह्नेर्भयं वारिभयं जनानाम्।
अजाग्निवीथ्योरतुलाग्निभीतिः क्वचित्क्वचिद्वर्षति वासवोऽपि।।८।।

मञ्जुमती टीका : अज और अग्नि बीथी में शुक्र के गमन करने पर राजाओं में परस्पर युद्ध का भय, ईति का भय, अग्नि का भय तथा लोगों को जल का भय बना रहता है। मेघ भी कहीं-कहीं बरसते हैं।

उदग्वीथिषु दैत्येज्यश्चस्तगश्चोदितोऽपि च।
सुभिक्षकृन्मध्यवीथ्यां सामान्यो याम्यगोत्रभः।।९।।

मञ्जुमती टीका : यदि उत्तर बीथी स्थित शुक्र का उदय या अस्त हो तो सुभिक्ष होता है। और मध्य बीथी में हो तो सामान्य तथा दक्षिण बीथी में कष्ट देने वाला होता है।

स्वातीत्रये पूर्वदिशि पश्चिमे पितृपञ्चके।
अनावृष्टिकरः शुक्रो विपरीतः सुवृष्टिकृत।।१०।।

मञ्जुमती टीका : स्वाती से तीन नक्षत्र अर्थात् स्वाती, विशाखा और अनुराधा। पूर्व दिशा में मघा आदि पांच नक्षत्रों में अर्थात् मघा, पूर्वा फाल्गनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त एवं चित्रा। पश्चिम दिशा में उदय या अस्त हो रहा हो तो शुक्र अनावष्टि करने वाला होता है। किन्तु इसके विपरीत रहने पर सुभिक्ष करता है।

दृष्टः समस्तदिवसे भयदश्चामयोद्भवः।
दिनार्द्धं प्रति दृष्टश्चेत्परेषां बलभेदकृत।।११।।

मञ्जुमती टीका : यदि यह सम्पूर्ण दिन दिखाई पड़े तो भय देने वाला और रोग को उत्पन्न करने वाला होता है। यदि दिनार्द्ध के बाद दिखाई पड़े तो परस्पर एक दूसरों में तथा सेना में भेद करता है।

भिनत्ति रोहिणीचक्रं शुक्रः पैतृभतारकम्।
यदा तदा करोत्येनां कपालास्थिमयीं धराम्।।१२।।

मञ्जुमती टीका : यदि शुक्र रोहिणी चक्र का अथवा मघा नक्षत्र का भेदन करें तब सम्पूर्ण पृथ्वी को अस्थि और कपालमयी कर देता है।

कृष्णाष्टम्यां चतुर्दश्याममायां यदि भार्गव।
उदयं चास्तमनं च करोत्यम्बुमयीं क्षितिम्।।१३।।

मञ्जुमती टीका : कृष्ण पक्ष की अष्टमी, चतुर्दशी अथवा अमावस्या को यदि शुक्र उदय या अस्त होता हो तो सम्पूर्ण पृथ्वी को जलमयी बना देता है।

प्राक्पश्चिमस्थौ सुरदानवेज्यौ परस्परं सप्तमराशिसंस्थौ।
तदा जनानां भयदो जलाग्निरोगास्त्रचौराग्निनिशाचरेभ्यः।।१४।।

मञ्जुमती टीका : यदि बृहस्पति और शुक्र राशि परस्पर पूर्व या पश्चिम कहीं भी स्थित हो जायें तब लोगों को रोग जल, अग्नि, अस्त्र, चोर तथा राक्षसों से भय देने वाले होते हैं।

अग्रगाः पृष्ठगा वापि खेटाः सन्निहिता रवेः।
तदाऽतिवृष्टिं कुर्वन्ति न चेन्नीचारिराशिगः।।१५।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य से आगे या पीछे ग्रह स्थित हों और नीच और शत्रु राशि में न गये हों तो अतिवृष्टि करते हैं।

चत्वारः पञ्च वा खेटा बलिनस्त्वेकराशिगाः।
राजाहवभयं दध्युरर्घमामयभीतिदाः।।१६।।

मञ्जुमती टीका : चार या पांच ग्रह बली होकर एक राशि में स्थित हो जायें तो राजा के लिए भय देने वाले तथा मंहगाई एवं रोग का भय देते हैं।

यदा प्रतीपगौ खेटौ नृपसंक्षोभदौ तदा।
प्रतीपगास्त्रयो यत्र युद्धवृष्टिभयप्रदाः।।१७।।

मञ्जुमती टीका : जब विपरीत अर्थात् वक्री दो ग्रह हों तो राजा को क्षोभ देने वाले होते हैं, और तीन ग्रह वक्री हो जायें तब युद्ध या भय देने वाले होते हैं।

राजान्यत्वं च कुर्वन्ति चत्वारो यदि वक्रितः।
प्रतीपगाः पञ्च खेटा राजराष्ट्रविनाशदाः।।१८।।

मञ्जुमती टीका : यदि चार ग्रह वक्री हो जायें तो राजा के लिए अन्यथा करते हैं तथा पांच ग्रह वक्री होने पर राज्य और राष्ट्र को विनाश देने वाले होते हैं।

वक्रेन्दुकुन्दकुमुदस्फटिकप्रवालवैदूर्यशंखदधिपुष्पमहिमोपमाभः।
मुक्ताफलप्रकरतुल्यविशालकान्तिरेवंविधोभृगुसुतः शुभदो नराणाम्।।१९।।

मञ्जुमती टीका : वक्र चन्द्रमा के समान, कुन्द पुष्प के समान, कुमुद पुष्प के समान, स्फटिक के समान, मूंगा के समान, बैदूर्य मणि के समान, शंख के समान, दही के समान तथा पुष्प के समान कान्ति वाला अथवा मोती के

दानों के समान, विशाल कान्ति वाला शुक्र हो तो इस प्रकार का शुक्र लोगों के लिए शुभद हो जाता है।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
शुक्रचाराध्यायः सप्तमः।।७।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में
शुक्रचाराध्यायनामक सातवें अध्याय का हिन्दी अनुवाद
पूर्ण हुआ।

अथ शनिचाराध्यायः ८।

रौद्रार्कवारीशमरुद्द्विदैवमुकुन्दभेष्वश्वर्कसुतः करोति।
चरन् सुभिक्षं विपुलं पृथिव्यां गौडाश्मकाश्मीरपुलिन्दहानिः।।१।।

मञ्जुमती टीका : आर्द्रा, हस्त, शतभिषा, स्वाती, विशाखा तथा श्रवण नक्षत्रों में शनि भ्रमण करता है। तो पृथ्वी अधिक सुभिक्ष युक्त होती है। किन्तु गौड़ देशवाले, अश्म, काश्मीर तथा पुलिन्द लोगों की हानि होती है।

मैत्राख्यसंक्रंदनपौष्णभेषु चरन् सदा सूर्यसुतः करोति।।
ईतेर्भयं व्याधिभयं प्रजानां कलिंगवाह्लीकजनाभिवृद्धिम्।।२।।

मञ्जुमती टीका : अनुराधा भरणी, रेवती नक्षत्रों में जब शनि भ्रमण करता है। तब प्रजाओं में ईति का भय तथा रोग का भय होता है। किन्तु कलिङ्ग, बाह्लीक स्थान के लोगों की अभिवृद्धि होती है।

तयोरहिर्बुध्न्यभयाम्ययोश्च धराधिपानां कलहस्त्ववृष्टिः।।
अनुक्तभेष्वर्कसुतः प्रजानां चरन् तदा मध्यमवृष्टिदः स्यात्।।३।।

मञ्जुमती टीका : उत्तराभाद्रपद एवं पूर्वाभाद्रपद में जब शनि भ्रमण करता है। तब राजाओं में कलह होती है। और वृष्टि नहीं होती। जो नक्षत्र नहीं कहे गये हैं इनमें यदि सूर्य पुत्र भमण करें तब प्रजाओं के लिए मध्यम वृष्टि देने वाला होता है।

कीटाजप[illegible]नकर्कटेषु चरञ्छनिः क्षुद्रपदः प्रजानाम्।।
वृष्टेर्भयं कु[illegible]वदामयश्च तथापि जीवन्ति जनाः कथंचित्।।४।।

मञ्जुमती टीका : वृश्चिक, मेष, सिंह तथा कर्क राशियों में जब शनि भ्रमण करता है तो छोटे पदों वाले प्रजाओं को अनुकूल किन्तु वृष्टि का कही-कहीं भय, फिर भी लोग जिस किसी प्रकार से जीवित रहते हैं।

कन्यानृयुग्गोघटचापसंस्थः स्वक्षेत्रसंस्थोऽपि शुभप्रदः स्यात्।।
वङ्गाङ्गकाश्मीरकलिंगगौडसौराष्ट्रदेशेष्वशुभप्रदः स्यात्।।५।।

मञ्जुमती टीका : कन्या राशि, मिथुन राशि, वृष राशि, कुम्भ राशि तथा धनु राशि स्थित होने पर अपने क्षेत्र पर स्थित होने पर लोगों के लिए शुभप्रद रहता है। बङ्गाल, बिहार तथा काश्मीर, कलिङ्ग, गौड़ एवं सौराष्ट्र देश के लिए अशुभ हो जाता है।

प्रक्षुभ्यन्ति क्षितीशाः प्रचलितवसुधा मोदते दस्युवर्गो।
धीभ्रंशो बुद्धिभाजां जनपदहरणं चित्रवर्षी पयोदः।।
चन्द्राकौं मन्दरश्मी ग्रहगणसहितो वान्ति वाताः प्रचण्डाः।
चक्राकारं समग्रं भ्रमति जगदिदं मीनगे सूर्यसूनौ।।६।।

मञ्जुमती टीका : जब सूर्य पुत्र शनि मीन राशि में जाता है उस समय राजा लोग क्षुभित होते हैं। पृथ्वी चलायमान हो जाती है। चोरों, डाकुओं का समूह हर्षित हो जाता है। बुद्धिमानों की बुद्धि नष्ट हो जाती हैं। जनपद का हरण होता है। बादल विचित्र वर्षा करते हैं। सूर्य और चन्द्रमा की किरणें ग्रहगणों के साथ मन्द पड़ जाती हैं। प्रचण्ड आँधी चलती है। और सम्पूर्ण जगत् चक्राकार भ्रमण करने लगता है।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
शनिचाराध्यायोऽष्टमः।।८।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में
शनिचाराध्यायनामक आठवें अध्याय का
हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथ राहुचाराध्यायः ९।

प्रच्छन्नामररूपं धृत्वा राहुः सुधाप्रदानेऽभूत्।
हरिरपि निखिलं ज्ञात्वाच्छिनद्धि चक्रेण तच्छीर्षम्।।१।।

मञ्जुमती टीका : अमृत बाँटने के समय राहु छिपकर देवता का रूप धारण करके अमृत प्राप्त कर लिया। भगवान विष्णु सब कुछ जानकर चक्र के द्वारा उसका सिर काट डाले।

अमृतमयत्वान्नत्वा हरिं शिर उवाच विस्मिते सदसि।
दातव्या ग्रहसमता गतोऽस्मि मां रक्ष तव शरणम्।।२।।

मञ्जुमती टीका : अमृतमय हो जाने के कारण उसका सिर भगवान को प्रणाम करके सभा को आश्चर्यचकित करते हुए बोला कि मैं आपकी शरण में आया हूँ। मेरी रक्षा करें। मुझे ग्रहों की बराबरी देनी चाहिए।

दत्त्वाष्टमग्रहत्वं पीतो विससर्ज तं राहुम्।
धातृवराच्चन्द्रमसं तुदति ततः सर्वपर्वणि च।।३।।

मञ्जुमती टीका : अमृत पी लेने के बाद उस राहु को आठवें ग्रह का स्थान देकर छोड़ दिया। विधाता के वरदान से वह सभी पर्वों पर चन्द्रमा को कष्ट देता है।

अवनतिविक्षेपवशाद्दूराद्दूरं गतः सततम्।
षण्मासाभ्यन्तरिताद्ग्रहणं प्रायेण सम्भवति।।४।।

मञ्जुमती टीका : अवनति और विक्षेप के कारण दूर से दूर निरन्तर गमन होने के कारण छः महीने के अन्दर प्रायः ग्रहण सम्भव होता है।

राहुरसौ दनुजत्वाद्भुजगाकारेण गृह्णाति।
भूगोलाधोभागे दर्पणसदृशे रवौ सदा भ्रमति।।५।।

मञ्जुमती टीका : वह राहु राक्षस होने के कारण सर्प के आकार से

सदा भ्रमण करता हुआ भूगोल के आधे भाग में दर्पण सदृश सूर्य को ग्रहण करता है।

उद्भूताखिलधरणीछाया छादयति सेन्दुमुपरिस्थम्।
स्थगयति रविमुपरिस्थं पश्चदागत्य शीघ्रगश्चन्द्रः।।६।।

मञ्जुमती टीका : सम्पूर्ण पृथ्वी की छाया उद्‌भूत होकर चन्द्रमा को ऊपर से ढक लेता है। और सूर्य को ऊपर से स्थित होकर ढकता है। पश्चिम भाग से आकर शीघ्र चन्द्रमा को ग्रहण करता है।

गणितस्कन्धाज्ज्ञात्वा सृष्ट्यादेरिष्टपर्वपर्यन्तम्।
पर्वसमूहं यत्तत्सप्तभिरवशिष्टपर्वेशाः।।७।।

मञ्जुमती टीका : गणित स्कन्द से ज्ञान करके सृष्ट्यादि से इष्ट पर्व अर्थात् ग्रहण लगने के पर्व पर्यन्त पर्व समूहों के सात स्वामी अर्थात परिवेश कहे गये हैं।

धातृशशीन्द्रकुबेरा वरुणाऽग्नियमाश्च विज्ञेयाः।
एषां पर्वेशानां क्रमशस्तु फलानि वक्ष्यन्तो।।८।।

मञ्जुमती टीका : धात्री, चन्द्रमा, इन्द्र, कुबेर, वरूण, अग्नि और यम क्रमशः जानने चाहिए। इन परिवेश के स्वामियों के फलों को क्रमशः कहा जा रहा है।

ब्राह्मये पर्वणि सम्यग्द्विजगोपसुवृद्धिरपरिमिता।
सौम्ये पर्वणि तद्वत्सज्जनहानिस्त्ववृष्टिजाद्भीतिः।।९।।

मञ्जुमती टीका : यदि ब्रह्म पर्व में ग्रहण हो तो ब्राह्मण और गोपों की वृद्धि हो ती है। जबकि चान्द्र पर्व में उसी प्रकार सज्जनों की हानि तथा अनावृष्टि से भय होता है।

शारदसस्यविनाशः क्षितिपतिकलहः सुवृष्टिरैन्द्रे स्यात्।
धनिकानां धनहानिस्त्वतुला वृष्टिश्च कौबेरे।।१०।।

मञ्जुमती टीका : ऐन्द्र पर्व में ग्रहण होने से शरद् ऋतु में धान्य का नाश होता है। राजाओं में कलह होता है। तथा सुन्दर वृष्टि होती है। किन्तु कौबेर

पर्व में ग्रहण होने पर धनिकों के धन की हानि किन्तु अत्यधिक वृष्टि होती है।

निखिलजनानां वृद्धिः क्षेमकरी वारुणे च नृपहानिः।
आग्नेये चाग्निभयं त्वतुला वृष्टिः क्षितीशकलहश्च।।११।।

मञ्जुमती टीका : वारूण पर्व में ग्रहण होने से राजाओं की हानि लेकिन सम्पूर्ण प्रजाओं की वृद्धि तथा कल्याण होता है। जबकि अग्नि पर्व में अग्नि भय, अत्यधिक वृष्टि तथा राजाओं में कलह होता है।

दुर्भिक्षकरं याम्यं लोकानां भीतिदं सततम्।
पर्वाधिपफलमुक्तं यत्तज्ज्ञातव्यं चेन्द्विनोर्ग्रहणे।।१२।।

मञ्जुमती टीका : याम्य पर्व में ग्रहण होने पर दुर्भिक्ष होता है। और निरन्तर लोगों को भय बना रहता है। इस प्रकार से पर्वो के स्वामियों का फल कहा गया है। इसका ज्ञान चन्द्र ग्रहण में कर लेना चाहिए।

यद्येकस्मिन्मासे चन्द्रार्कोपपप्लवो यदा भवति।
आतङ्कानर्घभयं क्षितिपतिकलहं विजानीयात्।।१३।।

मञ्जुमती टीका : यदि एक मास में सूर्य एवं चन्द्रग्रहण हो तो आतंक एवं मंहगाई होती है तथा राजाओं में परस्पर कलह जानना चाहिए।

उदगयनेऽर्कग्रहणं भवति च यदि वा शशाङ्कस्य।
द्विजसज्जननृपहानिर्भवति परेषां च दक्षिणे त्वयने।।१४।।

मञ्जुमती टीका : उत्तरायण में सूर्यग्रहण या चन्द्रग्रहण हो रहा हो तो ब्राह्मण, सज्जन एवं राजा की हानि होती है। जबकि दक्षिणायन में ग्रहण होने पर अन्य दूसरे लोगों की हानि होती है।

ग्रस्तोदयगेऽस्तमिते शारदसस्यावनीशनाशः स्यात्।
क्षुद्भयमामयभयदं निखिलग्रहणं भवेद्यदि वा।।१५।।

मञ्जुमती टीका : सूर्यग्रहण या चन्द्रग्रहण यदि ग्रस्तोदय हो अथवा ग्रहण के साथ अस्त हो रहा हो तो शरद् ऋतुओं के फसलों तथा राजा का नाश करता है। यदि सम्पूर्ण ग्रहण हो जाय तो क्षुदभय तथा रोग का भय देता है।

सव्यापसव्यलेहग्रसननिरोधावमर्द्दनामर्द्दाः ।
आघ्रान्तं मध्यतमस्तमोऽन्त्या इति ते दश ग्रासाः।।१६।।

मञ्जुमती टीका : सब्य, अपसब्य, लेह, ग्रसन, निरोध, अवमर्दन, आमर्द (आरोह),आघ्रात, मध्यतम तथा तमोन्त्य नाम के सूर्य और चन्द्र के दस ग्रास होते हैं।

सव्यगते तमसि सति सर्वग्रासः शुभप्रदो जगतः।
अपसव्ये तमसि सति त्वपसव्याख्या क्षितीशसंक्षोभः।।१७।।

मञ्जुमती टीका : यदि ग्रहण समय में सूर्य या चन्द्रमा के सब्य (दक्षिण भाग) में होकर राहु गमन करे अथवा सर्वग्रास ग्रहण हो जाय तो संसार के लिए शुभप्रद होता है। जबकि अपसब्य (बाम भाग) में राहु होकर गमन करे तो बामाचारी तथा राजा के लिए क्षोभ उत्पन्न करता हैं।

परितो जिह्वालीढः स ग्रासो मण्डलस्य लेहनो नाम्ना।
प्रीतिदमखिलजनानां सुवृष्टिदं सर्वसस्यानाम्।।१८।।

मञ्जुमती टीका : यदि सूर्य या चन्द्रग्रहण को राहु जिह्वा के समान चाटता हो तो लेह नाम का ग्रास होता है। यह सम्पूर्ण लोगों को प्रीति देने वाला, सुन्दर वृष्टि देने वाला तथा धान्यों को देने वाला होता है।

अर्द्धादूनं ग्रहणं ग्रसनं विविधामयप्रदं जगतः।
स्पर्शविमर्द्दान्मोक्षविमर्द्दमधिकं यदा भवति।।१९।।

मञ्जुमती टीका : यदि सूर्य या चन्द्रग्रहण बिम्ब के आधे से कम ग्रहण हो तो अथवा स्पर्श और मोक्ष तृतीयांश या चर्तुथांश बिम्ब का हो तो संसार को विविध रोग प्रदान करता है।

स निरोधो विज्ञेयस्त्वनिष्टदः सर्वभूतानाम्।
मण्डलमधिकं पीत्वा कंचित्कालं विलंब्य स निवृत्तः।।२०।।

मञ्जुमती टीका : यदि अधिक मण्डल बिम्ब को पान कर कुछ विलम्ब से मोक्ष हो तो इसे निरोध नामक ग्रहण जानना चाहिए और यह सम्पूर्ण प्राणियों को हानि करने वाला होता है।

स विमर्दो विज्ञेयः स च हानिकरश्च जन्तूनाम्।
मागधगौडकिरातद्रविडानामामयश्च नियमेन।।२१।।

मञ्जुमती टीका : विमर्द नामक ग्रहण सम्पूर्ण प्राणियों को कष्टकारी तथा मगध, गौड़ किरात तथा द्रविड़ देशवालों को नियमपूर्वक रोग देता है।

आवृत्त्यारोहणवच्चक्राकारेण दृश्यते तमःपटलम्।
स च मर्दो विज्ञेयः समस्तराष्ट्रस्य नाशकरः।।२२।।

मञ्जुमती टीका : यदि सूर्य या चन्द्रग्रहण के बाद पुनः लौटकर उसी क्षण राहु या ग्रहण दिखाई दे तो मर्द नामक ग्रास होता है। यह सम्पूर्ण राष्ट्र का नाशकारी होता है।

नोट : इस मर्द ग्रास को आरोहण नामक ग्रास कहा गया है। यह ग्रहण गणित से सम्भव नहीं है। यदि ऐसा ग्रहण कभी दिखाई पड़े तो उसको उत्पात रूप ही जानना चाहिए। यहां महर्षि वशिष्ठ ने इस बात को पितामह संहिता के अनुसार कहा है।

मुकुरोपरि निश्वासानीलसदृशं दृश्यते तमश्छत्रम्।
आघाताह्वयमखिलं शुभप्रदं सर्वजन्तूनाम्।।२३।।

मञ्जुमती टीका : यदि वाष्प युत निश्वास वायु से मलिन दर्पण की भाँति सूर्य या चन्द्रमा का मण्डल दिखाई दे तो इसे आघात नामक ग्रास कहते हैं। यह सम्पूर्ण प्राणियों के लिए शुभ देने वाला होता है।

मध्ये तमसाऽविष्टं वितमस्कं सर्वमण्डलं परितः।
तन्मध्यतमस्पर्शो मध्यमदेशस्य नाशकरः।।२४।।

मञ्जुमती टीका : यदि छाद्य बिम्ब का मध्य भाग राहु से ढका हो और चारों ओर निर्मल हो तो मध्यतम नामक ग्रास होता है। यह मध्यम देश का नाश करता है।

नोट : छाद्य (सूर्य) बिम्ब से छादक (चन्द्र) बिम्ब के अल्प होने के कारण यह ग्रास सूर्यग्रहण में ही हो सकता है। पर छाद्य (चन्द्र) बिम्ब से छादक (भूमा) बिम्ब के अत्यधिक होने के कारण चन्द्रग्रहण में ऐसी स्थिति कभी नहीं हो सकती। अतः सूर्यग्रहण बलयग्रहण और चन्द्रग्रहण खग्रास होता

है।

पर्यन्ते भवति तमो न तु मध्ये तमोऽन्तकः सोऽपि।
ईतिभयं सस्यानां डामरमधिकं भवेत्तत्र।।२५।।

मञ्जुमती टीका : यदि सूर्य या चन्द्रमण्डल के क्रान्त भाग में किन्तु मध्य भाग में नहीं राहु देखने में आवे तो तमोन्त्य नामक ग्रास होता है। इसमें धान्यों को ईति का भय तथा अधिक चोरों का भय होता है।

क्षेमसुभिक्षं श्वेते राहौ पीडां च विप्रमुख्यानाम्।
अनलभयं त्वनिलनिभे पीडा स्याद्वह्निजीविनां सम्यक्।।२६।।

मञ्जुमती टीका : यदि सूर्य या चन्द्र के ग्रहण समय में राहु का वर्ण श्वेत हो तो क्षेम सुभिक्ष तथा ब्राह्मणों को पीड़ा होती है। अग्नि के समान वर्ण होने पर अग्नि का भय तथा अग्नि से जीवन यात्रा चलाने वाले (स्वर्णकार एवं लौहकार) आदि को पीड़ा होती है।

हरिते त्वामयभीतिः सस्यानामीतिरोगभयम्।
कपिले शीघ्रगसत्वैर्भयमत्युग्रं च शवरजातीनाम्।।२७।।

मञ्जुमती टीका : ग्रहण के समय यदि हरित वर्ण का राहु हो तो रोगों की वृद्धि और ईतियों के द्वारा धान्यों का नाश होता है। तथा कपिल (कुछ पीला) वर्ण का होने पर जल्दी चलने वाले प्राणियों को भय तथा शबर जाति का नाश होता है।

दिनकररश्मिसमाने दुर्भिक्षं पक्षिसंघपीडा च।
धूम्रनिभाः क्षेमकराः सस्यानां मन्दवृष्टिदः सततम्।।२८।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य के वर्ण के समान होने पर दुर्भिक्ष और पक्षी समुदाय को पीड़ा होती है। धूम्र वर्ण को हो तो धान्यों के लिए कल्याणकारी तथा मन्द वृष्टि देने वाला होता है।

कापोतारुणसदृशः श्यामनिभो वाऽऽमयं च दुर्भिक्षम्।
अतिकृष्णं शूद्राणां व्याधिकरं भीतिदं च नरपाणाम्।।२९।।

मञ्जुमती टीका : कबूतर के समान, लाल वर्ण, श्याम वर्ण को होने पर

रोग एवं दुर्भिक्ष का भय देता है। अत्यधिक काला वर्ण होने पर शूद्रों के लिए व्याधि करने वाला तथा राजाओं को भय देने वाला होता है।

मरकतमणिपीतश्चेद्वैश्यध्वंसी सुभिक्षकरः।
गैरिकसदृशे युद्धं विद्युत्सदृशे च वह्निभयम्।।३०।।

मञ्जुमती टीका : मरकत मणि (पन्ना) के समान अथवा पीत वर्ण का हो तो वैश्यों का नाश करने वाला और सुभिक्ष करने वाला होता है। जबकि दैविक (गेरू) के समान होने पर युद्ध तथा बिजली के समान होने पर अग्नि का भय करता है।

दूर्वासमानवर्णे हारिद्रे वायुरुग्भयं जगतः।
पाटलकुसुमसमानस्त्वशनाद्धीतिप्रदो राहुः।।३१।।

मञ्जुमती टीका : यदि दूर्वा अर्थात् दूब के समान वर्ण हो अथवा हल्दी की भाँति पीले रंग को हो तो वायु का रोग संसार को देता है। यदि पाटल (गुलाब) के फूल के समान राहु का वर्ण हो तो बज्र (बिजली) गिरने का भय अथवा भोजन का अभाव प्राणियों में होता है।

पंकविदूषितरूपः क्षत्रियकुलनाशदस्त्ववृष्टिकरः।
बालार्काबुजसदृशस्त्त्वाहवदस्त्विन्द्रचापसदृशश्च।।३२।।

मञ्जुमती टीका : यदि कीचड़ से दूषित रूप वाला राहु हो यदि प्रातःकालीन सूर्य के समान कमलदल के समान वर्ण वाला हो अथवा इन्द्रधनुष सदृश रंग वाला हो तो क्षत्रिय कुल का नाश करने वाला तथा वृष्टि का नाश करने वाला होता है।

ग्रहणसमयेऽतिवृष्टिः पवनोत्पाता भवन्ति यदा।
आतंकमरकभीतिर्विपुला स्यात्क्षुद्भयं चैव।।३३।।

मञ्जुमती टीका : ग्रहण के समय अतिवृष्टि हो या वायु का उत्पात हो तो आतंक, महामारी का बड़ा भय अथवा रोग का भय होता है।

नोट : यदि सूर्य या चन्द्र के साथ एक राशि में अल्प अंश के अन्तर पर होकर भौमादि ग्रह हों तो वे ग्रस्त कहे जाते हैं।

आवन्तिककावेरीनार्मदतीराश्रिताश्च ये च जनाः।
सहकौशलिका विलयं प्रयान्ति वसुमत्यात्मजे ग्रस्ते।।३४।।

मञ्जुमती टीका : इस प्रकार यदि मङ्गल ग्रस्त हो तो उज्जयिनी, कावेरी तथा नर्मदा तीर के निवासी और कौशल देश के निवासी लोगों की हानि होती है।

शशितनये ग्रस्ते सति सरयूनेपालसिन्धुतीराश्च।
स्त्रीबुधसज्जनशिशवः पीड्यन्ते विविधरोगैश्च।।३५।।

मञ्जुमती टीका : यदि बुध ग्रस्त हो तो सरयू, नेपाल, सिन्धु तट के निवासी, स्त्री, विद्वान, सज्जन, शिशु अनेक प्रकार के रोगों से पीड़ित होते हैं।

ग्रहणोपगते जीवे बुधमित्रसमुद्रतीरसम्भूताः।
डामरभूतविकारैर्विलयं यान्ति प्रकाशिताद्यैश्च।।३६।।

मञ्जुमती टीका : यदि गुरु ग्रस्त हो तो विद्वान, विद्वानों के मित्र, समुद्र तीर पर उत्पन्न निवासी, डामर, भूत विकार आदि से विलय को प्राप्त होते हैं।

भृगुतनये राहुगते दशार्णजाः कैकयाः समाद्रेयाः।
आर्यावर्त्ताः सुखिनः पीड्यन्ते सलिलनिलयाश्च।।३७।।

मञ्जुमती टीका : यदि शुक्र गस्त हो तो दशार्ण प्रदेश में उत्पन्न होने वाले लोग, कैकय देशवासी, पर्वतवासी, आर्यावर्त के निवासी सुखी होते हैं। जबकि जल के समीप घर बनाने वाले पीड़ित होते हैं।

दिनकरतनये ग्रस्ते सौराष्ट्राः संकराश्च कैवर्त्ताः।
वर्वरकुत्सितधान्यं विलयं यान्ति प्राभूतधनिकाश्च।।३८।।

मञ्जुमती टीका : यदि शनि ग्रस्त हो तो सौराष्ट्र (गुजरात), शंङ्कर जाति और मल्लाह (धीवर) तथा बर्बल (वर्वर) जाति या कुत्सित धान्य तथा बड़े धनिकों का नाश होता है।

ऊर्जेऽपि मासे ग्रहणं कृशानोर्भीतिं च सापत्नजनात्करोति।
काम्बोजकाश्मीरसुमागधांश्च सशूरसेनान्द्रविडान्निहन्ति।।३९।।

मञ्जुमती टीका : कार्तिक मास में यदि ग्रहण हो तो अग्नि से जीविका चलाने वाले को भय तथा शत्रुओं से लोगों को भय होता है। कम्बोज, काश्मीर, मगध देश, सूरसेन तथा द्रविड़ देशवालों को नष्ट्र करता है।

सुभिक्षकृत्क्षेममतीववृष्टिर्मासे सहे पर्वणि रुक्प्रदः स्यात्।
काश्मीरकान् कौशलकान्सपौण्ड्रान्दुनोति राहुः खलु यायजूकान्।।४०।।

मञ्जुमती टीका : यदि अगहन मास में सूर्य या चन्द्रग्रहण हो तो सुभिक्ष होता है, कल्याण होता हैं तथा अधिक वृष्टि होती है, किन्तु रोग तथा काश्मीर, कौशल, पौण्ड्र या वन जन्तुओं को राहु पीड़ा देता है।

पौषे द्विजक्षत्रजनोपतापस्त्वनर्घवृष्टिः क्षितिपालभीतिः।
ध्वंसं व्रजंत्यत्र विदेहपौण्ड्रमद्रात्रिगोत्रप्रभवाः सगौडाः।।४१।।

मञ्जुमती टीका : पौष मास में सूर्य या चन्द्रग्रहण हो तो ब्राह्मण और क्षत्रियों को ताप, मंहगाई तथा थोड़ी वृष्टि एवं राजाओं को भय होता है। विदेह, पौण्ड्र, गौड़ तथा पर्वत वासी एवं अत्रि गोत्र वाले प्रभावित होते हैं और इनका विनाश होता है।

गजाश्वसंघान्द्विजदेवभक्तान्धर्मेरतांस्तान्पितृमातृभक्तान्।
दुनोति राहुर्मनुजांश्च माघे सस्यार्घवृष्टिं प्रचुरां करोति।।४२।।

मञ्जुमती टीका : यदि माघ मास में सूर्य या चन्द्रग्रहण हो तो हाथी एवं घोड़ों के समूह, ब्राह्मण एवं देवताओं के भक्त, धर्म में रत, पिता एवं माता के भक्तों को पीड़ा देता है। तथा अन्न के लिए अत्यधिक वृष्टि करता है।

तपस्यमासि द्विजसज्जनानां काम्बोजबाह्लीककलिंगजानाम्।
हानिप्रदः सस्यसुवृष्टिदश्च दृष्टं तमो भूपविरोधकश्च।।४३।।

मञ्जुमती टीका : यदि फाल्गुन मास में सूर्य या चन्द्रग्रहण हो तो ब्राह्मण, सज्जन, कम्बोज, बाह्लीक तथा कलिङ्ग देशवालों को हानि पहुँचाता है। जबकि फसल के लिए सुन्दर वृष्टि करता है। और राजाओं का विरोध कराता है।

रूपोपजीवाखिलपण्यजीविहास्यज्ञशिल्पाखिललेखकानाम्।
पीडाप्रदो देवपतिश्च राहुर्मासे मधौ पर्वणि मन्दवर्षी।।४४।।

मञ्जुमती टीका : यदि चैत्र मास में सूर्य या चन्द्रग्रहण हो तो रूपोपजीवी अर्थात् वेश्या आदि सम्पूर्ण पण्यजीवी अर्थात् व्यापारी हास्य जानने वाले, शिल्प (इंजीनियर) जानने वाले तथा लेखकों के लिए पीड़ा देने वाला होता है। किन्तु इन्द्र कहीं-कहीं मन्द वर्षा करता है।

कार्पासमुद्गाः सतिला विनाशमायान्ति मूलान्यखिलानि तत्र।
वैशाखमासे ग्रहणे कलाज्ञाश्चेक्ष्वाकुयोधाश्च तथा सुभिक्षम्।।४५।।

मञ्जुमती टीका : यदि बैशाख मास में सूर्य या चन्द्रग्रहण हो तो कपास, मूंग, तिल का विनाश हो जाता हैं। कला विशेषज्ञ; इक्ष्वाकुयोधा पीड़ित होते हैं। किन्तु अन्य सम्पूर्ण देशों में सुभिक्ष होता है।

नरेन्द्रपत्नीद्विजसस्यवृद्धिः सौम्या जनाश्चेदिकिरातसंघाः।
प्रध्वंसमायान्ति तथा सुवृष्टिर्ज्येष्ठे च मासे ग्रहणं यदि स्यात्।।४६।।

मञ्जुमती टीका : यदि ज्येष्ठ मास में सूर्य या चन्द्रग्रहण हो तो रानी तथा ब्राह्मणों की पत्नियों एवं फसलों की वृद्धि होती है। तथा चेदि और किरात समूहों का नाश होता है तथा सुन्दर वृष्टि होती है।

आषाढमासे ग्रहणं तडागवापीनदीदीर्घिकवप्रपूर्णाः।
काश्मीरगान्धारपुलिन्दचीना लयं प्रयान्त्यल्पजनाः सुतुष्टाः।।४७।।

मञ्जुमती टीका : आषाढ़ मास में यदि सूर्य या चन्द्रग्रहण हो तो तालाब, वापी, नदी, दीर्घिका तट तक जल से पूर्ण हो जाते हैं। काश्मीर, गान्धार, पुलिन्द, चीन देश के वासी लय को प्राप्त हो जाते हैं जबकि थोड़े लोग सन्तुष्ट रहते हैं।

काम्बोजकान्मागधशूरसेनान्पुलिन्दचीनानथ कौरवांश्च।
निहन्ति देवोऽपि च मन्दवर्षी दृष्टो नभोमासि स सैंहिकेयः।।४८।।

मञ्जुमती टीका : यदि सावन मास में (सैंहिकेय का) सूर्य या चन्द्रग्रहण हो तो कम्बोज मागध, सूरसेन, पुलिन्द, चीन और कुरुक्षेत्र वासियों को नष्ट कर देता है। और इन्द्र भी थोड़ी वर्षा कर देते हैं।

म्लेच्छान्सुराष्ट्रांश्च कलिंगवङ्गान्खशांश्च सौवीरभवान् किरातान्।
स्त्रीणां च गर्भं विनिहन्ति राहुर्नभस्यमासे भुवि भूरिवृष्टिः।।४९।।

मञ्जुमती टीका : यदि भाद्रपद मास में सूर्य या चन्द्रग्रहण हो तो म्लेच्छ, सौराष्ट्र, कलिङ्ग, बङ्गाल, खस, सौबीर देशवासी तथा किरातों को एवं स्त्रियों के गर्भों को नष्ट्र कर देता है। और पृथ्वी पर बहुत वर्षा होती है।

काम्बोजचीनान् यवनान्सशल्यान् त्रैगर्तिकान्दर्दुरमागधांश्च।
आनर्त्तपौंड्रान्भिषजश्चराहुर्निहन्ति मासे त्विषसंज्ञिकेऽपि।।५०।।

मञ्जुमती टीका : यदि आश्विन मास में सूर्य या चन्द्रग्रहण हो तो कम्बोज, चीन, यवन, शल्य, त्रैर्गतिक, दर्दुर, मागध, आनर्त तथा पौण्ड्र तथा वैद्यों का नाश करता है।

हनू च कुक्षी त्वथ पापभेदैः संछर्द्दनं यज्जरणं ततश्च।
मध्ये विदारं च विदारमन्ते मोक्षप्रभेदा दश चन्द्रभान्वोः।।५१।।

मञ्जुमती टीका : यदि दक्षिण हनु (दाढ़ी), बाम हनु, दक्षिण कुक्षि (कोख), बाम कुक्षि दक्षिण पायु (मलेन्द्रिय), बाम पायु, संछर्दन, जरण, मध्य, विदारण तथा अन्त्य विदारण ये सूर्य और चन्द्रमा के दस मोक्ष कहे गये हैं।

दक्षिणहनुभेदसंज्ञितमाग्नेय्यामपगमनमिन्दोश्च ।
अपि रुक् सस्यविमर्द्दनमतिवृष्टिर्नरपतेः क्षोभः।।५२।।

मञ्जुमती टीका : यदि चन्द्र के ग्रहण में अग्नि कोण में होकर राहु लौट रहा हो अर्थात् अग्नि कोण में ही मोक्ष हो तो दक्षिण हनु भेद संज्ञक मोक्ष होता है। इसमें धान्य का नाश, अतिवृष्टि तथा राजाओं को क्षोभ होता है।

अभिगमनं चैशान्यां वामो हनुभेदसंज्ञितः सोऽपि।
शस्त्रभयं रोगभयं करोति वृष्टिं च राजहानिं च।।५३।।

मञ्जुमती टीका : यदि पूर्वोत्तर अर्थात् ईशान कोण में होकर राहु निवर्तित अर्थात ईशान कोण में ही मोक्ष हो तो इसे बाम हनु भेद संज्ञक मोक्ष कहते हैं। इसमें शस्त्र का भय, रोग का भय, राजा की हानि तथा वृष्टि होती है।

दक्षिणपार्श्वविमोक्षो दक्षिणकुक्षिप्रभेदसंज्ञः सः।
नृपतिकुलेभ्यः पीडां करोति सापत्न्यजनसंघान्।।५४।।

मञ्जुमती टीका : यदि चन्द्रग्रहण में दक्षिण पार्श्व में मोक्ष हो तो दक्षिण कुक्षि भेद संज्ञक मोक्ष होता है। इसमें राजाओं के कुल को तथा शत्रु समुदाय को पीड़ा होती है।

नोट : दक्षिण दिशा में होकर राहु का निकलना गणित के द्वारा असम्भव है। तथापि महर्षि वशिष्ठ ने इसे पितामह संहिता के अनुसार कहा है। यदि कभी ऐसी स्थिति दिखाई पड़े तो इसे उत्पात रूप में ही समझना चाहिए।

उत्तरमार्गे विचरति राहौ वामस्तु कुक्षिभेदः स्यात्।
गर्भविपत्तिः स्त्रीणां मध्यानि च तानि पूर्वसस्यानि।।५५।।

मञ्जुमती टीका : यदि ग्रहण काल में उत्तर की ओर होकर के राहु निकलता हो अर्थात् उत्तर की ओर मोक्ष भी होता हो तो इसे बाम कुक्षि संज्ञक मोक्ष कहते हैं। इसमें स्त्रियों के गर्भों का नाश तथा मध्यम रूप से फसल होती है।

दक्षिणपार्श्वाख्यः स च नैर्ऋतकोणाच्च याम्यदिग्गमनम्।
बहुविधसस्यामयकृत्त्वापरसस्यस्य नाशकरम्।।५६।।

मञ्जुमती टीका : यदि मोक्ष काल में नैर्ऋत्य कोण और दक्षिण दिशा को गमन करे तो दक्षिण पार्श्व नामक मोक्ष कहा गया है। यह अनेक प्रकार से फसल को रोग करके एवं दूसरें फसलों का नाश करता है।

आरभ्याऽनिलककुभश्चोत्तरमार्गस्थितो यदा राहुः।
उत्तरपार्श्वाख्यः स च नानामयभूपभीतिदः सततम्।।५७।।

मञ्जुमती टीका : यदि वायब्य कोण से उत्तर दिशा की ओर राहु गमन करे तो इसे उत्तर पार्श्व नामक मोक्ष कहा गया है। और यह ग्रहण अनेक प्रकार के रोगों को तथा राजाओं को भय देने वाला होता है।

प्रग्रहणं चेत्प्राच्यां दिशि कृत्वा प्रागेव सर्पति च।
सञ्छर्दनाख्यमोक्षः सुभिक्षदः सर्वजन्तूनाम्।।५८।।

मञ्जुमती टीका : यदि चन्द्र बिम्ब के पूर्व भाग से स्पर्श करके राहु उसी ओर से निकलता हो अर्थात् बिम्ब के पूर्व भाग में ही स्पर्श और मोक्ष दोनों होता हो तो इसे संछर्दन नामक मोक्ष कहते हैं। यह सम्पूर्ण प्राणियों के लिए सुभिक्ष देने वाला होता है।

प्रागेव प्रग्रहणं कृत्वा त्वपसर्पणं प्रतीच्यां च।
जरणाख्यो विज्ञेयः स च जन्तुविनाशनं कुरुते।।५९।।

मञ्जुमती टीका : यदि चन्द्र बिम्ब के पूर्व भाग में स्पर्श और पश्चिम भाग में मोक्ष हो तो इसे जरण संज्ञक मोक्ष कहते हैं। इसमें प्राणियों का विनाश होता है।

आदौ मध्यविकासः पश्चादन्ते च विदरणं मध्यम्।
सततं त्वन्तःकलहं करोति सौभिक्षमतिवर्षम्।।६०।।

मञ्जुमती टीका : यदि ग्रहण के प्रारम्भ में मण्डल के मध्य भाग में प्रकाश दिखाई पड़ें तो विदारण नामक मोक्ष होता है। इसमें निरन्तर आपस में ही कलह होती रहती है। किन्तु अत्यधिक वर्षा और सुभिक्ष होता है।

प्रत्यन्ते विमलतरः पश्चान्मध्यं च विदरणं चान्तम्।।
मध्यान्तदेशनाशं करोति सस्यस्य वै नाशम्।।६१।।

मञ्जुमती टीका : यदि ग्रहण समय में चन्द्र बिम्ब के प्रान्त भाग निर्मल हों और मध्य भाग में श्यामलता हो तो इसे अन्त विदारण नामक मोक्ष कहते हैं। इसमें मध्य देश और फसल का नाश निश्चित ही होता है।

दशविधमोक्षाः कथिता विज्ञेया भास्करग्रहणे।।
प्रग्रहणं प्रागिन्दोर्मोक्षः पश्चद्विपर्ययाद्द्युमणे।।६२।।

मञ्जुमती टीका : दस प्रकार के मोक्ष कहे गये हैं। इसका विचार सूर्यग्रहण में भी करना चाहिए। पर पूर्व दिशा के स्थान में पश्चिम तथा पश्चिम दिशा के स्थान में पूर्व दिशा, उत्तर दिशा के स्थान में दक्षिण तथा उत्तर दिशा के स्थान में दक्षिण दिशा, अर्थात् दिशा के विपरीत क्रम से सूर्य के दस मोक्षों का लक्षण और फल जानना चाहिए।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
राहुचाराध्यायो नवमः।।९।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में
राहुचाराध्यायनामक नौवें अध्याय का हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथ केतुचाराध्यायः १०।

केतोरुदयास्तमयं ज्ञातुं गणितान्न शक्यते यस्मात्।
दिव्यान्तरिक्षभौमास्तस्मात्रिविधाश्च केतवो जगति।।१।।

मञ्जुमती टीका : केतु का उदय या अस्त गणित के द्वारा नहीं जाना जा सकता। कारण दिव्य, (आकाश में उत्पन्न) अन्तरिक्ष स्थान में उत्पन्न और भौम अर्थात् पृथ्वी पर उत्पन्न तीन प्रकार के केतु संसार में होते हैं।

एकोत्तरशतभेदा दृश्यन्ते वा सहस्रभेदास्ते।
औत्पातिकरूपत्वाद्भवन्ति बहवस्तथैको वा।।२।।

मञ्जुमती टीका : १०१ भेद वाले केतु दिखाई देते हैं अथवा एक सहस्र भेद वाले केतु दिखाई देते हैं। ये सभी उत्पात करने वाले होते हैं। अथवा बहुत केतुओं को एक ही कहा गया है।

दिवि ऋक्षग्रहजास्ते दिव्याख्यकेतवो महाफलदाः।
परिवेषेन्द्रधनुरुल्कागन्धर्वनगराणि निर्घातः।
गगनविकारजमेतन्मध्यमफलदं तथान्तरिक्षं च।।३।।

मञ्जुमती टीका : आकाश में नक्षत्र-ग्रहों से उत्पन्न दिव्य नामक केतु महाफल देने वाले होते हैं। परिवेष, इन्द्रधनुष, उल्का, गन्धर्व नगर, निर्घात ये सभी अन्तरिक्ष विकार से उत्पन्न होते हैं। इन्हें अन्तरिक्ष केतु कहते हैं। ये मध्यम फल देने वाले होते हैं।

भूमिभवा भौमाः स्युश्चरस्थिरा वस्तुसम्भवा ये च।
तेऽधमफलदास्तेषां कथयामि फलानि रूपाणि।।४।।

मञ्जुमती टीका : भूमि से उत्पन्न होने वाले भौम केतु कहे जाते हैं। ये चर स्थिर तथा वस्तु सम्भव होते हैं। ये अधम फल देने वाले होते हैं। इन तीनों प्रकार के केतुओं के फलों को कहा जा रहा है।

वर्षैर्मासैः पक्षैः क्रमशः परिपाकमुपयान्ति।
स्निग्धः प्रसन्नरूपः शुक्लनिभो ह्रस्वदण्डवत्सौम्यः।।५।।

मञ्जुमती टीका : वर्ष, मास एवं पक्ष में क्रमशः ये अपने-अपने परिणाम को देते हैं। चिकने, प्रसन्न रूप, श्वेत कान्ति वाले, ह्रस्व तथा सौम्य।

उदयास्तमये त्वेवं सुभिक्षसौख्यावहः केतुः।
धूमनिभो धूमाख्यः केतुर्दोषप्रदो भवति।।६।।

मञ्जुमती टीका : उदय एवं अस्त के समय ये केतु सुभिक्ष और सुख देने वाले होते हैं। धूम के वर्ण वाला धूम नामक केतु दोष प्रदान करने वाला होता है।

इन्द्रशरासनरूपः स्थूलनिभो वार्थभीतिदः सम्यक्।
बहुभिः शिखाभिरतुला विद्युन्मणिहारहेमनिभाः।।७।।

मञ्जुमती टीका : इन्द्रधनुष के रूप वाला, स्थूल कान्ति वाला, अनेक शिखाओं वाला, विद्युत, मणि, हार तथा स्वर्ण की कान्ति वाला केतु अर्थभय देने वाला होता है।

अपरेन्द्रदिशो दृश्या महाहवं तद्दिगीशानाम्।
शुकमुखबन्धूकनिभा वह्निसुताः क्षतजसन्निभा रूक्षाः।।८।।

मञ्जुमती टीका : पश्चिम दिशा में दिखाई पड़ने वाले महाभयानक तथा उसी दिशा के स्वामी तोता के मुख के समान, दोपहरी पुष्प के कान्ति के समान, अग्नि के पुत्र क्षतजवर्ण (लाल) केतु चोट देने वाले होते हैं।

दृश्यन्ते यद्यनलदिशि तावन्तस्तेऽपि शिखिभयदाः।
मृत्युसुता वक्रशिखाः कृष्णा रूक्षाः प्रहीणकराः।।९।।

मञ्जुमती टीका : अग्निकोण में उदित होने वाले जितने केतु होते हैं वे सभी केतु भय देने वाले होते हैं। ये मृत्यु के पुत्र, वक्रशिखा वाले, कृष्ण और रूक्ष, प्रजा को नष्ट करने वाले होते हैं।

दृश्यन्ते याम्यायां जनमरणभयप्रदास्तेऽपि।
क्षितितनया द्वात्रिंशद्दर्पणसदृशाः सरश्मयो विशिखाः।।१०।।

मञ्जुमती टीका : यदि दक्षिण दिशा में केतु उदित हो तो ये लोगों को मरण भय देने वाले होते हैं। ये दर्पण के सदृश किरणों वाले और विशेष शिखाओं वाले ३२ पृथ्वी के पुत्र कहे गये हैं।

क्षुद्भयदाः सशिरस्का यमतनया मृत्युदाश्च तैलनिभाः।
शशितनयाः कुसुमनिभाः कुन्देन्दुक्षीररजतनिभाः।।११।।

मञ्जुमती टीका : दुर्भिक्ष देने वाले, सिर सहित यम के पुत्र, मृत्यु देने वाले, और तेल की कान्ति देने वाले होते हैं। ये चन्द्रमा के पुत्र केतु कहे गये हैं। ये कुन्द पुष्प के समान कान्ति वाले. चन्द्रमा के किरण के समान तथा चाँदी की आभा वाले होते हैं।

उत्तरभागे शिखिनो जन्तूनां ते सुभिक्षकराः।
त्रिशिखस्त्रिवर्णयुक्तो ब्रह्मसुतो ब्रह्मदण्डनिभः।।१२।।

मञ्जुमती टीका : ये उत्तर भाग में केतु जब उदित होते हैं तो प्राणियों के लिए सुभिक्ष कारक होते हैं। तीन शिखा वाले, तीन वर्णों से युक्त, ये ब्रह्मा के पुत्र तथा ब्रह्म दण्ड की कान्ति के समान होते हैं।

अनियतदिग्प्रभवोऽसौ शान्तिकरो ब्रह्मदण्डाख्यः।
शनितनयास्तारास्थाः शुक्ला ऋजवश्च षट्संख्याः।।१३।।

मञ्जुमती टीका : अनियत दिशाओं में उत्पन्न होने वाले शान्ति करने वाले ये ब्रह्म दण्ड नामक केतु, शनि पुत्र की तारा में स्थित होकर श्वेत, सरल तथा छः संख्या वाले होते हैं।

दृश्यन्ते द्वित्रिदिनैः शुभदा मासैश्च रुग्भयदाः।
जीवसुता विकचाख्याः शुक्लास्ताराश्रिताः स्निग्धाः।।१४।।

मञ्जुमती टीका : दो तीन दिन दिखाई देने वाले, शुभदायक, बृहस्पति के पुत्र विकच नाम के केतु, श्वेत तारा से आश्रित एवं चिकने होकर जब दिखाई पड़ते हैं। तो रोग और भय देने वाले होते हैं।

याम्यायां दिशि संस्था बहवस्ते पापदाः सततम्।
बुधतनयश्चौराख्याः शुक्लाः सूक्ष्मा यथेष्टदिक्प्रभवाः।।१५।।

मञ्जुमती टीका : दक्षिण दिशा में उदित ये केतु निरन्तर पाप देने वाले होते हैं। ये बुध के पुत्र चौर नाम से कहे गये हैं। ये श्वेत और सूक्ष्म शरीर वाले सब दिशाओं में उदित होते हैं।

आमयभयदाः सततं जन्तूनां पञ्चपञ्चाशत्।
कुजतनयाः कौजेयाः क्षतजानलसन्निभास्त्रिशूलधराः।।१६।।

मञ्जुमती टीका : सभी प्राणियों के लिए निरन्तर रोग एवं भय देने वाले पचपन मङ्गल के पुत्र कौजेय केतु कहे गये हैं। ये घाव (रक्तवर्ण) के समान, अग्नि के समान कान्ति वाले त्रिशूल की भाँति दिखाई देते हैं।

याम्यायां दिशि संस्थाः क्षुद्भयदाः षष्टिसंख्याकाः।
तामसकीलकसंज्ञा राहुसुताः सूर्यमण्डलदृष्टाः।।१७।।

मञ्जुमती टीका : दक्षिण दिशा में उदित हुए दुर्भिक्ष देने वाले साठ की संख्या वाले, तामस और कीलक संज्ञा वाले, राहु के पुत्र केतु कहे गये हैं, जो सूर्यमण्डल में दिखाई पड़ते हैं।

तेषां तन्निखिलफलं सम्यक्कथितं च सूर्यचारेऽपि।
अग्निसुतास्त्वाग्नेय्यां विंशत्यधिकाश्च शतसंख्याः।।१८।।

मञ्जुमती टीका : इनके सम्पूर्ण फलों को ठीक ढंग से सूर्यचार में कहा जा चुका है। अग्नि के पुत्र जो आग्नेय दिशा में उदित होते हैं। १२० की संख्या में होते हैं।

प्रलयानलसदृशाभा भुवि वह्निभयप्रदास्तेऽपि।
अरुणाख्याः श्यामनिभाः शुक्रसुता विविधरूपसंकीर्णाः।।१९।।

मञ्जुमती टीका : प्रलयकालीन अग्नि की अथवा अत्यधिक जाज्वल्यमान अग्नि के कान्ति के समान पृथ्वी पर यह केतु अग्नि का भय देने वाले होते हैं। अरूण नामक वर्ण वाले, श्याम वर्ण वाले, अनेक रूपों में फैले हुए शुक्र के पुत्र कहे गये हैं।

शस्त्रक्षुद्भयदास्ते सप्तोत्तरसप्तितश्च संख्याकाः।
दण्डकसंज्ञाश्चाष्टौ तारासदृशाः प्रजापतेस्तनयाः।।२०।।

मञ्जुमती टीका : शस्त्र एवं रोग का भय देने वाले सतहत्तर संख्या वाले शुक्र पुत्र है। दण्डक संज्ञा वाले आठ तारा के समान प्रजापति के पुत्र कहे गये हैं।

द्वाचत्वारिंशोत्तरशताधिकाः पापदा विधातृसुताः।
वरुणभवाः कंकाख्या द्वात्रिंशत् वंशगुल्मयष्टिनिभाः।।२१।।

मञ्जुमती टीका : १४२ पाप देने वाले विधाता के पुत्र वरूण के उत्पन्न कंक नाम से कहे गये हैं। ये ३२ वंश गुल्मलता की कान्ति के समान आकृति वाले केतु।

शशिवत्प्रभासमेता राजान्यत्वं प्रकुर्वते ते वै।
कालभवाः षण्णवतिः संख्यास्तेषां कबन्धनिभाः।।२२।।

मञ्जुमती टीका : चन्द्रमा के समान कान्ति वाले राजा के लिए विकार करते हैं। काल से उत्पन्न ९६ संख्या वाले कबन्ध की कान्ति के समान केतु।

तन्नामानः शिखिनो दुःखामयभीतिदा जगतः।
विमलास्ताराकारा दशदिक्षु समुद्भवाः शिखिनः।।२३।।

मञ्जुमती टीका : उस नाम वाले केतु संसार को दुःख, रोग तथा भय देने वाले होते हैं। निर्मल तारा के आकार वाले दसों दिशाओं में उत्पन्न होते हैं।

एवं सहस्रभेदाः पापाश्चैषां विशेषमभिधास्ये।
पश्चिमदिशि सम्भूतश्चोत्तरनम्रश्च सौम्यकेतुः सः।।२४।।

मञ्जुमती टीका : इस प्रकार से हजार भेद वाले पापरूपी इनके विशेष नामों को कहेगें। पश्चिम दिशा में उदित तथा उत्तर दिशा में सौम्य नामक केतु होते हैं।

कुरुते सुभिक्षमतुलं सितवर्णोऽसौ महास्निग्धः।
दक्षिणनम्रः प्राच्यां तथाविधो याम्यकेतुः सः।।२५।।

मञ्जुमती टीका : यह श्वेत वर्ण वाले, बहुत चिकने केतु अत्यधिक सुभिक्ष करते हैं। पूर्व दिशा में उदित दक्षिण की ओर झुके हुए यात्म्य केतु कहे गये हैं।

रूक्षः क्षुद्भयदायी मरकभयं वा करोत्येवम्।
धूमनिभो याम्यायां कपालकेतुर्बृहत्तनुः स्निग्धः।।२६।।

मञ्जुमती टीका : ये रूक्ष, दुर्भिक्ष देने वाले, ये केतु महामारी का भय करते हैं। धूम्र वर्ण की किरणों वाला, दक्षिण दिशा में फैले हुए शरीर वाला चिकना, कपाल केतु होता है।

दिक्षु विदिक्षु प्रभवः क्षुन्मरकावृष्टिरोगकरः।
प्राच्यां दिशि सम्भूतः प्रदक्षिणं भ्रमति चक्रवद्रूक्षः।।२७।।

मञ्जुमती टीका : दिशाओं में उत्पन्न होकर यह पृथ्वी पर महामारी तथा अवृष्टि और रोग उत्पन्न करता है। पूर्व दिशा में उत्पन्न होकर दक्षिण क्रम से चकवत् भ्रमण करता हुआ रूक्ष नामक केतु होता है।

स च चक्रकेतुरनिशं कपालकेतोश्च तुल्यफलः।
पश्चिमतः सम्भूतो याम्यायां दिशं भ्रमति चाप्रदाक्षिण्यम्।।२८।।

मञ्जुमती टीका : चक्र केतु दिन-रात्रि, कपाल केतु के समान फल देता है। पश्चिम से उदित होकर दक्षिण दिशा में अप्रदक्षिण क्रम से भ्रमण करता है।

धूमनिभो विषमाख्यः केतुर्भूभारमपनयति।
कतिपयदिवसं गत्वा गमननिवृत्तिं करोति धूम्रनिभः।।२९।।

मञ्जुमती टीका : धूम के समान वर्ण वाला विषम नामक केतु पृथ्वी के भार को दूर कर देता है। कुछ दिन तक जाकर यह धूम्र के कान्ति वाला पुनः वक्र गमन करता है।

नरपतिकलहाज्जगतः करोति विलयं स चक्राख्यः।
गगनत्रिभागदीर्घः श्यामनिभोऽसौ महाशकटाकारः।।३०।।

मञ्जुमती टीका : यह चक्र नामक केतु सम्पूर्ण संसार के राजाओं में कलह उत्पन्न करके प्रलय करता है। आकाश के तीन भाग में गमन करने वाला काले वर्ण का वह केतु बड़ी गाड़ी के आकार का होता है।

ऋजुवक्रगतिं कुरुते क्रमशो जगतस्त्रिभागहरः।
गतिरहितो ध्रुवकेतुः प्रमाणवर्णाकृतिर्न भवेत्।।३१।।

मञ्जुमती टीका : सरल एवं वक्र गति करता हुआ क्रमशः यह संसार के तिहाई भाग का हरण कर लेता है। गति रहित धूम्र केतु प्रमाण वर्ण एवं आकृति वाला नहीं होता हैं।

ग्रहनक्षत्रोपगमे नैवाशुभदो भवेत्केतुः।
उपरकरणेषु च राज्ञां सुरगृहतरुपर्वतेषु सर्वेषु।।३२।।

मञ्जुमती टीका : ग्रह नक्षत्रों के साथ गमन करने वाला यह केतु अशुभ फल नहीं देता। यह राजाओं के सामग्रियों में, देवताओं के गृह, वृक्ष एवं पर्वतों पर सभी में।

दर्शनमुपैति नियतं विनाशिनामेव नियमेन।
कुमुदनिभः कुमुदाख्यो दिवसैः षड्भिस्तु पश्चिमे दृष्टः।।३३।।

मञ्जुमती टीका : नियत दर्शन को प्राप्त होता है। यह नियमपूर्वक विनाश करता है। कुमुद के समान कान्ति वाला कुमुद नामक केतु छः दिनों में पश्चिम दिशा में दिखाई पड़ता है।

प्रागुत्तरदिशि यदि वा सुभिक्षमतुलं करोत्येव।
तारोपरि मणिकेतुर्याम्यायां दिशि सकृद्दृष्टः।।३४।।

मञ्जुमती टीका : पूर्व-उत्तर दिशा में यदि यह दिखाई पड़े तो अत्यधिक सुभिक्ष करता है। तारों के ऊपर यह मणि केतु एक बार दिखाई पड़ता है।

उदयास्तमयसमये वा शुभदोऽसौ क्षीरधारेव।
जलधारेव हि ऋज्वी नतया शिखया परेण दृष्टः सः।।३५।।

मञ्जुमती टीका : उदय और अस्त के समय दुग्ध धारा के समान यह केतु शुभ फल देता है। जलधारा की भाँति सरल एवं झुकी हुई शिखा के द्वारा दूसरों के द्वारा देखा जाता है।

जलकेतुर्जलसदृशः सुभिक्षकरस्तु सर्वजन्तूनाम्।
हरिलाङ्गूलनिभो भवकेतुः कचसन्निभो वापि।।३६।।

मञ्जुमती टीका : जल केतु जल के सदृश होता है। सम्पूर्ण प्राणियों का सुभिक्ष करने वाला, बानर की पूँछ के कान्ति के समान अथवा बालों के कान्ति

के समान होता है।

बहु रोगभयं कुरुते सर्पाकारस्तु तद्भयदः।
अपरोऽपि पद्मकेतुः पद्मनिभः पद्मगर्भसंकाशः।।३७।।

मञ्जुमती टीका : बहुत रोगों का भय करने वाला सर्पाकार एवं सर्प से भय देता है। और दूसरा भी पद्मकेतु कमल की कान्ति के समान गौर वर्ण का होता है।

क्षेमकरो नृपतीनां सुभिक्षदः सर्वजन्तूनाम्।
आवर्त्तः केतुरयं प्रादक्षिण्येन दीप्तिमाञ्छुक्लः।।३८।।

मञ्जुमती टीका : यह राजाओं के लिए कल्याण करने वाला, सम्पूर्ण प्राणियों को सुभिक्ष देने वाला होता है। आवर्त नामक केतु पश्चिम दिशा में दक्षिण क्रम से श्वेत एवं दीप्तियुक्त होता है।

शुभदो व्यत्ययकेतुस्त्वतुलामयभीतिरीतिकरः।
आक्रम्य गगनमखिलं संवर्त्ताख्यः स धूमनिभः।।३९।।

मञ्जुमती टीका : यह शुभद होता है तथा केतुओं के परस्पर अर्थात् परिवर्तन होने पर, अत्यधिक रोगों का भय तथा ईति करने वाले होते हैं। सम्पूर्ण आकाश को आक्रान्त करके धुएं की कान्ति वाला संवर्त्त नामक केतु होता है।

शूलाग्रस्त्वितरो वा स केतुरसकृद्भयप्रदो जगतः।
शुभदाः शुक्लनिभा ये कृष्णास्त्वशुभप्रदा जगतः।।४०।।

मञ्जुमती टीका : शूल के अग्रभाग से इतर वह केतु एक भाग संसार को भय प्रदान करता है। श्वेत कान्ति का होने से शुभद होता है। जबकि कृष्ण वर्ण होने पर संसार के लिए अशुभप्रद हो जाता है।

केतूनां फलमुक्त्वा वक्ष्ये दस्रादिभेषु जातानाम्।
अश्विन्यां यदि केतुर्जातस्तदाश्वजीविनं हन्यात्।।४१।।

मञ्जुमती टीका : केतुओं के फलों को कहकर अब अश्विनी आदि नक्षत्रों में उत्पन्न केतुओं के फल को कहेगें। अश्विनी नक्षत्र में यदि केतु उदित हो तो

घोड़े से जीविका चलाने वालों का नाश करता है।

याम्ये म्लेच्छाधिपतिं बहुलायां कलिङ्गकाधिपतिम्।
रोहिण्यामतुलबलं निहन्ति केतुश्च शूरसेनेशम्।।४२।।

मञ्जुमती टीका : भरणी नक्षत्र में उदित केतु म्लेक्षों के राजाओं को नष्ट करता है। कृत्तिका नक्षत्र का केतु कलिङ्ग नरेश को नष्ट करता है। रोहिणी नक्षत्र का केतु अत्यधिक बलवानों को तथा शूरसेन देश के राजा को नष्ट करता है।

औशीनरमुख्यपतीन्सौम्ये रौद्रे च जलजन्तून्।
अश्मकदेशाधिपतिं त्वादित्ये पुष्यभे च मगधपतिम्।।४३।।

मञ्जुमती टीका : मृगशिरा नक्षत्र का केतु मुख्य सेनापतियों को तथा औशी नर के मुख्य नरेश को तथा आर्द्रा नक्षत्र का केतु जल जन्तुओं को पुनर्वसु का अस्मक देश के राजा को तथा पुष्य नक्षत्र का केतु मगध नरेश को नष्ट करता है।

आर्याधिपतिं सार्पे पाण्ड्याधिपतिं च पितृधिष्ण्ये वै।
भागयर्क्षे तूज्जयिनं चोत्तरभे दण्डनायकान्त्वखिलान्।।४४।।

मञ्जुमती टीका : श्लेषा नक्षत्र का केतु आर्य नरेश को मघा नक्षत्र का केतु पाण्ड्य देश के राजा को पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र का केतु उज्जैनी नरेश को तथा उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र का केतु सम्पूर्ण दण्ड नायकों को नष्ट करता है।

हस्तर्क्षे धनिकवराञ्चित्रायां कुटभवान्निखिलान्।
काम्बोजनृपतिमुख्यं प्रभंजने जातकेतुरपि।।४५।।

मञ्जुमती टीका : हस्त नक्षत्र का केतु धनिक वर्गों को चित्रा का केतु पर्वत पर उत्पन्न होने वाले लोगों को तथा स्वाती नक्षत्र का केतु कम्बोज देश के राजा को नष्ट करता है।

इक्ष्वाकुवंशनाशं द्विदैवभे मित्रभे च खशगौडेशम्।
ज्येष्ठायां यदि जातः स हन्यते सर्वमण्डलाधीशम्।।४६।।

मञ्जुमती टीका : विशाखा नक्षत्र का केतु इक्ष्वाकु वंश का नाश करता है। जबकि अनुराधा नक्षत्र का केतु हस्त और गौड़ देश के राजाओं को मारता है। ज्येष्ठा नक्षत्र में यदि केतु उत्पन्न हो तो वह सम्पूर्ण मण्डल के राजाओं को मार डालता है।

मूले मद्राधिपतिं कलिङ्गदेशाधिपतिं जलदैवे।
गुर्ज्जरिका ये देशास्तान्हन्याद्वैश्वधिष्ण्यजः सोऽपि।।४७।।

मञ्जुमती टीका : मूल नक्षत्र में उदित होने वाला केतु मद्र देश के राजा का तथा पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र का केतु कलिङ्ग देश के राजा का तथा उत्तराषाढ़ा नक्षत्र का केतु गुर्जर देश को नष्ट करता है।

कैकयनाथं हन्याच्छ्रवणर्क्षे वसुभवोऽखिलान् द्रविडान्।
नैमिषनृपतिं हन्याच्छतभिषजस्त्वजाङ्घ्रिजश्च पाञ्चालान्।।४८।।

मञ्जुमती टीका : श्रवण नक्षत्र का केतु कैकय देश के राजा को धनिष्ठा नक्षत्र का केतु सम्पूर्ण द्रविड़ देश के लोगों को तथा शतभिषा नक्षत्र का केतु नैमिष देश के राजा को एवं पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र का केतु पांचालों का नाश करता है।

अहिर्बुध्न्येर्क्षभवः संकरिकान् किरातकोणभवान्।
पौष्णर्क्षभवः केतुर्द्विजसज्जनधर्ममार्गस्थान्।।४९।।

मञ्जुमती टीका : उत्तराभाद्रपद नक्षत्र का केतु शंङ्कर वर्ण वालों का तथा किरातों एवं कोण में उत्पन्न होने वालों को जबकि रेवती नक्षत्र का केतु ब्राह्मण, सज्जन एवं धर्म मार्ग में स्थित लोगों का नाश करता है।

अभिजिन्नक्षत्रभवः कोंकणदेशं निशिचरांश्चपि।
ये केतवश्चाश्विमुखर्क्षजातास्ताराग्रहादिष्वपि सम्भवाश्च।
कुर्वन्ति ते तीक्ष्णफलं जनानामन्येऽपि सामान्यफलप्रदाः स्युः।।५०।।

मञ्जुमती टीका : अभिजित नक्षत्र में उदित केतु कोंकण देश को तथा निसाचरों को नष्ट करता है। जो केतु अश्विनी आदि नक्षत्रों में उदित होकर (जातकों के लिए) जिन तारा ग्रहों से संयुक्त होते हैं। वे उसी प्रकार से तीक्ष्ण

फल लोगों के लिए तथा अन्य के लिए सामान्य फल देने वाले होते हैं।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
केतुचाराध्यायो दशमः।।१०।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में
केतुचाराध्यायनामक दसवें अध्याय का
हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथ वर्षेशादिनिर्णयफलाध्यायः ११।

ब्राह्मं च दिव्यं मनुपित्र्यमानं सौरं च चान्द्रं गुरुसावनर्क्षम्।
एषां नवानां च पृथक्पृथग्यत्प्रयोजनं तत्क्रमशः प्रवक्ष्ये।।१।।

मञ्जुमती टीका : ब्राह्म (ब्रह्मा सम्बन्धी), दिव्य (देव सम्बन्धी), मनु (मनु सम्बन्धी), पैत्र (पितर सम्बन्धी), सौर (सूर्य सम्बन्धी), चान्द्र (चन्द्र सम्बन्धी), गुरु (गुरु सम्बन्धी), सावन (सूर्योदय से अगले सूर्योदय के काल को सावन दिन कहते हैं। इन्हीं दिनों की संख्या से सावन वर्ष बनता है) और नाक्षत्र (नक्षत्र सम्बन्धी)। इन नौ वर्षों के अलग-अलग जो प्रयोजन हैं, क्रमशः उनको कहेंगें।

मानं विधातुः खलु नित्यमायुः प्रमाणविज्ञानविधौ च कार्यम्।
गीर्वाणमन्वोरपि मानमेवं पैत्र्ये च माने शशिनः प्रवृत्तम्।।२।।

मञ्जुमती टीका : ब्रह्मा के मान से जो नित्य आयु है। इसका विज्ञान विधि से प्रमाणित करके मान जानना चाहिए। इसी प्रकार देवता मनु तथा पितरों के तथा सूर्य आदि के मानों को जानना चाहिए।

षष्ट्यब्दजन्मप्रभवादिकानां फलं च सर्वं गुरुमानतः स्यात्।
मासे यदा तत्तपसीन्द्रवन्द्ये त्वाद्ये लवे वासवतारकायाः।।३।।

मञ्जुमती टीका : साठ वर्ष जो प्रभवादि संवत्सर हैं। उनका फल गुरु के मान से होता है। जिस मास में सूर्य तपते हैं और प्रथम क्षण में धनिष्ठा की तारा दिखाई देती है।

सौरं च संक्रान्तिवशाद्दिनस्य नाक्षत्रमिन्द्रोर्भगणभ्रमाच्च।
त्रिंशद्दिनं सावनमानमाद्यं दिनादमान्तं खलु चान्द्रमानम्।।४।।

मञ्जुमती टीका : दिन के संक्रान्तिवश सौर और सूर्य के भगण में भ्रमण करने से नाक्षत्र मान तीस दिन तक सावन मान तथा मास के आदि से अमा-पर्यन्त चान्द्र मान होता है।

दिनप्रमाणं त्वयनं च सर्वं संक्रान्तिकालस्य विनिर्णयं च।
कृतादिमानं निखिलग्रहाणां यत्कर्म सौरेण विगृह्यतेऽत्र।।५।।

मञ्जुमती टीका : दिन के प्रमाण से अयन तथा सम्पूर्ण संक्रान्ति काल का निर्णय करना चाहिए। सतयुग आदि के मान से सम्पूर्ण ग्रहों के जो प्रमाण कहे गये हैं उसे यहां सौर मान से ग्रहण करना चाहिए।

जीमूतगर्भं निखिलं सुसम्यगृक्षेण मानेन निरीक्षितव्यम्।
नृगर्भवृद्धिः प्रबलर्तुकालं यत्सूतकाद्यं खलु सावनेन।।६।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य के सम्पूर्ण ठीक ढंग से नक्षत्रों के मान निरीक्षण करना चाहिए। जो मनुष्यों के मध्य वृद्धि प्रबल ऋतुकाल तथा सूतक आदि हैं उसे सावन मान से मानना चाहिए।

उद्वाहयज्ञोपनयप्रतिष्ठातिथिव्रतक्षौरमहोत्सवाद्यम्।
पर्वक्रिया वास्तुगृहप्रवेशः सर्वं च चान्द्रेण विगृह्यते तत्।।७।।

मञ्जुमती टीका : विवाह, यज्ञोपवीत, प्रतिष्ठा, तिथि, व्रत, क्षौर एवं महोत्सव आदि पर्व क्रियायें वास्तु तथा ग्रह प्रवेश इन सबका निर्णय चान्द्र मान से करना चाहिए।

चैत्रस्य शुक्लाद्यतिथेश्च वारनाथोऽब्दपस्तस्य चमूपतिः सः।
मेषस्य संक्रान्तितिथेश्च वारनाथस्तु सस्याधिपतिर्भवेत्सः।।८।।

मञ्जुमती टीका : चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन जो वार होता है, उसी वार का स्वामी वर्ष का राजा होता है। और वर्ष का मन्त्री सूर्य के मेष संक्रान्ति के दिन जो वार होता है, उसका स्वामी होता है। और सस्य अधिपति वही होता है।

कुलीरसंक्रान्तिजवारनाथो रसाधिपस्तौलिनिवासरेशः।
फलं तथैषां क्रमशश्चतुर्णां पृथक् पृथग्यत्प्रयतः प्रवक्ष्ये।।९।।

मञ्जुमती टीका : कर्क संक्रान्ति के दिन जो वार होता है। उसका स्वामी होता है। तुला राशि की संक्रान्ति के दिन जो वार हो उसका स्वामी रसेस होता है। क्रमशः इन चारों के फलों को अलग-अलग कहेंगे।

वर्षाधिपो मेषदिन्य वारश्चमूपतिश्चैत्रदिनादिवारः।
हूणेषु वङ्गेषु खशेषु मागधेष्वेवं च पौण्ड्रेष्वपि टंकरेषु।।१०।।

मञ्जुमती टीका : मेष संक्रान्ति के दिन जो वार है वह वर्षाधिपति और चैत्र के प्रतिपदा के वार के दिन को सेनापति जानना चाहिए। हूणों में, बङ्गाल में, खस देश में, मगध देश में, पौण्ड्र देश में तथा टंकर देश में इनका प्रभाव होता है।

अब्दाधिपे दिनपतौ खलु मध्यवृष्टिर्मंदप्रभर्क्षगणशीतकरं नभश्च।
हन्तुंसपत्नविषयान्निखिलक्षितीशा नित्यं चरन्ति भुवि भूरिबलांवृताश्च।।११।।

मञ्जुमती टीका : वर्षाधिपति यदि सूर्य हो तो मध्यम वृष्टि देता हैं। मध्य प्रभाव वाले नक्षत्र गण एवं चन्द्रमा आकाश में हो जाते हैं। शत्रुओं को मारने के लिए सम्पूर्ण राजा लोग उद्यत हो जाते हैं। तथा नित्य पृथ्वी पर अनेक बलवान योद्धा विचरण करते हैं।

गोधूमशालीक्षुमती धरित्री पुष्पैर्विचित्राऽध्वरवेदनादैः।
विभान्ति गावः पयसः प्रभूता दुग्धाब्धिजे वर्षपतौ च सोमे।।१२।।

मञ्जुमती टीका : वर्ष का राजा चन्द्रमा होने पर गेहूँ, धान, ईख तथा विचित्र पुष्पों से एवं यज्ञ एवं वेदों की ध्वनि से पृथ्वी शोभायमान हो जाती है। गायें दूध अधिक देती हैं।

चौराग्निसापत्नगणप्रभूता मही महीशाखिलयुद्धकीर्णा।
कुजेऽब्दनाथे पिटकामयाद्यैः सदाऽऽकुला वारिसुसस्यपूर्णा।।१३।।

मञ्जुमती टीका : यदि मङ्गल वर्ष का राजा हो तो चोर, अग्नि तथा शत्रुगणों से पृथ्वी भर जाती है और राजाओं में आपस में युद्ध होते हैं। फोड़े-फुन्सी के रोगों से लोग सदा व्याकुल रहते हैं। तथा जल से धान्य पूर्ण होते हैं।

प्रभूतवायुर्भुवि मध्यवृष्टिर्गदाहवप्रोद्धतराजकोपः।
बुधेऽब्दनाथे त्वपरं च सस्यं श्रेष्ठं च वृद्धिर्लिपिलेखकानाम्।।१४।।

मञ्जुमती टीका : यदि वर्ष का राजा बुध हो तो पृथ्वी पर बहुत वायु होती है। मध्यम वृष्टि होती है। रोग से तथा राजकोप से जनता पीड़ित होती है।

फसल अच्छी होती है। तथा लिपिकार एवं लेखकों की वृद्धि होती है।

भूदेवसंघोऽध्वरतत्परश्च भूपाः प्रजापालनशीलयुक्ताः।
दोषा लयं यान्ति गुरोस्तु वर्षे स्वकर्मसक्ता निखिलाः प्रजाः स्युः।।१५।।

मञ्जुमती टीका : जब बृहस्पति वर्ष का राजा हो तो ब्राह्मणों के साथ यज्ञ में राजा लोग तत्पर होते हैं तथा प्रजापालन में लगे रहते हैं। सभी दोष समाप्त हो जाते हैं तथा सभी प्रजायें अपने-अपने कर्मों में लगी रहतीं हैं।

नानाविधोद्यानतडागवप्रपरेक्षुवाटाखिलसस्यपूर्णा।
मही महीदेवमहीभुजाद्यैर्जनैर्विचित्रा भृगुजेऽब्दनाथे।।१६।।

मञ्जुमती टीका : जब शुक्र वर्ष का राजा हो तो अनेक प्रकार के उद्यान, तालाब, वापी तथा छोटे-बड़े जलाशय जल से पूर्ण होते हैं। तथा सम्पूर्ण पृथ्वी फसल से पूर्ण होती है। पृथ्वी, ब्राह्मण, क्षत्रिय आदि लोगों के द्वारा पृथ्वी शोभायमान होती है।

मध्यानि सस्यानि विचित्रवृष्टिश्चौरामयप्रोद्धतराजकोपः।
यदुत्तरं सस्यभयं कुधान्यं सम्पूर्णमस्मिन्रविजेऽब्दनाथे।।१७।।

मञ्जुमती टीका : शनि के वर्षेश होने पर वर्षा अधिक होने पर मध्यम फसल तथा विचित्र वृष्टि होती है। चोर, रोग तथा राजकोपों से प्रजा पीड़ित होती है। बाद में फसलों का भय तथा कुधान्य की अधिकता होती है।

इति राजफलम्।

दिनकृति मन्त्रिणि सततं विचित्रवर्णानि सर्वसस्यानि।
क्षितिपतिकोपं विपुलं विपिनारामाश्च सीदन्ति।।१८।।

मञ्जुमती टीका : यदि सूर्य मन्त्री हो तो निरन्तर विचित्र वर्ण वाले सभी अन्न उत्पन्न होते हैं। राजा लोग अत्यधिक कुपित होते हैं। जङ्गल एवं बगीचे पीड़ित होते हैं।

तुहिनकरे सचिववरे नानाविधसस्यसम्पूर्णा।
द्विजसज्जनपशुवृद्धिः काननफलपुष्पतोयजन्तूनाम्।।१९।।

मञ्जुमती टीका : चन्द्रमा के मन्त्री होने पर अनेक प्रकार के अन्न से

पृथ्वी पूर्ण होती है। ब्राह्मण, सज्जन एवं पशुओं की वृद्धि होती है। जङ्गल के फल, पुष्प, जल एवं प्राणियों की वृद्धि होती है।

दहनप्रहरणडमरमरुदामयभीतिरतुला स्यात्।
क्षितितनये मन्त्रिणि सति शोषं समुपैति सस्यस्यचयम्।।२०।।

मञ्जुमती टीका : मङ्गल के मन्त्री होने पर अग्नि, युद्ध, रोग एवं वायु विकार के रोगों से अत्यधिक भय होता है। तथा सम्पूर्ण फसल सूख जाती है।

मन्त्रिणि शशाङ्कतनये प्रभूतवायुर्निरंतरं वाति।
मध्यमफलदा धरणी विभाति सुरसदृशलोकैश्च।।२१।।

मञ्जुमती टीका : यदि वर्ष में बुध मन्त्री हो तो अधिक वायु निरन्तर चलती रहती है। पृथ्वी मध्यम फल देने वाली तथा देवी-देवताओं के समान लोगों से शोभायमान होती है।

सुरसचिवे मन्त्रिणि सति सुवृष्टिबहुसस्यसम्पूर्णम्।
जगदखिलं जलपूर्णं प्रोद्धतराजाहवो ज्ञेयः।।२२।।

मञ्जुमती टीका : वृहस्पति के मन्त्री होने पर सुन्दर वृष्टि सम्पूर्ण धान्य से पृथ्वी की पूर्णता, सम्पूर्ण जगत् जल से पूर्ण तथा राजा लोग युद्ध के लिए उद्यत होते हैं।

उच्चलिताऽध्वनिरनिशं विप्राणामध्वरे चरत्यखिलम्।
अनिमिषहृदयानन्दं कुर्वन् सचिवे सुरारिगुरौ।।२३।।

मञ्जुमती टीका : शुक्र मन्त्री हो तो लोग निरन्तर मार्ग में चलते रहते हैं और सम्पूर्ण ब्राह्मण यज्ञ में लगे रहते हैं। एवं सम्पूर्ण प्रजाओं के हृदय में निरन्तर आनन्द बना रहता है।

मन्दफला निखिलधरा न वारि मुञ्चति वारिधराः।
दिनकरतनये सचिवे प्रभया रहितं वियत्सततम्।।२४।।

मञ्जुमती टीका : शनि मन्त्री हो तो सम्पूर्ण पृथ्वी पर कहीं भी बादल वर्षा नहीं करते। तथा आकाश प्रभा रहित हमेशा दिखाई पड़ता है।

इति मन्त्रिफलम्।

सस्याधीशे भास्वति भूमौ विरलानि सर्वसस्यानि।
अतिविपुलं त्वीतिभयं कुलित्थचणकादिसम्पूर्णम्।।२५।।

मञ्जुमती टीका : यदि सूर्य सस्येश (अन्न का मालिक) हो तो पृथ्वी पर फसल विरली होती है। अत्यधिक ईति का भय होता है। कुल्थी एवं चना सम्पूर्ण रूप से उत्पन्न होते हैं।

सस्यपतौ तुहिनकरे रमणीया सुविस्तृता धरणी।
फलपुष्पसस्यवारिभिरमिताविकगोभिरन्नाद्यैः।।२६।।

मञ्जुमती टीका : यदि चन्द्रमा सस्येश हो तो सम्पूर्ण पृथ्वी रमणीय (सुन्दर) दिखाई देती है। और फल, पुष्प, फसल, जल तथा अन्न आदि की वृद्धि हो।

सीदन्ति सस्यनिचया भुवि भौमे सस्यपे महोष्णभयात्।
अपराखिलधान्यचयं क्वचित्क्वचिद्भवति शस्त्रभयम्।।२७।।

मञ्जुमती टीका : मङ्गल यदि सस्येश हो तो बहुत गर्मी का भय हो तथा सम्पूर्ण पृथ्वी अन्न से पीड़ित हो। अन्य सम्पूर्ण धान्य हों तथा कहीं-कहीं शत्रु से भय होवें।

अनिलहतं सस्यचयं त्वतिमध्यमवृष्टिसम्पन्नम्।
शशितनये सस्यपतौ त्वपरं धान्यं प्रभूतफलम्।।२८।।

मञ्जुमती टीका : यदि बुध सस्येश हो तो अग्नि से फसल नष्ट होती है। अत्यधिक मध्यम वर्षा होती है। दूसरे अन्न विपुल मात्रा में होते हैं।

सस्यपतौ त्रिदशगुरौ बहुविधसस्यार्घसम्पूर्णम्।
टंकणमागधदेशे मध्यमसस्यार्घवृष्टिः स्यात्।।२९।।

मञ्जुमती टीका : यदि बृहस्पति सस्येश हो तो अनेक प्रकार के अन्नों से पृथ्वी पूर्ण होती है। टंकण एवं मगध देश में मध्यम फसल तथा थोड़ा वृष्टि होती है।

दैत्येज्ये सस्यपतौ बहुविधफलपुष्पसम्पूर्णम्।
अमरविडंवितजनता सम्पूर्णमाभाति निखिलजगत्।।३०।।

मञ्जुमती टीका : यदि शुक्र सस्येश हो तो अनेक प्रकार के फल-फूलों से पृथ्वी पूर्ण हो तथा देवताओं की कृपा से जनता सम्पूर्ण जगत् में शोभायमान होती है।

मध्यमसस्यक्षितितलमिनतनये सस्यपे च राजभयम्।
कोद्रवकुलित्थचणकैर्माषैर्मुद्गैश्च विपुलतरम्।।३१।।

मञ्जुमती टीका : यदि सस्येश शनि हो तो पृथ्वी तल पर मध्यम अन्न होता है तथा राज भय होता है। कोदव, कुल्थी, चना, उरद एवं मूंग की अधिकता होती है।

इति धान्याधिपफलम्।

चन्दनकुंकुमगुग्गुलतिलतैलैरण्डतैलमुख्यानि ।
प्रचुराणि रसान्यतुलं रसनाथे भास्करे सततम्।।३२।।

मञ्जुमती टीका : यदि सूर्य रसेश हो तो उस वर्ष चन्दन, कुमकुम, गुग्गुल, तिल, तेल, रेड़ी का तेल मुख्य रूप से प्रचुर मात्रा में होता है।

इक्षुविकारं त्वखिलं क्षीरविकारं च सर्वतैलानि।
गन्धयुतानि च सर्वाण्यपि सुलभान्येव रसपतौ चन्द्रे।।३३।।

मञ्जुमती टीका : यदि चन्द्रमा रसेश हो तो ईख में विकार, दूध में विकार तथा सम्पूर्ण तेलों में विकार होता है। सभी गन्धयुक्त पदार्थ सुलभ हो जाते हैं।

भुवि रसनिचयाः सर्वे चन्दनकर्पूरकुंकुमाद्यं च।
दुर्लभमवनीसूनौ रसाधिपे मधुरवस्तूनि।।३४।।

मञ्जुमती टीका : यदि मङ्गल रसेश हो तो सभी चन्दन, कुमकुम आदि तथा मीठी वस्तुएं एवं सम्पूर्ण रस पृथ्वी पर दुर्लभ हो जाते हैं।

शशितनये रसनाथे पिप्पलिशुण्ठी च हिंगुलशुनानि।
घृततैलाद्यं निखिलं दुर्लभमिक्षूद्भवं सकलम्।।३५।।

मञ्जुमती टीका : यदि बुध रसेश हो तो पीपल, सोंठ, हींग तथा लहसुन, घी, तेल आदि तथा ईख से उत्पन्न होने वाली सम्पूर्ण वस्तुएं दुर्लभ हो जाती हैं।

रसनाथे देवगुरौ चन्दनकर्पूरकन्दमूलानि।
सुलभानि रसान्यखिलान्यतुलं सीदन्ति कुंकुमाद्यानि।।३६।।

मञ्जुमती टीका : रसेश बृहस्पति के होने पर चन्दन, कपूर, कन्दमूल फल तथा रस सुलभ होते हैं तथा अन्य सम्पूर्ण कुमकुम आदि पीड़ित होते हैं।

सुगन्धवस्तूनि सिते रसेशे निर्गंधवस्तूनि रसादिकानि।
क्षाराणि सर्वाणि च कन्दमूलफलानि पुष्पाणि बहूनि तानि।।३७।।

मञ्जुमती टीका : शुक्र के रसेश होने पर सुगन्धित वस्तुएं तथा गन्धरहित वस्तुएं रस आदि तथा सम्पूर्ण क्षार आदि कन्दमूल फल तथा बहुत सारे पुष्प उत्पन्न होते हैं।

रसेश्वरे सूर्यसुते धरित्र्यां सुदुर्लभान्येव रसानि यानि।
सुगन्धवस्तूनि घृतेक्षुकन्दमूलानि चान्यत्सुलभं भुवि स्यात्।।३८।।

मञ्जुमती टीका : शनि के पृथ्वी पर रसेश होने पर सम्पूर्ण रस दुर्लभ होते हैं। सुगन्धित वस्तुएं घी, ईख, कन्द, मूल तथा अन्य वस्तुएं पृथ्वी पर सुलभ होती हैं।

इति रसेशफलम्।

अथ क्षेपाः।

त्रिघ्ने शकाब्दे मुनिभिर्विभक्ते द्विनिघ्नशेषं शरयुक्तु वृष्टिः।
धान्यं तृणं शीतमथोष्णवायू प्रजासमृद्धिः क्षयराजविग्रहौ।।३९।।

मञ्जुमती टीका : शक वर्ष (यह युधिष्ठिर वर्ष भी हो सकता है) शक संख्या को तीन से गुणा करके सात का भाग दें। शेष को दो गुना करके उसमें पाँच जोड़ने से वृष्टि होती है। यदि शक वर्ष की संख्या में तीन से गुणा करने पर सात का भाग देने से जो शेष हो उससे क्रमशः धान्य, तृण, शीत, गर्मी, वायु, प्रजा समृद्धि तथा राजा का क्षय आदि जानना चाहिए।

उग्रं च पुण्यं परतश्च पापं क्रमेश लब्धाच्छकवत्सराच्च।
निरीक्ष्य सम्यक् प्रतिवर्षमेवं सर्वं वदेज्ज्यौतिषिकः पुनश्च।।

स्वस्वामिवर्षाधिपवत्सरैक्यं त्रिघ्नं शराढ्यं तिथिभक्तशेषम्।
आयोऽथ लब्धस्त्रिगुणा शराढ्या तिथ्युद्धृता शेषमितो व्ययःस्यात्।।४०।।

मञ्जुमती टीका : क्रमशः शक वर्ष के लब्धि से उग्र, पुण्य तथा पाप जानना चाहिए। इस प्रकार ज्योतिषियों को ठीक ढ़ंग से निरीक्षण करके प्रतिवर्ष का फलादेश करना चाहिए। अपने स्वामी के वर्षाधिप के वर्ष को तीन से गुणा करें। पाँच जोड़े, फिर पन्द्रह का भाग दें। शेष से आय को तीन से गुणा करने पर पाँच जोड़ करके पन्द्रह का भाग देने पर शेष से व्यय होता है।

शाकं च वेदगुणितं सप्तभिर्भागमाहरेत्।
शेषं च द्विगुणीकृत्य रूपं चैव तु मिश्रयेत्।।४१।।

मञ्जुमती टीका : जिस शक में छुधादि का ज्ञान करना हो तो उस शक संख्या को चार से गुणा करके सात का भाग देने पर जो शेष बचे उसमें दो का गुणा करके एक जोड़ने पर अभीष्ट वर्ष में छुधा आदि का ज्ञान होता है।

क्षुधा तृषा च निद्रा च आलस्यं तूद्यमस्तथा।
शान्तिः क्रोधस्तथा लोभो भेदो मैत्री तथैव च।।४२।।

मञ्जुमती टीका : छुधा, तृषा, निद्रा, आलस्य, उद्यम, शान्ति, क्रोध, लोभ, भेद तथा मैत्री आदि को जानना चाहिए।

उत्साहपुण्यपापानि ज्ञातव्यानि यथाक्रमम्।
त्रिघ्नः शाकः सप्तभक्तो लब्धं रामहतं भवेत्।।४३।।

मञ्जुमती टीका : उत्साह, पुण्य और पाप को भी क्रमशः जानना चाहिए। अभीष्ट अंक में तीन से गुणा करके सात का भाग देने पर लब्धि में तीन से भाग दे।

शेषं तु द्विगुणीकृत्य शरेणैव तु मिश्रयेत्।
वृष्टिरन्नं तृणं शीतं तेजो वायुश्च संज्ञकाः।।४४।।

मञ्जुमती टीका : शेष को दुगना करके पाँच मिला दें। इससे क्रमशः वृष्टि, अन्न, तृण, शीत, तेज, वायु संज्ञा होती है।

विग्रहः सर्वलोकानां ज्ञायते च पुनः पुनः।
शाको वेदमितैर्निघ्नः शैलैर्लब्धयुगाहतैः।।४५।।

मञ्जुमती टीका : सम्पूर्ण लोकों का शरीर इस प्रकार बारम्बार जानना चाहिए। शक वर्ष में चार का गुणा करके सात का भाग दे करके लब्धि में चार का भाग दे।

यच्छेषं तत्पुनर्द्विघ्नं सैकं प्राग्वत्प्रजायते।
क्षुधा तृषा तथा निद्राऽऽलस्योद्यमविषं तमः।।४६।।

मञ्जुमती टीका : जो शेष हो उसे पुनः दो से गुणा कर दें। पुनः एक जोड़ दें तो पूर्व की भाँति होता है। छुधा, तृषा, निद्रा, आलस्य, उद्यम, विष, तथा तम।

क्रोधो दण्डश्च भेदः स्यादिच्छाग्निश्च रसाः क्रमात्।
शाकं पञ्चगुणं कृत्वा शैलैर्लब्धं शराहतम्।।४७।।

मञ्जुमती टीका : क्रोध, दण्ड, भेद तथा इच्छा अग्नि एवं रस क्रमशः जानने चाहिए। शक वर्ष में पाँच को गुणा करके सात की प्राप्ति होने पर पाँच का भाग दें।

यच्छेषं तत्पुनर्द्विघ्नं पञ्चयुग्जायते फलम्।
शेषं सौख्यं भयं क्लेशो युद्धं वातोत्सवाः क्रमात्।।४८।।

मञ्जुमती टीका : जो शेष हो उसे पुनः दो से गुणा करके पाँच जोड़ करके फल जानना चाहिए। शेष से सौख्य, भय, क्लेश, युद्ध, बात तथा उत्सव क्रमशः होते हैं।

शकादग्निहतान्नंदत्दृताच्छेषं द्विनिघ्नितम्।
त्रिभिर्युतं पुनर्लब्धा सप्तधैवं प्रजायते।।४९।।

मञ्जुमती टीका : अभीष्ट शक वर्ष की संख्या को सात से गुणा करके नौ से भाग देने पर लब्धि को शक और दो से गुणा करके तीन जोड़ने पर क्रमशः जानना चाहिए।

शलभा मूषकाश्चैव दैविकं हिममेव च।
ताम्रं स्वचक्रं च तथा परचक्रमिति क्रमात्।।५०।।

मञ्जुमती टीका : शलभ, मूषक, दैविक, हिम, ताम्र, स्वचक्र तथा परचक्र का क्रमशः ज्ञान होता है।

इदं तु प्रकारान्तरेण कथितम्।

यह प्रकारान्तर से कथित है।

इति ब्रह्मर्षिवृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
वर्षेशादिनिर्णयफलाध्याय एकादशः।।११।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में
वर्षेशादिनिर्णयफल नामक ग्यारहवें अध्याय का हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथ तिथिस्वरूपाध्यायः १२।

दिनाधिपा धातृविधातृविष्णुयमेन्दुषड्वक्त्रशचीश्वराश्च।
वस्वाख्यनागौ परतश्च धर्मशिवार्ककामाः कलिविश्वसंज्ञौ।।१।।

मञ्जुमती टीका : दिनों (वार) के स्वामी, धाता, विधाता, विष्णु, यमराज, चन्द्रमा, कार्तिकेय, इन्द्र, वसु, नाग, धर्म, शिव, सूर्य, काम, कलि एवं विश्व संज्ञा वाले क्रमशः प्रत्येक तिथियों के स्वामी होते हैं।

सदैव नष्टेन्दुतिथीश्वराः स्युर्नूनं च एते पितरः क्रमेण।
धनाधिपं केचिदुशंति सन्तस्त्वधीश्वरं वै हरिकामतिथ्योः।।२।।

मञ्जुमती टीका : सदैव नष्ट तिथियों का स्वामी चन्द्रमा होता है तथा वर्ष दर्श (अमावस्या) वाले तिथियों के स्वामी पितर होते हैं। कुछ लोग कुबेर को हरि एवं काम के स्थान पर स्वामी मानते हैं।

वह्निर्विधाताऽद्रिसुता गणेशः सर्पः कुमारो दिनपो महेशः।
दुर्गा यमो विश्वहरी च कामः शिवो निशीशश्च पुराणदृष्टः।।३।।

मञ्जुमती टीका : अग्नि, विधाता, पार्वती, गणेश, सर्प, कार्तिकेय, सूर्य, महेश, दुर्गा, यम, विश्वेदेव, विष्णु, काम, शिव तथा चन्द्रमा पुराणों की दृष्टि से स्वामी होते हैं।

नोट : *प्रतिपदा तिथि का स्वामी अग्नि, द्वितीया का ब्रह्मा, तृतीया की पार्वती, चतुर्थी के गणेश, पञ्चमी का सर्प, षष्ठी का कार्तिकेय (कुमार), सप्तमी का सूर्य, अष्टमी के महेश, नौमीं की दुर्गा, दशमी के यमराम, एकादशी के विश्वेदेव, द्वादशी के विष्णु, त्रयोदशी के कामदेव, चतुर्दशी के शिव तथा अमावस्या एवं पूर्णिमा के स्वामी चन्द्रमा होते हैं।*

नन्दा च भद्रा च जया च रिक्ता पूर्णेति सर्वास्तिथयः क्रमात्स्युः।
शुक्लेऽधमामध्यमकोत्तमास्ताः पक्षेऽसितेऽप्युत्तममध्यहीनाः।।४।।

मञ्जुमती टीका : नन्दा, भद्रा, जया, रिक्ता, पूर्णा ये सभी तिथियां क्रमशः होती हैं। ये दोनों पक्ष की तिथियां क्रमशः शुक्ल पक्ष में अधम, मध्यम तथा

उत्तम। जबकि कृष्ण पक्ष में उत्तम, मध्यम तथा अधम होती है।

नोट : *नन्दा -(१ । ६ । ११) भद्रा (२, ७, १२) जया (३ । ८ । १३) रिक्ता (४ । ९ । १४) पूर्णा- (५ । १० । १५) (३०)।*

ये दोनों पक्ष की तिथियाँ क्रम से शुक्ल व कृष्ण पक्ष में शुभाशुभ के लिये कही गई हैं। जैसे – शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से पञ्चमी तक अशुभ क्योंकि इन दिनों में चन्द्र शुक्लता अल्प ही बढ़ती है। इसलिये १-५ तिथि तक अशुभ और षष्ठी से शुक्ल पक्ष से दशमी तक चन्द्रमा में शुक्लता की वृद्धि निरन्तर होने से अपूर्ण वृद्धि से मध्यम संज्ञा इनकी होती है।

पुनः एकादशी से पूर्णिमा तक चन्द्र से पूर्ण शुक्लत्व की वजह से ये एकादशी, द्वादशी, त्रयोदशी, चतुर्दशी और पूर्णिमा शुभ संज्ञक तिथियाँ शुक्ल पक्ष में होती है।

नोद्वाहयात्रोपनयप्रतिष्ठासीमन्तचौलाखिलवास्तुकर्म्म।
गृहप्रवेशाखिलमङ्गलाद्यं कार्यं हि मासादितिथौ कदाचित्।।५।।

मञ्जुमती टीका : विवाह, यात्रा, ब्रतबन्ध (जनेऊ), प्रतिष्ठा, सीमन्तोनयन संस्कार, मुण्डन संस्कार, सम्पूर्ण वास्तुकर्म, गृह प्रवेश तथा सम्पूर्ण मङ्गल आदि कार्य नन्दा तिथि में आवश्यक होने पर करना चाहिए।

सप्ताङ्गचिह्नानि नृपस्य वास्तुव्रतप्रतिष्ठाखिलमङ्गलानि।
यात्राविवाहाखिलभूषणं यत्कार्यं द्वितीयादितिथौ सदैव।।६।।

मञ्जुमती टीका : भद्रा तिथि में राजा के सप्ताङ्ग चिन्ह, (राजा, अमात्य, दण्ड, मित्र, दुर्ग, कोष तथा गुप्तचर) वास्तु, ब्रतबन्ध, प्रतिष्ठा, सम्पूर्ण मङ्गल कार्य, यात्रा, विवाह, सम्पूर्ण भूषण-आभूषण तथा सम्पूर्ण कार्य करने चाहिए।

सङ्गीतविद्याखिलशिल्पकर्म सीमन्तचौलान्नगृहप्रवेशम्।
कार्यं द्वितीये दिवसे यदुक्तं सदा तृतीये दिवसेऽपि कार्यम्।।७।।

मञ्जुमती टीका : सङ्गीत विद्या, सम्पूर्ण शिल्प कर्म, सीमन्तोनयन, चौल कर्म, अन्नप्राशन, गृह प्रवेश और भद्रा तिथि के लिए कहे गये कार्य हैं वह सभी जया तिथियों में भी करने चाहिए।

रिक्तासु शत्रोर्वधबन्धशस्त्रविषाग्निघातादि च याति सिद्धिम्।
सन्मङ्गलं तासु कृतं च मूढैर्विनाशमायाति तदा तु नूनम्।।८।।

मञ्जुमती टीका : रिक्ता तिथियों मे शत्रु का वध, बन्धन, शस्त्र, विष, अग्नि, घात आदि की सिद्धि होती है। मूर्खों के द्वारा यदि कोई माङ्गलिक कृत्य किया जाता है। तो वह निश्चित ही विनष्ट हो जाता है।

शुभानि कार्याणि चरस्थिराणि चोक्तान्युनुक्तान्यपि यानि तानि।
सिद्धिं प्रयान्त्याशु ऋणप्रदानं विना सदा नागतिथौ प्रभूतम्।।९।।

मञ्जुमती टीका : शुभ कार्यों को चर एवं स्थिर राशियों में जो कही गयी हैं और जो नहीं भी कही गयी हैं सिद्धि को शीघ्र ही देती हैं। ऋण देने को छोड़कर सदा अष्टमी तिथि उत्तम होती है।

अभ्यङ्गयात्रापितृकर्मदन्तकाष्ठं विना पौष्टिकमङ्गलानि।
षष्ठ्यां विधेयानि रणोपयोग्यशिल्पानि वास्त्वम्बरभूषणानि।।१०।।

मञ्जुमती टीका : तेल लगाना, यात्रा करना, पितरों का कर्म तथा दण्ड काष्ठ के बिना सम्पूर्ण पौष्टिक मङ्गल कर्म, युद्ध के लिए उपयुक्त शिल्प कर्म, वास्तुकर्म तथा वस्त्र एवं आभूषण को षष्ठी तिथि में धारण करना चाहिए।

द्वितीयायां तृतीयायां पञ्चम्यां कथितान्यपि।
तानि सिद्ध्यन्ति कार्याणि सप्तम्यामखिलान्यपि।।११।।

मञ्जुमती टीका : द्वितीया, तृतीया, पञ्चमी आदि में कहे गये जो कार्य हैं। वे सभी कार्य सप्तमी में भी सिद्ध होते हैं।

संग्रामयोग्याखिलवास्तुशिल्पनृत्यप्रभेदाखिललेखनानि।
स्त्रीरत्नचर्याखिलभूषणानि कार्याणि कर्माणि महेशतिथ्याम्।।१२।।

मञ्जुमती टीका : संग्राम, योग्य, सम्पूर्ण वास्तुशिल्प, नृत्य तथा उसके भेद, सम्पूर्ण लेखनकर्म, स्त्री, रत्नचर्या, सम्पूर्ण आभूषण के कार्यों को महेश (अष्टमी) तिथि में करना चाहिए।

द्वितीयायां तृतीयायां पञ्चम्यां सप्तमीतिथौ।
उक्तानि यानि सिद्ध्यन्ति दशम्यां तानि सर्वदा।।१३।।

मञ्जुमती टीका : द्वितीया, तृतीया, पञ्चमी तथा सप्तमी तिथियों में जो कार्य कहे गये हैं वे सभी कार्य दशमी तिथि में भी करने चाहिए।

व्रतोपवासाखिलधर्मकार्यसुरोत्सवाद्याखिलवास्तुकर्म्म।
संग्रामयोग्याखिलवास्तुकर्म विश्वे तिथौ सिद्धयति शिल्पकर्म।।१४।।

मञ्जुमती टीका : व्रत, उपवास, सम्पूर्ण धर्म कार्य, देव उत्सव, सम्पूर्ण वास्तु कर्म, संग्राम एवं योग्य सम्पूर्ण वास्तुकर्म एवं शिल्पकर्म, विश्वेदेव की तिथि अर्थात् एकादशी में सिद्ध होते हैं।

पृथिव्यां यानि कार्याणि कर्मपुष्टिशुभानि च।
चरस्थिराणि द्वादश्यां यात्रान्नग्रहणं विना।।१५।।

मञ्जुमती टीका : पृथ्वी पर जितने कार्य हैं वो सभी शुभ कर्मों की पुष्टि पर स्थित कार्य, यात्रा तथा अन्न ग्रहण को छोड़कर अन्य द्वादशी तिथि में सिद्ध होते हैं।

विधातृगौरीभुजगभान्वन्तकदिनेषु च।
उक्तानि तानि सिद्धयन्ति त्रयोदश्यां विशेषतः।।१६।।

मञ्जुमती टीका : विधाता (द्वितीया) गौरी (तृतीया) सर्प (पञ्चमी), सूर्य (सप्तमी), यमराज (दशमी) तिथियों में जो कर्म कहे गये हैं वे सभी कर्म विशेष रूप से त्रयोदशी तिथि में सिद्ध होते हैं।

यज्ञक्रिया पौष्टिकमङ्गलानि संग्रामयोग्याखिलवास्तुकर्म।
उद्वाहशिल्पाखिलभूषणाद्यं कार्यं प्रतिष्ठा खलु पौर्णमास्याम्।।१७।।

मञ्जुमती टीका : यज्ञ की क्रिया पौष्टिक मङ्गल कर्म, संग्राम योग्य सम्पर्ण वास्तुकर्म, विवाह, शिल्प, सम्पूर्ण आभूषण आदि कार्यों की प्रतिष्ठा, पूर्णिमा के दिन सिद्ध होती है।

सदैव दर्शे पितृकर्म चैव नान्यद्विधेयं शुभपौष्टिकाद्यम्।
मूढैः कृतं तत्र शुभोत्सवाद्यं विनाशमायात्यचिराद्धुवं तत्।।१८।।

मञ्जुमती टीका : सदैव अमावस्या तिथि में, पितृ आदि कर्म करने चाहिए। और शुभ पौष्टिक आदि कर्म नहीं करने चाहिए। यदि मूर्खों के द्वारा शुभ

उत्सवादि कर्म किये जायें तो वह शीघ्र निश्चित विनाश को प्राप्त हो जाते हैं।

चतुर्दश्यष्टमी कृष्णा त्वमावास्या च पूर्णिमा।
पुण्यानि पञ्च पर्वाणि संक्रान्तिर्दिनपस्य च।।१९।।

मञ्जुमती टीका : कृष्ण पक्ष चतुर्दशी और अष्टमी, अमावस्या, पूर्णिमा तथा सूर्य की संक्रान्ति दिन को पञ्चपर्व कहा गया है। ये सभी पुण्य देने वाले हैं।

पञ्चपर्वसु नन्दासु न कुर्याद्दन्तधावनम्।
तत्र कुर्यादनादृत्य स नरो विधिहन्तकः।।२०।।

मञ्जुमती टीका : पाँचों पर्वों में और नन्दा आदि तिथियों में दन्त धावन नहीं करना चाहिए। यदि उस दिन का अनादर करके कोई करता है। तो वह मनुष्य विधान को नष्ट करने वाला होता है।

स्त्रीसेवनं पर्वसु पक्षमध्ये मांसं हि षष्ठीसु च तैलवर्ज्यम्।
नृणां विनाशाय चतुर्दशीषु क्षुरक्रिया स्यादसकृत्तदाऽशु।।२१।।

मञ्जुमती टीका : स्त्री का सेवन पर्वों में पक्ष के मध्य में माँस, षष्ठी तिथि में तेल लगाना वर्जित किया गया है। तथा चतुर्दशी तिथि में छौर कर्म (बाल बनवाना) मनुष्यों के विनाश के लिए होता है। बार-बार इन कार्यों के करने से शीघ्र ही विनाश होता है।

कलि१४ वसु८ गणपति४ षण्मुख६ हरि१२ दुर्गा ९ तिथिषु पक्षरन्ध्रासु।
शर५ मनु १४ वसु ८ गोदशभिस्तत्वविहीनांत्यनाडिकाः शुभदाः।।२२।।

मञ्जुमती टीका : चतुर्दशी, अष्टमी, चतुर्थी, षष्ठी, द्वादशी एवं नवमी, ये तिथियां पक्षरन्ध कही गई है। ये अशुभप्रद होती हैं। किन्तु इन तिथियों में ५। १४। ८। १५ घटिकायें हमेश त्याज्य हैं जबकि अन्तिम नाड़ी शुभ देने वाली होती है।

नवमी त्रिविधा ज्ञेया प्रवेशनवमी प्रयाणनवमी च।
नवमदिनं निर्गमतः प्रवेशनवमीति विख्याता।।२३।।

मञ्जुमती टीका : नवमी को तीन प्रकार से जानना चाहिए। प्रवेश नवमी, प्रयाण नवमी तथा नवम दिन का निर्गमन। प्रवेश नवमी अत्यधिक

प्रसिद्ध है।

नवमदिनं प्रवेशाद्यत्प्रयाणनवमी च नवमदिनम्।
सततं नवमीत्रितयं यात्रायां प्राणहानिदं यातुः।।२४।।

मञ्जुमती टीका : नौवां दिन प्रवेश आदि से, प्रयाण नवमी और नौवां दिन, ये तीनों नवमी निरन्तर यात्रा के समय प्राण की हानि करते हैं।

एकान्तरा हि तिथयो दिवसाद्द्वितीया-।
च्चापान्त्ययोर्वृषभकुम्भभयोश्च तद्वत्।
कर्काऽजयोर्मिथुनकन्यकयोश्च कीट-।
हर्योस्तुलामकरयोः खलु मासदग्धा।।२५।।

मञ्जुमती टीका : प्रतिपदा तिथि से गणना में एक तिथि छोड़कर दूसरी अर्थात् प्रतिपदा, तृतीया, पञ्चमी आदि तिथियों में क्रमशः प्रतिपदा तिथि में तुला एवं मकर, तृतीया में सिंह एवं मकर, पञ्चमी में मिथुन एवं कन्या, सप्तमी तिथि में धनु और मीन, त्रयोदशी तिथि में वृष और मीन। ये लग्न मासदग्ध कहे गये हैं।

मासदग्धासु तिथिषु कृतं यन्मङ्गलादिकम्।
तत्सर्वं नाशमायाति ग्रीष्मे कुसरितो यथा।।२६।।

मञ्जुमती टीका : माँसदग्ध तिथियों में जो मङ्गल आदि कार्य किये जाते हैं। वह सब वैसे नाश को प्राप्त हो जाते हैं। जैसे – गर्मी की ऋतु में छोटी नदियाँ।

पुण्यं लोकमभिप्रेप्सुरष्टम्यादिषु वर्जयेत्।
शीर्षाकपालांत्राणि नखचर्मतिलानि च।।२७।।

मञ्जुमती टीका : अष्टमी आदि तिथि में लोक में अभीष्ट चाहने वाले को जो पुण्य कर्म हैं उनको वर्जित कर देना चाहिए। तथा सिर, कपाल, आँत, नख, चमड़ा तथा तिल आदि कार्य भी वर्जित करने चाहिए।

कामदुर्गान्तकविधिनष्टेन्द्वर्कदिनेषु च।
सकृदामलकस्नानं सम्पत्पुत्रविनाशनम्।।२८।।

मञ्जुमती टीका : काम अर्थात् त्रयोदशी तिथि, दुर्गा नवमी तिथि, अन्तक तथा दशमी तिथि, विधि अर्थात् द्वितीया, नष्टेन्दु अर्थात अभावस्या तथा रविवार के दिन यदि कोई एक बार भी आँवले से स्नान करता है। तो वह अपनी सम्पत्ति और पुत्र आदि का विनाश करता है।

पञ्चपर्वसु पाते च ग्रहणे चन्द्रसूर्ययोः।
नरश्चण्डालयोनिः स्यात्तैलस्त्रीमांससेवनात्।।२९।।

मञ्जुमती टीका : पञ्च पर्व में, पात में, सूर्य एवं चन्द्रमा के ग्रहण में यदि कोई तेल, स्त्री तथा माँस का सेवन करता है। तो वह मनुष्य चाण्डाल योनि को प्राप्त हो जाता है।

दिवा चन्द्रवती राका पूर्णिमानुमती निशि।
सा पूर्णिमात्यनुमती तथाऽपि द्विविधा भवेत्।।३०।।

मञ्जुमती टीका : यदि पूर्णिमा दिन में व्याप्त हो, तो उसे राका तथा रात्रि में व्याप्त होने पर अनुमति कही जाती है। इस प्रकार यह अनुमति पूर्णिमा दो प्रकार की होती हैं।

सिनीवाली दृष्टचन्द्रा नष्टचन्द्रा कुहूस्तथा।
तिथीनां निर्णयार्थं हि एतत्सर्वमुदीरितम्।।३१।।

मञ्जुमती टीका : जिस अमावस्या में चन्द्रमा की कलायें दिखाई देती हैं। उसे सिनीवाली तथा जिस अमावस्या में चन्द्रमा की कला पूर्ण रूप से क्षीण हो जाये, कुहू कहते हैं। ये सभी तिथियों के निर्णयार्थ कही गयी हैं।

ईशे च शुक्ला नवमी कार्तिके द्वादशी तथा।
मासद्वये तृतीया स्याच्चैत्रे भाद्रपदेऽपि च।।३२।।

मञ्जुमती टीका : आश्विन मास शुक्ल पक्ष नवमी, कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वादशी, चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया तथा भादौ शुक्ल पक्ष तृतीया।

अमावास्या श्रावणे च पौषसस्यैकादशी सिता।
आषाढे शुक्लनवमी माघमासे तु सप्तमी।।३३।।

मञ्जुमती टीका : सावन मास की अमावस्या, तथा पौष शुक्ल पक्ष की एकादशी, आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष की नवमी, तथा माघ मास शुक्ल पक्ष की सप्तमी।

कृष्णाष्टमी नभस्ये च आषाढी कार्तिकी तथा।
फाल्गुने चैत्रमासे च ज्येष्ठमासे च पूर्णिमा।।३४।।

मञ्जुमती टीका : कृष्ण पक्ष अष्टमी, आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा तथा कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा एवं फाल्गुन, चैत्र एवं ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा।

मन्वन्तरादितिथयः पुण्याः स्युः पितृकर्मसु।
तासु जप्तं हुतं दत्तं फलं भवति चाक्षयम्।।३५।।

मञ्जुमती टीका : ये सभी तिथियां मन्वन्तरादि कही गयी हैं। ये पुण्य देने वाली हैं। इनमें पितृ कर्म, जप, हवन, दान करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है।

इति मन्वादयः।

कृष्णा पञ्चदशी माघे नभस्ये च त्रयोदशी।
शुक्ले तृतीया वैशाखे नवम्यूर्जे युगादयः।।३६।।

मञ्जुमती टीका : माघ मास कृष्ण पक्ष की अमावस्या, भादौ कृष्ण त्रयोदशी, बैशाख शुक्ल तृतीया तथा कार्तिक शुक्ल नवमी। ये युग के आरम्भ की तिथियां है।

नोट : *अक्षय तृतीया को सतयुग का आरम्भ, कार्तिक शुक्ल नवमी को त्रेतायुग का आरम्भ, भादौ कृष्ण त्रयोदशी को द्वापर तथा माघ मास की अमावस्या को कलियुग का आरम्भ होता है।*

यदा कृष्णत्रयोदश्यां पैतृभेन्दुः करे रविः।
गजच्छाया तदा ज्ञेया पितृणां भूरि पुण्यदा।।३७।।

मञ्जुमती टीका : जब कृष्ण पक्ष त्रयोदशी को चन्द्रमा सूर्य से योग करे तो इसे गजच्छायायोग जानना चाहिए। यह पितरों के लिए बहुत पुण्य देने वाला कहा गया है।

स्युस्तिस्रस्तिथयो वारेऽप्येकस्मिन्सावमा तिथिः।
तिथिर्वारत्रयेऽप्येका त्रिद्युस्पृक् द्वेऽतिनिन्दिते।।३८।।

मञ्जुमती टीका : जिस बार में, दो तिथियां समाप्त होकर तीसरी का भी प्रारम्भ हो जाता है। तो बीच वाली तिथि का ह्रास हो जाय तो इसी को तिथिक्षय कहते हैं। एक मास में एक अमा तिथि होती है। जो तिथि तीन बारों में व्याप्त होती है। उसे तिथि वृद्धि कहते हैं। इसकी त्रिद्युस्पृक् संज्ञा दो तिथि अतिनिन्दित कही गई हैं।

कृतं यन्मङ्गलं तत्र त्रिद्युस्पृगवमे दिने।
भस्मीभवति तत्क्षिप्रमग्नौ सम्यग्यथेन्धनम्।।३९।।

मञ्जुमती टीका : जिस दिन त्रिद्युस्पृक् संज्ञा वाली तिथि हो उस दिन मङ्गल कार्य करने से बुरे प्रभाव वैसे नष्ट हो जाते हैं। जैसे अग्नि में फेंका गया ईधन।

उपैत्यस्तमवाप्यार्कमुहूर्त्तत्रयवाहिनी ।
या तिथिः स्यादखण्डाख्या न्यूना चेत्खण्डसंज्ञिता।।४०।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य के अस्त होने पर तीन तिथियों के मुहूर्त को प्राप्त करने वाली जो तिथि है उसे खण्ड तिथि कहा है। थोड़ी भी खण्डित होने पर इसे न्यूना तिथि कहा गया है।

मासि मार्गशिरस्यैव व्रतानां समुपक्रमम्।
अखण्डायां तिथौ कुर्यादनस्ते गुरुशुक्रयोः।।४१।।

मञ्जुमती टीका : अगहन मास में व्रत आरम्भ करना चाहिए। और जब अखण्ड तिथि तथा गुरु एवं शुक्र अस्त न हों ।

सप्तम्यां माघशुक्लायामादित्यं पद्मैकः सुधीः।
गव्येन पयसान्नेन मृणालैः सम्यगर्चयेत्।।४२।।

मञ्जुमती टीका : माघ शुक्ल सप्तमी तिथि को विद्वानों ने सूर्य की सप्तमी तिथि कहा है। उस दिन पञ्चगव्य, दूध तथा अन्न एवं कमल के पुष्प से सूर्य की पूजा करनी चाहिए।

प्रतिवर्षं भक्तियुक्त्या यावज्जीवं च यो नरः।
अरोगी श्रियमाप्नोति रोगी रोगात्प्रमुच्यते।।४३।।

मञ्जुमती टीका : प्रतिवर्ष भक्तिपूर्वक जीवनपर्यन्त जो मनुष्य पूजन करता है। वह रोगरहित होकर लक्ष्मी की प्राप्ति करता है। जबकि रोगी रोग से मुक्त हो जाता है।

पूजाकर्मणि सा ग्राह्या मध्याह्नव्यापिनी तिथिः।
उपवासे व्रते ज्ञेया मुहूर्त्तत्रयवाहिनी।।४४।।

मञ्जुमती टीका : पूजाकर्म में मध्याह्न व्यापिनी तिथि का ग्रहण करना चाहिए। उपवास और व्रत में तीन मुहूर्त का वहन करने वाली तिथि को ग्रहण करना चाहिए।

नक्तव्रतेषु सर्वत्र प्रदोषव्यापिनी स्मृता।
ह्रासवृद्धिसमत्वं च चिन्तयित्वा विनिर्णयम्।।४५।।

मञ्जुमती टीका : रात्रि वाले सभी व्रतो में प्रदोषव्यापनी तिथि कही गयी है। ह्रास, वृद्धि और समता का विचार करके ही विचार करना चाहिए।

माघे कृष्णचतुर्दश्यामुपोषित्वा शिवं व्रजेत्।
यः कुर्याज्जागरं भक्त्या तस्य नास्ति पुनर्भवः।।४६।।

मञ्जुमती टीका : माघ मास कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को शिव का व्रत एवं पूजन करने वाला शिवलोक जाता है। और जो रात्रि जागरण करता हैं। उसका पुनर्जन्म नहीं होता है।

यत्रार्द्धरात्रसंयुक्ता भवेदुग्रा चतुर्दशी।
शिवरात्रिव्रतं तत्र नृत्यगीतादिनाऽर्चयेत्।।४७।।

मञ्जुमती टीका : अर्द्धरात्रि में चतुर्दशी तिथि व्याप्त हो उसी को शिवरात्रि व्रत कहा गया है। उस दिन नृत्य (नाच) एवं गाने आदि भजनों से शङ्कर की पूजा करनी चाहिए।

फाल्गुनाद्यत्रयोदश्यां कामं दग्ध्वा शिवं व्रजेत्।
त्रिदिनं भस्मना तेन तेजस्वी श्रियमाप्नुयात्।।४८।।

मञ्जुमती टीका : फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष त्रयोदशी को काम को जलाकर शिव की पूजा करनी चाहिए। तीन दिन उस भस्म को लगाने वाला तेजस्वी होता है। और लक्ष्मी को प्राप्त करता है।

चैत्रशुक्लचतुर्दश्यां दमनेनार्चयेच्छिवम्।
अब्दपूजाफलं प्राप्य स नरो धनिको भवेत्।।४९।।

मञ्जुमती टीका : चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्दशी को दमन के द्वारा शिव की पूजा करनी चाहिए। वह वर्ष भर के पूजा का फल प्राप्त करके व्यक्ति धनी हो जाता है।

वैशाखे च तृतीयायां योऽर्चयेच्च सुरान् पितॄन्।
नाश्नुते मनसा दुःखं स नरः स्वर्गलोकभाक्।।५०।।

मञ्जुमती टीका : बैशाख मास की तृतीया को जो व्यक्ति देवताओं और पितरों की पूजा करता है। वह कभी भी मानसिक दुःख को नहीं प्राप्त करता बल्कि वह व्यक्ति स्वर्गलोक को प्राप्त करता है।

वैशाख्यां विप्रमुख्येभ्यो धर्मप्रीत्या प्रयच्छति।
पादुकोपानहौ छत्रं दध्यन्नं करपात्रकम्।।५१।।

मञ्जुमती टीका : बैशाख माघ में मुख्य प्रधान ब्राह्मण को धर्म एवं प्रीतिपूर्वक पादुका, जूता, छाता, दही, अन्न और करपात्र (कमण्डलु) देता है।

व्यञ्जनं गन्धपुष्पान्नप्रदानं सर्वजन्तुषु।
श्रीमान् भोगी च तेजस्वी विमानच्छत्रचामरः।।५२।

मञ्जुमती टीका : पंखा, गन्ध, पुष्प, अन्न आदि सम्पूर्ण प्राणियों को प्रदान करता है। वह सम्पूर्ण प्राणियों में धनवान, भोगी, तेजस्वी, विमान, छत्र और चमर आदि से युक्त होता है।

नृत्यगीतादिसंयुक्तः सर्वाभरणभूषितः।
दिव्याङ्गनासमाकीर्णः स नरः स्वर्गमश्नुते।।५३।।

मञ्जुमती टीका : नाच एवं गाने से युक्त होकर सम्पूर्ण आभूषणों से सुशोभित होता हुआ अप्सराओं से व्याप्त स्वर्गलोक को वह मनुष्य प्राप्त होता है।

शुचिशुक्ले च पञ्चम्यां यजेत्स्कन्दमुपोषितः।
पिष्टान्नप्राशनं कृत्वा व्रणरोगात्प्रमुच्यते।।५४।।

मञ्जुमती टीका : आषाढ़ शुक्ल पक्ष पञ्चमी को जो कार्तिकेय की पूजा करता है। आटे से प्राशन करता हुआ वह व्यक्ति घाव आदि रोगों से मुक्त हो जाता है।

पूर्वविद्धा तु कर्तव्या पिष्टान्नप्राशने व्रते।
पिष्टान्नप्राशनं नृणां रात्रावेव विधीयते।।५५।।

मञ्जुमती टीका : आटे के प्राशन के व्रत में पूर्वविद्धातिथि का ही ग्रहण करना है। और आटे का प्राशन मनुष्य को रात्रि में ही करना चाहिए।

शुचिमासे चतुर्दश्यां पवित्रेनार्चयेच्छिवम्।
अब्दपूजाफलं लब्ध्वा स नरो धनवान्भवेत्।।५६।।

मञ्जुमती टीका : आषाढ़ मास की चतुर्दशी को पवित्र होकर जो शिव की पूजा करता है। वह व्यक्ति वर्षपर्यन्त पूजा करके धनवान हो जाता है।

श्रावणस्यासिताष्टम्यां रोहिणी निशि संयुता।
यदा भवेत्तदा साक्षाद्देवो जातो जनार्दनः।।५७।।

मञ्जुमती टीका : श्रावण मास की कृष्णपक्ष की अष्टमी जब रोहिणी नक्षत्र में रात्रि में उपलब्ध हो। तब उस समय साक्षात् भगवान विष्णु कृष्ण रूप में उत्पन्न हुए थे।

तस्य वै जन्मचिह्नानि यः कुर्यात्समुपोषितः।
जागरं जातकर्माद्यं स वैष्णवपदं व्रजेत्।।५८।।

मञ्जुमती टीका : जो जन्म तिथि को ठीक से उपासना करता है, रात्रि जागरण करता है। जातकर्म आदि करता है। वह वैष्णव पद को प्राप्त करता है।

मासि भाद्रपदे शुक्ले चतुर्थ्यां गणनायकम्।
अर्चयेन्मोदकाद्यैश्च सर्वविघ्नोपशान्तये।।५९।।

मञ्जुमती टीका : भादौ मास शुक्ल पक्ष चतुर्दशी को सम्पूर्ण विघ्नों की शान्ति के लिए लड्डू के द्वारा गणेशजी की पूजा करनी चाहिए।

मासि भाद्रपदे यस्मिन् दिवसे सुरराजभम्।
मध्याह्नादधिकं तत्र ज्येष्ठाया: परिपूजनम्।।६०।।

मञ्जुमती टीका : भादौ मास की चतुर्दशी तिथि को जिस दिन भगवान शिव का नक्षत्र हो उसके मध्याह्न काल के पश्चात् ज्येष्ठा देवी का पूजन करना चाहिए।

नवम्यामश्वयुक्छुक्ले लक्ष्मीं देवीं समर्चयेत्।
सरस्वतीमायुधानि युद्धे जयमवाप्नुयात्।।६१।।

मञ्जुमती टीका : आश्विन शुक्ल पक्ष नवमी को लक्ष्मी की आराधना करनी चाहिए। और सरस्वती के आयुध की पूजा युद्ध में विजय प्राप्त करने के लिए करनी चाहिए।

विजयादशमी तत्र सर्वकार्येष्वनिन्दिता।
यात्रायां जयदा राज्ञां सम्यक्सम्पत्प्रयच्छति।।६२।।

मञ्जुमती टीका : वहां विजयादशमी जो सभी कार्यों के लिए श्रेष्ठ कही गयी है। राजाओं के लिए यात्रा में विजय देने वाली तथा ठीक ढंग से सम्पत्ति प्रदान करती है।

ऊर्जे शुक्लचतुर्थ्यां यो भुजगान्भक्तितो भजेत्।
क्षीरपिष्टगुडाद्यैश्च न तेभ्यो भयमश्नुते।।६३।।

श्लोव : कार्तिक मास शुक्ल पक्ष चतुर्थी को दूध, आटा एवु गुड़ के द्वारा जो सर्पों का भक्तिपूर्वक पूजन भजन करता है उसे कभी भी सर्प का भय प्राप्त नहीं होता।

आरभ्यैकादशीं तत्र यावच्च दिनपञ्चकम्।
तद्भीष्मपञ्चकं ज्ञेयं नृणामघविनाशनम्।।६४।।

मञ्जुमती टीका : एकादशी से आरम्भ करके जब तक पांच दिन हों उसे भीष्मपञ्चक नाम से जाना जाता है। यह मनुष्यों के पापों को नष्ट करने वाला

कहा गया है।

वत्सरं तप्यते पुण्यं तपसः कार्तिके लभेत्।
कार्तिके तपसः पुण्यं लभते भीष्मपञ्चके।।६५।।

मञ्जुमती टीका : वर्ष भर की गई तपस्या के फल के बराबर कार्तिक मास में तप करने से फल प्राप्त होता है तथा कार्तिक मास के तपफल के समान भीषण पञ्चक के तप से फल प्राप्त होता है।

कार्तिक्यां कृत्तिकायोगे गरुडध्वजदर्शनात्।
सप्तजन्मकृतं पापं तत्क्षणादेव नश्यति।।६६।।

मञ्जुमती टीका : कार्तिक मास की पूर्णिमा में कृत्तिका नक्षत्र से योग हो जाय और उस समय जो भगवान विष्णु का दर्शन करता है। वह सात जन्म में किये गये पापों को तत्काल ही नष्ट कर देता है।

उत्सृजेद्वृषभं तत्र उपोषित्वा यथाविधि।
कुमारं वा यजेत्तत्र सर्वपापैः प्रमुच्यते।।६७।।

मञ्जुमती टीका : जो विधिपूर्वक पूजन करके बैल को छोड़ता है अथवा जो स्वामी कार्तिकेय का पूजन करता है वह सभी पापों से मुक्त हो जाता है।

शुद्धा त्रेधा तथा विद्धा भिन्ना न्यूना समाधिका।
त्रिविद्धैका पुनर्भिन्ना द्वादश्यूनसमाधिकैः।।६८।।

मञ्जुमती टीका : तीन प्रकार से तिथि शुद्ध होती है। तथा विद्ध अलग होती हैं। छय तिथि, तथा विद्ध तिथि तथा सम तिथियों में एक तिथि जो तीन से विद्ध है वह पुनर्भिन्ना द्वादशी से कम तथा अधिक होने से सम की संज्ञा दी जाती है।

आद्यासु षट्सु पूर्वैव व्यवस्थानान्तरद्वये।
गृहमेधियतीनां च नवम्यां तु परेऽहनि।।६९।।

मञ्जुमती टीका : पहली छह तिथियां पूर्व की भाँति दो के मध्य की व्यवस्था के अन्तर्गत हैं। गृहस्थ और संन्यासियों के लिए नवमी तिथि पर ग्रहण करनी चाहिए।

विद्धात्रयेऽपि पूर्वैव व्यवस्थाऽनन्तरद्वये।
अपरैरनिशेषाः स्युः सप्तम्यां तु व्यवस्थितिः।।७०।।

मञ्जुमती टीका : पूर्व से तीनों के विद्ध होने पर दो व्यवस्थाओं के मध्य दूसरी सम्पूर्ण तिथि सप्तमी में व्यवस्थित कही गयी है।

यामत्रयाधिकां यत्र वृद्धिगामी त्वमा यदि।
पितृकर्मणि सा ग्राह्या तिथिः पूर्वा क्षयात्मिका।।७१।।

मञ्जुमती टीका : यदि अमावस्या तीन प्रहर से अधिक हो तो इसे वृद्धिगामी कहते हैं। यह पितृ कार्यों में ग्रहण करनी चाहिए। और इससे पूर्व वाली तिथि को छय तिथि कहा गया है।

अपराह्णे सुसम्पूर्णा सायंस्पृक् स्याद्यदा तिथिः।
सैव प्रत्यब्दिकी ग्राह्या नापरा पुत्रहानिदा।।७२।।

मञ्जुमती टीका : अपराह्ण के समय सम्पूर्ण तिथि जब सायंकाल को भी स्पर्श कर रही हो। तो वर्ष की प्रथम तिथि ग्राह्य है न कि दूसरी। और इससे भिन्न तिथि पुत्र की हानि करने वाली होती है।

क्षये पूर्वतिथौ शोध्यं योज्यं वृद्धौ तिथिर्भवेत्।
तिथ्यन्तरदलं श्राद्धे स्वाध्यायेऽथ व्रतेऽपि तत्।।७३।।

मञ्जुमती टीका : क्षय तिथि में पूर्व तिथि का ही शोधन करना चाहिए और विद्ध तिथि होने पर तो जोड़ना चाहिए। दो तिथियों के मध्य में श्राद्ध और व्रत भी करना चाहिए।

तिथेः पञ्चदशो भागः पक्षयोः स्यात्क्षणा तिथिः।
यत्कर्मोक्तं तिथौ यस्यामस्यामप्यखिलं भवेत्।।७४।।

मञ्जुमती टीका : तिथि के पन्द्रहवें भाग को पक्ष कहते हैं तथा तिथि पक्ष के जो कर्म कहे गये है। वह सम्पूर्ण कार्य इसमें भी होते हैं।

यो जानाति हि पञ्चाङ्गं स्फुटं लोके स दैववित्।
कालरूपेश्वरं भ्राजन्मूर्तीनामृतमुद्भवम्।।७५।।

मञ्जुमती टीका : जो ज्योतिषी इस लोक में पञ्चाङ्ग के इस स्पष्ट भाग को जानता है वह काल रूप ईश्वर का कृपापात्र होता हुआ अमृत को उत्पन्न करने वाला होता है।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
तिथिस्वरूपाध्यायो द्वादशः।।१२।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में
तिथिस्वरूपाध्याय नामक बारहवें अध्याय का
हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथ वारस्वरूपाध्यायः १३।

राजाभिषेकोत्सवमङ्गलाश्च सेवाहवस्त्वौषधचित्रकर्म।
धातुक्रियाभूषणलाक्षचर्मधान्योर्णकोष्ट्रादि रवौ विदध्यात्।।१।।

मञ्जुमती टीका : राजा का अभिषेक, उत्सव, माङ्गलिक कार्य, सेवा (नौकरी), औषधि का कार्य, चित्रकारी का कार्य, धातु सम्बन्धी क्रियायें, आभूषण, लाह, चमड़ा, धान्य, ऊन तथा ऊँट आदि पशुओं का क्रय-विक्रय रविवार के दिन करना चाहिए।

मुक्ताम्बुशङ्खस्फटिकेक्षुरौप्यक्षीरौषधोद्यानकृषिक्रियाद्यम्।
स्त्रीनृत्यगीताखिलवास्तुकर्म शशाङ्कवारे रविवासरोक्तम्।।२।।

मञ्जुमती टीका : मोती, जल, शंख, स्फटिक, गन्ना, चाँदी, दूध, औषधि उद्यान, कृषि क्रिया, स्त्री, नाच-गाने तथा सम्पूर्ण वास्तु कर्म एवं जो रविवार के दिन की क्रियायें है, वे सभी सोमवार के दिन करनी चाहिए।

विषाग्निशस्त्राहवभेददम्भस्तेयानृतोग्रावधबन्धकर्म।
छेदप्रवालाखिलधातुकर्म सदाभिचारं च कुजेऽह्नि कुर्यात्।।३।।

मञ्जुमती टीका : विष, अग्नि, शस्त्र, भेद, घमण्ड, चोरी, झूठ, उग्र कर्म, वध कर्म, बन्धन कर्म, छिद्र, मूँगा, सम्पूर्ण धातु कर्म तथा अभिचार आदि हमेशा मङ्गलवार के दिन करना चाहिए।

नैपुण्यवाहावहशिल्पसन्धिर्व्यायामपण्याखिललेखनाद्यम्।
धातुक्रियाविद्रुमभूषणाद्यं बुधेऽह्नि कार्यं गणितप्रपञ्चम्।।४।।

मञ्जुमती टीका : निपुणता, वाहन, शिल्प, सन्धि, व्यायाम, व्यापार कर्म तथा सम्पूर्ण लेखन आदि, धातु आदि, मूँगा, आभूषण आदि तथा गणित समबन्धी समस्त कर्म बुधवार के दिन करने चाहिए।

यज्ञक्रियामङ्गलपुष्टिविद्याहेमाम्बरोद्यानविभूषणाद्यम्।
भैषज्यशास्त्राहवनृत्यगीतचरस्थिराद्यं सुरपूज्यवारे।।५।।

मञ्जुमती टीका : यज्ञ क्रिया, माङ्गलिक कार्य, पुष्टि, विद्या, सोना, वस्त्र, बगीचा तथा आभूषण कार्य, औषधि, शास्त्र, नाच-गाने तथा समस्त चर स्थिर कार्य गुरुवार के दिन करना चाहिए।

स्त्रीगीतमुक्ताफलवज्ररौप्यसुगन्धशय्याभरणाम्बराध्यम्।
उद्यानकृष्यम्बुलतास्त्रपण्यमाङ्गल्यपुष्पादिसितेऽह्नि कुर्यात्।।६।।

मञ्जुमती टीका : स्त्री, गीत, मोती के दाने, हीरा, चाँदी, सुगन्धित वस्तु, शय्या, आभूषण, वस्त्र, बगीचा, कृषि, जल सम्बन्धी कार्य, लता अस्त्र, व्यापार कर्म, माङ्गलिक कर्म तथा पुष्प आदि के कार्यों को शुक्रवार के दिन करना चाहिए।

समस्तवस्तुग्रहणाश्मसीसदीक्षात्रपुस्थैर्यगृहादि कर्म।
खरोष्ट्रगोहेमतुलायदासपापानृताद्यं रविपुत्रवारे।।७।।

मञ्जुमती टीका : सम्पूर्ण वस्तुओं का ग्रहण, पत्थर, सीसा, दीक्षा, राङ्गा आदि जो गृह कर्म हैं गधा, ऊँट, गाय, सोना, तराजू तथा नौकर, पाप कर्म, झूठ आदि शनिवार के दिन करने चाहिए।

सूर्यः स्थिरः शीतकरश्चरात्मा धराज उग्रः शशिजो विमिश्रः।
देवेन्द्रपूज्यो लघुरिन्द्रशत्रुः पूज्यो मृदुस्तीक्ष्णतनुश्च सौरिः।।८।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य स्थिर, चन्द्रमा चर, मङ्गल उग्र, बुध मिश्रित, गुरु लघु, शुक्र मृदु तथा शनि तीक्ष्ण शरीर वाले हैं।

अभ्यङ्गो रविवासरे तनुभृतां दुःखप्रदः कान्तिदः।
सोमाहे कुजवासरे निधनदः श्रीकीर्तिदश्चन्द्रजे।
जीवे शत्रुविवृद्धिदः सितदिने रोगप्रदः सूर्यजे।
भोगारोग्यविवृद्धिदश्च नियतं श्रीकीर्तिलक्ष्मीप्रदः।।९।।

मञ्जुमती टीका : रविवार को तेल लगाने से प्राणियों को दुःख प्राप्त होता है। सोमवार को शोभा बढ़ती है। मङ्गलवार को मृत्यु होती है। बुधवार को लक्ष्मी एवं यश की प्राप्ति होती है। गुरुवार को शत्रु की वृद्धि होती है। शुक्रवार के दिन रोग होता है। शनिवार को भोग एवं आरोग्य की वृद्धि होती है तथा नित्य लक्ष्मी, कीर्ति एवं लक्ष्मी की प्राप्ति होती है।

अनुक्तवारतिथिषु त्वमायां विष्टिपातयोः।
औषधेन युतं तैलं न दुष्यं ग्रहणं विना।।१०।।

मञ्जुमती टीका : जिन वार एवं तिथियों में तेल लगाना वर्जित है। उनमें अमावस्या के दिन भद्रा में, तथा पात में तथा ग्रहण में, औषधि युक्त तेल को लगाने से दोष नहीं होता।

प्रभाकरस्योदयनात्पुरे स्याद्वारप्रवृत्तिर्दशकन्धरस्य।
चरार्द्धदेशान्तरनाडिकाभिरूर्द्धं तथाधोऽप्यपरत्र तस्मात्।।११।।

मञ्जुमती टीका : सूर्योदय काल से वार की प्रवृत्ति रावण की राजधानी अर्थात् लङ्का देश (भूमध्य रेखा) से होती है। इसके ऊपर तथा अधोभाग में स्थित नगरों में दोनों देशों के चरार्द्ध और देशान्तर घट्यादि के ऋण अथवा धनादि अन्तर करने पर वार प्रवृत्ति होती है।

वारप्रवृत्ते घटिका दिनेशात्कालाख्यहोरापतयः क्रमेण।
सार्द्धेन नाडीद्वितयेन षष्ठः षष्ठश्च षष्ठश्च पुनः पुनश्च।।१२।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य से ढ़ाई घटी अर्थात् एक-एक घण्टे के क्रम से प्रत्येक ग्रह सूर्य के क्रम से होरा का अधिपति होता है। अर्थात् एक घण्टे पर्यन्त एक ग्रह की होरा होती है अतएव एक अहोरात्र में अर्थात् २४ घण्टें में प्रत्येक छठी-छठी होरा के बाद उसी ग्रह की होरा होती है।

नोट : *जिस वार में काल होरा जानने की इच्छा हो तो प्रथम होरा उसी वार की दूसरी उससे षष्ठ की पुनः उससे छठें की इसी क्रम से कालहोरा होती है। दिन और रात में २४ कालहोरा होती हैं। अतः एक कालहोरा २ घटी ३० पल की होती है।*

वारप्रवृत्तिविज्ञानं क्षणवारार्थमेव तत्।
अखिलेष्वन्यकार्येषु दिनादिरुदयो रवेः।।१३।।

मञ्जुमती टीका : वार प्रवृत्ति का विज्ञान क्षण विज्ञान के लिए है। किन्तु अन्य समस्त कार्यों में दो सूर्योदयों के बीच के समय को मानकर कार्य सूर्यवार के क्रम से गणना करनी चाहिए।

यस्य ग्रहस्यैव च वासरे यत्कर्म प्रदिष्टं विपुलं च कार्यम्।
तत्कालहोरासु च तस्य नूनं दिक्छूलपूर्वादि विचिन्तनीयम्।।१४।।

मञ्जुमती टीका : जिस ग्रह के वार में जो कार्य करने को पहले कहा जा चुका है वह कार्य अन्य वारों में भी अभीष्ट ग्रह के वार की कालहोरा में भी करना चाहिए। और दिक्शूल आदि का भी विचार कालहोरा में भी करना चाहिए।

बलप्रदस्य ग्रहवासरे यच्चोद्दिष्टकार्यं समुपैति सिद्धिम्।
सुदुर्बलस्य ग्रहवासरे तत्प्रयत्नपूर्वं त्वपि नैव साध्यम्।।१५।।

मञ्जुमती टीका : बलवान ग्रह के वार में जो कार्य कहे गये हैं यदि किये जाय तो वे सिद्धि प्रदान करने वाले होते हैं। किन्तु दुर्बल ग्रह के वार में बहुत प्रयत्न करने पर भी वह कार्य सिद्ध नहीं होता।

पूर्णेन्दुशुक्रज्ञसुरेज्यवाराः सर्वेषु कार्येषु सुपूजिताः स्युः।
ये सूरसूर्यात्मजभौमवाराः प्रोक्तेषु कार्येष्वपि शोभनाः स्युः।।१६।।

मञ्जुमती टीका : पूर्ण चन्द्रमा, शुक्र, बुध तथा बृहस्पति के वार सभी कार्यों में श्रेष्ठ माने गये हैं। किन्तु जो सूर्य, शनि एवं मङ्गल के वार में कार्य कहे गये हैं वे भी उपर्युक्त दिनों में शुभ होते हैं।

रक्तो रविर्गौरनिभः शशाङ्कः कुजोऽतिरक्तः शशिजश्च पीतः।
सुवर्णवर्णो गुरुरास्फुजिच्च रौप्योपमः कृष्णतनुश्च सौरिः।।१७।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य रक्त वर्ण के, चन्द्रमा गौर आभा वाले, मङ्गल अत्यन्त लाल, बुध पीला, गुरु स्वर्णिम वर्ण का, शुक्र चाँदी के वर्ण का तथा शनि काले शरीर वाला है।

जीर्णं जलार्द्रं दहनप्रदग्धं लक्ष्मीकरं लाभकरं प्रियाप्तिम्।
मलप्रदिग्धं धृतमम्बरं यत्करोति सूर्यादिखगः स्ववारे।।१८।।

मञ्जुमती टीका : सूर्यवार के दिन वस्त्र धारण करने से फटा हुआ, चन्द्रमा के दिन जल से गीला, मङ्गल के दिन अग्नि से जला हुआ, बुध के दिन लक्ष्मी देने वाला, गुरु के दिन लाभ कराने वाला, शुक्र के दिन प्रिय वस्तु की

प्राप्ति कराने वाला तथा शनि के दिन वस्त्र धारण करने से मलिनता से युक्त होता है। सूयादि ग्रह अपने-अपने वारों में ऐसा फल करते हैं।

आदित्यभौमार्किदिनेषु धीमान्न दन्तकाष्ठं क्षुरकर्म कार्यम्।
कुर्वन्नवाप्नोति फलं समग्रं शस्त्रेण सम्यक् स्वशरीरघातम्।।१९।।

मञ्जुमती टीका : बुद्धिमान मनुष्यों को रविवार, मङ्गलवार तथा शनिवार के दिन काठ के लकड़ी के दातुन, तथा छौर कर्म बाल नहीं बनवाने चाहिए। जो इन दिनों में यह कार्य करता है। वह शस्त्र के द्वारा अपने सम्पूर्ण शरीर का घात करने वाला फल प्राप्त करता है।

सूर्यारयोर्वासरवर्गकालहोरासु यन्निर्मितमन्दिरं तत्।
अपि प्रविष्टं गृहमग्निना तद्द्राक् दह्यते पावकतारकासु।।२०।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य एवं मङ्गलवार इनके वर्ग और कालहोरा में जो घर बनाता है। अथवा घर में प्रवेश करता है वह अपने घर को अग्नि के द्वारा जला देता है। अर्थात् घर में आग लग जाती है।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
वारस्वरूपाध्यायस्त्रयोदशः।।१३।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में वारस्वरूपाध्याय नामक बारहवें अध्याय का हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

❁❁

अथ नक्षत्रस्वरूपाध्यायः १४।

नासत्यान्तकवह्निधातृनिशिपा रुद्रोऽदितिश्चाङ्गिरा।
वाताशाः पितरो भगोऽर्यमरवी त्वष्टा समीरः क्रमात्।।
इन्द्राग्नीत्युडुपाश्च मित्रसुरपौ कोणेश्वरः शम्बरम्।
विश्वे विष्णुवसूदपाजचरणाहिर्बुध्न्यपूषाभिधाः।।१।।

मञ्जुमती टीका : अश्विनी आदि नक्षत्रों के क्रमशः अश्विनी कुमार, यम, अग्नि, ब्रह्मा, चन्द्रमा, रुद्र, अदिति, बृहस्पति, सर्प, पितर, भग, अर्यमा, रवि, त्वष्टा, वायु, इन्द्राग्नी, मित्र, इन्द्र, नैर्ऋति, (राक्षस), शम्बर, विश्वदेव, विष्णु, वसु, वरुण, अजपाद्, अहिबुर्ध्न्य तथा पूषा स्वामी होते हैं।

यात्राभेषजभूषणविद्याश्वेभाजशिल्पवस्त्राद्यम् ।
उत्सवमङ्गलकार्यं कर्त्तव्यं दस्त्रनक्षत्रे।।२।।

मञ्जुमती टीका : अश्विनी नक्षत्र में यात्रा, औषधि, आभूषण, विद्या, घोड़े और हाथी की सवारी, बकरा, शिल्प कर्म, वस्त्र आदि, उत्सव, मांगलिक कार्य आदि करने चाहिए।

साहसदारुणशत्रुप्रशमननिक्षेपकूपकृष्याद्यम् ।
विषवधबन्धनदहनप्रहरणकार्याणि भरणीषु।।३।।

मञ्जुमती टीका : साहस कर्म, दारुण कर्म, शत्रु का शमन, कुँए आदि का खनना, कृषि आदि कर्म, विष, वध, बन्धन, अग्नि लगाने का कार्य भरणी नक्षत्र में करना चाहिए।

अग्निपरिग्रहसाहसरिपुवधदहनास्त्रशस्त्रकर्माद्यम् ।
धातुर्वादविधानं विवादलोहाश्म बहुलायाम्।।४।।

मञ्जुमती टीका : कृत्तिका नक्षत्र में अग्निहोत्र, साहस कर्म, शत्रु का वध, अग्नि तथा अस्त्र-शस्त्र का कर्म, धातु का कार्य, वाद्य (बजाने) आदि का कार्य, विवाद, लोहा, पत्थर आदि का कार्य करना चाहिए।

सुरनरसद्माद्यखिलं विवाहधनधान्यसंग्रहोपनयनम्।
उत्सवभूषणमङ्गलमजभे कार्यं सपौष्टिकं कर्म।।५।।

मञ्जुमती टीका : रोहिणी नक्षत्र में देवता मनुष्य के घर का निर्माण, विवाह, धन-धान्य संग्रह, उपनयन संस्कार, उत्सव, आभूषण, माङ्गलिक कार्य तथा पौष्टिक कार्य करने चाहिए।

शान्तिकपौष्टिकशिल्पव्रतकर्मोद्वाहकमङ्गलाद्यखिलम्।
सुरसंस्थापनवास्तुक्षेत्रारम्भादि सिद्ध्यते सौम्ये।।६।।

मञ्जुमती टीका : मृगशिरा नक्षत्र में शान्ति कर्म, पौष्टिक कार्य, शिल्प कार्य, व्रतबन्ध, विवाह आदि समस्त माङ्गलिक कार्य, देवता की प्रतिष्ठा, वास्तु सम्बन्धी समस्त कार्य सिद्ध होते हैं।

प्रहरणदारुणबन्धनविग्रहविषसन्धिवह्निकर्माद्यम् ।
छेदनदहनोच्चाटनमारणकृत्यं च रौद्रभे कुर्यात्।।७।।

मञ्जुमती टीका : आर्द्रा नक्षत्र में प्रहार, दारुण(भंयकर) कर्म, बन्धन, युद्ध, विष, सन्धि (मेल-मिलाप), अग्नि आदि कर्म, छेदन, दहन, उच्चाटन, मारण आदि कृत्य करने चाहिए।

शान्तिकपौष्टिकयात्राव्रतप्रातिष्ठानृपाहवाद्यखिलम् ।
भूषणवास्तुविधानं वाहनकृषिकर्म सप्तमे धिष्ण्ये।।८।।

मञ्जुमती टीका : पुनर्वसु नक्षत्र में शान्ति, पौष्टिक, यात्रा, व्रत, प्रतिष्ठा, राजा का समस्त कृत्य, आभूषण, वास्तु का विधान, वाहन, कृषि कर्म आदि करने चाहिए।

स्थिरचरशान्तिकपौष्टिकभूषणशिल्पव्रतोत्सवाद्यखिलम्।
वनिताकरसंग्रहणं त्यक्त्वान्यत्कर्म सिद्ध्यते पुष्ये।।९।।

मञ्जुमती टीका : पुष्य नक्षत्र में स्थिर तथा चल कार्य, शान्ति एवं पौष्टिक कर्म, आभूषण, शिल्प, व्रत, उत्सव आदि सम्पूर्ण कर्म केवल विवाह के कार्य को छोड़कर अन्य समस्त कार्य सिद्ध होते हैं।

उद्धतरिपुमदभञ्जनसाहसवाणिज्यकपटकर्म ।
अनलायससङ्ग्रहणक्ष्वेडस्तेयादि सर्पभे कार्यम्।।१०।।

मञ्जुमती टीका : आश्लेषा नक्षत्र में शत्रु के मान को भङ्ग करना, साहस कार्य, वाणिज्य, कपट का कर्म, अग्नि, लोहा आदि का संग्रह, झूठ तथा चोरी आदि कार्यों को करना चाहिए।

युवतीकरसंग्रहणं वापीकूपतडागोत्सवाद्यं च।
क्षितिपत्याहवसर्वं पितृधिष्ण्ये च पैतृकं कार्यम्।।११।।

मञ्जुमती टीका : मघा नक्षत्र में विवाह करना, वापी, कुँआ तथा तालाब, उत्सव आदि कार्य तथा राजा के सम्पूर्ण कर्म तथा पितरों के समस्त कर्म करने चाहिए।

शिल्पप्रहरणबन्धनदारुणचित्रकापटं कर्म।
नटनद्रुमासवाद्यं भाग्ये कुड्यप्रहरणं च।।१२।।

मञ्जुमती टीका : पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र में, शिल्प का कार्य, प्रहार, बन्धन, भंयकर कार्य, वस्त्रों में चित्रकारी के कर्म, अभिनेता तथा वृक्ष आदि से सम्बन्धित, तथा शस्त्र सम्बन्धी समस्त कार्य करने चाहिए।

उपनयनं करपीडनमखिलं स्थिरशिल्पभूषणं त्वखिलम्।
पुरसदनप्रारम्भणमम्बररणकार्यमर्यमर्क्षेषु ।।१३।।

मञ्जुमती टीका : उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र में उपनयन तथा विवाह एवं विवाह सम्बन्धी समस्त कार्य, स्थिर कर्म, शिल्प कार्य तथा सम्पूर्ण आभूषण सम्बन्धी कार्य, नगर एवं घर के आरम्भ का कार्य, वस्त्र तथा युद्ध आदि कार्य करने चाहिए।

भेषजपात्रविद्याविवाहशिल्पव्रतांवराभरणम् ।
सुरसंस्थापनमखिलं वास्तुप्रारम्भमर्कनक्षत्रे।।१४।।

मञ्जुमती टीका : हस्त नक्षत्र में दवा, पात्र, विद्या, विवाह, शिल्प कर्म, व्रत, वस्त्र, आभूषण, देव प्रतिष्ठा तथा सम्पूर्ण वास्तु सम्बन्धी कार्य करने चाहिए।

शान्तिकपौष्टिकमखिलं स्थिरकार्यवस्त्रभूषणं शिल्पम्।
उपनयनं वास्तुकृषिक्षितिपतिकार्यं च चित्रायाम्।।१५।।

मञ्जुमती टीका : चित्रा नक्ष में शान्ति कर्म तथा सम्पूर्ण पौष्टिक कर्म, स्थिर कर्म, वस्त्र, आभूषण, शिल्प, उपनयन, वास्तु, कृषि तथा राजा के समस्त कार्य आदि करने चाहिए।

सुरनरसद्मविधानं भूषणवैवाहमङ्गलाद्यखिलम्।
बीजारोपणशस्त्रक्षितिपतिसमरं विभूषणं स्वातौ।।१६।।

मञ्जुमती टीका : स्वाती नक्षत्र में देवता एवं मनुष्य के गृह का विधान, आभूषण, व्यावहारिक कृत्य तथा सम्पूर्ण माङ्गलिक कृत्य, बीजारोपण, शस्त्र तथा राजा का युद्ध शोभायमान होता है।

उपचयवस्तुग्रहणं भूषणनववस्त्रचित्रकार्यं च।
भेषजशकटप्रहरणशिल्पविचित्रं द्विदैवभे कार्यम्।।१७।।

मञ्जुमती टीका : विशाखा नक्षत्र में वृद्धि करने वाली वस्तुओं का संग्रह, आभूषण, नया वस्त्र, चित्रकारी के कार्य, दवा, गाड़ी, प्रहार तथा शिल्प के कार्य एवं अन्य विचित्र कार्य करने चाहिए।

करमर्दनमुपनयनं यात्रासुरसद्मसन्निवेशाद्यम्।
स्थिरचरकार्यं त्वखिलं भूषणश्वेभकर्म मित्रर्क्षे।।१८।।

मञ्जुमती टीका : अनुराधा नक्षत्र में विवाह, उपनयन, यात्रा, देवताओं की प्रतिष्ठा, स्थिर एवं चर कार्य, आभूषण के कार्य एवं सम्पूर्ण घोड़े, हाथी सम्बन्धित कार्यों को करना चाहिए।

रिपुवधभेदनदहनप्रहरणवह्निलोहकार्याद्यम् ।
स्तेयविधानं विविधं शिल्पं चित्रं सुरेशभे कार्यम्।।१९।।

मञ्जुमती टीका : ज्येष्ठा नक्षत्र में शत्रु का वध, भेदन, जलाना, प्रहार करना, अग्नि का कार्य तथा लोहे सम्बन्धी कार्य, चोरी का विधान तथा अनेक प्रकार के शिल्प कर्म तथा चित्रकारी के समस्त कार्यों को करना चाहिए।

कृषिभवनविपिनकार्यं वापीकूपादिबीजनिर्वापम्।
समरविभूषणाशिल्पं विग्रहसन्धिश्च मूलनक्षत्रे।।२०।।

मञ्जुमती टीका : मूल नक्ष में कृषि, भवन, वन के कार्य, वापी, कुँआ आदि के कार्य, बीज बोने के कार्य, युद्ध एवं सन्धि अर्थात् मेल-मिलाप का कार्य करना चाहिए।

शम्बरबन्धनमोक्षणवापीकूपादिनिग्रहं हननम्।
द्रुमखण्डनवनचारिणपक्षिणां च यत्कार्यमम्बुभे कार्यम्।।२१।।

मञ्जुमती टीका : पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र में वस्त्र का बाँधना या खोलना, वापी, कुँआ आदि निग्रह एवं हनन, वृक्ष का खण्डन, वनचारी, पक्षियों का हनन आदि समस्त कार्य करने चाहिए।

स्थापनमुण्डनमण्डनवास्तुनिवेशं प्रवेशनाद्यं च।
बीजारोपणवाहनभूषणवस्त्रं च वैश्वभे कार्यम्।।२२।।

मञ्जुमती टीका : उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में स्थापन, मुण्डन, मण्डन, वास्तु, निवेश, प्रवेश आदि बीजारोपण, वाहन, आभूषण तथा वस्त्र आदि कार्य करने चाहिए।

शान्तिकपौष्टिकमङ्गलविचित्रकृषिशिल्पमम्बराद्यं च।
धामविधानसस्थापनमुपनयनं विष्णुभे कार्यम्।।२३।।

मञ्जुमती टीका : श्रवण नक्षत्र में शान्ति, पौष्टिक, माङ्गलिक कार्य, विचित्र, कृषि, शिल्प, वस्त्र आदि के कार्य, घर आदि का निर्माण तथा उपनयन आदि कार्य करने चाहिए।

उपनयनं चौलविधिं जलतुरगोष्ट्रेभदेवनिर्माणम्।
कृषिभवनाहवमम्बरविपिनोद्यानाश्मभूषणं वसुभे।।२४।।

मञ्जुमती टीका : धनिष्ठा नक्षत्र में उपनयन, छौर कर्म, जल का कार्य, घोड़ा, ऊँट, हाथी से सम्बन्धित कार्य देवताओं की प्रतिष्ठा, कृषि कार्य, भवन सम्बन्धी कार्य, वस्त्र, विपिन, उद्यान, पत्थर तथा आभूषण के कार्य करने चाहिए।

समरारम्भविभूषणगजबलतुरगोष्ट्रशस्त्रनावाद्यम्।
मुक्ताफलरजतमयं वरुणर्क्षे वास्तुकर्माद्यम्।।२५।।

मञ्जुमती टीका : शतभिषा नक्षत्र में युद्ध का आरम्भ, आभूषण, हाथी, सेना, घोड़ा, ऊँट, शस्त्र तथा नाव आदि, मोती, चाँदी तथा वास्तु आदि समस्त कार्यों को करना चाहिए।

अजचरणर्क्षे कुर्यात्साहसजलयन्त्रशिल्पकर्माद्यम्।
मृद्धातुर्वादच्छेदनकृषिमहिषोष्ट्राजेभविक्रयणम्।।२६।।

मञ्जुमती टीका : पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में साहस के कार्य, जल यन्त्र, शिल्प कर्म, मिट्टी, धातु आदि वाद्य का कार्य, छेदन, कृषि, भैस, ऊँट, बकरी तथा हाथी आदि का विक्रय करना चाहिए।

परिणयनं व्रतबन्धनसुरनरसदनप्रातिष्ठां च।
आहिर्बुध्न्ये भूषणमम्बरवास्तुप्रवेशमभिषेकम्।।२७।।

मञ्जुमती टीका : उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में विवाह, व्रतबन्ध, देवता एवं मनुष्य के घर की प्रतिष्ठा, आभूषण, वस्त्र, राज्याभिषेक तथा वास्तु प्रवेश आदि कार्यों को करना चाहिए।

स्थलजलभूषणमखिलं धामविधानं त्वमर्त्यमर्त्यानाम्।
करपीडनमुपनयनं मङ्गलमखिलं च पौष्णभे कार्यम्।।२८।।

मञ्जुमती टीका : रेवती नक्षत्र में सम्पूर्ण स्थल, जल एवं आभूषण के कार्य, घर का निर्माण, देवता एवं मनुष्यों के घर का निर्माण, विवाह, उपनयन तथा समस्त माङ्गलिक कृत्य करने चाहिए।

स्थिरसंज्ञं भचतुष्टयमम्बुजयोन्युत्तरात्रितयम्।
नरपतिपत्तनसदनं प्रवेशबीजादि सिद्ध्यते तत्र।।२९।।

मञ्जुमती टीका : स्थिर संज्ञक नक्षत्र में तथा रोहिणी नक्षत्र से चार नक्षत्र तक तथा तीनों उत्तरा नक्षत्रों में राजा के भवन का निर्माण तथा प्रवेश एवं बीजादि समस्त कार्य सिद्ध होते हैं।

दारुणभानि पुरन्दरकोणपशिवसर्पदेवतानि स्युः।
दारुणबन्धनदहनप्रहरणकर्माणि सिद्ध्यतां यान्ति।।३०।।

मञ्जुमती टीका : दारुण संज्ञक नक्षत्रों में ज्येष्ठा नक्षत्र में, मूल नक्षत्र में, आर्द्रा नक्षत्र में तथा श्लेषा नक्षत्र में भयंकर कर्म, बन्धन, आग लगाना तथा मारने आदि के कर्मों को करने से सफलता मिलती है।

पूर्वात्रितयं पैतृभमुग्राख्यमिदं पञ्चकं याम्यम्।
मारणभेदनबन्धनविषदहनं पञ्चके कार्यम्।।३१।।

मञ्जुमती टीका : तीनों पूर्वा नक्षत्र, मघा नक्षत्र तथा उग्र संज्ञक नक्षत्र, पञ्चक नक्षत्र तथा भरणी नक्षत्रों में, मारण, भेदन, बन्धन, विष एवं दहन ये पांच कार्य करने चाहिए।

सुरसचिवाश्विनिस्तततारा: स्युः क्षिप्रसंज्ञितास्ताश्च।
औषधपण्यविभूषणशिल्पलताज्ञानकर्मसिद्धिः स्यात्।।३२।।

मञ्जुमती टीका : पुष्य नक्षत्र अश्विनी नक्षत्र तथा छिप्र संज्ञक नक्षत्रों में, औषधि, व्यापार, आभूषण, शिल्प, लता का ज्ञान आदि कर्मों की सिद्धि होती है।

मृदुवृन्दं भचतुष्टयमन्त्यत्वाष्ट्राख्यसौम्यमित्रर्क्षम्।
मङ्गलवनिताभूषणमन्दिरगीतादि सिध्यते तत्र।।३३।।

मञ्जुमती टीका : मृदु संज्ञक नक्षत्रों में रेवती से चार नक्षत्र तक, चित्रा नक्षत्र तथा मिश्र नक्षत्र एवं अनुराधा नक्षत्र में माङ्गलिक कृत्य, स्त्रियों के लिए आभूषण तथा गीत आदि कृत्य सिद्ध होते हैं।

भद्वितयं श्वसनसखं चेन्द्राग्निभं मिश्रसंज्ञे तत्।
निखिलानि च साधारणकार्याण्युग्राणि कार्याणि।।३४।।

मञ्जुमती टीका : भरणी, श्लेषा, विशाखा तथा मिश्र संज्ञक नक्षत्रों में सम्पूर्ण उग्र एवं साधारणा कार्यों को करना चाहिए।

अदितिश्रुतिभात्त्रितयं चरसंज्ञं पञ्चमरुद्धं च।
वाहनकर्मविभूषणचरकार्योद्यानमन्त्रसिद्ध्यै तत्।।३५।।

मञ्जुमती टीका : पुनर्वसु नक्षत्र, श्रवण नक्षत्र से तीन नक्षत्र पर्यन्त अर्थात् श्रवण धनिष्ठा शतभिषा तथा चर संज्ञक नक्षत्र और स्वाती नक्षत्रों में वाहन का कार्य, आभूषण का कार्य, सभी चल कार्य, बगीचे का कार्य तथा मन्त्र आदि कार्य सिद्ध होते हैं।

कथितान्यपि लघुवृन्दे चरसंज्ञे तानि कार्याणि।
मणिमुक्ताहेमफलसद्रजतत्रपुसीसकर्माणि ।।३६।।

मञ्जुमती टीका : जो कार्य लघुसंज्ञक नक्षत्र में कहे गये हैं उन्हीं कार्यों को चलसंज्ञक नक्षत्रों में कहा गया है। स्वर्ण, ताम्र, चाँदी, राङ्गा, सीसा आदि कार्यों को भी करना चाहिए।

मृदुवृन्दे कथितान्यपि स्थिरवृन्दे तानि कार्याणि।
चरधिष्ण्ये कथितान्यपि कार्याणि लघुगणे नूनम्।।३७।।

मञ्जुमती टीका : मृदुसंज्ञक नक्षत्र में जो कार्य कहे गये हैं। वे सभी स्थिर नक्षत्र में भी करने चाहिए। और चल संज्ञक नक्षत्रों में कहे गये कार्यों को लघुसंज्ञक नक्षत्र में भी करने चाहिए।

यद्यद्दारुणभोक्तं तत्तत्कर्म त्वथोग्रभे कार्यम्।
साधारणमिश्राख्यं क्रूरोग्रं तीक्ष्णदारुणं तुल्यम्।।३८।।

मञ्जुमती टीका : जो जो कार्य हस्त नक्षत्र में कहे गये है। उन उन कार्यों को उग्र संज्ञक नक्षत्र में करना चाहिए। साधारण और मिश्र तथा क्रूर, उग्र, तीक्ष्ण तथा दारुण संज्ञक नक्षत्र समान फल देने वाले हैं।

साधारणवृन्दोक्तं यत्कर्माद्यं क्रूरभे सदा कार्यम्।
ध्रुवमचलं क्षिप्रलघु चरं चलं मैत्रमृदुसंज्ञे।।३९।।

मञ्जुमती टीका : साधारण गण में कहे गये जो कार्य आदि हैं। उन्हें क्रूर संज्ञक नक्षत्रों में भी सदा करना चाहिए। ध्रुव, अचल, छिप्र, लघु, चर, चल, मैत्र तथा मृदु संज्ञा।

निखिलेष्वपि धिष्ण्येष्विह सामान्यं कार्यमित्युक्तम्।
तत्तत्प्राकरणकथितं तदेव मुख्यं विजानीयात्।।४०।।

मञ्जुमती टीका : सम्पूर्ण नक्षत्रों में सामान्य कार्य कहे गये हैं। ये सभी उन उन प्रकरणों में कहे गये है। वहीं से मुख्य प्रयोजन को जान लेना चाहिए।

पुष्ये धनिष्ठास्वदितौ हरीन्द्वोस्त्वाष्ट्रे करान्त्ये तिसृषूत्तरासु।
दस्त्रे समैत्रेऽपि च कर्णवेधः शुभप्रदो व्यर्कजवासरेषु।।४१।।

मञ्जुमती टीका : पुष्य, घनिष्ठा, पुनर्वसु, श्रवण तथा हस्त, रेवती, तीनों उत्तरा नक्षत्रों में, अश्विनी नक्षत्र में तथा अनुराधा नक्षत्र में भी तथा शनिवार होने पर भी कर्णवेध के सहित समस्त कार्य शुभ प्रदान करने वाले होते हैं।

धातृद्वये कोणपपितृपुष्ये हस्तत्रये त्र्युत्तरमैत्रभेषु।
पौष्णे धनिष्ठास्वथ वाश्विनीषु बीजोप्तिरुत्कृष्टफलप्रदा स्यात्।।४२।।

मञ्जुमती टीका : रोहिणी तथा मृगशिरा, मूल, मघा, पुष्य नक्षत्र, हस्त नक्षत्र, तीनों उत्तरा नक्षत्र तथा अनुराधा नक्षत्र, रेवती नक्षत्र, धनिष्ठा नक्षत्र, अश्विनी नक्षत्र में बीज बोने से उत्कृष्ट फल देने वाले होते हैं।

पूर्वात्रये मूलमृगादिपञ्चस्वथाश्विनीषु त्रितयेषु हस्तात्।
सविष्णुधिष्ण्येष्वपि सर्वविद्याप्रारम्भ इष्टः शुभवासरेषु।।४३।।

मञ्जुमती टीका : तीनों पूर्वा, मूल, मृगशिरा उन पांच नक्षत्रों में तथा अश्विनी तथा भरणी, कृत्तिका एवं हस्त एवं श्रवण नक्षत्रों में तथा शुभ वारों में विद्या आरम्भ इष्ट होता है।

हस्तादिपञ्चस्वथ धातृपौष्णदास्त्रादिताज्ये तिसृषूत्तराषु।
नवाम्बरं धार्यमथो ज्ञजीवशुक्रांशलग्नेषु शुभोदये वा।।४४।।

मञ्जुमती टीका : हस्त आदि पांच नक्षत्रों में अर्थात् हस्त, चित्रा, स्वाती एवं विशाखा, रोहिणी, रेवती तथा अश्विनी, पुनर्वसु, पुष्य तथा तीनों उत्तराओं में शुभ लग्नों के उदय होने पर बुध, बृहस्पति एवं शुक्र के अंश अथवा लग्न में नये वस्त्र को धारण करना उत्तम होता है।

मित्रेन्दुपौष्णोत्तररोहिणीषु देवेज्यवारीश्वावारिभेषु।
प्रारम्भणं सर्वजलाशयानां कार्यं सितेन्द्वंशकवारलग्ने।।४५।।

मञ्जुमती टीका : अनुराधा, मृगशिरा, रेवती, अश्विनी, रोहिणी नक्षत्रों में तथा पुष्य, शतभिषा तथा पुनर्वसु नक्षत्रों में सम्पूर्ण जलाशयों का कार्य प्रारम्भ करना चाहिए। किन्तु उसमें शुक्र एवं चन्द्रमा का अंश वार या लग्न अवश्य होना चाहिए।

मृदुध्रुवक्षिप्रचरेषु भेषु नवान्नमुक्तिर्विहित्ता शिशूनान।
शुभांशलग्नेषु च वासरेषु समेषु मासेषु च षष्ठमासात्।।४६।।

मञ्जुमती टीका : मृदु संज्ञक नक्ष, ध्रुव संज्ञक नक्षत्र, छिप्र संज्ञक नक्षत्र तथा चल संज्ञक नक्षत्रों में बच्चों को नये अन्न को खिलाना चाहिए। अर्थात् अन्नप्राशन संस्कार करना चाहिए। वह भी शुभ ग्रहों के अंश या लग्न में तथा दिन में एवं सम मास एवं छठें मास करना चाहिए।

पूर्णेन्दुलग्नांशकवासरेषु नवान्नभोक्ता सततं सदन्नदः।
क्षीणेन्दुलग्नांशकवासरेषु स भिक्षुकः स्यादथ पीडितात्मा।।४७।।

मञ्जुमती टीका : पूर्व चन्द्रमा के लग्न या नवमांश या वार में अन्नप्राशन होने वाले जातक को सदैव शुभ अन्न प्राप्त होता रहता है। जबकि क्षीण चन्द्रमा के लग्न, अंश एवं वार में होने से वह सदैव पीड़ित होने वाला भिक्षुक होता है।

ध्रुवोग्रसाधारणदारुणर्क्षे निक्षिप्तमर्थं त्वथवा प्रनष्टम्।
चौरैर्हृतं दत्तमुपप्लवे वा विष्ट्यां च पाते तु न लभ्यते तत्।।४८।।

मञ्जुमती टीका : ध्रुव, उग्र, साधारण, दारुण नक्षत्रों में अगर धन रखा गया हो अथवा नष्ट हो गया हो चोर के द्वारा हरण कर लिया गया हो, दिया गया हो या गाड़ दिया गया हो उस समय यदि भद्रा और पात (व्यतिपात एवं वैधृति) हो तो धन कभी भी नहीं प्राप्त होता।

मघाविशाखानलसार्पयाम्यनैर्ऋत्यरौद्रेषु च सर्पदंष्टः।
सुरक्षितो विष्णुरथेन सोऽपि प्राप्नोति कालस्य मुखं मनुष्यः।।४९।।

मञ्जुमती टीका : मघा नक्षत्र, विशाखा नक्षत्र, कृत्तिका नक्षत्र, आश्लेषा नक्षत्र, भरणी, मूल तथा आर्द्रा नक्षत्रों में यदि सांप काट ले तो गरुड़ के द्वारा रक्षा किये जाने पर भी वह मनुष्य काल के मुख को प्राप्त हो जाता है अर्थात् निश्चित मर जाता है।

पूर्वात्रयं स्वातीभुजङ्गरौद्रसुरेश्वरर्क्षेषु च यस्य रोगः।
स्याद्रक्षितुं देवचिकित्सकोऽपि शितावशक्तः किल रोगिणं तम्।।५०।।

मञ्जुमती टीका : तीनों पूर्वा स्वाती, आश्लेषा आर्द्रा तथा ज्येष्ठा नक्षत्रों में जिसको रोग हो जाय उसकी रक्षा यदि धन्वन्तरि भी कर रहे हों तथापि उस रोगी की अवश्य मृत्यु हो जाती है।

कृच्छ्रात्स्फुटं प्राणिनि मित्रपौष्णे मासाद्विमुक्तिः शशिविश्वधिष्ण्ये।
रोगस्य मुक्तिः पितृदैवधिष्ण्ये वारैर्भवेद्विंशतिभिश्चनूनन्।।५१।।

मञ्जुमती टीका : यदि व्यक्ति को अनुराधा, रेवती नक्षत्रों में कष्ट या फोड़ा हो जाय तो एक महीने के बाद मुक्ति मिलती है। मृगशिरा तथा उत्तराषाढ़ा तथा मघा नक्षत्रों में रोग होने पर निश्चित ही बीस दिन के बाद रोग से मुक्ति मिलती है।

पक्षाद्द्विदैवेन्द्रकरेषु भेषु मूलाश्विनाग्नित्रितये नवाहात्।
तोयेशचित्रान्तकविष्णुभेषु नैरुज्यमेकादशभिर्दिनैश्च।।५२।।

मञ्जुमती टीका : विशाखा नक्षत्र तथा ज्येष्ठा एवं हस्त नक्षत्र में १५ दिन बाद मूल अश्विनी, कृत्तिका रोहिणी तथा मृगशिरा में ९ दिन के पश्चात् शतभिषा, चित्रा, रेवती, भरणी तथा श्रवण नक्षत्र में रोग होने पर ११ दिन बाद व्यक्ति निरोगी होता है।

पुष्ये त्वहिर्बुध्न्यपुनर्वसौ च ब्राह्मर्यमर्क्षेषु च सप्तरात्रात्।
ऋक्षेशरूपं कनकेन कृत्वा तल्लिंगमन्त्रैश्च सुगन्धपुष्पैः।।५३।।

मञ्जुमती टीका : पुष्य नक्षत्र, तथा उत्तराभाद्रपद नक्षत्र, पुनर्वसु नक्षत्र, रोहिणी नक्षत्र तथा उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्रों में रोग पर सात रात के बाद रोग से मुक्ति मिलती है। ऐसी स्थिति में रोग होने पर चन्द्रमा के आकृति को स्वर्ण से बनाकर चन्द्रमा के चिह्न एवं मन्त्रों के द्वारा सुगन्धित पुष्पों से।

वस्त्राक्षतैर्गुग्गुलधूपदीपैर्नैवेद्यताम्बूलफलैश्च सम्यक्।
पूजां च कृत्वामयनाशनाय द्विजायदद्यादतुलं शिवाय।।५४।।

मञ्जुमती टीका : वस्त्र, अक्षत, गुग्गुल, धूप, दीप, नवैद्य, ताम्बूल तथा फल के द्वारा ठीक ढंग से रोग नाश के लिए भगवान शंङ्कर की पूजा करके

कल्याण के लिए ब्राह्मण को पर्याप्त दक्षिणा देनी चाहिए।

मृदुध्रुवक्षिप्रचरेषु मूलमघाविशाखासु हलप्रवाहम्।
धान्याभिवृद्ध्यै प्रथमं प्रकुर्यात्समुष्कसम्पूर्णगुणैर्वृषैश्च।।५५।।

मञ्जुमती टीका : मृदु, ध्रुव, छिप्र, चल नक्षत्रों में तथा मूल, मघा एवं विशाखा नक्षत्रों में धान्य की अभिवृद्धि के लिए सम्पूर्ण गुण वाले बैलों के द्वारा सर्वप्रथम हल चलाना चाहिए।

द्विदैववारीशशाङ्कमूलध्रुवेषु तिष्यार्यमपौष्णभेषु।
वनौषधीगुल्मलतादिकानामारोपणं नूनमुपैति शस्तम्।।५६।।

मञ्जुमती टीका : विशाखा, शतभिषा, मृगशिरा, मूल, ध्रुव संज्ञक नक्षत्र, पुष्य नक्षत्र, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र तथा रेवती नक्षत्रों में वन, औषधि, गुल्मलता आदि का आरोपण (लगाया जाना) निश्चित ही श्रेष्ठता को प्राप्त होता है।

शशाङ्कतोयेशकरान्त्यमित्रध्रुवाम्बुपित्र्ये वसुदैवते च।
उद्यानवाप्यादितडागकूपकार्याणि सिद्ध्यन्ति जलोद्धृतं तत्।।५७।।

मञ्जुमती टीका : मृगशिरा, शतभिषा, हस्त, रेवती, अनुराधा एवं ध्रुव संज्ञक, पूर्वाषाढ़ा तथा मघा एवं धनिष्ठा नक्षत्रों में उद्यान, वापी, तालाब, कुँआ आदि का कार्य तथा जल निकालने वाला कार्य सिद्ध होता है।

हस्तत्रये सौम्यहरित्रये च पौष्णद्वये पुष्यपुनर्वसौ च।
मैत्रे च सर्वाणि हि कुंजराणां कर्माणि शस्तान्यपि यानि तानि।।५८।।

मञ्जुमती टीका : हस्त आदि तीन नक्षत्र अर्थात् हस्त, चित्रा, स्वाती, मृगशिरा तथा श्रवण आदि तीन नक्षत्र श्रवण, धनिष्ठा एवं शतभिषा तथा रेवती एवं अश्विनी एवं पुष्य एवं पुनर्वसु तथा अनुराधा नक्षत्रों में जो कोई हाथी सम्बन्धी कार्य हैं। वे सभी श्रेष्ठ होते हैं।

साधारणे दारुणभे तथोग्रे रिक्तातिथौ सूर्यकुजार्किवारे।
दुर्गादिकानां यजन प्रशस्तं क्षेत्राधिपस्यापि सुरासवाद्यैः।।५९।।

मञ्जुमती टीका : साधारण, दारुण, उग्र संज्ञक नक्षत्रों में रिक्ता तिथियों में तथा रविवार, मङ्गलवार एवं शनिवार के दिन दुर्गा आदि का पूजन श्रेष्ठ होता

है। क्षेत्राधिपति तथा देवताओं की पूजा भी श्रेष्ठ मानी गयी है।

त्वाष्ट्रध्रुवश्रीपतिभेषु रिक्तादशाष्टमीपापदिने पशूनाम्।
यात्राप्रवेशं न कदाचिदेव कुर्याच्च तेषामभिवृद्धिकांक्षी।।६०।।

मञ्जुमती टीका : चित्रा, ध्रुव संज्ञक नक्षत्र तथा श्रवण नक्षत्रों में, रिक्ता तिथियों में दशमी, अष्टमी तथा पाप दिनों में यदि पशुओं की वृद्धि की आकांक्षा रखता हो तो कभी भी पशुओं के लिए इनमें यात्रा नहीं करानी चाहिए।

तिस्त्रोत्तरामित्रगुरुश्रविष्ठाहस्तेन्दुवारीश्वरपौष्णभेषु।
सङ्गीतनृत्यादिसमस्तकर्म कार्यं विभौमार्कजवासरेषु।।६१।।

मञ्जुमती टीका : तीनों उत्तरा नक्षत्र अनुराधा, पुष्य, धनिष्ठा एवं हस्त, मृगशिरा तथा शतभिषा एवं रेवती नक्षत्रों में एवं मङ्गल एवं शनिवार को छोड़कर अन्य दिनों में सङ्गीत, नृत्य आदि समस्त कार्य करने चाहिए।

पूर्वात्रये पुष्यपुनर्वसौ च मित्रत्रये पौष्णवसुद्वये च।
दस्त्रेंदुहस्ताद्वितयेषु भेषु गवां प्रकुर्यात्क्रयविक्रयं हि।।६२।।

मञ्जुमती टीका : तीनों पूर्वा पुष्य, पुनर्वसु, अनुराधा, ज्येष्ठा एवं मूल, रेवती, धनिष्ठा एवं शतभिषा, अश्विनी, मृगशिरा, हस्त, तथा चित्रा नक्षत्रों में गायो का क्रय-विक्रय करना चाहिए।

पौष्णद्वयेन्दुश्रवणत्रये च हस्तत्रये पुष्यपुनर्वसौ च।
शस्तं नृपाणामवलोकनं तद्विशेषतस्तिग्मरुचेश्च वारे।।६३।।

मञ्जुमती टीका : रेवती, अश्विनी, मृगशिरा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा। हस्त, चित्रा एवं स्वाती। पुष्य एवं पुनर्वसु नक्षत्रों में विशेषकर रविवार के दिन राजा का अवलोकन प्रशस्त होता है।

हस्तत्रये पुष्यपुनर्वसौ च शशाङ्कविष्णुत्रितयेऽश्विनीषु।
पौष्णेन्द्रधिष्ण्ये क्षुरकर्म शस्तं व्यर्कारशन्यंशकवारलग्ने।।६४।।

मञ्जुमती टीका : हस्त, चित्रा, स्वाती, पुष्य, पुनर्वसु, मृगशिरा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, अश्विनी, रेवती तथा ज्येष्ठा नक्षत्रों में रविवार, मङ्गलवार तथा शनिवार तथा इन ग्रहों के अंश एवं लग्न के ग्रह को छोड़कर छौर कर्म अर्थात्

मुण्डन कार्य श्रेष्ठ माना गया है।

अष्टाब्जजर्क्षः पितृपञ्चकश्च षड्वह्निधिष्ण्यश्चतुरर्यमर्क्षः।
त्रिमैत्रभः पद्मजसन्निभोऽपि क्षौरी नरोऽब्दान्निधनं गतः सः।।६५।।

मञ्जुमती टीका : पूर्वाषाढ़ा से आठवां नक्षत्र, मघा से पांचवा नक्षत्र, कृत्तिका से छठा नक्षत्र तथा उत्तरा फाल्गुनी से चौथा नक्षत्र, अनुराधा से तीन नक्षत्र तथा मृगशिरा में भी छौर कर्म कराने वाला शिशु एक वर्ष के अन्दर मृत्यु को प्राप्त होता है।

महीभृता पञ्चमपञ्चमेऽह्नि क्षौरं च कार्यं हितमुक्तभेषु।
न लभ्यते चेत्तु तदुक्तधिष्ण्यं तद्भोदये वा निखिलं विधेयम्।।६६।।

मञ्जुमती टीका : राजाओं को हितकारी जो भी नक्षत्र कहे गये हैं। उसमें पांचवे-पाचंवे दिन छौर कर्म कराने चाहिए यदि उक्त नक्षत्र न प्राप्त हो रहे हो तो सम्पूर्ण नक्षत्रोंदय में भी छौर कर्म करवाने चाहिए।

यात्राहवेऽप्युत्कटभूषिते वा मुक्तेतरे रात्रिषु सन्ध्ययोश्च।
क्षौरं न कुर्यात्खलु चात्मनश्च श्रियाभिलाषी न कदाचिदेव।।६७।।

मञ्जुमती टीका : यात्रा काल में, या संकट उपस्थित होने पर, रात्रि मे दोनों संध्यायों में लक्ष्मी की इच्छा रखने वाला कभी भी अपना छौर कर्म न करवाये।

भूदेवभूमीशनिमित्ततोऽपि बन्धाद्विमुक्तो मृतसूतकेऽपि।
आधानकाले निखिलाधराणां क्षौरं विधेयं खलु निन्दितर्क्षे।।६८।।

मञ्जुमती टीका : ब्राह्मणों को राजा के निमित्त, बन्धन सें निवृत्त होने पर मृतक या सूतके में भी आधान काल में सम्पूर्ण पृथ्वी पर निन्दित नक्षत्रों में छौर कर्म कराने चाहिए।

स्वातौ मघायां निर्ऋतौ ध्रुवेषु मित्रेन्दुहस्तेषु च कन्यकानाम्।
पाणिग्रहस्त्विष्टफलप्रदः स्यादविद्धभेष्वेव गुणान्वितानाम्।।६९।।

मञ्जुमती टीका : स्वाती, मघा, मूल, ध्रुव संज्ञक नक्षत्र अनुराधा, मृगशिरा तथा हस्त नक्षत्रों में कन्याओं का विवाह, यदि नक्षत्र गुणों से युक्त हो

तथा किसी ग्रह से विद्ध न हो तो, इष्ट फल देने वाला होता है।

पौष्णद्वये मित्रहरिद्वयेन्दुहस्तादितीज्येषु च भेषु नूनम्।
यानं नृणामिष्टफलप्रदे स्यात्त्यक्त्वा त्रिपञ्चादिमसप्तभानि।।७०।।

मञ्जुमती टीका : रेवती, अश्विनी, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा, मृगशिरा, हस्त, पुनर्वसु, पुष्य आदि नक्षत्रों में यदि तीसरे पांचवें और सातवें नक्षत्र को त्यागकर मनुष्यों को सवारी निश्चित ही इष्ट फ़ल देने वाली होती है।

मघाविशाखानलमम्बुसार्परुद्रान्तकत्वाष्ट्रसमीरणानि।
यानेष्वनिष्टान्यपराणि भानि न शोभनान्येव न निन्दतानि।।७१।।

मञ्जुमती टीका : मघा, विशाखा, कृत्तिका, पूर्वाषाढ़ा, आश्लेषा, आर्द्रा, भरणी, चित्रा तथा स्वाती नक्षत्रों में वाहन आदि अनिष्टकारी होते हैं। अन्य कार्य शुभकारी होते हैं। अन्य कार्य निन्दनीय नहीं होते।

ऐन्द्राजपादाब्जजभार्यमाणि शूलानि भानि क्रमतश्च दिक्षु।
न याति याता यदि शूलभेषु सुरेशतुल्यः समरे बलेन।।७२।।

मञ्जुमती टीका : ज्येष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रोहिणी, उत्तरा फाल्गुनी तथा भरणी नक्षत्र क्रमशः सभी दिशाओं में गमन करने वाले को कष्ट पहुंचाते हैं। यदि वह युद्ध में इन्द्र के समान बलवान हो तो भी कष्ट प्राप्त करता है।

सर्वद्वारिकधिष्ण्यान्यमरेज्यादित्यमैत्रदस्त्रसंज्ञानि ।
तत्र तु यायान्नियतं धनकीर्तिर्लभ्यतेऽप्यचिरात्।।७३।।

मञ्जुमती टीका : सर्वद्वार अर्थात् चर्तुदिक् दिशा में जाने वाले नक्षत्र पुष्य, पुनर्वसु, अनुराधा तथा अश्विनी हैं। इन नक्षत्रों में गमन करने पर धन तथा यश शीघ्र ही प्राप्त होता है।

स्थिरसाधारणधिष्ण्यैः पूर्वाह्णे नैव गमनं तत्।
गमनं न दारुणार्क्षे दिनदलसमये न कार्यमनवरतम्।।७४।।

मञ्जुमती टीका : स्थिर तथा साधारण संज्ञक नक्षत्रों में पूर्वाह्ण में यात्रा न करे तथा दारुण संज्ञक नक्षत्र में मध्याह्न में कभी भी गमन न करे।

क्षिप्रैर्नापरवासरसमये मृदुमिश्रैर्न रात्रिमुखे।
उग्रगणैर्निशिसमये चरधिष्ण्यैरुषसि न श्रेष्ठतम्।।७५।।

मञ्जुमती टीका : छिप्र संज्ञक नक्षत्रों में अपराह्न के समय तथा मृदु एवं मिश्र संज्ञक नक्षत्रों में प्रदोष बेला में उग्र संज्ञक नक्षत्रों में रात्रि के समय तथा चर संज्ञक नक्षत्रों में ऊषा काल में अर्थात् प्रातःकाल में यात्रा श्रेष्ठ नहीं होती।

सर्वस्मिन्नपि समये सर्वासु च दिग्विदिक्ष्वेव।
सर्वद्वारिकधिष्ण्यान्यभिशुभदान्यतुलमखिलनृणाम्।।७६।।

मञ्जुमती टीका : सभी समयों में और सभी दिशाओं एवं विदिशाओं(कोणों) में तथा सर्वद्वार वाले नक्षत्र सम्पूर्ण मनुष्यों को अत्यधिक शुभ फल देने वाले होते हैं।

वस्वपरार्द्धात्पञ्चकधिष्ण्ये गेहस्य गोपनं नैव।
दक्षिणदिङ्मुखगमनं दाहं प्रेतस्य काष्ठसंग्रहणम्।।७७।।

मञ्जुमती टीका : धनिष्ठा के आधे भाग से अर्थात् उत्तरार्द्ध से यानी तीसरे चरण से पञ्चक (पाँचक) नक्षत्र कहे गये हैं। इनमें घर का छादन करना, दक्षिण दिशा की यात्रा करना, प्रेत का दाह कर्म करना तथा काष्ठ (लकड़ी) का संग्रह, ये सभी कार्य नहीं करने चाहिए।

परकृतदोषं निखिलं निहन्ति पुष्यः परो न पुष्यकृतम्।
द्वादशनैधनगेन्दौ बलवान्पुष्यस्त्वभीष्टदः सततम्।।७८।।

मञ्जुमती टीका : दूसरे नक्षत्रों के द्वारा किये गये दोषों को पूर्णरूपेण पुष्य नक्षत्र नष्ट कर देता है। किन्तु पुष्य नक्षत्र के द्वारा उत्पन्न दोषों को अन्य सभी नक्षत्र नष्ट नहीं कर पाते। बारहवें तथा आठवें स्थान में गया हुआ चन्द्रमा बलवान होने पर तथा पुष्य नक्षत्र का होने पर सदैव अभीष्ट फल देता है।

प्रत्यरिनैधनसंज्ञौ विपत्करौ वापि जन्मसंज्ञो वा।
पाणिग्रहण मुक्त्वा नूनं सर्वार्थसिद्धिदः पुष्यः।।७९।।

मञ्जुमती टीका : तारा तथा वध तारा, विपत तारा और जन्म संज्ञक ताराओं में तथा विवाह को छोड़कर अन्यत्र सर्वत्र सर्वार्थ सिद्धि देने वाला पुष्य नक्षत्र होता है।

मृगगणमध्ये सिंह उडुगणमध्ये तथैव पुष्यश्च।
निजबलसहितोऽप्येवं त्रिविधोत्पातैर्न शक्तिमान्निहितः।।८०।।

मञ्जुमती टीका : जैसे पशु गणों के मध्य सिंह बलवान होता है। उसी प्रकार समस्त नक्षत्रों में पुष्य नक्षत्र बलवान होता है। अपने बल के सहित भी तीन प्रकार के उत्पातों की शक्ति भी पुष्य नक्षत्र को नष्ट नहीं कर पाती।

लघुधिष्ण्ये स्थिरमृदुभे विष्णुभेषु च सर्वदा कार्यम्।
वरतुरगाखिलकर्म त्राणं तनुमस्तकादीनाम्।।८१।।

मञ्जुमती टीका : लघुसंज्ञक, स्थिर एवं मृदु संज्ञक तथा श्रवण नक्षत्रों में श्रेष्ठ घोड़े के सम्पूर्ण कार्यों को तथा मस्तक शरीर आदि के रक्षा सम्बन्धी कार्य सदैव करने चाहिए।

पूर्वात्रयभुजगान्तकपितृद्विदैववह्निमूलानि ।
पातालवदनभानि त्वेषु तु कार्यं त्वधोमुखं कर्म।।८२।।

मञ्जुमती टीका : तीनों पूर्वा नक्षत्र श्लेषा, भरणी, मघा, विशाखा, कृत्तिका तथा मूल ये सभी नक्षत्र पाताल मुख वाले हैं। इसलिए इनमें अधोमुख वाले कार्य करने चाहिए।

दस्त्रेन्द्विन्द्रकरादितिमैत्रमरुत्वाष्ट्रपौष्णानि ।
पार्श्वाननभान्येषु तु पार्श्वाननकार्यमखिलं तत्।।८३।।

मञ्जुमती टीका : अश्विनी, मृगशिरा, ज्येष्ठा, हस्त, पुनर्वसु, अनुराधा, स्वाती, चित्रा तथा रेवती नक्षत्र पार्श्व (बगल) मुख वाले नक्षत्र कहे गये हैं। इसमें सम्पूर्ण समीप वाले कार्य करने चाहिए।

हरिहरधात्र्युत्तरवसुवारीशेज्यधिष्ण्यगणम् ।
उर्ध्वमुखाख्यं त्वत्र तु कार्याण्यखिलानि कार्याणि।।८४।।

मञ्जुमती टीका : श्रवण, आर्द्रा, रोहिणी तथा तीनों उत्तरा, धनिष्ठा, शतभिषा, पुष्य नक्षत्र उर्ध्व मुख वाले कहे गये हैं। इन नक्षत्रों में सम्पूर्ण कार्य करने चाहिए।

पितृवसुतिष्येन्द्वनलत्र्युत्तरभाग्यद्विदैवचित्राणि ।
देवचिकित्सककोणपसहितान्येतानि कुलभानि।।८५।।

मञ्जुमती टीका : मघा, धनिष्ठा, पुष्य, मृगशिरा, कृत्तिका, तीनों उत्तरा पूर्वा फाल्गुनी, विशाखा तथा चित्रा, अश्विनी, मूल सहित ये कुल संज्ञक नक्षत्र कहे गये हैं।

अजचरणादितिपूषाधातृमरुद्विष्णुवारीशशक्राणि।
अहियमधातृजलान्युपकुलभान्यन्यानि कुलभानि।।८६।।

मञ्जुमती टीका : पूर्वाभाद्रपद, पुनर्वसु, रेवती, रोहिणी, स्वाती, श्रवण, शतभिषा, ज्येष्ठा, श्लेषा, भरणी, पूर्वाषाढ़ा, ये उपकुल संज्ञक नक्षत्र कहे गये हैं।

उपकुलभेषु च याता विजयं प्राप्नोत्यसंशयं क्षिप्रम्।
कुलभेषु च भङ्गः स्याद्यातुः सन्धिस्तयोः कुलाकुलभे।।८७।।

मञ्जुमती टीका : उपकुल संज्ञक नक्षत्रों में यात्रा करने पर शीघ्र ही निःसन्देह विजय प्राप्त होती है। किन्तु कुल संज्ञक नक्षत्रों में यात्रा करने पर गमन भी रूक जाता है अथवा हानि होती है। किन्तु कुल उपकुल दोनों के होने पर सन्धि हो जाती है।

कुलभेषु च यातास्ते मनुजा भवन्ति कुलमुख्याः।
उपकुलभे परविभवाद्भोक्तारस्त्वन्यभेषु सामान्याः।।८८।।

मञ्जुमती टीका : कुल नक्षत्रों में गमन करने पर मनुष्य अपने कुल में प्रधान हो जाते हैं। और उपकुल नक्षत्र में गमन करने पर दूसरे के धन का उपभोग करने वाले होते हैं। जबकि अन्य नक्षत्रों में गमन करने पर सामान्य स्थिति रहती है।

रविचन्द्रसुरेज्ययमाः कुलाख्या ह्युपकुलौ च सितभौमौ।
कुलाकुलजः शशितनयः सन्धिकृदुभयोः क्षितीशयोर्नित्यम्।।८९।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य, चन्द्रमा, बृहस्पति और शनि कुल संज्ञक ग्रह हैं। तथा शुक्र मङ्गल उपकुल संज्ञक ग्रह हैं। जबकि बुध कुल एवं उपकुल दोनों है। अतएव राजाओं में यह बुध सन्धि अर्थात् मेल-मिलाप कराने वाला होता है।

अन्धकमथ मन्दाख्यं मध्यमसंज्ञं सुलोचनं पश्चात्।
पर्यायेण च गणयेच्चतुर्विधं ब्रह्मधिष्ण्यतः।।९०।।

मञ्जुमती टीका : अन्धक, मन्द, मध्यम तथा सुलोचन क्रमशः रोहिणी नक्षत्र से आरम्भ करके चार प्रकार से गणना करनी चाहिए।

रविरविजभौमवारे भद्रायां विषमपादमृक्षं चेत्।
त्रिपुष्कराख्यो योगो त्रिगुणफलो यमलभैर्द्विगुणम्।।९१।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य, शनि एवं मगलवार तथा भद्रा में यदि विषम चरण वाले अर्थात् विशाखा, उत्तरा फाल्गुनी, पूर्वाभाद्रपद, पुनर्वसु, कृत्तिका तथा उत्तराषाढ़ा नक्षत्रों के योग से त्रिपुष्कर नामक योग होता है। यह तीन गुना फल देने वाला होता है। जबकि दो के रहने पर द्विपुष्कर दुगुना लाभ या हानि देने वाला होता है।

त्रितयं गवां च दद्याद्दोषस्यापनुत्तये विद्वान्।
द्वितयं द्विपुष्करेऽपि च तिलपिष्टैर्विप्रमुख्येभ्यः।।९२।।

मञ्जुमती टीका : त्रिपुष्कर दोष की शान्ति के लिए विद्वान! गाय का दान करें तथा द्विपुष्कर नामक दोष की शान्ति हेतु तिल एवं आटे आदि का दान प्रधान ब्राह्मणों को करना चाहिए।

गुणगुणऋतुपवनगुणेन्दुकृताग्निपवनशराः ।
द्विभुजशरेन्द्विन्दुयुगयुगाग्निरुद्राब्धिनेत्रगुणाः ।।९३।।

मञ्जुमती टीका : तीन, तीन, छः, सात, तीन, एक, चार, तीन, सात, पांच, दो, दो, पांच, एक, एक, चार, चार, तीन, ग्यारह, सात, तीन, तीन।

वेदशतद्विद्विरदा दास्रादीनां च तारकासंख्या।
हृतनष्टादिषु कार्यं तारकसंख्यैः पृथक् पृथग्रूपैः।।९४।।

मञ्जुमती टीका : चार, सौ, दो, दो, बत्तीस अश्विनी आदि नक्षत्रों के ताराओं की संख्या कही गयी है। हरण किये हुए या नष्ट हुए आदि कार्यों को ताराओं की संख्या के आधार पर अलग-अलग रूपों में जानना चाहिए।

अश्वमुखसमानरूपं योन्याकारं च नापितक्षुरवत्।
सुरगृहसदृशं शश्वन्मस्तकसदृशं मृगस्यैव।।९५।।

मञ्जुमती टीका : घोड़े के मुख के समान रूप वाला, योनि के स्वरूप

वाला, नाई के छुरे के समान आकृति वाला, देवताओं के घर समान तथा मृग के समान मुख वाला।

मणिनिभमोकःसदृशमाशुगसदृशं च चक्रसंकाशम्।
प्राकारमञ्चशय्या हस्ताकारं च मौक्तिकाकारम्।।९६।।

मञ्जुमती टीका : मणि के समान आभा वाला, नवनिर्मित गृह के सदृश, बाण के आकृति वाला, बड़े भवन के सदृश, मंच के आकृति के समान, चारपाई के आकृति के समान, हाथ के आकार की तरह, मोतियों के आकार की तरह।

रत्ननिभं तोरणवत् बलिसदृशं कुण्डलाकारम्।
केसरिविक्रमसदृशं शय्याकारं गजेन्द्रदन्ताभम्।।९७।।

मञ्जुमती टीका : रत्न की कान्ति के समान, तोरण के समान, बलि के समान, कुण्डल के आकृति के समान, सिंह के पराक्रम के समान, चारपाई के आकृति के समान, हाथी के दाँत के आभा के समान।

वरशृंगाटकरूपं विकसितपद्मोपमं नित्यम्।
वरशय्यासदृशमतः फलसदृशं मातुलुङ्गस्य।।९८।।

मञ्जुमती टीका : श्रेष्ठ सिघाड़े के समान, खिले हुए कमल के समान, श्रेष्ठ शैय्या के समान, फल के समान, मातुलिङ्ग की आकृति के समान।

अश्वमुखतारकाणां कथितानीमानि मुखरूपाणि।
दैवविदखिलं सम्यग्ज्ञात्वा सर्वं वदेन्नियतम्।।९९।।

मञ्जुमती टीका : अश्विनी आदि नक्षत्रों के ये अश्वमुख आदि नाम क्रमशः कहे गये हैं। ज्योतिषों को इन सबकों जानकर नियत रूप से सबकुछ कहना चाहिए।

अर्कगतागतसंस्थं भत्रितयं नेष्टमुभयतास्त्विष्टम्।
षोडशधिष्ण्यं नवकं शिष्टमनिष्टं च लाङ्गले चक्रे।।१००।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य नक्षत्र से वर्तमान स्थिर नक्षत्र तक लाङ्गल चक्र का निर्माण करना चाहिए। जिसमें तीन वर्गीकरण करना चाहिए। पहले दो नक्षत्र तक नेष्ट अर्थात् खराब पुनः सोलह नक्षत्र तक इष्ट अर्थात् अच्छा पुनः नौ नक्षत्र

तक अनिष्टकारी होता है।

अभिजिद्भभोगमेतद्विश्वेदेवान्त्यपादमखिलं यत्।
आद्यश्चतस्रो नाड्यो हरिभस्यैतच्च रोहिणीविद्धम्।।१०१।।

मञ्जुमती टीका : उत्तराषाढ़ा नक्षत्र का अन्तिम सम्पूर्ण चरण तथा श्रवण नक्षत्र की आदि की चार नाड़ी पर्यन्त अभिजित नक्षत्र होता है। इसकी गणना रोहिणी विद्ध आदि में करनी चाहिए।

आरार्कार्क्यहिकेतुभिराक्रान्तं विद्धभं च तत्सर्वम्।
मङ्गलकार्ये सततं त्याज्यं चोत्पातदूषितं धिष्ण्यम्।।१०२।।

मञ्जुमती टीका : मङ्गल, सूर्य, शनि, राहु एवं केतु से आक्रान्त एवं विद्ध नक्षत्र सम्पूर्ण माङ्गलिक कार्यों में सदैव त्याग देना चाहिए। तथा उत्पात से दूषित नक्षत्रों को भी माङ्गलिक कार्यों में त्यागना चाहिए।

पञ्चशलाकाचक्रे पाणिग्रहणे भवेधविधिरुक्तः।
शस्तः शुभमित्रकृतः सप्तशलाकजमितरत्र।।१०३।।

मञ्जुमती टीका : विवाह में वेध नक्षत्र का ज्ञान पञ्चशालाखा तन्त्र से करना चाहिए। तथा अन्य शुभ कार्यों में सप्तशलाका चक्र से विचार करना चाहिए। शुभ और मित्र ग्रह से वेध इन दोनों चक्र में शुभ माना जाता है।

निहितं त्रिविधोत्पातैः क्रूराक्रान्त च विद्धभं निखिलम्।
त्याज्यं तच्छुभकर्मणि न पादतः पादधिष्ण्यं च।।१०४।।

मञ्जुमती टीका : तीन प्रकार के उत्पात से हत, क्रूर ग्रह के साथ युति अथवा वेधित नक्षत्र का सम्पूर्ण शुभ कार्य में त्याग करना चाहिए न कि पाद से, चरण का वेध होने पर चरण का त्याग करना चाहिए।

तक्षकविषाग्निदग्धः स नरो म्रियते किमेकदेशो वा।
तं मृतधिष्ण्यं निखिलं मृतभे च कृतं मृत्युमेवैति।।१०५।।

मञ्जुमती टीका : जैसे तक्षक नाग के जहर से या अग्नि के दाह से मनुष्य का एक देश (भाग) नष्ट नहीं होता अपितु वह सम्पूर्ण रूप से मृत्यु को प्राप्त हो जाता है। अतः पाद वेध होने पर भी वह समस्त नक्षत्र मृतसंज्ञक हो

जाता है। अतएव मृत नक्षत्र में शुभ कार्य करने पर अवश्य मृत्यु प्राप्त होती है।

नक्षत्रे यो दोषो न हन्ति राशिं न शक्यते हन्तुम्।
तद्गात्रमेव गरलं पित्रादीनां न हन्यते यद्वत्।।१०६।।

मञ्जुमती टीका : नक्षत्र का जो दोष नाशक कारण होता है वह कारण राशि में नहीं घटता। जैसे पुत्र के जहर पीने पर वह जहर पिता की मृत्यु करने वाला नहीं होता।

लघुमैत्रध्रुवमृदुभे सितेन्दुबुधजीववारेषु।
हेमरजतादिभाजनभोजनमारोग्यममृतयोगेषु ।।१०७।।

मञ्जुमती टीका : लघु, मैत्र, ध्रुव, मृदु संज्ञक नक्षत्रों में तथा शुक्र, चन्द्रमा, बुध तथा गुरुवार में अमृत योग होने के कारण सोना, चाँदी आदि के बर्तन में भोजन आरोग्यता प्रदान करता है।

हस्तत्रये पुष्यपुनर्वसौ च विष्णुत्रये चाश्विनपौष्णभेषु।
मित्रेन्दुमूलेषु च सूर्यवारे भैषज्यमुक्तं कुजवासरेषु।।१०८।।

मञ्जुमती टीका : हस्त, चित्रा, स्वाती, पुष्य, पुनर्वसु, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, अश्विनी, रेवती, अनुराधा, मृगशिरा, तथा मूल नक्षत्रों में रविवार या मङ्गलवार में औषधि सेवन श्रेष्ठ कही गयी है।

अदितिस्थिरमरुदहिधिष्ण्यं शुक्रेंदुवासरे त्यक्त्वा।
परवासत्र्यृक्षेषु तु शुभदं स्नानं च रोगमुक्तानाम्।।१०९।।

मञ्जुमती टीका : पुनर्वसु, स्थिर संज्ञक, स्वाती, श्लेषा नक्षत्रों में शुक्रवार एवं सोमवार को छोड़कर अन्य नक्षत्रों में दूसरे के यहां निवास तथा रोगमुक्त रोगी के लिए स्नान शुभ देने वाला होता है।

क्षिप्राचलचलमृदुभे रिक्तामावर्जितेषु दिवसेषु।
निखिलेषु च वारेषु त्रिपुष्करे भूषणं धार्यम्।।११०।।

मञ्जुमती टीका : छिप्र संज्ञक, चल संज्ञक, अचल सज्ञक तथा मृदु संज्ञक नक्षत्रों में रिक्ता तिथियों को छोड़कर सम्पूर्ण वारों में त्रिपुष्कर योग होने पर आभूषण धारण करना चाहिए।

स्थिरसाधारणचरभे लघुमैत्रे व्यर्कजेषु वारेषु।
तेषामेव विलग्ने मणिकनकमयं विभूषणं धार्यम्।।१११।।

मञ्जुमती टीका : स्थिर, साधारण, चर, लघु, मैत्र नक्षत्रों में शनिवार में और शनि के ही लग्न में मणि तथा सोने से बने हुए आभूषणों को धारण करना चाहिए।

क्षिप्रमृदुध्रुवचरभे शशिसितयोर्वासरेषु तल्लग्ने।
मुक्ताफलरजतमयं भूषणमखिलं सवज्रकं धार्यम्।।११२।।

मञ्जुमती टीका : छिप्र, मृदु, ध्रुव तथा चर संज्ञक नक्षत्रों में सोमवार तथा शुक्रवार तथा इन्हीं ग्रहों के लग्नों में मोती तथा चाँदी के बने एवं हीरे से बने हुए सम्पूर्ण आभूषणों को धारण करना चाहिए।

इति श्री वृद्धवशिष्ठब्रह्मर्षिविरचितायां संहितायां
नक्षत्राध्यायश्चतुर्दशः।।१४।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में
नक्षत्रस्वरूपाध्याय नामक चौदहवें अध्याय का
हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथ योगाध्यायः १५।

विष्कुम्भः प्रीतिरायुष्मान्सौभाग्यः शोभनाह्वयः।
अतिगण्डः सुकर्माख्यो धृतिः शूलोऽथ गण्डकः।।१।।

मञ्जुमती टीका : विष्कुम्भ, प्रीति, अयुष्मान, सौभाग्य, शोभन, अतिगण्ड, सुकर्मा, धृति, शूल और गण्डक।

वृद्धिर्ध्रुवाख्यो व्याघातो हर्षणो वज्रसंज्ञकः।
सिद्धियोगो व्यतीपातो वरीयान्परिघः शिवः।।२।।

मञ्जुमती टीका : वृद्धि, ध्रुव, व्याघात, हर्षण, वज्र, सिद्धि, व्यतीपात, वरीयान, परिघ तथा शिव।

सिद्धिः साध्यः शुभः शुक्लो ब्रह्मैन्द्रो वैधृताह्वयः।
सप्तविंशति योगास्ते स्वनामफलदाः स्मृताः।।३।।

मञ्जुमती टीका : सिद्ध, साध्य, शुभ, शुक्ल, ब्रह्म, ऐन्द्र और वैधृति। ये २७ योग कहे गये हैं। ये सभी अपने नाम के अनुसार फल देते हैं।

विरुद्धयोगेषु य आद्यपादः शुभेषु कार्येषु विसर्जनीयः।
सवैधृताख्यो व्यतिपातयोगः सर्वोऽपि नेष्टः परिघार्द्धमाद्यम्।।४।।

मञ्जुमती टीका : विपरीत योगों का पहला चरण वैधृति और व्यतीपात के चारों चरण तथा परिघ योग के पहले चरण का आधा भाग समस्त शुभ कार्यों में त्याग देना चाहिए।

तिस्त्रस्तु नाड्यः प्रथमे च वज्रे गण्डातिगण्डेऽपि च षट् च षट् च।
व्याघातयोगे नव पञ्च शूले शुभेषु कार्येषु विवर्जनीयाः।।५।।

मञ्जुमती टीका : विष्कुम्भ योग की पहली नाड़ी (घटी) वज्र, गण्ड और अतिगण्ड छः-छः तथा व्याघात योग की ९ घटी शूल की ५ घटी आरम्भ की सभी शुभ कार्यों में त्याग करना चाहिए।

अन्त्यातिगण्डपरिघव्यतिपातपूर्वव्याघातगण्डवरशूलमहाशनीषु।
चित्रानुराधपितृपन्नगदस्त्रभेषु सादित्यमूलशशिसूरिषु मूर्ध्नि भेषु।।६।।

मञ्जुमती टीका : वैधृति योग में शीर्ष स्थान में चित्रा, अतिगण्ड में अनुराधा, परिघ में मघा, व्यतिपात में आश्लेषा, विष्कुम्भ में अश्विनी, व्याघात में पुनर्वसु, गण्ड में मूल, शूल में मृगशिरा, और वज्र योग होने पर शीर्ष स्थान में पुष्य को स्थापित सूर्य चन्द्रमा की दृष्टि से दोष का निर्णय करना चाहिए।

रेखामेकामूर्ध्वगां षट् च सप्त तिर्यक्कृत्वाप्यत्र खार्जूरचक्रे।
तिर्यग्रेखासंस्थयोश्चन्द्रभान्वोर्दृक्संपातो दोष एकार्गलाख्यः।।७।।

मञ्जुमती टीका : एक उर्ध्व बनाकर १३ तिरछी रेखा बनाने से खार्जूर चक्र बनाता है इसमें १ रेखा में सूर्य चन्द्रमा का दृष्टि योग होने से एकार्गल दोष होता है।

खरकरतुहिनांशोर्दृष्टिसंपातजात-।
स्त्वनलमयशरीरश्चेद्गिरन्वह्निसंघान्।
भुवि पतति जनानां मङ्गलध्वंसनाय।
गुणगणशतसंघैरप्यार्योऽग्निकोपः।।८।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य चन्द्रमा की एक रेखा में दृष्टि होने पर सम्पाति नामक दोष होता है। यह अग्निमय शरीर हो करके सम्पूर्ण अग्नि समुदाय द्वारा मनुष्यों के मङ्गल को नष्ट करता हुआ पृथ्वी पर गिरा देता है। जैसे अग्नि के कोप से सैकड़ों गुणों से युक्त, सभ्य व्यक्ति भी नष्ट हो जाता है।

चौलं च बीजरोपं च स्त्रीसङ्गं दन्तकल्पनम्।
काष्ठकर्म रिपूच्चाटं विष्कुम्भे तु प्रकारयेत्।।९।।

मञ्जुमती टीका : मुण्डन संस्कार, बीजारोपण, स्त्री सङ्ग, दन्त धावन, काष्ठ कर्म, शत्रु का उच्चाटन ये सभी कार्य विष्कुम्भ योग में करने चाहिए।

मित्रत्वं लेपनं चैव भूषणं भूपरिग्रहम्।
राजवश्यं महोत्साहं प्रीतियोगे प्रकारयेत्।।१०।।

मञ्जुमती टीका : मित्रता, लेप लगाना, आभूषण, भूमि का परिग्रहण, राजा की वशता, बड़ा उत्साह सभी कार्य प्रीति योग में करने चाहिए।

बीजवापं धनग्राहमायुरारोग्यकर्म च।
विवाहं व्रतबन्धं च ह्यायुष्मति च कारयेत्।।११।।

मञ्जुमती टीका : बीज बोना, धन का ग्रहण, आयु, आरोग्य सम्बन्धी कर्म, विवाह, व्रतबन्ध आदि अयुष्मान योग में करने चाहिए।

वस्त्रबन्धमलंकारं सौभाग्यं लेपकर्म च।
सोमपानं सुरापानं सौभाग्ये तु प्रकारयेत्।।१२।।

मञ्जुमती टीका : वस्त्र, बन्धन, अलंकार, सौभाग्य लेख कर्म, सोमपान तथा सुरापान सौभाग्य योग में करने चाहिए।

विवाहदानकर्माणि भूषणं भूपरिग्रहम्।
राजाभिषेकमायुष्यं शोभने च प्रकारयेत्।।१३।।

मञ्जुमती टीका : विवाह, दान कर्म, आभूषण भूमि परिग्रह, राज्याभिषेक, आयुष्य आदि कार्यों को शोभन योग में करना चाहिए।

विग्रहं निग्रहं चैव रोदनं वधबन्धनम्।
छेदनं वञ्चनं क्षुद्रमतिगण्डे प्रकारयेत्।।१४।।

मञ्जुमती टीका : विवाद, निग्रह, रोना, वध, बन्धन, छेदन, ठगना तथा छुद्र कार्यों को अतिगण्ड योग में करना चाहिए।

चित्रकर्म गृहस्थापं कल्याणं भूपरिग्रहम्।
राजाभिषेककर्माणि सुकर्माणि च कारयेत्।।१५।।

मञ्जुमती टीका : चित्र कर्म, घर की स्थापना, कल्याणकारी कार्य, जमीन खरीदना, राज्याभिषेक आदि कार्यों को सुकर्मा योग में करना चाहिए।

प्राकारं तोरणादीनि देवालयगृहाणि च।
सेतुबन्धं गजारोहं धृतियोगे तु कारयेत्।।१६।।

मञ्जुमती टीका : परकोटा (बड़ा घर), तोरण आदि तथा मन्दिर एवं घर, पुल बाँधना, हाथी पर चढ़ना, ये सभी कार्य धृति योग में करना चाहिए।

क्रूरकर्म रिपूच्चाटं मारणं दाहनं तथा।
बन्धनं चावमानं च शूलयोगे प्रकारयेत्।।१७।।

मञ्जुमती टीका : क्रूर कर्म, शत्रु का उच्चाटन, मारण, जलाना, बन्धन तथा अपमान आदि कार्यों को शूल योग में करना चाहिए।

शत्रुघातं रिपूच्चाटं तडागं सेतुबन्धनम्।
क्षेत्रसेवां गदायुद्धं गण्डयोगे प्रकारयेत्।।१८।।

मञ्जुमती टीका : शुत्रघात, शत्रु का उच्चाटन, तालाब, पुल बाँधना, क्षेत्र सेवा, गदा युद्ध आदि कार्यों को गण्ड योग में करना चाहिए।

बीजवापं धनग्राहं विवाहं वस्त्रबन्धनम्।
तडागं सेतुबन्धं च वृद्धियोगे प्रकारयेत्।।१९।।

मञ्जुमती टीका : बीज बोना, धन संग्रह करना, विवाह, वस्त्र बाँधना, तालाब तथा पुल आदि का निर्माण वृद्धि योग में करना चाहिए।

वस्त्रबन्धं गृहस्थापं तडागं सेतुबन्धनम्।
भूषणं बहुरत्नं च ध्रुवयोगे प्रकारयेत्।।२०।।

मञ्जुमती टीका : कपड़े को बाँधना, गृह आरम्भ, तालाब एवं पुल बन्धन, आभूषण एवं अनेक रत्नों का कार्य ध्रुव योग में करना चाहिए।

बन्धनं रोधनं चैव घातनं छेदनं तथा।
क्रूराणि बहुकर्माणि व्याघाते तु प्रकारयेत्।।२१।।

मञ्जुमती टीका : बन्धन, रोधन (रोकना), घात, छेदन तथा अन्य समस्त क्रूर कर्मों को व्याघात योग में करना चाहिए।

वस्त्रबन्धं गजारोहं विवाहं भूपनिग्रहम्।
राजाभिषेकमायुष्यं हर्षणे तु प्रकारयेत्।।२२।।

मञ्जुमती टीका : वस्त्र का बन्धन, हाथी पर चढ़ना, विवाह, राजा का निग्रह, राज्याभिषेक तथा आयु सम्बन्धी कार्यों को हर्षण योग में करना चाहिए।

शस्त्रकर्म रिपूच्चाटं शस्त्राणां च परिग्रहम्।
सेनाधिपत्यं सौम्यं च वज्रयोगे प्रकारयेत्।।२३।।

मञ्जुमती टीका : शस्त्र का कार्य, शत्रु का उच्चाटन, शस्त्रों का परिग्रहण, सेना का आधिपत्य तथा सौम्य कार्यों को वज्र योग में करना चाहिए।

हारकाञ्चीकलापं च हस्ताभरणमेव च।
अङ्गुलीभूषणं चैव सिद्धियोगे प्रकारयेत्।।२४।।

मञ्जुमती टीका : हार, काँचीकलाप (घुघरूदार करधनी), हाथ के आभूषण, अँगूठी आदि आभूषण सम्बन्धी कार्यों को सिद्धि योग में करना चाहिए।

दानं वेदविदे दद्याच्छ्रद्धासंकल्पनं तथा।
रिपूच्चाटं विषादीनि व्यतीपाते तु कारयेत्।।२५।।

मञ्जुमती टीका : दान, वेद का ज्ञान, श्रद्धा तथा संकल्प, शत्रु का उच्चाटन तथा विष आदि कार्यों को व्यातिपात योग में करना चाहिए।

द्वाविंशतिः समुत्पत्तौ भ्रमणे चैकविंशतिः।
उत्तिष्ठे सप्त घटिकाः पतिते घटिका दश।।२६।।

मञ्जुमती टीका : जन्मकाल में इस योग की २२ घटी, यात्रा में २१ घटी, उठने में ७ घटी तथा विश्राम में १० घटी वर्जित हैं।

पूर्वे लक्षगुणं दानं भ्रमणे कोटिरुच्यते।
उत्तिष्ठे सप्त कोट्यस्तु निपाते चाक्षयं भवेत्।।२७।।

मञ्जुमती टीका : इन योगो में उत्पत्ति के समय दान से १ लाख गुना भ्रमण (यात्रा) में एक करोड़, उठने में ७ करोड़ तथा पतन के समय दान से अक्षयफल की प्राप्ति होती है।

शंखचक्रगदापद्मलम्बभ्रूदीर्घनासिकम् ।
अष्टनेत्रं चतुर्वक्त्रं विस्तीर्णं शतयोजनम्।।२८।।

मञ्जुमती टीका : शंख, चक्र, गदा, पद्म, लम्बे भौ तथा बड़ी नासिका, आठ नेत्र, चार मुख तथा सौ योजन लम्बे।

दीर्घबाहुं महारौद्रं तीक्ष्णदंष्ट्रं महोदरम्।
व्यतीपातवपुश्चेदं शोभने मृत्युकारकम्।।२९।।

मञ्जुमती टीका : लम्बी भुजा, महाविकराल, तीक्ष्ण दाँतों वाला तथा बहुत बड़े उदर वाला इस व्यातिपात नामक योग का शरीर होता है। यह योग शुभदायी कार्यों में मृत्युकारक होता है।

हारकाञ्चीकलापं च हस्ताभरणमेव च।
अङ्गुलीभूषणं चैव वरीयसि च कारयेत्।।३०।।

मञ्जुमती टीका : हार, घुघरूदार करधनी, हाथ के आभूषण तथा अँगुलियों के आभूषण आदि कार्य वरीयान नामक योग में करना चाहिए।

बन्धनं छेदनं चैव भेदनं विषदीपनम्।
तथान्यत्क्रूरकर्माणि परिघे तु प्रकारयेत्।।३१।।

मञ्जुमती टीका : बन्धन, छेदन, भेदन, विष दीपन तथा अन्य समस्त क्रूर कर्मों को परिघ योग में करना चाहिए।

मालिकां कटिसूत्रं च घण्टाभरमेव च।
कर्णयोर्भूषणं चैव शिवयोगे प्रकारयेत्।।३२।।

मञ्जुमती टीका : मालिका (माला), कटिसूत्र (करधनी), घण्टा (घुघरू) नामक आभूषण तथा कानों के आभूषण (कुण्डल) आदि कार्यों को शिव योग में करना चाहिए।

प्रतिष्ठा देवतानां च गृहाणि नगराणि च।
प्राकारतोरणादीनि सिद्धियोगे प्रकारयेत्।।३३।।

मञ्जुमती टीका : देवताओं की प्रतिष्ठा, घर एवं नगर का निर्माण, बड़े भवन, तोरण आदि कार्यों को सिद्धि योग में करना चाहिए।

देवतागुरुपूजां च विद्यापूजां तथैव च।
मन्त्रपूजानेकानि साध्ययोगे प्रकारयेत्।।३४।।

मञ्जुमती टीका : देवता और गुरु की पूजा तथा विद्या की पूजा एवं मन्त्र पूजा आदि कार्यों को साध्य योग में करना चाहिए।

बीजवापं गृहोत्साहं धनधान्यादिसंग्रहम्।
सर्वरत्नमहीग्राह्यं शुभयोगे प्रकारयेत्।।३५।।

मञ्जुमती टीका : बीज बोना, गृहकार्य, उत्साह, धन-धान्य आदि संग्रह, सभी रत्नों का पृथ्वी का ग्रहण शुभ योग में करना चाहिए।

लेपनं भूषणं चैव राजसंदर्शनं तथा।
कन्यादानं महोत्साहं शुक्लयोगे प्रकारयेत्।।३६।।

मञ्जुमती टीका : लेप, आभूषण, राजा का दर्शन, कन्यादान तथा उत्साह सम्बन्धी समस्त कार्यों को शुक्ल योग में करना चाहिए।

शान्तिकं पौष्टिकं चैव तडागं सेतुबन्धनम्।
चौलोपनयनं क्षौरं ब्रह्मयोगे प्रकारयेत्।।३७।।

मञ्जुमती टीका : शान्ति, पुष्टि, तालाब, पुल का बन्धन, वस्त्र, उपनयन तथा छौर कर्म आदि कार्यों को ब्रह्म योग में करना चाहिए।

कन्यादानं गजारोहं स्त्रीसङ्गं वस्त्रबन्धनम्।
काव्यगायनवाद्यानि योगे चैन्द्रे प्रकारयेत्।।३८।।

मञ्जुमती टीका : कन्यादान, हाथी पर चढ़ना, स्त्री का सङ्ग, कपड़े का बाँधना, काव्य, गायन, वाद्य आदि कार्यों को ऐन्द्र योग में करना चाहिए।

घातनं परराष्ट्राणां वञ्चनं दाहनं तथा।
छेदनं क्रूरकर्माणि वैधृतौ तु प्रकारयेत्।।३९।।

मञ्जुमती टीका : घात, दूसरे राष्ट्र को ठगना, जलाना तथा छेदन आदि क्रूर कार्यों को वैधृति योग में करना चाहिए।

योगस्य सप्तविंशांशो योगमानं भवेदिह।
एकस्मिन्नपि योगेऽपि सर्वे योगा भवन्ति हि।।४०।।

मञ्जुमती टीका : योग के भोगमान में २७ का भाग देने पर शेष क्रम से एक-एक योग का मान होता है। इस प्रकार एक-एक में समस्त योगो का ज्ञान करना चाहिए।

सूर्याचन्द्रमसोर्धिष्ण्ययोगाज्जाता यतस्ततः।
ऋक्षेशा एव योगेशा ज्ञातव्याः सर्वकर्मसु।।४१।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य और चन्द्रमा के योग से नक्षत्र उत्पन्न होता है। अतएव नक्षत्रों के स्वामी ही योगों के स्वामी हैं ऐसा सभी कामों में जानना चाहिए।

इति श्री वृद्धवशिष्ठब्रह्मर्षिविरचितायां संहितायां
योगाध्यायः पञ्चदशः।।१५।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में
योगाध्याय नामक पन्द्रहवें अध्याय का
हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथ करणाध्यायः १६।

आद्यं बवं बालवकौलवाख्ये तत्तैतिलं तद्गरसंज्ञकं च।
वणिक्च विष्टिः करणानि सप्त चराणि यानि क्रमशो भवन्ति।।१।।

मञ्जुमती टीका : सर्वप्रथम बब, बालव, कौलव, तैतिल, गर, वणिज और विष्टि ये सात चर नामक करण क्रमशः होते हैं।

तिथ्यर्धमाद्यं शकुनिर्द्वितीयं चतुष्पदं नागकसंज्ञितं च।
किंस्तुघ्नमेतान्यचराणि कृष्णचतुर्दशीपश्चिमभागतः स्युः।।२।।

मञ्जुमती टीका : तिथि के आधे भाग तक शकुनि, दूसरा चतुष्पद, तीसरा नागसंज्ञक तथा चौथाा किस्तुघ्नं ये चार स्थिर करण होते है। कृष्णपक्ष की चतुर्दशी के उत्तरार्द्ध से आरम्भ होते हैं।

इन्द्रो विधाता मित्राख्यस्त्वर्यमा भूर्हरिप्रिया।
कीनाशश्चेति तिथ्यर्द्धनाथाः स्युः क्रमतस्त्वमी।।३।।

मञ्जुमती टीका : इन्द्र, ब्रह्मा, मित्र, अर्यमा, पृथ्वी, लक्ष्मी तथा यमराज ये तिथि के आधे भाग अर्थात् चर करणों के क्रमशः स्वामी होते हैं।

कलिश्च रक्षो भुजगः पवनश्च स्थिरेश्वराः।
विज्ञेयाः सर्वकार्येषु तिथ्यर्द्धेशा ववादयः।।४।।

मञ्जुमती टीका : कलियुग, राक्षस, सर्प तथा पवन ये स्थिर करणों के स्वामी सभी कार्यों में जानने चाहिए। तिथि आदि के आधे भाग के स्वामी बव आदि कहे गये हैं।

चरस्थिरद्विजहितः पशुधान्यकरादि यत्।
धातुवादवणिग्धान्यकर्म सर्वं बवे हितम्।।५।।

मञ्जुमती टीका : चर करणों में स्थिर (स्थायी) ब्राह्मणों के हितार्थ, पशु धान्य आदि, धातु, वाद, वणिक, धान्य आदि समस्त कार्यों को बब नामक करण में करना चाहिए।

माङ्गल्योत्सवपानादि वास्तुकर्माखिलं च यत्।
नृपाभिषेकसंग्रामकर्म सिद्ध्यति बालवे।।६।।

मञ्जुमती टीका : माङ्गलिक कार्य, उत्सव, पान आदि, सम्पूर्ण वास्तुकर्म, राज्याभिषेक तथा युद्ध कर्म बालव करण में सिद्ध होते हैं।

गजोष्ट्राश्वायुधोद्यानविपिनाद्यखिलं च यत्।
बालवोक्ताखिलं कर्म कौलवे सिद्ध्यति ध्रुवम्।।७।।

मञ्जुमती टीका : हाथी, ऊँट, घोड़ा, अस्त्र-शस्त्र, बगीचा तथा जङ्गल आदि के समस्त कार्य तथा बालव नामक करण में जो सम्पूर्ण कार्य कहे गये हैं वे निश्चित ही कौलव करण में भी सिद्ध होते हैं।

सन्धिविग्रहयात्रादि क्रयविक्रयकर्म यत्।
तडागकूपखननं कार्यं तैतिलसंज्ञके।।८।।

मञ्जुमती टीका : मेल-मिलाप, युद्ध, यात्रा, क्रय-विक्रय आदि कर्मों, तालाब कुँआ आदि खनने के कार्यों को तैतिल नामक करण में करना चाहिए।

प्राकारोद्धरणं सर्वजलकर्माखिलं च यत्।
सर्वतिथ्यर्द्धकथितं कर्म सर्वं गरे हितम्।।९।।

मञ्जुमती टीका : महल का उद्धार, सम्पूर्ण जल सम्बन्धी कर्मों को तथा सभी तिथियों के आधे में कहे गये कार्यों को गर नामक करण में करना चाहिए।

मूलकर्माखिलं धातुजीवकर्माखिलं च यत्।
उक्तानुक्ताखिलं कर्म ध्रुवं वणिजि सिद्ध्यति।।१०।।

मञ्जुमती टीका : मूल सम्बन्धी समस्त कार्य, धातु, जीव आदि कर्मों को और जो कहे गये और नहीं कहे गये सम्पूर्ण स्थिर कर्मों को वणिज नामक करण में करने से सफलता प्राप्त होती हैं।

वधबन्धविषाग्न्यस्त्रछेदनोच्चाटनादि यत्।
तुरङ्गमहिषोष्ट्रादि कर्म विष्ट्यां च सिद्ध्यति।।११।।

मञ्जुमती टीका : वध, बन्धन, विष, अग्नि, अस्त्र छेदन, उच्चाटन आदि, घोड़ा भैंस, ऊँट आदि कार्य विष्टि (भद्रा) नामक करण में सिद्ध होते हैं।

न कुर्यान्मङ्गलं विष्ट्यां जीवितार्थी कदाचनं।
कुर्वन्नज्ञस्तदा क्षिप्रं तत्सर्वं नाशतां व्रजेत्।।१२।।

मञ्जुमती टीका : विष्टि अर्थात् भद्रा नामक करण में यदि जीवन की इच्छा रखता हो तो कभी भी माङ्गलिक कार्य नहीं करने चाहिए। यदि अज्ञानवश इस करण में कार्य करता है तो शीघ्र ही सम्पूर्ण रूप से नाश को प्राप्त हो जाता है।

रुद्रस्य भालनेत्राग्निज्वालामालासमुद्भवा।
कृतकार्या ततः पृथ्व्यां व्यपतद्दग्धमङ्गला।।१३।।

मञ्जुमती टीका : भगवान शङ्कर के मस्तक के नेत्र की अग्नि की ज्वाला समूह से उत्पन्न यह भद्रा पृथ्वी पर समस्त माङ्गलिक कार्यों को दग्ध कर देती है।

तस्मात्त्याज्या परीता वा विपरीतापि मङ्गले।
तन्माहात्म्यमजानन्तो भद्रायां यदि मङ्गलम्।।१४।।

मञ्जुमती टीका : इसलिए अनुकूल या विपरीत समस्त माङ्गलिक कार्यों में इस विष्टि (भद्रा) नामक करण का त्याग करना चाहिए। यदि इसके महात्म्य को न जानते हुए भद्रा में यदि माङ्गलिक कार्य हों।

कुर्याद्वंशक्षयं तस्य स भवेन्नष्टमङ्गलः।
तस्मात्तत्र शुभं कर्म मनसापि न कारयेत्।।१५।।

मञ्जुमती टीका : तो निश्चित ही वंश का क्षय करते हुए उसके सारे माङ्गलिक कार्य नष्ट हो जाते हैं। इसलिए वहां शुभ कर्मों को मन से भी नहीं करना चहिए।

नाड्यः पञ्च मुखे गलेऽथ घटिका वक्षो दशैकायुताः।
नाभिस्तद्घटिकाश्चतुष्टयमिताः षण्नाडिकास्तत्कटिः।।१६।।

मञ्जुमती टीका : इसके मुख एवं कण्ठ में ५ घटी, वक्षस्थल में ११ घटी, नाभि में ४ घटी तथा कटि में ६ घटी।

पुच्छं तन्नाडिकास्तिस्रः पुच्छान्तं मुखतः क्रमात्।
विष्टेरङ्गविभागोऽयं फलं वक्ष्ये पृथक्पृथक्।।१७।।

मञ्जुमती टीका : पूँछ में ३ घटी, पुच्छान्त एवं मुख से क्रमशः भद्रा का यह अङ्ग विभाग कहा गया है। इसके फलों को अलग-अलग कहेगें।

कार्यस्य नाशो वदने गले तु मृत्युः सदा वक्षसि चार्थहानिः।
नाभौ च विघ्नं त्वथ बुद्धिनाशः कट्यां जयः संयति पुच्छभागे।।१८।।

मञ्जुमती टीका : मुख में कार्य करने पर कार्य का नाश, कण्ठ में मृत्यु, वक्षस्थल में धन की हानि, नाभि में विघ्न और कटि में बुद्धि नाश तथा पुच्छ भाग मे कार्य करने से जय की प्राप्ति होती है।

सुरासुराणां समरेऽमरेषु पराजितेष्वीश्वरकोपदृष्टेः।
जातासुरघ्नी मुदितैः सुरौघैर्विष्टिर्नियुक्ता करणावसाने।।१९।।

मञ्जुमती टीका : देवता और दैत्यों के युद्ध में देवताओं के पराजित हो जाने पर भगवान शङ्कर को क्रोध उत्पन्न हो गया। उस क्रोध से दैत्यों का वध करने वाली विष्टि उत्पन्न हो गयी। इससे प्रसन्न हो करके देवताओं ने इसे अपने कानों के समीप स्थापित किया। इसीलिए इसे करण भी कहते हैं।

इति श्री ब्रह्मर्षिवृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
करणाध्यायः षोडशः।।१६।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में
करणाध्याय नामक सोलहवें अध्याय का
हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथ मुहूर्ताध्यायः १७।

शिवसर्पमित्रपितरो वसुजलविश्वाब्जजद्रुहिणः।
सुरपद्विदैवदनुजाः शम्बरनाथार्यमाख्यभगाः।।१।।

मञ्जुमती टीका : कुल दिन में १५ मुहूर्त होते हैं जिसमें क्रमशः शिव, सर्प, मित्र, पितर, वसु, जल, विश्वदेवता, लक्ष्मी, ब्रह्मा, इन्द्र, इन्द्राग्नी, दनुज, वरुण, अर्यमा तथा भग नामक देवता।

दिवसमुहूर्ताः कथिता दशपञ्चमितास्तथैव रात्रेश्च।
रुद्राजपादेवाहिर्बुध्न्याख्यस्ततश्च पूषाख्यः।।२।।

मञ्जुमती टीका : ऊपर दिन के मुहुर्तों को कहा गया है। वैसे रात्रि में भी १५ मुहूर्त होते हैं। रूद्र, अजपाद, अहिर्बुध्न्य तथा पूषा।

अश्वियमवह्निधातृसुधाकरास्त्वदितिसुरमन्त्री ।
हरिस्तीक्ष्णकरत्वाष्ट्रप्रभञ्जनाश्चेति पञ्चदश।।३।।

मञ्जुमती टीका : अश्विनी कुमार, यमराज, अग्नि, ब्रह्मा, चन्द्रमा, अदिति, बृहस्पति, विष्णु, सूर्य, त्वष्टा तथा पन्द्रहवें का स्वामी वायु होता है।

पञ्चदशांशो दिवसे क्षणमानं तत्रियामायाः।
नक्षत्रेश्वरसदृशे क्षणे च तन्नामधिष्ण्यं तत्।।४।।

मञ्जुमती टीका : दिन से रात्रि के पन्द्रहवें भाग मुहूर्त को कहते हैं अर्थात् ये १५ दिन में और १५ रात में क्षणमान के समान चन्द्रमा के सदृश क्रमशः इनके नाम के नक्षत्रों के अनुसार कार्य करने चाहिए।

यत्कर्म कथितमृक्षे यस्मिंस्तत्कर्म तत्क्षणे कार्यम्।
दिक्छूलादिकमखिलं परिघदण्डं च विज्ञेयम्।।५।।

मञ्जुमती टीका : जो कर्म जिस नक्षत्र में कहा गया है वह कार्य उस क्षण में भी किया जा सकता है। इसी प्रकार सम्पूर्ण दिक्शूल तथा परिघ दण्ड आदि को भी जानना चाहिए।

निर्ऋतपितृसार्पाख्या रौद्रेन्द्राग्नीश्वराख्यभगाः।
पापमुहूर्तास्त्वेते शुभकर्मणि दुःखशोकदा नित्यम्।।६।।

मञ्जुमती टीका : निर्ऋति, पितृ, सर्प, रूद्र, इन्द्र, अग्नि, ईश्वर तथा भग ये सभी पाप मुहूर्त कहे गये हैं। ये हमेशा शुभ कार्यों में दुःख और शोक प्रदान करते हैं।

द्युमुहूर्तास्त्ववशिष्टा सौम्याः शुभदाश्च मङ्गले नूनम्।
शान्तिकपौष्टिककर्मसु विशेषतस्तत्प्रदाः सततम्।।७।।

मञ्जुमती टीका : दिन के मुहूर्तो में बचे हुए सौम्य मुहूर्त निश्चित ही माङ्गलिक कार्यों में शुभ देने वाले होते हैं। विशेषकर शान्ति और पौष्टिक कार्यों में शुभफलदायी होते हैं।

रात्रिमुहूर्तास्त्वजपाद्रौद्राग्नेयाख्ययाम्यसंज्ञाश्च ।
क्रूरतराश्चत्वारस्त्वनिष्टदास्त्विष्टदास्त्वपरे ।।८।।

मञ्जुमती टीका : रात्रि के मुहूर्तो में अजपाद, रूद्र, आग्नेय तथा यमसंज्ञक मुहूर्त, ये चारों मुहूर्त क्रूर संज्ञक कहे गये हैं ये अनिष्ट देने वाले होते हैं तथा शेष बचे हुए मुहूर्त शुभ फल देने वाले होते हैं।

अर्यम्णस्त्वर्कवारे हिमकरदिवसे राक्षसब्रह्मसंज्ञौ।
पित्राग्नेयौ क्षणौ तौ क्षितिसुतदिवसे सौम्यवारेऽभिजिच्च।
दैत्याप्यौ जीववारे भृर्गुतनयदिने ब्राह्म्यपित्र्यौ मुहूर्तौ।
सार्पेशौ तिग्मरोचिप्रियसुतदिवसे वर्जनीया मुहूर्ताः।।९।।

मञ्जुमती टीका : रविवार के दिन अर्यमा, सोमवार के दिन राक्षस और ब्रह्मा, मङ्गलवार के दिन पितृ और अग्नि, बुधवार के दिन अभिजित, गुरुवार के दिन दैत्य एवं जल, शुक्रवार के दिन पितृ एवं ब्रह्मा तथा शनिवार के दिन सर्प और शिव वर्जनीय (त्याज्य) कहे गये हैं।

इति श्री ब्रह्मर्षिवृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
मुहूर्ताध्यायः सप्तदशः।।१७।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में मुहूर्ताध्याय नामक सत्रहवें अध्याय का हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथ गोचरविचाराध्यायः १८।

कथयामि गोचरबलं सवेधबलम्बराटानाम्।
सदसद्बलकथनार्थं विज्ञाते जन्मभे क्षितीशानाम्।।१।।

मञ्जुमती टीका : आकाश में भ्रमण करने वाले, ग्रहों के बल एवं वेध सहित गोचर बल को कह रहा हूँ। इनके शुभ अशुभ बलों को कहने के लिए राजाओं के जन्म नक्षत्र से विचार करना चाहिए।

त्रिषडेकादशमे सूर्यः शुभदो ग्रहैर्न विद्धश्चेत्।
नवरिःफात्मजजलगैः स्वबलोपेतैर्विसूर्यसूतैः।।२।।

मञ्जुमती टीका : तीन, छः, ग्यारह तथा दसवें स्थान में सूर्य यदि ग्रहों से विद्ध न हो तो शुभ फल देता है। और इसका वेध शनि के अतिरिक्त अन्य ग्रहों के नौ, बारह, पांच तथा चतुर्थ स्थान में स्थित होने पर होता है।

भवदशमाद्यकलत्रत्रिषट्सु निशाकरोऽत्र बली।
नैधनजलधीष्वर्थनवान्त्यगतैर्विबुधखेचरैर्न हतः।।३।।

मञ्जुमती टीका : चन्द्रमा लाभ दसवें, पहले, सातवें, तीसरे तथा छठवें स्थान में बली होता है। यह आठवें, चतुर्थ, पांचवे, नौवे तथा बारहवे स्थान में गये हुए ग्रहों से वेधित होता है। किन्तु बुध से इसका वेध नहीं होता।

त्रिषडेकादशसहितो धरासुतः कामधर्मसुतसंस्थैः।
दिनकरतनयोऽपि शुभो न विद्ध्यते खचरैर्विनोष्णकरैः।।४।।

मञ्जुमती टीका : तीन, छः, ग्यारहवें स्थान में मङ्गल तथा शनि, सातवें, नौवें एवं पांचवें स्थान में स्थित सूर्य को छोड़ करके यदि अन्य ग्रहों से विद्ध न हो तो शुभ होते हैं।

दशमेकादशनिधनस्वबन्धुशत्रुस्थितः शुभः शशिजः।
निधनान्त्यप्रथमात्मजतृतीयस्थैर्विनेन्दुखेचरैर्न हतः।।५।।

मञ्जुमती टीका : दसवें, ग्यारहवें, आठवें, पहले में, चतुर्थ में, छठें

स्थान में स्थित बुध शुभ होता है। यदि चन्द्रमा को छोड़ करके अन्य ग्रहों के आठवें, बारहवें, पहले, पांचवे तथा तीसरे स्थान में स्थित हो करके वेध न किया जा रहा हो।

पञ्चमनवमायधनस्मरगः शुभदो गुरुर्न विद्धश्चेत्।
गृहकर्माष्टान्त्यत्रिस्थितखेचरैर्नास्तामितैः ।।६।।

मञ्जुमती टीका : पांचवें, नौवें, ग्यारहवें, दूसरे तथा सातवें स्थान में गुरु यदि अन्य ग्रहों से विद्ध न हो तो शुभ फल देने वाला होता है। चतुर्थ, दसवें, आठवें, बारहवें तथा तोसरे स्थान में स्थित ग्रहों से बृहस्पति का वेध होता है।

आसुतनिधनाङ्कान्त्यभवगृहगतः शुक्रः शुभदो न हतः।
वसुमदनाद्यखधर्मसुतारिसहजायगैर्न विद्धस्तैः।।७।।

मञ्जुमती टीका : अपनी राशि से यदि शुक्र पहले, दूसरे, तीसरे, चौथे, पांचवें, आठवें, नौवें, बारहवें तथा ग्यारहवें स्थानों में शुभ फल देने वाला होता है। यदि आठ, सात, एक, दस, नौ, पांच, छः तथा तीसरे स्थान में अन्य ग्रहों के द्वारा विद्ध न हो।

वेधसमन्वितखचरा नृणां न दिशन्ति सत्फलं किञ्चित्।
व्यत्ययवेधविधानाद्दिशन्त्यशुभाः शुभफलं सततम्।।८।।

मञ्जुमती टीका : इस प्रकार गोचर विचार में ग्रहों से वेधित होने पर कुछ भी अपना शुभ फल नहीं देते। किन्तु व्यत्यय (परस्पर राशि परिवर्तन) तथा विपरीत वेध होने पर अशुभ ग्रह भी शुभ फल सदैव देते हैं।

गोचरबलचिन्तायां ये न विदन्ति यथाक्रमं चेति।
गोचरबलानभिज्ञा लोके यान्ति हास्यतां सुजनाः।।९।।

मञ्जुमती टीका : गोचर बल विचार में जो लोग इसे क्रमशः नहीं जानते अर्थात् ग्रह बल से अनभिज्ञ वे ज्योतिषी संसार में सज्जनों के द्वारा उपहास को प्राप्त होते हैं।

अशुभेक्षितः कष्टफलः शुभेक्षितः सत्फलः खचरः।
शत्रुविलोकनसहिताः सर्वे ते निष्फलाः खचराः।।१०।।

मञ्जुमती टीका : अशुभ ग्रहों से दृष्ट होने पर शुभ भी कष्ट फल की देने वाले होते हैं। जबकि अशुभ ग्रह भी शुभ ग्रह से देखे जाने पर सुन्दर फल देते हैं। किन्तु शत्रु ग्रहों के देखे जाने पर सभी ग्रह अपना फल देने में निष्फल हो जाते हैं।

नीचगता रिपुविजिता रव्यभिभूताः स्वशत्रुगेहस्थाः।
भुजगा इव मन्त्रहता न भवन्ति कार्यक्षमा लग्ने।।११।।

मञ्जुमती टीका : नीच राशि में गया हुआ ग्रह शुत्र ग्रह से पराजित ग्रह, सूर्य के द्वारा तिरस्कृत अर्थात् अस्त ग्रह तथा अपने शत्रु के घर में स्थित ग्रह किसी भी कार्य का फल देने में उसी प्रकार अक्षम होते हैं। जैसे मन्त्र से हत साँप।

हिमकिरणः सितपक्षे द्वितीयनवपञ्चमगोऽपि शुभः।
गोचरबलविषये वै विबलः पक्षे सितेतरे नूनम्।।१२।।

मञ्जुमती टीका : चन्द्रमा शुक्ल पक्ष में दूसरे, नौवें और पांचवें स्थान में भी गोचर सम्बन्धी बल के विषय में शुभ देने वाला होता है। जबकि कृष्ण पक्ष में इन स्थानों में निश्चित ही निर्बल हो जाता है।

भवनान्त्यगताश्च यदा धिष्ण्यान्त्यगताश्च गगनचराः।
दद्युः परभवनफलं प्राग्भवनफलं च वक्रिता ये च।।१३।।

मञ्जुमती टीका : जब ग्रह किसी भी राशि के अन्त में गये हुए हों अथवा नक्षत्र के अन्त में गये हुए हों तो अगली राशि के फल को प्रदान करते हैं और वक्री हो जाने पर वही ग्रह पूर्व वाले भाव का फल प्रदान करते हैं।

दशदिवसपञ्चदिनात्रिपक्षमतिचारवक्रयोर्दद्युः ।
भौमाद्याः पञ्चमदिनप्राग्राशिफलं पञ्च मासाश्च।।१४।।

मञ्जुमती टीका : दस दिन, पांच दिन, तीन पक्ष तक अतिचार एवं वक्री होने का फल देते हैं। भौम आदि ग्रह पांच दिन पहले से राशि के फलों को पूर्व में ही देते हैं और शनि पांच माह में देते हैं।

भवनादिगतौ फलदौ रविभौमौ मध्यगौ च गुरुशुक्रौ।
अन्त्यगतौ शनिशशिनौ सदैव फलदः शशाङ्कसुतः।।१५।।

मञ्जुमती टीका : किसी भी भवन (राशि) में जाने पर प्रारम्भ में सूर्य और मङ्गल फल देते हैं। जबकि गुरु और शुक्र भवन के मध्य में फल देते हैं। किन्तु शनि और चन्द्रमा भवन के अन्त में जाने पर फल देते हैं। किन्तु बुध सदैव फल देता है।

राजालोकनसमये रविरार्यः करग्रहेषु बली।
रणसमये धरणिसुतः प्रयाणसमये सितोऽतिबली।।१६।।

मञ्जुमती टीका : राजा के देखने (दर्शन के समय) सूर्य तथा विवाह में बृहस्पति बली होते हैं। युद्ध के समय मङ्गल जबकि प्रस्थान के समय शुक्र अति बली होता है।

दीक्षणसमये त्वसितः शशितनयो ज्ञानशिल्पविधौ।
निखिलेषु च कार्येषु चन्द्रबलमुख्यमखिलनृणाम्।।१७।।

मञ्जुमती टीका : दीक्षा के समय शनि ज्ञान और शिल्प विद्या (इंजीनियरिंग) तथा सम्पूर्ण कार्यों में चन्द्रमा का बल मुख्य रूप से मनुष्यों के लिए फलदायी होता है।

हिमकरवीर्याद्वीर्यं संश्रित्यैव ग्रहाश्च साध्वसाधुफलम्।
ददतीन्द्रियाणि मनसा सहितानि यथा स्वकार्यदक्षाणि।।१८।।

मञ्जुमती टीका : चन्द्रमा के पराक्रम का आश्रय ले करके अन्य ग्रह बलवान होकर शुभ तथा अशुभ फल प्रदान करते हैं। जैसे इन्द्रियां मन के साथ होने पर अपने कार्य में समर्थ हो जाती हैं।

खचरेषु यदा विषमेष्वखिलनृणां व्याधिरर्थहानिः स्यात्।
सम्यग्विचार्य मनसा ग्रहशान्तिं कारयेन्नृपतिः।।१९।।

मञ्जुमती टीका : ग्रहों के विषम स्थान में हो जाने से सम्पूर्ण मनुष्य रोग तथा धन की हानि से ग्रस्त हो जाते हैं। इसलिए मन के द्वारा ठीक ढंग से राजा को ग्रह शान्ति करानी चाहिए।

उच्छ्रयपतनानि नृणां खचराधीनानि विशेषतो यस्मात्।
अखिलानामपि लोकानां वृद्धिस्तस्माद्ग्राहाश्च पूज्यतमः।।२०।।

मञ्जुमती टीका : उन्नति तथा पतन विशेष करके मनुष्यों की ग्रहों के आधीन रहती है तथा सम्पूर्ण संसार की वृद्धि ग्रहों के ही आधीन है। अतएव ग्रहों की पूजा करनी चाहिए।

मासि मास्ययने चन्द्रसूर्ययोर्ग्रहणेऽपि वा।
विषुवत्यर्कसंक्रान्तौ व्यतीपाते दिनक्षये।।२१।।

मञ्जुमती टीका : प्रत्येक महीने-महीने में अयन के समय चन्द्र सूर्य के ग्रहण में भी अथवा विषुवत संक्रान्ति व्यतीपात तथा दिन के क्षय होने पर।

पुण्येऽह्नि चन्द्रताराणां बलयुक्तो च जन्मभे।
गृहस्येशानभागे तु मण्डपं कारयेद्बुधः।।२२।।

मञ्जुमती टीका : पुण्य दिन में चन्द्र तारा के बलयुक्त होने पर जन्म नक्षत्र में गृह के ईशान भाग में विद्वानों को मण्डप बनाना चाहिए।

षड्द्वादशाष्टभिर्हस्तैः षोडशैर्वा समन्ततः।
चतुर्द्वारसमायुक्तो तोरणाद्यैः समन्वितः।।२३।।

मञ्जुमती टीका : छः, बारह, आठ हस्त प्रमाण के द्वारा अथवा सोलह हाथ से चारों ओर द्वारों से युक्त तथा तोरण आदि से युक्त।

कुण्डं तन्मध्यभागे तु कारयेच्चतुरस्त्रकम्।
वितस्तिद्वयखातं यत्कुण्डं सचतुरंगुलम्।।२४।।

मञ्जुमती टीका : उसके मध्य भाग में चतुरस्त्र कुण्ड दो वितस्ति गहरा बना करके चार अंगुल चौड़ी परिधि से युक्त हो।

विप्राणां क्षत्रियाणां तदङ्गुलत्रयसंयुतम्।
वैश्यानां द्व्यङ्गुलाधिक्यं शूद्राणां हस्तमात्रकम्।।२५।।

मञ्जुमती टीका : ब्राह्मणों के तथा क्षत्रियों के उस माप में तीन अंगुल जोड़ करके तथा वैश्यों के लिए दो अङ्गुल अधिक करके किन्तु शूद्रों के लिए मात्र एक हाथ का ही कुण्ड निर्माण करें।

प्रथमा मेखला तत्र द्वादशाङ्गुलविस्तृता।
चतुर्भिरङ्गुलैस्तस्याश्चोन्नतं च समन्ततः।।२६।।

मञ्जुमती टीका : ब्राह्मण वहां पहली मेखला बारह अङ्गुल की विस्तृत हो। चार अङ्गुल चारों तरफ से ऊंची हो।

तस्याश्चोपरि विप्रः स्याच्चतुरङ्गुलमुन्नतम्।
अष्टभिरङ्गुलैः सम्यग्विस्तीर्णं च समन्ततः।।२७।।

मञ्जुमती टीका : हे विप्र! उसके ऊपर चार अङ्गुल का ऊँचा बनाना चाहिए। और चार अङ्गुल फैला हुआ ठीक ढंग से विस्तार हो।

तस्योपरि पुनः कार्यो विप्रः सोऽपि तृतीयकः।
चतुरङ्गुलविस्तीर्णं चोन्नतं च यथाविधि।।२८।।

मञ्जुमती टीका : उसके ऊपर पुनः हे विप्र! तीसरे का निर्माण करना चाहिए। वह भी चार अङ्गुल विस्तृत तथा उन्नत होना चाहिए।

योनिश्च पश्चिमे भागे प्राङ्मुखी मध्यसंस्थिता।
षडङ्गुलैश्च विस्तीर्णा चायता द्वादशाङ्गुलैः।।२९।।

मञ्जुमती टीका : पश्चिम भाग में योनि का निर्माण पूरब मुख मध्य में स्थित छः अङ्गुल विस्तृत और बारह अङ्गुल आयताकार होनी चाहिए।

पृष्ठोन्नता गजस्यैव सच्छिद्रा मध्यमोन्नता।
एवं लक्षणसंयुक्तं कुण्डमिष्टार्थसिद्धये।।३०।।

मञ्जुमती टीका : पीछे उन्नत (उठी हुई) हाथी के भाँति मध्य में ऊँची छिद्र के सहित इस प्रकार लक्षणों से युक्त कुण्ड अभीष्ट अर्थ की सिद्धि करने वाला होता है।

अनेकदोषदं कुण्डं यत्र न्यूनाधिकं यदि।
तस्मात्सम्यक्परीक्ष्यैव कर्त्तव्यं शुभमिच्छता।।३१।।

मञ्जुमती टीका : यदि कुण्ड अधिकता या न्यूनता हो जाय तो वह अनेक दोष देने वाला होता है। इसलिए शुभ की इच्छा रखने वाले व्यक्ति को ठीक ढंग से परीक्षा करके ही कुण्ड का निर्माण करना चाहिए।

कुण्डस्येशानभागे तु पूजावेदीं प्रकल्पयेत्।
हस्तोन्नतां च विस्तीर्णां चतुरस्रां समन्ततः।।३२।।

मञ्जुमती टीका : कुण्ड के ईशान भाग में पूजा की वेदी बनानी चाहिए। एक हाथ ऊँची विस्तृत, चौकोर वेदी होनी चाहिए।

स्नात्वादौ कायशुद्ध्यर्थं द्विजानुज्ञां लभेत्ततः।
आशिषो वाचनं कार्यं मधुपर्कपुरःसरम्।।३३।।

मञ्जुमती टीका : शरीर की शुद्धि के लिए प्रारम्भ में स्नान करके पुनः ब्राह्मणों की आज्ञा लेनी चाहिए। मधुपर्क के पश्चात आशीर्वाद का वाचन कराना चाहिए।

ऋत्विजो वरयेत्पश्चात्कृतविद्याविशारदान्।
षोडशब्राह्मणाञ्छुद्धानदम्भानृतवर्जितान् ।।३४।।

मञ्जुमती टीका : पुनः विद्या में विशारद सोलह ब्राह्मणों को जो शुद्ध हों, घमण्ड रहित हों तथा झूठ न बोलते हों। ऐसे सोलह ऋत्विजो का वरण करना चाहिए।

तेषां मध्ये श्रेष्ठतममाचार्यं तं प्रकल्पयेत्।
लिखेदष्टदलं पद्मं वेदिकोपरि तण्डुलैः।।३५।।

मञ्जुमती टीका : इनके मध्य में श्रेष्ठतम आचार्य का वरण करना चाहिए। वेदिका के ऊपर चावलों से अष्टदल कमल का निर्माण करना चाहिए।

आदित्याद्यग्रहाणां च प्रतिमां कल्पयेत्ततः।
ताम्रेण कारयेत्सूर्यं स्फटिकेन निशाकरम्।।३६।।

मञ्जुमती टीका : पुनः सूर्य आदि ग्रहों की प्रतिमाओं को कल्पित करना चाहिए। ताम्बे की धातु से सूर्य का तथा स्फटिक् के द्वारा चन्द्रमा का निर्माण करना चाहिए।

कुजं तु चन्दनेन ज्ञं सुवर्णेन गुरुं तथा।
रजतेन सितं सौरिं लोहेन तु विधुन्तुदम्।।३७।।

मञ्जुमती टीका : मङ्गल को लाल चन्दन के द्वारा, बुध और गुरु को स्वर्ण के द्वारा, शुक्र को चाँदी के द्वारा तथा शनि को लोहे के द्वारा राहु को।

सीसेन शुद्धकांस्येन केतुं कुर्यात्प्रयत्नतः।
यथारुचिप्रमाणेन प्रतिमां कल्पयेत्सुधीः।।३८।।

मञ्जुमती टीका : शीशे के द्वारा तथा शुद्ध कांस के द्वारा केतु की प्रतिमा का बुद्धिमान व्यक्ति निर्माण करें। अथवा अपनी रूचि के अनुसार प्रतिमा का निर्माण करना चाहिए।

वेदीमध्ये ललितकमले कर्णिकायामधःस्थः।
सप्ताश्वोऽर्कोऽरुणरुचिवपुः सप्तरज्जुर्द्विबाहुः।
गोत्रे रम्ये बहुविधगुणे काश्यपाख्ये प्रसूतः।
कालिङ्गाख्ये विषयजनितः प्राङ्मुखः पद्महस्तः।।३९।।

मञ्जुमती टीका : वेदी के मध्य में सुन्दर कमल की कर्णिका के नीचे सात घोड़ों वाले सूर्य जिनके शरीर की कान्ति अरूण वर्ण की है। सात रश्मि (रस्सी) तथा दो भुआजों वाले सुन्दर अनेक प्रकार के गुणों से युक्त कश्यप गोत्र में कलिङ्ग देश में उत्पन्न सूर्य को पूरब मुख हाथ में कमल लिए हुए (स्थापित करना चाहिए)।

आकृष्णेनेतिमन्त्रेण रविं ध्यात्वा समर्चयेत्।
अस्य मन्त्रस्य च ऋषिर्हिरण्यस्तपसंज्ञितः।।४०।।

मञ्जुमती टीका : आकृष्णेन इति इस वैदिक मन्त्र के द्वारा सूर्य का ध्यान करके पूजन करना चाहिए। और इस मन्त्र का ऋषि हिरण्य तप संज्ञा वाले हैं।

त्रिष्टुप्छन्दो देवताऽर्को मन्त्रोऽसौ सर्वकामदः।
अस्याधिदेवता रुद्रं स्थापयेद्दक्षिणे ततः।।४१।।

मञ्जुमती टीका : यह त्रिष्टुप छन्द में है। सूर्य देवता का यह मन्त्र सम्पूर्ण कामनाओं को देने वाला है। इसके अधिदेवता रूद्र देवता हैं। इनको दक्षिण में स्थापित करना चाहिए।

मन्त्रं तु त्र्यम्बकं चास्य छन्दोऽनुष्टुप्ततो ऋषी।
वामदेव वशिष्ठाख्यौ देवता परमेश्वरः।।४२।।

मञ्जुमती टीका : इनका त्र्यम्बक नामक मन्त्र अनुष्टुप छन्द में बामदेव और वशिष्ठ ऋषि इसके देवता परमेश्वर है।

सूर्यस्य स्थापयेद्वह्निं वामे प्रत्यधिदेवताम्।
ग्रहाधिदेवतांस्त्वेवं स्थापनीयाः प्रयत्नतः।।४३।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य के बांये भाग में उसके प्रत्यधि देवता अग्नि की स्थापना करनी चाहिए। इस ग्रह के अधिदेवता की स्थापना प्रयत्नपूर्वक करनी चाहिए।

मन्त्रोऽग्निदूतमित्यस्य ऋषिर्मेधातिथिस्तथा।
अग्निस्तु देवताच्छन्दो गायत्री पापमोचनी।।४४।।

मञ्जुमती टीका : अग्निदूतम् इति मन्त्र के मेधा तिथि ऋषि तथा अग्नि देवता हैं और गायत्री छन्द सम्पूर्ण पापों से मुक्त करने वाला है।

आग्नेयभागे सरथो दशाश्वश्चात्रेयजो यावनदेशजश्च।
प्रत्यङ्मुखस्थश्चतुरस्त्रपीठे गदावराङ्गो हिमगुः सिताभः।।४५।।

मञ्जुमती टीका : अग्निकोण में रथ के सहित दस आत्रेयबंशी पवित्र देश में उत्पन्न पूरब मुख स्थित चतुरस्त्र पीठ पर श्रेष्ठ गदा से अंकित श्वेत आभा वाले चन्द्रमा की स्थापना करनी चाहिए।

आप्यायस्वेतिमन्त्रेण यजेच्चन्द्रमसं सदा।
अस्य ऋषिर्गौतमाख्यो गायत्री देवता शशी।।४६।।

मञ्जुमती टीका : आप्यायस्य इस मन्त्र के द्वारा चन्द्रमा की सदा पूजा करनी चाहिए। इस के ऋषि गौतम तथा देवता गायत्री हैं।

गौरीर्मिमायमन्त्रेण गौरीं प्रत्यधिदेवताम्।
ऋषिर्दीर्घतमाश्चास्य जगती देवता उमा।।४७।।

मञ्जुमती टीका : गौरीमिमाय मन्त्र के द्वारा गौरी प्रत्यधि देवता की स्थापना करें। इसके दीर्घ तमा ऋषि हैं, छन्द जगती तथा देवता उमा हैं।

अस्याधिदेवतास्त्वापस्त्वापोहिष्ठामयो ऋचः।
सिन्धुद्वीपोऽस्य मन्त्रस्य गायत्री देवता ऋषिः।।४८।।

मञ्जुमती टीका : इसके अधिदेवता जल हैं। आपोहिष्ठामयो मन्त्र हैं। इसका स्थान सिन्धुद्वीप है गायत्री छन्द है। तथा देवता ऋषि हैं।

याम्ये गतः शक्तिगदात्रिशूलो वरप्रदो याम्यमुखोऽतिरक्तः।
कुजस्त्ववन्तीविषयस्त्रिकोणस्तस्मिन्भरद्वाजकुले प्रसूतः।।४९।।

मञ्जुमती टीका : दक्षिण भाग में शक्ति गदा और त्रिशूल धारण किए हुए वरदान प्रदान करते हुए दक्षिण के ओर मुख किए हुए अत्यन्त लाल मङ्गल ग्रह अवन्ती (उज्जैनी) स्थान में त्रिकोण शरीर वाले भरद्वाज के कुल में उत्पन्न हुए हैं।

अग्निर्मूर्द्धेतिमन्त्रेण सम्यग्ध्यात्वा कुजं यजेत्।
ऋषिर्विरूपो गायत्री देवताङ्गारकोऽस्य च।।५०।।

मञ्जुमती टीका : अग्निर्मूर्द्धा इस मन्त्र के द्वारा ठीक ढंग से ध्यान करके मङ्गल की पूजा करनी चाहिए। इस मङ्गल के विरूप ऋषि तथा गायत्री देवता हैं।

स्कन्दोऽधिदेवता त्वस्य सावित्री देवता गुहः।
मन्त्रस्य स्कन्दगायत्री स्कन्दस्य प्रीतिदायिका।।५१।।

मञ्जुमती टीका : इस मङ्गल के अधिदेवता स्वामी कार्तिकेय हैं। सावित्री देवता हैं। कार्तिकेय के मन्त्र का स्कन्ध गायत्री के द्वारा पूजन करने से स्कन्द कार्तिकेय देवता प्रीति देने वाले होते हैं।

स्योनापृथिव्यसौ मन्त्रस्त्वितरा देवता मही।
गायत्री देवता भूमिस्तस्य मेधातिथिर्ऋषिः।।५२।।

मञ्जुमती टीका : स्योनापृथ्वी यह मन्त्र है। और इसके देवता पृथ्वी हैं। भूमि की देवता गायत्री तथा उसके ऋषि मेधा तिथि हैं।

उदङ्मुखो मागधजो हरिस्थस्त्वात्रेयगोत्रः शरमण्डलस्थः।
सखड्गचर्मोरुगदाधरो ज्ञस्त्वीशानभागे वरदः सपीतः।।५३।।

मञ्जुमती टीका : उत्तर की ओर मुख किए हुए मगध देश में उत्पन्न

हरि में स्थित आत्रेय गोत्र वाले शवर मण्डल में स्थित तलवार के साथ चमड़ा, उरू तथा गदा धारण किए हुए बुध ग्रह ईशान भाग में पीले वर्ण के सहित वरदान देने वाले हैं।

अग्नेविवस्वदुरवसस्त्वतिमन्त्रेण चन्द्रजम्।
प्रस्कण्वो बृहती छन्दस्त्वस्यास्ति देवता बुधः।।५४।।

मञ्जुमती टीका : अग्नेविवस्वदुरवसस्तु इति मन्त्र के द्वारा बुध का पूजन करना चाहिए। प्रस्कण्व ऋषि वृहती छन्द तथा इसके देवता बुध हैं।

मन्त्रेणेदं विष्णुरिति विष्णुः पूज्योऽधिदेवता।
ऋषिर्मेधातिथिच्छन्दो गायत्री देवता हरिः।।५५।।

मञ्जुमती टीका : विष्णु इति इस मन्त्र के द्वारा इसके देवता विष्णु पूज्य हैं। ऋषि मेधातिथि छन्द गायत्री तथा अधिदेवता विष्णु तथा देवता हरि हैं।

विष्णुं च देवतामन्यत्पुरुषसूक्तेन चार्चयेत्।
ऋषिर्नारायणोऽनुष्टुबन्यस्मिन्देवता ऋषिः।।५६।।

मञ्जुमती टीका : विष्णु देवता की पूजा पुरुष सूत्र के द्वारा करनी चाहिए। इसके ऋषि नारायण हैं। अनुष्टुप छन्द हैं और इसके देवता ऋषि हैं।

सौम्ये सुदीर्घे चतुरस्त्रपीठे रथोंऽगिराः सौम्यमुखः सुपीतः।
द्वन्द्वाक्षमालाजलपात्रधारी सिंध्वाख्यदेशो वरदश्च जीवः।।५७।।

मञ्जुमती टीका : सौम्य (सुन्दर) दीर्घ चतुष्कोण अर्थात् चारों ओर से समान पीठ पर अङ्गिरा, (बृहस्पति) रथ पर स्थित सुन्दर पीठ बदन सुन्दर मुख वाले दो रूद्राक्ष की माला तथा जल पात्र को धारण किए हुए वरदान देने वाले सिन्धु नामक देश में बृहस्पति प्रकट हुए हैं।

बृहस्पते अतियदर्यो अनेन गुरुमर्चयेत्।
ऋषिरस्य प्रतिरथस्त्रिष्टुब्जीवोऽत्र देवता।।५८।।

मञ्जुमती टीका : बृहस्पते अतियदर्यो इस मन्त्र से गुरु (बृहस्पति) की पूजा करनी चाहिए। इसके ऋषि प्रतिरथ हैं त्रिष्टुप छन्द हैं और देवता बृहस्पति हैं।

अस्याधिदेवता ब्रह्म ब्रह्मजज्ञानमित्यृचः।
तमर्चयेदृषिर्भर्गस्त्रिष्टुब्ब्रह्मैव देवता।।५९।।

मञ्जुमती टीका : इसके अधिदेवता ब्रह्म हैं। उनकी पूजा ब्रह्मजज्ञानम् इस मन्त्र से करनी चाहिए। इसके ऋषि भग, त्रिष्टुप छन्द, तथा ब्रह्म ही देवता हैं।

इन्द्रायेन्द्रो मरुत्त्वष्ट्रस्त्वनेनेतरदैवतम्।
छन्दो ऋषिः कश्यपोऽस्य गायत्री देवता हरिः।।६०।।

मञ्जुमती टीका : इन्द्रायेन्द्रो मरुत्वष्ट्रस्त्व इस मन्त्र द्वारा अन्य दूसरे देवताओं की पूजा करे। इसका छन्द गायत्री है, कश्यप ऋषि तथा देवता हरि हैं।

प्राच्यां भृगुर्भोजकटे प्रजातः स भार्गवः पूर्वमुखः सिताभः।
सपञ्चकोणे सरथाधिरूढो दण्डाक्षमालावरदाम्बुपात्रः।।६१।।

मञ्जुमती टीका : पूरब दिशा में शुक्र भोज कट नामक स्थान में उत्पन्न होकर वह भार्गव नाम से पूर्व मुख श्वेत आभा वाले पांच कोणों के रथ पर बैठे दण्ड, अक्षमाला तथा वरदान देने वाले जलपात्र को लिए हुए हैं।

ध्यात्वा समर्चयेच्छुक्रं तत्रान्नादिति तदृचा।
त्रिष्टबृषिर्भरद्वाजो देवता दनुरर्चितः।।६२।।

मञ्जुमती टीका : इनका ध्यान करते हुए शुक्र की अर्चना करनी चाहिए। इनका मन्त्र है अन्नाद्परिस्रुतोरसम्। त्रिष्टुप छन्द है, ऋषि भरद्वाज तथा दनु देवता से पूजित हैं।

अस्याधिदेवता शक्रस्त्वनेनैवार्चयेत्तु ताम्।
इन्द्राणी देवता चास्य धृतिर्मेधातिथिर्ऋषिः।।६३।।

मञ्जुमती टीका : इनके अधिदेवता इन्द्र हैं और शक्रस्तु मन्त्र से इनकी पूजा करनी चाहिए। देवता इन्द्राणी हैं, ऋषि धृति एवं मेधातिथि हैं।

मन्त्रेणोत्तानपर्येण चास्य मेधातिथिर्ऋषिः।
इन्द्राणी देवता तत्र त्वनुष्टुप्छन्दसंज्ञितम्।।६४।।

मञ्जुमती टीका : उत्तानपरि मन्त्र के द्वारा पूजन करना चाहिए। मेधातिथि ऋषि इन्द्राणी देवता तथा अनुष्टुप छन्द संज्ञा है।

चापासने गृध्ररथः सुनीलः प्रत्यङ्मुखः काश्यपजः प्रतीच्याम्।
सशूलचापेषु वरप्रदश्च सौराष्ट्रदेशे प्रसवश्च सौरिः।।६५।।

मञ्जुमती टीका : धनुष के आसन पर गिद्ध के रथ पर बैठे हुए, सुन्दर नील वर्ण वाले, पूरब मुख किए हुए कश्यप के पुत्र पश्चिम दिशा के स्वामी शूल और चाप से युक्त वर देने वाले सौराष्ट देश में उत्पन्न शनि ग्रह हैं।।

शन्नोदेवीत्यनेनैव मन्त्रेण शनिमर्चयेत्।
अस्य सिन्धुद्वीप ऋषिर्गायत्री देवता शनिः।।६६।।

मञ्जुमती टीका : शन्नोदेवीरभीष्टय मन्त्र के द्वारा शनि की पूजा करनी चाहिए। इनका सिन्धुद्वीप गायत्री ऋषि देवता शनि हैं।

यमोऽधिदेवता पूज्या त्वायङ्गौरित्यनेन च।
सर्पराज्ञी ऋषिश्चास्य गायत्री देवता यमः।।६७।।

मञ्जुमती टीका : यमराज अधिदेवता हैं। और इनकी पूजा त्वायङ्गौरिति मन्त्र से करनी चाहिए। इनके ऋषि सर्परानी हैं। गायत्री देवता हैं। तथा यम देवता हैं।

प्रजापतिस्त्वस्य शनेः प्रतिपूर्वाधिदेवता।
प्रजापतेनत्वदेतेत्यनेनैव यजेत्तु ताम्।।६८।।

मञ्जुमती टीका : इस शनि के प्रजापति प्रति पूर्व अधिदेवता हैं। प्रजापतेऩत्वदेतेति इस मन्त्र से उनकी पूजा करनी चाहिए।

त्रिष्टुप्छन्दोऽस्य मन्त्रस्य स्वर्णगर्भ ऋषिस्ततः।
प्रजापतिर्देवतायां मन्त्रः स पापमोचकः।।६९।।

मञ्जुमती टीका : इनका त्रिष्टुप छन्द है और मन्त्र का स्वर्णगर्भ ऋषि है प्रजापति देवता हैं वह मन्त्र पाप से मुक्ति देने वाला है।

पैठीनसो वर्वरदेशजातः शूर्पाऽऽसनः सिंहगमः सधूम्रः।
याम्यायने नैर्ऋतगः करालो वरप्रदः शूलसचर्मखड्गः।।७०।।

मञ्जुमती टीका : राहु बर्बर देश में उत्पन्न हुआ है। सूप के आसन पर सिंह के समान गमन वाला धुँआयुक्त दक्षिणायन में नैर्ऋति दिशा में कराल वर देने वाला शूल और चमड़े वाला है।

कयानश्चित्रआभुव इतिमन्त्रेण चार्चयेत्।
गायत्री वामदेवोऽस्य ऋषी राहुश्च देवता।।७१।।

मञ्जुमती टीका : कयानश्चित्रआभुव इस मन्त्र के द्वारा इनकी पूजा करनी चाहिए। गायत्री एवं वामदेव इसके ऋषि है तथा देवता राहु है।

कालोऽधिदेवता ब्रह्मजज्ञानमिति चार्चयेत्।
त्रिष्टुप्छन्दो वामदेव ऋषिः कालोऽधिदेवता।।७२।।

मञ्जुमती टीका : काल इनके अधिदेवता हैं। इनकी पूजा ब्रह्मजज्ञानम् इस मन्त्र से करना चाहिए। यह मन्त्र त्रिष्टुप छन्द वाला है। इसके ऋषि वामदेव तथा अधिदेवता काल हैं।

अपरा देवता सर्पा नमोऽस्त्विति समर्चयेत्।
अग्निर्ऋषिर्विराट्छन्दः सर्पाश्चास्याधिदेवताः।।७३।।

मञ्जुमती टीका : दूसरे देवता सर्प हैं। उनकी पूजा नमोस्तुसर्पेभ्यो इस मन्त्र से करनी चाहिए। अग्नि ऋषि है। विराट् छन्द हैं तथा अधिदेवता सर्प हैं।

वृकासनो जैमिनिगोत्रजोन्तर्वेदीसुदेशः सुविचित्रवर्गाः।
याम्यायनो वायुदिशि प्रखड्गचर्मा शिखी चाष्टशतोऽथ चैकः।।७४।।

मञ्जुमती टीका : केतु देवता भेड़िये के आसन पर बैठे हैं। जैमिनी गोत्र है इनका सुन्दर वेष अन्तर्वेदी है और सुन्दर विचित्र वर्ण वाले हैं। याम्यायन वायु दिशा में बड़े चमड़े की तलवार को लिए हुए ८०१ केतु हैं।

केतुं कृण्वन्ननेनैव चार्चयेत्तं प्रयत्नतः।
मधुऽच्छन्दो ऋषिरस्य गायत्री देवता शिखी।।७५।।

मञ्जुमती टीका : केतुं कृण्वन्न केतवे मन्त्र से प्रयत्नपूर्वक इनकी पूजा करनी चाहिए। इस मन्त्र का छन्द मधु है ऋषि गायत्री है तथा देवता केतु है।

अस्याधिदेवता चित्रगुप्तो ज्ञात्वा तमर्चयेत्।
छन्दोऽनुष्टुप्सोम ऋषिश्चित्रगुप्तोऽस्य देवता।।७६।।

मञ्जुमती टीका : इनके अधिदेवता चित्रगुप्त है उनको जानकर पूजा करनी चाहिए। छन्द अनुष्टुप है सोम ऋषि हैं तथा देवता चित्रगुप्त हैं।

अस्याधिदेवता ब्रह्मा त्वेष ब्रह्म य इत्यृचा।
विश्वेदेवा ऋषिर्विराड् गायत्री ब्रह्मदेवता।।७७।।

मञ्जुमती टीका : इनके अधिदेवता ब्रह्मा हैं। एषब्रह्म इस मन्त्र के द्वारा पूजा करनी चाहिए। इनके ऋषि विश्वदेवता हैं छन्द विराट् एवं गायत्री तथा देवता ब्रह्म हैं।

शनेः पश्चिमतः स्थाप्य विनायकमथार्चयेत्।
गणानान्त्वेति जगती भर्गर्षिदेवता स्वयम्।।७८।।

मञ्जुमती टीका : शनि के पश्चिम दिशा में स्थापित करके गणेशजी की पूजा करनी चाहिए। गणानान्त्वा इस मन्त्र के द्वारा गणेशजी की पूजा करनी चाहिए। जगती छन्द है, भग ऋषि तथा देवता स्वयं है।

तस्य दक्षिणतो दुर्गां जातवेदस इत्यृचा।
त्रिष्टुब्छन्दः कश्यपोऽस्य ऋषिर्दुर्गात्र देवता।।७९।।

मञ्जुमती टीका : इनके दक्षिण भाग में दुर्गाजी को स्थापित करके जातवेदस इस मन्त्र के द्वारा पूजा करनी चाहिए। इसका त्रिष्टुप छन्द है, कश्यप ऋषि, तथा देवता दुर्गाजी हैं।

वायुतो दक्षिणे कोणे शिशुमन्त्रेण चार्चयेत्।
गौरी इति ऋषिश्चास्य गायत्री देवता मरुत्।।८०।।

मञ्जुमती टीका : वायु से दक्षिण कोने में शिशु मन्त्र के द्वारा इनकी पूजा करनी चाहिए। इसके ऋषि गौरी तथा गायत्री है तथा देवता मरूत हैं।

दक्षिणे तस्य चाकाशमादित्यं च समर्चयेत्।
ऋषिर्भर्गोऽस्य गायत्री चाकाशो देवता ततः।।८१।।

मञ्जुमती टीका : इनके दाहिने भाग में आकाश और आदित्य की पूजा करनी चाहिए। इसके ऋषि भग देवता, गायत्री छन्द तथा देवता आकाश हैं।

अश्विनौ दक्षिणे तस्य कार्या वै षोडशा ऋचा।
ऋषिः कण्वोऽस्य गायत्री च्छन्दोऽश्विनौ च देवते।।८२।।

मञ्जुमती टीका : दाहिनी ओर अश्विनी कुमारों का १६ मन्त्रों के द्वारा पूजन करना चाहिए। इसके ऋषि कण्व हैं, छन्द गायत्री तथा देवता अश्विनी कुमार हैं।

इन्द्रश्चैरावतारूढो वज्रपाणिः शचीप्रियः।
स्वर्णवर्णः सहस्राक्षो नायकस्त्वमरेश्वरः।।८३।।

मञ्जुमती टीका : इन्द्र ऐरावत पर चढ़े हुए हाथ पर बज्र धारण किए हुए शची के प्रिय स्वर्णिम वर्ण वाले सहस्र नेत्र वाले तथा इसके नायक स्वयं इन्द्र हैं।

पद्मपूर्वदलाग्रे च इन्द्रमिन्द्रञ्च इत्यृचा।
वायुच्छन्द ऋषिरस्य गायत्री देवता स्वयम्।।८४।।

मञ्जुमती टीका : कमल के पूर्वदल के अग्र भाग पर इन्द्रमिन्द्रञ्च मन्त्र के द्वारा पूजन करना चाहिए। वायु छन्द है, ऋषि गायत्री तथा देवता स्वयं हैं।

अग्निः सुवर्णः सप्तार्चिः सप्तहस्तोद्ध्र्ववक्त्रकः।
स्वाहाप्रियो मेषगमः षडक्षः स्रुक्स्रुवायुधः।।८५।।

मञ्जुमती टीका : अग्नि देवता स्वर्णिम सात हाथों वाले और ऊद्ध्र्वमुख वाले स्वाहाप्रिय मेष गमन वाले छः नेत्रों वाले तथा स्रुक् एवं स्रुवा उनके अस्त्र हैं।

आग्नेय्यामर्चयेदग्निमग्निन्दूतमनेन च।
ऋषिर्मेधातिथिश्छन्दो गायत्री देवताऽनलः।।८६।।

मञ्जुमती टीका : आग्नेय कोण में अग्निदूतम् इस मन्त्र से अग्नि की पूजा करनी चाहिए। इसके ऋषि मेधातिथि छन्द गायत्री तथा देवता अग्निदेव हैं।

इन्द्रप्रियो दण्डधरो यमो महिषवाहनः।
रक्तवर्णो हि लोकानां स्वस्वकर्मफलप्रदः।।८७।।

मञ्जुमती टीका : इन्द्र के प्रिय दण्ड को धारण करने वाले भैंसे को वाहन बनाने वाले लालवर्ण वाले संसार को अपने-अपने कर्मों का फल देने वाले यमराज हैं।

यमं यजेद्याम्यदले यमाय सोममित्यृचा।
ऋषिः शातातपोऽनुष्टुप्छन्दोऽसौ देवता यमः।।८८।।

मञ्जुमती टीका : यमराज की पूजा दक्षिण दल पर स्थापित करके उनके लिए सोमम इस मन्त्र के द्वारा करनी चाहिए। शातातप ऋषि हैं, अनुष्टुप छन्द हैं और देवता यमराज हैं।

खड्गचर्मधरो नीलो निर्ऋतिर्नरवाहनः।
ऊर्द्ध्वकेशो विरूपाक्षः करालः कालिकाप्रियः।।८९।।

मञ्जुमती टीका : तलवार और चमड़े को धारण करने वाले नीले वर्ण वाले निर्ऋति देवता मनुष्य को वाहन बनाने वाले ऊपर उठे हुए बालों वाले विरूप नेत्र वाले काली को प्रिय हैं।

मोषुणस्त्विवतिमन्त्रेण नैर्ऋत्यां निर्ऋतिं यजेत्।
गायत्री घोरकण्ठोऽस्य निर्ऋतिर्देवता स्वयम्।।९०।।

मञ्जुमती टीका : मोषुणस्तु मन्त्र के द्वारा नैऋत्यकोण में निर्ऋति देवता की पूजा करनी चाहिए। इसका छन्द गायत्री हैं। ऋषि घोरकण्ठ हैं तथा देवता स्वयं निर्ऋति हैं।

नागपाशधरो रत्नभूषणः पद्मिनीप्रियः।
वरुणो म्बुपतिः स्वर्णवर्णो मकरवाहनः।।९१।।

मञ्जुमती टीका : नागपाश को धारण करने वाले रत्नभूषण वाले कमलनी के प्रिय तथा जल के पति स्वर्णिम वर्ण वाले मगरमच्छ वाहन वाले।

वरुणं पश्चिमे भागे त्वन्नो अग्न इत्यृचा।
वामदेव ऋषिस्त्रिष्टुब्वरुणो देवताऽस्य च।।९२।।

मञ्जुमती टीका : वरुण देवता की पश्चिम भाग में त्वन्नोअग्ने इस मन्त्र से पूजा करनी चाहिए। इसके ऋषि वामदेव हैं। त्रिष्टुप छन्द है तथा देवता वरुण हैं।

प्राणरूपो हि जगतो वायुः कृष्णमृगासनः।
हेमदण्डधरः श्यामवर्णोऽसौ मोहिनीप्रियः।।९३।।

मञ्जुमती टीका : संसार के प्राणरूप वायु देवता काले मृग के आसन पर विराजमान सोने के दण्ड को धारण किए हुए श्यामल वर्ण वाले तथा मोहिनी के प्रिय हैं।

तववायुवृत इति यजेद्वायुं मरुद्दिशि।
वायुश्च देवता त्वस्य गायत्री ऋषिरंगिराः।।९४।।

मञ्जुमती टीका : तववायुवृत इस मन्त्र के द्वारा वायव्य दिशा में वायु देवता की पूजा करनी चाहिए। इसके देवता वायु हैं। छन्द गायत्री है। ऋषि अङ्गिरा हैं।

अश्वारूढः कुन्तपाणिः कुबेरश्चित्रिणीप्रियः।
निधीश्वरः स्वर्णवर्णः स्वर्णदो रूपवान्प्रभुः।।९५।।

मञ्जुमती टीका : घोड़े पर बैठे हुए हाथ में भाला लिए हुए चित्रणी के प्रिय सम्पूर्ण खजाने के स्वामी स्वर्णिम वर्ण वाले स्वर्ण देने वाले रूपवान स्वामी कुबेर हैं।

सोमोधेनुमनेनैव उदीच्यां च धनेश्वरः।
त्रिष्टुप्छन्दो गौतमोऽस्य देवता सोमसंज्ञकः।।९६।।

मञ्जुमती टीका : सोमोधेनुम् इस मन्त्र के द्वारा उत्तर दिशा में कुबेर का पूजन करना चाहिए। इसका छन्द त्रिष्टुप, गौतम ऋषि तथा सोम देवता हैं।

शुद्धस्फटिकसंकाशो गौरीशो वृषवाहनः।
वरदाभयशूलाक्षः शूलभृत्परमेश्वरः।।९७।।

मञ्जुमती टीका : शुद्ध स्फटिक आभा वाले पार्वती के स्वामी बैल वाहन वाले वरदान देने वाले अभय, शूल तथा अक्षमाला को धारण करने वाले

परमेश्वर हैं।

कद्रुद्रायेतिमन्त्रेण ईशान्यां रुद्रमर्चयेत्।
गायत्री घोरकण्ठोऽस्य देवता चन्द्रशेखरः।।९८।।

मञ्जुमती टीका : कद्रुदायेति मन्त्र के द्वारा ईशान कोण में रूद्र की पूजा करनी चाहिए। इसका छन्द गायत्री हैं, ऋषि घोरकण्ठ हैं। तथा देवता चन्द्रशेखर (भगवान शिव) हैं।

अर्कः पलाशखदिरापामार्गाश्वत्थसम्भवाः।
उदुम्बरशमीदूर्वाकुशजाः समिधाः क्रमात्।।९९।।

मञ्जुमती टीका : मंदार, पलाश (छिउल), खैर, चिचड़ी, पीपल, गूलर, शमी, दूर्वा तथा कुश से उत्पन्न समिधाएं क्रमशः कही गयी हैं।

आर्द्राश्च सत्त्वनिबिडाः स्निग्धाः प्रादेशसंमिताः।
कनिष्ठिकातुल्यवृत्ता होमकर्मणि कामदाः।।१००।।

मञ्जुमती टीका : गीला और सात्विक वस्तुओं से बना हुआ चिकना प्रादेशमात्र कनिष्ठिका के तुल्य हवन कर्म सम्पूर्ण कामनाओं को देने वाला होता है।

लिखिताष्टदले पद्मे तस्मिन्कुण्डे हुताशनम्।
आचार्यः स्थापयेत्सम्यक् स्वगृह्योक्तविधानतः।।१०१।।

मञ्जुमती टीका : अष्टकमल पर चित्रित कमल में उसी में कुण्ड बनाकर आचार्य के द्वारा ठीक ढंग से अग्नि की स्थापना कराकर अपने-अपने गृह्य में कहे गये विधान के अनुसार।

मुखान्ते चार्चयेत्साधिदेवताश्चाखिलग्रहान्।
पूर्वोक्तमन्त्रैः स्वैः स्वैश्च लोकपालान्समर्चयेत्।।१०२।।

मञ्जुमती टीका : मुख के अन्त में अधिदेवता के सहित सम्पूर्ण ग्रहों की पूर्व में कहे गये मन्त्रों के साथ अपने-अपने लोकपालों की पूजा करनी चाहिए।

तस्याश्चेशानभागे तु पूर्णकुम्भं नवं न्यसेत्।
पञ्चत्वक्पल्लवोपेतं शतौषधिसमन्वितम्।।१०३।।

मञ्जुमती टीका : उसके ईशान भाग में नये पूर्ण कलश की स्थापना करनी चाहिए। पंच त्वचा एवं पंच पल्लव से युक्त तथा शतौषधि से युक्त।

स्वर्णरत्नफलोपेतं मृत्तिकावस्त्रसंयुतम्।
अप्‌लिङ्गैर्वारुणैर्मन्त्रैरर्चयेद्द्विजसंयुतम् ।।१०४।।

मञ्जुमती टीका : स्वर्णिम रत्न एवं फलों से युक्त मृत्तिका तथा वस्त्र से युत्त एवं ब्राह्मणों से युक्त अपलिङ्गैर्वारुणै मन्त्र के द्वारा पूजा करनी चाहिए।

उदुम्बरवटाश्वत्थप्लक्षाम्राब्जजसम्भवम् ।
तिलमाषव्रीहियवा गोधूमाण्डप्रियङ्गवः।।१०५।।

मञ्जुमती टीका : गूलर, बरगद, पीपल, पाकर, आम तथा कमल से उत्पन्न कमलगट्टा, तिल, उरद, चावल, जौ, गेहूँ तथा सामाकाकुन।

गजाश्वगोकुलस्थानाद्रथ्यावल्मीकसम्भवात् ।
ह्रदाच्च नगरद्वारात्सम्भूताष्ट च मृत्तिकाः।।१०६।।

मञ्जुमती टीका : हाथी, घोड़ा तथा गाय के स्थान से, चौरस्ते स्थान से, दीमक से उत्पन्न, तालाब से तथा नगर द्वार से, इस प्रकार आठ स्थानों से मिट्टी लानी चाहिए।

श्रीवृक्षबिल्वखदिरविष्णुक्रान्तापुनर्नवाः ।
देवदारुजटामांसीसहदेवीमुराशिवाः ।।१०७।।

मञ्जुमती टीका : बेल, खैर, विष्णुक्रान्ता तथा पुनर्नवा, देवदारू, जटामासीं, सहदेवी, मुरा तथा शिवा।

फलिनीबकुलाजातिर्लतामंजिष्ठसंज्ञिकाः ।
वटप्लक्षाम्रनीवारखदिरामल्लिकार्जुनाः ।।१०८।।

मञ्जुमती टीका : फलिनी, मौलस्री, चमेली, लता, मंजिष्ठ (रीठा) नाम वाली, बरगद, पाकर, आम, जङ्गली धान, खैर, मल्लिका तथा अर्जुन।

दमयन्तीमहाजातीनिम्बोशीरहरिद्रकाः ।
सर्पाक्षीतुलसीरौद्रकुटादाडिमचंपकाः ।।१०९।।

मञ्जुमती टीका : दमयन्ती, महाजाती, नीम, उशीर, हल्दी, सर्पाक्षी,

तुलसी, कुट तथा अनार एवं चम्पक।

मातुलुङ्गजपात्वष्टौकर्णिकारोर्णकाञ्चनाः ।
सेवतीपनसद्राक्षाविशाक्षीश्वेतसर्षपाः ॥११०॥

मञ्जुमती टीका : आठ प्रकार के मातुलुङ्ग जपा, कनेर, ऊन, सोना, सेवती, कटहल, अङ्गूर, विशाक्षी तथा सफेद सरसों।

राजीवकुन्दमुकुलनीलोत्पलकरञ्जकाः ।
पुन्नागचन्दनद्रोणमन्दरो हेमदुग्धकः॥१११॥

मञ्जुमती टीका : लाल कमल, कुन्द की कली, नीलकमल, करंज, पुन्नाग, चन्दन, द्रोण, मन्दर तथा स्वर्णिम दुग्ध वाले।

रक्तचन्दनजम्बीरयूथिकागृहमल्लिकाः ।
सम्पर्कसिन्दुवारेन्द्ररक्तधत्तूरखाण्डिमाः ॥११२॥

मञ्जुमती टीका : लाल चन्दन, जम्बीर (नींबू), जूही, घर की मल्लिका, सम्पर्क, सिन्धुबार, इन्द्रायन, लाल धतूरा तथा खाण्डिमा।

अपामार्गोरुपालाशबृहतीकरवीरकाः ।
नन्द्यावर्तकुबेराक्षापाटलीहेमपुष्पिकाः ॥११३॥

मञ्जुमती टीका : चिचड़ी, उरू, पलास, वृहती, करबीरक, नन्द्यावर्त, कुबेराक्ष, गुलाब तथा स्वर्णिम फूल।

शिरीषामलकाशोकरक्तागस्तिकपित्थकाः ।
बन्धूकभृंगराजाख्यकृष्णवीमाधवीलताः ॥११४॥

मञ्जुमती टीका : शिरीष, आँवला, अशोक, लाल अगस्त, कैथ, दुपहरी का पुष्प, भृंगराज, कृष्णवी तथा माधवीलता।

चतुर्जातोबर्हिशिखा कुटजो मधुणिम्बकः।
तमालतरुपुष्पारुपुष्पाख्यश्चक्रमर्दिनी ॥११५॥

मञ्जुमती टीका : चारों ओर उत्पन्न मोर की कलंगी, कुटज, मुधबिम्बक, तमाल, वृक्ष, फूल, अरू का फूल, चक्रमर्दिनी।

व्याकुली शाल्मली मौडीरास्नाखर्वपटोलिका:।
महाखर्जूरिकानारिकेलाख्यास्ते शतद्रुमाः।।११६।।

मञ्जुमती टीका : व्याकुली, सेमर, मौडी, अरासनाखर्व, पटोलिका, महाखर्जूरिका, नारियल ये सौ वृक्ष कहे गये हैं।

एषां मूलानि सर्वाणि नृणामेनो नुदन्ति यत्।
शान्तिकर्मणि सर्वत्र निःक्षिपेत्कलशोदके।।११७।।

मञ्जुमती टीका : इन वृक्षों के मूल सम्पूर्ण मनुष्यों के पाप मार्जक हैं। शान्ति कर्म में सभी स्थानों पर इनका प्रयोग करना चाहिए। अर्थात् कलश के जल में इन्हें डाल देना चाहिए।

एषामभावे तु दश सर्वौषध्यः प्रकीर्तिताः।
उद्धृतासीतिमन्त्रेण सदा तत्राष्टमृत्तिकाः।।११८।।

मञ्जुमती टीका : इनके अभाव में दस प्रकार की सर्वौषधियां कही गयी हैं। उद्धृतासीति मन्त्र के द्वारा सदा वहां आठ मृत्तिकाओं को डालना चाहिए।

चातुर्जातमुशीरं च पद्मकं फलिनीमुखम्।
देवदारुनिशा चैषां त्वक्पत्राणि च निक्षिपेत्।।११९।।

मञ्जुमती टीका : चार प्रकार से उत्पन्न उशीर, पद्मक फलिनीमुख, देवदारू निशा, इनके त्वचा एवं पत्तों को कलश में डालना चाहिए।

उपचाराणि सर्वेषामपि शुक्लाक्षतैः सदा।
ग्रहवर्णाश्च दातव्या गन्धपुष्पाक्षतध्वजाः।।१२०।।

मञ्जुमती टीका : इन सभी सामग्रियों को तथा सदैव सफेद अक्षतों (चावल) के द्वारा ग्रहों के वर्ण के अनुसार गन्ध, फूल, अक्षत तथा ध्वजा देनी चाहिए।

कर्पूरागरुकस्तूर्यः कुङ्कुमं गन्धगुग्गुलुः।
कृष्णागुर्वक्षकर्पूरा धूपाः स्युर्भास्करादितः।।१२१।।

मञ्जुमती टीका : कपूर, अगरू, कस्तूरी, कुमकुम, गन्ध, गुग्गुल, काला धूप, अक्ष कपूर, धूप, सूर्य के लिए कहे गये हैं।

उक्तसमिदभावे तु पालाशं तत्र कल्पयेत्।
गन्धाभावे शुक्लगन्धं पुष्पाभावे सुगन्धकम्।।१२२।।

मञ्जुमती टीका : उक्त समिन्धाओं के अभाव में सभी जगह पलाश की लकड़ी का प्रयोग करना चाहिए। गन्ध के अभाव में शुक्ल गन्ध को फूल के अभाव में सुगन्ध का प्रयोग करना चाहिए।

धूपाभावे गुग्गुलुः स्याद्रव्याभावे गुडोदनम्।
पञ्चामृते गव्यमेव मिश्रकं न कदाचन।।१२३।।

मञ्जुमती टीका : धूप के अभाव में गुग्गुल तथा द्रव्य के अभाव में गुड़, भात तथा पञ्चामृत में पञ्चगव्य का मिश्रण कभी नहीं करना चाहिए।

घृतान्नपायसापूपक्षीरमिश्रं गुडोदनम्।
दधिमिश्रं तिलैर्मिश्रं सामिषं चित्रितोदनम्।।१२४।।

मञ्जुमती टीका : घृत अन्न, खीर, पूआ, दूध में मिश्रित करके, गुड़ एवं भात, दही में मिश्रित, तिल में मिश्रित, माँस सहित भात को।

संस्कारार्थे चतुर्णां च होमार्थे स्थापयेच्च तान्।
अग्नेयजुष्टमन्त्रेण उद्धृतेष्वभिपूरयेत्।।१२५।।

मञ्जुमती टीका : संस्कार के निमित्त चार प्रकार के तथा होम के निमित्त इन वस्तुओं की स्थापना करनी चाहिए। अग्नेयजुष्ट मन्त्र के द्वारा उद्धृत करके पूर्ण करना चाहिए।

आदौ तु समिधाज्यान्नैः पृथगष्टोत्तरं शतम्।
स्वस्वमन्त्रैश्च जुहुयादग्रहोद्देशेन भक्तितः।।१२६।।

मञ्जुमती टीका : सर्वप्रथम समिधा घी, अन्न से अलग-अलग १०८ अपने-अपने ग्रहों के उद्देश्य से भक्तिपूर्वक हवन करना चाहिए।

द्वित्राश्चैवाधिदैवत्याः पञ्चानां चैव पञ्चधा।
इन्द्रादिलोकपालानां न कुर्यात्समिधादि यत्।।१२७।।

मञ्जुमती टीका : दो तीन अथवा पांच अधिदेवताओं को पांच प्रकार से हवन करना चाहिए। किन्तु इन्द्रादि लोकपालों का समिधा से नहीं करना

चाहिए।

हुतेदाज्याक्तसमिधश्चोपस्तरणपूर्वकम् ।
अवदानं सुकृत्कुर्यात्पश्चाच्चैवाभिधारणम्।।१२८।।

मञ्जुमती टीका : हवन में घी से मिली हुई समिधा को उपस्तणरपूर्वक एक बार अवदान करना चाहिए। बाद में पुनः धारण करना चाहिए।

प्रमाणमाहुतेश्चात्र पक्वामलकसम्मितम्।
चरुशेषं च नैवेद्यं विविधान्नं समर्पयेत्।।१२९।।

मञ्जुमती टीका : आहुति का प्रमाण यहां पके हुए आँवले के बराबर कहा गया है। चरूशेष और नैवेद्य को विविध अन्नों से निर्माण करके समर्पित करना चाहिए।

ततो व्याहृतिभिः कुर्यात्तिलहोमान्प्रयत्नतः।
प्रथमोऽयुतहोमश्च लक्षहोमो द्वितीयकः।।१३०।।

मञ्जुमती टीका : पुनः व्याहृतियों के द्वारा प्रयत्नपूर्वक तिल का हवन करना चाहिए। पहले कोटि का हवन एक हजार मन्त्रों से तथा दूसरे कोटि का हवन एक लाख मन्त्रों से करना चाहिए।

तृतीयः कोटिहोमः स्यात्त्रिविधो ग्रहयज्ञकः।
एकरात्रं त्रिरात्रं वा पञ्चरात्रमथापि वा।।१३१।।

मञ्जुमती टीका : तीन प्रकार से ग्रह यज्ञ कहे गये हैं। तीसरी श्रेणी में एक करोड़ मन्त्रों से हवन करना चाहिए। इसे एक रात्रि में तीन रात्रियों में अथवा पांच रात्रियों में करना चाहिए।

शिवगाथां विष्णुगाथां शान्तिर्ब्राह्मणभोजनम्।
समाचरेत्प्रतिदिनमेवं भक्त्या समन्वितः।।१३२।।

मञ्जुमती टीका : शिव की गाथा अथवा विष्णु की गाथा से शान्ति कराता हुआ ब्राह्मणों को भोजन करावे। इस प्रकार से प्रतिदिन भक्ति से युक्त होता हुआ आचरण करें।

ततो जपादीञ्जुहुयात्पूर्णाहुति समाचरेत्।
स्वस्तिकं कल्पयेत्पश्चात्कुण्डस्येशानभागतः।।१३३।।

मञ्जुमती टीका : पुनः जप आदि से हवन करता हुआ पूर्णाहुति करनी चाहिए। पुनः कुण्ड के ईशानभाग में स्वस्तिक बनाना चाहिए।

यजमानाभिषेकार्थं तत्र भद्रासनं न्यसेत्।
प्राङ्मुखस्योपविष्टस्य यजमानस्य तत्र च।।१३४।।

मञ्जुमती टीका : यजमान के अभिषेक के निमित्त वहां भद्रासन बनाना चाहिए। पुनः पूरब की ओर मुख करके बैठे हुए यजमान के लिए।

अभिषेकं ततः कुर्युः साचार्याः षोडशर्त्विजः।
विविधैर्मङ्गलैर्घोषैः सूतमागधकैः सह।।१३५।।

मञ्जुमती टीका : आचार्य के सहित सोलह ऋत्विजों को अभिषेक करना चाहिए। सूत एवं मागधों के साथ अनेक प्रकार से मङ्गलवाची शब्दों की उद्घोषणा करनी चाहिए।

वक्ष्यमाणैश्च मन्त्रैश्च अब्लिङ्गैर्वेदमन्त्रकैः।
कुम्भोदकैः पूर्णजलैरुक्तद्रव्यसमन्वितैः।।१३६।।

मञ्जुमती टीका : आगे कहे जाने वाले मन्त्रों के द्वारा तथा जलचिह्न के द्वारा, जल के द्वारा ऊपर कहे गये द्रव्यों से युक्त पूर्ण कुम्भ जल के द्वारा।

ग्रहाणामादिरादित्यो लोकरक्षणकारकः।
विषमस्थानसम्भूतां पीडां दहतु मे रविः।।१३७।।

मञ्जुमती टीका : सर्वप्रथम ग्रहों में सूर्य लोक के रक्षा करने वाले हैं विषम स्थान से उत्पन्न मेंरी पीड़ा को सूर्य भगवान नष्ट करें। (सूर्य का मन्त्र)

रोहिणीशः सुधादीप्तः सुधागात्रः सुधाशनः।
विषमस्थानसम्भूतां पीडां दहतु मे विधुः।।१३८।।

मञ्जुमती टीका : रोहिणी के स्वामी अमृत से दीप्त अमृत शरीर वाले अमृत का ही भोजन करने वाले विषम स्थान से उत्पन्न मेरे कष्ट को चन्द्रमा

नष्ट करें। (चन्द्रमा का मन्त्र)

भूमिपुत्रो महातेजा जगतां भयकृत्सदा।
वृष्टिकृद्वृष्टिहर्त्ता च पीडां दहतु मे कुजः।।१३९।।

मञ्जुमती टीका : महातेजस्वी संसार को सदा भय देने वाले पृथ्वी के पुत्र वृष्टि करने वाले तथा वृष्टि हरने वाले मङ्गल ग्रह मेरे कष्ट को नष्ट करें। (भौम का मन्त्र)

उत्पातरूपो जगतां चन्द्रपुत्रो महाद्युतिः।
सूर्यप्रियकरो विद्वान्पीडा दहतु मे बुधः।।१४०।।

मञ्जुमती टीका : संसार में उत्पातरूप बहुत प्रकाश वाले, सूर्य का प्रिय करने वाले विद्वान चन्द्रमा के पुत्र बुध मेरी पीड़ा को नष्ट करें। (बुध का मन्त्र)

देवमन्त्री विशालाक्षः सदा लोकहिते रतः।
अनेकशिष्यसम्पूर्णः पीडां दहतु मे गुरुः।।१४१।।

मञ्जुमती टीका : देवताओं के मन्त्री, विशाल आँख वाले, सदा लोकहित लगे हुए, अनेक शिष्यों से पूर्ण वृहस्पतिदेव मेरी पीड़ा को नष्ट करें। (गुरु का मन्त्र)

दैत्यमन्त्री गुरुस्तेषां प्राणदः स महाद्युतिः।
प्रभुस्ताराग्रहाणां च पीडां दहुत मे भृगुः।।१४२।।

मञ्जुमती टीका : दैत्यों के मन्त्री और उनके गुरु प्राण देने वाले, महा प्रकाश वाले, ताराग्रहों के स्वामी शुक्रदेव मेरी पीड़ा को नष्ट करें। (शुक्र का मन्त्र)

सूर्यपुत्रो दीर्घदेहो विशालाक्षः शिवप्रियः।
मन्दचारः प्रसन्नात्मा पीडां दहतु मेऽर्कजः।।१४३।।

मञ्जुमती टीका : लम्बे शरीर वाले, विशाल आँखों वाले, शङ्कर जी के प्रिय, धीमी गति वाले, प्रसन्न आत्मा, सूर्य के पुत्र, शनि मेरे कष्ट को नष्ट करें। (शनि का मन्त्र)

महाशिरो महावक्त्रो दीर्घदंष्ट्रो महाबलः।
अतनुश्चोर्ध्वकेशश्च पीडां दहतु मे तमः।।१४४।।

मञ्जुमती टीका : बड़े सिर वाले, बड़े मुख वाले, लम्बे डाढ़ वाले, बहुत बली, बिना शरीर के ऊपर उठे हुए बालों वाले राहु देवता मेरी पीड़ा का हनन करें। (राहु का मन्त्र)

अनेकरूपवर्णश्च शतशोऽथ सहस्रशः।
उत्पातरूपो जगतः पीडां दहतु मे शिखी।।१४५।।

मञ्जुमती टीका : अनेक रूप और रंग वाले, सौ अथवा हजार संख्या वाले, संसार में उत्पातरूप केतु देवता मेरी पीड़ा का हनन करें। (केतु का मन्त्र)

ततो राज्ञोऽभिषिक्तस्य रक्षार्थे बलिमुत्क्षिपेत्।
दिग्विदिक्षु विचित्रान्नैर्दीपैर्नीराजयेत्ततः।।१४६।।

मञ्जुमती टीका : इसके पश्चात् राजा का अभिषेक करके रक्षा के निमित्त दिशाओं औ विदिशाओं में विचित्र अन्नों से रक्षा के निमित्त बली (पूजा) प्रदान करें । पुनः दीप के द्वारा आरती उतारें।

शुक्लमाल्याम्बरधरः शुक्लगन्धानुलेपनः।
ततो मण्डपमागत्य ध्यायेदग्निं ग्रहान् सुरान्।।१४७।।

मञ्जुमती टीका : सफेद माला तथा वस्त्र को धारण करके, सफेद गन्ध का लेप करके पुनः मण्डप में आकर अग्नि एवं देवताओं का ध्यान करें।

प्रत्येकं प्रतिमन्त्रैश्च दद्यात्पुष्पाञ्जलिं ततः।
मन्त्रतन्त्रक्रियालोपप्रायश्चित्तार्थमेव च।।१४८।।

मञ्जुमती टीका : प्रत्येक को प्रति मन्त्र के द्वारा पुष्पांजलि देनी चाहिए। पुनः मन्त्र, तन्त्र, क्रिया, लोप का प्रायश्चित्त करना चाहिए।

यदस्य कर्मण इति स्विष्टकृज्जुहयात्ततः।
अस्य मन्त्रस्यातिधृतिः स्वर्णगर्भ ऋषिस्ततः।।१४९।।

मञ्जुमती टीका : जो कर्म किया गया है इसके निमित्त शेष हवन को

करना चाहिए। स्विष्टकृत मन्त्र का अतिधृति तथा ऋषि स्वर्णगर्भ है।

देवताग्निः स्विष्टकृच्च व्याहृतेर्व्याहृतं ततः।
समिधादिद्रव्यमयमवदाय सकृत्सकृत्।।१५०।।

मञ्जुमती टीका : देवता, अग्नि, स्विष्टकृत, व्याहृति का प्रयोग करते हुए एक-एक बार समिधादि द्रव्यों का लेकर के।

मिलित्वा स्रुक्स्रुवं तत्र निक्षिपेदभिधार्य तत्।
मन्त्रेण सप्त ते अग्नेरिति पूर्णाहुतिं यजेत्।।१५१।।

मञ्जुमती टीका : स्रुक् एवं स्रुवा को मिलाकर तथा ध्यान करके अग्ने इन सात मन्त्रों के द्वारा पूर्णाहुति करनी चाहिए।

आचार्येभ्यो नवभ्यश्च ग्रहार्चनफलं ततः।
समिधाज्यचरूणां च तिलहोमफलं च यत्।।१५२।।

मञ्जुमती टीका : आचार्यो के लिए, नौ ग्रहों के पूजन के फल प्राप्त करने के लिए समिधा, घी, चरु तथा तिल एवं हवन तथा फल के द्वारा।

ब्रह्मत्वं कुम्भपूजायां चार्चनस्य फलं च यत्।
गणपक्षेत्रपालाश्च दुर्गाहव्याङ्गदेवताः।।१५३।।

मञ्जुमती टीका : कुम्भ पूजा में ब्रह्मत्व का पूजन और फल गणेश आदि क्षेत्रपालों का दुर्गा तथा उनके अङ्ग देवताओं का।

तासां जपफलं सम्यग्गृह्णीयाज्जलपूर्वकम्।
एवं षोडशऋत्विग्भ्यो दातव्या दक्षिणा ततः।।१५४।।

मञ्जुमती टीका : उनके जप के फल को ठीक प्रकार से प्राप्त करने के लिए जलपूर्वक ग्रहण करना चाहिए। इस प्रकार सोलह ऋत्विजों को दक्षिणा देनी चाहिए।

धेनुं शंखं रक्तवृषं हेमं पीताम्बरं हयम्।
श्वेताश्वं कृष्णवर्णां गां कृष्णलोहमजं क्रमात्।।१५५।।

मञ्जुमती टीका : गाय, शंख, लाल बैल, सोना, पीला वस्त्र, घोड़ा, सफेद घोड़ा, काले वर्ण की गाय तथा काले लोहे को तथा बकरे को क्रमशः

सूर्यादि ग्रहों के निमित्त दान करने चाहिए। जैसे – सूर्य के लिए गाय, चन्द्रमा के लिए शंख, तथा मङ्गल के लिए लाल बैल आदि।

स्वर्णेन वा समीकृत्य दातव्या दक्षिणा ततः।
आचार्यार्थं जापकेभ्यो ब्राह्मणेभ्योऽथ शक्तितः।।१५६।।

मञ्जुमती टीका : सोने के द्वारा अथवा तत्सम दक्षिणा देनी चाहिए। आचार्य के निमित्त जप करने वालों के निमित्त, तथा ब्राह्मणों को अपनी शक्ति के अनुसार देनी चाहिए।

तत्र दानमन्त्राः।

गवामङ्गेषु तिष्ठन्ति भुवनानि चतुर्दश।
यस्मात्तस्माच्छिवं मे स्यादिह लोके परत्र च।।१५७।।

मञ्जुमती टीका क्योंकि गायों के अङ्ग में चारो भुवन स्थित रहते हैं। इसीलिए इस संसार में तथा परलोक में मेरा कल्याण हो। **(दान मन्त्र)**

कपिले सर्वदेवानां पूजनीयासि रोहिणि।
तीर्थरूपमयी यस्मादतः शान्तिं प्रयच्छ मे।।१५८।।

मञ्जुमती टीका : हे कपिला गाय, हे रोहिणि तुम सम्पूर्ण देवताओं के द्वारा पूजनीय हो। क्योकि तुम तीर्थरूपी हो इसलिए मुझे शान्ति प्रदान करो।

इति गोदानकपिलादानमन्त्रौ।

पुण्यस्त्वं शंख पुण्यानां मङ्गलानां च मङ्गलं।
विष्णुनाऽपि धृतो यस्मादतः शान्तिं प्रयच्छ मे।।१५९।।

इति शंखदानमन्त्रः।।

मञ्जुमती टीका : हे शंख, पुण्यवानों में तुम पुण्य हों और मङ्गल करने वालों में मङ्गल हो। चूंकि तुम्हें भगवान विष्णु ने धारण किया है अतः मुझे शान्ति प्रदान करों।

धर्मस्त्वं वृषरूपेण जगदानन्दकारकः।
अष्टमूर्तेरधिष्ठानमतः शान्तिं प्रयच्छ मे।।१६०।।

इति वृषभदानमन्त्रः।

मञ्जुमती टीका : हे वृषभ! तुम वृष रूप में धर्म हो और सम्पूर्ण जगत को आनन्द प्रदान करने वाले हो। तुम अष्टामूर्ति भगवान शिव के अधिष्ठान हो, अतः मुझे शान्ति प्रदान करो।

हिरण्यगर्भगर्भस्थं हेम बीजं विभावसोः।
अनन्तपुण्यफलदमतः शान्तिं प्रयच्छ मे।।१६१।।

इति स्वर्णदानमन्त्रः।

मञ्जुमती टीका : हिरण्यगर्भ के मध्य में स्थित हे स्वर्ण तुम अग्नि के बीज हो। अनन्तपुण्यों के फल को देने वाले हो। अतः मुझे शान्ति प्रदान करो।

पीतवस्त्रयुगं यस्माद्वासुदेवस्य वल्लभम्।
प्रदानात्तस्य मे विष्णुर्ह्यतः शान्तिं प्रयच्छ मे।।१६२।।

इति पीतवस्त्रदानम्।

मञ्जुमती टीका : क्योकि दो पीले वस्त्र, जो कि भगवान वासुदेव के प्रिय हैं, उनके देने से भगवान विष्णु प्रसन्न होगें। अतः तुम मुझे शान्ति प्रदान करो।

विष्णुस्त्वमश्वरूपेण यस्मादमृतसम्भवः।
चन्द्रार्कवाहनो नित्यमतः शान्तिं प्रयच्छ मे।।१६३।।

इति अश्वदानमन्त्रः।

मञ्जुमती टीका : हे अश्व! क्योंकि तुम विष्णु रूप में हो। और अमृत के साथ उत्पन्न हुए हो। तुम नित्य ही सूर्य चन्द्रमा के वाहन हो। अतः मुझे शान्ति प्रदान करो।

यस्मात्त्वं पृथिवी सर्वा धेनो कृष्णेन सन्निभा।
सर्वपापहरा नित्यमतः शान्तिं प्रयच्छ मे।।१६४।।

इति कृष्णधेनुदानमन्त्रः।

मञ्जुमती टीका : हे काली गाय! तुम सम्पर्णू पृथ्वी को धन-धान्य से पूर्ण करती हो। सम्पूर्ण पापों का नित्य ही हरण करती हो। अतः मुझे शान्ति प्रदान करों।

यस्मादायस कर्माणि तवाधीनानि सर्वदा।
लाङ्गलाद्यायुधादीनि तस्माच्छान्तिं प्रयच्छ मे।।१६५।।

इति आयसदानमन्त्रः।

मञ्जुमती टीका : हे लोहे! क्योंकि तुम कठोर कर्म वाले हो। सभी तुम्हारे अधीन कर्म हैं। तुम हल आदि अस्त्रों में लगने वाले हो, अतः मुझे शान्ति प्रदान करों।

यस्माद्रत्नप्रदानेन स्वर्गभोगं लभेन्नरः।
तस्मादनेन दानेन स्वर्गभोगश्च मे भवेत्।।१६६।।

इति रत्नदानमन्त्रः।

मञ्जुमती टीका : क्योंकि रत्न के प्रदान करने से मनुष्य सम्पूर्ण भोगों को प्राप्त करता है। इसलिए इस दान से, मुझे स्वर्ग का भोग प्राप्त होवें।

सर्वभूताश्रया भूमिर्वराहेण समुद्धृता।
अनन्तफलदा यस्मादतः शान्तिं प्रयच्छ मे।।१६७।।

इति भूमिदानमन्त्रः।

मञ्जुमती टीका : हे भूमि, तुम सम्पूर्ण प्राणियों को आश्रय देने वाली हो, और वराह भगवान के द्वारा तुम्हारा उद्धार हुआ है। क्योंकि तुम अनन्त फलों को देने वाली हो। अतः मुझे शान्ति प्रदान करो।

यस्मात्त्वं छाग यज्ञानामङ्गत्वेन व्यवस्थितः।
योनिर्विभावसोर्नित्यमतः शान्तिं प्रयच्छ मे।।१६८।।

इति छागदानमन्त्रः।

मञ्जुमती टीका : हे बकरे! क्योंकि तुम यज्ञों के अङ्गरूप में व्यवस्थित

हो। तुम नित्य की अग्नि की योनिस्वरूप हो। अतः मुझे शान्ति प्रदान करो।

यस्मादशून्यं शयनं केशवस्य शिवस्य च।
तथा मे शयनं शश्वद्भवेज्जन्मनि जन्मनि।।१६९।।

इति शय्यादानमन्त्रः।

मञ्जुमती टीका : हे शैय्या! क्योंकि तुम्हारे बिना शिव और कृष्ण का सोना अशून्य रहता है। अतएव प्रत्येक जन्म-जन्मान्तर में तुम मेरे लिए निरन्तर सोने के लिए हो।

शीतवातोष्णसंत्राणं लज्जाया रक्षणं परम्।
देहालङ्करणं वस्त्रमतः शान्तिं प्रयच्छ मे।।१७०।।

इति वस्त्रदानमन्त्रः।

मञ्जुमती टीका : हे वस्त्र! तुम शीत और वायु तथा गर्मी से रक्षा करने वाले हो। तथा लज्जा की रक्षा करते हो। तुम शरीर के अलंकारस्वरूप हो। अतः मुझे शान्ति प्रदान करो।

अवशिष्टद्विजेभ्यश्च यावच्छक्त्या च दक्षिणाम्।
दीनान्धकृपणादिभ्यः किंचित्किंचित्प्रदापयेत।।१७१।।

मञ्जुमती टीका : बचे हुए ब्राह्मणों को यथाशक्ति दक्षिणा देनी चाहिए। दीन, अन्धे तथा कृपण आदि के लिए भी कुछ देना चाहिए।

वन्दे सर्वरसश्रेष्ठ त्वामहं भगवन्नजः।
अत आज्य सुधारूप सर्वश्रेष्ठं कुरुष्व माम्।।१७२।।

इति आज्यपात्रपूजनमन्त्रः।

मञ्जुमती टीका : सम्पूर्ण रसों में श्रेष्ठ हे भगवन् अज मैं तुम्हारी वन्दना करता हूं। हे घी, तुम अमृत रूप हो। इसलिए मुझे सर्वश्रेष्ठ करों।

या लक्ष्मीर्यच्च मे दौस्थ्यं सर्वमात्रेष्वपवस्थितम्।
तत्सर्वं शमयाज्य त्वं लक्ष्मीं पुष्टिं च वर्द्धय।।१७३।।

इत्याज्यावेक्षणमन्त्रः।

मञ्जुमती टीका : जो अलक्ष्मी और जो मेरे अस्वास्थ्य को देने वाली और जो सम्पूर्ण माताओं के रूप में अवस्थित हैं। उन सम्पूर्ण को हे आज्य तुम शमन करो। और लक्ष्मी तथा पुष्टि की वृद्धि करो।

उद्वासयेत्ततो वह्निं ग्रहान्देवान्द्विजान्पितॄन्।
ब्राह्मणान्भोजयेत्पश्चात्स्वयं भुञ्जीत् बन्धुभिः।।१७४।।

मञ्जुमती टीका : पुनः अग्नि ग्रह, देवता, ब्राह्मण तथा पितरों का उद्वासन करना चाहिए। ब्राह्मणों को भोजन कराकरके पुनः स्वयं अपने भाइयों के साथ भोजन ग्रहण करना चाहिए।

एवं यः कुरुते सम्यग्ग्रहयज्ञं सहैव सः।
सर्वान्कामानवाप्नोति स्वस्थानस्थफलं लभेत्।।१७५।।

मञ्जुमती टीका : जो इस प्रकार से ठीक ढंग से साथ में ग्रह यज्ञ को सम्पन्न कराता है। वह सम्पूर्ण कामनाओं को प्राप्त करके अपने स्थान में स्थित सम्पूर्ण फलों के प्राप्त करता है।

इदं बलद्वयं चिन्त्यं मासि मासि स्वजन्मतः।
अष्टवर्गबलं मुख्यमुभयोः सर्वकामिकम्।।१७६।।

मञ्जुमती टीका : इस प्रकार प्रत्येक महीने अपने जन्म के अनुसार दो प्रकार के बलों का चिन्तन करना चाहिए। दोनों में प्रधान और सम्पूर्ण ्कामनाओं को देने वाला अष्टवर्ग का बल कहा गया है।

यथा ग्रहाणां तीक्ष्णांशुः सदा तु सदृशो बली।
अष्टवर्गबलं तद्वद्ग्रहाणामुत्कटं बलम्।।१७७।।

मञ्जुमती टीका : जैसे ग्रहों में सूर्य सदा बलवान है। उन्हीं के सदृश ग्रहों में उत्कट बल अष्टवर्ग का बल कहा गया है।

अष्टवर्गबलं यत्र तत्रास्ति त्रिविधं बलम्।
तस्माद्बलत्रयाणां तत्साधयेदष्टवर्गजम्।।१७८।।

मञ्जुमती टीका : अष्टवर्ग के बल को जहां तहां तीन प्रकार के बल से युक्त कहा गया है। इसलिए तीनों बलों को अष्टवर्ग से उत्पन्न तीनों बलों का साधन करना चाहिए।

ग्रहेषु विषमस्थेषु यः शान्तिं न करोति सः।
अर्थहानिं मनस्तापं चाश्नुते सर्वसंकटान्।।१७९।।

मञ्जुमती टीका : ग्रहों के विषम स्थान में स्थित होने पर जो शान्ति नहीं कराता है। वह अर्थ, हानि, मनस्ताप तथा सभी संकटों को प्राप्त करता है।

इति ब्रह्मर्षिवृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
गोचरविचाराध्यायोऽष्टादशः।।१८।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में
गोचरविचाराध्याय नामक अट्ठारहवें अध्याय का
हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथ संक्रान्त्यध्याय: १९।

रविरविजभौमवारे संक्रान्तौ दिनकरस्य यन्मासे।
पित्तकफानिलजामयनरपतिकलहस्त्ववृष्टिश्च।।१।।

मञ्जुमती टीका : जिस मास में सूर्य की संक्रान्ति रविवार, शनिवार या मङ्गलवार के दिन होती है। उस मास में पित्त, कफ और वायु से उत्पन्न रोगों के अधिकता, राजाओं में कलह होता है एवं वर्षा नहीं होती।

बुधगुरुसितचन्द्राहे संक्रान्तावनामयं नृणाम्।
क्षितिपतिनिकरक्षेमं सस्यविवृद्धिं विधर्मिणां मरणम्।।२।।

मञ्जुमती टीका : बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार तथा सोमवार के दिन सूर्य की संक्रान्ति जिस मास में हो, उस मास में मनुष्यों में आरोग्यता, राजाओं का कल्याण, फसलों की वृद्धि तथा विधर्मियों की मृत्यु होती है।

घोरोग्रर्क्षे ध्वांक्षी लघुभे चरभे महोदरी मृदुभे।
मन्दाकिन्यचरर्क्षे मन्दा मिश्रा च राक्षसी तीक्ष्णे।।३।।

मञ्जुमती टीका : उग्र नक्षत्र अर्थात् तीनों पूर्वा भरणी एवं मघा में सूर्य संक्रान्ति होने पर होरा नाम की, लघु नक्षत्र में अर्थात् हस्त, अश्विनी, पुष्य तथा अभिजित नक्षत्र में ध्वांक्षी, चर नक्षत्र में अर्थात् (स्वाती, पुनर्वसु, श्रवण, धनिष्ठा एवं शतभिषा) नक्षत्र में महोदरी, मृदु में अर्थात् मृगशिरा, रेवती, चित्रा तथा अनुराधा नक्षत्र में मन्दाकिनी, स्थिर (ध्रुव) अर्थात् तीनों उत्तरा एवं रोहिणी नक्षत्र में मन्दा, मिश्र तथा विशाखा कृत्तिका नक्षत्र में मिश्रा और तीक्ष्ण संज्ञक नक्षत्र अर्थात् मूल, ज्येष्ठा, आर्द्रा, आश्लेषा में संक्रान्ति राक्षसी नाम वाली होती है।

शूद्रविट्चौरभूपद्विजगणपशुमुख्यसर्वजन्तूनाम् ।
शुभफलदा: क्रमशस्ता नूनं संक्रान्तयस्तेषाम्।।४।।

मञ्जुमती टीका : शूद्र, वैश्य, चोर, राजा, ब्राह्मण, पशु तथा सम्पूर्ण प्राणियों के लिए यह होरा आदि नामों वाली संक्रान्तियां क्रमश: शुभ फल देने

वाली होती है।

नागचतुष्पदतैतिलकरणे सुप्तः करोति संक्रमणम्।
कौलवशकुनिकिंस्तुघ्ने करणे चोर्द्धस्थितो दिनकृत्।।५।।

मञ्जुमती टीका : नाग, चतुष्पद और तैतिल करण में सूर्य की संक्रान्ति होने पर सूक्त संज्ञा तथा कौलव, शकुनि तथा किंस्तुघ्न करणों में सूर्य की संक्रान्ति उर्ध्व स्थिति वाली कही गयी है।

गरबवविष्ट्यां वणिजे सबालवे सततं च निविष्टः।
सततं जगतां वृष्टिर्धान्यार्धत्वं विशेषतः क्षेमम्।।६।।

मञ्जुमती टीका : गर, बव, विष्टि, वणिज, बालव करणों में सूर्य के राशि प्रवेश करने पर अर्थात् संक्रान्ति होने पर सदैव संसार में वृष्टि, धन-धान्य, सम्पन्नता तथा विशेषकर कल्याणकारी होती है।

क्रमशस्त्वनिष्टमिष्टं मध्यमरूपं भवेदतुलम्।
नानाविधान्रोगानप्येवं ज्ञातव्यमर्भकादीनाम्।।७।।

मञ्जुमती टीका : इन संक्रान्तियों का फल क्रमशः अनिष्ट, इष्ट एवं मध्यम होता है, अर्थात् ये संक्रान्तियां अतुलनीय फल देने वाली होती है। यह छोटे बच्चों या गर्भस्थ शिशु के लिए नाना प्रकार के रोगों को देने वाली होती हैं। यह जानना चाहिए।

पूर्वाह्ने नृपतिभयं मध्याह्ने हन्ति भूसुरानखिलान्।
अपराह्ने वैश्यगणं शूद्रानखिलान्हि चास्तमये।।८।।

मञ्जुमती टीका : जबकि सूर्य संक्रान्ति पूर्वाह्न में होती है तो राजाओं को भय, मध्याह्न में होने पर सम्पूर्ण राजाओं को नष्ट करती है, अपराह्न में वैश्य गणों को तथा अस्त के समय में शूद्रों को नष्ट करती है।

रात्रिचरान्निशिसमये सन्ध्यासमये पिशाचगणान्।
नटनर्त्तकानपरनिशि पशुपान्निखिलान्निहन्त्युषसि।।९।।

मञ्जुमती टीका : रात्रि के समय में निशाचरों को, संध्या के समय पिशाच गणों को तथा रात्रि के उत्तरार्द्ध में नट तथा नर्तकों कों, एवं ऊषाकाल में सम्पूर्ण पशु पालन करने वाले गोपों को नष्ट करती है।

केवलसंध्यासमये लिंगिव्रातं च निखिलसंन्यासीन्।
शुभफलदा संक्रान्तिरनुक्तकाले नृणां सततम्।।१०।।

मञ्जुमती टीका : केवल संध्या के समय में, संक्रान्ति होने पर ब्रह्मचारियों एवं सम्पूर्ण सन्यासियों को नष्ट करती है। जबकि जो समय नहीं कहे गये है उसमें संक्रान्ति होने पर सदैव मनुष्यों को शुभ फल देने वाली होती है।

दिनपतिसंक्रमणात्प्राक् षोडशनाड्यः स पुण्यकालस्तु।
परतः षोडशनाड्यः सर्वत्र स्नानदानयोः पुण्याः।।११।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य के राशि के संक्रमण से पहले सोलह घटी तक तथा संक्रमण के बाद भी सोलह घटी तक अर्थात् बत्तीस घटी तक सर्वत्र अर्थात् सभी स्थानों में स्नान एवं दान का पुण्यकाल रहता है।

संक्रमणं यद्यहनि तदहः पुण्यं च पुण्यकार्येषु।
निश्यर्द्धात्प्राक्संक्रमणं पूर्वाहः स्नानदानयोः पुण्यम्।।१२।।

मञ्जुमती टीका : यदि दिन में संक्रमण हो तब दिन में ही पुण्यकार्यों में पुण्य होता है, रात्रि के अर्द्धभाग से पहले यदि संक्रमण हो तो पहले दिन ही स्नान एवं दान का पुण्य जानना चाहिए।

निश्यर्द्धात्संक्रान्तिः पश्चाच्चेत्परदिनं पुण्यम्।
निशि समये साक्षाच्चेद्दिनद्वयं स्नानदानयोः पुण्यम्।।१३।।

मञ्जुमती टीका : यदि आधी रात के बाद संक्रान्ति हो तो बाद के दिन में पुण्य काल जानना चाहिए। रात्रि के समय में संक्रान्ति होने पर दो दिन पर्यान्त स्नान एवं दान का पुण्य रहता है।

स्थिरराशिषु विष्णुपदं षडशीतिमुखं यद्युभयभे चैव।
मृगकर्कटसंक्रान्ती ह्युदगयनं दक्षिणायनं चैव।।१४।।

मञ्जुमती टीका : स्थिर राशि में अर्थात् वृष, सिंह, वृश्चिक एवं कुम्भ में विष्णुपदी संक्रान्ति, द्विस्वभाव राशि में अर्थात् मिथुन, कन्या, धनु एवं मीन राशि की संक्रान्ति षडशीतिमुखी, मकर एवं कर्क की संक्रान्ति अयनी मकर राशि की उत्तरायण तथा कर्क राशि की दक्षिणायन कही गयी है।

अजतुलसंक्रान्तिद्वयं विषुवत्प्रकीर्तितं नित्यम्।
द्वादशसंक्रान्तीनां चतुष्टयं तद्विशिष्टतमम्।।१५।।

मञ्जुमती टीका : मेष तथा तुला की संक्रान्ति नित्य ही विषुवत संक्रान्ति कही गयी है। इस प्रकार बारह संक्रान्तियों में चार विशेष है।

हरिपदयाम्यत्वयने पूर्वदिनं स्नानदानयोः पुण्यम्।
षडशीतिमुखे त्वयने सौम्ये पुण्यं च परदिनं निशि चेत्।
इति सञ्चिन्त्य विनिर्णयमादेष्टव्यं सदैव दैवज्ञैः।।१६।।

मञ्जुमती टीका : विष्णुपदी दक्षिणायन संक्रान्ति में स्नान एवं दान का पुण्य पूर्व दिन में होता है। जबकि षडशीतिमुखी तथा उत्तरायणन की संक्रान्ति में पुण्य काल अगले दिन होता है। यदि रात में संक्रान्ति हो रही हो तो इस प्रकार से विचार करके विशेष निर्णय करते हुए ज्योतिषियों को सदैव आदेश करना चाहिए।

विषुवत्ययने ग्रहणे संक्रान्तौ पुण्यादिवसे वा।
पितृतृप्तिं यो न करोति दत्त्वा शापं व्रजन्ति तस्य सदा।।१७।।

मञ्जुमती टीका : विश्वी संक्रान्ति एवं अयनी संक्रान्ति में ग्रहण या संक्रान्ति होने पर पुण्य दिन में कोई पितरों को श्राद्ध आदि न करे तो पितर उसे सदा शाप देकर चले जाते हैं।

आगतगतसमयेऽपि च करोति दानं जपं च होमाद्यम्।
ऊषरवापितबीजं यद्वत्तद्वच्च निष्फलं भवति।।१८।।

मञ्जुमती टीका : आते एवं जाते समय भी जो दान, जप और होम आदि करता है उसका ऊसर में बोये गये बीज की भाँति सम्पूर्ण कार्य फल रहित हो जाता है।

सुतजनने संक्रान्तौ उपरागे चन्द्रसूर्ययोर्नित्यम्।
रात्रावपि कर्त्तव्यं स्नानं दानं विशेषतो नृणाम्।।१९।।

मञ्जुमती टीका : पुत्र के जन्म के समय अथवा संक्रान्ति होने पर या चन्द्र-सूर्य का ग्रहण होने पर रात्रि के समय में भी मनुष्यों को विशेषकर स्नान

एवं दान करना चाहिए।

अजकन्यावृषकर्किणि संक्रान्तौ यदि भवेद्वर्षाम्।
अतुलं क्षेमसुभिक्षं नृपसज्जनगोकुले क्षेमम्।।२०।।

मञ्जुमती टीका : मेष, कन्या, वृष एवं कर्क की संक्रान्ति के समय यदि वर्षा हो तो अत्यधिक कल्याण, सुभिक्ष, राजा, सज्जन तथा गाय आदि पशुओं का कल्याण होता है।

झषचापसिंहमिथुनसंक्रान्तौ यदि भवेद्वर्षाम् ।
आमयडामरभूभुजयुद्धभयं त्ववृष्टिश्च ।।२१।।

मञ्जुमती टीका : मीन, धनु, सिंह तथा मिथुन संक्रान्ति के समय यदि वर्षा हो तो रोग तथा दंगे-फसाद एवं राजाओं में युद्ध का भय एवं वृष्टि नहीं होती है।

घटतुलवृश्चिकमकरे वृष्टिः स्यात्संक्रमणसमये।
विस्फोटामयतस्करपीडावृष्टिः कृशानुभयम्।।२२।।

मञ्जुमती टीका : कुम्भ, तुला, वृश्चिक तथा मकर संक्रान्ति के समय में यदि वृष्टि हो तो विस्फोट, रोग, चोरों से पीड़ा, वृष्टि एवं अग्नि का भय होता है।

हरिशार्दूलवराहगर्दभगजमहिषाश्च घोटकाश्चैव।
श्वाजवृषभकुक्कुटाः स्युः संक्रान्तेर्वाहनानि ववकरणात्।।२३।।

मञ्जुमती टीका : सिंह, शार्दूल (बाघ, चीता), सुअर, गधा, हाथी, भैसा, घोटक (घोड़ा), कुत्ता, बकरा, बैल तथा मुर्गा ये क्रमशः बव आदि करणों से संक्रान्ति के वाहन कहे गये हैं।

बाह्लीकखशवङ्गाङ्गेषु तु विज्ञेयं वाहनं च ऋक्षभवम्।
करणभवं त्वन्यस्मिन्देशे नियतं च वाहनं ज्ञेयम्।।२४।।

मञ्जुमती टीका : बाह्लीक, खश, बङ्गाल तथा अङ्ग (बिहार) आदि देशों में नक्षत्रों से उत्पन्न वाहनों का विचार करना चाहिए जबकि करण से उत्पन्न होने वाले वाहनों को अन्य देशों में जानना चाहिए।

क्रमशो बिभर्ति दिनपो ववतो भुशुण्डी गदाख्यं च।
खड्गाख्यं दण्डकार्मुकतोमरकुन्तपाशाङ्कुशास्त्रशरा:।।२५।।

मञ्जुमती टीका : वब आदि करणों में संक्रान्ति होने पर क्रमशः अस्त्र-शस्त्र को धारण करते हैं, बन्दूक, गदा, तलवार, दण्ड, धनुष, तोमर, भाला, पाश, अंकुश, अस्त्र एवं बाण।

विधोर्बलावलेनैतत्संक्रमेण दिवाकरः।
ददाति तत्फलं नृणां तस्मिन्मासे तु गौड़तः।।२६।।

मञ्जुमती टीका : चन्द्रमा के बलावल अर्थात् दुर्बलता एवं बल के अनुसार सूर्य का संक्रमण होने पर मनुष्यों को उस (संक्रान्ति) मास में गौड़ रूप से फल प्राप्त होता है।

हानिश्चेदर्कसंक्रातिर्जन्मपूर्वर्क्षतस्त्रिषु।
अर्थलाभं तथा षट्सु शेषेऽष्वेवमुपप्लवः।।२७।।

मञ्जुमती टीका : जिस व्यक्ति के जन्म नक्षत्र मास तिथि आदि में संक्रान्ति होती है। वह मास भर हानि उठाता है। तथा जन्म नक्षत्र से तीन एवं छः के क्रम से तीन बार विचार करते हुए क्रमशः तीन में हानि तथा छः में लाभ जानना चाहिए।

नोट : संक्रान्ति नक्षत्र से पूर्व नक्षत्र की आधार संज्ञा होती है। उससे तीन, छः, तीन, छः , तीन, छः, संज्ञक नक्षत्रों में अपना जन्म नक्षत्र हो तो क्रम से अर्थात् यदि पहले तीन नक्षत्रों में हो तो यात्रा, पुनः दो नक्षत्रों में सुख, तत्पश्चात् तीन में हो तो थोड़ा दुःख फिर छः में हो तो वस्त्र (कपड़ा) का लाभ, इसके बाद के तीन में हो तो हानि और आगे के छः नक्षत्रों में हो तो अधिक धन का लाभ उस व्यक्ति को होता है।

दशन्ति सूर्यमुक्तर्क्षान्निर्जीवाख्यं च भत्रयम्।
एकादशर्क्षं विंशर्क्षं मङ्गले निधनप्रदम्।।२८।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य नक्षत्र से तीन नक्षत्र यदि चन्द्रमा भोग कर रहा हो तो निर्जीव संज्ञा होती है। वहां से ग्यारह नक्षत्र मङ्गल और आगे बीस नक्षत्र पर्यन्त मृत्युदायक होता है।

शूलदोषापनुत्त्यर्थं निर्जीवस्यापनुत्तये।
स्वर्णशूलं द्विजे दद्यात्तिलवस्त्रसमन्वितम्।।२९।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य दोष की शान्ति तथा निर्जीव संज्ञक दोषों की शान्ति हेतु ब्राह्मण के लिए सोने का शूल तिल, वस्त्र से युक्त करके देना चाहिए।

अर्कबिम्बचरान्नित्यं भचक्रं लभतेऽयनात्।
अस्तोदये तदयनमुच्चनीचोच्चवर्त्मनः।।३०।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य बिम्ब नित्य गमन करता हुआ भचक्र को प्राप्त करता है। और अयन से अस्त और उदय बेला में वह अयन उच्च, नीच तथा समान कक्षाओं में होता है।

तदंशैर्न्यूनकालो हि वर्तमानस्य निर्गमः।
परराशिप्रवेशश्च राशीनामेवमेव हि।।३१।।

मञ्जुमती टीका : उन अंशों के न्यूनकाल में वर्तमान और निर्गम तथा पर राशि का प्रवेश राशियों के द्वारा ही जानना चाहिए।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
संक्रान्त्यध्याय एकोनविंशः।।१९।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में
संक्रान्त्यध्याय नामक उन्नीसवें अध्याय का
हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथ चन्द्रताराबलाध्यायः २०।

प्रथमदिने वत्सरतः शुभदे चन्द्रे च यस्य पुरुषस्य।
तद्वर्षे शिशिरकरः शुभफलदस्तस्य बुधयुक्तोऽपि।।१।।

मञ्जुमती टीका : जिस व्यक्ति का वर्ष के आरम्भ में पहले दिन चन्द्रमा शुभ होता है उस वर्ष में वर्ष के अन्त तक वेधयुक्त होने पर भी चन्द्रमा शुभ फल देने वाला होता है। अर्थात् चन्द्रमा के अशुभ होने पर अशुभ तथा शुभ होने पर शुभ फल वर्ष पर्यन्त जानना चाहिए।

अयनादौ ऋतुसमये मासेऽप्येवमेव विजानीयात्।
ताराबलमाप्तिस्तच्छुभतारा चेत्तथैव शुभदा स्यात्।।२।।

मञ्जुमती टीका : जब अयन या ऋतु अथवा मास के प्रथम दिन में चन्द्रमा अथवा ताराबल यदि शुभ फल देने वाला होता हैं तो वह पूरे अयन पर्यन्त, सम्पूर्ण ऋतु पर्यन्त तथा सम्पूर्ण मास पर्यन्त शुभद होता है।

सितपक्षस्याद्यदिने शुभदस्तत्पक्षमतिशुभदः।
असितस्यादावशुभः शुभफलदः पक्षमखिलं तत्।।३।।

मञ्जुमती टीका : जिस व्यक्ति का चन्द्रमा शुक्ल पक्ष के प्रतिपदा के दिन शुभ होता है। उसका वह पक्ष अन्यन्त शुभ फल देने वाला कहा गया है। और कृष्ण पक्ष के प्रतिपदा में यदि अशुभ कार्य हो गया तब भी वह पक्ष शुभ फल देने वाला होता है।

जन्मत्रिकलत्ररिपुद्वितीयनवमायसुतदशमे ।
सितपक्षे हिमकिरणः शुभदः कृष्णे त्रिपञ्चधननवमे।।४।।

मञ्जुमती टीका : जन्म, तीसरा, सातवां, छठा, दूसरा, नौवाँ, ग्यारहवाँ, पांचवाँ तथा दसवें स्थान में शुक्ल पक्ष में चन्द्रमा शुभ देने वाला होता है। जबकि कृष्ण पक्ष में तीसरे, पांचवें, दूसरे और नौवें में अशुभ कहा गया है।

जन्मभमनुजन्मर्क्षं त्रिजन्मभं नेष्टमखिलकार्येषु।
सम्पत्तारा शुभदा विपदाख्या विपत्प्रदा तारा।।५।।

मञ्जुमती टीका : जन्म नक्षत्र, अनु जन्म नक्षत्र, तीसरा जन्म नक्षत्र सम्पूर्ण शुभ कार्यों में नेष्ट (खराब) है। सम्पत तारा शुभ देने वाली तथा विपत तारा विपत्ति देने वाली होती है।

क्षेमाख्या क्षेमकरी प्रतिकूला प्रत्यरिस्तारा।
साधनभं साधनदं नैधनभं नैधनं नृणाम्।।६।।

मञ्जुमती टीका : क्षेम नामक तारा, कल्याण करने वाली तथा प्रत्यरि प्रतिकूल फल देने वाली, साधन तारा, साधन देने वाली तथा निधन तारा मनुष्यों को मृत्यु देने वाली कही गयी है।

मैत्रीकरणं मित्रभमतिमैत्रं परममैत्रर्क्षम्।
एवं विचार्य सततं बलाबलं दैववित्कथयेत्।।७।।

मञ्जुमती टीका : मित्र तारा मैत्री कराने वाली तथाा अतिमैत्र तारा परम मैत्री कराने वाली होती है। इस प्रकार बलाबल का विचार करके सदैव ज्योतिषियों को फल कहाना चाहिए।

सितपक्षे हिमकिरणो बलवान्कृष्णोऽपि बलवती तारा।
शशिबलवत्प्राधान्यं शुक्ले कृष्णे च तारकायाश्च।।८।।

मञ्जुमती टीका : शुक्ल पक्ष में बलवान चन्द्रमा तथा कृष्ण पक्ष में तारा बलवती होती है। कृष्ण पक्ष के तारा शुक्ल पक्ष की चन्द्रमा के बल के समान प्रधान कही गयी है।

अमृतकिरणस्त्वमृतभवस्तद्बलमखिलं च तद्वत्स्यात्।
अमृतमयं तत्तस्मादभ्यधिकं त्वन्यखेटबलान्।।९।।

मञ्जुमती टीका : चन्द्रमा अमृत से उत्पन्न हुआ है। इसलिए उसका सम्पूर्ण बल उसी प्रकार से होता है। अमृतमय होने से वह अन्य ग्रह बलों की अपेक्षा अधिक बलशाली फल देने वाला कहा गया है।

तुहिनकरो जगतां यद्वत्तद्वच्च तद्वलं त्वखिलम्।
तन्महिमानं व्याचष्टे गुणरूपं निखिलजन्तूनाम्।।१०।।

मञ्जुमती टीका : चन्द्रमा जिस प्रकार से बलवान होता है उसी प्रकार से बल वाला फल देता है। सम्पूर्ण प्राणियों के लिए चन्द्रमा के गुण रूप और महिमा को कहा जा रहा है।

बला अखिलमृगाणां हरिरिव खचरबलानां च चन्द्रबलम्।
हिमकरणे बलिनि सति सर्वे बलिनो वियच्चरा नित्यम्।।११।।

मञ्जुमती टीका : जैसे सम्पूर्ण पशुओं में सिंह बलवान होता है उसी प्रकार सम्पूर्ण [illegible] चन्द्रमा की प्रधानता होती हैं चन्द्रमा के बली हो जाने पर सभी ग्रह नि[illegible] हो जाते हैं।

अभ्यधिकं चन्द्रबलं त्वबलं ताराग्रहोद्भवं निखिलम्।
हिमकिरणबलार्द्धादपि नो तुल्यं ग्रहबलं सर्वम्।।१२।।

मञ्जुमती टीका : चन्द्रबल अत्यधिक बली होने से ग्रह अधिक बलवान तथा निर्बल होने से ताराग्रहों से उत्पन्न सम्पूर्ण फलों को विचार करना चाहिए। चन्द्रमा का बल आधा होने पर भी उसके तुल्य सम्पूर्ण ग्रहों का बल नहीं हो पाता है।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
चन्द्रताराबलाध्यायो विंशः।।२०।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में
चन्द्रताराबलाध्याय नामक बीसवें अध्याय का
हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथोपग्रहाध्यायः २१।

दिनकरभात्सप्तमभं भूकम्पं पञ्चमर्क्षमतिविद्युत्।
शूलोपग्रहमष्टमभं दशमर्क्षं चाशनिं च विज्ञेयम्।।१।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य के नक्षत्र से सातवाँ नक्षत्र भूकम्प संज्ञक, पाचवां नक्षत्र अतिविद्युत संज्ञक, आठवां नक्षत्र शूल नामक उपग्रह संज्ञक तथा दसवां नक्षत्र अशनि संज्ञक जानना चाहिए।

केतुरूपग्रहदोषस्त्वष्टादशमं च दण्डसंज्ञश्च।
पञ्चदशं दशनवमं चोल्कापातं चतुर्दशं पातः।।२।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य से अठारहवां नक्षत्र केतु संज्ञक उपग्रह दोष वाला तथा पन्द्रहवां दण्ड संज्ञक, उन्नीसवां उल्का संज्ञक तथा चौदहवां पात संज्ञक उपग्रह होता है।

मेघोपग्रहदोषो निर्घातकम्पसंज्ञवज्रनिभः।
एकोत्तरविंशतिभादुक्ताः क्रमशो ह्युपग्रहा दोषाः।।३।।

मञ्जुमती टीका : मेघ उपग्रह दोष, निर्घात, कम्प संज्ञक उपग्रह वज्र की आभा वाले होते हैं। ये इक्कीस संज्ञा वाले उपग्रह दोष क्रमशः सूर्य नक्षत्रों से कहे गये हैं।

हिमकिरणे त्वेषु युते शुभकार्यं मृत्युदं नृणाम्।
उद्वाहादिषु सततं विचार्य लग्नं वदेद्धीमान्।।४।।

मञ्जुमती टीका : इन उपग्रह संज्ञक नक्षत्रों में चन्द्रमा जब युत हो तो उनमें किया हुआ शुभ कार्य मनुष्यों को मृत्यू देने वाला होता है। और विवाह आदि कार्यों में लग्न आदि का विचार करके ही बुद्धिमान को कहना चाहिए।

रविभादहिपितृमित्रत्वाष्ट्रभहरिपौष्णभेषु गणितेषु।
अश्विनिभादिंदुयुते तावति वै पतति गणनया पातः।।५।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य के नक्षत्र से आश्लेषा, मघा, अनुराधा, चित्रा, श्रवण और रेवती नक्षत्रों की गणित में अश्विनी नक्षत्र से चन्द्रमा से यह योग हो तो उतनी ही संख्या में पात होता है।

अयमपि पातो दोषश्चण्डीशचण्डायुधाह्वयो ज्ञेयः।
अखिलेषु मङ्गलेष्वपि वर्ज्यो यस्माद्विनाशदः कर्त्तुः।।६।।

मञ्जुमती टीका : यह पातदोष चण्डीश तथा चण्डायुध नामक दुष्ट योग वाला जानना चाहिए। यह सम्पूर्ण मांगलिक कार्यों में कर्त्ता का विनाश करने वाला है। अतः इसे छोड़ देना चाहिए।

दस्त्रेन्दुभुजगभास्करमित्रोत्तराषाढजलधिष्ण्येषु ।
क्रमशो रविवारादिष्वानन्दाद्याः क्रमाद्योगाः।।७।।

मञ्जुमती टीका : अश्विनी, मृगशिरा, श्लेषा, हस्त, अनुराधा, उत्तराषाढ़ा, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्रों में क्रमशः रविवार तथा नन्दा आदि तिथियों को एक योग से क्रमशः आगे आने वाले योग कहे गये हैं।

आनन्दः कालदण्डो धूम्राख्योऽथ प्रजापतिः सौम्यः।
ध्वांक्षोऽथो ध्वजसंज्ञः श्रीवत्सो वज्रमुद्गरौ छत्रम्।।८।।

मञ्जुमती टीका : आनन्द, कालदण्ड, धूम्र नामक, प्रजापति, सौम्य, ध्वांक्ष, ध्वज, श्रीवत्स, वज्र, मुदगर तथा छत्र।

मित्रं मानससंज्ञः पद्माख्यो लम्बकस्तथोत्पातः।
मृत्युः काणः सिद्धिः शुभामृतौ मुशलमथ गदाख्यश्च।।९।।

मञ्जुमती टीका : मित्र, मानस संज्ञा वाला, पद्म संज्ञा वाला, लम्बक तथा उत्पात, मृत्यु, काण, सिद्धि, शुभ, अमृत, मुशल तथा गदा नामक योग।

मातङ्गराक्षसाह्वयचरस्थिरप्रवर्द्धमानसंज्ञाः स्युः।
अष्टाविंशतिसंख्या निजनिजसंज्ञासदृशफलदाः स्युः।।१०।।

मञ्जुमती टीका : मातङ्ग, राक्षस, चर, स्थिर तथा प्रर्वधमान संज्ञा वाले अट्ठाइस योग कहे गये हैं ये सभी अपने-अपने नाम के समान फल देने वाले होते हैं।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायामुपग्रहाध्याय एकविंशः।।२१।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में उपग्रहाध्याय नामक इक्कीसवें अध्याय का हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथ ग्रहकूटाध्यायः २२।

ग्रहकूटभतो यस्माच्छुभाशुभं भवति जन्तूनाम्।
तदग्रहकूटविधानं नूनं सम्यक्समासतो वक्ष्ये।।१।।

मञ्जुमती टीका : क्योंकि ग्रहकूट नक्षत्र से सम्पूर्ण प्राणियों का शुभ अशुभ होता है। अतएव कूट विधान को निश्चित ही ठीक प्रकार से संक्षेप में कहेगें।

स्फुटमानीय खगेन्द्रं लिप्तीकृत्वा खखाष्टभिर्भक्तम्।
गतधिष्ण्यानि च लब्धमवशिष्टं वर्त्तमानकं ज्ञेयम्।।२।।

मञ्जुमती टीका : ग्रहों के स्पष्टमान को पलात्मक बनाकर ८०० से भाग देने पर प्राप्त हुए का गत नक्षत्र तथा अवशेष को वर्तमान जानना चाहिए।

षष्टिहतं गतगम्यं भुक्तिहृतं नाडिकादितो ज्ञेयम्।
खचराधिष्ठितधिष्ण्यं ज्ञात्वा सर्वं विचिन्तयेत्पश्चात्।।३।।

मञ्जुमती टीका : ६० से भाग देने पर व्यतीत हुए को अवशिष्ट में भुक्ति का भाग देने पर घटी आदि का ज्ञान होता है। इस प्रकार ग्रहों के अधिष्ठित ग्रहों को जानकर बाद में सभी का विचार करना चाहिए।

यस्य नरस्य हि जन्मनि धिष्ण्ये क्रूरैर्निपीडिते खचरैः।
अतिदुःखामयशोकं भयं प्रवासः शत्रोर्भयं भवति।।४।।

मञ्जुमती टीका : जिस मनुष्य का जन्म नक्षत्र क्रूर ग्रहों से पीड़ित हो वह अत्यन्त दुःख, रोग, शोक, भय, बाहर जाना तथा शत्रु से भय पाता है।

यस्मिन्धिष्ण्ये विपति प्रत्यरिभे स्थाननाशनं भवति।
निधनं नैधनधिष्ण्ये बन्धनमथवा स्थितेऽपाये।।५।।

मञ्जुमती टीका : जिस नक्षत्र में विपत्ति तारा हो या प्रत्यरि नक्षत्र हो उसके स्थान का नाश होता है। निधन तारा होने पर मृत्यु होती है। और वध तारा होने पर बन्धन होता है। अथवा उपाय कार्य नहीं करता।

शुभखचरेषु स्थितेषु नक्षत्रेषु त्वल्पहानिः स्यात्।
मध्यमफलदाः सौम्याः पापाश्चानुक्तभेषु भीतिकराः।।६।।

मञ्जुमती टीका : शुभ ग्रहों के नक्षत्रों के स्थित होने पर थोड़ी हानि होती है। किन्तु सौम्य ग्रह मध्यम फल देने वाले होते हैं। जबकि पाप ग्रह न कहे गये नक्षत्रों में भय देने वाले होते हैं।

यस्मिन्धिष्ण्ये यः प्रभवति तदेव तज्जन्मभं विजानीयात्।
दशमर्क्षं कर्माख्यं संघाताख्यं च षोडशं धिष्ण्यम्।।७।।

मञ्जुमती टीका : जिस नक्षत्र में जो उतपन्न होता है। वही जन्म नक्षत्र उसका जानना चाहिए। दसवां नक्षत्र कर्म संज्ञक तथा सोलहवाँ नक्षत्र संघात रूप में जानना चाहिए।

समुदायं द्विनवमभं यद्वैनाशं त्रयोविंशम्।
पञ्चोत्तरविंशच्च मानसंज्ञं महादुष्टम्।।८।।

मञ्जुमती टीका : दूसरा और नौवां नक्षत्र समुदाय संज्ञक है तथा तेइसहवां विनाश संज्ञक है। एवं पचीसहवां नक्षत्र मान संज्ञक तथा महादोष करने वाला है।

षड्भानि च शुभकर्माणि तानि विनाशदानि जन्तूनाम्।
राज्ञां विशेषभानि तु देशोद्भवजानि पट्टबन्धानि।।९।।

मञ्जुमती टीका : ये छः नक्षत्र शुभ कर्मों में सम्पूर्ण प्राणियों को उसी प्रकार विनाश देने वाले हैं। विशेष करके राजाओं के देशज नक्षत्र पट् बन्धन आदि को नष्ट करते हैं।

नवधिष्ण्यानि नृपाणां विनाशनदान्येव सर्वकार्येषु।
अत एवाखिलविषये नूनं वर्ज्यानि सर्वदात्यर्थम्।।१०।।

मञ्जुमती टीका : नौवाँ नक्षत्र राजाओं के लिए सम्पूर्ण कार्यों में विनाश देने वाला कहा गया है। अतएव सम्पूर्ण विषयों में निश्चित ही सर्वदा उसका वर्जन (त्याग) करना चाहिए।

कृतमखिलं जन्मनि भे विनाशमायाति तत्कार्यम्।
कर्मणि कर्मविनाशं संघातर्क्षे शरीरनाशः स्यात्।।११।।

मञ्जुमती टीका : जन्म नक्षत्र में किए गये सम्पूर्ण कार्य से विनाश प्राप्त होता है। तथा कर्म संज्ञक नक्षत्रों में कर्म का विनाश एवं संघात संज्ञक नक्षत्र में शरीर का नाश होता हैं।

रोगभयं समुदाये वैनाशिकभेऽपि नाशः स्यात्।
हृदयभं मानसभे देशजभे राजपीडा स्यात्।।१२।।

मञ्जुमती टीका : समुदाय संज्ञक नक्षत्र में रोग का भय तथा वैनाशिक नक्षत्र में नाश होता है। मानस संज्ञक नक्षत्र में हृदयघात तथा देशज नक्षत्र में राजपीड़ा होती है।

जात्यर्क्षे जातिभयमभिषेकर्क्षे च राजनाशः स्यात्।
क्रूराम्बरचरनिहतेष्वेषु च भेषु प्रभूतपीडा स्यात्।।१३।।

मञ्जुमती टीका : जाति संज्ञक नक्षत्र में जाति को भय और अभिषेक संज्ञक नक्षत्र में राजा का नाश होता है। क्रूर ग्रहों से हत होने पर सम्पूर्ण नक्षत्रों में बड़ी पीड़ा होती है।

ग्रहयज्ञैरभिषेकैर्होमैर्दानैः प्रयाति शमनं वै।
जन्मनि धिष्ण्ये यस्य ग्रहणोत्पाता भवन्ति तस्यैवम्।।१४।।

मञ्जुमती टीका : ग्रहों का यज्ञ द्वारा अभिषेक द्वारा, होम और दान के द्वारा निश्चित ही शमन हो जाता है। जिसके जन्म नक्षत्र में ग्रहण एवं उत्पात होते हैं उनका भी शमन हो जाता है।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
ग्रहकूटाध्यायो द्वाविंशः।।२२।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में
ग्रहकूटाध्याय नामक बाइसवें अध्याय का
हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथ लग्नबलाध्याय: २३।

अभिषेको नृपतीनां साहसकर्मादि वैरोधम्।
आकरधातुवादाद्यखिलं मेषोदये कार्यम्।।१।।

मञ्जुमती टीका : अभिषेक, राजाओं के साहसिक कार्य आदि, धातुओं से सम्बन्धित खान आदि तथा सम्पूर्ण वाद्य आदि कार्य मेष लग्न में करने चाहिए।

स्थिरचरकार्यं त्वखिलं विवाहवास्त्वादिकन्यकावरणम्।
क्षेत्रारंभणमखिलं भूषणशिल्पादिकारकं वृषभे।।२।।

मञ्जुमती टीका : स्थिर और चर कार्य तथा सम्पूर्ण वैवाहिक आदि कार्य, वास्तु आदि कार्य तथा कन्या का वरण, तिलक आदि कार्य, खेती के सम्पूर्ण कार्य आभूषण शिल्प आदि के कार्य वृष लग्न में करने चाहिए।

मेजवृषोक्तं कर्म गजतुरगोष्ट्रादिकं च गोकर्म।
अविकलमहिषमेषक्षितिपतिसेवादिकं मिथुने।।३।।

मञ्जुमती टीका : मेष और वृष में कहे गये जो सम्पूर्ण कार्य हैं उन कार्यों को हाथी, घोड़ा, ऊँट आदि तथा गाय के कर्म और निरन्तर भैंस, भेड़ा, राजा की सेवा आदि कार्य मिथुन लग्न में करने चाहिए।

शान्तिकपौष्टिकमाङ्गलजलबन्धनमोक्षमखिलजलकर्म।
दैविककूपतडागशिल्पोद्वाहादि कर्कटे कार्यम्।।४।।

मञ्जुमती टीका : शान्तिक, पौष्टिक सम्बन्धी कार्य तथा माङ्गलिक कार्य जल का संग्रह, बन्धन, मोक्ष आदि समस्त जल सम्बन्धी कार्य, दैवी कार्य, कुंआ, तालाब, शिल्प और वाहन आदि कार्य कर्क लग्न में करने चाहिए।

परयोगो नृपसेवा कृषिकर्मवणिङ्महाहवाद्यखिलम्।
स्थिरकर्माखिलवास्तुनि वेश्मशिल्पादि सिंहभे कार्यम्।।५।।

मञ्जुमती टीका : दूसरे से संयोग राजा की सेवा, कृषि कर्म, वाणिज्य कर्म, बड़े युद्ध, सम्पूर्ण वाद्य आदि से सम्बन्धित कार्यों को स्थिर कार्यों को, सम्पूर्ण वास्तु सम्बन्धी कार्यों को तथा निवास स्थान महल भवन आदि कार्यों को सिंह लग्न में करना चाहिए।

भूषणमङ्गलकार्यमौषधविज्ञानपुण्यशिल्पादि ।
उद्वाहशान्तिपौष्टिकगजतुरगोष्ट्रादि कन्यायाम्।।६।।

मञ्जुमती टीका : आभूषण सम्बन्धी, माङ्गलिक कार्य, औषधि सम्बन्धी कार्य, पुण्य कर्म तथा शिल्प आदि कार्यों को विवाह, शान्ति तथा पुष्टता सम्बन्धी कार्य हाथी, घोड़ा, ऊँट आदि का कार्य कन्या लगन में करना चाहिए।

कन्योक्ताखिलकार्यं तुलादिमानानि भाण्डकर्माणि।
यात्रावास्तुविधानं तौलिनि कृषिकर्म वाणिज्यम्।।७।।

मञ्जुमती टीका : कन्या लग्न में कहे गये सम्पूर्ण कार्य तुला (तराजू) आदि का माप बर्तन (भण्डार सम्बन्धी कार्य) यात्रा, वास्तु का विधान, कृषि कर्म एवं व्यापार कर्म, तुला लग्न में करना चाहिए।

साहसदारुणचित्रकलेखकवास्तूग्रशास्त्रकर्माद्यम् ।
आहवकृषिवाणिज्यं क्षितिपतिवादश्च वृश्चिके कार्यम्।।८।।

मञ्जुमती टीका : साहस सम्बन्धी कठिन विचित्र अथवा चित्र सम्बन्धी लेखन, वास्तु, उग्र शास्त्र आदि के कर्म, नौकरी, कृषि, वाणिज्य तथा राजा से बातचीत आदि कार्य वृश्चिक लग्न में करने चाहिए।

शान्तिकपौष्टिकशिल्पिकसन्धानाश्वादिनृत्यगीताद्यम्।
राजोपकरणमखिलं भूषणवास्त्वादि चापभे सेवा।।९।।

मञ्जुमती टीका : शान्ति सम्बन्धी कार्य, पुष्टता सम्बन्धी कार्य, शिल्प सम्बन्धी, घोड़े आदि का सन्धान, नाच-गाना आदि, राजा की सम्पूर्ण सामग्री, आभूषण वास्तु तथा नौकरी आदि धनु लग्न में करना चाहिए।

शम्बरमोचनबन्धनभूषणरत्नादि शिल्पधान्यादि।
क्रयविक्रयमखिलं यद्रिपुहननोद्योगमाहवं मकरे।।१०।।

मञ्जुमती टीका : जल का छोड़ना या बान्धना, तथा भूषण रत्न सम्बन्धी कार्य, शिल्प धान्य आदि कार्य, सम्पूर्ण क्रय-विक्रय आदि कार्य, जो शत्रु आदि सम्बन्धी हनन कार्य हैं तथा उद्योग आदि सम्बन्धी कार्य मकर लग्न में करना चाहिए। जो शत्रु आदि का हनन तथा युद्ध सम्बन्धी प्रयत्न, वे मकर लग्न में करने चाहिए।

युद्धोपकरणभूषणजलधान्यशिल्पाश्च गोधनाद्यं यत्।
पण्यासवपुरनगरप्रवेशनं कर्म घटे लग्ने।।११।।

मञ्जुमती टीका : युद्ध की सामग्री, आभूषण, जल, धान्य तथा शिल्प आदि एवं गोधन आदि व्यवसाय आसव, गांव या नगर में प्रवेश, ये सम्पूर्ण कार्य कुम्भ लग्न में करने चाहिए।

यज्जलबन्धनमोचनजलयात्रारत्नभूषणं कर्म।
रथतुरगेभपशूनां कार्यं मीनोदये शिल्पम्।।१२।।

मञ्जुमती टीका : जो जल का रोकना या छोड़ना है। वह सम्पूर्ण कार्य जल सम्बन्धी यात्रा, रत्न, आभूषण के कार्य, रथ, घोड़ा, हाथी आदि पशुओं के कार्य तथा शिल्प आदि के कार्य मीन लग्न में करना चाहिए।

पापयुतेक्षितरहिता मेषाद्याश्चोक्तफलदाः स्युः।
नो चेदुक्तफलं वै दातुं शक्ता भवन्ति न कदाचित्।।१३।।

मञ्जुमती टीका : पूर्व में कहे गये मेष आदि लग्नों के फल तभी होते हैं जब ये पाप ग्रहों से युतिरहित या दृष्टिरहित होते हैं। और यदि ऐसा न हो तो ये लग्न अपना फल देने में कभी भी समर्थ नहीं होते हैं।

सम्पूर्णफलदमादौ विलग्नमध्येऽथ मध्यफलम्।
अन्ते तु तुच्छफलं सर्वत्रैवं विचिन्तयेद्धीमान्।।१४।।

मञ्जुमती टीका : लग्नों का आदि में सम्पूर्ण फल, मध्य में मध्यम फल तथा अन्त में तुच्छ फल सर्वत्र ही बुद्धिमान व्यक्तियों को विचार करना चाहिए।

त्रिंशद्भागं लग्नमितं तदर्द्धतुलिता तु होराख्या।
लग्नतृतीयो भागो द्रेष्काणः स्यान्नवांशको नवमः।।१५।।

मञ्जुमती टीका : लग्न के तीन अंश होते हैं। उसके अर्द्धभाग को होरा की संज्ञा दी गयी है। लग्न के तीसरे भाग को द्रेष्काण तथा नौवें भाग को नवांश की संज्ञा दी गयी है।

द्वादशभागो द्वादशमस्त्रिंशत्तमस्त्रिशदंशः स्यात्।
षड्वर्गो भवति सदा शुभखचरसमुद्भवाः शुभदाः।।१६।।

मञ्जुमती टीका : बारहवें भाग को द्वादशांश तथा तीसहवें भाग को त्रिशांश, ये सभी षडवर्ग होते हैं। सदा शुभ ग्रहों से उत्पन्न यह षडवर्ग शुभ फल देना वाला होता है।

पापसमुत्थस्त्वशुभस्तस्माद्ग्राह्यस्तु सौम्यषड्वर्गः।
शुभकर्मणि सततं संत्याज्यः पापाह्वयो वर्गः।।१७।।

मञ्जुमती टीका : पाप ग्रह से उत्पन्न अशुभ होता है। इसलिए सौम्य षडवर्ग ग्राह्य जबकि शुभ कर्मों में सदैव पापग्रहों का वर्ग त्याज्य होता है।

चापनृयुग्घटवृषभा कर्कटकन्यान्त्यराशयः शुभदाः।
शुभभवनत्वादन्ये त्वशुभग्रहत्वादशोभनाः पञ्च।।१८।।

मञ्जुमती टीका : धनु, मिथुन, तुला, वृष, कर्क, कन्या तथा मीन राशियां सदैव शुभ देने वाली होती हैं। शुभ भवन के अतिरिक्त अशुभ ग्रहों के घर कहे गये हैं। जो अशुभ फल देने वाले होते हैं। ये पांच हैं। मेष, सिंह, वृश्चिक, मकर एवं कुम्भ।

स्थिरराशौ शुभवर्गे नैधनशुद्धे चतुष्टये सौम्ये।
द्विपदगृहे लग्नगते वास्तुनिवेशः शुभो न भोगचरे।।१९।।

मञ्जुमती टीका : स्थिर राशि में और शुभ वर्ग में आदि तारा के शुद्ध होने पर चार सौम्य ग्रहों में मानव वश्य वाले लग्न में वास्तु का निवेश तथा भोग आदि चर लग्नों में शुभ नहीं होता।

शुभखचरा घटराशिं विसृज्य धनलाभलग्नकर्मस्थाः।
अव्ययगास्त्वशुभखगा विपणिं यदि सेन्दुभार्गवे योगे।।२०।।

मञ्जुमती टीका : शुभ ग्रह कुम्भ राशि को छोड़कर धनलाभ एवं लग्न में स्थित होने पर यदि उसमें शुक्र एवं चन्द्रमा का योग हो रहा हो तथा अशुभ ग्रह न हो तो व्यापार का कार्य करना चाहिए।

धर्मात्मजनैधनभे चरवर्गे त्वर्थसंग्रहः कार्यः।
बुधे लग्नदशमगते भौमे चौर्यस्य मुख्यकालः स्यात्।।२१।।

मञ्जुमती टीका : नौवे, पांचवे एवं आठवें भाव में चर राशियों का वर्ग होने पर सदैव धन संग्रह करना चाहिए। यदि बुध लग्न से दशम में गया हो अथवा मङ्गल दशमगत हो तो यह चोरी का मुख्य समय होता है।

शुभलग्ने दशमभवे रवौ कुजे वाऽथ तद्वर्गे।
आयुधविद्या कार्या नृपसेवा वैरिनिग्रहः कार्यः।।२२।।

मञ्जुमती टीका : शुभ लग्न में दशम स्थान में सूर्य अथवा मङ्गल हों अथवा उनका वर्ग हो तो अस्त्र-शस्त्र सम्बन्धी विद्या, राजा की सेवा तथा शत्रु निग्रह सम्बन्धी कार्य करना चाहिए।

शुभखचरे लग्नगते शुभवर्गे चाथ नैधने शुद्धे।
पशुसंग्रहणं कार्यं रक्षावृद्धिर्विशेषतस्तेषाम्।।२३।।

मञ्जुमती टीका : शुभ ग्रह लग्न में गया हो, शुभ ग्रहों का वर्ग हो अथवा अष्टम स्थान शुद्ध हो तो पशुओं का संग्रह रक्षा, वृद्धि तथा उनकी विशेष करके रक्षा एवं वृद्धि सम्बन्धी कार्य करने चाहिए।

बलवति दितिजगुरौ वा शुक्रे वा दुर्बलेष्वकथितेषु।
पुंजन्मकथितलग्ने पुत्रार्थी कामयेत्प्रियां पत्नीम्।।२४।।

मञ्जुमती टीका : शुक्र के बलवान होने पर अथवा शुक्र के दुर्बल होने पर भी न कहे गये पुत्र जन्म में कहे गये लग्न को पुत्र की इच्छा रखने वाला प्रिय पत्नी की कामना करे।

सुरसचिवे शुक्रे वा धर्मात्मजलग्नगे बलिनि।
पुंजन्मकथितयोगे समुपेयात्प्रेयसीं मुदितः।।२५।।

मञ्जुमती टीका : बृहस्पति एवं शुक्र के बलवान होकर नवम, पञ्चम

तथा लग्न में स्थित होने पर तथा पुत्र जन्म में कहे गये योग में प्रसन्न मन होकर प्रेयसी के पास जाना चाहिए।

बलयुक्तैः शुभखचरैरन्यैः स्थिरोदये ग्राम्ये।
अष्टमशुद्धियुतेऽस्मिन्नवसद्मप्रवेशनं कार्यम्।।२६।।

मञ्जुमती टीका : बलयुक्त ग्रहों के द्वारा अन्य शुभ ग्रहों के द्वारा स्थिर लग्न में गांव में अष्टम स्थान की शुद्धि होने पर और इसमें शुभ ग्रहों की युति होने पर नवनिर्मित घर में प्रवेश करना चाहिए।

सुरगुरुहिबुके लग्ने भानौ वारे च सुकृतवृद्धिः स्यात्।
गुरुलग्नेऽर्के दशमे कर्त्तव्यं त्वभिचारमखिलं हि।।२७।।

मञ्जुमती टीका : बृहस्पति के चतुर्थ में लग्न में स्थित होने पर रविवार के दिन पुण्य की वृद्धि हो इसलिए गुरु के लग्न में सूर्य हो या दशम स्थान में स्थित हो तो सम्पूर्ण अभिचार कर्मों को करना चाहिए।

उदगयने पूर्णेन्दौ जीवे वा भास्करे च दशमगते।
अभिषेकं नृपतीनामुत्सवकार्याणि सितदिवसे।।२८।।

मञ्जुमती टीका : उत्तरायण में पूर्ण चन्द्रमा अथवा बृहस्पति के साथ दशम स्थान मे सूर्य गया हो और शुक्रवार हो तो राजाओं का अभिषेक आदि कार्य करना चाहिए।

हिमकिरणे लग्नगते जीवे केन्द्रे च चन्द्रसितवारे।
रससंग्रहणं कार्यं सस्यारामादिनिखिलजलकर्म।।२९।।

मञ्जुमती टीका : चन्द्रमा के लग्न में जाने पर तथा केन्द्र में बृहस्पति के होने पर सोमवार या शुक्रवार के दिन रस के संग्रह का कार्य फसल आदि का कार्य बगीचा आदि तथा सम्पूर्ण जल कर्मों को करना चाहिए।

लग्नगते सुरसचिवे दशमस्थैः क्रूरखेचरैरबलैः।
प्रव्रज्याह्वययोगे ज्ञानग्रहणं मुमुक्षुभिः कार्यम्।।३०।।

मञ्जुमती टीका : लग्न में बृहस्पति स्थित हो तथा निर्बल क्रूर ग्रह दशम स्थान में स्थित हों तो इसें प्रव्रज्या नामक योग कहते हैं। इसमें मोक्ष की इच्छा

रखने वालों के द्वारा ज्ञान को ग्रहण करना चाहिए।

बुधराशिगते चन्द्रे शुभखचरे शुभे वर्गे।
ज्ञानग्रहणं कार्यं हित्वा पापग्रहोदयं च तद्वर्गम्।।३१।।

मञ्जुमती टीका : बुध की राशि में चन्द्रमा गया हो तथा अन्य शुभग्रह, शुभ वर्गों में स्थित हों तो ज्ञान ग्रहण के कार्य को छोड़कर पापग्रह के लग्न में और उसके वर्ग में अन्य कार्य करना चाहिए।

शुभकार्याण्यखिलानि तु त्रिकोणकेन्द्रस्थितेषु सौम्येषु।
व्ययनैधनरिपुलग्नैरसंयुते यत्र तुहिनकरे।।३२।।

मञ्जुमती टीका : सम्पूर्ण शुभ कार्यों को त्रिकोण एवं केन्द्र में स्थित शुभग्रहों के होने पर करना चाहिए। बारहवें, आठवें, छठें तथा लग्न में यदि चन्द्रमा स्थित न हों तो।

शशितनये जीवे वा चन्द्रे वा लग्नगे वलिनि धर्मे वा।
तद्वर्गे लग्नगते शिल्पारंभः प्रशस्यते सततम्।।३३।।

मञ्जुमती टीका : बुध, बृहस्पति अथवा चन्द्रमा बलवान हो करके लग्न या नवम स्थान में स्थित हों तो इन ग्रहों का वर्ग लग्न में स्थित हो तो सदैव शिल्पारम्भ प्रशस्त कहा गया है।

उदगयने शशितनये गुरुवीक्षिते शीतगौ ज्ञराशिस्थे।।
हिबुकस्थैः शुभखचरैर्नाट्यारम्भः प्रशस्यते नूनम्।।३४।।

मञ्जुमती टीका : उत्तरायाण में यदि बुध हो और गुरु से देखा जाता हो तथा चन्द्रमा बुध की राशि में स्थित हो, चतुर्थ स्थान में शुभग्रह स्थित हों तो निश्चित ही इसमें नाटक का आरम्भ श्रेष्ठ माना गया है।

लग्नगते तुहिनकरे त्रिकोणकेन्द्रस्थितैः शुभदैः।
सततं घटभं हित्वा पण्यं कर्म लाभदं भवति।।३५।।

मञ्जुमती टीका : कुम्भ राशि को छोड़कर लग्न स्थान में चन्द्रमा स्थित हो अथवा त्रिकोण केन्द्र स्थान में शुभग्रह स्थित हों तो सदैव व्यापार कर्म सदैव लाभ देने वाला होता है।

निधनारिव्ययमन्मथभवने शुद्धे शुभेषु बलवत्सु।
वरसिद्धामृतयोगे त्वौषधसेवा सुवीर्यदा तत्र।।३६।।

मञ्जुमती टीका : आठवें, छठें, बारहवें तथा सातवें स्थान शुद्ध हों तथा शुभ और बलवान ग्रहों से युत हों तो यह वरसिद्धामृत योग हैं उसमें औषधि की सेवा सुन्दर पराक्रम देने वाली होती है।

सुरगुरुमैत्रभभाग्ये द्वादश्यां वा पक्षमध्यतिथौ।
सितयुतवीक्षितलग्ने तैतिलकरणे च सन्धिः स्यात्।।३७।।

मञ्जुमती टीका : बृहस्पति, मित्र राशि में होकर भाग्य स्थान में अथवा बारहवें स्थान में पक्ष के मध्य की तिथियों में शुक्र से युत या देखा जा रहा हो और तैतिल करण भी हो तो मेल-मिलाप हो जाता है।

शशिनैर्ऋतयमपितृभेष्वष्टमशुद्धे भृगौ च पाताले।
घटलग्नगते शशिजे निखिलवेतालकर्मसिद्धिः स्यात्।।३८।।

मञ्जुमती टीका : चन्द्रमा, नैऋत्य अर्थात् मूल नक्षत्र, भरणी नक्षत्र तथा मघा नक्षत्र में हो तथा अष्टम स्थान की शुद्धि हो। चतुर्थ स्थान में शुक्र हो तथा कुम्भ स्थान में बुध हो तो सम्पूर्ण बेताल आदि कर्मों की सिद्धि होती है।

अशुभयुतेंदावशुभग्रहवर्गगते बुधे बलिनि।
रिपुनैधनलग्नगृहे विष्टौ योगेषु चाभिचारः स्यात्।।३९।।

मञ्जुमती टीका : अशुभ ग्रहों से जब चन्द्रमा युत हो अथवा अशुभ ग्रहों के वर्ग में गया हुआ हो, बलवान बुध छठें, आठवें या लग्न में स्थित हो, भद्रा का भी योग हो तो अभिचार कर्म करना चाहिए।

उपचयभे लग्नगते व्ययनैधनशुद्धिसंयुते लग्ने।
उपचयगे शीतकरे मङ्गलकर्माणि कार्याणि।।४०।।

मञ्जुमती टीका : उपचय स्थानों में लग्न में बारहवें तथा आठवें शुद्धि होकर लग्न युत हो, उपचय स्थान में चन्द्रमा गया हो तो सम्पूर्ण मङ्गल कर्मों को करना चाहिए।

शक्तियुते भृगुतनये चन्द्रे वाऽसितार्कधरणिसुतैः।
बलहीने हिमकिरणे लाभे जीवे कृषिक्रिया लग्ने।।४१।।

मञ्जुमती टीका : शुक्र यदि बलवान हो तथा चन्द्रमा या शनि सूर्य या मङ्गल के द्वारा बलहीन चन्द्रमा लाभ स्थान में स्थित हो तथा लग्न में गुरु हो तो कृषि का कार्य करना चाहिए।

भवरिपुसहजैः पापैस्त्रिकोणकेन्द्रस्थितैश्च शुभैः।
कथितेषु च धिष्ण्येष्वपि शुभलग्ने बीजवापनं कार्यम्।।४२।।

मञ्जुमती टीका : ग्यारहवें, छठे या तीसरे स्थानों में पापग्रह हों और त्रिकोण अथवा केन्द्र में शुभग्रह स्थित हों तो कहे गये नक्षत्रों में ही और शुभ लग्न में बीज बोने का कार्य करना चाहिए।

शय्यासनयुवतिजनशस्त्राभरणानुलेपनं निखिलम्।
सितवासरवर्गेष्वपि कर्त्तव्यं शशिजीवयोर्वापि।।४३।।

मञ्जुमती टीका : शैय्या, आसन, स्त्रियों, शस्त्र, आभूषण तथा सम्पूर्ण लेप शुक्रवार के दिन अथवा शुक्र के वर्ग में भी चन्द्रमा और गुरु के योग होने पर करना चाहिए।

महिषखरकरभाणां दासकर्मादि सूर्यसुतलग्ने।
शुभकार्यं शुभलग्ने त्वशुभं सर्वे त्वशुभलग्ने च।।४४।।

मञ्जुमती टीका : भैंसा, गधा, हाथी आदि कार्य तथा नौकरी आदि कार्यों को शनि के लग्न में होने पर करना चाहिए तथा शुभ लग्न में शुभ कार्य तथा अशुभ लग्न में अशुभ कार्य सदा करना चाहिए।

निधनव्ययगाः सौम्याः प्रायो न शुभप्रदास्त्वितरे।
तत्र च केन्द्रेष्वशुभो लग्ने चन्द्रः शुभान्वितो निधनः।।४५।।

मञ्जुमती टीका : अष्टम तथा व्यय स्थान में गये हुए सौम्य ग्रह प्रायः शुभ फल नहीं देते किन्तु दूसरे अन्य ग्रह वहाँ केन्द्र स्थानों में अशुभ फल देते हैं जबकि चन्द्रमा आठवें स्थान में शुभ ग्रह से युत हो तो भी मृत्यु देता है।

शशिबलमादौ कल्प्यं पश्चादितरग्रहबलं कर्तुः।
बलयुक्ते हिमकिरणे बलिनो भवन्ति निखिलखगाः।।४६।।

मञ्जुमती टीका : सर्वप्रथम चन्द्रमा के बल का समस्त कार्यों में विचार करना चाहिए। पुनः कर्ता को बाद में अन्य दूसरे ग्रहों के बलों को देखना चाहिए। क्योंकि चन्द्रमा के बलयुक्त होने पर सम्पूर्ण ग्रह बली हो जाते हैं।

हिमकिरणबलमाधारं त्वाधेयं त्वन्यखेटजं वीर्यम्।
आधारस्थान्यखिलान्याधेयान्येव जृम्भन्ते।।४७।।

मञ्जुमती टीका : चन्द्रमा का बल ही आधार है तथा अन्य ग्रहों का बल ही आधेय है। इसलिए आधार में स्थित अन्य सभी आधेय जम्हाई लेने लगते हैं।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
सर्वलग्नबलाध्यायस्त्रयोविंशः।।२३।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में
लग्नबलाध्याय नामक तेइसवें अध्याय का
हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथाऽऽधानाध्यायः २४।

सोमात्मिकाः स्त्रियः सर्वाः पुरुषा भास्करात्मकाः।
तस्माच्चन्द्रवशात्तासां तेषां सर्वं हि सूर्यतः।।१।।

मञ्जुमती टीका : सभी स्त्रियां चन्द्रात्मिका हैं। और सभी पुरुष सूर्यात्मक होते हैं। इसीलिए चन्द्रमा के वश ासे स्त्रियों में रज और पुरुषों के सूर्यात्मक होने से वीर्य होता है।

अर्कान्मुक्तः शशी यद्वद्द्वादशांशादुदेष्यति।
रजोदर्शनमप्यासां द्वादशांशैश्च जन्मतः।।२।।

मञ्जुमती टीका : जिस प्रकार सूर्य से बारह अंश आगे होने पर चन्द्रमा का उदय होता है। उसी प्रकार जन्म से बारहवें वर्ष में स्त्रियों में रजोदर्शन होता है।

अत ऊद्ध्र्वं प्रतिमासं भवति रजो भौमयोगतस्तासाम्।
अनुपचयस्थे चन्द्रे धरणिसुतवीक्षणाद्वापि।।३।।

मञ्जुमती टीका : इसके ऊपर अर्थात् तेरहवें वर्ष से प्रत्येक महीने-महीने स्त्रियों को रजोधर्म चन्द्रमा एवं मङ्गल के योग से होता है। अथवा जब चन्द्रमा अनुपचय (१, २, ४, ५, ७, ८, ९ तथा १२) स्थान में चन्द्रमा के स्थित होने पर मङ्गल के द्वारा दृष्टि होने पर मासिक धर्म होता है।

प्रथमरजोदर्शनतः शुभाशुभं भवति सर्ववनितानाम्।
तस्मात्प्रतिधिष्ण्यफलं वक्ष्ये दस्रादितः क्रमशः।।४।।

मञ्जुमती टीका : प्रथम बार रजोदर्शन होने से सम्पूर्ण स्त्रियों का शुभाशुभ फल होता है। इसलिए प्रति नक्षत्र के अनुसार क्रमशः अश्विनी आदि नक्षत्रों के क्रमशः फलों को कहेंगें।

बहुसुतधनसंपच्छीलसौभाग्ययुक्ता।
विगतनिखिलदोषा दस्रभे पुष्पिणी या।

सुरगुरुपतिभक्ता मानिनी गीतनृत्या।
प्रवरकुसुमवस्त्रैर्भूषणैर्भूषिता स्यात्।।५।।

मञ्जुमती टीका : अश्विनी नक्षत्र में प्रथम बार जो स्त्री पुष्पिणी अर्थात् मासिक धर्म वाली होती है। वह बहुत सन्तान, धन, सम्पत्ति, शील तथा सौभाग्य से युक्त होती है। वह सम्पूर्ण दोषों को नष्ट करती है। वह देवता, गुरु एवं पति की भक्त होती है। माननीय गीत व नृत्य वाली श्रेष्ठ पुष्प, वस्त्र तथा आभूषणों से सुशोभित रहती है।

परपुरुषपरा स्याद्दुर्भगा याम्यधिष्ण्ये।
विविधचपलभाषा भूषणासृक्स्त्रवार्ता।
नियतमन्तवाक्यत्रस्ताविद्वेषिणी सा
कुलजनगुणहीना छन्नपापा खला स्यात्।।६।।

मञ्जुमती टीका : प्रथम बार जिस स्त्री का रजोदर्शन भरणी नक्षत्र में होता है। वह पर पुरुष में आसक्त दुर्भाग्य वाली अनेक प्रकार से चंचल, भाषण, आभूषण एवं कठोर वार्ता करने वाली तथा नित्य ही झूठ वाक्यों से त्रस्त करने वाली, विद्वेषिणी, कुलीन लोगों के गुणों से हीन तथा छिपकर पाप करने वाली दुष्टा होती है।

वैश्वानर्क्षे बहुमित्रपुत्रधनान्विता सत्यपरा गुणाढ्या।
विकीर्णकामा प्रियवादिनी च नारी सहोत्थप्रवरा कलाज्ञा।।७।।

मञ्जुमती टीका : यदि कृत्तिका नक्षत्र में प्रथम बार हो, तो बहुत मित्र, पुत्र तथा धन से युक्त, सत्य बोलने वाली, गुणी, विविध कामनाओं वाली, प्रियवादिनी, कला को जानने वाली, अपने वंश में श्रेष्ठ स्त्री होती है।

पितामहर्क्षे सुगुणा सुवृत्ता पतिप्रिया सत्यवती धनाढ्या।
बन्धुप्रिया मानरता सुरूपा प्रहृष्टचिन्ता प्रविकीर्णकामा।।८।।

मञ्जुमती टीका : यदि रोहिणी नक्षत्र में प्रथम बार हो तो सुन्दर गुणों वाली, सुन्दर आचरण वाली, पति को प्रिय, सत्य बोलने वाली, धनी, भाइयों की प्रिय, सम्मान में लगी हुई, सुन्दर रूप वाली तथा नष्ट चिन्ता वाली एवं अनेक इच्छाओं वाली होती है।

सदा मृगे भाग्यवती सुवृत्ता कलानुरक्ता विपुलार्थयुक्ता।।
पतिप्रिया मानवती बहुज्ञा प्रजावती बन्धुजनैः सुमान्या।।९।।

मञ्जुमती टीका : मृगशिरा नक्षत्र में प्रथम बार होने पर भाग्यवती, सुन्दर आचरण वाली, कलाओं में लगी हुई, विपुल धन से युक्त, पति को प्रिय, माननीया, और बहुत सन्तानों वाली, तथा भाइजनों के द्वारा मान्य होती है।

महेशभे पुष्पवती विशाला मृषानुरक्ता परकार्यसक्ता।।
पत्युज्झिता प्रेष्यवती विनिःस्वा परप्रिया दुःखवती विपुत्रा।।१०।।

मञ्जुमती टीका : आर्द्रा नक्षत्र में पुष्पवती होने पर अधिक झूठी बातों में लगी हुई, अथवा मूर्खों में आसक्ति रखने वाली, तथा दूसरे के कार्य में आसक्त, पति के द्वारा त्याग दी जाने वाली, नौकरानी, निर्धन, दूसरे को प्रिय, दुःख झेलने वाली तथा पुत्र रहित होती है।

मायाविनी कार्पटिका विशालाऽदित्याख्यधिष्ण्ये कुचरित्रयुक्ता।
वन्ध्या पुनर्भूः परसद्मसक्ता दुश्चेष्टिता पुष्पवती कलाढ्या।।११।।

मञ्जुमती टीका : पुनर्वसु नक्षत्र में प्रथम बार होने पर मायावी, अधिक कपटी तथा दुष्ट चरित्र से युक्त बाँझ, पुनः विवाह करने वाली, दूसरे के घर में आसक्ति रखने वाली, बुरी चेष्टाओं वाली तथा कलाकार होती है।

सुगन्धपुष्पाम्बरभूषणेषु सदा कलागीतनिबद्धचित्ता।
पुष्ये त्वगम्यागमना गतार्ता प्रजावती दुःप्रतिभान्विता सा।।१२।।

मञ्जुमती टीका : पुष्य नक्षत्र में प्रथम बार पुष्पवती होने पर सुगन्धित पुष्प, वस्त्र एवं आभूषण से युक्त सदा कला, गीत आदि में लगी हुई चित्त वाली, अगम्य गमन करने वाली, रोगरहित, पुत्रों से युक्त किन्तु दुष्ट प्रतिभा से युक्त रहती है।

खला पुनर्भूर्बहुदोषसक्ता भौजङ्गभे पुष्पवती विशीला।
मायापटुर्लम्पटिकार्थहीना स्वच्छन्दगा व्याधिकटी कलाज्ञा।।१३।।

मञ्जुमती टीका : श्लेषा नक्षत्र में प्रथम बार पुष्पवती होने पर दुष्टा पुनः विवाह करने वाली, बहुत दोषों में लगी हुई शीलरहित मायावी या जादू करने

वाली लम्पटिका, अर्थहीन, स्वछन्द गमन करने वाली, रोग से युक्त तथा सुन्दर होती है।

पतिप्रिया पुष्पवती मघायां प्रजावती सा कुलटा तथापि।
सिंहीव योषिद्वरवृन्दमध्ये प्रभाति खद्योतवदम्बरेऽपि।।१४।।

मञ्जुमती टीका : यदि मघा नक्षत्र में प्रथम बार पुष्पवती हो तो वह स्त्री अपने पति की प्रिय, सन्तान उत्पन्न करने वाली होते हुए भी कुलटा होती है। तथा सिंहनी की भाँति सम्पूर्ण स्त्रियों के समुदाय में वैसे सुशोभित होती है जैसे आकाश में जुगनू।

भाग्ये भाग्यवती बहुव्ययपरा पानप्रसक्ता वृता।
सत्स्वीर्ष्या कुलटा कलासु निपुणा नीरुक्च भग्नव्रता।
दुःपुत्रा कुलपांसिनी खलरता भग्नोद्यमा पांशुला।
दुःखा पापरता विधर्मनिरता षण्ढप्रिया सन्ततम्।।१५।।

मञ्जुमती टीका : पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र में प्रथम बार पुष्पवती होने पर वह स्त्री भाग्यवती, बहुत खर्च करने वाली, पान करने वाली, सज्जनों से ईर्ष्या करने वाली, कलाओं में चतुर, रोगरहित, नष्ट व्रत वाली, दुष्ट पुत्र से युक्त कुल की कलंकनी, दुष्टों में रत भग्न उद्यम वाली, कीचड़ युक्त दुःखी, पाप में लगी हुई, धर्म रहित तथा निरन्तर हिजड़ों को प्रिय रहती है।

कुलद्वयानन्दकरी विभक्तकार्या कलाढ्या विनिगृह्यचित्ता।
विकीर्णकामा रुचिरा सुवृत्ता श्लक्ष्णार्यमर्क्षे विगताऽरिवैरा।।१६।।

मञ्जुमती टीका : उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र में प्रथम बार पुष्पवती होने पर दोनों कुलों को आनन्द देने वाली, कार्य बांटने वाली, कलाकारिणी, चित्त यानी मन को नियन्त्रित करने वाली, अनेक कामनाओं वाली, सुन्दर तथा अच्छे आचरण वाली तथा शत्रुओं से बैर न रखने वाली होती है।

सम्भोगशीला परकार्यकारिणी बन्ध्वर्चिता श्रेष्ठगुणानुरक्ता।
गताभ्यसूया विगतारिवर्गा हस्तेऽङ्गना पुष्पवती विलोला।।१७।।

मञ्जुमती टीका : हस्त नक्षत्र में प्रथम बार पुष्पवती होने पर भोग, शील, दूसरे के कार्य को करने वाली, भाई-बन्धुओं से पूज्य श्रेष्ठ गुणों में लगी

हुई, विगत ईर्ष्या वाली, शत्रु वर्ग को रहित तथा चंचल रहती है।

त्वाष्ट्रे प्रियालुः सुरतप्रियोद्यद्वैरा निगृह्यात्महिते नियुक्ता।
निवृत्तवैरामयपीडिताङ्गी सङ्गीतविद्यानिपुणा कलासु।।१८।।

मञ्जुमती टीका : चित्रा नक्षत्र में प्रथम बार पुष्पवती होने पर प्रिय के द्वारा चाही जाने वाली, सुरत प्रिय और बैर, शत्रुता में लगी हुई लोगों का दमन करके अपने हित में लगाती हुई बैर तथा रोगरहित किन्तु पीड़ित अङ्गों वाली, सङ्गीत, विद्या तथा कलाओं में चतुर होती है।

दृढव्रता सत्यपरा सुवृत्ता निवृत्तरागा पररन्ध्रगोप्त्री।
गजाभिगामिन्यनिलाह्वयर्क्षे प्रमोदिनी मङ्गलकार्यवृन्दे।।१९।।

मञ्जुमती टीका : स्वाती नक्षत्र में प्रथम बार होने पर कठोर व्रत वाली, सत्य बोलने वाली, सुन्दर आचरण वाली, वैराग्य युक्त, दूसरे के छिद्र (दोषों) को ढकने वाली होती है। माङ्गलिक कार्यों में आनन्द बढ़ाने वाली होती है।

द्विदैवभे पुष्पवती प्रवृत्ता विचित्तमोघामपवैरिसंघा।
विवादशीला विपुलप्रतापा सम्भोगमाप्नोति शुनीव शश्वत्।।२०।।

मञ्जुमती टीका : विशाखा नक्षत्र में प्रथम बार पुष्पवती होने पर चंचल चित्र वाली, झूठ बोलने वाली, शत्रु समूह से रहित विवादशील अनेक पराक्रम वाली, निरन्तर कुतिया के समान भोग को प्राप्त करती है।

मैत्रे विमित्रा सगदाङ्गहीना विवादशीला विगुणा सवैरा।
प्रवृत्तरागा प्रविकीर्णकामा स्वगर्भसंस्त्रावपरा विरक्ता।।२१।।

मञ्जुमती टीका : अनुराधा नक्षत्र में प्रथम पुष्पवती होने पर मित्ररहित रोगयुक्त, अङ्गहीन, विवादशील, गुण रहित तथा शत्रुता में लगी राग में लगी हुई, बिखरी कामनाओं वाली तथा अपने गर्भ को गिराने वाली और दूसरों से विरक्त होती है।

पौरन्दरे पुष्पवती विमर्षा विनिंदिताऽतिव्यसनी सुगूढा।
परंतपा प्रव्रजिते रतात्मा परप्रजासूयवती सपापा।।२२।।

मञ्जुमती टीका : ज्येष्ठा नक्षत्र में प्रथम पुष्पवती होने पर क्रोधयुक्त निन्दित, अत्यधिक व्यसन में लगी हुई, बहुत छिपी हुई, दूसरों को कष्ट देने

वाली, घूमने में निरन्तर लगी हुई और दूसरे के सन्तान से ईर्ष्या करने वाली पापिनी होती है।

मूले प्रकामाऽधिकसत्वहीना व्यसुर्बुभुक्षोद्धतदोषचित्ता।
निरन्तरं दूषितकर्मवृत्ता प्रजावती गोगजगामिनी च।।२३।।

मञ्जुमती टीका : मूल नक्षत्र में प्रथम बार पुष्पवती होने पर अधिक कामनाओं वाली, शत्रु से रहित, दूसरे के प्राणों की भूखी, उद्धत एवं दोष चित्तवाली निरन्तर दूषित कर्मों में लगी हुई सन्तान वाली तथा हाथी या गाय की तरह चलने वाली होती है।

पानीयभे पुष्पवती विवादशीला कलाकर्मणि दुष्टचित्ता।
परानुरक्ता वनशैलसक्ता प्रच्छन्नपापाऽद्भुतकर्मरक्ता।।२४।।

मञ्जुमती टीका : पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र में प्रथम बार पुष्पवती होने पर विवादशीला कला के कार्य में लगी हुई दुष्टचरित्र वाली, दूसरे मे अनुरक्त वन पर्वत में विचरण करने वाली, छिपकर पाप करने वाली तथा अद्भुत कर्मों में लगी रहती है।

वैश्वे सती पुष्पवती सुवृत्ता महागुणैरुन्नतिमातनोति।
चित्तानुरक्ता स्वपतेरुदारा युक्ता विवैरा विनिवृत्तदोषा।।२५।।

मञ्जुमती टीका : उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में प्रथम बार पुष्पवती होने पर सुन्दर आचरण वाली, बहुत गुणों के द्वारा उन्नति को बढ़ाती है। चित्त से अपने पति में ही लगी हुई उदार शत्रुतारहित तथा दोषरहित आचरण होती है।

बहुसुतधनधान्यप्रोल्लसद्भूषणाढ्या।
प्रचुरगुणगणाद्यैर्भर्त्तुरानन्ददा स्यात्।
युवतिजनमता सा विष्णुधिष्ण्ये विचित्रा।
प्रवरनटनगीतातोद्यवाद्ये ह्यभिज्ञा।।२६।।

मञ्जुमती टीका : श्रवण नक्षत्र में प्रथम बार पुष्पवती होने पर बहुत पुत्र धन-धान्य से शोभायमान, सुन्दर भूषण वाली, अनेक गुणों से अपने पति को आनन्द देने वाली स्त्रियों में विचित्र श्रेष्ठ, नाच-गाने तथा वाद्य आदि को जानने वाली होती है।

अतिवसुधनभाक्स्यान्मानिनी सच्चरित्रा।
विगतभयकुवृत्ता सन्नताङ्गी गुणाढ्या।
पतिहितनिरता स्याद्बन्धुवर्गैः प्रपूज्या।
प्रियहितकरकर्मण्युत्सुका प्रोष्ठपद्याम्।।२७।।

मञ्जुमती टीका : धनिष्ठा नक्षत्र में प्रथम बार पुष्पवती होने पर अत्यधिक भोग, धन और भाग्यवाली, माननीय, सुन्दर चरित्र वाली, नष्ट भय वाली, दुष्ट आचरण वाली, जुड़े हुए अङ्गो वाली, गुणी, पति के कल्याण में लगी हुई अपने भाई-बन्धुओं से पूज्य तथा प्रिय हित कार्यों में उत्सुक होती है।

निखिलवरकलाढ्या नृत्यगीतानुरक्ता।
विविधगुणगणाढ्या मानिनी भाग्ययुक्ता।।
विविधपरिवरौघैः संवियुक्ता शतर्क्षे।
पतिकुलजनमान्या पुष्पवत्यङ्गना सा।।२८।।

मञ्जुमती टीका : शतभिषा नक्षत्र में प्रथम बार पुष्पवती होने पर सम्पूर्ण सुन्दर कलाओं वाली, नाच-गाने में लगी हुई, अनेक गुण समूहों से युक्त, माननीय, भाग्ययुक्ता, अनेक परिवार से युक्त, तथा पतिकुल के लोगों से मान्य होती है।

शुभगुणगणहीना कर्कशा भाग्यहीना।
त्वनृतपरुषमन्त्रैर्दुर्जनान्तर्जयन्ती,
विचरति गुणमध्ये दुर्भगा वाजपादे।
जनकसदनवासा नष्टकामाऽद्यरूपा।।२९।।

मञ्जुमती टीका : पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में प्रथम बार पुष्पवती होने पर शुभ गुणों से हीन कर्कशा, भाग्यहीन, झूठ तथा कठोर मन्त्रणाओं से, दुष्टों को तर्जित करती हुई, वह दुष्ट भाग्यवाली गुणों के मध्य में विचरण करती हुई पिता के घर में निवास करती हुई नष्ट कामनाओं और रूप वाली होती है।

गुणसुतसुखसंपद्भूषिताङ्गी त्वभिज्ञा।
अभिभवति सपत्नान्सज्जनान्मानयन्ती।

मृदुमधुरसुवाचा गीतनृत्योद्यता सा।
प्रवरबहुकलाज्ञा चोत्तराभाद्रपादे।।३०।।

मञ्जुमती टीका : उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में प्रथम बार पुष्पवती होने पर गुण, पुत्र तथा सुख-सम्पत्ति से सुशोभित अङ्गों वाली, सब कुछ जानने वाली, शत्रु को पीड़ित करती हुई तथा सज्जनों को मान देती हुई सुन्दर मधुर वाणी वाली, नृत्य-गान में उद्यत तथा अनेक कलाओं को जानने वाली होती है।

पौष्णे विशीला बहुदुःखशोका विवादशीला पितृवेश्मसंस्था।
पराभितप्ता पतिपुत्रदूरा नीचै रता कापटिका च कन्या।।३१।।

मञ्जुमती टीका : रेवती नक्षत्र मे प्रथम बार पुष्पवती होने पर नष्ट शील वाली, बहुत दुःख और शोक में लगी हुई, विवादशील, पिता के घर में स्थित, दूसरों से पीड़ित, पति और पुत्र से दूर नीच लोगों के साथ रमण करने वाली तथा कपटयुक्ता होती है।

रिक्तासु पर्वस्वथ कार्तिकेयहर्योः क्षयाहे व्यतिपातविष्ट्याम्।
एकार्गले पारिघवैधृतेषु चोत्पातसन्धध्यासु रजोऽप्यनिष्टम्।।३२।।

मञ्जुमती टीका : रिक्ता तिथियों में पर्वों के समय षष्ठी तिथि, द्वादशी तिथि, क्षयतिथि, व्यतिपात, वृष्टियोग, एर्कागल, परिघ तथा वैधृति योगों में उत्पात के समय या दोनों संध्याओं में रजोदर्शन अनिष्टकारी होता है।

सदा गदार्त्ता सुपतिव्रता सा वन्ध्या प्रजावत्यतुलार्थयुक्ता।
आनन्दकर्त्री त्वसती च पुष्पवती क्रमाद्भास्करवासरेषु।।३३।।

मञ्जुमती टीका : रविवार, सोमवार आदि दिनों में यदि कन्या प्रथम बार पुष्पवती हो तो क्रमशः रोग से पीड़ित, पतिव्रता, बन्ध्या, सन्तान वाली, अत्यधिक धन वाली, आनन्द देने वाली तथा कुलटा होती है। उदाहरणार्थ रविवार के दिन रोगी सोमवार को पतिव्रता मङ्गलवार बन्ध्या, बुधवार को सन्तान वाली, गुरु को अधिक धन वाली, शुक्रवार को अधिक आनन्द देने वाली तथा शनिवार को वैश्या होती है।

आरोग्यसौभाग्यवती च सौम्यवर्गेषु सा पुष्पवती च कन्या।
दुःखा तथानर्थविवादशीला वर्गेष्व सौम्येषु च दुर्मतिः स्यात्।।३४।।

मञ्जुमती टीका : यदि लग्न में शुभ ग्रहों के वर्ग हो तो प्रथम बार पुष्पवती होने पर वह कन्या आरोग्य और सौभाग्य प्राप्त करने वाली होती है। जबकि पाप ग्रहों का वर्ग होने पर वह अत्यन्त दुःखी रोगी, अनर्थ करने वाली, विवाद करने वाली तथा दुष्ट बुद्धि वाली होती है।

नक्षत्रवारतिथियोगदिनार्द्धकाल।
षड्वर्गसंकथितमिष्टमनिष्टमेतत्।
ज्ञात्वाल्पदोषमथ भूरि गुणं च पश्चाद्।
वृद्धान् गुणोत्तमपरं शुभकर्म कार्यम्।।३५।।

मञ्जुमती टीका : नक्षत्र, वार, तिथि, योग, दिन तथा दिन का अर्द्धकाल ये सभी षडवर्ग में कहे गये फलों के अनुसार इष्ट या अनिष्ट फल देते हैं। इसलिए थोड़े दोषों को जानकर पुनः अधिक गुणों को जानकर बुर्जुगों को गुणों से अधिक समय में शुभ कार्य करने चाहिए।

प्रभूतदोषं यदि दृश्यते तत्पुष्यं तदा शान्तिककर्म कार्यम्।
विवर्जयेदेव तदेकशय्यां यावद्रजोदर्शनमिष्टमग्रे।।३६।।

मञ्जुमती टीका : यदि प्रथम बार पुष्पवती के दिन अधिक दोष दिखायी दें तो शन्ति आदि कर्मों को करना चाहिए। तब एक शैय्या से कन्या को अलग कर देना चाहिए। तब तक जब तक आगे इष्ट रजोदर्शन न हो।

चाण्डाली पतितासमाथ रजकी शूद्रा दिनादिक्रमात्।
शुद्धा पुष्पवती च पञ्चमदिने हव्येषु कव्येषु च।
चेद्दुष्टेऽह्नि नवोदकुम्भसलिलैः सन्मन्त्रितैरौषधैः।
स्नानं पापनुदं सपञ्चकलशैः कार्यं समृद्धिर्जलैः।।३७।।

मञ्जुमती टीका : पुष्पवती कन्या पहले दिन चाण्डाली, दूसरे दिन पतिता, तीसरे दिन रजकी तथा चौथे दिन शूद्रा होती है तथा पांचवे दिन देवताओं एवं पितरों के कार्यों के लिए शुद्ध हो जाती है। यदि दुष्ट वार पांचवे दिन हो तो ताजे कलश के जल के द्वारा अथवा सुन्दर मन्त्रों या औषधियों के द्वारा पांच कलशों में भरे हुए जलों के द्वारा स्नान कर लेने से पाप नष्ट हो जाते हैं।

ऐशान्यतो गोमयमण्डले च परिस्तृतेऽग्नौ जुहुयाच्च दुर्गाम्।
युग्मां घृताक्तां च समित्प्रमाणां गायत्रिसंज्ञाष्टसहस्त्रसंख्याम्।।३८।।

मञ्जुमती टीका : ईशानकोण में गाय के गोबर से मण्डल बनाकर लेप करें। अग्नि में दुर्गा के लिए हवन करें। घी से पहले कहे गये युग्म घृत और लकड़ी के प्रमाण से ८००० संख्या में गायत्री का हवन करें

शतप्रमाणामथवाऽसहस्त्री शुभैर्यवैर्व्याहृतिभिस्तलैश्च।
ततः सुरान्भूमिसुरान्पितृँश्च सन्तर्पयेदन्नसुवर्णवस्त्रैः।।३९।।

मञ्जुमती टीका : सौ प्रमाण में अथवा हजार के प्रमाण में शुभ जौ और तिल मिश्रित करके व्याहृतियों के द्वारा हवन करें पुनः देवताओं ब्राह्मणों एवं पितरों को अन्न स्वर्ण एवं वस्त्र के द्वारा तृप्त करें।

पौष्णद्वये पैतृभयाम्यसार्थविष्णुद्वये नैधनजन्मभेषु।
उत्पातपातग्रहदूषितेषु न कार्यमाधानमनिष्टलग्ने।।४०।।

मञ्जुमती टीका : रेवती, अश्विनी, मघा, भरणी, आर्द्रा, श्लेषा, श्रवण, घनिष्ठा, अष्टम व जन्म राशि उत्पात तथा पाप ग्रहों से दूषित तथा अनिष्ट लग्न में गर्भाधान नहीं करना चाहिए।

उपप्लवे वैधृतिपातयोश्च विष्ट्यां दिवा पारिघपूर्वभागे।
सन्ध्यासु पर्वस्वपि मातृपित्रोर्मृतेऽह्नि पत्नीगमनं विवर्ज्यम्।।४१।।

मञ्जुमती टीका : उपद्रव, वैधृति, व्यतीपात, भद्रा, दिन में परिघ का पूर्वभाग, सब सन्ध्याओं में और माता पिता के श्राद्ध दिनों में पत्नी से सम्भोग नहीं करना चाहिए।

दिनेषु युग्मेषु च वक्ष्यमाणयोगैः सुतार्थी स्वसतीमुपेयात्।
दिनेष्वयुग्मेषु च कन्यकाऽर्थी हित्वा च गण्डांस्तिथिलग्नभानाम्।।४२।।

मञ्जुमती टीका : आगे कहे गये योगों में युग्म दिनों में अर्थात् सम दिनों में (४, ६, ८, १०, १२, १४, १६) पुत्र की इच्छा रखने वाले व्यक्ति को अपनी पतिव्रता स्त्री के पास जाना चाहिए। और अयुग्म अर्थात् विषम (५, ७, ९, ११, १३, १५) दिनों में कन्या की इच्छा रखने वाले व्यक्ति को आधान करना चाहिए किन्तु गण्डान्त तिथि, लग्न एवं नक्षत्रों को छोड़ देना चाहिए।

आधानलग्ने विषमांशराशौ जीवेंदुजाभ्यां युतवीक्षिते वा।
नान्यैः सुपुत्रस्त्वथ पापखेटैः पापी च मिश्रैर्बलिभिर्विमिश्रः।।४३।।

मञ्जुमती टीका : आधान लग्न में विषम राशि या नवांश में गुरु एवं चन्द्रमा से युत या दृष्ट होने पर पुत्र प्राप्त होता है। अन्य योगों में पापग्रहों के या पापी ग्रहों से मिश्रित होने पर या बली होने पर पुत्र की प्राप्ति नही होती।

युग्मांशलग्ने बलयुक्तशुक्रनिशाकराभ्यां युतवीक्षिते वा।
नान्यैः सुकन्या त्वथ पापरूपा पापैस्त्वशेषं तु विचिन्त्य वाच्यम्।।४४।।

मञ्जुमती टीका : सम (युग्म) नवांश या लग्न में बलयुक्त शुक्र एवं चन्द्रमा के द्वारा युति होने पर या देखे जाने पर सुन्दर कन्या होती है। किन्तु पाप लग्न या नवांश होने पर अथवा पापग्रहों से युत या दृष्ट होने पर सुन्दर कन्या नहीं होती, इस प्रकार विचार करके कहना चाहिए।

ओजर्क्षांशे लग्नगे वीर्ययुक्ते जीवेन्द्वर्कैरोजराश्यंशकस्थैः।
पुंजन्म स्याद्व्यत्यये कन्यका स्यान्मिश्रैः षण्ढो द्व्यङ्गगैर्द्वित्रिजन्म।।४५।।

मञ्जुमती टीका : विषम नक्षत्र, नवांश या लग्न में बलवान गुरु, चन्द्रमा, सूर्य या मङ्गल के विषम राशि अंशों में स्थित होने पर पुत्र का जन्म होता है। इसके विपरीत होने पर कन्या उत्पन्न होती है। तथा मिश्रित होने पर नपुंसक अथवा जुड़वे अथवा तीन बच्चों का जन्म होता है।

ओजांशकर्क्षाद्विषमर्क्षसंस्थः पुंजन्मकारी रविसूनुरेकः।
विचार्य्य वीर्यं पुरुषग्रहाणां वाच्योऽथ पुत्रस्त्वथ पुत्रिका वा।।४६।।

मञ्जुमती टीका : विषम नवांश, नक्षत्र और विषम स्थान में स्थित होने पर शनि भी एक पुत्र का जन्म करता है। इस प्रकार पुरुष ग्रहों के पराक्रम का विचार करके पुत्र अथवा कन्या का योग कहना चाहिए।

चन्द्रार्कपुत्रक्षितिजैः स्ववर्गैर्बृहस्पतौ धर्मविलग्नपुत्रगे।
योगेष्वपत्यं भवतीह निश्चयादमी च योगा विफला विबीजिनाम्।।४७।।

मञ्जुमती टीका : चन्द्रमा, शनि तथा मङ्गल यदि अपने-अपने नवांश में स्थित हो, बृहस्पति धर्म (नौ), लग्न (एक) अथवा पुत्र (पांच) में गये हो तो

ये अपत्तियोग होता है। इसमें निश्चित ही सन्तान की प्राप्ति होती है। किन्तु जो र्निबीज अर्थात् नंपुसक (हिजड़े) हैं उनके लिए यह योग विफल हो जाता हैं।

न च दशमनिशाविवर्जनं प्रकुर्यादृतुसमये पुरुषः स्त्रियः कदाचित्।
ऋतुरपि दशषड्वासराणि प्रथमनिशात्रितयं न तत्र गम्यम्।।४८।।

मञ्जुमती टीका : दशम रात्रि को छोड़ करके पुरुषों को कभी भी स्त्रियों के ऋतु की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए। और ऋतु सोलह दिन पर्यन्त ही रहती है। इसमें पहली तीन रात्रियों तक गमन नहीं करना चाहिए।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां
संहितायामाधनाध्यायश्चतुर्विंशः।।२४।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में
आधानाध्याय नामक चौबीसवें अध्याय का
हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथ पुंसवनसीमन्ताध्यायः २५।

कुर्यात्पुंसवनं प्रसिद्धविषये गर्भे तृतीयेथवा।
मासि स्फीततनौ तुषारकिरणे पुष्येऽथ वा वैष्ण॰वे।
हित्वा कर्कटकं नृयुग्ममबलामन्येऽप्यरिक्तेतिथौ।
शुद्धे नैधनधाम्नि शुक्रशशभृद्विन्मन्त्रिणां वासरे।।१।।

मञ्जुमती टीका : गर्भ की जानकारी होने पर सीमन्तोक्त नक्षत्र मासादि में या तीसरे मास में भी उक्त मास की बली लग्न में, पुष्य या श्रवण में चन्द्रमा के रहने पर कर्क, मिथुन, कन्या लग्न को छोड़कर रिक्ता रहित तिथियों में लग्न से अष्टम में ग्रहों के न रहने पर शुक्र, चन्द्र, बुध और गुरुवार में पुंसवन संस्कार करना चाहिए।

पुंनाम्नि श्रवणं तिष्यः स्वाती हस्तः पुनर्वसुः।
मूलं प्रोष्ठपदं चानुराधा मृगशिरोऽश्विनी।।२।।

मञ्जुमती टीका : पुरुष नामक नक्षत्रों में श्रवण, पुष्य, स्वाती, हस्त, पुनर्वसु, मूल, रेवती, अनुराधा, मृगशिरा एवं अश्विनी पुरुष संज्ञक नक्षत्र हैं।

चन्द्रे लग्नेऽतिसंपत्स्याच्छुभवीक्षितसंयुते।
सीमन्तस्यापि संपत्स्यादिष्टः पुंसवनस्य यः।।३।।

मञ्जुमती टीका : चन्द्रमा लग्न में अत्यन्त सम्पत्ति देता है। यदि वह शुभ ग्रह से देखा जा रहा हो या युत हो तो सीमन्त को भी और पुसंवन को भी जो करता है वह सम्पत्ति को प्राप्त करता है।

कृतसवनसतीनामाद्यगर्भे प्रसक्ते।
विहितमथ चतुर्थे मासि षष्ठाष्टमे वा।
उडुनि शशिनि वीर्ये मासपे वीर्ययुक्ते।
बहुगुणयुतघस्त्रेऽप्येव सीमन्त कर्म।।४।।

मञ्जुमती टीका : पहले गर्भ के आने पर पतिव्रता स्त्रियों का पुंसवन

संस्कार कर लेने के पश्चात सीमन्तोनयन चतुर्थ, छठें या आठवे मास में करना चाहिए। जब ग्रह एवं चन्द्रमा बलवान हों तथा बलयुक्त मास के स्वामी का समय चल रहा हो तो सीमन्तोन्नयन कर्म करने से अत्यन्त गुणयुक्त सन्तान प्राप्त होती है।

मासे मासे मासपादिग्रहाणां शान्तिं कुर्याच्छान्तिवाक्यैर्जपैश्च।
होमैर्दानैः सज्जनानां च वाक्यैर्गर्भं सम्यग्रक्षयेत्पुत्रकामी।।५।।

मञ्जुमती टीका : प्रत्येक महीने-महीने में मास के स्वामी ग्रहों की शान्ति, शान्ति वाक्यों के द्वारा तथा जप के द्वारा हवन एवं दान के द्वारा तथा सज्जनों के वाक्य के द्वारा शान्ति कर्म करके पुत्र की कामना वाले व्यक्ति को ठीक ढंग से गर्भ की रक्षा करनी चाहिए।

ऋक्षेषु साधारणदारुणोग्रवर्ज्येषु सूर्येज्यमहीसुतानाम्।
वारेष्वरिक्ताक्षयपञ्चपर्वदिनेषु पुंल्लग्नवांशकेषु।।६।।

मञ्जुमती टीका : साधारण संज्ञक, दारुण संज्ञक और उग्र संज्ञक नक्षत्रों को छोड़कर रविवार, गुरुवार एवं मङ्गलवार को रिक्ता तिथि एवं क्षयतिथि तथा पञ्च पर्व दिनों में पुरुष संज्ञक नक्षत्र लग्न एवं नवांश में ये संस्कार करने चाहिए।

न नैधने नैधनशुद्धलग्ने शुभग्रहैर्युक्तानिरीक्षिते वा।
इष्टैः सदा पञ्चभिरर्कचन्द्रसुरेज्यपूर्वैरथवा चतुर्भिः।।७।।

मञ्जुमती टीका : नैधन तारा एवं अष्टम लग्न को छोड़कर शुद्ध लग्न में शुभ ग्रहों से युक्त या देखे जाते हुए पञ्च ग्रहों से इष्ट होने पर अर्थात् पञ्चेष्ट लग्न में अथवा सूर्य, चन्द्रमा, बृहस्पति अथवा पूर्व में कहे गये चार ग्रहों के शुद्ध होने पर ये संस्कार करने चाहिए।

केन्द्रत्रिकोणत्रिधनायसौम्यैर्दुश्चिक्यलाभारिगतैश्च पापैः।
षडष्टलग्नांत्यविवर्जितेन्दौ सीमन्तकार्यं शुभदं सदैव।।८।।

मञ्जुमती टीका : केन्द्र, त्रिकोण, तीसरे, दूसरे, ग्यारहवें में सौम्य ग्रह हों, तीसरे, ग्यारहवें तथा छठें स्थान में पापग्रह गये हों, षडाष्टक लग्न या अन्तिम लग्न में स्थित चन्द्रमा को छोड़कर सदैव सीमन्त संस्कार करना शुभद

होता है।

व्ययेऽष्टमे वा सुतभे विलग्ने चैकोऽपि पापोऽथ नभश्चराणाम्।
सीमन्तिनीनाशकरस्त्ववश्यं करोति गर्भस्य च वा विनाशम्।।९।।

मञ्जुमती टीका : बारहवें, आठवें, पांचवें अथवा लग्न में एक भी पापग्रह स्थित हो तो गर्भिणी स्त्री का जिसका सीमन्त संस्कार किया जा रहा हो तो उसका विनाश अथवा गर्भस्थ शिशु में किसी एक का विनाश अवश्य कर देता है।

सिताऽऽवनेयामरपूज्यसूर्यचन्द्रार्किसूर्योदयपेंदुसूर्याः।
मासाधिपाः स्युः क्रमशो दशैते निपीडितो नाशयति स्वमासि।।१०।।

मञ्जुमती टीका : गर्भिणी स्त्री के १ शुक्र, २ भौम, ३ गुरु, ४ सूर्य, ५ चन्द्र, ६ शनि, ७ बुध, ८ लग्नेश, ९ चन्द्रमा और १० सूर्य क्रम से एक से १० मास तक मासों के स्वामी होते हैं। अर्थात् पहले का शुक्र दूसरे का मङ्गल, तीसरे का गुरु इत्यादि प्रभु ग्रह समझना चाहिए। यदि मासीय ग्रह अपने मास में पीड़ित होता है तो उस मास में गर्भस्राव करता है।

रोहिण्यां वा वैष्णवे पूर्वपक्षे द्वादश्यां वा सप्तमे वा तिथौ वा।
मध्याह्ने वा पूर्वभागेऽनुकूले विष्णोः पूजां कारयेद्गर्भपुष्ट्यै।।११।।

मञ्जुमती टीका : रोहिणी अथवा श्रवण नक्षत्र में शुक्ल पक्ष में द्वादशी या सप्तमी तिथि को मध्याह्न काल अथवा पूर्वार्द्ध में अनुकूल समय में गर्भ की पुष्टि के लिए विष्णु की पूजा करनी चाहिए।

पीताम्बरं कृष्णवर्णं शंखचक्रगदाम्बुजम्।
वैकुण्ठवासिनं विष्णुं मृत्कुम्भे विन्यसेत्ततः।।१२।।

मञ्जुमती टीका : पीले वस्त्रों वाले, श्याम वर्ण वाले, शंख, चक्र, गदा एवं पद्म धारण करने वाले बैकुण्ठ वासी विष्णु को मिट्टी के कलश में स्थापित करें।

विष्णोः स्वरूपं कनकेन कृत्वा तल्लिङ्गमन्त्रैरथ गन्धपुष्पैः।
वस्त्राक्षतैर्गुग्गुलगन्धदीपैर्नैवेद्यताम्बूलफलैश्च सम्यक्।।१३।।

मञ्जुमती टीका : विष्णु के स्वरूप को स्वर्ण की प्रमिता में बनाकर विष्णु के चिह्न एवं मन्त्रों के द्वारा तथा गन्ध, फूल, वस्त्र, अक्षत, गुग्गुल, गन्धदीप, नैवद्य, ताम्बूल और फलों के द्वारा ठीक प्रकार से।

विष्णुं च देवतापूज्यं गर्भाणां रक्षणाय च।
ब्राह्मणेभ्यः प्रदातव्या प्रतिमा वस्त्रसंयुता।।१४।।

मञ्जुमती टीका : विष्णु देवता की पूजा गर्भ रक्षा के लिए करनी चाहिए। पुनः वस्त्र से युक्त उस सोने की प्रतिमा को ब्राह्मण को दान दे देना चाहिए।

चैत्रादिमासनामानि वैकुण्ठोऽथ जनार्दनः।
उपेन्द्रो यज्ञपुरुषो वासुदेवस्त्रिविक्रमः।।१५।।

मञ्जुमती टीका : चैत्र आदि मासों के नाम क्रमशः वैकुण्ठ, जनार्दन, उपेन्द्र, यज्ञपुरुष, वासुदेव तथा त्रिविक्रम।

योगीशः पुण्डरीकाक्षः कृष्णोऽनन्तोऽच्युतस्तथा।
चक्रधारीति चैतानि क्रमादाहुर्मनीषिणः।।१६।।

मञ्जुमती टीका : योगीश, पुण्डरीकाक्ष, कृष्ण, अनन्त, अच्युत तथा चक्रधारी ये क्रम से चैत्रादि महीनों के नाम हैं इसे विद्वानों ने कहा है।

तद्व्यक्षरं वा चतुरक्षरं वा विवर्जयेच्चांत्यलकाररेफम्।
तन्मासनामादिकमेव चिन्त्यं स्फुटं वदेद्दक्षिणकर्णरन्ध्रे।।१७।।

मञ्जुमती टीका : वह दो अक्षरों अथवा चार अक्षरों वाले तथा लकार युक्त, तथा रेफ युक्त नामों को छोड़कर उसी मास नाम आदि के द्वारा विचार करके जातक के दाहिने कान के क्षेत्र में नाम कहे।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
पुंसवनसीमन्ताध्यायः पञ्चविंशः।।२५।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में पुंसवनसीमान्ताध्याय नामक पचीसवें अध्याय का हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथ जातकर्मनामकर्माध्यायः २६।

यस्मिन्मुहूर्ते जनितः कुमारस्तस्मिन्विधेयं खलु जातकर्म।
विनिर्गतेवाऽप्यथ सूतकेऽपि तस्मिन्दिने तस्य च नामधेयम्।।१।।

मञ्जुमती टीका : जिस मुहूर्त में बालक का जन्म होता है उसी मुहूर्त में जातकर्म करना चाहिए। सूतक की निवृत्ति होने पर नाम करण के साथ करना चाहिए।

सन्तर्प्य देवान्सपितॄन्द्विजांश्च सुवर्णगोभूतिलधान्यवस्त्रैः।
गुडाज्यरौप्यैर्लवणैश्च होमै रक्षोघ्नमन्त्रैः सह जातकर्म।।२।।

मञ्जुमती टीका : देव व पितरों का तर्पण ब्राह्मणों को सोना, गाय, भूमि, तिल, कांसा, वस्त्र, गुड़, घी, चांदी, नमक का दान करना और रक्षोघ्न मन्त्रों से होम के साथ जातकर्म करना चाहिए।

अतीतकार्य्याण्यखिलानि तानि कार्याणि सौम्यायनगे दिनेशे।
सिते गुरौ वाप्यथ दृश्यमाने तदुक्तपञ्चाङ्गदिनेऽप्यखण्डम्।।३।।

मञ्जुमती टीका : पूर्व में करने से छूटे संस्कार या शुभ मङ्गल कार्यों को जब सूर्य उत्तरायण में हो तथा शुक्लपक्ष में गुरु व शुक्र उदित हो तब क्षयतिथि को छोड़कर शुद्ध पञ्चाङ्ग वालें दिन में करें।

मैत्रध्रुवक्षिप्रचरेषु भेषु चारिक्तपर्वाख्यदिनेषु कार्यम्।
शुभग्रहाणां दिनलग्नवर्गे तज्जातकर्म त्वथ नामधेयम्।।४।।

मञ्जुमती टीका : मैत्र संज्ञक, मृदु संज्ञक, छिप्र संज्ञक और चर संज्ञक नक्षत्रों में पर्व और रिक्ता दिनों को छोड़कर शुभग्रह के वारों, लग्न तथा वर्ग में जातकर्म तथा नामकरण संस्कार करने चाहिए।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
जातकर्मनामकर्माध्यायः षड्विंशः।।२६।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में जातकर्मनामकर्माध्याय नामक छब्बीसर्वेअध्याय का हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथान्नप्राशनाध्यायः २७।

युग्मेषु मासेषु च षष्ठमासात्संवत्सरे वा नियतं शिशूनाम्।
अयुग्ममासेषु च कन्यकानां नवान्नसंप्राशनमिष्टमेतत्।।१।।

मञ्जुमती टीका : सम मासों में छः महीने से वर्ष पर्यन्त तक बालकों का तथा कन्याओं का विषम मास में नये अन्न से प्राशन करना कल्याणकारी कहा गया है।

मृदुध्रुवक्षिप्रचरेषु भेषु वारेषु शुक्रज्ञसुरार्चिताभ्याम्।
धर्मार्कगौरीद्वहिधातृकामदिनेषु तारेन्दुबलान्वितेषु।।२।।

मञ्जुमती टीका : मृदु संज्ञक, ध्रुव संज्ञक, छिप्र संज्ञक तथा चर संज्ञक नक्षत्रों में और शुक्रवार, बुधवार या गुरुवार दिनों में दशमी, सप्तमी, तृतीया, पञ्चमी, द्वितीया तथा त्रयोदशी तिथि में चन्द्रमा एवं तारा के बलवान होने पर अन्नप्राशन संस्कार करना चाहिए।

शुभग्रहाणां भवने विलग्ने नवांशके पूर्वदले दिनस्य।
पूर्णेन्दुवारेऽप्यथ वा विलग्ने नवांशके वाप्यथ वा नु तस्य।।३।।

मञ्जुमती टीका : शुभग्रहों की राशि तथा नवांश जब लग्न में स्थित तथा दिन का पूर्वार्द्ध हो और पूर्ण चन्द्रमा का दिन हो अथवा पूर्ण चन्द्रमा लग्न या नवांश में हो तो यह संस्कार उत्तम होता है।

न नैधने कर्मविशुद्धियुक्ते दोषैर्विहीनैः शुभदृष्टियुक्ते।
नोत्पातपापग्रहदूषितर्क्षे वैनाशिकाद्यर्क्षविवर्जितेषु।।४।।

मञ्जुमती टीका : निधन तारा को छोड़कर कर्म स्थान के शुद्ध होने पर दोषहीन तथा शुभग्रहों की दृष्टि अथवा शुभग्रहों की युति होने पर उत्पात, पापग्रह से दूषित नक्षत्र न होने पर तथा बैनाशिक आदि नक्षत्रों से रहित होने पर।

चौलान्नभुक्तौ व्रतबन्धने च राजाभिषेके खलु जन्मधिष्ण्यम्।
शुभं त्वनिष्टं सततं विवाहसीमन्तयात्रादिषु मङ्गलेषु ।।५।।

मञ्जुमती टीका : चूड़ाकर्म, अन्नप्राशन, व्रतबन्ध, राज्याभिषेक में जन्म नांम की तारा शुभ होती है। किन्तु विवाह, सीमन्त, यात्रा आदि माङ्गलिक कार्यों में यह तारा या जन्म नक्षत्र अनिष्ट होने से सदा त्याज्य है।

शुभाशुभेषु त्रिधनायकेन्द्रत्रिकोणगेष्वायरिपुत्रिगेषु।
अषष्ठरिष्फाष्टगते हिमांशौ बालान्नभुक्तिः शुभदा च तेषाम्।।६।।

मञ्जुमती टीका : शुभ एवं अशुभ ग्रह जब तीसरे, दूसरे लाभ केन्द्र या त्रिकोण स्थान में तथा लाभ छठें, पांचवे स्थानों में गये हों। छठें, बारहवें तथा आठवें स्थान को छोड़कर अन्य स्थानों में चन्द्रमा स्थित हो तो बालकों के लिए अन्नप्राशन सदा शुभ देने वाला रहता है।

कुष्ठी लग्नगते सूर्ये क्षीणे चन्द्रे च भिक्षुकः।
सन्नदः पूर्णचन्द्रे च कुजे पित्तरुजार्दितः।।७।।

मञ्जुमती टीका : अन्नप्राशन संस्कार, लग्न में सूर्य के होने पर कुष्ठि (कोढ़ी), क्षीण चन्द्रमा के रहने पर भिखारी, पूर्ण चन्द्रमा के रहने पर सुन्दर अन्न प्राप्त करने वाला और मङ्गल के रहने पर पित्त रोग से पीड़ित रहता है।

बुधे ज्ञानी गुरौ भोगी दीर्घायुर्भोगवान् सिते।
वातरोगी शनौ राहौ केतौ चान्नविवर्जितः।।८।।

मञ्जुमती टीका : बुध के लग्न में रहने पर ज्ञानी, गुरु के रहने पर भोगी तथा शुक्र के रहने पर दीर्घायु तथा अतिभोगी रहता है, शनि के रहने पर वातरोगी तथा राहु या केतु के रहने पर जातक अन्नरहित रहता है।

सम्पूणेन्दुभयाष्टम्योर्मध्येन्दुः पूर्णसंज्ञकः।
विनष्टेन्दुभयाष्टम्योर्मध्येऽसौ क्षीणसंज्ञकः।।९।।

मञ्जुमती टीका : पूर्णिमा से दोनों ओर की अष्टमी पर्यन्त चन्द्रमा पूर्ण होता है। तथा अमावस्या से दोनों ओर अष्टमी तक मध्यम रहता है। इसी को क्षीण संज्ञा भी कही गयी है।

षष्ठाष्टमान्त्यगश्चन्द्रो भोक्तुश्च निधनप्रदः।
केन्द्रत्रिकोणगो मन्दस्तस्यान्नमपहारकः।।१०।।

मञ्जुमती टीका : छठें, आठवें यदि चन्द्रमा हो तो प्रथम वार अन्न का भोजन करने वाले की मृत्यु हो जाती है। और यदि केन्द्र या त्रिकोण में शनि बैठा हो तो उसके अन्न का ही हरण कर लेता है।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायामन्नप्राशनाध्यायः सप्तविंशः।।२७।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में अन्नप्राशनाध्याय नामक सत्ताइसवें अध्याय का हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथ चौलाध्यायः २८।

तृतीये पञ्चमेऽब्दे वा स्वकुलाचारतो हितम्।
चौलं शिशूनां यत्नेन स्वगृह्योक्तविधानतः।।१।।

मञ्जुमती टीका : तीसरे या पांचवे वर्ष में अथवा अपने कुलानुसार समय में बालकों का मुण्डन संस्कार यत्नपूर्व अपने-अपने ग्रहसूक्तों में कहे गये विधान के अनुसार कराना चाहिए।

आधानतो जन्मतो वा सप्तमेऽब्देऽपि कारयेत्।
कृत्वाभ्युदयिकं कर्म पश्चात्सर्वं समाचरेत्।।२।।

मञ्जुमती टीका : गर्भ से अथवा जन्म से सातवें वर्ष में भी चौल संस्कार कराना चाहिए। पहले उन्नति सम्बन्धी कर्मों को करके बाद में सभी मुण्डन सम्बन्धी संस्कारों को करना चाहिए।

सौम्यायने गुरौ शुक्रे दृश्यमाने शुभे दिने।
चन्द्रताराबलोपेते शुभलग्ने शुभांशके।।३।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य के उत्तरायण होने पर शुभ दिन में जब गुरु एवं शुक्र उदित हों तब चन्द्र एवं तारा बलों से युक्त शुभ लग्न अथवा शुभ नवांश में।

गर्भे मातुः कुमारस्य न कुर्याच्चौलकर्म च।
पञ्चमासादधः कुर्यात्तदूर्द्ध्वं न च कारयेत्।।४।।

मञ्जुमती टीका : जब माता को पुनः गर्भ रह गया हो तो बालक का मुण्डन संस्कार नहीं कराना चाहिए। यदि गर्भ पांच मास से कम का हो तो मुण्डन संस्कार कराना चाहिए। और पांच मास से अधिक गर्भ होने पर मुण्डन संस्कार नहीं कराना चाहिए।

गृहनिर्माणमुदधिस्नानं चौलं सुतस्य च।
तीर्थयात्रा न स्वश्मश्रु न कुर्याद्गर्भिणीपतिः।।५।।

मञ्जुमती टीका : घर का निर्माण, समुद्र स्नान, बच्चे का मुण्डन संस्कार, तीर्थयात्रा तथा दाढ़ी-बाल बनवाने का कार्य गर्भिणी के पति को नहीं करना चाहिए।

पुत्रचूडाकृतौ माता गर्भिणी यदि वा भवेत्।
विपद्यते गुरुश्चैव दम्पती शिशुरब्दतः।।६।।

मञ्जुमती टीका : पुत्र के चूडाकर्म में यदि माता गर्भिणी हो जाय तो दम्पत्ति, शिशु, एवं गुरुजनों पर विपत्ति आती हैं।

गर्भिण्यां मातरि शिशोश्चौलकर्म न कारयेत्।
शताभिषेकेऽप्येवं स्यात्काले वेदकृतेष्वपि।।७।।

मञ्जुमती टीका : माता के गर्भिणी रहने पर बच्चे का मुण्डन संस्कार कभी नहीं कराना चाहिए। १०० अभिषेक किए जाने पर भी और समय पर वेदकृत कार्य करने पर भी संस्कार नहीं कराना चाहिए।

सर्वेषामेव वर्णानां चूडाकर्मविधिः स्मृतः।
केशमूलं पिता ज्ञेयः केशाग्रं जननी तथा।।८।।

मञ्जुमती टीका : सभी वर्णों के लिए चूडाकर्म का विधान कहा गया है। केश का मूल पिता को जानना चाहिए तथा केश का अग्र भाग माता को समझना चाहिए।

चौलेनैवायुषो वृद्धिश्चौलेनैवायुषः क्षयः।
तस्माच्चौलं प्रयत्नेन कारयेद्बुद्धिसत्तमः।।९।।

मञ्जुमती टीका : इस मुण्डन संस्कार के द्वारा ही आयु की वृद्धि होती है और इसी संस्कार के द्वारा आयु का क्षय भी होता है। इसलिए प्रयत्नपूर्वक श्रेष्ठ बुद्धिमानों को मुण्डन संस्कार करना चाहिए।

पञ्चमी सप्तमी चैव दशम्यैकादशी तथा।
त्रयोदशी तृतीया च चौलकर्मणि शोभना।।१०।।

मञ्जुमती टीका : पञ्चमी, सप्तमी, दशमी, एकादशी, त्रयोदशी तथा तृतीया तिथि में मुण्डन संस्कार कराना शुभद होता है।

विधातृद्वितये सार्पात्त्रितये च चतुष्टये।
धर्मादर्शदिने चौलं श्रेष्ठं कृष्णाद्यवासरे।
अदितिद्वितये पौष्णाद्वितये श्रवणत्रये।
हस्ताच्च त्रितये शाक्रे सैन्दवे चौलमीरितम्।।११।।

मञ्जुमती टीका : रोहिणी एवं मृगशिरा, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी तथा उत्तरा फाल्गुनी तथा हस्त दशमी एवं अमावस्या तिथि को कृष्णपक्ष की प्रतिपदा में चौलकर्म श्रेष्ठ कहा गया है। पुनर्वसु, पुष्य, रेवती, अश्विनी, श्रवण, धनिष्ठा तथा शतभिषा हस्त, चित्रा, स्वाती तथा ज्येष्ठा नक्षत्र में चन्द्रमा के होने से चौलकर्म शुभ कहा गया है।

नोट : यह चौलकर्म के लिए कहा गया मुहूर्त अन्य आचार्यों के वचनों से मेल नहीं खाता। अतः यह प्रक्षिप्त भी हो सकता है।

चन्द्रशुक्रगुरुज्ञानां वारलग्नांशकाः शुभाः।
एवं सम्यग्विचार्याथ चौलकार्यं च कारयेत्।।१२।।

मञ्जुमती टीका : चन्द्रमा, शुक्र, बृहस्पति एवं बुधवार के दिन शुभवार, शुभलग्न एवं शुभनवांश में ठीक ढंग से विचार करके मुण्डन संस्कार कराना चाहिए।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
चौलाध्यायोऽष्टाविंशः।।२८।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में चौलाध्याय नामक अट्ठाइसवें अध्याय का हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथोपनयनाध्यायः २९।

श्रुतिस्मृतीनां पदमुत्तमं द्विजस्तदुत्तमत्वं व्रतबन्धलग्नतः।।
तस्माद्द्विजानां तदवाप्तिकारणं तल्लग्नशुद्धिं कथयामि शास्त्रतः।।१।।

मञ्जुमती टीका : वेदों एवं स्मृतियों का उत्तम स्थान ब्राह्मण है। और उसका भी उत्तमता व्रतबन्ध (जनेऊ) है। और वह लग्न के शुद्धि से और उत्तम हो जाता है। इसलिए द्विजों को उसकी प्राप्ति के कारण ज्योतिष शास्त्रानुसार उपनयन के लग्न की शुद्धि को कह रहे हैं।

मौञ्जीबन्धः शस्यते ब्राह्मणानां गर्भाधानाज्जामतो वाष्टमेऽब्दे।
भूमीशानामेवमेकादशाब्दे वैश्यानां च द्वादशे वेदविद्भिः।।२।।

मञ्जुमती टीका : वेद के जानने वालों द्वारा कहा गया है कि ब्राह्मणों का व्रतबन्ध (जनेऊ) गर्भ से या जन्म से आठवें वर्ष में करना श्रेष्ठ हैं जबकि क्षत्रियों का ग्याहरवें वर्ष में तथा वैश्यों का बारहवें वर्ष में श्रेष्ठ माना गया है।

विप्राणामुपनयनं वसन्तसमये धराधिनाथानाम्।
ग्रीष्मर्तौ शरदि विशां मासाः साधारणाः पञ्च माघाद्याः।।३।।

मञ्जुमती टीका : ब्राह्मणों का उपनयन संस्कार बसन्त ऋतु में, क्षत्रियों का ग्रीष्म ऋतु में, वैश्यों का शरद ऋतु में तथा साधारण लोगों का माघ आदि पांच महीनों में करना चाहिए।

ऋग्यजुः सामशाखेशा गुरुशुक्रधरात्मजाः।
अथर्वणस्य वेदस्य शाखेशश्चन्द्रनन्दनः।।४।।

मञ्जुमती टीका : ऋग्वेद, यजुर्वेद तथा सामवेद की शाखाओं के स्वामी क्रमशः गुरु, शुक्र एवं मङ्गल हैं। जबकि अथर्ववेद की शाखा का स्वामी बुध है।

शाखेशगुरुशुक्राणां प्रौढ्ये बाल्ये च वार्द्धके।
नैवोपनयनं कार्यं वर्णेशे दुर्बलेऽपि च।।५।।

मञ्जुमती टीका : शाखा के स्वामी गुरु, शुक्र जब प्रौढ़, बाल्य या वार्धक्य के अवस्था में हों अथवा वर्णेश के दुर्बल होने पर भी उपनयन संस्कार नहीं करना चाहिए।

शाखेश्वरस्ववर्णेशगुरूणां बलपूर्वकम्।
ततोऽप्येषां गुरुबलं मुख्यमाचार्यशिष्ययोः।।६।।

मञ्जुमती टीका : शाखा का स्वामी, अपने वर्णों के स्वामी और गुरु जब बली हों तब गुरु के बल को देखकर मुख्य आचार्य एवं शिष्य दोनों के गुरुबल को विचार कर (उपनयन संस्कार) करना चाहिए।

उक्तेऽपि वर्षे न गुरुर्बली चेच्छान्त्या प्रशस्तं व्रतबन्धकर्म।
अनुक्तवर्षेऽपि बलप्रदोऽपि न वै तयोरब्दबलो बलीयान्।।७।।

मञ्जुमती टीका : कहे गये वर्ष में जब गुरु बली न हो तब शान्ति के द्वारा व्रतबन्ध श्रेष्ठ कहा गया है। न कहे गये वर्षों में भी बल प्रदान करने वाला होने पर भी निश्चित ही उन वर्षों के बली होने से ग्रह बली नहीं होते।

शाखेशगुरुशुक्राणामेकस्मिञ्छत्रुनिर्जिते।
विद्याव्रतार्थिभिस्तत्र न कार्यं चोपनयनम्।।८।।

मञ्जुमती टीका : शाखा का स्वामी, गुरु एवं शुक्र एक स्थान में शत्रु से पराजित हों तो विद्या तथा व्रतवन्ध को चाहने वालों के द्वारा उस वर्ष या मास में उपनयन संस्कार नहीं कराना चाहिए।

शाखेशे वा गुरौ शुक्रे स्वनीचगृहसंस्थिते।
तदोपनीतः स शिशुर्विद्यावृत्तिविवर्जितः।।९।।

मञ्जुमती टीका : शाखा का स्वामी अथवा गुरु या शुक्र अपने नीचे घर में स्थित हों तब बालक के विद्या, वृत्ति के लिए उपनयन संस्कार को वर्जित कर देना चाहिए।

नीचांशसंस्थिते शुक्रे शाखेशे वा बृहस्पतौ।
स्वकुलाचारविच्छ्रेष्ठो नीचकर्मरतो व्रती।।१०।।

मञ्जुमती टीका : नीचांश में स्थित शुक्र, शाखा का स्वामी तथा बृहस्पति के होने पर अपने कुल के आचरण के अनुसार नीच कर्म में लगे हुए व्यक्ति के लिए व्रतबन्ध श्रेष्ठ होता है।

नीचर्क्षनीचांशकसंस्थितेऽपि शाखेश्वरे वास्फुजितींद्रपूज्ये।
व्रती शिशुर्हीनकुलप्रसक्तः शस्त्रोपजीवी स्वकुलं विसृज्य।।११।।

मञ्जुमती टीका : शाखा के स्वामी शुक्र अथवा गुरु के नीच राशि अथवा नीच नवांश में स्थित होने पर भी हीन कुल वाले, शस्त्र से जीविका चलाने वाले अथवा अपने कुल को त्यागने वाले लोगों को अपने बच्चे का ब्रतबन्ध कराना चाहिए।

स्वारिनीचगते जीवे शाखेशे वा भृगोः सुते।
उपनीतस्तदा बालः क्षिप्रादन्त्यजसेवकः।।१२।।

मञ्जुमती टीका : बृहस्पति, शाखा के स्वामी अथवा शुक्र के अपने शत्रु या नीच राशि में जाने पर यदि बच्चे का उपनयन संस्कार होता है तो वह शूद्र सेवक हो जाता है।

शाखेशगुरुशुक्राणामेकस्मिञ्छत्रुराशिगे।
परदारासु निरतश्चोपनीतस्तदा शिशुः।।१३।।

मञ्जुमती टीका : शाखा के स्वामी गुरु अथवा शुक्र में से कोई एक भी शत्रु राशि में गया हो तो उस समय यदि बालक का उपनयन संस्कार होता है तो वह दूसरे की स्त्री में रत रहता है।

शाखेशगुरुशुक्राणां मध्ये शुक्रनवांशगे।
एकस्मिन्नुपनीतो यस्तदा मूर्खः खलो भवेत्।।१४।।

मञ्जुमती टीका : शाखा के स्वामी गुरु एवं शुक्र के मध्य कोई एक शुक्र नवांश में गया हो तो एक का भी यदि उपनयन हुआ हो तो वह बालक मूर्ख या दुष्ट होता है।

शत्रुराशौ तदंशस्थे चैकस्मिन्खचरे व्रती।
शाखेशगुरुशुक्राणां महापातककृद्भवेत्।।१५।।

मञ्जुमती टीका : शत्रु के राशि में अथवा शत्रु के अंश में यदि एक भी ग्रह शाखा का स्वामी गुरु या शुक्र हो तों जिस बालक का उपनयन होता है तो वह महापातकी होता है।

स्वनीचस्वारिषड्वर्गसंस्थे जीवेऽथ वा सिते।
शाखेशे वा तदा बालो महापातककृद्व्रती।।१६।।

मञ्जुमती टीका : बृहस्पति या शुक्र अथवा शाखा के स्वामी के अपने नीच, अथवा शत्रु के षडवर्ग में स्थित होने पर यदि बालक का उपनयन संस्कार किया जाता है तो वह महापातकी होता है।

अधिशत्रुगृहस्थे वा तदंशस्थे गुरौ भृगौ।
शाखेशे वा व्रती बालस्तदा चाण्डालसेवकः।।१७।।

मञ्जुमती टीका : अधिशत्रु के घर में अथवा अतिशत्रु के अंश में गुरु, शुक्र या शाखाधिपति हों तो यदि बालक का उपनयन संस्कार होता है तो वह चाण्डाल की सेवा करता है।

शत्रुनीचाधिशत्र्वृक्षे स्वांशे वा स्वोच्चभागगे।
शाखेशे वा गुरौ शुक्रे न नीचफलमश्नुते।।१८।।

मञ्जुमती टीका : शाखाधिपति गुरु अथवा शुक्र यदि शत्रु नीच अथवा अधिशत्रु के नक्षत्र, अंश अथवा अपने उच्च भाग में गये हों तो व्रतबन्ध होने वाला जातक नीच फल को नहीं प्राप्त करता।

स्वमित्रराशिसंस्थे वा स्वमित्रांशे च संस्थिते।
गुरौ भृगौ वा शाखेशे व्रती विद्यायुतस्तदा।।१९।।

मञ्जुमती टीका : गुरु, शुक्र अथवा शाखाधिपति के अपने मित्र राशि में स्थित होने पर अथवा अपने मित्र के अंश में स्थित होने पर यदि उपनयन संस्कार बालक का होता है तो वह विद्वान होता है।

स्वमित्रगेहे मित्रांशे संस्थे भार्गवनन्दने।
गुरौ शाखाधिपे वापि विद्यायुक्तो भवेद्व्रती।।२०।।

मञ्जुमती टीका : गुरु, शुक्र अथवा शाखाधिपति यदि अपने मित्र के घर

में अथवा मित्रांश में स्थित हो तो जिस बच्चे का उपनयन संस्कार किया जाता है तो वह विद्वान होता है।

स्वाधिमित्रगृहस्थे वा स्वाधिमित्रांशगेऽपि वा।
गुरौ शाखाधिपे वापि वित्तविद्याधिको व्रती।।२१।।

मञ्जुमती टीका : गुरु, शुक्र अथवा शाखाधिपति के अपने अधिमित्र के घर में अथवा अधिपति के नवांश में स्थित होने पर जिस जातक का उपनयन संस्कार होता है वह जातक अधिक धन व विद्या प्राप्त करने वाला होता है।

स्वाधिमित्रगृहे स्वाधिमित्रांशकगते व्रती।
गुरौ भृगौ वा शाखेशे तत्र विद्याविशारदः।।२२।।

मञ्जुमती टीका : अपने अधिमित्र के घर में अथवा अपने अधिमित्र के नवांश में यदि गुरु, शुक्र या शाखाधिपति स्थित हों तो जिस जातक का उपनयन होता है वह विद्या में पराङ्गत होता है।

तुंगस्थे वा तदंशस्थे गुरौ शाखाधिपे सति।
उपनीतस्तदा बालो विद्यावान्धनवान्भवेत्।।२३।।

मञ्जुमती टीका : अपने उच्च में स्थित या अपने उच्च नवांश में स्थित गुरु, शुक्र अथवा शाखाधिपति के होने पर यदि बालक का उपनयन संस्कार किया जाता है तो वह विद्यावान और धनवान होता है।

स्वतुंगतुंगांशगते शाखेशे वा गुरौ सिते।
व्रती शिशुर्धनायुष्यव्रतविद्याविशारदः।।२४।।

मञ्जुमती टीका : अपने उच्च अथवा उच्च नवांश में शाखाधिपति अथवा गुरु, शुक्र के होने पर यदि बालक का उपनयन संस्कार किया जाय तो वह धनी, दीर्घायु तथा व्रत तथा विद्या का ज्ञाता होता है।

सूर्यांशकगते चन्द्रे महापातककृद्व्रती।
पण्योपजीवी स्वांशस्थे नीचो निःस्वः खलो भवेत्।।२५।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य के अंश में यदि चन्द्रमा स्थित हो तो उस समय यदि बालक का उपनयन संस्कार हो तो वह महापातकी होता है और वही

अपने अंश में अथवा नीच राशि में स्थित हो तो वह जातक व्यापार से जीविका चलाने वाला, दरिद्र तथा दुष्ट होता है।

श्रवणादितिकर्कांशसंस्थिते यदि शीतगौ।
विद्यावान्धनवाञ्छ्रीमान्व्रतवान्भोगवान्व्रती।।२६।।

मञ्जुमती टीका : श्रवण, पुनर्वसु तथा कर्क राशि के अंश में यदि चन्द्रमा स्थित हो तो उपनयन संस्कार सम्पन्न जातक विद्यावान, धनवान, श्रीमान, व्रतवान तभा भोगवान होता है।

कुजांशकगते चन्द्रे शस्त्रजीवी खलो व्रती।
बुधांशकगते चन्द्रे वेदवादी भवेद्वटुः।।२७।।

मञ्जुमती टीका : मङ्गल के नवांश में यदि चन्द्रमा स्थित हो तो उस समय जातक का उपनयन संस्कार हो तो वह जातक शस्त्र से जीविका चलाने वाला तथा दुष्ट होता है। जबकि बुध के नवांश में चन्द्रमा के स्थित होने पर उपनयन संस्कार सम्पन्न वटु वेदवादी होता है।

जीवांशकगते यज्वा साङ्गवेदविशारदः।
शुक्रांशगे धनी दाता विद्यावित्तविशारदः।।२८।।

मञ्जुमती टीका : बृहस्पति के नवांश में यदि चन्द्रमा स्थित हो तो वह संस्कार सम्पन्न वटु जातक अङ्गों सहित वेदों का ज्ञाता होता है। और शुक्र के नवांश में यदि चन्द्रमा हो तो वटु, धनी, दानी, विद्या एवं धन का ज्ञाता होता है।

क्षिप्रोद्वाही यज्ञकृत्स्यात्सत्रदो भोगवान्भवेत्।
सौरांशकगते चन्द्रे सदा चाण्डालसेवकः।।२९।।

मञ्जुमती टीका : शुक्र से शीघ्र विवाह करने वाला, यज्ञ करने वाला, दान करने वाला तथा भोगवान होता है जबकि शनि के नवांश में यदि चन्द्रमा स्थित हो तो उपनयन संस्कार होने पर वटु सदा चाण्डाल का सेवक होता है।

पापांशकगते चन्द्रे स्वाधिनीचस्थितेऽपि च।
अनध्यायोपनीतश्च पुनः संस्कारमर्हति।।३०।।

मञ्जुमती टीका : पापग्रहों के नवांश में यदि चन्द्रमा स्थित हो अथवा

अपने अधिनीच राशि में स्थित हो तो जिस वटु का संस्कार किया गया है वह अध्ययन न करने वाला तथा पुनः संस्कार के योग्य होता है।

नैमित्तिकमनध्यायं कृष्णे च प्रतिपद्दिने।
मेखलाबन्धनं शस्तं चौले वेदव्रतेष्वपि।।३१।।

मञ्जुमती टीका : निमित्तवश, अनध्याय, कृष्णपक्ष की प्रतिपदा तिथि में करना चाहिए। मेखला बन्धन तथा मुण्डन संस्कार वेदव्रत में भी प्रशस्त माना गया है।

प्रशस्ता प्रतिपत्कृष्णा न पूर्वपरसंयुता।
चातुर्मास्यद्वितीयायं तृतीया चाक्षये तिथी।।३२।।

मञ्जुमती टीका : कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि यदि पूर्व या पर तिथि से युत न हो तो श्रेष्ठ मानी गयी है। चातुर्मा मास द्वितीया, तृतीया तथा अक्षय तिथि में करना श्रेष्ठ होता हैं

उपनीतो यतः श्रीमान्विद्यावान्धनवान्भवेत्।
व्रते हि पूर्वसंध्यायां वारिदो यदि गर्जति।
तद्दिनं स्यादनध्यायं व्रतबन्धे विवर्जयेत्।।३३।।

मञ्जुमती टीका : जिसका उपनयन संस्कार हो गया है वह श्रीमान, विद्यावान तथा धनवान होता है। व्रतबन्ध के पूर्व संध्या में यदि बादल गरजते हैं तो वह दिन अनध्याय हो जाता है इसलिए इसमें उपनयन संस्कार का त्याग कर देना चाहिए।

कृष्णपक्षे चतुर्थी च सप्तम्यादिदिनत्रयम्।
त्रयोदशी चतुष्कं च अष्टावेते गलग्रहाः।।३४।।

मञ्जुमती टीका : कृष्ण पक्ष में चतुर्थी, सप्तमी आदि तीन दिन पर्यन्त अर्थात् सप्तमी, अष्टमी एवं नवमी, त्र्योदशी से चार अर्थात् त्र्योदशी, चतुर्दशी, अमावस्या एवं प्रतिपदा तिथि ये आठों गलग्रह कहे गये हैं।

विधातृरगौरी३फणि५षण्मुखाद्द्रि१०यमाःसकामास्तिथयः प्रशस्ताः।
मध्येऽर्करुद्रेऽपि च ते प्रशस्ते सुहृत्स्वतुंगर्क्षगते शशाङ्के।।३५।।

मञ्जुमती टीका : द्वितीया, तृतीया, पञ्चमी, षष्ठी, दशमी तथा त्रयोदशी आदि तिथियां प्रशस्त कही गयी हैं। मध्य में द्वादशी एवं एकादशी तिथियां भी श्रेष्ठ हैं यदि चन्द्रमा अपने मित्र अथवा अपने उच्च राशि में स्थित हो।

त्यक्त्वा चतुर्थीमपि कृष्णपक्षे त्वाद्यं त्रिभागं शुभदं व्रते च।
शस्ता सितेज्येन्दुजवासरास्ते रवीन्दुवारौ खलु मध्यमौ तौ।।३६।।

मञ्जुमती टीका : कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को छोड़कर पहला उसका तीन भाग अर्थात् प्रतिपदा, द्वितीया एवं तृतीया तिथियां व्रतबन्ध में शुभ देने वाली होती हैं। शुक्र, गुरु एवं बुधवार में व्रतबन्ध प्रशस्त कहा गया है किन्तु रविवार एवं सोमवार को मध्यम फल देने वाला कहा गया है।

हस्तत्रये च श्रवणत्रये च धातृद्वये त्र्युत्तरमैत्रभेषु।
पौष्णद्वये चादितिभद्वये च शस्तं द्विजानां खलु मौंजिकर्म।।३७।।

मञ्जुमती टीका : हस्त से तीन अर्थात् हस्त, चित्रा, स्वाती, श्रवण से तीन अर्थात् श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा तथा रोहिणी से दो अर्थात् रोहिणी और मृगशिरा, तीनों उत्तरा, अनुराधा, रेवती, अश्विनी तथा पुनर्वसु एवं पुष्य नक्षत्रों में ब्राह्मणों के लिए उपनयन संस्कार श्रेष्ठ कहा गया है।

दिवसस्य त्रिभागे तु पूर्वाह्ने कर्म दैविकम्।
द्वितीये मानुषं कर्म तृतीये पैतृकं च तत्।।३८।।

पञ्जुमती टीका : दिन के तीन भाग में पूर्वाह्न में देवताओं से सम्बन्धित कर्म, दूसरे में मानुष कर्म तथा तीसरे में पैतृक कर्म श्रेष्ठ कहा गया है।

या चैत्रवैशाखसिततृतीया माघस्य सप्तम्यपि फाल्गुनस्य।
कृष्णद्वितीयोपनये प्रशस्ताः प्रोक्ता भरद्वाजमुनीन्द्रमुख्यैः।।३९।।

मञ्जुमती टीका : चैत्र और बैशाख के शुक्ल पक्ष की तृतीया, माघ शुक्ल पक्ष सप्तमी तथा फाल्गुन, कृष्ण पक्ष तृतीया में यज्ञोपवीत संस्कार सर्वथा शुभ होता है। यह भारद्वाज आदि श्रेष्ठ मुनियों ने कहा है।

लग्नाद्दिसौम्यग्रहराशयो ये ग्रहा न पापग्रहराशयो ये।
ग्राह्याश्च तेऽपि प्रबलैश्च सौम्यैरधिष्ठिताश्चापि निरीक्षिता वा।।४०।।

मञ्जुमती टीका : लग्नादि में जो शुभग्रह और राशियों से युक्त हैं, शुभग्रह से अधिष्ठित हैं अथवा देखे जा रहे हैं वह लग्न यज्ञोपवीत संस्कार में प्रबल होने से ग्राह्य हैं जबकि पापग्रह एवं राशियां त्याज्य हैं।

शेषैः सुदृष्टः सततं हि कालस्तेभ्योऽपि मार्ष्टुं गुरुरप्यशक्तः।
दोषैर्न चाद्याः सगुणैर्गुणाद्यास्तस्मात्स कालः शुभदः शुभेषु।।४१।।

मञ्जुमती टीका : शेष ग्रहों के द्वारा निरन्तर देखा जाता हुआ जो काल है वह गुरु की असमर्थता में मार्जन करने में असमर्थ है। थोड़ें दोषों से अधिक गुणयुक्त वह काल हो तो वह समय हमेशा शुभ कार्यों के लिए शुभ देने वाला होता है।

एवं तत्समयं वीक्ष्य शोभनं च समाचरेत्।
मङ्गले दिवसे तस्मिंश्चन्द्रताराबलान्विते।।४२।।

मञ्जुमती टीका : इस प्रकार समय को देखकर शुभ कार्यों को करना चाहिए। कल्याणकारी दिनों में जब चन्द्रमा और तारा बलवान हों।

कुलीरकांशं परिहृत्य सौम्यनवांशका मौंजिविधौ प्रशस्ताः।
ते निन्दिताः क्रूरनभश्चराद्याश्चेदष्टमांशा अपि मानवस्य।।४३।।

मञ्जुमती टीका : कर्क राशि के अंश का त्याग करके सौम्य ग्रहों के नवांश में उपनयन संस्कार का विधान श्रेष्ठ कहा गया है। क्रूर ग्रहों के नवांश और अष्टमांश वाली लग्न हो तो वह मनुष्यों के लिए निन्दित कही गयी है।

न नैधनं नैधनशुद्धलग्नं न नैधनर्क्षं न च तन्नवांशम्।
न नैधनेशं न तदंशकेशं लग्ने प्रशस्तं न च रात्रिनाथः।।४४।।

मञ्जुमती टीका : निधन तारा को छोड़कर लग्न से अष्टम स्थान शुद्ध हो और अष्टम राशि न हो तथा अष्टम राशि का नवांश भी न हों तथा अष्टमेश का अंश और उसका नवमांशेश तथा चन्द्रमा लग्न में न हो तो वह लग्न श्रेष्ठ कही गयी है।

प्रालेयरश्मौ यदि लग्नसंस्थे वलक्षपक्षेऽपि भवेत्स रोगी।
व्रती च सौम्यग्रहवर्गगेऽपि खलोऽतिनिःस्वः श्रुतिकर्महीनः।।४५।।

मञ्जुमती टीका : यदि चन्द्रमा लग्न में स्थित हो और कृष्णपक्ष भी हो तो वटु रोगी होता है। और शुभ ग्रहों के वर्ग में यदि चन्द्रमा गया हो तो भी वटु दुष्ट तथा अति निर्धन एवं वेद के कर्मों से हीन होता है।

इष्टाः पञ्च ग्रहा यस्य राशेस्तद्गृहसंज्ञके।
रविचन्द्रेज्यमुख्यास्ते चत्वारो वा बलान्विताः।।४६।।

मञ्जुमती टीका : जिस लग्न में पाचं ग्रह इष्ट हो अर्थात् पञ्चेष्ट लग्न मिल रही हो तथा उस राशि के अथवा उस ग्रह के राशि में सूर्य, चन्द्रमा, गुरु आदि के बलवान होने पर अथवा चार ग्रहों के इष्ट होने पर भी उपनयन संस्कार के लिए लग्न शुद्ध होती है।

नीचस्थिताः शत्रुगृहस्थिताश्च पराजिताश्चास्तमिता ग्रहेन्द्राः।
लग्ने ग्रहास्ते स्वफलं प्रदातुं क्षमा न किंचिद्रिपुदृष्टदेहाः।।४७।।

मञ्जुमती टीका : नीच राशि में स्थित, शत्रु घर में स्थित, पराजित अस्त जो श्रेष्ठ ग्रह हैं। वे यदि लग्न में हों तो वे अपना फल देने में किसी भी प्रकार से सक्षम नहीं होते। अथवा शत्रु ग्रह से दृष्ट ग्रह हो तो वे भी अपना फल देने में असमर्थ होते हैं।

सूर्यभौमशनिराहुकेतवः क्रूरसंज्ञखचराः क्षयेन्दुना।
पूर्णचन्द्रगुरुशुक्रसोमजाः सर्वकर्मसु हि सौम्यखेचराः।।४८।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य, मङ्गल, शनि, राहु, केतु तथा क्षीण चन्द्रमा क्रूर संज्ञा वाले ग्रह कहे गये हैं। जबकि पूर्ण चन्द्रमा, गुरु, शुक्र तथा बुध सभी कार्यों में शुभ ग्रह कहे गये हैं।

रवौ लग्नाकेन्द्रस्थे दोषाः स्फूर्जितसंज्ञकाः।
तत्रोपनीतस्य शिशोः कलनाशो भवेत्तदा।।४९।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य आदि यदि लग्न से केन्द्र में स्थित हों अथवा शुक्र ग्रह दोषयुक्त हो तो उस समय बालक का उपनयन संस्कार हो तो निश्चित ही उसका नाश होता है।

कुजे लग्नादिकेन्द्रस्थे दोषा स्फूर्जितसंज्ञकाः।
तत्रोपनीतं कौमारं हन्ति वर्षान्न संशयः।।५०।।

मञ्जुमती टीका : मङ्गल से लग्न आदि से केन्द्र में यदि क्रूर संज्ञक ग्रह अथवा दोषयुक्त ग्रह स्थित हों तो वे उपनयन संस्कार सम्पन्न हुए कुमार को एक वर्ष में मार डालते हैं इसमें सन्देह नहीं हैं।

शनौ लग्नादिकेन्द्रस्थे दोषो रुधिरसंज्ञकः।
करोति महतीं पीडां व्रतिनो वा गुरोश्च वा।।५१।।

मञ्जुमती टीका : शनि आदि लग्न से यदि केन्द्र स्थान में स्थित हों, दोषयुक्त हों अथवा रूधिर संज्ञक हों तो उपनयन संस्कार होने वाले वटु को अथवा उसके आचार्य को बड़ी पीड़ा होती है।

राहौ लग्नादिकेन्द्रस्थे दोषो रंध्राह्वयो भवेत्।
व्रतिनो जननीं हन्ति चार्थं वा न च संशयः।।५२।।

मञ्जुमती टीका : राहु आदि यदि लग्न से केन्द्र में स्थित हों, दोषयुक्त हों, या रन्ध्रसंज्ञक हों तो इस स्थिति में उपनयन संस्कार सम्पन्न वटु की माता की मृत्यु तथा धन नष्ट होता है, इसमें संशय नहीं है।

केतौ लग्नादिकेन्द्रस्थे दोषश्च उग्रसंज्ञकः।
समग्रं व्रतिनो वित्तव्रतविद्याविनाशनम्।।५३।।

मञ्जुमती टीका : केतु से लग्नादि केन्द्र में यदि दोषयुक्त या उग्र संज्ञक ग्रह स्थित हों तो वटु के सम्पूर्ण धन, व्रत तथा विद्या आदि का नाश करते हैं।

लग्नषष्ठाष्टमान्त्यस्थः करोति च निशाकरः।
व्रतिनो रोगमधनं निर्द्धनं दुःखसञ्चयम्।।५४।।

मञ्जुमती टीका : लग्न षष्ठ आठवें तथा बारहवें स्थान में यदि चन्द्रमा स्थित हो तो वह वटु को रोगी, धनरहित, निर्धन तथा दुःख का सञ्चय कराता है।

बुधो लग्नगतो जीवः शुक्रो वाप्यथ शाखपः।
करोति व्रतिनं नूनं व्रतविद्याविशारदम्।।५५।।

मञ्जुमती टीका : बुध यदि लग्न में स्थित में हो, गुरु या शुक्र या शाखाधिपति लग्न में स्थित हो तो वटु को निश्चय ही व्रत, विद्या में पारंगत करता है।

द्वितीयस्था ग्रहाः सौम्याः सौख्यारोग्यबलप्रदाः।
तत्र पापग्रहाः सर्वे नूनं तत्फलनाशदाः।।५६।।

मञ्जुमती टीका : द्वितीय स्थान में यदि शुभ ग्रह स्थित हों तो सुख, आरोग्य तथा बल देने वाले होते हैं। जबकि पापग्रह स्थित हों तो निश्चित ही सम्पूर्ण फलों को नाश कर देते हैं।

तृतीयस्थाः शुभाः पापा व्रतविद्याधनप्रदाः।
चतुर्थस्थानगाः सौम्याः संपद्भोगधनप्रदाः।।५७।।

मञ्जुमती टीका : तीसरे स्थान में यदि शुभ ग्रह और पापग्रह स्थित हों तो वटु के लिए व्रत, विद्या एवं धन को देने वाले होते हैं। जबकि चतुर्थ स्थान में स्थित सौम्य ग्रह सम्पत्ति, भोग एवं धन प्रदान करते हैं।

पञ्चमस्थानगाः सौम्या नृपपूजार्थसिद्धिदाः।
तत्र पापग्रहाः सर्वे सदा सत्फलनाशदाः।।५८।।

मञ्जुमती टीका : पञ्चम स्थान में यदि शुभ ग्रह स्थित हों तो राजा से पूजा और धन की सिद्धि मिलती है। जबकि पापग्रह स्थित हों तो सभी अच्छे फलों को नष्ट करने वाले होते हैं।

षष्ठस्थाः खचरा सौम्या दुःखशोकभयप्रदाः।
तत्रस्थाः क्रूरखचराः सदा तत्फलनाशदाः।।५९।।

मञ्जुमती टीका : छठें स्थान में यदि शुभग्रह स्थित हों तो दुःख, शोक एवं भय देने वाले होते हैं जबकि वहां स्थित पापग्रह इन कहे गये फलों को नष्ट कर देते हैं।

लग्नात्सप्तमगाः सौम्या व्रतविद्यासुखप्रदाः।
सर्वे ग्रहाश्चाष्टमस्था निधनाधनशोकदाः।।६०।।

मञ्जुमती टीका : लग्न से सातवें स्थान में यदि शुभ ग्रह स्थित हों तो व्रत, विद्या एवं शुभ को प्रदान करते हैं जबकि अष्टम स्थान में सभी शुभ या पाप ग्रह मृत्यु, निर्धनता तथा शोक देते हैं।

नवमे सौम्यखचरा वित्तायुष्यशुभप्रदाः।
तत्र पापाः सौम्यखेटकृततत्फलनाशकाः।।६१।।

मञ्जुमती टीका : नौवें स्थान में शुभ ग्रह धन, आयु तथा कल्याण प्रदान करते हैं जबकि वहां पापग्रह सौम्य ग्रहों के द्वारा दिए गये फलों को नाश करते हैं।

सौम्याः कुर्वन्ति दशमे वृत्तिविद्याधनान्वितम्।
सर्वे ग्रहाश्च लाभस्थाः कुर्वंत्यभिमतं फलम्।।६२।।

मञ्जुमती टीका : दसवें में शुभग्रह जीविका, विद्या एवं धन से युक्त करते हैं जबकि सभी ग्रह लाभ में स्थित होने पर अभीष्ट फल देते हैं।

व्ययस्थानस्थिताः सर्वे कुर्वन्ति व्ययशीलिनम्।
खलं नीचं पापरतं बुद्धिहीनं विदेशगम्।।६३।।

मञ्जुमती टीका : व्यय स्थान में स्थित सभी ग्रह व्यय कराते हैं। दुष्ट, नीच तथा पाप में आसक्ति, बुद्धिहीनता तथा विदेश गमन कराते हैं।

द्वादशस्थं रविं भौमः पश्यन्नाचार्यनेत्रहा।
बलिनं बलवान्नूनमचिरात्तु न संशयः।।६४।।

मञ्जुमती टीका : बारहवें स्थान में स्थित सूर्य, मङ्गल आचार्य को नेत्रहीन बनाते हैं। जबकि बली ग्रह बलवान होने पर निश्चित ही शीघ्र यह फल देते हैं इसमें सन्देह नहीं हैं

दोषोऽप्येको गुणान्हन्ति तद्विरोधी गुणे न चेत्।
पञ्चगव्ययुतं पूर्णं कुम्भं मद्यलवो यथा।।६५।।

मञ्जुमती टीका : एक दोष भी गुणों को नष्ट कर देता है यदि उसका विरोधी दूसरा कोई गुण न हो तो जैसे पञ्चगव्य से भरे हुए पूर्ण कलश में मदिरा की एक बूँद होती है।

लग्नं सर्वगुणोपेतं दोषेणैकेन दूषितम्।
त्यजेत्तदंगुलमिव ह्युरगक्षतदूषितम्।।६६।।

मञ्जुमती टीका : सम्पूर्ण गुणों से युक्त यदि लग्न हो और एक ही दोष से वह दूषित हो जाय तो उसे वैसे ही त्याग देना चाहिए। जैसे सांप के द्वारा काटे जाने पर अङ्गुली को त्याग दिया जाता है।

दोषोऽप्येको निहन्त्येव सकलं गुणसञ्चयम्।
लग्नोत्थं शुभखेटोत्थमनृतं सुकृतं यथा।।६७।।

मञ्जुमती टीका : एक भी दोष सम्पूर्ण गुणों से भरे हुए लग्न स्थित शुभग्रहों से स्थित गुणों के समुदाय को वैसे नष्ट कर देता है जैसे एक ही झूठ पूरे पुण्य को नष्ट कर देता है।

पञ्चाङ्गलग्नलग्नांशशुभग्रहकृतान्गुणान् ।
दोषोऽप्येको गुणान्हन्ति स्वैरिणी स्वजनानिव।।६८।।

मञ्जुमती टीका : पांच लग्नों से युक्त लग्न लग्न का नवांश शुभ ग्रहों के द्वारा प्रदत्त गुणों को एक ही दोष वैसे नष्ट कर देता है जैसे स्वच्छन्दचारिणी स्त्री अपने कुल को नष्ट कर देती है।

निहन्ति सिद्धामृतयोगजातान्पञ्चाङ्गजातानपि लग्नजातान्।
शुभग्रहोत्थानखिलान्गुणौघानेकोऽपि दोषो हि यथा वृकोऽजान्।।६९।।

मञ्जुमती टीका : सिद्धि योग अमृत योग से उत्पन्न तथा पचाङ्ग से उत्पन्न एवं लग्न से उत्पन्न शुभ ग्रहों से निकले हुए सम्पूर्ण गुणों के समूह को एक ही दोष वैसे नष्ट कर देता हैं जैसे बकरियों को भेड़िया नष्ट कर देता है।

गुणाननेकाञ्छुभखेटजातान्पञ्चाङ्गलग्नामृतयोगजातान्।
एकोऽपि दोषः सुतरां निहन्ति सुपुण्यराशीनिव कूटसाक्षी।।७०।।

मञ्जुमती टीका : शुभ ग्रहों से उत्पन्न, पांच अङ्ग से उत्पन्न, लग्न से उत्पन्न, अमृत योग से उत्पन्न अनेक गुणों को एक ही दोष सम्पूर्ण को वैसे ही नष्ट करता है जैसे सुन्दर पुण्य समूहों को कूटसाक्षी (झूठा गवाह) नष्ट कर देता है।

एकस्मिन् कूटगे दोषे नाशयत्यखिलान्गुणान्।
शरीरस्थे क्षये रोगे यथा द्राक्सप्त धातवः।।७१।।

इति दोषनिरूपणम्।

मञ्जुमती टीका : एक ही कूट दोष सम्पूर्ण गुणों को नष्ट कर देता है जैसे शरीर में स्थित छः रोग शरीर की सात धातुओं को नष्ट कर देता है।

सर्वानिमानतिबलः स्फुरदंशुजालो लग्नोपगः प्रशमयेत्सुरराजमन्त्री।
एको बहूनि दुरितानि सुदुस्तराणि भक्त्या प्रयुक्त इव शूलधरे प्रणामः।।७२।।

मञ्जुमती टीका : इन सम्पूर्ण अतिबलों से स्फुरित, किरण समूहों से युक्त, बृहस्पति यदि लग्न में स्थित हो जाय तो समस्त दोषों को वैसे शमन कर देता है जैसे अनेक भयंकर दोषों से युक्त पाप भगवान शंकर के भक्तिपूर्वक प्रणाम करने से नष्ट हो जाता है।

एकोऽपि केन्द्रगः सौम्यः सकलं दोषसञ्चयम्।
विनाशयति धर्मांशुरुदितस्तिमिरं यथा।।७३।।

मञ्जुमती टीका : एक ही केन्द्र में गया हुआ शुभग्रह सम्पूर्ण दोष समूहों को वैसे नष्ट कर देता है जैसे भगवान सूर्य के उदय से अन्धकार नष्ट हो जाता है।

शुभग्रहः स्वोच्चसंस्थो लग्नं पश्यति चेद्यदा।
तदा दोषा लयं प्राप्ता ग्रीष्मे कुसरितो यथा।।७४।।

मञ्जुमती टीका : जब शुभग्रह अपने उच्च स्थान में स्थित होकर यदि लग्न को देखता है तो सम्पूर्ण दोष वैसे ही नष्ट हो जाते हैं जैसे गर्मी के दिनों में छोटी नदियां।

निरीक्ष्यमाणे लग्ने तु मित्रसंस्थे शुभग्रहे।
दोषा लयं ययुः सर्वे लग्नलग्नांशसम्भवाः।।७५।।

मञ्जुमती टीका : लग्न में अपने मित्र ग्रह की राशि में स्थित तथा शुभग्रह के द्वारा देखे जाने पर लग्न तथा लग्नांश से उत्पन्न सभी दोष नाश को प्राप्त हो जाते हैं।

स्वोच्चांशगे शुभे लग्ने दृष्टे युक्ते यदा तदा।
लग्नलग्नांशसम्भूताः सर्वदोषा लयं गताः।।७६।।

मञ्जुमती टीका : अपने उच्च या अंश में गया हुआ शुभ ग्रह लग्न में स्थित हो तथा शुभग्रहों से युक्त हो तब लग्न और लग्नांश से उत्पन्न सभी दोष नष्ट हो जाते हैं।

एकोऽपि सौम्यखचरः स्वाधिमित्रगृहस्थितः।
आलोकयति चेल्लग्नं सर्वदोषविनाशकृत्।।७७।।

मञ्जुमती टीका : एक भी शुभग्रह अपने अधिमित्र के घर में स्थित हो और यदि लग्न को देखता हो तो सभी दोष नष्ट हो जाते हैं।

मित्राधिमित्रस्वक्षेत्रसंस्थे सति शुभग्रहे।
वीक्ष्यमाणे यदा लग्ने तदा दोषा लयं ययुः।।७८।।

मञ्जुमती टीका : मित्र, अधिमित्र तथा अपने घर में स्थित होने पर तथा शुभग्रहों के द्वारा लग्न को देखे जाने पर सभी दोष नष्ट हो जाते हैं।

ये पापखेटप्रभवाश्च दोषा विलग्नलग्नांशकसम्भवा ये।
केन्द्रे गुरुस्तान्विमलान्करोति फलं यथाम्भः कतकद्रुमस्य।।७९।।

मञ्जुमती टीका : जो पापग्रहों से उत्पन्न दोष हैं अथवा जो लग्न या लग्नांश से उत्पन्न दोष हैं। केन्द्र में स्थित गुरु उन दोषों को नष्ट करके निर्मल बना देता हैं। जैसे कतक वृक्ष का फल जल से धुल जाता है।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायामुपनयनाध्याय एकोनत्रिंशः।।२९।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में उपनयनाध्याय नामक उन्तीसवें अध्याय का हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथ समावर्तनाध्यायः ३०।

अधीत्य वेदांश्च तदर्थशास्त्राण्यभ्यस्य लब्ध्वा स्वगुरोरनुज्ञाम्।
कुर्यात्समावर्त्तनकर्म पश्चाद्गोदानतः पाणिनिपीडनात्प्राक्।।१।।

मञ्जुमती टीका : जनेऊ के बाद वेदों को पढ़कर और उनके अर्थ बतलाने वाले शास्त्रों का ज्ञान करके गुरु की आज्ञा लेकर विवाह से पहले समापर्तन करना चाहिए।

सौम्यायने निर्मलयोः सुरेज्यदैत्यज्ययोर्व्योम्नि वलक्षपक्षे।
संत्यज्य रिक्तामवमाष्टमीं च वैनाशिकाख्याखिलऋक्षवृन्दम्।।२।।

मञ्जुमती टीका : उत्तरायण में गुरु, शुक्र के उदित होने पर शुक्ल पक्ष में, रिक्ता, क्षय, अष्टमी तिथि, और वैनाशिक नक्षत्र समुदाय को छोड़कर समावर्तन करना चाहिए।

करादिपञ्चस्वदितिद्वयाश्विविष्णुत्रये त्र्युत्तरधातृभेषु।
सपौष्णचान्द्रेषु शुभग्रहर्क्षवारेषु यत्स्नातककर्म शस्तम्।।३।।

मञ्जुमती टीका : हस्त से पांच नक्षत्र हस्त, चित्रा, स्वाती, विशाखा और अनुराधा, पुनर्वसु एवं पुष्य अश्विनी, श्रवण, धनष्ठिा, शतभिषा। तीनों उत्तरा, रोहिणी तथा रेवती नक्षत्र में चन्द्रमा के होने पर शुभ ग्रहों के राशि एवं वार में जो स्नातक के कर्म हैं वे सभी श्रेष्ठ कहे जाते हैं।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
समावर्तनाध्यायस्त्रिंशः।।३०।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में समापवर्तनाध्याय नामक तीसवें अध्याय का हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथ विवाहप्रश्नाध्यायः ३१।

शुभे दिने दैवविदं त्वभिज्ञं ताम्बूलपुष्पाक्षतपूर्णपाणिः।
कर्त्ता च गत्वा प्रणिपत्य पृच्छेन्निवेद्य तस्मै वरकन्ययोश्च।।१।।

मञ्जुमती टीका : जानकार ज्योतिष के पास शुभ दिन में पान, फूल, अक्षत आदि से भरे हुए हाथों वाले प्रश्नकर्ता को जाकर प्रणाम करके उसको निवेदन करके वर एवं कन्या के विषय में प्रश्न पूछना चाहिए।

एकोऽपि लग्नोपगतश्च पापः पापौस्ततोऽन्यः खलु सप्तमस्थः।
आसप्तमाब्दान्निधनं वरस्य बलान्वितौ तौ कुरुतस्त्ववश्यम्।।२।।

मञ्जुमती टीका : एक भी पापग्रह लग्न में स्थित हो और अन्य पापग्रह सातवें स्थान में स्थित हो तो सात वर्ष के अन्दर वर की मृत्यु होती है। और यदि ये पापग्रह अत्यधिक बलवान हों तो अवश्य ही यह फल होता है।

प्रालेयरश्मौ यदि लग्नसंस्थे तस्मात्कुजः सप्तमराशिसंस्थः।
तदाष्टमाब्दात्कुरुतस्त्ववश्यं वरस्य मृत्युं त्वथ वाङ्गनायाः।।३।।

मञ्जुमती टीका : चन्द्रमा यदि लग्न में स्थित हो और उससे मङ्गल सप्तम राशि में स्थित में हो तब आठ वर्ष के अन्दर वर अथवा कन्या की मृत्यु अवश्य करता है।

स्वनीचगः शत्रुनिरीक्षितश्च पापो विलग्नाद्यदि सप्तमस्थः।
विवाहिता सा मृतपुत्रिणी स्याद्बन्ध्याऽथवा भर्तृविवर्जिता वा।।४।।

मञ्जुमती टीका : अपने नीच राशि में गया हुआ तथा शत्रु ग्रह से देखा जाता हुआ पापग्रह यदि लग्न से सातवें स्थान में स्थित हो तो वह विवाहिता स्त्री मृत् पुत्रों वाली, बन्ध्या अथवा अपने स्वामी द्वारा त्याग दी जाती है।

लग्नात्त्रिपञ्चास्तदशायगेषु हिमद्युतिर्जीवनिरीक्षितश्च।
तयोस्तु सम्बन्धकरस्तदानीं नार्कांशुलुप्तो न च नीचगश्चेत्।।५।।

मञ्जुमती टीका : लग्न से तीसरे, पांचवे, सातवें, दसवें तथा ग्यारहवें

स्थान में गया हुआ चन्द्रमा यदि गुरु से देखा जाता हो तो वर एवं कन्या का सम्बन्ध कराने वाला उसी समय होता है किन्तु यदि सूर्य के अंश से अस्त न हो अथवा नीच राशि में स्थित न हो तो।

विलग्नगा गोघटकर्कटाश्च हिमांशुदैत्येज्यसमन्वितास्ते।
संवीक्षिता वा यदि कन्यकाया लाभं भवेदत्र च पृच्छकस्य।।६।।

मञ्जुमती टीका : वृष, कुम्भ तथा कर्क राशि यदि लग्न में स्थित हो तथा चन्द्रमा, शुक्र से वहीं स्थित हो या देखा जाता हो तो पूछने वाले व्यक्ति की कन्या के लिए अवश्य लाभ होता है।

अनोऽन्यराश्यंशगतौ सितेन्दू निरीक्षितौ तौ बलिनौ विलग्नम्।
तयोस्तदानीं कुरुतस्त्ववश्यं सम्बन्धमाजीवितशर्मदं स्यात्।।७।।

मञ्जुमती टीका : शुक्र एवं चन्द्रमा परस्पर एक दूसरे के राशि में गये हों अथवा बली होकर दोनों लग्न को देखते हों तो उस समय वर एवं कन्या का सम्बन्ध अवश्य करते हैं और यह सम्बन्ध जीवन पर्यन्त सुख देने वाला होता है।

अयुग्मराश्यंशगते विलग्ने निरीक्षिते पुंखचरैर्द्रकाणे।
तथाविधे तस्य वरस्य लाभं वदेत्तदानीं खलु कन्यकायाः।।८।।

मञ्जुमती टीका : विषम राशि या उसका अंश लग्न में स्थित हो तो पुरुष ग्रह के द्वारा देखा जाता हो अथवा द्रेष्काण में पुरुष ग्रह (सूर्य, मङ्गल एवं गुरु) स्थित हों तब उस समय उस प्रकार के वर का लाभ कन्या के लिए अवश्य कराते हैं।

इति ब्रह्मर्षिवृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
विवाहप्रश्नाध्याय एकत्रिंशः।।३१।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में
विवाहप्रश्नाध्याय नामक इक्तीसवें अध्याय का
हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथ विवाहाध्याय: ३२।

कश्चिद्गृहाश्रमसमो न परोऽस्ति धर्मः।
सोऽपि स्थितः सुगुणवृत्तयुताङ्गनासु।
उद्वाहलग्नवशतो गुणवृत्तिलब्धि-।
स्तासां तथाविधसुलग्नमतः प्रवच्मि।।१।।

मञ्जुमती टीका : कोई भी आश्रम धर्म, गृहस्थ आश्रम के समान नहीं है और उसमें भी यदि सुन्दर गुणों और आचरण वाली गृहिणी हो तो विवाह लग्न के अनुसार गुण और वृत्ति आदि की प्राप्ति होती है। इसलिए विवाह काल में स्त्री के उस प्रकार के आचरण के लिए सुन्दर लग्न को कह रहा हूँ।

अब्देषु युग्मेष्वपि कन्यकानां स्वजन्मवर्षाच्छुभदो विवाहः।
अयुग्मवर्षेषु शुभो नराणां विपर्यये दुःखगदप्रदः सः।।२।।

मञ्जुमती टीका : अपने जन्म से सम वर्षों में कन्या का विवाह शुभद होता है। तथा विषय वर्षों में पुरुषों का विवाह शुभद होता है। इसके विपरीत कन्या का विषम और पुरुषों का सम वर्षों में विवाह दुःख और रोग प्रदान करने वाला होता है।

दिनाधिपे मेषवृषालिकुम्भनृयुङ्मृगाख्येषु गृहेषु संस्थे।
माघद्वये माधवशुक्रयोस्तु मुख्योऽथवा कार्तिकसौम्ययोश्च।।३।।

मञ्जुमती टीका : यदि सूर्य मेष, वृष, वृश्चिक, कुम्भ, मिथुन अथवा मकर राशि में स्थित हो तो माघ, फाल्गुन, बैशाख, ज्येष्ठ, अगहन, कार्तिक एवं अषाढ़ मास में।

शुक्ले द्वितीयादित एव कृष्णपक्षे दशम्यन्तगताः शुभाः स्युः।
तास्वष्टमीस्कन्दगणेशदुर्गाश्चतुर्दशी चापि तिथिर्विवर्ज्याः।।४।।

मञ्जुमती टीका : विवाह में शुक्ल पक्ष की द्वितीया से आरम्भ कर कृष्णपक्ष की दशमी के अन्त तक तिथियां शुभ कही गयी हैं। उनमें भी अष्टमी, षठी, चतुर्थी, नवमी एवं चतुर्दशी तिथियों को छोड़कर अन्य शुभ होती हैं।

दिने दिने वृद्धिमुपागतत्वाद्बली हि चन्द्रः शुभ एव शुक्ले।
तथैव कृष्णे विलयं गतत्वात्पक्षापरार्द्धात्खलु पाप एव।।५।।

मञ्जुमती टीका : शुक्लपक्ष में प्रतिदिन वृद्धि को प्राप्त होता हुआ चन्द्रमा ही बलवान होकर शुभ होता है। उसी प्रकार कृष्ण पक्ष में घटता हुआ अशुभ हो जाता है। इसी प्रकार पक्ष के अन्त में वह निश्चित ही पापग्रह हो जाता है।

वाराः प्रशस्ताः शुभखेचराणां सूर्यार्किवारौ खलु मध्यमौ तौ।
त्याज्यः सदा भूमिसुतस्य वारः कामार्कतिथ्योरपि तौ प्रदोषौ।।६।।

मञ्जुमती टीका : शुभ ग्रहों के वार विवाह में शुभ कहे गये हैं। सूर्य और शनिवार मध्यम कहे गये हैं। किन्तु मङ्गलवार को सदैव त्याज्य कर देना चाहिए। सप्तमी एवं द्वादशी तिथियां रात्रि के मुख भाग में त्याज्य हैं।

तिस्रोत्तरामूलमघान्त्यमैत्रप्राजेशचन्द्रार्कसमीरभेषु ।
सदा प्रशस्तः खलु कन्यकायाः पाणिग्रहो वेधविवर्जितेषु।।७।।

मञ्जुमती टीका : तीनों उत्तरा, मूल, मघा, रेवती, अनुराधा, रोहिणी, मृगशिरा, हस्त तथा स्वाती नक्षत्रों में कन्या का विवाह वेधरहित होने से सदा श्रेष्ठ कहा गया है।

रेखाश्चोर्द्धाः पञ्च तिर्यक् च पञ्च द्वे द्वे रेखे कोणयोरत्र चक्रे।
क्रमान्न्यसेच्छंभुकोणे द्वितीये रेखायां भान्यग्निभात्साभिजिच्च।।८।।

मञ्जुमती टीका : पाँच रेखा ऊर्ध्व और पाँच रेखा तिरछी बनाकर दो-दो और कोण में निर्माण करके ईशान कोण की द्वितीय रेखा पर कृत्तिका नक्षत्र को स्थापित कर प्रदक्षिण क्रम से साभिजित् नक्षत्रों को स्थापित करने से पञ्चशलाका चक्र बनता है।

चक्रे तस्मिन्नेकरेखास्थितेन तद्विद्धयर्क्षं खेचरेण प्रदिष्टम्।
क्रूरैर्विद्धं सर्वधिष्ण्यं विवर्ज्यं सौम्यैर्विद्धं नाखिलं पादमेव।।९।।

मञ्जुमती टीका : उस चक्र में एक रेखा में स्थित ग्रह के द्वारा नक्षत्र विद्ध कहा जाता है। क्रूर ग्रहों से विद्ध सम्पूर्ण नक्षत्र का त्याग कर देना चाहिए। जबकि सौम्य ग्रहों से विद्ध होने पर सम्पूर्ण नक्षत्र का त्याग न करके केवल अन्तिम चरण का ही त्याग करना चाहिए।

आर्द्रोदयादूर्द्ध्वमिनस्य कार्यं नक्षत्रवृन्दे दशके कदाचित्।
मासोक्तकर्मांतरमङ्गलाद्यं न बोधनेऽह्नि प्रकटं मुरारेः।।१०।।

मञ्जुमती टीका : आर्द्रा नक्षत्र के उदय के पश्चात दस नक्षत्र पर्यन्त अर्थात् स्वाती नक्षत्र तक के नक्षत्र समूहों में जब सूर्य गमन कर रहा हो तो कभी भी विवाह आदि मङ्गल कार्यों को नहीं करना चाहिए। पूर्व में कहे गये महीनों में मङ्गलादि समस्त कर्मों को भगवान विष्णु के जागने के पूर्व नहीं करना चाहिए।

आर्द्रादिकस्वातीविरामकाले नक्षत्रवृन्दे दशके तथैव।
विवाहचौलव्रतबन्धनाद्यं सुरप्रतिष्ठा न च कार्यमेव।।११।।

मञ्जुमती टीका : आर्द्रा से प्रारम्भ करके स्वाती नक्षत्र के अन्त तक दस नक्षत्र समूहों में उसी प्रकार विवाह, चौल, मुण्डन संस्कार तथा व्रतबन्ध आदि एवं देवताओं की प्रतिष्ठा आदि कार्यों को नहीं करना चाहिए।

प्रागुद्गतोऽहस्त्रितयं शिशुः स्याद्वृद्धो दशाहं दिशि तत्र शुक्रः।
पश्चाद्दशाहं शिशुरत्र वृद्धः पञ्चाहमार्योभयतस्तु पक्षम्।।१२।।

मञ्जुमती टीका : पूर्व दिशा में शुक्र का उदय होने पर तीन दिन तक बालत्व दोष और दस दिन तक वृद्धत्व दोष रहता है और पश्चिम दिशा में दस दिन तक बालत्व दोष तथा पांच दिन तक वृद्धत्व दोष रहता है। किन्तु आर्यों ने पन्द्रह-पन्द्रह दिन तक बालत्व एवं वृद्धत्व बताया है।

वृद्धत्वमिन्दोस्त्रिदिनं दिनार्द्धं बालत्वमस्तत्वमहर्द्वयं च।
अस्ते विधौ मृत्युमुपैति कन्या बालेऽन्यसक्ता विधवा च वृद्धे।।१३।।

मञ्जुमती टीका : चन्द्रमा का तीन दिन वृद्धत्व, आधा दिन बालत्व और दो दिन तक अस्तकाल होता है। चन्द्रमा के अस्तत्व में शादी होने पर कन्या की मृत्यु, बालत्व में परपुरुष से प्रेम और चन्द्रमा के वृद्धत्व में वैधव्यता होती है।

येनोक्तमेकं दिवसं शिशुत्वमित्येतदिन्दोस्तदयुक्तमत्र।
महत्वशीघ्रत्वसुधामयत्वाद्दिनार्द्धमित्यब्जजनिष्ठितत्वात्।।१४।।

मञ्जुमती टीका : जिन लोगों के द्वारा चन्द्रमा का बालत्व दोष एक दिन के लिए कहा गया है, यहां उनका कथन ठीक नहीं है क्योंकि चन्द्रमा की

महत्ता, शीघ्रता और अमृतमयता सूर्य में प्रतिष्ठित होने के कारण दिन के आधे भाग में ही प्राप्त हो जाते हैं।

स्वजन्ममासर्क्षतिथिक्षयेषु वैनाशिकाद्व्यृक्षगणेषु भेषु।
नोद्वाहमात्माभ्युदयाभिलाषी नैवाद्यगर्भं द्वितयं कदाचित्।।१५।।

मञ्जुमती टीका : अपने जन्म मास, जन्म नक्षत्र एवं तिथि क्षयों में, वैनाशिक आदि दो नक्षत्रों में, अपनी उन्नति का अभिलाषी व्यक्ति न तो विवाह करें और न ही तीन ज्येष्ठ में कभी भी विवाह करें।

दंपत्योर्जन्मभे चैक्ये राशौ च निधनं तयोः।
एकस्य च तथोद्वाहे किंचिद्भेदेऽपि वा न च।।१६।।

मञ्जुमती टीका : यदि दम्पति का एक ही जन्म नक्षत्र हो और एक ही राशि हो और इसी प्रकार चरम आदि भेद न हो तो दोनों का एक साथ विवाह दोंनों के लिए मृत्युदायक हो जाता है।

ज्येष्ठे मासे ज्येष्ठयोर्वा नृनार्योर्नैवोद्वाहो नोपरागाद्भुतेषु।
सर्वग्रासे सप्तरात्रं तदर्द्धं खण्डे त्याज्यं चाद्भुते सप्तरात्रम्।।१७।।

मञ्जुमती टीका : ज्येष्ठ मास में यदि पुरुष और स्त्री दोनों अपने माता-पिता की ज्येष्ठ सन्तान हों तो विवाह नहीं करना चाहिए। और विचित्र ग्रहण होने पर अथवा सर्वग्रास ग्रहण होने पर सात रात्रि पर्यन्त तक तथा खण्ड ग्रास होने पर साढ़े तीन तथा अद्भुत उत्पाद आदि होने पर सात रात्रि तक विवाह आदि कार्य नहीं करना चाहिए।

ग्रस्तोदये चोर्द्धमनिष्टमादौ ग्रस्तास्तमानेऽप्युडुमासषट्कम्।
नाड्यश्चतस्त्रस्तिथिऋक्षयोगे सन्धिर्द्विपादं करणस्य सन्धिः।।१८।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य चन्द्रग्रहण के ग्रस्तोदय होने पर सर्वप्रथम आधा अनिष्ट कहा गया है। लेकिन ग्रस्त ग्रहण अस्त हो जाने पर छः मास पर्यन्त दोष कहा गया है। तिथि, नक्षत्र, योग आदि में सन्धि होने पर चार घटी तथा करण की सन्धि में दो चरण पर्यन्त दोष कहा गया है।

पक्षोऽब्दसन्धिस्त्रिदिनं च माससन्धिस्त्रिनाड्योभयसंध्ययोश्च।
सवैधृता विष्टिरथाष्टमेन्दुः स पापयोगः परिघार्द्धमाद्यम्।।१९।।

मञ्जुमती टीका : पक्ष, वर्षएवं मास की सन्धि में तीन दिन तक तथा दोनों संध्याओं की सन्धि में तीन घटी तक वैधृति योग और वृष्टि तथा अष्टम चन्द्रमा तथा परिघ का आधा भाग पाप योग कहा गया है।

तिस्त्रोऽष्टकाश्चोक्तनिसर्गदोषाः सर्वत्र वर्ज्याः ख़लु मङ्गलेषु।
निमित्तसंयोगनिसर्गजानां मध्ये महादोषचयं ब्रवीमि।।२०।।

मञ्जुमती टीका : ऊपर कहे गये स्वाभाविक दोषों में तीन घटी पर्यन्त दोष प्रायः सभी मांलिक कार्यों में छोड़ देना चाहिए। निमित्त (शकुन), संयोग तथा स्वाभाविक होने वाले महादोष समूहों को कह रहा हूँ।

पञ्चाङ्गदोषो रविसंक्रमश्च ससंग्रहः कर्तरिकांशदोषौ।
चन्द्रोऽरिरिष्फाष्टमपापवर्गौ कुजोऽष्टमस्थो भृगुः षट्कसंस्थः।।२१।।

मञ्जुमती टीका : पचाङ्ग दोष, सूर्य की संक्रान्ति, ससंग्रह एवं कर्तरी दोष, अंश दोष, चन्द्रमा का छठें, बारहवे तथा आठवें तथा पापवर्ग में स्थित होने का दोष, मङ्गल का अष्टमस्थ दोष तथा शुक्र का छठें स्थान में स्थित होने का दोष।

गण्डान्तखार्जूरिकवारदोषविषाख्यनाड्योऽष्टमलग्नराशी।
तस्मिन्महादोषचयेऽपि कार्यं कृतं च तन्नाशमुपैत्यवश्यम्।।२२।।

मञ्जुमती टीका : गण्डान्त दोष, खर्जूरिक दोष, वार दोष, विषनाड़ी दोष, अष्टम लग्न एवं राशि दोष इन सभी दोषों को महादोषों का समूह कहा गया है। इनमें विवाह सम्बन्धी जो भी कार्य किए जाते हैं। उनका अवश्य ही नाश हो जाता है।

अकालवृष्टिः कुमुहूर्तदोषो महाव्यतीपातजवैधृतोत्थः।
लग्नास्तजाता ग्रहणर्क्षजाता पापर्क्षविद्धर्क्षसमुद्भवा ये।।२३।।

मञ्जुमती टीका : अकाल वृष्टि, कुमुहूर्त दोष, महाव्यतिपात से उत्पन्न दोष, वैधृति से उत्पन्न दोष, लग्न के अस्त हो जाने का दोष, ग्रहण नक्षत्र से उत्पन्न दोष, पापग्रहों से विद्ध नक्षत्र से जो दोष हैं।

उत्पातभोल्कामहदाख्यदोषाः सर्वेषु देशेषु सदा विवर्ज्याः।
एकोत्तरा विंशतिरत्र दोषाः स्वसंहितायां च पितामहेन।।२४।।

मञ्जुमती टीका : उत्पात दोष, नक्षत्र दोष, उल्का तथा महद आदि दोष सभी देशों में सदा त्याज्य हैं। यहां इक्कीस दोषों को पितामह ने अपने संहिता में कहा है।

उपग्रहोलत्तभयातितर्क्षे शुभग्रहैर्विद्धविदूषितं यत्।
विरुद्धयोगेषु विरुद्धनाड्यो द्युराशयश्च ग्रहजन्मधिष्ण्यम्।।२५।।

मञ्जुमती टीका : उपग्रह दोष, लत्ता दोष, भय, अति नक्षत्र उपग्रह से विद्ध और दूषित तथा विरूद्ध योगों में, विरूद्ध नाड़ी में द्विराशि और ग्रहजन्म नक्षत्र।

या मासदग्धास्तिथयो विलग्नान्यन्धानि शून्यानि च वाधिराणि।
द्युदग्धलग्नानि सपङ्ककाणज्वालामुखोद्वंधनमासतिथ्यः।।२६।।

मञ्जुमती टीका : मासदग्ध तिथि, लग्न से अन्य अन्ध, शून्य, वधिर, द्युदग्ध लग्न, अङ्क, काण, ज्वालामुख, बन्धन, मास आदि तिथियां।

प्रत्यर्कनीहारमहेन्द्रचापविद्युत्वता भूभ्रमणाभ्रदोषाः।
मरुत्प्रचारः परिवेषकम्पः प्रतीन्दुवैवर्णमथेन्दुभान्वोः।।२७।।

मञ्जुमती टीका : प्रत्यर्क, निहार, महेन्द्र, चाप, विद्युत, भूभ्रमण, अभ्रदोष, मरुत्प्रचार, परिवेष, कम्प, प्रतीन्दु, वैवर्ण तथा सूर्य चन्द्रमा दोष।

द्युवारवारर्क्षजमृत्युघातहालाहलोत्था तु महानलाद्याः।
एतेऽल्पदोषाः क्रमशस्तथैषां देशव्यवस्था क्रियते सुसम्यक्।।२८।।

मञ्जुमती टीका : द्विवार दोष तथा वार नक्षत्र से उत्पन्न दोष, मृत्यु, घात तथा हालाहल से उत्पन्न दोष तथा महानल आदि दोष क्रमशः ये अल्पदोष कहे गये हैं इसलिए इनको देश व्यवस्था के अनुसार कहा जा रहा है।

उपग्रहर्क्षं कुरुबाह्लिकेषु कलिंगवङ्गेषु च पातितं भम्।
सौराष्ट्रशाल्वेषु च लत्तितं भं देशेषु वर्ज्यं शुभविद्धभं च।।२९।।

मञ्जुमती टीका : उपग्रहनक्षत्रदोष पूर्व और बाह्लीकदेश में तथा कलिङ्ग और बङ्ग देश में पातनक्षत्रदोष सौराष्ट्र और साल्व स्थानों में लत्तानक्षत्रदोष तथा सम्पूर्ण देशों में शुभ अशुभ ग्रहों द्वारा विद्ध नक्षत्र दोषों को जानना चाहिए।

निषिद्धयोगद्युनराशिजाता निषिद्धनाड्यो ग्रहजन्मभं च।
निशासु वारप्रभवादिदोषास्त्याज्याः सदा कौङ्कणसंज्ञदेशे।।३०।।

मञ्जुमती टीका : निषिद्ध योग नक्षत्र एवं राशि से उत्पन्न, निषिद्ध नाड़ी ग्रह जन्म नक्षत्र से उत्पन्न तथा रात्रि के समय से वार से उत्पन्न दोषों को कौंकण नामक देश में सदा त्याग देना चाहिए।

ये मासदग्धादिदशैव दोषा विवर्जनीया खलु मध्यदेशे।
दुःखप्रदुर्दर्शनदुर्निमित्तं दुःशाकुनाद्यास्त्वपि यत्र तत्र।।३१।।

मञ्जुमती टीका : जो मास दग्ध आदि दस दोष हैं उनको मध्य देश में त्याग देना चाहिए। दुःख अथवा दुष्ट दर्शन आदि अपशकुन हैं ऐसे अपशकुनों का जहां-तहां त्याग करना चाहिए।

प्रत्यर्कपूर्वा दशपूर्वदोषास्त्याज्याः सदा मागधगौडयोश्च।
नानाभिधानास्तिथिवारजाता नक्षत्रवारप्रभवाश्च दोषाः।।३२।।

मञ्जुमती टीका : प्रत्यर्कपूर्वक दस पूर्व दोषों को सदैव मगध एवं गौड़ देशो में त्याग देना चाहिए। और जो अनेक नाम वाले तिथि वार से उत्पन्न तथा नक्षत्र वार से उत्पन्न दोष हैं।

ते हूणवङ्गाङ्गखशेषु वर्ज्याः शेषेषु देशेषु न ते निषिद्धाः।
तस्मात्तु तेष्वेव विवर्जितास्ते देशेषु चान्येषु न दोषदाः स्युः।।३३।।

मञ्जुमती टीका : उन दोषों को हूण, बङ्ग, अङ्ग तथा खस देशों में त्यागना चाहिए। शेष देशों में वे निषिद्ध नहीं हैं। इसलिए उन-उन देशों में इन दोषों को त्यागना चाहिए। जबकि अन्य देशों में ये दोष देने वाले नहीं होते।

कृत्वाधुनैषां विषयव्यवस्थां तान्पूर्वशास्त्रानुसारेण सम्यक्।
ततो महादोषनिरूपणं च फलं तथा विस्तरतोऽभिधास्ये।।३४।।

मञ्जुमती टीका : इस समय इन दोषों को देश काल की व्यवस्था के अनुसार करके पूर्व शास्त्र के अनुसार ठीक करके पुनः महादोषों के निरूपण तथा फलों को विस्तार से कहूँगा।

क्रमशस्तिथिवारर्क्ष योगतिथ्यर्द्धसंज्ञकम्।
तत्पञ्चाङ्गमिति प्रोक्तं पुण्यमर्केन्दुसम्भवाः।।३५।।

मञ्जुमती टीका : क्रमशः तिथि, वार, नक्षत्र, योग, करण संज्ञा को पचाङ्ग कहा गया है। यह पचाङ्ग सूर्य एवं चन्द्रमा से उत्पन्न हुआ है।

पञ्चाङ्गसंज्ञात्प्रभवः सदोषस्तस्मिन्कृतं मङ्गलसञ्चयं यत्।
दहत्यमोघं निखिलं च यद्वद्दावानलो विस्तृतकाननं यत्।।३६।।

मञ्जुमती टीका : पचाङ्ग नाम से उत्पन्न दोष और उसमें कल्याणकारी वस्तुओं का सञ्चय सम्पूर्ण रूप से उसी प्रकार से जला देता है जैसे बहुत बड़ें जङ्गल को दावाग्नि।

विषुवतोऽयनतोऽपि दिनत्रयं हरिपदे षडशीतिमुखेषु च।
पूर्वतोऽपि परतोऽपि संक्रमान्नाडिकाश्च खलु षोडश षोडश।।३७।।

मञ्जुमती टीका : विषुव तथा अयन में भी तीन दिन विष्णुपदी और संक्रान्ति में पहले और बाद में भी सोलह-सोलह घटी संक्रमण काल रहता है।

संक्रान्तिदोषे त्वचिरात्कृतं यदुद्वाहपूर्वाखिलमङ्गलौघम्।
लाक्षासमूहं ज्वलिताग्निमध्ये विलीयते यद्वदशेषकोटिः।।३८।।

मञ्जुमती टीका : जो विवाह आदि समस्त माङ्गलिक कृत्य हैं उन्हें संक्रान्ति दोष में किया गया कार्य वैसे ही नष्ट कर देता है जैसे सम्पूर्ण करोड़ों लाह के समूह जलती हुई अग्नि के मध्य में नष्ट हो जाते हैं।

यदा यत्र प्रवेशः स्यात्तदा तद्राशिसंक्रमः।
तस्मिन्नपि तदा त्याज्या नाड्यः षोडश षोडश।।३९।।

इति संक्रान्तिः।

मञ्जुमती टीका : जब जहाँ सूर्य का प्रवेश होता हैं वहाँ तब राशि का संक्रमण काल जानना चाहिए। उसमे भी सोलह-सोलह नाड़ियों को आगे एवं पीछे सदा त्याग देना चाहिए।

आदित्यभूमिपुत्राद्यैः संयुक्तश्चन्द्रमा यदा।
सग्रहाख्यो महादोषो हालाहलविषोपमः।।४०।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य एवं मङ्गल आदि से जब चन्द्रमा युक्त हो जाता है तो वह सग्रह नामक दोष हलाहल विष के समान होता है।

यः पापखेटोद्भवसग्रहाख्यो दोषः स लग्नोत्थगुणान्समस्तान्।
निहन्ति मत्तेभगणाननेकानेकोऽपि सिंहः प्रबलश्च यद्वत्।।४१।।

मञ्जुमती टीका : जो पापग्रहों से उत्पन्न सग्रह नामक दोष है और वह लग्न से उत्पन्न समस्त दोषों को वैसे ही नष्ट कर देता है जैसे अनेको मदमस्त हाथियों के समूह को अकेले प्रबल सिंह नष्ट कर देता है।

दारिद्र्यं रविणा कुजेन मरणं सौम्येन न स्युः प्रजाः।
दौर्भाग्यं गुरुणा सितेन सहिते चन्द्रे ससापत्न्यकम्।
प्रव्रज्यार्कसुतेन सेन्दुजगुरौ वाच्छन्ति केचिच्छुभम्।
व्याध्यैर्मृत्युरसद्ग्रहैः शशियुतैर्दीर्घः प्रयासः शुभैः।।४२।।

मञ्जुमती टीका : चन्द्रमा, सूर्य के साथ होने पर दरिद्रता, भौम से मृत्यु, बुध से नष्ट सन्तान वाला, गुरु से भाग्यहीनता, शुक्र से सौतेला भाव या शत्रुता, शनि से चन्द्रमा का योग होने पर सन्यास होता है। किसी-किसी के मत में बुध, या गुरु से युक्त होने पर शुभ माना गया है। पापग्रह से युत चन्द्रमा के होने पर व्याधि (रोग) और मृत्यु तथा शुभ ग्रह के साथ में लम्बा प्रवास लेता है।

लग्नेऽस्य पृष्ठाग्रगयोरसाध्वोः सा कर्त्तरी स्यादृजुवक्रगत्योः।
तावेव शीघ्रं यदि वक्रचारौ न कर्त्तरीचेति पितामहोक्तिः।।४३।।

मञ्जुमती टीका : विवाह लग्न से पीछे व आगे अर्थात् बारहवें व दूसरे में मार्गी वक्री ग्रह होने पर कर्तरी दोष होता है। तथा दूसरे, बारहवें में शीघ्रगामी या वक्री ग्रह होने पर कर्तरी दोष नहीं होता हैं। ऐसा पितामह ने कहा है।

यः कर्तरी नाम महान् हि दोषो लग्नोद्भवानेकशुभग्रहोत्थान्।
गुणान्निहन्ति प्रबलानशेषान्व्याघ्रो यथा गोसमितिं समस्ताम्।।४४।।

मञ्जुमती टीका : जो कर्तरी नामक बड़ा दोष है। वह लग्न से उत्पन्न तथा शुभ ग्रहों से उत्पन्न सम्पूर्ण गुणों को वैसे ही नष्ट कर देता है जैसे एक प्रबल बाघ सम्पूर्ण गायों के समूह को नष्ट कर देता है।

क्रूरग्रहमध्यगते लग्ने चन्द्रेऽथवा करग्रहणम्।
ते यमसदनाभिमुखं गमनं चेच्छन्ति कन्यायाः।।४५।।

मञ्जुमती टीका : क्रूर ग्रहों के मध्य में यदि लग्न अथवा चन्द्रमा स्थित हो तो उसमें यदि विवाह होता है तो कन्या को चाहने वाला वर यमलोक की ओर गमन करता है अर्थात् उसकी मृत्यु हो जाती है।

पापयोः कर्त्तरीकर्त्रोर्नीचशत्रुगृहस्थयोः।
यदा चास्तगयोर्वापि कर्त्तरी नैव दोषदा।।४६।।

मञ्जुमती टीका : पापग्रहों से ही कर्तरी कर्त्ता को नीच और शत्रु के घर में स्थित कर्त्ता को नष्ट कर देती है। किन्तु जब ग्रह अस्त हो गये हों तो कर्तरी दोष देने वाली नहीं होती।

लग्नादिसर्वे खलु राशयश्च शुभेक्षिताश्चाथ युताः शुभाः स्युः।
नवांशकास्तौलिनृयुग्मवत्यश्चापार्द्धभागः शुभदो न चान्ये।।४७।।

मञ्जुमती टीका : सभी लग्न आदि तथा सभी राशियां शुभ ग्रहों से देखें जाने पर अथवा सभी ग्रहों से युत होने पर शुभ हो जाती है। तुला, मिथुन एवं धनु का पूर्वार्द्धभाग का नवांश विवाह में शुभद होता हैं, अन्य कार्यों में नहीं।

द्विभर्तृका मेषनवांशके स्याद्वृषांशके स्यात्पशुशीलयुक्ता।
धनान्विता पुत्रवती तृतीये कुलीरकांशे कुलटाप्यजस्रम्।।४८।।

मञ्जुमती टीका : मेष के नवांश में विवाह होने पर कन्या दो पतियों वाली, वृष के नवांश में पशुवत आचरण करने वाली, मिथुन के नवांश में धनवती और पुत्रवती जबकि कर्क के नवांश में निरन्तर कुलटा होती है।

सिंहांशके सा पितृमन्दिरस्था कन्यांशके वित्तयुता सुशीला।
तुलांशके सर्वगुणास्पदा सा कीटांशके निःस्वतरा विशीला।।४९।।

मञ्जुमती टीका : सिंह के नवांश में वह कन्या पिता के घर में रहने

वाली, कन्या राशि के नवांश में विवाह होने पर धनी एवं सुशीला होती हैं, तुला के नवांश में सम्पूर्ण गुणों से युक्त होती हैं जबकि वृश्चिक के नवांश में निर्धन एवं शीलरहित होती है।

चापांशकाद्ये धनिनी द्वितीये भागेऽन्यसक्ता मलिनी गदाढ्या।
निःस्वा मृगांशे विगुणा घटांशे विभर्तृका योगरता विशीर्णा।।५०।।

मञ्जुमती टीका : धनु के पूर्वार्द्ध नवांश में विवाह होने पर धनी तथा धनु के उत्तरार्द्ध नवांश में विवाह होने पर दूसरे में आसक्त, मलिन और रोगिणी होती है जबकि मकर के नवांश में निर्धन एवं गुणरहित होती हैं तथा कुम्भ के नवांश में स्वामीरहित, योग में लगी हुई तथा जरारहित होती है।

मीनांशके भर्तृसुतार्थहीना शुभग्रहैर्युक्तनिरीक्षितेऽपि।
तस्मात्सदैवोक्तनवांशकेषु कुर्याद्विवाहं गुणसंप्रवृद्ध्यै।।५१।।

मञ्जुमती टीका : शुभग्रहों से युक्त देखे जाने पर भी मीन मीन राशि के नवांश में विवाह होन पर कन्या पति, पुत्र तथा धन से हीन होती है। इसलिए सदैव उक्त नवांशों में गुणों की वृद्धि के लिए विवाह करना चाहिए।

अन्त्यांशकश्चेद्विशुभांशकानां मध्ये य एको न शुभप्रदः सः।
स एव वर्गोत्तमसंज्ञितश्चेच्छुभप्रदश्चाखिलमङ्गलेषु।।५२।।

मञ्जुमती टीका : यदि अन्तिम नवांश हो अथवा द्विस्वभाव राशि का नवांश हो तो इनके मध्य में विवाह होने पर वह शुभप्रद नहीं रह जाता। वही वर्गोत्तम संज्ञा में होने पर सर्वोत्तम सुखदायी हो जाता है।

वर्गोत्तमं विनान्त्यांशो विवाहे न शुभप्रदः।
वर्गोत्तमश्चेदंत्यांशः पुत्रपौत्राभिवृद्धिदः।।५३।।

मञ्जुमती टीका : वर्गोत्तम नवांश के बिना विवाह में अन्तिम नवांश त्याज्य होता है। और यदि अन्तिम नवांश वर्गोत्तम का हो तो विवाह करने पर पुत्र, पौत्र आदि की वृद्धि होती है।

नवांशदोषः सकलं गुणौघं लग्नोत्थसौम्यग्रहसम्भवं च।
दत्तं निहन्तीव वृकोऽजसंघं षट्वर्गजं सौम्यवियच्चराणाम्।।५४।।

मञ्जुमती टीका : नवांश दोष सम्पूर्ण गुण समूहों को लग्न से उत्पन्न और शुभग्रहों से उत्पन्न भले ही वे लग्न से उत्पन्न अथवा सौम्य ग्रहों से सम्भव हुए हो उन्हें वैसे नष्ट कर देता जैसे बकरियों के समूह को भेड़िया नष्ट कर देता है। ऐसे षडवर्ग से उत्पन्न सौम्य ग्रहों का।

विधोस्तु षष्ठाष्टमरिष्फदोषः करोति नाशं विविधं गुणौघम्।
लग्नांशसौम्यग्रहजं च तद्वत्सुरालवः पावनपञ्चगव्यम्।।५५।।

मञ्जुमती टीका : चन्द्रमा छठें, आठवें, बारहवें दोष करने वाला होता है। वह भी अनेक गुण समूहों को नष्ट कर देता है। वह लग्नांश और शुभ ग्रहों से उत्पन्न गुणों को वैसे नष्ट करता है जैसे पवित्रपञ्चद्रव्य को मदिरा की एक बूँद।

षष्ठाष्टमद्वादशके शशाङ्के स्थिते ग्रहा वर्द्धयितुं न शेकुः।
विवाहमुत्सन्नजनित्रिमुच्चैर्वत्सं यथा वत्सलवत्सकीयम्।।५६।।

मञ्जुमती टीका : छठें, आठवें और बारहवें का चन्द्रमा अपने तीन उच्च स्थानों में स्थित ग्रहों के कारण ठीक उस प्रकार विवाह में दोष उत्पन्न नहीं करता जैसे वात्सल्य प्रेम में गौ अपने बछड़े को प्रेम करती है।

यः पापषड्वर्गमहान्स दोषः पञ्चाङ्गसौम्यग्रहलग्नजातम्।
गुणौघमम्भोधिममोघबाणः शुष्यत्यशेषं त्विव राघवस्य।।५७।।

मञ्जुमती टीका : जो पाप षडवर्ग में स्थित ग्रह हैं वे महादोष करने वाले हैं वे सभीं पचाङ्ग तथा शुभग्रह एवं लग्न से उत्पन्न गुण समूहों को वैसे ही नष्ट कर देते हैं जैसे भगवान् राम का अमोघ बाण समुद्र को सुखा देता है।

पापषड्वर्गजो दोषो सकलं गुणसञ्चयम्।
हन्ति यद्वदघानीक हरिरित्यक्षरद्वयम्।।५८।।

मञ्जुमती टीका : पाप षडवर्ग से उत्पन्न दोष सम्पूर्ण गुण समूहों को वैसे ही नष्ट कर देते हैं। जैसे भगवान् कृष्ण के हरि ये दो अक्षर सम्पूर्ण पाप समूहों को नष्ट कर देते हैं।

लग्नस्थभौमाष्टमसंस्थदोषो निहन्ति तत्सर्वगुणान्विशिष्टान्।
यथाऽनृतं धर्मचयानशेषानतः परं किं च वधूवरौ च।।५९।।

मञ्जुमती टीका : लग्न में स्थित तथा लग्न से आठवें मङ्गल के होने का दोष सम्पूर्ण विशिष्ट गुण समूहों को वैसे ही नष्ट कर देता है। जैसे झूठ सम्पूर्ण धर्म समुदाय को नष्ट कर देता है। अत: इसके पश्चात् वर-वधू के लिए क्या कहना।

लग्नात्कुजाष्टमो दोषो नाशयत्यखिलान्गुणान्।
यथा लग्नांशसम्भूतान्कलुषं धर्मसञ्चयम्।।६०।।

मञ्जुमती टीका : लग्न से आठवें मङ्गल दोष सम्पूर्ण गुण समूहों का नाश कर देता है। जैसे लग्न के अंश से उत्पन्न पाप धर्म समूह को नष्ट कर देता है।

तनुजातान्गुणनिचयान्निहन्ति भौमाष्टदोष: स:।
दंपत्योरपि मरणं करोति यद्वत्पराङ्गनायोग:।।६१।।

मञ्जुमती टीका : शरीर से उत्पन्न गुण समूहों को अष्टम मङ्गल जन्य दोष नष्ट कर देता है तथा वह दम्पत्ति की मृत्यु का कारण भी बनता है। अथवा दूसरी स्त्री का भी योग बनता है।

विलग्नराशेर्भृगुषट्कदोष: करोति नाशं विविधान्गुणौघान्।
आधि: क्रमाद्यद्वदशेषधातून् मित्राधिमित्रग्रहजानशेषान्।।६२।।

मञ्जुमती टीका : लग्न और राशि से छठें शुक्र का दोष संम्पूर्ण गुण समूहों को वैसे ही नष्ट कर देता है। जैसे मानसिक व्याधि के वशीभूत होकर सम्पूर्ण धातुएँ नष्ट हो जाती है। ऐसे मित्र अधिमित्र ग्रहों से उत्पन्न सम्पूर्ण गुणों को नष्ट कर देता है।

भृगुषट्काख्यो दोषो वरवध्वोर्द्राग्वियोगकृन्नूनम्।
कन्यां विवाहितां तां भर्तृघ्नीं वा करोत्यचिरात्।।६३।।

मञ्जुमती टीका : भृगु षट्क (छठें शुक्र का) दोष वर-वधू का निश्चित ही वियोग करा देता है। विवाहिता कन्या शीघ्र ही स्वामी को मार देती है।

यदन्तरालं पितृसार्पधिष्ण्ये मूलेन्द्रयोरश्विनपौष्णयोश्च।
भसन्धिगण्डान्तमिति द्वयं तन्नाड्य: प्रमाणं शुभकर्म हन्ति।।६४।।

मञ्जुमती टीका : मघा एवं श्लेषा नक्षत्रों के मध्य, मूल एवं ज्येष्ठा के मध्य तथा अश्विनी एवं रेवती के मध्य को नक्षत्र सन्धि या नक्षत्र गण्डान्त संज्ञा दी गयी है। ये दो घटी पर्यन्त प्रमाण है तथा ये सम्पूर्ण शुभकर्मों को नष्ट कर देता है।

अहिवासवपौष्णानामंत्ययामार्द्धमृक्षसन्धिः स्यात्।
पितृमूलाश्विभानामादौ यामार्द्धमृक्षगण्डान्तम्।।६५।।

मञ्जुमती टीका : श्लेषा, धनिष्ठा, रेवती इनका अन्तभाग यामार्द्ध तथा नक्षत्र सन्धि के नाम से कहा गया है। मघा, मूल, अश्विनी नक्षत्रों के आदि का भाग यामार्द्ध ऋक्षगण्डान्त कहा जाता है।

पुनः पुनः पञ्चमषष्ठतिथ्योर्यदन्तरालं प्रहरार्द्धकालः।
तल्लग्नजातं गुणसञ्चयं यत्क्ष्वेडं यथा हन्ति नरं हि नूनम्।।६६।।

मञ्जुगती टीका : बार-बार पञ्चमी एवं षष्ठी तिथियों का जो मध्य भाग है इसे प्रहरार्द्ध कहा गया है यह लग्न से उत्पन्न सम्पूर्ण गुण समूह को वैसे नष्ट कर देता है जैसे ईख के डण्डे को मनुष्य निश्चित ही नष्ट कर देते हैं।

लग्नान्तरालं घटिकार्द्धमेतत्कुलीरहर्योरलिचापयोश्च।
मीनाजयोः सर्वगुणान्निहन्ति लोभो यथा सर्वगुणान्नरस्य।।६७।।

मञ्जुमती टीका : लग्नों के मध्य को घटिकार्द्ध कहा गया है यह कर्क एवं सिंह तथा वृश्चिक एवं धनु और मीन एवं मेष के मध्य में होता है। यह सम्पूर्ण गुणों को वैसे ही नष्ट कर देता है। जैसे लोभ मनुष्य के सारे गुणों को नष्ट कर देता है।

खर्जूरचक्रस्य समांघ्रिदोषो विलग्नसम्भूतगुणानशेषान्।
शुभग्रहोत्थानपि तान्निहन्ति दारिद्र्यमेकं गुणसंहतिं यत्।।६८।।

मञ्जुमती टीका : खरजूर चक्र का समांघ्र दोष लग्न से उत्पन्न सम्पूर्ण गुणों को तथा शुभग्रहों से उत्पन्न गुणों को वैसे ही नष्ट कर देते हैं जैसे अकेली दरिद्रता सम्पूर्ण गुण समुदाय को नष्ट कर देती है।

पादेन पादं विनिहन्ति तस्य राशेर्विनांशं हि नवांशकेन।
ग्रहोऽपि पादेन न कृत्स्नधिष्ण्यं नवांशकेनापि न कृत्स्नधिष्ण्यम्।।६९।।

मञ्जुमती टीका : चरण के द्वारा चरण दोष नष्ट हो जाता है। तथा उसकी राशि का विनाश नवांश के द्वारा हो जाता है। ग्रह भी पात के द्वारा सम्पूर्ण नक्षत्रों के और नवांश के सम्पूर्ण नक्षत्र दोषों को नष्ट नहीं करता।

न सर्वराशेरुदयो विलग्नं वेधो न सर्वर्क्षभवः कदाचित्।
इष्टांशकं लग्नमुशंति तज्ज्ञा विरुद्धपादा अपि भस्य शस्ताः।।७०।।

मञ्जुमती टीका : सम्पूर्ण राशियों का उदय, लग्न का वेध कभी भी सभी नक्षत्रों के गुणों को नष्ट नहीं करता। इष्ट नवांश लग्न से उत्पन्न हुए विरूद्ध चरण ही नक्षत्र के प्रशस्त्र कहे गये हैं।

पादेन दूष्यं सकलं च धिष्ण्यं चेद्धिष्ण्यदोषाद्भगणं च कृत्स्नम्।
गणस्य दोषात्सकलं च दूष्यमतिप्रसङ्गस्थितपाद एव।।७१।।

मञ्जुमती टीका : चरण के दूषित होने पर सम्पूर्ण नक्षत्र और नक्षत्र दोष से सम्पूर्ण भगण तथा गण का दोष सम्पूर्ण को दूषित कर देता है। इसलिए अतिप्रसङ्ग होने से स्थित चरण का ही मानना चाहिए।

विषप्रदग्धेन हतस्य पत्रिणा मृगस्य मांसं शुभदं क्षतादृते।
तथैव पादो न शुभोऽवशिष्टाः पादाः शुभाश्चेति पितामहेन।।७२।।

मञ्जुमती टीका : जैसे विष (जहर) मिश्रित बाण से हत हिरन का क्षत स्थान से भिन्न मांस शुभदायक होता हैं वैसे ही ग्रह से विद्ध नक्षत्र का चरण ही अशुभ होता है और अन्य चरण शुभ होते हैं। यह पितामह के द्वारा कहा गया है।

अतोऽन्त्यपादमादिगो द्वितीयगस्तृतीयगम्।
तृतीयगो द्वितीयकं चतुर्थगस्तु चादिमम्।।७३।।

मञ्जुमती टीका : अतः अन्त्यपाद आदि में गये हुए तथा द्वितीय चरण का तृतीय चरण से तृतीय का द्वितीय चरण से और चतुर्थ का प्रथम चरण से वेध होता है।

भिनत्ति वेधकृद्ग्रहो न चान्यपादमादरात्।
असम्भवाच्छशीनयोर्दृशोः समत्वमत्र वै।।७४।।

मञ्जुमती टीका : वेधकृत ग्रह अन्यपादों से वेधित नहीं होते। इन चरणों से दृश्य चन्द्रमा के कारण असम्भव होने पर यहाँ निश्चित ही समत्व जानना चाहिए।

पाद एव न शुभः शुभग्रहैर्विद्ध इत्यखिलशास्त्रमतं हि।
क्रूरविद्धमशुभं न शोभनं शोभनेषु सकलं न पादतः।।७५।।

मञ्जुमती टीका : शुभग्रह से विद्ध चरण शुभ नहीं होता है ऐसा समस्त शास्त्रों के मत में है और पापग्रह से विद्ध व पापग्रह से युक्त नक्षत्र माङ्गलिक कार्य के लिए समस्त शुभ नहीं होता, न कि चरण अशुभ होता है।

खार्जूरं यमघंटकश्च कुलिकश्चेत्येव वारोद्भवा।
दोषा लग्नतदंशसौम्यखचरप्रोद्भूतसर्वान्गुणान्।
निघ्नन्त्येव यथा शरीरमखिलं दोषत्रयः प्रोत्कटा-।
श्चान्योऽन्यागुणसञ्चयानपि महान्यामार्द्धतुल्याः पृथक्।।७६।।

मञ्जुमती टीका : खार्जूर, यमघंटक, कुलिक तथा वार से उत्पन्न दोष लग्नदोष, अंश दोष, सम्पूर्ण शुभगुणों को वैसे नष्ट कर देते हैं जैसे सम्पूर्ण शरीर को कफ, वात, पित्त नामक तीन दोष उत्कट होने पर नष्ट कर देते हैं परस्पर गुणों का समूह भी यामार्द्ध के सदृश अलग होता है।

निधनं प्रहरार्द्धे तु निःसत्वं यमघंटके।
कुलिके सर्वनाशः स्याद्रात्रावेते न दोषदाः।।७७।।

इति वारदोषाः।।

मञ्जुमती टीका : प्रहरार्द्ध में निधन, यमघण्ट में निर्धनता, कुलिक में सर्वनाश होता हैं लेकिन रात्रि के समय में ये दोष नहीं देते।

खाक्षा ६० जिना २४ व्योमगुणा ३० खवेदा ४०।
इन्द्राः १४ कुदस्त्राः २१ खगुणा ३० नखाश्च२०।
दन्ताः३२ खरामाः ३० खयमाः २० पुराणाः १८।
क्ष्माबाहवो २१ विंशति २० रब्धिचन्द्राः१४।।७८।।

मञ्जुमती टीका : साठ, चौबीस, तीस, चालीस, चौदह, इक्कीस, तीस, बीस, बत्तीस, तीस, बीस, अट्ठारह, इक्कीस, बीस तथा चौदह।

इन्द्रा १४ स्तु काष्ठा १० मनवः १४ षडक्षा ५६।
वेदाश्विनो २४ व्योमभुजा २० दशा १० ऽऽशाः १०।
नागेंदवो १८ भूपतयो १६ऽब्धिदस्त्रा२४।
व्योमाग्नयो ३० दस्त्रमुखर्क्षकाणाम्।।७९।।

मञ्जुमती टीका : चौदह, दस, चौदह, छप्पन, चौबीस, बीस, दस, दस, अट्ठारह, सोलह, चौबीस, तीस ये क्रमशः अश्विनी नक्षत्र के आरम्भ से।

आभ्यः परस्ताद्विषनाडिकाख्यास्त्याज्याश्चतस्त्रः खलु शोभनेषु।
विषाख्यनाडीषु कृतं शुभं यद्विनाशमायात्यचिराच्च सर्वे।।८०।।

मञ्जुमती टीका : नक्षत्रों के इन घटियों से ऊपर विषनाड़ी कही गयीं हैं। चार नाड़ी पर्यन्त सभी शुभ कार्यों में इनका त्याग करना चाहिए। विषनाड़ी में किए गये सभी शुभकर्मों का शीघ्र ही विनाश हो जाता है।

कुर्वन्ति नाशं विषनाडिकास्ता लग्नाश्रितानंशगणान्विशेषान्।
जन्तून्यथा कुष्ठभगन्दरार्शव्याघातशूलक्षयवातरोगाः।।८१।।

मञ्जुमती टीका : ये विषनाड़ियां लग्न से आश्रित अंश गणों को नष्ट कर देती हैं। जैसे कुष्ठ, भगन्दर, अस्त्र (बवासीर), व्याघात, शूल, क्षय तथा वातरोग प्राणियों को नष्ट कर देते हैं।

कुर्वंत्युद्वाहितां कन्यां विधवां वत्सरत्रयात्।
अन्यस्मिन्मङ्गले ताश्च निधनं वाऽथ निर्द्धनम्।।८२।।

इति विषनाडी।

मञ्जुमती टीका : ये विषनाड़ियां विवाहिता कन्या को तीन वर्ष के अन्दर विधवा कर देती हैं। और वे अन्य मङ्गल कार्यों में मृत्यु अथवा निर्धनता को देती हैं।

यस्यास्तु लग्ने तदधीश्वरे वा राशौ तदीशेऽथ विलग्नगे वा।
स मृत्युमाप्नोति तदा मनोजस्त्रिनेत्रभालाम्बकवह्निनेव।।८३।।

मञ्जुमती टीका : जिसके लग्न में लग्नेश हो अथवा राशि में राशीश हो अथवा राशीश लग्न में हो वह वैसे ही मृत्यु को प्राप्त करता है जैसे शङ्करजी के मस्तक के तृतीय नेत्राग्नि से कामदेव।

द्वादशं भवति जन्मलग्नतो लग्नमर्थहरमत्र योषिताम्।
अष्टमं पुनरतोऽपि मृत्यवे राशितोऽपि फलमेतदेव च।।८४।।

मञ्जुमती टीका : जन्म लग्न से बारहवाँ लग्न हो तो स्त्रियों का धन हरण करने वाला और अष्टम होने पर मृत्यु देने वाला होता है। इस फल को राशि के अनुसार (लग्नवत) जानना चाहिए।

जन्मोदयर्क्षान्निधने विलग्ने तदीश्वरेणोपगतेऽथवा स्यात्।
कृतो विवाहो भयमृत्युकारी त्रातुं विधाताऽपि न तां समर्थः।।८५।।

मञ्जुमती टीका : लग्न और नक्षत्र से लग्न से आठवें उसका स्वामी यदि स्थित हो तो इस योग में विवाह होने पर मृत्युकारी भय उत्पन्न हो जाता है। इससे विधाता भी रक्षा करने में समर्थ नही होते।

त्याज्यं तयोर्नैधनभं विलग्नं तदंशकं वाऽथ तदीश्वरं च।
तस्मात्स्वजन्मर्क्षनवांशयोश्च लग्नांशकौ नैधनगौ विवर्ज्यौ।।८६।।

मञ्जुमती टीका : वर-कन्या दोनों के लग्न से अष्टम नक्षत्र का, उसके नवांश अथवा स्वामी के दोष का त्याग करना चाहिए। उससे अपने जन्म नक्षत्र नवांश का, सदैव अष्टम स्थान में जाने पर त्याग करना चाहिए।

जन्मेशाष्टमलग्नेशौ मिथो मित्रे व्यवस्थितौ।
जन्मराश्यष्टमर्क्षोत्थदोषो नश्यति भावतः।।८७।।

इत्यष्टमलग्नराशिदोषाः।

मञ्जुमती टीका : जन्म लग्नेश अष्टम लग्नेश यदि परस्पर मित्र राशि में स्थित हो तब जन्म राशि अष्टम नक्षत्र से उत्पन्न दोष को स्वभावतः नष्ट कर देता है।

अकालवृष्टिः प्रभवः सदोषः करोति मृत्युं शुभकार्यकर्तुः।
त्रातुं यथा सर्वगुणास्त्वशक्तास्तं बन्धुवर्गा विषवह्निदग्धम्।।८८।।

मञ्जुमती टीका : द्वितीया, तृतीया, पञ्चमी, षष्ठी, दशमी तथा त्रयोदशी आदि तिथियां प्रशस्त कही गयी हैं। मध्य में द्वादशी एवं एकादशी तिथियां भी श्रेष्ठ हैं यदि चन्द्रमा अपने मित्र अथवा अपने उच्च राशि में स्थित हो।

त्यक्त्वा चतुर्थीमपि कृष्णपक्षे त्वाद्यं त्रिभागं शुभदं व्रते च।
शस्ता सितेज्येन्दुजवासरास्ते रवीन्दुवारौ खलु मध्यमौ तौ।।३६।।

मञ्जुमती टीका : कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को छोड़कर पहला उसका तीन भाग अर्थात् प्रतिपदा, द्वितीया एवं तृतीया तिथियां व्रतबन्ध में शुभ देने वाली होती हैं। शुक्र, गुरु एवं बुधवार में व्रतबन्ध प्रशस्त कहा गया है किन्तु रविवार एवं सोमवार को मध्यम फल देने वाला कहा गया है।

हस्तत्रये च श्रवणत्रये च धातृद्वये त्र्युत्तरमैत्रभेषु।
पौष्णद्वये चादितिभद्वये च शस्तं द्विजानां खलु मौंजिकर्म।।३७।।

मञ्जुमती टीका : हस्त से तीन अर्थात् हस्त, चित्रा, स्वाती, श्रवण से तीन अर्थात् श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा तथा रोहिणी से दो अर्थात् रोहिणी और मृगशिरा, तीनों उत्तरा, अनुराधा, रेवती, अश्विनी तथा पुनर्वसु एवं पुष्य नक्षत्रों में ब्राह्मणों के लिए उपनयन संस्कार श्रेष्ठ कहा गया है।

दिवसस्य त्रिभागे तु पूर्वाह्ने कर्म दैविकम्।
द्वितीये मानुषं कर्म तृतीये पैतृकं च तत्।।३८।।

मञ्जुमती टीका : दिन के तीन भाग में पूर्वाह्न में देवताओं से सम्बन्धित कर्म, दूसरे में मानुष कर्म तथा तीसरे में पैतृक कर्म श्रेष्ठ कहा गया है।

या चैत्रवैशाखसिततृतीया माघस्य सप्तम्यपि फाल्गुनस्य।
कृष्णद्वितीयोपनये प्रशस्ताः प्रोक्ता भरद्वाजमुनीन्द्रमुख्यैः।।३९।।

मञ्जुमती टीका : चैत्र और बैशाख के शुक्ल पक्ष की तृतीया, माघ शुक्ल पक्ष सप्तमी तथा फाल्गुन, कृष्ण पक्ष तृतीया में यज्ञोपवीत संस्कार सर्वथा शुभ होता है। यह भारद्वाज आदि श्रेष्ठ मुनियों ने कहा है।

लग्नादिसौम्यग्रहराशयो ये ग्रहा न पापग्रहराशयो ये।
ग्राह्याश्च तेऽपि प्रबलैश्च सौम्यैरधिष्ठिताश्चापि निरीक्षिता वा।।४०।।

दोषो महापात इति प्रसिद्धः स वैधृतो हन्ति वधूं वरं च।
तं रक्षितुं लग्नगुणा अशक्ताः स्वबान्धवास्तेऽशनिनोपघातम्।।९३।।

मञ्जुमती टीका : महापात नामक दोष अत्यन्त प्रसिद्ध है। वैधृति योग वर और वधू को नष्ट कर देते हैं। उनकी रक्षा करने में लग्न के गुण असमर्थ हैं। जैसे अपने बन्धु-बान्धव वज्र के गिरने से घायल की रक्षा नहीं कर पाते।

शास्त्रात्समानीतमहातिपातः सवैधृतो हन्ति वधूं वरं च।
त्रिसप्तवाराणि च जामदग्न्यो क्रोधोऽचिरात्क्षत्रकुलं समस्तम्।।९४।।

मञ्जुमती टीका : शास्त्र से समागत महातिपात वैधृति वरवधू का नाशक होता है। जैसे परशुराम जी के क्रोध से २१ बार भूमि क्षत्रियों से शून्य हुई थी।

लग्नास्तशुद्धिस्तु महान्सदोषः करोति मृत्युं वरकन्ययोश्च।
त्रातुं यथा लग्नगुणास्त्वशक्तास्तं बन्धुवर्गा इव सर्पदष्टम्।।९५।।

मञ्जुमती टीका : लग्न के अस्त होने की अशुद्धि महान दोषकारी है और इसमें विवाह होने पर वर-कन्या की मृत्यु हो जाती है। और लग्न के गुण उनकी रक्षा में वैसे असमर्थ हो जाते हैं। जैसे सांप के द्वारा डस लिए जाने पर अपने भाई-बन्धु रक्षा नहीं कर पाते।

इष्टोदयांशे निजपत्यदृष्टे वरस्य मृत्युस्तदसंयुते वा।
अस्तांशकेऽप्येवमदृष्टयुक्ते स्वस्वामिना नाशमुपैति कन्या।।९६।।

मञ्जुमती टीका : लग्न का नवांश यदि अपने पति से अदृष्ट हो तो वर की मृत्यु तथा अस्तांशक लग्न में अपने स्वामियों से अदृष्ट, अयुक्त हो तो कन्या की मृत्यु हो जाती है।

उदयांशः स्वनाथेन मित्रसौम्येन संयुतः।
प्रेक्षितो वा तथास्तांऽशो दंपत्योः पुत्रपौत्रदः।।९७।।

इति लग्नास्तशुद्धिः।

मञ्जुमती टीका : लग्न का अंश अपने स्वामी के द्वारा मित्र और शुभग्रह से युत होने पर अथवा उसके द्वारा देखे जाने पर तथा अस्तांश दम्पत्ति के लिए पुत्र और पौत्र को देने वाला होता है।

उत्पातभोपप्लवभोग्रखेटविद्धर्क्षतद्धं वरकन्ययोस्तु।
विनाशदं लग्नगुणास्त्वशक्तास्त्रातुं यथा पातकिनं स्वकीया:।।९८।।

मञ्जुमती टीका : उत्पात नक्षत्र, भूकम्प नक्षत्र, उग्र ग्रह से विद्ध नक्षत्र वर-कन्या के लिए विनाश देने वाले होते हैं। लग्न के गुण उसकी रक्षा करने में वैसे समर्थ नहीं होते जैसे अपनी रक्षा में पापी व्यक्ति समर्थ नहीं होता।

उत्पातभं ग्रहणभं क्रूरविद्धं स्थितं च भम्।
दहतीव शुभं कर्म राघवाग्निशरोम्बुधिम्।।९९।।

मञ्जुमती टीका : उत्पात नक्षत्र, ग्रहण नक्षत्र, क्रूर ग्रहों से विद्ध या स्थित नक्षत्र सारे शुभकर्मों को वैसे जला देते हैं जैसे भगवान् राम के अग्नि बाण से समुद्र।

लग्नं महादोषविदूषितं यन्न तद्गुणास्त्राणविधौ समर्था:।
राज्ञा धृतं तं पुरुषं च यद्वदन्ये जना बन्धुजनाश्च सर्वे।।१००।।

मञ्जुमती टीका : लग्न के महादोष से दूषित को उसके गुण रक्षा करने में वैसे ही समर्थ नहीं हैं जैसे राजा के द्वारा पकड़े गये अपराधी पुरुष की अन्य लोग तथा भाई-बन्धु लोग रक्षा नहीं कर पाते।

लग्नस्थजीवज्ञसितप्रयाता गुणा: परित्रातुमशेकुरेव।
लग्नं महादोषविदूषितं यद्भ्रष्टं द्विजं बन्धुजना यथैव।।१०१।।

मञ्जुमती टीका : लग्न में स्थित गुरु, बुध एवं शुक्र से आये हुए गुण लग्न के महादोष से युक्त दूषित लग्न की रक्षा करने में वैसे असमर्थ हैं। जैसे भ्रष्ट हुए ब्राह्मण को उसके भाई-बन्धु रक्षा नहीं कर पाते।

लग्नांशसौम्यग्रहवर्गजा ये गुणा: समर्था न च रक्षितुं तत्।
लग्नं महादोषविदूषितं यच्छूद्रार्थयज्ञा इव यायजूकम्।।१०२।।

मञ्जुमती टीका : लग्नांश के सौम्य ग्रहों के वर्ग से जो गुण हैं वे भी

महादोष से दूषित लग्न की रक्षा करने में वैसे समर्थ नहीं हैं जैसे शूद्र के निमित्त यज्ञ को आचार्य।

मित्राधिमित्रोच्चगृहांशजाता गुणास्त्वशक्ताः परिरक्षितुं यत्।
लग्नं महादोषविदूषितं यद्धर्मा यथाऽधर्मपरं द्विजेन्द्रम्।।१०३।।

मञ्जुमती टीका : मित्र, अधिमित्र, उच्च गृहांश से उत्पन्न गुण महादोष से दूषित लग्न को रक्षा करने में उसी प्रकार असमर्थ हैं जैसे अधर्म रत श्रेष्ठ ब्राह्मण की धर्म रक्षा नहीं कर पाता।

वर्गोत्तमांशोद्भवचन्द्रजाता गुणास्तदुर्द्धर्त्तुमिवासमर्थाः।
लग्नं महादोषविदूषितं यद्गुणा यथा निर्गुणिनं च सर्वे।।१०४।।

मञ्जुमती टीका : वर्गोत्मांश से उत्पन्न और चन्द्रमा से उत्पन्न गुण महादोष से दूषित लग्न का उसी प्रकार उद्धार करने में असमर्थ हैं जैसे सम्पूर्ण गुणरहित की गुण रक्षा नहीं कर पाते।

लग्नं महादोषविदूषितं यदवाप्य सौम्यग्रहकेन्द्रजाताः।
व्यर्था गुणाः पूर्णसुधाकरस्य करा जनानन्दकरा इवान्धम्।।१०५।।

मञ्जुमती टीका : शुभ ग्रह के केन्द्र में स्थित होने से उत्पन्न गुण महादोष से दूषित लग्न की रक्षा करने में वेसे असमर्थ हैं। जैसे अन्धे व्यक्ति के लिए पूर्ण चन्द्रमा के किरणों से उत्पन्न आनन्द व्यर्थ हो जाता है।

अवाप्य वंध्याः सुगुणास्तदन्धं लाभस्थखेटस्य गृहोच्चजाताः।
लग्नं महादोषविदूषितं यत्कटाक्षपाता इव सुन्दरीणाम्।।१०६।।

मञ्जुमती टीका : लाभ स्थान में स्थित ग्रहों के उच्च ग्रहों से उत्पन्न गुण महादोष से दूषित लग्न की रक्षा उसी प्रकार नहीं कर पाते जैसे सुन्दर गुणों से युक्त सुन्दरियों का कटाक्षपात अन्धे व्यक्ति को आकर्षित नही करता है।

धनत्रिकोणस्थशुभग्रहोत्थगुणा निरर्थास्तदवाप्य सर्वे।
लग्नं महादोषविदूषितं यद्विबीजिनं यद्वदपत्ययोगः।।१०७।।

मञ्जुमती टीका : महादोष से दूषित लग्न के लिए धन, स्थान तथा त्रिकोण स्थान में स्थित शुभग्रहों से उत्पन्न गुण वैसे निरर्थक हो जाते हैं। जैसे

वीर्यरहित पुरुषों (हिजड़े) के लिए सन्तान योग।

अयं गुणो दोषममुं निहन्तीत्युक्तं हि यत्रोभयनामपूर्वम्।
गुणः स एवान्यगुणो न शक्तो दोषोऽपि तद्वद्गुणघातुकः सः।।१०८।।

मञ्जुमती टीका : यह गुण इस दोष को नष्ट करता है। यहाँ दोनों प्रकार से नामपूर्वक कहा गया है। वही गुण अन्य गुणों के द्वारा दोषों को बहुगुणघातक होने से दोषों से रक्षा करने में समर्थ नहीं होता।

गन्तव्यधिष्ण्यं खलु मुक्तभं यत्क्रूरैर्महोत्पातविदूषितं तत्।
चन्द्रोपभोगादमलं तदानीं शुभेषु कार्य्येषु शुभप्रदं च।।१०९।।

मञ्जुमती टीका : गन्तव्य नक्षत्र से मुक्त हुआ नक्षत्र और जो क्रूर ग्रहों के द्वारा या महाउत्पातों से दूषित दोष हैं वे चन्द्रमा के उपभोग निर्मल हुए उस समय सभी शुभदायक कार्यों में शुभप्रद हो जाते हैं।

द्युरात्रिमध्यं खिलमङ्गलेषु यदार्द्धकालः परिवर्जनीयः।
तदाऽभिजिद्ब्राह्ममुहूर्तकत्वाददोषदः सोऽपि शुभप्रदः सः।।११०।।

मञ्जुमती टीका : द्विरात्रि के मध्य में जो अर्द्धकाल है उसे सदा सम्पूर्ण मङ्गल कार्यों में त्याग देना चाहिए। तथापि अभिजित एवं ब्राह्ममुहूर्त के द्वारा जो अन्य दोष हैं वे सभी शुभप्रद हो जाते हैं।

उक्ताखिलं दोषनिरूपणं यन्निरूपणं स्वल्पमहागुणानाम्।
वक्ष्येऽन्यपक्षस्य विदूषणार्थं स्वपक्षसंस्थापननिर्णयार्थम्।।१११।।

मञ्जुमती टीका : जो सम्पूर्ण दोषों का निरूपण तथा थोड़े महागुणों को निरूपण ऊपर किया गया है। इस समय अन्य पक्ष को दूषित करने वाले तथा अपने पक्ष की स्थापना करने वाले निर्णयार्थ को कहूँगा।

मित्राधिमित्रस्वगृहोच्चमूलत्रिकोणवर्गोत्तमगग्रहोत्थाः।
तदंशकेन्द्रोपचयत्रिकोणमहादशाधीशबलाधिकोत्थाः।।११२।।

मञ्जुमती टीका : मित्र, अधिमित्र, अपना घर (राशि), अपने उच्च, अपने मूलत्रिकोण तथा बर्गोत्तम में गये हुए ग्रहों से उत्पन्न अपने नवांश, केन्द्र, समूह, त्रिकोण तथा महादशा का स्वामी अत्यधिक बलवान होते हैं।

लग्नांशकाधीशशुभावलोकसंयोगतद्वर्गजतद्गुणोत्थाः।
ये सिद्धयोगामृतसिद्धयोगास्थितिप्रयाताश्च महागुणाः स्युः।।११३।।

मञ्जुमती टीका : लग्न के अंश का स्वामी शुभग्रहों से देखे जाने पर अथवा संयोग होने पर उस वर्ग से उत्पन्न गुण तथा जो सिद्धयोग अमृतसिद्धि योग स्थित या गये हुए महागुण हैं।

ये चान्यसामान्यगुणाः सदैव स्वभावसंसिद्धगुणा यदास्ते।
किं चाल्पदोषानपि लग्नजातान् हन्तुं न शक्ताश्च कदाचिदेव।।११४।।

मञ्जुमती टीका : और जो अन्य सामान्य गुण, सदैव अपने भाव से सिद्ध, ये सभी गुण लग्न से उत्पन्न थोड़े दोषों को कदाचित् भी नष्ट करने में समर्थ नहीं होते।

मित्रर्क्षगो मित्रनवांशगो वा शुभग्रहस्तेन निरीक्षितो वा।
यदा विलग्नोपगतः स खेटश्चेद् हन्ति दोषानपि लग्नजातान्।।११५।।

मञ्जुमती टीका : मित्र के नक्षत्र में गये हुए अथवा मित्र नवांश में गये हुए ग्रह यदि शुभग्रह के द्वारा देखे जाते हों अथवा जब लग्न में गये हुए वह ग्रह लग्न से उत्पन्न दोषों को भी नष्ट कर देते हैं।

शुभोऽधिमित्रर्क्षगतस्तदंशसंस्थोऽपि वा तेन निरीक्षितो वा।
स लग्नगो दोषचयं निहन्ति रामो यथा रावणदैत्यवृन्दम्।।११६।।

मञ्जुमती टीका : शुभ ग्रह अधिमित्र के नक्षत्र में गये हुए अथवा अधिमित्र के नवांश में स्थित होने पर भी अथवा देखे जोन पर लग्न गत दोष समूहों को वैसे ही नष्ट कर देते हैं जैसे भगवान् राम रावण के दैत्य समूहों को नष्ट कर देते हैं।

स्वक्षेत्रगः स्वस्य नवांशगो वा शुभग्रहः सौम्यनिरीक्षितो वा।
स लग्नगो यत्र निहन्ति दोषान् पञ्चाननो यद्वदिभेन्द्रवृन्दान्।।११७।।

मञ्जुमती टीका : अपने क्षेत्र में गये हुए, अपने नवांश में गये हुए अथवा शुभग्रह से देखे जाते हुए वह ग्रह लग्न में जाने पर दोषों को वैसे नष्ट कर देता है जैसे बड़े-बड़े हाथियों के समूहों को सिंह।

उच्चस्थितः स्वोच्चनवांशगो वा शुभः स्वमित्रेण निरीक्षितो वा।
स केन्द्रगो यत्र निहन्ति दोषान्हरिस्मृतिर्यद्वदशेषपापान्।।११८।।

मञ्जुमती टीका : उच्च राशि में स्थित अपने उच्च के नवांश में गया हुआ शुभ और अपने मित्र से देखा जाता हुआ वह केन्द्र में गया हुआ सम्पूर्ण दोषों को वैसे नष्ट करता है। जैसे भगवान् विष्णु के स्मरण से सम्पूर्ण पाप नष्ट हो जाता है।

मूलत्रिकोणर्क्षगतस्तदंशसंस्थः शुभो वाप्यथ मित्रदृष्टः।
विलग्नगो यत्र निहन्ति दोषान्पापं यथा चन्द्रधरे प्रणामः।।११९।।

मञ्जुमती टीका : मूल त्रिकोण नक्षत्र में गये हुए अथवा उनके नवांश में स्थित शुभ ग्रह यदि मित्र ग्रह से दृष्ट हो तो वह लग्नगत दोषों को वैसे नष्ट कर देता हैं जेसे भगवान् शङ्कर को प्रणाम करने से सारे पाप नष्ट हो जाते हैं।

वर्गोत्तमस्थशुभखेचरसंयुतं वा।
लग्नं च तेन खचरेण निरीक्षितं यत्।
तत्सर्वदोषनिचयं विनिहन्ति सद्य-।
स्ताक्ष्यः समस्तमहिसंघमिव प्रतापात्।।१२०।।

मञ्जुमती टीका : वर्गोत्तम में स्थित अथवा शुभग्रह से युत उस ग्रह के द्वारा देखा जाता हुआ लग्न सम्पूर्ण दोष समूहों को वैसे नष्ट कर देता हैं। जैसे गरुड़जी अपने पराक्रम से शीघ्र सम्पूर्ण सांपों के समूह को नष्ट कर देते हैं।

लग्नं स्वनाथशुभमित्रनवांशगं च।
तस्याधिमित्रशुभखेटनवांशगं वा।
तत्तुंगसंज्ञितनवांशकगं यदा वा।
हन्तीव दोषनिचयं कुलिशं नगौघम्।।१२१।।

मञ्जुमती टीका : लग्न अपने स्वामी शुभग्रह या मित्र नवांश में गया हो उसका अधिमित्र शुभग्रह के नवांश में गया हो अथवा उसके उच्च या नवांश में जब गया हो तो सम्पूर्ण दोष समूहों को वैसे ही नष्ट कर देता है जैसे वज्र पर्वतों के समूह को।

लग्नेशसौम्यखचरोऽस्तगृहं विहाय।
केन्द्रस्थितो यदि गतोऽखिलदोषवृन्दम्।
एकोऽपि हन्त्युपचयोपगतस्त्रिकोण-।।
संस्थोऽपि यद्वदनिलोऽभ्रचयं समस्तम्।।१२२।।

मञ्जुमती टीका : लग्नेश शुभग्रह अपने अस्त घर को छोड़कर यदि केन्द्र में स्थित हो तो सम्पूर्ण दोष समूह को नष्ट कर देता है। एक भी उपचय स्थान में गया हुआ या त्रिकोण में स्थित होने पर समस्त दोषों को नष्ट करता है। जैसे बादलों के समूह को हवा नष्ट कर देती है।

पापोऽपि लग्नाधिपतिस्त्रिषष्ठ-।
लाभस्थितः स्थानबलाधिकश्च।
लग्नोत्थदोषान्निखिलान्निहन्ति।
पापानि यद्वत्परमाक्षरज्ञः।।१२३।।

मञ्जुमती टीका : लग्नेश पापग्रह होकर तीसरे, छठें अथवा ग्याहरवें स्थानबल से युक्त होता हुआ लग्न से उत्पन्न सम्पूर्ण दोषों को वैसे ही नष्ट कर देता है जैसे प्रणव का ज्ञाता सम्पूर्ण पापों को नष्ट कर देता है।

त्यक्त्वास्तकेन्द्रेस्थितसौम्यखेटस्त्रिकोणगो वाप्यथ लाभसंस्थः।
दोषानशेषानुदयांशजातान्निहन्ति यद्वत्तिमिरं दिनेशः।।१२४।।

मञ्जुमती टीका : अस्त को छोड़कर केन्द्र शुभग्रह अथवा त्रिकोण या लाभ स्थान में स्थित हों तो लग्न से उत्पन्न सम्पूर्ण दोषों को उसी प्रकार से नष्ट कर देते है जैसे भगवान् सूर्य अन्धकार को।

बलाधिकः सौम्यनभश्चरो यः कुटुम्बसंस्थोऽपि निहन्ति दोषान्।
लग्नोद्भवं विष्णुपदाब्जतोयं यथाघसंघं शुभवर्गगोऽपि।।१२५।।

मञ्जुमती टीका : बलवान शुभग्रह जो धन स्थान में स्थित अथवा शुभवर्ग में गया हुआ ग्रह लग्न से उत्पन्न सम्पूर्ण दोषों को वैसे ही नष्ट करता हैं जैसे भगवान् विष्णु के चरण कमलों से उत्पन्न जल सम्पूर्ण पाप समूहों को नष्ट कर देता है।

यः सिद्धियोगो विनिहन्ति दोषान्पापेक्षितोपग्रहलत्तपातान्।
लग्नेन्दुजामित्रधनप्रचारनीहारविद्युत्परिवेषजांश्च।।१२६।।

मञ्जुमती टीका : जो सिद्धियोग पाप से देखे जाते हुए उपग्रह, लत्ता एवं पात दोषों को नष्ट कर देता है। लग्न, चन्द्रमा, जामित्र, धन, प्रचार, नीहार, विद्युत और परिवेश।

दोषानशेषानमृताख्ययोगो निहन्ति लोभो गुणवृन्दमेकः।
प्रत्यर्कयोगर्क्षतिथीन्द्रचापकुवारपंग्वन्धवांश्च तद्वत्।।१२७।।

मञ्जुमती टीका : आदि समस्त दोषों को अमृतनामक दोष वैसे नष्ट करता है जैसे सम्पूर्ण गुणसमूहों को लोभ। प्रत्यर्क योग, नक्षत्र, तिथि, इन्द्रचाप, दुष्टचाप, पङ्गु, अन्ध आदि योग।

सिद्धा तिथिर्हन्ति समस्तदोषान्यान्मासशून्यानपि मासदग्धान्।
दिनप्रदग्धानपि चान्यदोषानेकादशी यद्वदशेषपापान्।।१२८।।

मञ्जुमती टीका : सिद्धा तिथि, मास दग्ध, मास शून्य आदि समस्त दोषों को नष्ट कर देती है। तथा दिन प्रदग्ध एवं अन्य दोषों को वैसे नष्ट करती है। जैसे एकादशी का व्रत सम्पूर्ण पापों को नष्ट कर देती है।

एकार्गलोपग्रहपातलत्ताजामित्रकर्त्तर्युदयादिदोषाः।
नश्यन्ति चन्द्रार्कबलोपपन्ने लग्ने यथार्काभ्युदये तु दोषाः।।१२९।।

मञ्जुमती टीका : एकार्गल, उपग्रह, पात, लत्ता, जामित्र, कर्तरी तथा उदयादि दोषों को चन्द्रमा एवं सूर्य लग्न में बलयुक्त होने पर वैसे नष्ट कर देते हैं। जैसे सूर्य के उदय से रात्रि।

ये लग्नदोषाः कुनवांशदोषाः पापगृहैर्दृष्टिनिपातदोषाः।
लग्ने गुरुस्तान्विमलीकरोति फलं यथाम्भः कतकद्रुमस्य।।१३०।।

मञ्जुमती टीका : लग्न दोष, कुत्सित नवांश, पापजन्य, दृष्टि दोष को लग्नस्थ गुरु विमल करता है जैसे गन्दे जल को कतकवृक्ष (रीठा) शुद्ध करता है।

गुणाधिकं दोषविहीनकालं ज्ञात्वा विलग्नेशनवांशपस्य।
बलाबलं खेचरिणां सुसम्यग्विचार्य लग्नं प्रवदेदभिज्ञः।।१३१।।

मञ्जुमती टीका : गुण से अधिक तथा दोषहीन समय को जानकर लग्नेश और नवांश के स्वामी तथा अन्य ग्रहों के बलाबल का ठीक ढंग से विचार करके जानकर ज्योतिषी विवाह लग्न को बतायें।

बले नृनार्योरिनजीवयोश्च तारेन्दुवीर्ये सुदिने सुलग्ने।
पञ्चेष्टकेऽर्केन्दुसुरेज्यमुख्ये जामित्रशुद्धौ हिमदीधितेश्च।।१३२।।

मञ्जुमती टीका : पुरुष एवं स्त्री के विवाह में सूर्य एवं गुरु का बल तथा तारा का चन्द्रमा के बल को सुन्दर दिन औरु सुन्दर लग्न में पन्चेष्ट लग्न प्राप्त होने पर सूर्य, चन्द्रमा एवं बृहस्पति की प्रधानता होने पर सप्तम स्थान की शुद्धि और चन्द्रमा की शुद्धि।

यत्रार्कगुर्वोरपि नैधनांत्यजन्मादिदुस्थानगयोर्द्वयोर्वा।
एकस्य पूजामपि तत्र कृत्वा पाणिग्रहं कार्यमतः सुसम्यक्।।१३३।।

मञ्जुमती टीका : जहाँ सूर्य और गुरु भी आठवें, बारहवें तथा जन्म आदि दोनों खराब स्थान में गये हों तो एक की पूजा वहाँ करके ठीक ढंग से विवाह कार्य करना चाहिए।

स्वनीचगाः शत्रुगृहस्थिताश्च तदंशगा श्चास्तमिता ग्रहेन्द्राः।
दातुं न शक्ताः स्वफलं विलग्ने दष्टुं भुजङ्गा इव मन्त्रविद्धाः।।१३४।।

मञ्जुमती टीका : अपने नीच राशि में गये हुए शत्रुग्रह में स्थित उसके अंश में गये हुए अस्त श्रेष्ठग्रह लग्न में स्थित होने पर भी अपने फल को देने में समर्थ नहीं होते। जैसे मन्त्र से वधाँ वृद्ध सर्प काटने में समर्थ नहीं होता।

लग्नं तदर्द्धं च ततस्त्रिभागो नवांशकश्च द्विरसांशकश्च।
त्रिंशांशकश्चेति हि वर्गषट्कं शुभाशुभं व्योमचराधिपत्यम्।१३५।।

मञ्जुमती टीका : लग्न और लग्नार्थ (होरा), उसका तीसरा भाग (द्रेष्काण), नवांश , द्वादशांश तथा त्रिशांश, ये षडवर्ग ग्रहों के शुभाशुभ कहे गये हैं।

शास्त्रोक्तमार्गेण सुलग्नकालं स्फुटं समानीय जलादियन्त्रैः।
संलभ्य तन्मङ्गलसूक्ष्मकालं संवीक्षयेत्तत्र मिथोर्द्धदृष्ट्या।।१३६।।

मञ्जुमती टीका : शास्त्र के द्वारा कहे गये मार्ग से सुन्दर लग्न काल को जलादि यन्त्रों के द्वारा स्पष्ट जानकर कल्याणकारी कार्यों में उस मङ्गल सूक्ष्म काल को प्राप्त करके परस्पर दृष्टि के द्वारा देखना चाहिए।

अर्द्धोदयं चास्तमिनस्य वीक्ष्य यन्त्रं प्रदद्याज्जलपूर्णपात्रे।
अलंकृते गन्धसुपुष्पवस्त्रफलाक्षतैर्दैवविदं च पूज्य।।१३७।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य के अर्द्धोदय (सूर्योदय) एवं अस्तकाल को देख करके यन्त्र में जल भरे हुए पूर्ण पात्र में देकर अलंकृत करके गन्ध, पुष्प, वस्त्र, फल, अक्षत आदि से ज्योतिषी की पूजा करके।

षडंगुलोत्सेधसमं सुवृत्तं कृतं मुखं सद्विरसाङ्गुलं यत्।
पलैस्तु शुल्बैर्दशभिर्जलस्य पूर्णं पलैः षष्टिभिरम्बुयन्त्रम्।।१३८।।

मञ्जुमती टीका : दस पल अर्थात् चालीस तोला, ताँबे का एक सुवृत्त पात्र बनावें जो छः अङ्गुल ऊँचा और बारह अङ्गुल विस्तार वाला हो। और जिसमें साठ पल अर्थात् दो सौ चालीस तोला जल भर जाये। इस प्रकार यह पात्र जल में साठ बार डूबे।

यत्त्र्यंशमाद्यत्रय एव वृत्तां शलाकया मध्यमभागविद्धाम्।
समुद्रसंख्याङ्गुलदीर्घपात्रे दद्यान्मयूरं नरवानराद्यम्।।१३९।।

मञ्जुमती टीका : उसके प्रथम तृतीयांश भाग के बराबर वृत्त में शलाका (सलाई) से मध्य भाग में छिद्र करके पुनः चार अङ्गुल दीर्घपात्र में मयूर, नर, वानर का चित्र बनावें।

व्यासाङ्गुलत्त्रिगुणमायतमिष्टशंकोर्वृत्तं तदेव परिधिश्चतदेव तस्य।
व्यासाङ्गुलार्द्धदलमङ्गुलमानमिष्टं सर्वत्र शंकुपरिकल्पनमेवमेव।।१४०।।

मञ्जुमती टीका : शंकु यन्त्र से लग्न का विचार करना चाहिए। इसमें समतल भूमि में बारह अङ्गुल का एक शंकु (खूँटी) खड़ी करनी चाहिए। उसमें व्यास की त्रिगुण परिधि आयताकार समान रूप में बनायी जाती है। व्यास का

चतुर्थांश अङ्गुल होता है जो सर्वत्र शंकु प्रमाण में इष्ट होता है। इस शंकु की परिकल्पना सर्वत्र करनी चाहिए।

तुल्यां समन्ताद्गृहवामभागे हस्तोच्छ्रितायुक्तशुभाययुक्ताम्।
समण्डपां प्राक्प्रवणामुदग्वा सोपानरम्यां निबिडां ककुप्सु।।१४१।।

मञ्जुमती टीका : समान चारों ओर घर के बांये भाग में चार हाथ ऊँचाई से युक्त शुभ के लिए होता है। मण्डप में वेदी के चारों ओर पूर्व से पश्चिम की ओर अथवा उत्तर की ओर सुन्दर सीढ़ी बनावें।

विचित्राताम‍ंकुरचित्रकुम्भवितानानाविधतोरणाधैः।
भृंगारपुष्पाङ्गणविप्रपीठपण्याङ्गनानृत्यसुगीतवाद्यैः।।१४२।।

मञ्जुमती टीका : उस विचित्र अंकुर चित्र, घड़ा, चन्दोवा तथा नाना प्रकार के तोरण आदि से भङ्गारि के फूलों से बिप्रपीठ तथा नृत्याङ्गना के नृत्य, गीत और वाद्य आदि के द्वारा।

ताम्बूलपुष्पाक्षतगन्धवस्त्रमाङ्गल्यसूत्रैः फलपूर्णपात्रैः।
धान्याकहारिद्रगुडैः सलाजैर्दीपैरनेकैर्नयनाभिरामाम्।।१४३।।

मञ्जुमती टीका : पान, फल, अक्षत, गन्ध, वस्त्र, माङ्गलिक सूत्र, फल एवं पूर्णपात्र के द्वारा धान्य, हल्दी, गुड़, लावा तथा अनेक आंखों को सुन्दर लगने वाले दीपों के द्वारा।

सवेणुवीणामधुरस्वरेण मनोरमां मङ्गलवेदघोषैः।
प्रदक्षिणप्रक्रमणाद्युपेतां तामारुरोहेन्मिथुनं च वेदीम्।।१४४।।

मञ्जुमती टीका : बंशी, वीणा आदि के मधुर स्वरों से सुन्दर माङ्गलिक वेद ध्वनि के द्वारा प्रदक्षिण क्रम से युक्त उन वर एवं कन्या को वेदी के समीप बैठावे।

मृत्युर्नैःस्वं बहुविधधनं भ्रातृहानिः प्रजानाम्।
व्याधिः सौख्यं बहुविधमतो भर्तृहानिश्चिरायुः।
श्रेयो हानिर्भवति हृदये व्याधिरर्थागमश्च।
भानौ स्त्रीणामतिशयरुजा लग्नभावादिसंस्थे।।१४५।।

मञ्जुमती टीका : मृत्यु, निर्धनता, बहुत प्रकार से धन, पुत्र एवं भाई की हानि, व्याधि, अनेक प्रकार से सुख, स्वामी की हानि, दीर्घायु, कल्याणकारी, हानि, हृदय में रोग तथा धनागम, लग्नादि द्वादश भाव में सूर्य के स्थित होने पर स्त्रियों को क्रमशः अत्यधिक रोग होता है।

नाशः संपद्बहुविधयशोबन्धुवृद्धिः प्रजार्तिः।
शस्त्रान्मृत्युर्भवति न चिराद्दीर्घसापन्यबाधा।
प्रव्रज्यत्वं दुहितृजनितात्वं धनं भोगभाक्त्वम्।
दास्यं स्त्रीणां तुहिनकिरणे लग्नभावादिसंस्थे।।१४६।।

मञ्जुमती टीका : लग्नादि द्वादश भाव में चन्द्रमा के स्थित होने पर स्त्रियों को क्रमशः बारह स्थानों में स्थित होने पर अनेक प्रकार से सम्पत्ति का नाश, अनेक प्रकार से यश, भाई की वृद्धि, सन्तान को कष्ट, शस्त्र से मृत्यु, शीघ्र ही सौत की बाधा, प्रव्रज्या, कन्या का उत्पन्न होना, धन, भोग तथा स्त्रियों की दासता होती है।

मृत्युः शोको बहुविधधनं भ्रातृवैरं कुबुद्धि-।
र्लक्ष्मीप्राप्तिर्भवति मरणं चोभयोर्वित्तनाशः।
स्त्रीणां द्वेष्यं व्यसननिरतिः पुत्रपौत्रार्थसिद्धि-।
र्भीतिर्भूमेर्बलिनि तनये लग्नभावादिसंस्थे।।१४७।।

मञ्जुमती टीका : लग्नादि द्वादश भाव में मङ्गल के स्थित होने पर क्रमशः मृत्यु, शोक, अनेक प्रकार से धन, भाई से बैर, कुबुद्धि, लक्ष्मी की प्राप्ति, मुत्यु, धन का नाश, स्त्रियों से द्वेष, व्यसन में लगाव, पुत्र-पौत्र अर्थ की सिद्धि तथा भय प्राप्त होता है।

प्रीतिर्बुद्धिः सुगुणनिरतिर्बन्धुपूजा सुताप्ति-।
र्निर्वैपक्ष्यं तनयरहितत्वं तनुत्यागचिन्ता।
धर्मे बुद्धिर्भवतिधरणीलाभमत्यन्तवृद्धि-।
र्हानिः स्त्रीणां हिमकरसुते लग्नभावादिसंस्थे।।१४८।।

मञ्जुमती टीका : लग्नादि द्वादश भाव में बुध के स्थित होने पर क्रमशः प्रीति, बुद्धि, सुन्दर गुण, भाई की पूजा, पुत्र की प्राप्ति, शत्रुरहित, पुत्ररहित,

शरीर त्याग की चिन्ता, धर्म में बुद्धि, पृथ्वी का लाभ, अत्यन्त वृद्धि तथा हानि होती है।

लक्ष्मीप्राप्तिर्भवति सुयशः प्रीतिरन्योन्यवृद्धि-।
रिष्टावाप्तिर्बहुविधभयं चाश्रमाणां विरक्तिः।
पापासक्तिः सुकृतनिरतिर्भूरिलाभः सुरेज्ये।
स्त्रीणां सौख्यं रिपुकृतभयं लग्नभावादिसंस्थे।।१४९।।

मञ्जुमती टीका : लग्नादि द्वादश भाव में बृहस्पति के स्थित होने पर स्त्रियों को क्रमशः लक्ष्मी की प्राप्ति, सुन्दर यश, परस्पर प्रेम की वृद्धि, अभीष्ट की प्राप्ति, अनेक प्रकार से भय, आराम से विरक्ति, पाप में आसक्ति, पुण्य में आसक्ति, अत्यधिक लाभ एवं शत्रु के द्वारा भय प्राप्त होता है।

भोगप्राप्तिर्विविधविभवः स्वैरवृत्तिर्महत्त्वम्।
धूम्राधिक्यं भवति निधनं सर्वनाशो व्यसुत्वम्।
तथ्ये प्रीतिर्बहुविधगुणः सर्वसंपत्समृद्धि-।
रस्वं स्त्रीणामुशनसि तदा लग्नभावादिसंस्थे।।१५०।।

मञ्जुमती टीका : लग्नादि द्वादश भाव में शुक्र के स्थित होने पर स्त्रियों को क्रमशः भोग की प्राप्ति, अनेक प्रकार से धन, बैरवृत्ति, महत्व, भूमि का आधिक्य, मृत्यु, प्राणों का सर्वनाश, तथ्य में प्रीति, अनेक प्रकार के गुण तथा सभी प्रकार की सम्पत्ति की समृद्धि होती है।

स्वच्छन्दत्वं कदशनरतिर्वल्लभत्वं विशील्यम्।
व्याधिः सुश्रीर्मृतिरथ सुखं गर्भपातप्रवृत्तिः।
द्यूतासक्तिर्भवति रविजे वैभवं वक्त्ररोगः।
स्वर्भानौ वा शिखिनि च तथा लग्नभावादिसंस्थेः।।१५१।।

मञ्जुमती टीका : लग्नादि द्वादश भाव में शनि, राहु या केतु के स्थित होने पर स्त्रियों को क्रमशः स्वच्छन्दता, बुरा भोजन, रति में प्रेम, शीलरहित, व्याधि, लक्ष्मी, मृत्यु अथवा सुख, गर्भपात की प्रवृत्ति, जूंए में आसक्ति, धन तथा मुख का रोग होता है।

सर्वे जामित्रसंस्था विदधति मरणं सौरिसूर्यौ प्रशस्तौ।
षष्ठाष्टत्र्यायसंस्थौ भवरिपुसहजस्थोऽपि भौमः शशाङ्कः।
लग्नान्त्याष्टारिवर्ज्यः परिणयनविधौ ज्ञाऽन्त्यमृत्युर्विवर्ज्यम्।
शुक्रेज्यौ वा सुतायास्पदनवमगतौ भ्रातृशुक्रोऽपि नेष्टः।।१५२।।

तथा च पितामहः।

मञ्जुमती टीका : सभी ग्रह लग्न से सातवें स्थान में स्थित होने पर मृत्यु देते हैं तथा सूर्य और शनि छठे, आठवें, तीसरे तथा ग्याहरवें स्थान में स्थित होने पर श्रेष्ठ कहे गये हैं तथा मङ्गल एवं चन्द्रमा ग्यारह, छः और तीन में स्थित होने पर श्रेष्ठ हैं। लग्न से बारहवां, आठवां तथा छठा स्थान छोड़ करके विवाह के समय बुध शुभ होता है किन्तु लग्न के अन्त में मृत्यु प्रदान करता है। शुक्र एवं बृहस्पति कन्या के पञ्चम एवं नवम में स्थित होने पर भाई के लिए नेष्ट हैं।

लग्नस्था शुभखचराः कुर्वन्ति विवाहितां सुपुत्रवतीम्।
सप्तभिरब्दैः क्रूराश्चन्द्रश्च विलग्नगो विधवाम्।।१५३।।

मञ्जुमती टीका : लग्न में स्थित शुभ ग्रह विवाहिता स्त्री को पुत्रवती करते हैं जबकि क्रूर ग्रह एवं चन्द्रमा लग्न मे होने से सात वर्ष के अन्दर विधवा कर देते हैं

धनसौख्यवतीं सुभगां धनगाः सौम्यग्रहाः सचन्द्राश्च।
क्रूरा द्वितीयसंस्था धनहीनां वत्सरैस्त्रिभिः कन्याम्।।१५४।।

मञ्जुमती टीका : धन स्थान में गये हुए चन्द्रमा एवं शुभ ग्रह, सुन्दर भाग्य धन एवं सुख देते हैं। जबकि क्रूर ग्रह द्वितीय स्थान में स्थित होने पर तीन वर्ष के अन्दर कन्या को धनहीन कर देते हैं।

विसिताः सचन्द्रसौम्यास्तृतीयगा वित्तसौख्यवतीम्।
पापास्तृतीयसंस्थाः सततं सौभाग्यपुत्रवतीम्।।१५५।।

मञ्जुमती टीका : शुक्र को छोड़कर चन्द्रमा के सहित शुभग्रह तृतीय स्थान में जाने पर धन और सुख देते हैं जबकि तृतीय स्थान में स्थित पापग्रह सदैव सौभाग्य और पुत्रवती बनाते हैं।

बन्धुस्थाश्चन्द्रयुताः शुभखचरा भर्तृवल्लभां साध्वीम्।
अशुभाश्चतुर्थसंस्था दुःशीलां दुर्भगां च कुर्वन्ति।।१५६।।

मञ्जुमती टीका : चतुर्थ स्थान में स्थित चन्द्रमा के सहित शुभग्रह साध्वी एवं पति की प्रिया बनाते हैं जबकि चतुर्थ स्थान में स्थित अशुभ ग्रह दुष्टशील वाली और दुर्भाग्य वाली कन्या को करते हैं।

तनयगता सेन्दुशुभा बहुतनयां मानिनीं सुशीलवतीम्।
अशुभखगास्तनयगता विपुत्रवतीं वा विवादशीलवतीम्।।१५७।।

मञ्जुमती टीका : पञ्चम स्थान में गये हुए चन्द्रमा के सहित शुभग्रह बहुत पुत्रों वाली, मॉननीय तथा कन्या को सुशीला बनाते हैं जबकि अशुभ ग्रह पञ्चम स्थान में जाने पर पुत्र से रहित और विवादशील करते हैं।

सप्तभिरब्दैर्विधवां शशिशुक्रौ षष्ठगौ कुरुतः।
सततं पापासक्तां ज्ञेयाः पापाः प्रभूतशीलवतीम्।।१५८।।

मञ्जुमती टीका : सात वर्ष के भीतर कन्या को विधवा, छठें स्थान में स्थित चन्द्रमा एवं शुक्र करते हैं और छठें स्थान में पापग्रह सदैव पाप में लगे हुए तथा शुभग्रह अधिक शीलवती बनाते हैं।

सप्तमगाः सकलखगाः सप्तभिरब्दैः ससप्तमासैश्च।
दंपन्त्योः सह मरणं यमरक्षितमपि च कुर्वन्ति।।१५९।।

मञ्जुमती टीका : सप्तम स्थान में गये हुए सम्पूर्ण ग्रह सात महीने व सात वर्ष में दम्पत्ति का साथ-साथ मरण कर देते हैं यदि यमराज भी रक्षा करते हों तो भी।

अष्टमगौ शशिभौमौ धनरहितां तां च पञ्चभिर्वर्षैः।
शुभखचराः कापटिकामितरे साध्वीं चिरंजीवीम्।।१६०।।

मञ्जुमती टीका : अष्टम स्थान में चन्द्रमा मङ्गल के जाने से कन्या पांच वर्ष के भीतर धनरहित हो जाती है अन्य शुभग्रहों के होने से कपट रखने वाली तथा अन्य पापग्रहों से चिरंजीवी तथा साध्वी होती है।

नवमगताः शुभखचराः शशिसहिता भोगभाग्यसौख्यवतीम्।
अशुभखगाः खलचित्तां परनिरतां पापवादिनीं चैव।।१६१।।

मञ्जुमती टीका : नवम स्थान में चन्द्रमा के सहित शुभग्रह होने पर कन्या को भोग, भाग्य और सुखी बनाते हैं जबकि अशुभ ग्रह नवम मे होने से दुष्टचित्त वाली, परपुरुष में आसक्त तथा पापवादिनी होती है।

दशमगताः शुभखेटाः शशिसहिता भर्तृपूजितां साध्वीम्।
अशुभखगाः प्रतिकूलां मलिनाङ्गीं कर्कशां मृषाभिरताम्।।१६२।।

मञ्जुमती टीका : दशम स्थान में गये हुए चन्द्रमा के सहित समस्त शुभग्रह कन्या को स्वामी के द्वारा पूजित और साध्वी बनाते हैं जबकि अशुभ ग्रह प्रतिकूल मलिन अङ्गो वाली, कर्कशा, और झूठ में लगी हुई बनाते हैं।

लाभगता निखिलखगा बहुविधधनधान्यपुत्रपौत्रवतीम्।
पतिभक्तां शीलवतीं न नीचगास्तारिराशिगाश्च तथा।।१६३।।

मञ्जुमती टीका : लाभ स्थान में गये हुए सभी शुभ एवं पापग्रह कन्या को अनेक प्रकार से धन-धान्य तथा पुत्र-पौत्र से युक्त करते हैं वह पति की भक्त और शीलवती होती है। यदि नीच राशि शत्रु राशि तथा अस्त राशि में भी ग्रह हो तो भी।

व्ययगो दुग्धाब्धिभवः करोति विधवां च पञ्चभिर्वर्षैः।
मानविहीनां सौम्याः पापाः कुर्वन्ति नीचवृत्तवतीम्।।१६४।।

मञ्जुमती टीका : व्यय स्थान में गये हुए शुभ एवं पापग्रह दूध के समुद्र अर्थात् क्षीरसागर से उत्पन्न होने पर भी पांच वर्ष के भीतर विधवा कर देते हैं। शुभग्रह मानहानि करते है तथा पाप ग्रह नीच आचरण वाली बनाते हैं।

सत्खचराः सदसच्च स्थानस्वशुभफलान्यफलम्।
सम्यग्ज्ञात्वाऽथ तयोः शुभफलमधिकं प्रगृह्णीयात्।।१६५।।

मञ्जुमती टीका : शुभग्रह सद्-असद् स्थानों में शुभ अथवा अशुभ फल देते हैं इसलिए उन दोनों के शुभ फलों को ठीक ढंग से जानकर कहना चाहिए।

तत्राधिकफलवृन्दे विनाशमायाति दोषचयम्।
यद्वच्छशांककिरणे कलंकमखिलं तथैव सदा।।१६६।।

मञ्जुमती टीका : वहाँ अधिक फल समूह के होने पर दोषों का समूह स्वयं नष्ट हो जाता है जैसे चन्द्रमा के किरणों से सम्पूर्ण कलंक छिप जाता है।

देशे च काले च तथा शरीरे राज्येऽपि चापद्यपि यत्र तत्र।
भावान्तरं तत्परिकल्पनीयं गान्धर्ववैवाहचतुष्ट्यार्थम्।।१६७।।

मञ्जुमती टीका : देश, काल, शरीर तथा राज्य में आपत्ति आने पर भी जहाँ-तहाँ भाव से हटकर तथा गान्धर्व आदि चार विवाहों में अन्य फलों की कल्पना करनी चाहिए।

लग्ने भावाश्चोदितास्तेषु तिष्ठँल्लग्नस्थः संस्तानतीतो द्वितीयः।
खेटैस्त्वेवं शेषराशीषु शेष भावाः सम्यक्कल्पनीयाः क्रमेण।।१६८।।

मञ्जुमती टीका : लग्न में तथा भाव आदि में उदित और उनमें बैठे हुए लग्न में स्थित तथा द्वितीय स्थान में गये हुए ग्रहों के द्वारा इस प्रकार फल करना चाहिए शेष राशियों और शेष भाव में क्रमशः ठीक ढंग से कल्पना कर लेनी चाहिए।

ब्राह्मोद्वाहः कायदैवार्षसंज्ञाश्चैते कार्याः प्रोक्तकाले विधेयाः।
नूनं गान्धर्वासुरौ राक्षसाख्यः पैशाचो वा सर्वकाले विधेयाः।।१६९।।

मञ्जुमती टीका : ब्राह्म विवाह, प्राजापत्य, दैव, आर्ष, नाम वाले विवाहों को उपर्युक्त कहे गये समय में करना चाहिए। किन्तु गान्धर्व विवाह, आसुर, राक्षस तथा पैशाच विवाहों को सभी समय में किया जाना चाहिए।

ब्राह्मो विवाहस्तज्जातः पुरुषानेकविंशतिम्।
आहूय दीयते शक्त्या पुनात्युभयतः स्थितान्।।१७०।।

मञ्जुमती टीका : ब्राह्म विवाह से उत्पन्न बालक इक्कीस पीढ़ी को पवित्र करता है। इस विवाह में वर को अपने घर में बुलाकर अपने शक्ति के अनुसार यथाशक्ति (अलंकारदि से पूजन करके) कन्या को दिया जाता है।

कायोद्वाहः पावयेत्षट् षड्वंश्यांस्तत्र सम्भवः।
चरतामनया धर्ममित्युक्त्वा दीयतेऽर्थिने।।१७१।।

मञ्जुमती टीका : प्राजापत्य विवाह से उत्पन्न बालक बारह पीढ़ी (अपने पूर्व) के लोगों को पवित्र करता है। कन्या माँगने वाले वर का पूजन करके तुम इसके साथ धर्म का आचरण करना! ऐसा कह करके कन्या दी जाती है।

दैवोद्वाहो यज्ञवते ऋत्विजे दीयते सदा।
पुनात्युभयतः सप्त पुरुषांश्चैव तत्रजः।।१७२।।

मञ्जुमती टीका : दैव विवाह में यथाविधि यज्ञ सम्पन्न कराने वाले ऋत्विज को अपनी कन्या प्रदान की जाती है। इससे उत्पन्न सन्तान चौदह पीढ़ी तक के पुरुषों को पवित्र करती है।

आर्षोद्वाहस्तथाऽऽदाय गोद्वयं दीयते सुता।
पुनात्युभयतस्त्रीन्स्त्रीन्पुरुषांस्तत्र सम्भवः।।१७३।।

मञ्जुमती टीका : आर्ष विवाह में वर को अपने घर बुलाकर उससे दो जोड़ा बैल या गाय को लेकर उसके बदले दान में कन्या दी जाती है। इसमें उत्पन्न सन्तान बारह पीढ़ी (अपने पूर्व) को पवित्र करती है।

गान्धर्वः समयग्राह्य आसुरोऽर्थप्रदानतः।
राक्षसो युद्धहरणात्पैशाचः कन्यकाच्छलात्।।१७४।।

मञ्जुमती टीका : वर कन्या में एक दूसरे के प्रति प्रेम गान्धर्व विवाह और पिता आदि को धन देकर विवाह आसुर, युद्ध करके तथा अपहरण करके विवाह करना राक्षस तथा छलपूर्वक कन्या से विवाह पैशाच कहा जाता है।

वर्णादिनंगणमहेन्द्रवधूविदूरयोन्याख्यराशितदधीशविवश्यनाड्यः।
वेधाख्यभूतबहुलिंगविजातिगोत्रपक्ष्यापयोगिनिसुधांशयुजो दशाष्टौ।।१७५।।

दिनयोनयः।

मञ्जुमती टीका : वर्ण, दिन, गण, महेन्द्र, स्त्रीदीर्घ, योनि, राशि, राश्याधिप, वश्य, नाड़ी, वेध, भूतलिङ्ग, विजाति, गोत्र, पक्षी, योगिनी, सुधांश और युंजा, ये

अठारह कूट होते हैं।

नवर्क्षपर्यायवशाद्वधूभमाद्यं वरर्क्षान्तमथो गणय्य।
जन्मत्रिभं पञ्चमसप्तमं भं त्यक्त्वान्यभं शोभनमामनंति।।१७६।।

गणयोतुः।

मञ्जुमती टीका : वर के नक्षत्र से कन्या के नक्षत्र तक गिने। और कन्या के जन्म नक्षत्र से वर के नक्षत्र पर्यन्त गिनें। इसे नौ के क्रम से तीन भागों में करें। यदि प्रथम तीसरा, पांचवा और सातवां नक्षत्र हो तो उसका त्याग करें अन्य नक्षत्र शुभ माने गये हैं।

दस्रादितीज्यमृगमैत्रकरानिलांत्यलक्ष्मीशभानि नव देवगण: प्रदिष्टः।
पूर्वात्रयान्तकविधातृहरोत्तराणि धिष्ण्यानि मानुषगणोऽत्र नव प्रदिष्टः।।१७७।।

मञ्जुमती टीका : अश्विनी, पुनर्वसु, पुष्य, मृगशिरा, अनुराधा, हस्त, स्वाती, रेवती, तथा श्रवण ये नौ देवगण नक्षत्र कहे गये हैं। तीनों पूर्वा और भरणी, रोहिणी, आर्द्रा और तीनों उत्तरा ये नौ मनुष्य गण के नक्षत्र कहे गये है।

पितृद्विदैवाग्निशतेन्द्रमूलवस्वाहिचित्रर्क्षगणोऽसुराख्यः।
देवासुराणां मनुजासुराणां वैरं महास्नेहमथेतरेषाम्।।१७८।।

माहेन्द्रयोतुः।

मञ्जुमती टीका : मघा, विशाखा, कृत्तिका शतभिषा, ज्येष्ठा, मूल, धनिष्ठा, आश्लेषा, चित्रा इन नौ नक्षत्रों को राक्षस गण कहा गया है। देवता और असुर तथा मनुष्य और असुर में बैर है जबकि अन्य में परस्पर बहुत स्नेह होता है।

स्त्रीधिष्ण्यतो वेद ४ दिगा १० दि१ विश्वा १३
नृपा १६ तिधृत्या १८ कृति २२ तत्व २५ तुल्ये।
पुंभे सति प्रीतिरतीव शश्वन्महेन्द्रवर्गश्च वधूवरस्य।।१७९।।

स्त्रीदूरयोतुः।

मञ्जुमती टीका : वधू (कन्या) के नक्षत्र से वर का नक्षत्र चार, दस, एक, तेरह, सोलह, अठारह, बाइस तथा पचीस हो तो वर और वधू में अत्यन्त प्रीति होती है। इसे माहेन्द्र कूट कहा गया है।

स्त्रीधिष्ण्यतो भे नवके वरस्य चाद्ये तयोर्वैरमथ द्वितीये।
सामान्यमेतच्च वधूविदूषितं तस्मात्तृतीये नवके विवाहः।।१८०।।

योनिकूटः।

मञ्जुमती टीका : वधू (कन्या) के नक्षत्र से प्रथम गणना में यदि नौवां नक्षत्र वर का हो तो दोनों में बैर होता है और यदि दूसरी बार नौवां नक्षत्र हो तो सामान्य सम्बन्ध रहता है। किन्तु तीसरी बार नौवां नक्षत्र आवे तो वह श्रेष्ठ हो जाता है। इसे स्त्रीकूट कहा गया है।

अश्वेभमेषभुजगद्वयकुक्कुरौतुमेषौतुमूषकमहोंदुरुगोलुलायाः।
शार्दूलमाहिषगवारिमृगद्वयाश्वशाखामृगोक्षकपिपञ्चमुखाश्च सिंहा।।१८१।।

मञ्जुमती टीका : अश्विनी और शतभिषा की अश्व योनि, भरणी और रेवती की गज योनि, पुष्य और कृत्तिका की मेष योनि, रोहिणी और मृगशिरा की सर्प, मूल और आर्द्रा की श्वान, पुनर्वसु और आश्लेषा की मार्जार, मघा, पूर्वा फाल्गुनी की मूषक, उत्तराफाल्गुनी और उत्तराभाद्रपद की गौ योनि, चित्रा और विशाखा की व्याघ्र योनि, स्वाती और हस्त की महिष योनि, पूर्वाषाढ़ा और श्रवण की कपियोनि, ज्येष्ठा और अनुराधा की मृग, उत्तराषाढ़ा और अभिजित् की नकुलयोनि, धनिष्ठा और पूर्वाभाद्रपद की सिंह योनि, होती है।

गोकुंजराविति यथाक्रममाश्विनादिभानां भवन्ति खलु कल्पितयोनिरूपाः।
एतद्विचार्यमखिलं सदसद्भ्रहज्ञस्त्रिस्कन्धवित्प्रवरधीर्विबुधां वरिष्ठः।।१८२।।

मञ्जुमती टीका : गाय, हाथी यथाक्रम अश्विनी आदि नक्षत्रों में होते है। ये कल्पित योनि रूप में कहे गये हैं। इन सम्पूर्ण सद् असद् का विचार करके त्रिष्कन्ध के ज्ञाता श्रेष्ठ बुद्धिवाले ज्योतिषी को इसका विचार करना चाहिए।

बभ्रूरगं श्वैणमिभेन्द्रसिंहमोत्वाखुसंज्ञं त्वजवानरं च।
गोव्याघ्रमश्वोत्तममाहिषं च वैरं नृनार्योर्नृपभृत्ययोश्च।।१८३।।

मञ्जुमती टीका : नेवले व सांप का, कुत्ता और मृग का, हाथी और सिंह का, बिल्ली एवं मूषक का तथा बकरे और वानर का, गाय और बाघ का, घोड़े तथा भैंस का बैर होता है। इसका विचार वर कन्या के कुण्डली मेलापक में अथवा राजा और नौकर के योनि बैर का विचार करना चाहिए।

राशिकूटम्।

षट्काष्टके मृत्युरथाङ्गनाया राशौ नृनार्योर्नवपञ्चमेऽपि।
अपत्यहानिर्नियतं च नैःस्वं द्विर्द्वादशे प्रीतिरतः परेषाम्।।१८४।।

मञ्जुमती टीका : वर एवं कन्या की छठी एवं आठवीं राशि होने पर कन्या की मृत्यु होती है जबकि नवम, पञ्चम होने पर सन्तान की हानि होती है। तथा दूसरे तथा बारहवे होने पर निर्धनता होती है। इससे परे अन्य में प्रीति होती है।

कनिष्ठं राशिकूटं यदेतच्च त्रिविधं स्मृतम्।
व्यत्ययान्मध्यमं चैतदपरं मध्यमं सदा।।१८५।।

मञ्जुमती टीका : जो कनिष्ठ राशि कूट है इसे भी तीन प्रकार से कहा गया है। एक दूसरे से परिवर्तन होने पर मध्यम तथा इससे इतर सदा मध्यम कहा गया है।

एकाधिपत्ये त्वथ मित्रभावे स्त्रीपुंसराश्योर्नवरज्जुदोषे।
षट्काष्टकादिष्वपि शर्मदं स्यादुद्वाहकर्माचरतोस्तयोश्च।।१८६।।

मञ्जुमती टीका : एकाधिपत्ति योग होने पर अथवा मित्र भाव होने पर तथा स्त्री पुरुष राशियों में नव रज्जु दोष होने पर षडाष्टक दोष होने पर भी सुख देने वाला होता है इसलिए इन योगों में वर कन्या का विवाह करना चाहिए।

एकाधिपे मित्रभावेऽप्युद्वाहः शर्मदः सदा।
द्विर्द्वादशे त्रिकोणे च न कदाचित्वडष्टके।।१८७।।

मञ्जुमती टीका : एकाधिपत्ति होने पर मित्र भाव होने पर भी भले ही षडाष्टक या द्विर्द्वादश या नौ पञ्चम सम्बन्ध क्यों ही न हो विवाह सुख देने वाला होता है।

अन्योऽन्यशात्रवे त्याज्यस्त्याज्यः षट्काष्टकेऽपि च।
नाडीदोषे भवेन्मृत्युर्गुणैः सर्वैः समन्वितः।।१८८।।

मञ्जुमती टीका : परस्पर शत्रु राशियां हो तो षडाष्टक का त्याग करना चाहिए। नाड़ीदोष होने पर सभी गुणों से युक्त होने पर भी मृत्यु हो जाती है।

मध्यनाडी पतिं हन्ति पार्श्वे नाड्यौ तु कन्यकोम्।
तस्मान्नाडौ सदा त्याज्या दंपत्योः शुभमिच्छता।।१८९।।

मञ्जुमती टीका : मध्य नाड़ी पति को मारती है। और पार्श्व (अन्त) नाड़ी कन्या को इसलिए दम्पत्ति की कल्याण की इच्छा से नाड़ी का सदैव करना चाहिए।

उत्तमे राशिकूटेऽपि समं शात्रवमेव वा।
विवाहः शुभदो ज्ञेयो नापि मध्यकनिष्ठयोः।।१९०।।

मञ्जुमती टीका : उत्तम राशि कूट होने पर भी विवाह शुभद, सम होने पर मध्यम तथा शत्रु होने पर अधम होता है।

स्त्रीदूरे समजामित्रे सहजायसुहृद्देशे।
शत्रुः समः समो मित्रं मित्रं चेत्परमं सुहृत्।।१९१।।

मञ्जुमती टीका : स्त्रीदूर, समसप्तक (१, ७), त्रिरेकादश (३, ११) चतुर्थदशम (४, १०) पर शुभ, शत्रु सम-सम तथा मित्र-मित्र होने पर अधिमित्र हो जाता है।

नृयुक्तुलामेषघटाश्विसिंहाः कुर्वंत्यजस्त्रं खलु मित्रभावम्।
स्वषष्ठसंख्याभवनैश्च तेऽपि स्वस्वाष्टसंख्याभवनैकता वा।।१९२।।

मञ्जुमती टीका : मिथुन, तुला, मेष, कुम्भ, धनु, सिंह ये राशियां निरन्तर मित्रभाव करती हैं। जबकि अपने से छठें संख्या वाले भवन में स्थित भी अपनी-अपनी आठवीं संख्या के घर में एकता रखती हैं।

अन्योऽन्यं शात्रवं यत्र दंपत्योर्जन्मतस्तयोः।
प्रीतिषष्ठाष्टमं त्याज्यमपि नूनं करग्रहे।।१९३।।

मञ्जुमती टीका : परस्पर जो शत्रु राशियां हैं दम्पत्ति की यदि जन्म राशियां हो तथा प्रीति षडाष्टक का भी पाणिग्रहण तथा विवाह में त्याग करना चाहिए।

एकराशिपृथक्धिष्ण्येऽप्युत्तमं पाणिपीडनम्।
एकधिष्ण्ये पृथग्राशौ सर्वैक्येऽपि च मृत्युदम्।।१९४।।

मञ्जुमती टीका : एक राशि हो और नक्षत्र अलग-अलग हो तो विवाह शुभद होता है। एक नक्षत्र होने पर राशि यदि अलग हो तो भी विवाह शुभद होता है लेकिन सबकुछ एक ही होने पर विवाह मृत्यु देने वाला हो जाता है।

जन्मभं जन्मधिष्ण्येन नामधिष्ण्येन नामभम्।
व्यत्ययेन यदा योज्यं दंपत्योर्निधनप्रदम्।।१९५।।

मञ्जुमती टीका : वर कन्या के जन्म के नक्षत्र से जन्म का नक्षत्र और नाम के नक्षत्र से नाम के नक्षत्र के साथ मेलापक क विचार करना चाहिए। और विपरीत अर्थात् एक का जन्म दूसरे का नाम नक्षत्र से करने पर दोनों का विनाश होता है।

अज्ञातजन्मनां नृणां नामभं परिकल्पयेत्।
तेनैव चिंत्तयेत्सर्वं राशिकूटादि पूर्ववत्।।१९६।।

मञ्जुमती टीका : जिसकी जन्म, राशि विदित नहीं होती है तो उसके नाम से राशि जानकर उसी से जन्म राशि की तरह समस्त राशि कूटादि का विचार करना चाहिए।

रवेः समो ज्ञः सितसूर्यपुत्रावरी परेऽन्ये सुहृदोम्बराटाः।
चन्द्रस्य नारि रविचन्द्रपुत्रौ मित्रे समाः शेषनभश्चराः स्युः।।१९७।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य का बुध सम है, शुक्र एवं शनि शत्रु हैं तथा अन्य ग्रह मित्र हैं। चन्द्रमा का कोई शत्रु नहीं है। रवि और बुध मित्र हैं, तथा शेष सभी ग्रह सम हैं।

समौ सितार्की शशिजश्च शत्रुर्मित्राणि शेषा पृथिवीसुतस्य।
शत्रुः शशी सूर्यसितौ च मित्रे समाः परे स्युः शशिनन्दनस्य।।१९८।।

मञ्जुमती टीका : मङ्गल के सम शुक्र एवं शनि हैं, बुध शत्रु हैं। शेष सभी ग्रह मित्र हैं। बुध का शत्रु चन्द्रमा है। सूर्य और शुक्र मित्र हैं। तथा अन्य सभी ग्रह सम है।

गुरोर्ज्ञशुक्रौ रिपुसंज्ञकौ तु शनिः समोऽन्ये सुहृदो भवन्ति।
शुक्रस्य मित्रे बुधसूर्यपुत्रौ समौ कुजेज्यावितरावरी तौ।।१९९।।

मञ्जुमती टीका : गुरु के बुध एवं शुक्र शत्रु हैं। शनि सम है तथा अन्य सभी ग्रह मित्र होते हैं जबकि शुक्र का मित्र बुध एंव शनि है। सम मङ्गल एवं बृहस्पति हैं अन्य ग्रह शत्रु हैं।

शनेः समो वाक्पतिरिन्दुसूनुशुक्रौ च मित्रे रिपवः परेऽपि।
ध्रुवं ग्रहाणां चतुराननोऽपि शत्रुत्वमित्रत्वसमत्वमुक्तम्।।२००।।

मञ्जुमती टीका : शनि का सम बृहस्पति है, बुध, शुक्र मित्र हैं तथा अन्य ग्रह शत्रु हैं। ग्रहों के इस अटल शत्रु मित्र और समत्व को ब्रह्मा ने भी कहा है। अर्थात् इस ग्रहमैत्री को पितामह संहिता में भी बताया गया है।

अथ वश्यकूटम्।

वश्यास्त्यक्त्वा राशयोऽन्ये नृभाणां।
सिंहं तस्याप्येकमन्ये विधेयाः।
कीटं त्यक्त्वा लोकतोऽन्यत्प्रसिद्धं।
वश्यावश्यं नैव तोयालयाश्च।।२०१।।

मञ्जुमती टीका : पुरुष राशि के वश में सिंह का त्याग कर अन्य राशियाँ व सिंह राशि के वशीभूत वृश्चिक को छोड़कर समस्त राशियाँ होती हैं। अन्य जानकारी अर्थात् वर कन्या के पारस्परिक सम्बन्धों का ज्ञान संसार की रीति से जानना चाहिए। जलचर राशियाँ वृश्चिक के वश में नहीं होती।

अथ नाडीकूटम्।

आवृत्तिभिर्भैस्त्रिभिरश्विभाद्यं क्रमोत्क्रमात्सङ्गणयेच्च भानि।
यद्येकपर्वण्युभयोश्च धिष्ण्ये नेष्टा नृनार्योर्भृशमेकनाडी।।२०२।।

मञ्जुमती टीका : अश्विनी आदि २७ नक्षत्रों को तीन क्रम से आवृत्ति करे और क्रम-उतक्रम से गणना करे यदि एक पर्व में नक्षत्र आ रहे हों तो एक नाड़ी हो जाने से वर एवं कन्या के लिए नेष्ट हो जाते हैं।

सा मध्यनाडी पुरुषं निहन्ति तत्पार्श्वनाडी खलु कन्यकां च।
आसन्नपर्यायसमागता चेद्वर्षेण साप्यन्तरिता त्रिवर्षैः।।२०३।।

मञ्जुमती टीका : वह मध्य नाड़ी पुरुष को मारती है तथा पार्श्व (अन्त) नाड़ी कन्या को निश्चित ही नष्ट कर देती है। और समीप अर्थात् आदि नाड़ी के आने पर यदि विवाह होता है तो अवश्य ही एक से तीन वर्ष के मध्य दोनों अर्थात् वर-कन्या की मृत्यु हो जाती है।

अथ वेधकूटम्।

पूर्वाश्विन्योर्याम्यमैत्राख्ययोश्च वह्नीन्द्राग्न्योर्वायुतोयेशयोश्च।
विश्वेंद्वोर्वै त्वाष्ट्रजाङ्घ्र्योर्हुताशविष्ण्वोर्विश्वादित्ययोर्जीववाय्वोः।।२०४।।

मञ्जुमती टीका : अश्विनी-पूर्वा, भरणी-अनुराधा, कृत्तिका-विशाखा, स्वाती-शतभिषा, मृगशिरा-उत्तराषाढ़ा, चित्रा-पूर्वाभाद्रपद, आर्द्रा-श्रवण, उत्तराषाढ़ा-हस्त, तथा पुष्य-स्वाती।

मूलाश्लेषातारयोः पौष्णपित्रोर्भाग्यर्क्षाहिर्बुध्न्ययोर्वै विवाहे।
तोयेशाहिर्बुध्न्ययोराजपादार्यम्णोर्वैरं सर्वदा वर्जनीयम्।।२०५।।

मञ्जुमती टीका : मूल-श्लेषा, रेवती-मघा, पूर्वा फाल्गुनी-उत्तराभाद्रपद, शतभिषा-श्लेषा, ज्येष्ठा-उत्तरा फाल्गुनी से बैर एवं वेध होता है अतएव विवाह के समय इनका सदैव त्याग करना चाहिए।

अथ गण्डभूतकूटम्।

दस्रर्क्षतो भानि भवन्ति पञ्च गणा धराम्ब्वग्न्यनिलाम्बराणाम्।
पञ्चर्तुभूतर्त्विषुभिः क्रमेण वैरं जलाग्न्योरितरत्र वृद्धिः।।२०६।।

मञ्जुमती ट़ीका : अश्विनी नक्षत्र से २७ नक्षत्र पर्यन्त पांच-पांच गण का बनाना चाहिए। ये क्रमशः पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश संज्ञक होगें। इन पांच महाभूतो का क्रमशः जल और अग्नि में बैर इसके अतिरिक्त अन्य में वृद्धि होती है।

अथ लिंगम्।

सर्पाच्चतुष्कं वसुवारिरुद्रत्वाष्ट्रत्रयं विश्वयमांत्यशक्राः।
स्त्रीलिंगताराः श्रवणेन्दुमूलतारा नपुंसाः पुरुषाः परे स्युः।।२०७।।

मञ्जुमती टीका : आश्लेषा से चार श्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, धनिष्ठा, पूवाषाढ़ा, आर्द्रा तथा चित्रा से तीन चित्रा, स्वाती एवं विशाखा, उत्तराषाढ़ा, भरणी, रेवती तथा ज्येष्ठा। ये चौदह नक्षत्र का लिङ्ग स्त्री है। जबकि श्रवण, मृगशिरा एवं मूल नक्षत्र नपुंसक हैं और अन्य नक्षत्र पुरुष संज्ञक कहें गये हैं।

स्वकीयलिंगेषु तयोः स्वजम्नधिष्ण्येषु संप्रीतिरतीव नित्यम्।
युद्धं भवेद्व्युत्क्रमलिंगकेषु सामान्यमन्यत्र नपुंसकेषु।।२०८।।

मञ्जुमती टीका : अपने लिङ्ग में वर कन्या का जन्म नक्षत्र होने पर नित्य ही अधिक प्रीति होती है। जबकि इसके विपरीत लिङ्ग होने पर युद्ध होता है। तथा नपुंसक लिङ्ग नक्षत्रों से स्त्री या पुरुष संज्ञक नक्षत्रो का संयोग होने पर सामान्य फल रहता है।

जातिकूटम्।

विप्रक्षमाधीश्वरविद्चतुर्था ये पञ्चमाः संकरजाश्च षष्ठाः।
जातिप्रभेदा इति दस्त्रभादिऋक्षाण्यपि ब्राह्मणपूर्वकाणि।।२०९।।

मञ्जुमती टीका : ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य एवं शूद्र तथा पांचवी शङ्कर जाति तथा छठीं अन्यजाति, ये जाति भेद अश्विनी आदि रेवती पर्यन्त ब्राह्मण के क्रम से होते है।

क्रमादजांघ्रित्रितयं च शिष्टं त्रैवर्णिकानां निखिलानि भानि।
सम्यग्विचार्यैवमनुक्रमेण जात्याख्यकूटे च फलं ब्रवीमि।।२१०।।

मञ्जुमती टीका : क्रमशः तीन जातियों में उत्पन्न वर कन्या के नक्षत्र शुभ कहे गये हैं। इसलिए ठीक ढंग से विचार करके क्रमशः जाति कूट के फल को कह रहा हूँ।

प्रीतिर्नृनार्योरतुलैक्यजात्यां पुंजातितो हीनकुला समा स्त्री।
स्त्रीजातितो हीनकुलः पुमांश्चेद्विलोमजात्यामपि तीव्रवैरम्।।२११।।

मञ्जुमती टीका : वर एवं कन्या में एक जाति होने पर अत्यधिक प्रेम होंता है। यदि पुरुष जाति स्त्री से हीन कुल का हो तो सम होता है। स्त्री जाति हीन कुल होने पर श्रेष्ठ होता है। किन्तु विलोम जाति में तीव्र बैर होता है।

गोत्रकूटम्।

स्युः सप्तगोत्रा भचतुष्टयेन गजाश्विसंख्याऽश्विमुखानि भानि।
मरीचिवासिष्ठमहाङ्गिरोऽत्रिपौलस्तिसंज्ञाः पुलहः क्रतुश्च।।२१२।।

मञ्जुमती टीका : नक्षत्रों के चार-चार भाग से कुल सात गोत्र कहे गये हैं। इसमें कुल २८ अश्विनी से आरम्भ करके कुल २८ नक्षत्रों को जानना चाहिए। ये गोत्र क्रमशः मरीच, वशिष्ठ, महाअङ्गिरा, अत्रि, पौलस्ति, पुलह तथा क्रतु नामक हैं।

यदैकगोत्रे कलहस्त्वजस्त्रं संप्रीतिवृद्धिर्यदि भिन्नगोत्रे।
एष प्रधानः खलु गोत्रवर्गः संचिन्तनीयः सततं नृनार्योः।।२१३।।

मञ्जुमती टीका : यदि एक गोत्र में वर-कन्या का विवाह हो तो निरन्तर कलह होता है। यदि भिन्न गोत्र में विवाह हो तो प्रेम में वृद्धि होती है। यह निश्चित ही प्रधान गोत्र वर्ग है। इनका विचार सदैव वर कन्या के विवाह में करना चाहिए।

पक्षिकूटम्।

भेरुण्डपिङ्गलककाकसुकुक्कुटानां वर्हीं तथाश्विमुखभानि गणांश्च पञ्च।
बाणर्तुषट्शरशरैः क्रमशो विवाहे भिन्ने गणे कलहमेकगणे प्रवृद्धिः।।२१४।।

मञ्जुमती टीका : भेरूंड, पिङ्गल, काक, मुर्गा, एवं मोर ये अश्विनी आदि नक्षत्रों से पांच गण कहें गये हैं। पांच, छः, छः, पांच, पांच ये क्रमशः विवाह में शुभदायक होते हैं। और भिन्न गण में कलह तथा एक गण में वृद्धि होती है।

अथायकूटम्।

आया ध्वजाद्याः क्रमशोऽश्विपूर्वभान्यष्टभिर्भैश्च पुनः पुनः स्युः।
त्रैवर्णिकं भत्रितयं च शिष्टं प्रद्वेषमेषां खलु पञ्चमेन।।२१५।।

मञ्जुमती टीका : क्रमशः अश्विनी आदि नक्षत्रों का आठ से भाग देकर ध्वज आदि आय का निर्धारण करना चाहिए। इसमें तीन आवृत्ति तक तीसरा शुभ होता है किन्तु पाचंवा आपस में शत्रुता करता है।

अथ योगिनीकूटम्।

ब्रह्माणी कौमारी वाराही वैष्णवी च माहेन्द्री।
चामुण्डा माहेशी श्रीलक्ष्मीश्चाष्टयोगिन्यः।।२१६।।

मञ्जुमती टीका : ब्रह्माणी, कौमारी, वाराही, वैष्णवी, माहेन्द्री, चामुण्डा, माहेशी तथा श्रीलक्ष्मी ये आठ योगिनी कही गयी हैं। तीन आवृत्ति तक तीसरा शुभ होता है किन्तु पाचंवा आपस में शत्रुता करता है।

पूर्ववदूर्ध्वं सर्वं योगिन्यैक्ये शुभोऽन्यथा त्वशुभः।
वर्गो मुख्यतरः स्यात्सर्वेषां सर्वदा करग्रहणे।।२१७।।

मञ्जुमती टीका : पूर्व की भाँति बाद की सभी योगिनियों की एकता होने पर शुभ होती हैं अन्यथा अशुभ हो जाती हैं। सम्पूर्ण वर्गों के लिए सर्वदा विवाह मेलापक में इसका विचार करना चाहिए।

पावकदुर्गादिवसौ रविरमरपतिश्च सुरपदिशि।
धर्मचतुर्मुखदिवसौ भूतनयः पावकश्च वह्निदिशि।।२१८।।

मञ्जुमती टीका : प्रतिपदा तिथि एवं नवमी तिथि में योगिनी पूरब दिशा में होती है। उस दिशा के स्वामी ग्रह सूर्य तथा देवता इन्द्र हैं। दशमी एवं द्वितीया को योगिनी अग्निकोण में होती हैं। इसका स्वामी ग्रह मङ्गल तथा देवता अग्नि है।

गिरिसुतशिवदिवसौवा सुरगुरुः प्रेतपश्च याम्यायाम् ।
गणपतिहरिदिवसौदिशि रवितनयः कोणपश्च नैर्ऋत्याम्।।२१९।।

मञ्जुमती टीका : तृतीया एवं चतुर्दशी के स्वामी बृहस्पति तथा यमराज होते हैं। इस दिन योगिनी दक्षिण दिशा में होती है। जबकि चतुर्थी एवं द्वादशी को योगिनी नैर्ऋत्य कोण में होती है। इसका स्वामी ग्रह शनि है और देवता नैर्ऋत्य है।

कामभुजङ्गमदिवसौ असुरगुरुर्वारिपश्च वारुण्याम्।
कलिगिरिजात्मजदिवसौ प्रभंजनः शीतरुक्चवायव्याम्।।२२०।।

मञ्जुमती टीका : षष्ठी एवं अमावस्या तिथियों को योगिनी वायव्य कोण

में होती है। और इसका ग्रह चन्द्रमा एवं देवता वायु है।

दिनपतिनिशिपतिदिवसौ दिनपसुतो यक्षराडुदीच्यां च।
वसुपितृदिवसौ नूनं स्वर्भानुरथ चन्द्रमौलिरैशान्याम्।।२२१।।

मञ्जुमती टीका : सप्तमी एवं पूर्णिमा तिथि को योगिनी उत्तर दिशा में इसका स्वामी ग्रह शनि तथा देवता कुबेर है। अष्टमी तथा अमावस्या तिथि को योगिनी ईशान कोण में होती है और इसका ग्रह राहु है तथा देवता शंकरजी हैं।

अश्विन्याद्यास्तारा: पर्यायपरैरष्टभिश्च विज्ञात्वा।
दंपत्योर्दिगधीशग्रहनाथानां तिथीशानाम्।।२२२।।

मञ्जुमती टीका : अश्विनी आदि नक्षत्रों का क्रमश: आठ के द्वारा ज्ञान करके वर कन्या का दिशाओं के स्वामी ग्रहों एवं तिथियों के स्वामी से मेलापक करना चाहिए।

मित्रत्वे मित्रत्वं शत्रुत्वे शात्रवं च वैवाहे।
ज्ञातव्याश्चाष्टादश वर्गा: सम्यक्सदैव विदा।।२२३।।

मञ्जुमती टीका : इनमें मित्रता होने पर विवाह में वर-कन्या में मैत्री रहेगी तथा शत्रुता रहने पर शत्रुता रहेगी इस प्रकार बुद्धिमानों को इन अठारह वर्गों का ठीक से ज्ञान करना चाहिए।

मुख्योऽप्रजानां ग्रहमित्रवर्ग: क्षमाधिपानां ग्रहसंज्ञकं च।
विशां प्रधानं वनिता विदूरं योन्याख्यवर्गं सततं परेषाम्।।२२४।।

मञ्जुमती टीका : ग्रहों मित्र वर्ग का विचार सदैव ब्राह्मण वर्ण के लिए, ग्रह संज्ञक का विचार क्षत्रिय वर्ण के लिए, स्त्रीदूर का विचार क्षत्रिय वर्ण के लिए तथा योनि का विचार अन्य वर्गों के लिए करना चाहिए।

राशिकूटतदधीशमैत्रतास्त्रीविदूरगणयोनिनाडिका:।
दैवयोगवरगोत्रसमेता: पाणिपीडनविधौ परिचिन्त्यो:।।२२५।।

मञ्जुमती टीका : राशिकूट तथा उसके स्वामी की मैत्री स्त्रीविदूर, गण, योनि, नाड़ी, संयोग तथा वरगोत्र आदि कूटो का विचार विवाह के समय अवश्य करना चाहिए।

मध्यंदिनगते भानौ मुहूर्तोऽभिजिदाह्वयः।
योऽष्टमः सर्वदोषघ्नस्त्वन्धकारं यथा रविः।।२२६।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य के मध्य दिन में जाने पर अभिजित नामक मुहूर्त होता है। यह दिन का अष्टम मुहूर्त है। यह सभी दोषों को वैसे नष्ट कर डालता जैसे सूर्य अन्धकार को।

सूर्याच्चतुर्थं यल्लग्नमभिजित्संज्ञकं तु तत्।
सर्वदोषं निहन्त्याशु पिनाकी त्रिपुरं यथा।।२२७।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य से जो चतुर्थी लग्न है। उसकी भी अभिजित संज्ञा कही गयी है। यह भी सम्पूर्ण दोषों को शीघ्र ही वैसे नष्ट कर देता है जैसे भगवान शङ्कर त्रिपुर नामक राक्षस का।

सर्वदेशेष्विदं मुख्यं सर्ववर्णेषु सर्वदा।
सर्वदोषहरं यद्वद्धरिरित्यक्षरद्वयम्।।२२८।।

मञ्जुमती टीका : सम्पूर्ण वर्णों में तथा सम्पूर्ण देशों में यह मुहूर्त महान हैं तथा सम्पूर्ण दोषों का हरण वैसे करता है जैसे भगवान् विष्णु का हरि नामक दो अक्षरों के स्मरण से सम्पूर्ण पाप नष्ट हो जाते हैं।

सूर्यात्सप्तमलग्नं यद्गोधूलिकमिति स्मृतम्।
सर्वदोषहरं यद्वत्पापं गङ्गाजलं यथा।।२२९।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य से सातवां लग्न गोधूलि संज्ञक कहा गया है। यह सम्पूर्ण दोषों का हरण वैसे कर लेता है जैसे गङ्गाजल सम्पूर्ण पापों को नष्ट कर देता हैं।

गोधूलिकं योगलग्नं भावलग्नं च कल्पितम्।
गान्धर्वादिविवाहेषु वैश्योद्वाहेषु योजयेत्।।२३०।।

मञ्जुमती टीका : गोधूलि, योगलग्न, भावलग्न, आदि का विचार गान्धर्व विवाह में तथा वैश्यों के विवाह में करना चाहिए।

पुत्रोद्वाहान्नैव पुत्र्याः कदाचिदाषण्मासात्कार्यमुद्वाहकर्म।
ऊर्ध्वं तद्वन्मुण्डनान्मुण्डनं च प्रत्युद्वाहं नैव पुण्यद्वयं च।।२३१।।

मञ्जुमती टीका : पुत्र के विवाह के पश्चात छः मास पर्यन्त कभी भी पुत्री का विवाह नहीं करना चाहिए। इसके विपरीत उसके ऊपर मुण्डन के पश्चात मुण्डन होता है वैसे विवाहोपरान्त विवाह करना चाहिए। अन्यथा दोनों पुण्य देने वाले नहीं होते।

पितामहः।

निर्गमात्पूर्वतो न प्रवेशः शुभस्तत्र संवत्सरान्तावधिः कथ्यते।
निर्गमस्त्रीविवाहः पुनः पुंविवाहप्रवेशो न वै मण्डनान्मुण्डनम्।।२३२।।

मञ्जुमती टीका : पुत्री के विवाह से पूर्व प्रवेश करना शुभ नहीं होता और वर्ष पर्यन्त इसकी सीमा कही गयी है। कन्या का विवाह करके विदाई कर देने के बाद पुनः पुत्र का विवाह (मण्डन) के बाद शुभ होता है जबकि (मण्डप) एवं मुण्डन अशुभ होता है। सभी विवाह निर्गम कहलाता है और पुरुष विवाह को प्रवेश कहते हैं।

पुत्रीविवाहात्परतः सदैव शुभप्रदं पुत्रविवाहकर्म।
पुत्रद्वयं नैव ऋतुद्वयेऽपि पुत्रीद्वयं वापि कदाचिदेव।।२३३।।

मञ्जुमती टीका : पुत्री के विवाह के बाद पुत्र का विवाहकर्म सदैव शुभ होता है। दो ऋतुओं के बीच में कभी भी दो पुत्रों या दो पुत्रियों का विवाह नहीं करना चाहिए।

एकोदरप्रसूतानामेकस्मिन्वत्सरे यदि।
पाणिग्रहो भवेन्नूनं तत्रैका विधवा भवेत्।।२३४।।

मञ्जुमती टीका : यदि एक ही माँ से उत्पन्न दो पुत्रियों का विवाह एक ही वर्ष में होता है तो निश्चित ही एक उसमें से विधवा हो जाती है।

उद्वाहश्चैकजन्यानां न विधेय ऋतुत्रये।
सोऽपि हन्ति तयोरेकं पक्षमब्दत्रयाद्धशम्।।२३५।।

मञ्जुमती टीका : एक साथ उत्पन्न जुड़वे भाई या बहन का विवाह छः महीने के अन्दर नहीं करना चाहिए। एक पक्ष के मध्य अथवा तीन वर्ष में उनमें से एक को नष्ट कर देता है।

विवाहश्चैकजन्यानामेकस्मिन्नुदये कुले।
नाशं करोत्येव वर्षे स्यादेका विधवाऽथवा।।२३६।।

मञ्जुमती टीका : एक साथ उत्पन्न दो पुत्र या पुत्रियों का विवाह यदि एक ही कुल में होता है तो वर्ष भर के अन्दर एक का नाश अथवा विधवा कर देता है।

पुत्रोद्वाहान्नैव पुत्रीविवाहोऽपि ऋतुत्रये।
अब्दान्तरे मुण्डनं च न कदा मुण्डनद्वयम्।।२३७।।

मञ्जुमती टीका : छः महीने के भीतर पुत्र के विवाह के पश्चात पुत्री का विवाह शुभद नहीं है। अथवा उसके पश्चात एक वर्ष के अन्दर मुण्डन होने पर कभी भी दूसरा मुण्डन नहीं होना चाहिए।

एकजन्ये तु कन्ये द्वे पुत्रयोर्नैकजन्ययोः।
पुत्रिकाद्वयमेकस्मै न दद्यात्तु कदाचन्।।२३८।।

मञ्जुमती टीका : एक साथ उत्पन्न अर्थात् दो बहनें (यमल सन्तान) अथवा जुड़वे दो पुत्रों का कभी भी एक पुत्री का उनमें से एक पुत्र के साथ विवाह नहीं करें।

नैर्ऋत्यभोद्भूतसुतः सुता वा क्षिप्रादवश्यं श्वशुरं निहन्ति।
तदन्त्यपादाज्जनितो निहन्ति नैवोत्क्रमेणहिभवः कलत्रम्।।२३९।।

मञ्जुमती टीका : निऋत नक्षत्र (मूल) में उत्पन्न पुत्र या पुत्री शीघ्र ही अपने ससुर को मार डालते हैं। उसके अन्तिम चरण में उत्पन्न जातक ही मारता है। जबकि इसके व्यतिक्रम में उत्पन्न होने वाली नही मारती।

सुरेशताराजनिता धवाग्रजं द्विदैवतारजनिता च देवरम्।
पुरन्दरर्क्षाज्जनितः सुतस्तदा स्वस्याग्रजं हन्ति न कन्यका यदि।।२४०।।

मञ्जुमती टीका : ज्येष्ठा नक्षत्र में उत्पन्न कन्या अपने पति के बड़े भाई अर्थात् ज्येठ तथा विशाखा नक्षत्र की कन्या अपने देवर को मार डालती है। ज्येष्ठा नक्षत्र में उत्पन्न पुत्र अपने बड़े भाई को मारता है। कन्या बड़े भाई को नष्ट नहीं करती।

महर्षिभिः शास्त्रवितर्कबुद्ध्या न दूषणंयाः कुलदेशधर्माः।
तन्मूलमज्ञातसमस्तवेदास्तस्मात्प्रमुख्या प्रथमं हि तेऽपि।।२४१।।

मञ्जुमती टीका : महषियों के द्वारा बनाये गये शास्त्रों को अपनी तर्क बुद्धि के द्वारा दूषित नहीं करनी चाहिए। जो कुल (वंश) स्थान आदि के धर्म हैं। उनका मूल सम्पूर्ण वेदों में अज्ञात है। इसलिए मुख्य रूप से पहले कुलाचार और देशाचार को जानना चाहिए।

जनकं जननीं हन्ति भर्तुर्मूलाहिधिष्ण्यना।
मूलान्त्यपादजा नैव तथाऽश्लेषाद्यपादजा।।२४२।।

मञ्जुमती टीका : मूल और आश्लेषा नक्षत्र में उत्पन्न कन्या पिता, माता और स्वामी को नष्ट करती है। मूल का अन्तिम चरण तथा श्लेषा का आदि चरण दोषयुक्त नहीं होता।

षष्ठाष्टमे वा दशमे दिने वा विवाहमारभ्य वधूप्रवेशः।
पञ्चाङ्गसंशुद्धिदिनं विनाऽपि विधावसद्गचरगेऽपि कार्यः।।२४३।।

मञ्जुमती टीका : विवाह के आरम्भ से अथवा वधूप्रवेश दिन से लेकर छठें, आठवें या दशवें दिन में पचाङ्ग की शुद्धि दिन के बिना भी यात्रा आदि कार्य करना चाहिए।

प्रायश्चित्तं चिकित्सां च ज्योतिषं धर्मनिर्णयम्।
विना शास्त्रेण यो ब्रूयात्तमाहुर्ब्रह्मघातकम्।।२४४।।

मञ्जुमती टीका : प्रायश्चित, चिकित्सा, ज्योतिषशास्त्र तथा धर्मनिर्णय शास्त्र के बिना जो बताया है उसे ब्रह्मघाती कहा जाता है।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
विवाहाध्यायो द्वात्रिंशः।।३२।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में विवाहाध्याय नामक बत्तीसवें अध्याय का हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथ राजाभिषेकाऽध्यायः ३३।

आधानजन्मेशदशाधिनाथरवींदुभौमेज्यसितैर्बलस्थैः।
उत्पातदोषादिविवर्जितेषु धराधिपानामभिषेक इष्टः।।१।।

मञ्जुमती टीका : आधान लग्नेश, राशीश, दशाधिप, सूर्य, चन्द्र, मङ्गल, गुरु, शुक्र के बली होने पर तथा उत्पातादि दोष से रहित हों तो राजा का अभिषेक करना चाहिए।

मूलत्रिकोणस्वगृहोच्चमित्रगृहस्थितैर्वाऽपि तदंशसंस्थैः।
शुभे विलग्ने सततं ग्रहेन्द्रा दिशंति लक्ष्मीं विपुलां च कीर्तिम्।।२।।

मञ्जुमती टीका : सब ग्रह मूलत्रिकोण, अपनी राशि, उच्चराशि या मित्र राशि में हों या इनके नवांश में हों तथा शुभ लग्न में अभिषेक करने से राजा को विपुल धन की प्राप्ति होती है।

स्वनीचगैर्वैरिगृहोदिगैर्वा ह्यस्तङ्गतैर्वक्रमुपागतैर्वा।
पापोदये शोकभयं त्वकीर्तिं दिशंति राज्ञां भृशमम्बराटाः।।३।।

मञ्जुमती टीका : ग्रह अपनी नीच राशि, शत्रु या इनके नवांश में या अस्त हो और पापग्रह की लग्न में राज्याभिषेक करने पर शोक, भय, अपयश होता है।

शीर्षोदये चोपचये गृहे वा स्वजन्मलग्नादथ लग्नगेऽपि।
शुभग्रहैर्युक्तनिरीक्षिते वा पदं स्थिरं स्यात्सततं च राज्ञाम्।।४।।

मञ्जुमती टीका : शीर्षोदय लग्न में या लग्न या चन्द्रमा से उपचय राशि लग्न शुभग्रह से दृष्ट या युक्त होने पर राजा का अभिषेक करने पर सिंहासन सदा स्थिर होता है।

रिक्तास्वमायां बुधभौमवारविवर्जिते वारदिनेषु चैव।
खले दिने ऋक्षनिशीशयोश्च न नैधने भे त्वभिषेक इष्टः।।५।।

मञ्जुमती टीका : रिक्ता, अमावस्या, भौम, बुधवार को छोड़कर तथा

नक्षत्र चन्द्रमा से दूषित दिन एवं अष्टम नक्षत्र राशि का त्यागकर अभिषेक करना चाहिए।

पापग्रहैः स्वान्त्यगतैश्च निःस्वो रोगी विलग्नोपगतैर्भवेत्सः।
पदच्युतः सप्तचतुर्थसंस्थैः पुत्रस्थितैः सर्वसुखैर्विहीनः।।६।।

मञ्जुमती टीका : लग्न में गये हुए पापग्रहों से अथवा अपने अन्त में गये ग्रहों की स्थिति में अभिषेक होने पर निर्धन और रोगी होता है। सातवें या चतुर्थ स्थित होने पर पद से च्युत कर दिया जाता है। जबकि पांचवे स्थित होने पर सभी सुखों से हीन करते हैं।

भ्रष्टोत्सुकः कर्मगतैरनायुर्मृत्युस्थितैर्वीर्ययुतैश्च पापैः।
लग्नव्ययाष्टारिगतः शशाङ्कः क्षितीश्वरं हन्ति तदा बली चेत्।।७।।

मञ्जुमती टीका : कर्मभाव में पापग्रहों के होने से राजा भष्ट्र, अष्टम स्थान में स्थित से अल्पायु तथा तीसरे स्थान में स्थित होने से पराक्रमी होता है। जबकि चन्द्रमा अभिषेक लग्न से बारहवें, आठवें तथा छठें गया हो और बली हो तो राजा को ही मार डालता है।

केन्द्रत्रिकोणत्रिधनायसौम्यैस्त्रिषष्ठलाभारिगतैश्च पापैः।
षष्ठाष्टलग्नव्ययवर्जितेन चन्द्रेण राज्ञां शुभदोऽभिषेकः।।८।।

मञ्जुमती टीका : केन्द्र, त्रिकोण, तीसरे, दूसरे तथा लाभ स्थान में शुभग्रह हों, तीसरे, छठें तथा लाभ स्थान में पाप या शत्रुग्रह स्थित हो तथा चन्द्रमा छठें, आठवें, लग्न अथवा बारहवें को छोड़कर अन्य स्थानों में स्थित हो तो राजा का अभिषेक शुभद होता है।

यस्याभिषेके पुरुहूतमन्त्री लग्ने त्रिकोणे यदि वा भवेत्सः।
षष्ठे कुजः कर्मगतश्च शुक्रः स मोदते विक्रमराज्यलक्ष्म्या।।९।।

मञ्जुमती टीका : जिस राजा के अभिषेक समय में बृहस्पति लग्न अथवा त्रिकोण में स्थित हो, छठें मङ्गल स्थित हो तथा दशम स्थान में शुक्र स्थित तो वह राजा पराक्रमपूर्वक राजलक्ष्मी से हर्षित होता है।

दुश्चिक्यलाभारिगता विनार्कौ खस्थेऽमरेज्ये यदि बन्धुगे ज्ञे।
यस्यात्र योगे क्रियतेऽभिषेकश्चिरायुषस्त्वस्य पदं स्थिरं स्यात्।।१०।।

मञ्जुमती टीका : जिस राजा के अभिषेक लग्न से शनि तीसरे, ग्यारहवें तथा छठें स्थान को छोड़कर अन्य स्थान में होता है तथा दसवें में गुरु और चतुर्थ में बुध होने पर अभिषेक होता है उस दीर्घायु राजा की सम्पत्ति स्थिर होती है।

शुभेषु चन्द्रयोगेषु स्वयोगेषु शुभेषु च।
राजयोगेषु यो राजा ह्यभिषिक्तः क्षितीश्वरः।।११।।

मञ्जुमती टीका : यदि शुभ ग्रहों से चन्द्रमा का योग हो अथवा स्वयोग शुभग्रहों से हो तो इसमें जिस राजा का अभिषेक होता है वह राजयोगी होता है।

प्राग्भागे मन्दिरस्याथ गोमयेन तु कारयेत्।
मण्डलं चतुरस्त्रं तद्वर्णकैः समलंकृतम्।।१२।।

मञ्जुमती टीका : महल के पूर्व भाग में गोबर से लीपकर चतुरस्त्र मण्डल बनाकर अनेक रंगो से सुशोभित करना चाहिए।

तत्र भद्रासनं सम्यगर्चयेत्सुमनोहरम्।
गङ्गातोयसुसम्पूर्णस्वर्णकुम्भोदकैः सह।।१३।।

मञ्जुमती टीका : वहाँ भद्रासन का सुन्दर ढंग से पूजन करना चाहिए। गङ्गाजल से भरे हुए सोने के कलश के जल के साथ।

दिग्विदिक्षु स्थितैः शुक्लगन्धमाल्याम्बरार्चितैः।
शतौषधीमूलहेमरत्नासद्वीजपल्लवैः।।१४।।

मञ्जुमती टीका : अनेक दिशा-विदिशा में स्थित श्वेत, गन्ध, माला, वस्त्र आदि से पूजित शतौषधी मूल, स्वर्णरत्न तथा सदबीज के पत्तों के द्वारा।

मृत्तिका वृषशृंगं च गजदन्तं च रोचनम्।
उत्पलं पद्मकं पद्मं मुस्तरेणुकवुंकुमम्।।१५।।

मञ्जुमती टीका : मिट्टी, बैल का सींग, हाथी का दाँत, रोली, कमल का फूल, कमलदण्ड, पद्म, मोथा तथा कुमकुम की धूल।

राजसर्षपमुस्तं च देवदारुसमन्वितैः।
देवस्यत्वेति मन्त्रेण आयुःपुष्टियशस्करैः।।१६।।

मञ्जुमती टीका : श्रेष्ठ सरसों, नागर मोथा तथा देवदारू से युक्त देवस्यतु इस मन्त्र से आयु को पुष्टि करने वाले और यश देने वाले के द्वारा।

अब्लिगैर्वेदमन्त्रैश्च शुभलग्ने शुभान्विते।
भद्रासने स नृपतिरभिषेकं च कारयेत्।।१७।।

मञ्जुमती टीका : अपलिङ्ग तथा वेदमन्त्रों के द्वारा शुभलग्न में शुभग्रहों से युक्त भद्रासन पर उस राजा का अभिषेक कराना चाहिए।

नीराजनं च कर्तव्यं शंखवादित्रनिःस्वनैः।
आशिषो वाचनं कृत्वा चार्चयेच्च सुरान्पितॄन्।।१८।।

मञ्जुमती टीका : शंख तथा मृदङ्ग आदि के ध्वनि से आरती करनी चाहिए। पुनः आशीर्वाद देकर देवता एवं पितरों की पूजा करानी चाहिए।

आयुधानि च पट्टं च विप्रान्गन्धादिनाऽर्चयेत्।
शुक्लामाल्याम्बरधृतः प्राङ्मुखस्य महीपतेः।।१९।।

मञ्जुमती टीका : अस्त्र, शस्त्र तथा पट्ट एवं गन्ध आदि से पूजन करके सफेद माला एवं वस्त्र को धारण किए हुए पूरब मुख बैठे हुए राजा को।

पट्टं शिरसि बध्नीयात्सिंहासनगतस्य च।
विप्रेभ्यो दक्षिणां दद्यान्मानयेन्मन्त्रपूर्वकम्।।२०।।

मञ्जुमती टीका : ब्राह्मण के द्वारा सिर में पट्ट बाँधना चाहिए तथा राजा को सिंहासन पर जाकर मन्त्रपूर्वक ब्राह्मणों को दक्षिणा देनी चाहिए।

ब्रूयात्प्रत्यङ्मुखो राजा नमामि त्वां धरेति च।
प्राच्यां मामभिषिंचन्तु वसवस्तेजसे श्रियै।।२१।।

मञ्जुमती टीका : राजा पूरब मुख करके बोले कि हे पृथ्वी! मैं तुम्हें प्रणाम करता हूँ। पूरब में मेरा अभिषेक करो। वसु (धन), तेजस (पराक्रम) एवं लक्ष्मी (ऐश्वर्य) के लिए मेरा अभिषेक करो।

याम्यायामभिषिंचन्तु मां रुद्रा विजयाय च।
आदित्यास्त्वभिषिंचन्तु प्रतीच्यां दिशि वृद्धये।।२२।।

मञ्जुमती टीका : हे रुद्र! विजय के लिए दक्षिण दिशा में मेरा अभिषेक करो तथा हे आादित्य! तुम भी पश्चिम दिशा में वृद्धि के लिए मेरा अभिषेक करो।

विश्वेदेवास्तथोदीच्यामभिषिंचन्तु तुष्टये।
दिगीशास्त्वभिषिंचन्तु मां सदा विजयाय च।।२३।।

मञ्जुमती टीका : हे विष्णु देवता! उत्तर दिशा में सन्तुष्टि के लिए आपलोग मेरा अभिषेक करो। हे दिकपालों! सदा – विजय के लिए मेरा अभिषेक करें।

साम्राज्यमितिमन्त्रेण राजानं सम्यगर्चयेत्।
व्याघ्रचर्मण्यथासीनं नवालंकारभूषितम्।।२४।।

मञ्जुमती टीका : साम्राज्यम् इस मन्त्र के द्वारा राजा का भलीभाँति पूजन करना चाहिए। पुनः बाघ के चमड़े पर बैठकर नवीन अलंकारो से सुशोभित होकर।

छत्रचामरसंयुक्तं राज्यचिह्नसमन्वितम्।
पुरोहितश्च जुहुयात्सावित्र्याऽग्नौ प्रयत्नतः।।२५।।

मञ्जुमती टीका : छत्र, चमर से युक्त तथा राजचिह्नों से युक्त पुरोहित के द्वारा अग्नि में प्रयत्नपूर्वक सूर्य के लिए हवन करना चाहिए।

उदुम्बरसमिद्भिश्च आज्येनाष्टोत्तरं शतम्।
विद्वत्पुरोहितामात्यवृद्धबन्धुसमन्वितैः।।२६।।

मञ्जुमती टीका : गूलर की समिधा से, घी के द्वारा १०८ मन्त्रों से विद्वान पुरोहित मन्त्री तथा वृद्ध एवं भाई-बन्धुओं के द्वारा।

तदा सचिन्त्य सप्ताङ्गं प्रजाधर्मेण पालयेत्।
एवं यः कुरुते सम्यक्स राजा वर्द्धते चिरम्।।२७।।

मञ्जुमती टीका : उस समय तब ठीक ढंग से विचार करके धर्म के द्वारा अपने सात अङ्गों का तथा प्रजा का पालन करना चाहिए। इस प्रकार से जोग ठीक ढंग से प्रजा का पालन करता है। वह राजा बहुत दिन तक वृद्धि को प्राप्त होता है।

अभिषेकविधिं चोक्त्वा तदाचारः प्रवक्ष्यते।
अभिषेकगुणोपेतं राजानं धर्मशीलिनम्।।२८।।

मञ्जुमती टीका : अभिषेक की विधि को कहकर अब उसके आचरण को कह रहे हैं। अभिषेक के गुणों से युक्त धर्मशील राजा को।

श्रीमान्कुलीनोऽव्यसनोऽतिशूरः श्रुतिस्मृतिज्ञः स्मृतिमान्सुदक्षः।
धर्मस्वरूपी त्वगदस्त्वलुब्धः शुचिः स्थिरो नीतिपरः सुरूपः।।२९।।

मञ्जुमती टीका : धनवान, कुलीन, व्यसन से रहित, अत्यन्त शूरवीर, वेद और स्मृतियों का जानकार, याद रखने वाला तथा चतुर, धर्मस्वरूप, रोगरहित, लोभरहित, पवित्र, स्थिर नीतिवाला और सौन्दर्यवाला।

पथ्याभिलाषी निपुणः कलासु वक्ता सुवेषः प्रियवाक्कृतज्ञः।
वृद्धोपसेवी गुणवान्गभीरः स्वरन्ध्रगोप्ता पररन्ध्रवेत्ता।।३०।।

मञ्जुमती टीका : पथ्य को चाहने वाला, कलाओं में चतुर, वक्ता, सुन्दर वेष वाला, प्रिय वाक्य बोलने वाला, कृतज्ञ, वृद्धों की सेवा करने वाला, गुणवान, गम्भीर, अपने छिद्रों को गुप्त रखने वाला तथा दूसरे के छिद्रों का जानने वाला।

दाता सहिष्णुर्विजितेंद्रियश्च मानी सुसप्ताङ्गयुतो विनीतः।
उत्साहमन्त्रः प्रभुशक्तियुक्तश्चतुर्विधोपाययुतस्त्वभीतः।।३१।।

मञ्जुमती टीका : दानी, सहनशील, इन्द्रियों को जीतने वाला, मानी, सन्दर सात अङ्गो से युक्त, विनम्र, उत्साह, मन्त्र एवं प्रभु शक्ति से सम्पन्न, चार प्रकार के उपाय से युत तथा निर्भीक।

पञ्चाङ्गमन्त्रे कुशलः प्रगल्भः षाड्गुण्यवृन्दे विजयी सदा सः।
पञ्चाङ्गमन्त्रे त्वथ षड्गुणानां नामानि वक्ष्ये च पृथक् पृथग्वै।।३२।।

मञ्जुमती टीका : पांच अङ्ग वाला मन्त्र में कुशल, ढीठ, छः गुण समूहों से युक्त वह राजा सदा विजयी होता है। पचाङ्गमन्त्र और छः गुण के नामों को अब अलग-अलग कहेंगे।

आद्योपायः सुप्रारम्भस्त्वर्थाप्तिर्गुणपूर्णता।
देशकालविभागश्च विनिपातविचारणम्।।३३।।

मञ्जुमती टीका : पहला उपायों के द्वारा प्रारम्भ, अर्थ (धन) की प्राप्ति तथा गुणों से पूर्ण, देशकाल के विभाग को जानने वाला, विनम्र (अधीनस्थ) लोगों का भी विचार करने वाला।

स्वकार्यसिद्धिरित्येवं मन्त्रः पञ्चाङ्गसंज्ञकः।
सामभेदप्रदानाख्या दण्डोपायश्चतुर्विधः।।३४।।

मञ्जुमती टीका : अपने कार्य की सिद्धि करने वाला, इस प्रकार से ये पांच संज्ञा वाले मन्त्र कहे गये हैं। साम, भेद, दान तथा दण्ड ये चार प्रकार के उपाय कहे गये हैं।

सन्धिविग्रहयानाख्यद्वैधीभावसमन्वितः।
संश्रयश्चेति नीतिज्ञैः षड्गुणाः परिकीर्तिताः।।३५।।

मञ्जुमती टीका : नीति जानने वाले लोगों के द्वारा छः गुण इस प्रकार कहे गये हैं। सन्धि, विग्रह, यान, द्वैधी, भाव से युक्त तथा संश्रय ये छः गुण हैं।

एवं लक्षणसम्पूर्णः सेव्यः सेवकसज्जनैः।
वृद्धविद्वज्जनामात्यैः सर्वदा परिसेवितः।।३६।।

मञ्जुमती टीका : इन सम्पूर्ण लक्षणों से युक्त सेवक-सद्जनों से सेवा किए जाते हुए वृद्ध तथा विद्वान मन्त्रियों के द्वारा सर्वदा सेवा किए जाते हुए।

सप्तभिरुदयात्सर्वं चिन्तयेदात्मनो हितम्।
गीततूर्यरवैः सार्द्धं त्यजेच्छय्यां नृपोत्तमः।।३७।।

मञ्जुमती टीका : इन सात के द्वारा सभी प्रकार की उन्नति होती है। इन्हीं से अपने हित का चिन्तन करना चाहिए। तथा श्रेष्ठ राजाओं को गाने, वाद्य, ध्वनियों के साथ शैय्या का त्याग करना चाहिए।

शृण्वन्मङ्गलवाक्यानि गृहान्निर्गत्य वीक्षयेत्।
गोहेमाग्निद्विजघृततोयसूर्यधराधिपान्   ।।३८।।

मञ्जुमती टीका : मङ्गल वाक्यों को सुनता हुआ घर से निकलकर गाय, स्वर्ण, अग्नि, ब्राह्मण, घी, जल, सूर्य तथा राजाओं को देखना चाहिए।

मौनी मूत्रपुरीषे तु ततः कुर्यादुदङ्मुखः।
गन्धलेपक्षयकरं शौचं कुर्याद्विधानतः।।३९।।

मञ्जुमती टीका : पेशाब एवं शौच के समय मौन रहना चाहिए। और मलमूत्र त्याग उत्तर मुख होकर करना चाहिए। गन्ध, लेप तथा क्षय करने वाली, पवित्रता को विधानपूर्वक करना चाहिए।

प्राङ्मुखोदङ्मुखो भूत्वा दन्तधावनमाचरेत्।
वितस्तिदीर्घकाष्ठेन सत्वगापाटितेन च।।४०।।

मञ्जुमती टीका : पूरब मुख अथवा उत्तर मुख होकर दातुन करना चाहिए। एक वितस्ति लम्बी छाल सहित तोड़ी गयी दातून होनी चाहिए।

शिरीषलोध्रपनसनिम्बजम्बूकन्दबकैः ।
कुटजांकोलबकुलैर्लक्ष्मीवृद्धिर्भवेत्सदा ।।४१।।

मञ्जुमती टीका : शिरीष-लोध्र, कटहल, नीम, जामुन, कन्द, बक, कुटज, अंकोल तथा मौलश्री की दातून द्वारा सदैव लक्ष्मी की वृद्धि होती है।

भाण्डीरकरवीराम्लैर्नीपक्रमुकदाडिमैः ।
करंजकोविदारार्कैरन्नवृद्धिर्भवेदिह ।।४२।।

मञ्जुमती टीका : बरगद, कनेर, आवलाँ, कदम्ब, सुपारी, अनार, करञ्ज, कोविदार, मंदार के द्वारा यहाँ अन्नों की वृद्धि होती है।

अपामार्गवटप्लक्षखदिरोदुम्बरार्जुनैः ।
बिल्वपुन्नागककुभैरायुर्वृद्धिर्भवेद्ध्रुवम् ।।४३।।

मञ्जुमती टीका : अपामार्ग (चिचड़ी, लटजीरा), बरगद, पाकर, खैर, गूलर, अर्जुन, बेल, पुन्नाग, ककुभ के द्वारा निश्चित ही आयु की वृद्धि होती है।

श्रीखण्डचम्पकाम्बष्ठनारिकेलविभीतकैः।
कंकुष्ठशालनारंगनिचुलैरतुलं यशः।।४४।।

मञ्जुमती टीका : चन्दन, चम्पा, अम्बष्ठ, नारियल, बहेड़ा, कंकुष्ठ, शाल, नारंगी तथा निचुल आदि के द्वारा अत्यधिक यश प्राप्त होता है।

पलाशाश्वत्थजम्बीरमातुलुंगकुलाम्बकैः ।
अगस्तितालहिन्तालकंककाष्ठैश्च निस्वंतः।।४५।।

मञ्जुमती टीका : पलास, पीपल, जम्बीर, मातलुंग, कुलाम्बक, अगस्त, ताड़, हिन्तालक तथा कंकाष्ठ से निर्धनता प्राप्त होती है।

तन्त्रणीकशमीवेणुमध्वामलकवञ्जुलैः ।
विकंकतव्याघ्रपादसर्जकृष्णैर्यशःक्षयः ।।४६।।

मञ्जुमती टीका : तन्त्रणी, शमी, बाँस, मधु, आवलाँ, वंजुल, विकंकत, व्याघ्रपाद तथा सर्जकृष्ण के द्वारा यश क्षय होता है।

हरीतकीविष्ठिनागकेतकोद्दालतापसैः ।
कार्पासाटकिवागूचीबलाश्लेष्मान्तकैर्गदाः।।४७।।

मञ्जुमती टीका : हर्रे, विष्ठिनाग, केतकी, उद्दाल, तापस, कारपास (कपास), आटकी, बागूची, बला और लिशेड़ा से रोग होता है।

भल्लातको देवादारुर्मदयन्तीक्षुबालकैः।
त्रिणाङ्कुलाश्मलोहाद्यैः शत्रुभ्यः साध्वसं ततः।।४८।।

मञ्जुमती टीका : भल्लातक, देवदारू, मदयन्ती, छोटे गन्ने, त्रिणाङ्कुल, पत्थर तथा लोहे आदि से मार्ग में थकावट और शत्रु का भय होता है।

शृण्वन्हरिकथालापान्संध्यादिनियमं चरेत्।
राजसर्षपदूर्वेभदानतीर्थाम्बुमृत्तिकाः ।।४९।।

मञ्जुमती टीका : भगवान् की कथा एवं आलाप को सुनते सन्ध्यादि नियमों को पालन करना चाहिए। श्रेष्ठ सरसों, दूर्वा, हाथी के जल (मदवारि) तथा तीर्थों के जल तथा मिट्टी आदि से।

धारयित्वा सहेमाज्यावेक्षणं दर्पणेऽपि वा।
नत्वा देवद्विजगुरून्दद्याद्गां वत्ससंयुताम्।।५०।।

मञ्जुमती टीका : धारण करके दर्पण का दर्शन करके सुवर्ण, घी, सहित, देवता, ब्राह्मण, गुरु आदि को प्रणाम करके बछड़े से युक्त गाय देनी चाहिए।

लब्ध्वा तेभ्यः स्वस्तिवाक्यं तिथिश्रवणपूर्वकम्।
कुर्याद्वचांसि भिषजां सम्यग्ज्ञाप्य तनुःस्थितिम्।।५१।।

मञ्जुमती टीका : उनके द्वारा कल्याणकारी वाक्यों को प्राप्त करके तिथियों के श्रवणपूर्वक पुनः वैद्यों की वाणी से अपने शरीर की स्थिति को ठीक से जानकर वैसा करना चाहिए।

शुक्ललमाल्याम्बरधरः सर्वाभरणभूषितः।
भृत्यशिष्टाप्तकाव्यज्ञैर्मन्त्रिनैयायिकैः सह।।५२।।

मञ्जुमती टीका : सफेद माला और वस्त्र को धारण करके, सम्पूर्ण आभूषणों से सुशोभित, विनम्र नौकर तथा आप्त, काव्य को जानने वाले, मन्त्रियों तथा नैयायिकों के साथ।

सभां प्रविश्य राज्याभिवृद्धिं धर्मेण चिन्तयेत्।
ततो माध्याह्निकं कृत्यं कृत्वा ग्रसनपूर्वकम्।।५३।।

मञ्जुमती टीका : सभा में प्रवेश करके राज्य की वृद्धि के लिए धर्म का चिन्तन करना चाहिए। पुनः मध्याह्न कालिक कृत्यों को समाप्त करके भोजन को।

पुत्राद्यैः सह भुञ्जीत शृण्वन्गाथां हरेशयोः।
इष्टालापांश्च निर्वर्त्य गजाश्वादींश्च वीक्षयेत्।।५४।।

मञ्जुमती टीका : पुत्रों के साथ खाकर पुनः भगवान् शङ्कर एवं विष्णु की गाथा को सुनते अभीष्ट व्यक्तियों से वार्तालाप करते हुए लौटकर हाथी और घोड़े आदि को देखना चाहिए।

सायंसंध्यादिकं कृत्वा सभां प्राग्वत्प्रवेशयेत्।
ततो राज्ञो विलासिन्यः कुर्यात्संध्याबलिक्रियाम्।।५५।।

मञ्जुमती टीका : सांयकाल की संध्या आदि को करके पूर्व की भाँति सभा में प्रवेश करना चाहिए। पुनः विलासिनी पटरानियों के साथ राजा संध्याकाल पूजा आदि क्रिया को सम्पन्न करना चाहिए।

तैजसेषु च पात्रेषु नैकस्मिन्नथ वा त्रिषु।
तत्तद्राज्यानुसारेण पञ्चस्वपि च सप्तसु।।५६।।

मञ्जुमती टीका : तेज युक्त पात्रों में दो या तीन बार उस-उस राज्य के अनुसार पांच या सात में।

तेषु कार्यान्यष्टदलपद्मान्यन्यैर्विचित्रितैः।
दलेषु कर्णिकायां च दीपैर्बहुभिरुज्ज्वलैः।।५७।।

मञ्जुमती टीका : उनमें अष्टदल कमल को बनाकर अन्य कमलों को चित्रित करके उसके दल और कर्णिका पर अनेक दीपों को प्रज्जवलित करके।

नीराजयेद्रक्षमन्त्रैः सह मङ्गलपाठकैः।
पूर्ववच्चिंतयेद्राज्यं प्रेषयेद्गुप्तचारकान्।।५८।।

मञ्जुमती टीका : रक्षणीय मन्त्र एवं मङ्गल पाठकों के साथ आरती करनी चाहिए। पुनः की भाँति राज्य का चिन्तन करते हुए गुप्तचरों को भेजना चाहिए।

अन्तःपुरं संप्रविशेन्नियम्य त्वङ्गरक्षकान्।
तासां मनोरथान्कृत्वा प्राग्वृत्तं समनुस्मरेत्।।५९।।

मञ्जुमती टीका : नियमपूर्वक अपने अङ्गरक्षकों के मनोरथों को पूर्ण करके पहले के आचरण के अनुसार अनुसरण करता हुआ अन्तःपुर में प्रवेश करें।

एवं समाचरेन्नित्यं सदा सत्कीर्तिमाप्नुयात्।
तस्मात्सर्वप्रयत्नेन राज्यं धर्मेण पालयेत्।।६०।।

मञ्जुमती टीका : इस प्रकार सदा सद्कीर्ति को प्राप्त करता हुआ नित्य ही इस प्रकार का आचरण करता हुआ सभी प्रकार से प्रयत्नपूर्वक धर्म के द्वारा राज्य का पालन (रक्षा) करना चाहिए।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
राजाभिषेकाध्यायस्त्रयस्त्रिंशः।।३३।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में
राजाभिषेकाध्याय नामक तैसीसवां अध्याय का हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अश्वारिष्टशान्त्यध्यायः ३४।

भूपतेर्यस्य सन्त्यश्वाः स एव विजयी रणे।
श्रीमान्स एव तस्माद्धि कार्यमश्वाभिरक्षणम्।।१।।

मञ्जुमती टीका : जिस राजा के पास घोड़े होते हैं वह युद्ध में सदा विजयी होता है और वही श्रीमान् होता है। अतएव घोड़े की रक्षा का उपाय कहा जा रहा है।

सूर्ये स्वात्यर्क्षसंयाते जायन्ते बहवो गदाः।
यदा यदा रोगजननमश्वानामथवा तदा।।२।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य के स्वाती नक्षत्र में जाने पर अनेक प्रकार के रोग उत्पन्न होंतें जब तक घोड़ों में रोग उत्पन्न हो उस समय।

सलोकपालहेरम्बपूजां होमं च कारयेत्।
भानुवारे च संक्रान्तावयने विषुवद्द्वयोः।।३।।

मञ्जुमती टीका : लोकपालों के सहित गणेशजी की पूजा करनी चाहिए। तथा हवन करना चाहिए। मङ्गलवार के दिन संक्रान्ति के परिवर्तन होने के दिन अयन उत्तरायण दक्षिणायन में, तथा दोनों विषुवी संक्रान्ति में।

दिनक्षये व्यतीपाते द्वादश्यामश्विभेऽपि वा।
ऐशान्यामष्टभिर्हस्तैश्चतुर्भिर्वाथ मण्डपम्।।४।।

मञ्जुमती टीका : दिन (तिथि) के क्षय होने पर, व्यातिपात होने पर, द्वादशी में या अश्विनी नक्षत्र में भी, ईशानकोण में चार अथवा आठ हाथ चौड़ा मण्डप बनाना चाहिए।

चतुर्द्वारं वितानस्त्रक्तोरणाद्यैरलंकृतम्।
तन्मध्ये वेदिकान्तिस्य पञ्चविंशतिमानतः।।५।।

मञ्जुमती टीका : चारो ओर दरवाजे तथा चन्दोवा, माला तथा तोरण आदि से अलंकृत करके उसके बीच में वेदिका के अन्त पचीस के प्रमाण से।

मण्डपस्य वहिः कुण्डं प्राच्यां पूर्वोक्तलक्षणम्।
वरयेत्पूर्ववद्विप्रान्स्वस्तिवाचनपूर्वकम् ॥६॥

मञ्जुमती टीका : मण्डप के बाहर कुण्ड पूरब दिशा में पूर्वोक्त लक्षणों के अनुसार स्वस्ति वाचनपूर्वक पूर्व की भाँति ब्राह्मण का वरण करे।

सूर्यपुत्रं हयारूढं पञ्चवक्त्रं दशाम्बकम्।
रक्तवर्णं कशाखण्डं रेवतं द्विभुजं स्मरेत्॥७॥

मञ्जुमती टीका : सूर्यपुत्र घोड़े पर बैठे हुए पांच मुख वाले दस नेत्रवाले लालवर्ण कशाखण्ड, रेवत तथा दो भुआजों वाले का स्मरण करें।

सूर्यपुत्र नमस्तोऽस्तु नमस्ते पञ्चवक्त्रक।
नमो गन्धर्वदेवाय रेवन्ताय नमो नमः॥८॥

मञ्जुमती टीका : हे सूर्यपुत्र! आपको नमस्कार, हे पांच मुख वाले आपको नमस्कार!, गन्धर्व देव के लिए नमस्कार! तथा रेवन्त के लिए बार-बार नमस्कार है!।

मन्त्रेणानेन रेवन्तं गन्धवस्त्राक्षतादिभिः।
विधिवद्वेदिकामध्ये तण्डुलोपरि पूजयेत्॥९॥

मञ्जुमती टीका : इस मन्त्र के द्वारा गन्ध, वस्त्र, अक्षत आदि के द्वारा वेदिका के मध्य चावल के ऊपर विधिवत पूजन करें।

परितः स्वस्वमन्त्रैस्ताँल्लोकपालांश्च पूजयेत्।
प्रागवद्गजाः पञ्च षड्वै रेवन्तस्य समीपतः॥१०॥

मञ्जुमती टीका : अपने-अपने मन्त्रों के द्वारा उन-उन लोकपालों का चारों ओर से पूजन करें। पूर्व की भाँति पांच हाथी एवं छः घोड़ों के समीप से।

ऋग्वेदादिचतुर्वेदाञ्जपेद्द्वारेषु पूर्वतः।
पूर्णकुम्भान् रक्तवर्णान् गन्धवस्त्राद्यलंकृतान्॥११॥

मञ्जुमती टीका : ऋग्वेद आदि चतुर्वेदों के द्वारा दरवाजे के पूर्व में जप कराना चाहिए। लालवर्ण वाले पूर्णकलश को वस्त्र आदि से अलंकृत करके।

पञ्चत्वक्पल्लवोपेतानष्टमृद्भिः सुसंयुतान्।
द्वारेषु स्थाप्य चाब्लिंगमन्त्रैः कार्यं समर्चनम्।।१२।।

मञ्जुमती टीका : पांच त्वचा एवं पांच पल्लवों से युक्त आठ मिट्टी के पात्र से संयुक्त करके दरवाजे पर स्थित करके अपलिङ्ग मन्त्रों कें द्वारा पूजन कराना चाहिए।

रेवन्तपूजामाचार्यः कृत्वा गृह्यविधानतः।
स्थापयेत्तं व्याहृतिभिस्तस्मिन्कुण्डे हुताशनम्।।१३।।

मञ्जुमती टीका : रेवन्त की पूजा करने वाले आचार्य को गृहसूत्र के विधान के अनुसार व्याहृतियों के द्वारा उस कुण्ड में अग्नि की स्थापना करें।

ततस्तत्राज्यभागान् ते मुखाहुतिमतन्द्रितः।
अग्नये स्वाहेतु हुत्वा घृतेनादौ प्रयत्नतः।।१४।।

मञ्जुमती टीका : पुनः वहाँ घी के भाग से मुख की आहुति आलस्यरहित होकर करें। 'अग्नेय स्वाहा' कहकर प्रयत्नपूर्वक घृत की आहुति दे।

रेवन्तपूजामन्त्रेण आद्यन्तप्रवणेन च।
पलाशसमिधाज्यान्नैः पृथगष्टोत्तरं शतम्।।१५।।

मञ्जुमती टीका : आदि और अन्त में प्रणव (ओंकार) के साथ मन्त्र के द्वारा रेवन्त पूजा मन्त्र से पलाश की लकड़ी, घी तथा अन्न के द्वारा अलग-अलग १०८ बार।

आचार्यो जुहुयाद्व्रीहींस्तिलान्व्याहृतिभिस्ततः।
एकरात्रं त्रिरात्रं वा नवरात्रमथापि वा।।१६।।

मञ्जुमती टीका : आचार्य को चावल, तिल तथा व्याहृतियों द्वारा एक रात्रि, तीन रात्रि, अथवा नौ रात्रि तक हवन करना चाहिए।

अनेन विधिना कुर्यादेकभुक्तो जितेन्द्रियः।
जपादिपूर्वकं सम्यक्कर्ता पूर्णाहुतिं हुनेत्।।१७।।

मञ्जुमती टीका : इस विधि से जितेन्द्रिय रहकर एक बार भोजन करता हुआ जब जप आदिपूर्वक कर्ता को ठीक ढंग से पूर्णाहुति करनी चाहिए।

ततो मङ्गलघोषैश्च नैवेद्यं च समर्पयेत्।
ततस्तद्धुतशेषेण सह कुम्भोदकेन च।।१८।।

मञ्जुमती टीका : इसके पश्चात् मङ्गल आदि वाद्य के द्वारा नैवेद्य समर्पित करना चाहिए। पुनः कलश के जल सहित बचे हुए हवन सामग्री अथवा घी के सहित।

प्रदक्षिणां व्रजन्त्यश्चान्सुप्रीतो बलिमुत्तमम्।
जीमूतस्येत्यनुवाकान् चतुरो दिक्षु निक्षिपेत्।।१९।।

मञ्जुमती टीका : सुन्दर प्रसन्न होता हुआ प्रदक्षिणा करते हुए जीमूतस्य इस अनुवाक्य के द्वारा उत्तम बलि आदि सामग्रियों को चारों दिशाओं में फेंके।

आचार्याय ततो दद्याद्दक्षिणां गोचतुष्टयम्।
तदर्धं वा तदर्धं वा यथावित्तानुसारतः।।२०।।

मञ्जुमती टीका : पुनः आचार्य के चार गाय एवं दक्षिणा देनी चाहिए। उसका आधा अथवा उसका भी आधा अपने वित्त के अनुसार दक्षिणा देनी चाहिए।

ब्राह्मणेभ्यो जापकेभ्यस्त्वाचार्यार्द्धं प्रदापयेत्।
ब्राह्मणान्भोजयेत्पश्चाच्छान्तिवाचनपूर्वकम्।।२१।।

मञ्जुमती टीका : ब्राह्मणों के लिए, जापको के लिए आचार्य का आधा देना चाहिए। पश्चात ब्राह्मण को शान्तिवाचनपूर्वक भोजन कराना चाहिए।

एवं यः कुरुते सम्यगश्वशान्तिमनुत्तमाम्।
मुच्यते सर्वरोगेभ्यो वर्द्धन्ते नात्र संशयः।।२२।।

मञ्जुमती टीका : जो इस प्रकार से ठीक ढंग से उत्तम शान्तिकर्म को करता है वह सभी रोगों से मुक्त हो जाता है तथा वृद्धि को प्राप्त होता है इसमें संशय नहीं है।

ऐश्वर्यं वीरलक्ष्मीं च लभते सर्वदा नृपः।
तस्मात्सर्वप्रयत्नेन त्विमां शान्तिं समाचरेत्।।२३।।

मञ्जुमती टीका : राजा हमेशा ऐश्वर्य तथा वीर लक्ष्मी को प्राप्त करता है। इसलिए सभी प्रकार से प्रयत्नपूर्वक इस शान्ति कर्म को करना चाहिए।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां
संहितायामश्वारिष्टशान्त्यध्यायश्चतुस्त्रिंशः।।३४।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में अश्वारिष्टशान्त्यध्याय नामक चौतीसवें अध्याय का हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथ गजारिष्टशान्त्यध्यायः ३५।

यस्य राज्ञो गजाः सन्ति तदधीनाऽखिला धरा।
तस्माद्गजाः कल्पनीयाः पोषणीयाश्च सर्वदा।।१।।

मञ्जुमती टीका : जिस राजा के पास अधिक हाथी होते हैं उसके अधीन सम्पूर्ण पृथ्वी होती है। इसलिए हाथियों का पालन एवं पोषण सदैव करना चाहिए।

कल्पनं पोषणं तेषां गजवक्त्रप्रसादतः।
तस्माद्गजाननो राज्ञां पूजनीयः प्रयत्नतः।।२।।

मञ्जुमती टीका : उनका कल्पन एवं पोषण गणेशजी की कृपा से होता है। इसलिए राजाओं को प्रयत्नपूर्वक गणेशजी की पूजा करनी चाहिए।

तस्मिन् सम्पूजिते प्रीता ब्रह्मविष्णुमहेश्वराः।
इन्द्रादिलोकपालाश्च वस्वादित्यमरुद्गणाः।।३।।

मञ्जुमती टीका : गणेशजी की पूजा करने पर ब्रह्मा, विष्णु, महेश एवं इन्द्र आदि समस्त लोकपाल तथा वसु आदित्य और मरुद्गण प्रसन्न हो जाते हैं।

सुरासुरा ग्रहाः सर्वे गन्धर्वोरगराक्षसाः।
सिद्धविद्याधरा यक्षपिशाचाः सप्तमातृकाः।।४।।

मञ्जुमती टीका : समस्त देवता एवं राक्षस सभी ग्रह, गन्धर्व, सर्प एवं राक्षस तथा सिद्ध विद्याधर, यक्ष, पिशाच तथा सप्त मातृकाये।

वेतालडाकिनीभूता दिशन्त्वपि मनोरथान्।
गजाननो गजपतिर्गजसूक्तं जपेत्सदा।।५।।

मञ्जुमती टीका : बेताल, डाकनी, भूत भी मनोरथों को देते हैं। गजानन अर्थात् एवं गणेश एवं गजेन्द्र का सदैव गजसूत्र से जप करना चाहिए।

असावेव प्रभुस्तेषां पोषणे शोषणे सदा।
पुरा महेश्वरो देव उक्तवानस्य जन्मनि।।६।।

मञ्जुमती टीका : वही इन हाथियों का पालन-पोषण एवं शोषण में स्वामी हैं। प्राचीन काल में भगवान् शङ्कर इनके जन्म के समय में बताया था।

यदा यदा गजानां च जायन्ते व्याधयस्तदा।
तदा शांतिं प्रकुर्वन्ति पूजाहोमजपादिभिः।।७।।

मञ्जुमती टीका : जब-जब हाथियों को रोग उत्पन्न हो तब शान्ति कर्म, पूजा, हवन तथा जप आदि कर्म करने चाहिए।

भानुवारे च संक्रान्तौ ग्रहणे चन्द्रसूर्ययोः।
विषुवत्ययने चैव व्यतीपाते दिनक्षये।।८।।

मञ्जुमती टीका : रविवार के दिन एवं सूर्य की संक्रान्ति चन्द्रमा एवं सूर्य के ग्रहण विषुवत संक्रान्ति में तथा अयन के समय व्यतीपात योग में अथवा तिथि क्षय होने पर।

अन्ये च पुण्यदिवसे चन्द्रताराबलेष्वपि।
दिक्साधनं समभुवि चैशान्ये च सुरालये।।९।।

मञ्जुमती टीका : और अन्य पुण्य दिनों में जब चन्द्र एवं तारा बलवान हों तब समान भूमि पर दिक्साधन करके ईशानकोण में देवालय में।

मध्याद्विनिर्गतैः सूत्रैश्चतुरस्त्रं च कारयेत्।
मण्डपं त्वष्टभिर्हस्तैः सूत्रमार्गेण कारयेत्।।१०।।

मञ्जुमती टीका : मध्य से निकले हुए सूत से चारों दिशाओं में समान आठ हाथ के चौकोर मण्डप का निर्माण करे, सूत्र मार्ग द्वारा करें।

चतुःषष्टिदलं कृत्वा मण्डपान्तःक्षमातलम्।
मध्ये चतुष्पदं व्योममण्डलं वेदिकास्थलम्।।११।।

मञ्जुमती टीका : चौसठ दल बनाकर मण्डप के अन्त में पृथ्वी तल पर

मध्य में चतुष्पद आकाश मण्डल वेदिका स्थल पर।

द्वादशांशात्मकं वायुमण्डलं व्योमवेष्टितम्।
विंशांशकात्मकं वह्निमण्डलं व्योमवेष्टितम्।।१२।।

मञ्जुमती टीका : बारह अंशात्मक वायुमण्डल आकाश से वेष्टित करें पुनः बीस अंशात्मक अग्निमण्डल को आकाश से घेरें।

निखिलान्मण्डलान्वेष्ट्य महीमण्डलमास्थितम्।
ज्ञात्वाग्निमण्डलं तत्र दिक्षु कुण्डचतुष्टयम्।।१३।।

मञ्जुमती टीका : सम्पूर्ण मण्डलों को आवेष्टित कर पृथ्वी मण्डल पर स्थित होकर अग्नि का ज्ञान करके वहाँ दिशाओं में चार कुण्ड बनावें।

प्राग्रेखामध्यमं कुण्डं द्वारं चैकांशमानतः।
तथैव कुण्डद्वारं च शेषदिक्षु प्रकल्पयेत्।।१४।।

मञ्जुमती टीका : और आगे रेखा मध्य में कुण्डद्वार एकांश मान से बनावें। उसी प्रकार से कुण्डद्वार शेष दिशाओं में कल्पित करे।

पूर्वोक्तलक्षणोपेतं मेखलावप्रसंयुतम्।
तोरणाद्यैरलंकृत्य वितानं वेदिकोपरि।।१५।।

मञ्जुमती टीका : पूर्वोक्त लक्षणों से युक्त करधनी, और बप्र से युक्त तोरण आदि अलंकारों से सुशोभित करके वेदिका के ऊपर बितान (चाँदनी) का निर्माण करें।

आशिषो वाचनं कुर्य्यात्सम्यक्संकल्पपूर्वकम्।
ऋत्विजो वरयेत्पश्चाच्चतुर्विंशतिसंख्यकान्।।१६।।

मञ्जुमती टीका : आशीर्वचन कहते हुए ठीक प्रकार से संकल्पपूर्वक २४ संख्या में ऋत्विजों का वरण करे।

विद्यातपोव्रतयुतान्विविधज्ञान्कुशलाञ्छुभान्।
तेषां मध्ये शिष्टतममाचार्यं तं प्रकल्पयेत्।।१७।।

मञ्जुमती टीका : विद्या, तपस्या तथा व्रत से युक्त अनेक प्रकार के

जानने वाले कुशल, चतुर और शुभ उन ऋत्विजों के बीच में एक श्रेष्ठ को आचार्य बनावें।

मधुपर्कादिकं कुर्यात्तत्र कार्ये नियोजयेत्।
ब्राह्मणाँश्चतुरो होतॄन्कुण्डेषु च नियोजयेत्।।१८।।

मञ्जुमती टीका : मधुपर्क आदि करके उसे कार्य में लगावें। चार ब्राह्मणों को होता बनाकर कुण्डों में नियोजित करें।

द्वारेषु जापकानष्टौ षट्संख्यानङ्गजापकान्।
गन्धपुष्पादिकं दत्त्वा तत्तत्कार्ये नियोजयेत्।।१९।।

मञ्जुमती टीका : दरवाजे पर आठ जापकों को तथा छः संख्या वाले ऋत्विजों को अङ्गजापक के रूप में गन्ध पुष्पादि दे करके उन-उन कार्यों में लगा दें।

ब्राह्मणाँस्तत्त्वसंख्याकान् भोजयेच्च यथाविधि।
कारयेत्तु सुवर्णेन गजवक्त्रं चतुर्भुजम्।।२०।।

मञ्जुमती टीका : पुनः पचीस संख्या वाले ब्राह्मणों को यथाविधि भोजन करावें। पुनः चतुर्भुज, गजवक्त्र सोने की मूर्ति में बनावें।

अक्षमालाधरं चाब्जबीजदण्डधरं क्रमात्।
वाहनायुधवर्णादीन्सर्वेषां कथितं पुरा।।२१।।

मञ्जुमती टीका : रूद्राक्ष की माला धारण करने वाले, कमल एवं दण्ड को क्रमशः धारण किए हुए वाहन अस्त्र-शस्त्र और इनके रंग आदि को पहले ही कहा गया है।

तत्पुरुषाय विद्महे वक्रतुंडाय धीमहि।
तन्नो दन्तिः प्रचोदयात् वामदेवाह्वयो ऋषिः।।२२।।

मञ्जुमती टीका : उस पुरुष का जानते हैं। और उस वक्रतुण्ड और गणेशजी का ध्यान करते हैं। वह दाँत वाले एकदन्त गणेशजी हम वाम देवनामक ऋषि बुद्धि को विस्तारित करें।

छन्दोऽसौ तत्र गायत्री गजवक्त्रो हि देवता।
कुम्भाष्टकं चतुर्द्वारि पूर्वोक्तद्रव्यसंयुतम्।।२३।।

मञ्जुमती टीका : इसका छन्द गायत्री एवं देवता गणेशजी हैं। अतएव आठ कलशों को चार दरवाजे को पहले कहे गये द्रव्ययुक्त।

लिखेदष्टदलं पद्मं वेदिकां तण्डुलोपरि।
गजवक्त्रं कर्णिकायां लोकपालान्दलेषु च।।२४।।

मञ्जुमती टीका : अष्टदल कमल को चित्रित कर चावल के ऊपर वेदिका पर गणेशजी तथा उसकी कर्णिका में लोकपालों का निर्माण करें।

गणेशशक्रयोर्मध्ये पद्ममष्टदलं लिखेत्।
आदित्यादिग्रहांस्तत्र पूजयेत्पूर्ववत्क्रमात्।।२५।।

मञ्जुमती टीका : गणेश एवं इन्द्र के मध्य में अष्टदल कमल की रचना करें। वहां सूर्य आदि ग्रहों की पूर्व की भाँति क्रमशः पूजन करें।

गणेशयमयोर्मध्ये पञ्चकोणं प्रकल्पयेत्।
तत्र पञ्चमहाभूतानर्चयेत्पूर्ववत्तदा।।२६।।

मञ्जुमती टीका : गणेश और यम के मध्य में पांच कोणों की कल्पना करें। वहँ पञ्चमहाभूतों की पूर्व का भाँति पूजन करें।

गणेशाम्बुपयोर्मध्ये वर्तुलं मण्डलं लिखेत्।
तत्रार्चयेदष्टभुजां महिषासुरमर्दिनीम्।।२७।।

मञ्जुमती टीका : गणेश एवं वरूण के मध्य वर्तुलाकार मण्डल चित्रित करें। वहां महिषासुर का मर्दन करने वाली अष्टभुजा देवी की पूजा करें।

गणेशसोमयोर्मध्ये मण्डले वर्तुलं लिखेत्।
तत्रार्चयेत्प्रयत्नेन चाश्विनीदेवताह्वयम्।।२८।।

मञ्जुमती टीका : गणेश एवं सोम के मध्य में वर्तुलाकार मण्डल को चित्रित करें। वहां अश्विनी कुमार देवताओं की प्रयत्नपूर्वक पूजा करें।

ऐशान्यामर्चयेद्रुद्रमण्डलं तेजसां निधिम्।
आग्नेय्यामर्चयेद्विष्णुमण्डलं हाटकात्मकम्।।२९।।

मञ्जुमती टीका : ईशानकोण में तेजस्वियों की निधि एवं रूद्रमण्डल की पूजा करें। और अग्निकोण में हाटकात्मक विष्णु मण्डल की पूजा करनी चाहिए।

वेदात्मकं च नैर्ऋत्यामर्चयेद्ब्रह्ममण्डलम्।
वायव्यामर्चयेत्सम्यङ्मण्डलं प्रवणात्मकम्।।३०।।

मञ्जुमती टीका : नैऋत्य कोण में वेदात्मक ब्रह्म मण्डल की पूजा करे। वायब्य में प्रणवात्मक मण्डल का ठीक ढंग से पूजन करें।

रुद्रेण पुरुषसूक्तेन चतुर्वेदादिमन्त्रकैः।
प्रणवस्य ऋषिच्छन्दो देवताः कथिताः पुरा।।३१।।

मञ्जुमती टीका : चारों वेदों के मन्त्रों द्वारा पुरुष सूक्त के द्वारा तथा रूद्रसूक्त के द्वारा पूजन करें। इसके प्रणव ऋषि, छन्द तथा देवता पहले ही कहे गये हैं।

तत्तद्वर्णैर्गंधपुष्पैर्वस्त्रधूपैश्च दीपकैः।
सम्यक्कृत्वोपचाराणि रक्तवस्त्रैर्गजाननम्।।३२।।

मञ्जुमती टीका : उन-उन प्रकार के वर्ण, गन्ध, पुष्प, वस्त्र, धूप और दीपक के द्वारा ठीक ढंग से सामग्रियों के द्वारा तथा लाल वस्त्र से गणेशजी का पूजन करें।

प्राक्कुण्डं गजवक्त्रस्य पञ्चभूतात्मकं ततः।
दुर्गाकुण्डं प्रतीच्यां च ह्युदक् कुण्डं ग्रहात्मकम् ।।३३।।

मञ्जुमती टीका : पूर्व कुण्ड गणेशजी का और दक्षिण में पञ्चमहाभूतों का पश्चिम में दुर्गाकुण्ड तथा उत्तर में ग्रहकुण्ड बनावें।

तदेवाश्विनकुण्डं च ग्रहहोममतः परम्।
दिक्कुण्डैर्दिक्षु दिग्घोमः कर्तव्यः स्वस्वमन्त्रकैः।।३४।।

मञ्जुमती टीका : वहीं अश्विनी कुमारों का कुण्ड का निर्माण करें इसके पश्चात ग्रहों के हवन का आरम्भ करें। दिक्कुण्ड की दिशा में अपने-अपने मन्त्रों के अनुसार दिक् होम करना चाहिए।

स्वगृह्यविधिना कुण्डे स्थापयेच्च हुताशनम्।
मुखान्ते स्वस्वकुण्डे च जुहुयात्तन्मुखाहुतिम्।।३५।।

मञ्जुमती टीका : अपने ग्रह विधान के अनुसार अग्नि कुण्ड की स्थापना करके उसमें अग्नि स्थापित करें। मुख के अन्त भाग में अपने-अपने कुण्ड में मुखाहुति से हवन करें।

पलाशसमिधाज्यान्नैः पृथगष्टोत्तरं शतम्।
ग्रहहोमैः समिद्भिश्च होमं पूर्ववदाचरेत्।।३६।।

मञ्जुमती टीका : पलाश, समिधा, घी आदि अन्न के द्वारा १०८ अलग-अलग हवन करें पुनः लकड़ियों से ग्रहहोम पूर्व की भाँति करें।

चतुर्दिक्षु चतुर्वेदपारायणपरा द्विजाः।
अब्लिङ्गैर्वारुणैः सूक्तैः कलशार्चनपराश्च ते।।३७।।

मञ्जुमती टीका : चारों दिशाओं में चारों वेदों के ज्ञाता ब्राह्मण अपलिंवारुर्ण सूक्त के द्वारा कलश का पूजन करें।

नैवेद्यं विविधान्नेन बहुवाद्यैः समर्चयेत्।
ताम्बूलानि ततो दद्याच्छान्तिवाचनपूर्वकम्।।३८।।

मञ्जुमती टीका : विविध अन्न के द्वारा वाद्य आदि बजाता हुआ नैवेद्य को अर्पित करें। पुनः शान्तिवाचनपूर्वक ताम्बूल आदि प्रदान करें।

एकरात्रं त्रिरात्रं वा नवरात्रमथापि च।
अनेन विधिना कुर्यादेकभक्तो जितेन्द्रियः।।३९।।

मञ्जुमती टीका : एक रात्रि, तीन रात्रि अथवा नौ रात्रियों में जितेन्द्रिय हो करके एक बार भोजन करता हुआ इस विधि से पूजन करें।

तिलहोमं व्याहृतिभिः सहस्रं चाष्टसंयुतम्।
एवं प्रातिदिनं सम्यग्व्रीहिभिश्च यथा पुरा।।४०।।

मञ्जुमती टीका : व्याहृतियों के द्वारा तिल का होम, १००८ से करें। इस प्रकार से प्रतिदिन जैसा पहले कहा गया है अन्नों से हवन करें।

सम्पूर्णदिवसे कर्ता कुर्यात्पूर्णाहुतिं ततः।
मन्त्रपूतोदकैः कर्ता गजानां मार्जयेत्ततः।।४१।।

मञ्जुमती टीका : कर्त्ता सम्पूर्ण दिन में पूर्णाहुति करें। पुनः मन्त्र से पवित्र किए गये जल के द्वारा कर्त्ता हाथियों को मार्जन करें।

अलंकृत्य पुनः सम्यग्गन्धपुष्पादिभिस्ततः।
हुतशेषं ततो दद्यादौपनायनिकं गजे।।४२।।

मञ्जुमती टीका : पुनः गन्ध, पुष्प आदि के द्वारा ठीक ढंग से सुशोभित करके बचे हुए आहुति के द्वारा औपनायनिक हब्य हाथी को प्रदान करें।

दोषशान्तिपञ्चदुर्गां रुद्रं पुरुषसूक्तकम्।
पञ्चब्रह्मादिभिर्मन्त्रैर्गजशालासु मार्जयेत्।।४३।।

मञ्जुमती टीका : दोष शान्ति के लिए पञ्चदुर्गासूक्त, पुरुषसूक्त से अथवा पञ्चब्रह्मादि मन्त्रों के द्वारा गजशाला का मार्जन करना चाहिए।

गृहीत्वा सुकृतं तेभ्यो दक्षिणां च समर्पयेत्।
आचार्याय ततो दद्यान्निष्कानामेकविंशतिम्।।४४।।

मञ्जुमती टीका : उनसे पुण्य को ग्रहण ब्राह्मणों को दक्षिणा देनी चाहिए। पुनः आचार्य के लिए २१ निष्क (रुपया) दक्षिणा देनी चाहिए।

तदर्द्धमितरेभ्यश्च यजेच्छेषान्स्वशक्तितः।
ब्राह्मणान्भोजयेत्पश्चात्स्वयं भुञ्जीत बन्धुभिः।।४५।।

मञ्जुमती टीका : उसका आधी दक्षिणा दूसरे लोगों को देनी चाहिए। और अपने शक्ति के अनुसार शेष वस्तुओं से पूजन करना चाहिए। फिर ब्राह्मणों को भोजन कराकर उसके पश्चात स्वयं भाइयों के साथ भोजन करें।

एवं यः कुरुते सम्यग्गजशान्तिं नृपोत्तमः।
सर्वान्कामानवाप्नोति गजवृद्धिं लभेत्तु सः।।४६।।

मञ्जुमती टीका : जो इस प्रकार से श्रेष्ठ राजा गज शान्ति को करता है। वह सम्पूर्ण कामनाओं को प्राप्त करता हुआ हाथियों की वृद्धि करने में सफल होता है।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
गजशान्त्यध्यायः पञ्चत्रिंशः।।३५।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में
गजारिष्टशान्त्यध्याय नामक पैंतीसवें अध्याय का हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथ ग्रहणशान्त्यध्यायः ३६।

यस्य वै जन्मनक्षत्रे ग्रस्येते शशिभास्करौ।
तस्य व्याधिभयं घोरं जन्मराशौ धनक्षयः।।१।।

मञ्जुमती टीका : जिसके जन्म नक्षत्र पर सूर्य चन्द्रमा का ग्रहण होता है। उसको भयंकर रोग का भय तथा धन क्षय होता है।

द्रव्यमन्त्रविधानेन तस्य दोषापनुत्तये।
उपरागस्नानविधिं सम्यग्वक्ष्ये समासतः।।२।।

मञ्जुमती टीका : अतएव द्रव्य एवं मन्त्र विधान के द्वारा उन दोषों की शान्ति के लिए संक्षेप में ग्रहण एवं स्नान विधि को ठीक ढंग से कहूँगा।

मण्डलं चतुरस्त्रं तु गोमयेन विलेपयेत्।
गृहस्येशानभागे तु वर्णकैः समलंकृतम्।।३।।

मञ्जुमती टीका : चर्तुरस्त्र मण्डल को गोबर के द्वारा लीपना चाहिए। पुनः घर के ईशानभाग में अनेक रंगों से सुशोभित करना चाहिए।

स्थापयेच्चतुरः कुम्भांस्तत्र तान्सागरात्मकान्।
सर्वदेवात्मकान्स्मृत्वा सर्वतीर्थात्मकाञ्छुभान्।।४।।

मञ्जुमती टीका : पुनः चार कलश को वहां स्थापित करके उन सागरात्मक, कलशों में सम्पूर्ण देवात्मक तथा सम्पूर्ण तीर्थात्मक शुभों का स्मरण करके।

पञ्चत्वक्पल्लवोशीरशतौषधिसमन्वितान्।
मृत्तिकारत्नहेमेभदन्तगुग्गुलुचन्दनैः ।।५।।

मञ्जुमती टीका : पाचं त्वचा एवं पञ्च पल्लवों से उशीर तथा शतौषधी से युक्त करे मिट्टी, रत्न, सोना, हाथी का दाँत, गुग्गुल एवं चन्दन के द्वारा।

पञ्चगव्यामृतभ्राजत्स्फटिकैः सर्षपांवरैः।
शंखकुंकुमतीर्थाम्बुरोचनैः पद्मकैर्युतान्।।६।।

मञ्जुमती टीका : पञ्चद्रव्य और पञ्चामृत के द्वारा शोभयमान में स्फटिक के द्वारा श्रेष्ठ सरसों से शंख, कुमकुम तथा तीर्थजल, रोली तथा कमलगट्टा से युक्त।

चत्वारः प्राङ्मुखा विप्राः प्रार्थयेयुः पृथक्पृथक्।
अब्लिङ्गैर्वारुणैः सूक्तैः स्वस्तिवाचनपूर्वकम्।।७।।

मञ्जुमती टीका : चारों पूरब मुख वाले ब्राह्मणों से अलग-अलग प्रार्थना करके पुनः स्वस्तिवाचन पूर्वक अपलिङ्ग वारूण सूक्त के द्वारा।

तिलहोमं व्याहृतिभिः सहस्रं चाष्टसंयुतम्।
एवं कृत्वा प्रयत्नेन स्नानकर्म समाचरेत्।।८।।

मञ्जुमती टीका : व्याहृतियों के द्वारा तिल का हवन १००८ से करके पुनः प्रयत्नपूर्वक स्नान आदि कर्मों का आचरण करना चाहिए।

आमंत्र्य नवभिर्मंत्रैः कुम्भान्संकल्पपूर्वकान्।
एतानेव ततो मन्त्रान्स्वर्णपट्टे ततो लिखेत्।।९।।

मञ्जुमती टीका : नौ मन्त्रों के द्वारा आवहन करके संकल्पपूर्वक कलशों को इन्हीं मन्त्रों को स्वर्णपट्ट पर पुनः लिखें।

कर्तुः शिरसि तान्बध्वा वाब्लिङ्गैर्वेदमन्त्रकैः।
सुमन्त्रितैः कुम्भजलैः स्नाप्य नीराजायेत्ततः।।१०।।

मञ्जुमती टीका : कर्त्ता के सिर में उनको बाँध करके अपलिङ्ग वेद मन्त्रों के द्वारा सुन्दर ढंग से मन्त्र के द्वारा कलश के जल से स्नान करके पुनः आरती करें।

दद्यात्पट्टं ग्रहज्ञेभ्यः शुक्लमाल्याम्बरः शुचिः।
ऋत्विग्भ्यो दक्षिणां दद्याच्छिष्टेभ्यश्च स्वशक्तितः।।११।।

मञ्जुमती टीका : पवित्र श्वेतवस्त्र माला आदि धारण करके ग्रहज्ञों को वस्त्र दक्षिणा आदि प्रदान करें। शेष ऋत्विजों (ब्राह्मणों) को अपनी शक्ति के अनुसार दक्षिणा देनी चाहिए।

योऽसौ वज्रधरो देव आदित्यानां प्रभुर्मतः।
सहस्रनयनः शक्रो ग्रहपीडां व्यपोहतु।।१२।।

मञ्जुमती टीका : वह जो वज्र को धारण करने वाले देव हैं जो आदित्यों के स्वामी कहे गये हैं। जो सहस्र नयन वाले इन्द्र हैं वो ग्रह की पीड़ा को दूर करें।

चतुःशृंगः सप्तहस्तस्त्रिपादो मेषवाहनः।
अग्निश्चन्द्रोपरागोत्थां ग्रहपीडां व्यपोहतु।।१३।।

मञ्जुमती टीका : जो चार सींग वाले, सात हाथ वाले, तीन पैर वाले तथा भेड़ के वाहन वालें हैं। वे अग्नि चन्द्र के ग्रहण उत्पन्न ग्रह पीड़ा को दूर करें।

मुखं यः सर्वदेवानां सप्तार्चिरमितद्युतिः।
चन्द्रोपरागसम्भूतामग्निः पीडां व्यपोहतु।।१४।।

मञ्जुमती टीका : जो सम्पूर्ण देवताओं के मुख हैं। और जो सात किरणों वाले तथा अमित प्रकाश वाले हैं। वे चन्द्रमा के ग्रहण से उत्पन्न अग्निदेव मेरी पीड़ा को दूर करें।

यः कर्मसाक्षी लोकानां धर्मो महिषवाहनः।
यमश्चन्द्रोपरागोत्थां ग्रहपीडां व्यपोहतु।।१५।।

मञ्जुमती टीका : जो लोकों के कर्मसाक्षी हैं तथा धर्मराज हैं। भैसा जिनका वाहन हैं वे यमराज चन्द्रमा के ग्रहण से उत्पन्न मेरी ग्रह पीड़ा को दूर करें।

रक्षोगणाधिपः साक्षात्प्रलयानलसन्निभः।
खड्गव्यग्रोऽतिकायश्च रक्षः पीडां व्यपोहतु।।१६।।

मञ्जुमती टीका : राक्षस गणों के स्वामी साक्षात् प्रलयकारी अग्नि की कान्ति के समान, तलवार और बाण आदि युक्त दीर्घकाय रक्षदेव मेरी पीड़ा को हरण करें।

नागपाशधरो देवः सदा मकरवाहनः।
वरुणोम्बुपतिः साक्षाद्ग्रहहपीडां व्यपोहतु।।१७।।

मञ्जुमती टीका : नागपाश को धारण करने वाले, मकर वाहन वाले, जल के स्वामी वरूणदेव साक्षात् रूप से सदा मेरे कष्ट हरण करें।

प्राणरूपो हि यो लोकान्याति कृष्णमृगप्रियः।
वायुश्चन्द्रोपरागोत्थां ग्रहपीडां व्यपोहतु।।१८।।

मञ्जुमती टीका : प्राणरूप जो लोकों में आते जाते हैं, कृष्णमृग के प्रिय हैं वे वायुदेवता चन्द्र के ग्रहण से उत्पन्न मेरी ग्रह पीड़ा को हरण करें।

योऽसौ निधिपतिर्देवः खड्गशूलगदाधरः।
चन्द्रोपरागकलुषं पीडां चापि व्यपोहतु।।१९।।

मञ्जुमती टीका : धन के स्वामी देवता हैं। जो तलवार, शूल और गदा को धारण करते हैं ऐसे कुबेर चन्द्र के ग्रहण से उत्पन्न पापरूपी पीड़ा को नष्ट कर दें।

योऽसाविन्दुधरो रुद्रः पिनाकी वृषवाहनः।
चन्द्रोपरागपापानि स नाशयतु शंकरः।।२०।।

मञ्जुमती टीका : जो चन्द्रमा को धारण करते हैं। पिनाक नामक धनुष को धारण करने वाले, बैल को वाहन बनाने वाले, भगवान् रूद्र चन्द्रमा के ग्रहण से उत्पन्न पापों को नष्ट करें।

त्रैलोक्ये यानि भूतानि चराणि स्थावराणि च।
ब्रह्मार्कविष्णुयुक्तानि तानि पापं दहतु मे।।२१।।

मञ्जुमती टीका : तीनों लोको में चर और स्थावर जितने भी प्राणी हैं। वे सभी ब्रह्मा, सूर्य एवं विष्णु से युक्त हैं। अतः वे मेरे पाप को नष्ट कर दें।

आमन्त्रणे लेखकोक्तास्त्वेते वै नवमन्त्रकाः।
अर्चयित्वा पितृन्देवान्गोभूस्वर्णाम्बरादिभिः।।२२।।

मञ्जुमती टीका : इन नौ मन्त्रों के द्वारा पित्तरों एवं देवताओं का गाय, पृथ्वीं, स्वर्ण तथा वस्त्र आदि के द्वारा पूजन करे लेख में कहे गये मन्त्रों से

इंनका आवाहन पूजन करना चाहिए।

अनेन विधिना यत्नाद्ग्रहस्नानं समाचरेत्।
न तस्य ग्रहपीडा वा न च बन्धुधनक्षयः।।२३।।

मञ्जुमती टीका : इस विधि के द्वारा यत्नपूर्वक ग्रह स्नान करना चाहिए ऐसा करने पर न उसे ग्रह पीड़ा होती है और न हो बन्धु-बान्धवों या धन आदि का क्षय होता है।

परमां सिद्धिमाप्नोति पुनरावृत्तिदुर्लभाम्।
सूर्यग्रहेऽप्येवमेव सूर्यनाम्ना विधीयते।।२४।।

मञ्जुमती टीका : वह व्यक्ति परम सिद्धि को प्राप्त करता है जिसकी पुनरावृत्ति अत्यन्त दुर्लभ है ऐसे परम सिद्धि को प्राप्त करता है। सूर्यग्रहण में भी इसी प्रकार से सूर्य के नाम से शान्तिकर्म करना चाहिए।

इति श्री ब्रह्मर्षिवृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
ग्रहणशान्त्यध्यायः षट्त्रिंशः।।३६।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में
ग्रहणशान्त्यध्याय नामक छत्तीसवें अध्याय का हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

❁❁

अथ यात्राध्यायः ३७।

निखिलगुणयुतस्य राज्ञां कथयामि विधानमत्र यात्रायाः।
जातकमवलोक्य तदेतत्फलसिद्धिस्त्वन्यथा मृषा भवति।।१।।

मञ्जुमती टीका : सम्पूर्ण गुणों से युक्त यहाँ राजा के यात्रा का विधान कह रहा हूँ। जन्म के नक्षत्र आदि के देख करके यात्रा करने से फल की सिद्धि होती है अन्यथा यात्रा मिथ्या हो जाती है।

अज्ञातजातकानामपि यात्रां प्रवदेन्निमित्तशकुनाद्यैः।
शुभशकुनैः शुभदा स्यादशुभैरेतैस्तदन्यथा भवति।।२।।

मञ्जुमती टीका : जिन जातकों का जन्म अज्ञात है उनकी भी यात्रा को निमित्त और शकुन के द्वारा विशेष रूप से कहनी चाहिए। शुभ शकुन होने पर शुभदायी तथा अशुभ शकुन होने अशुभ फल होता है।

परविषयविजयार्थं गन्तुर्वा समरयात्राख्या।
निखिला परयात्रा या सामान्यां भुवि भवेद्द्विविधा।।३।।

मञ्जुमती टीका : दूसरे के विषय में विजय करने के निमित्त से अथवा युद्ध की यात्रा में जाने के लिए यह सम्पूर्ण पृथ्वी पर दो प्रकार की यात्रा होती है। पहली परयात्रा और दूसरी सामान्य यात्रा होती है।

कथिततिथिवासरर्क्षेष्वभिमतफलदा भवेच्च सामान्या।
समराह्वया च यात्रा योगविलग्नक्षितीशयोगेषु।।४।।

मञ्जुमती टीका : कहे गये तिथि, वार एवं नक्षत्रों में अभीष्ट फल सामान्य यात्रा में होता है। जबकि युद्ध विषयक यात्रा में योग, लग्न तथा राजयोगों में शुभद होती है।

प्रच्छकविलग्नसमये शकुननिमित्तैः शुभावहं वाच्यम्।
अक्षतफलताम्बूलकरः प्रणम्य दैवज्ञमथ पृच्छेत्।।५।।

मञ्जुमती टीका : पूछने वाले के लग्न समय के अनुसार शकुन निमित्तों

के द्वारा शुभ फल कहने चाहिए। अक्षत, फल, पान आदि हाथ में लेकर ज्योतिषी को प्रणाम करके प्रश्न पूछना चाहिए।

राज्ञोपकरणवाहनमङ्गलवाक्यादिमङ्गलैर्घोषैः ।
सितवस्त्रपुष्पगन्धश्रुतिघोषाम्बुजेक्षुफलरत्नैः ।।६।।

मञ्जुमती टीका : राजा की सामग्री, वाहन, कल्याणकारी वाक्य आदि मङ्गलध्वनि के द्वारा श्वेत वस्त्र, फूल, गन्ध तथा वेद मन्त्रों की ध्वनि से कमल, गन्ने से तथा फल एवं रत्नों के द्वारा।

वत्सयुता गोवनिता ज्वलितानलपूर्णकुम्भदुग्धैश्च।
दधिमधुपिशिताज्योदनवेश्यावृषमद्यभूषणैर्जयदा ।।७।।

मञ्जुमती टीका : बछड़े से युक्त गाय, जलती हुई अग्नि, भरा हुआ घड़ा, अथवा दूध से भरा हुआ घड़ा, दही, मधु, माँस तथा घी, भात, वेश्या तथा अन्य आभूषण आदि जयदायक हैं।

स्तनचरणगलोष्ठाङ्गुष्ठहस्तोत्तमाङ्ग-।
श्रवणवदननासागुह्यरन्ध्राणि भूयः।
स्पृशति यदि कराग्रैर्गण्डकाद्यंसकं वा।
समरभुवि तदानीं शत्रुसेनां निहन्ति।।८।।

मञ्जुमती टीका : वक्षस्थल, चरण, कण्ठ, ओष्ठ, अंगूष्ठा, हाथ, मस्तक, कान, मुख, नासिका तथा छिपे हुए छिद्रों को यदि अपने हाथ के अग्रभाग से गण्डक के आदि अंश को स्पर्श करता है तो वह उस समय युद्धभूमि में शत्रु सेना को मार डालता है।

प्रच्छकयात्रासमये शकुनं प्रास्थानिकं भवति।
स्वगृहं पुनरागमने प्रवेशशकुनं जयप्रदं नृपतेः।।९।।

मञ्जुमती टीका : पूछने वाले का यात्रा के समय शकुन ही प्रास्थानिक होता है। तथा अपने घर में पुनः आगमन करने के लिए प्रवेश शकुन राजाओं के लिए विजय प्रदान करने वाला कहा गया है।

तृणतुषफणिचर्मांगारकार्पासपङ्कै-।
लवणगुडवसास्थिक्लीवतैलौषधैश्च।
रिपुविडसितधान्यव्याधिताभ्यक्ततक्रैः।
पतितजटिलमुण्डोन्मत्तावान्तैर्न सिद्धिः।।१०।।

मञ्जुमती टीका : तृण, भूसी, सर्प की केचुल, आग का अङ्गारा, कपास, कीचड़, नमक, गुड़, वसा, हड्डी, नपुंसक, तेल और औषधि, शत्रु के द्वारा दुर्वचन कहना, जोर से चिल्लाना, काला धान, रोगी तथा मट्ठे के द्वारा एवं गिरे हुए, सिर मुण्डाये हुआ सन्यासी अथवा उन्मुक्त व्यक्ति के दिखाई पड़ने पर यात्रा में कार्य की सिद्धि नहीं होती।

प्रच्छकलग्नादशुभो निधनगो वा विलग्नगः प्रबलः।
गुरुसितदृष्टिविहीनः प्रभङ्गदो वा निधनदोऽपि।।११।।

मञ्जुमती टीका : पूछने वाले के लग्न से अष्टम स्थान गये हुए प्रबल ग्रह के कारण अशुभ होता है। गुरु एवं शुक्र के द्वारा दृष्टिरहित हो। तो वह यात्रा योग कार्य को नष्ट करता है और मृत्यु को प्राप्त होता है।

शुभखचरस्त्वशुभो वा वक्रगतो लग्नगो यदा भवति।
लग्नगतस्तद्वर्गः प्रभङ्गदो भवति भूमिपतेः।।१२।।

मञ्जुमती टीका : शुभ ग्रह भी प्रच्छक लग्न से लग्न में स्थित होता हुआ जब वक्री हो जाय अथवा लग्न में गया हुआ अपने ही वर्ग में स्थित हो तो राजा के लिए विशेष रूप से पराजय देने वाला होता है।

प्रच्छकनिधनविलग्नं लग्नगतं वाऽपि नैधनोपगतम्।
तत्पतिरष्टमगो वा यदि लग्नगतः प्रभङ्गदः शीघ्रम्।।१३।।

मञ्जुमती टीका : प्रच्छक लग्न से अष्टम एवं लग्न में लग्नगत या अष्टम स्थान में आया हुआ कोई ग्रह हो और उसका स्वामी भी आठवें स्थान में गया हो तो शीघ्र ही यात्रा को भङ्ग कर देने वाला होता है।

प्रच्छकलग्नाद्धिमगुर्निधनगतो वारिराशिगो वाऽपि।
शुभखचरदृष्टिहीनः प्रभङ्गदो नैव निधनराशिस्थः।।१४।।

मञ्जुमती टीका : पूछने वाले का लग्न से चन्द्रमा यदि अष्टम स्थान में गया हो या जलराशि में स्थित हो तथा शुभ दृष्टिरहित हो तो अष्टम स्थान में स्थित होता हुआ भी वह यात्रा को नष्ट नहीं करता है।

शुभखचरस्त्वेको वा विलग्नगस्तुंगराशिगो वा चेत्।
जयति तदारिचक्रं स्वराशिगो वाधिमित्रगेहस्थः।।१५।।

मञ्जुमती टीका : एक भी शुभ ग्रह यदि लग्न में अपने उच्च राशि का होकर स्थित हो अथवा अपने राशि में स्थित हो या अधिमित्र के घर में स्थित हो तो यात्रा करने वाला शत्रु समूह हो जीत लेता है।

शुभखचरौ द्वौ बलिनौ प्रच्छकलग्नस्थितौ यदा भवतः।
बहुविधलाभं विजयं कुरुतस्त्वतिशीघ्रमादिशेत्प्रष्टुः।।१६।।

मञ्जुमती टीका : दो बलवान शुभग्रह प्रच्छक लग्न में या प्रच्छक (पूछने वाले) लग्न में स्थित हो तो अनेक प्रकार से लाभ, विजय देने वाले होते हैं। अत्यन्त शीघ्र प्रच्छक को आदेश दें।

वलक्षपक्षे प्रतिपत्यप्रयाणे भङ्गप्रदा वा निधनप्रदा वा।
यातुर्मनोभीष्टकरा द्वितीया सम्पूर्णयात्रा फलदा तृतीया।।१७।।

मञ्जुमती टीका : शुक्ल प्रतिपदा के दिन यात्रा करने या पूछने वाले की यात्रा भङ्ग होती है अथवा मृत्यु होती है। द्वितीया तिथि जानेंवाले के मन को अभीष्ट फल देती है। जबकि तृतीया तिथि सम्पूर्ण यात्रा को शुभ देने वाली होती है।

तिस्त्रोऽपि रिक्तास्तिथयः प्रयातुर्मृत्युप्रदाश्चार्थविनाशदा वा।
यशस्करी भूरिधनप्रदा च या पञ्चमी मृत्युकरी च षष्ठी।।१८।।

मञ्जुमती टीका : तीनों रिक्ता तिथियां, नवमी, एवं चतुर्दशी में यात्रा करने वाले को कलह या मृत्यु प्रदान करती हैं अथवा मान को नष्ट कर देती हैं। यश देने वाली अनेक प्रकार से धन देने वाली पञ्चमी तिथि होती है जबकि षष्ठी मृत्यु देने वाली होती है।

सप्तमी विजयदा तथाऽष्टमी शोकदुःखभयदामयप्रदा।
सर्वदुःखशमनी यशस्करी लाभदा च दशमी निरन्तरम्।।१९।।

मञ्जुमती टीका : सप्तमी तिथि विजय देने वाली तथा अष्टमी तिथि शोक, दुःख, भय तथा रोग देने वाली होती है। सम्पूर्ण दुःखों का शमन करने वाली यश प्रदान करने वाली तथा निरन्तर लाभ देने वाली दशमी तिथि होती है।

पशुप्रदा मानकरी सुगन्धरक्ताम्बरानेकशुभप्रदा स्यात्।
एकादशी चित्रमृगप्रभूतधान्याकराद्युत्तमवस्तुदा स्यात्।।२०।।

मञ्जुमती टीका : पशु को प्रदान करने वाली, मान देने वाली, सुगन्धित वस्तु, लाल वस्त्र तथा अनेक शुभ प्रदान करने वाली एकादशी तिथि होती है। विचित्र मृग, बहुत अधिक धान्य करने वाली, उत्तम वस्तु भी देने वाली होती है।

भूरिभूतिनाशिनी भूरिधर्महारिणी।
भूरिभीतिदायिनी द्वादशी प्रभङ्गदा।।२१।।

मञ्जुमती टीका : बहुत अधिक सम्पत्ति को नष्ट करने वाली, और अधिक धर्म का हरण करने वाली तथा बहुत अधिक भय को देने वाली, यात्रा को नष्ट कर देने वाली द्वादशी तिथि होती है।

त्रयोदशी सुभोगदा विपक्षपक्षनाशिनी।।
विनाशदाथ पूर्णिमा यशःक्षयं करोति वा।।२२।।

मञ्जुमती टीका : त्रयोदशी तिथि सुन्दर भोग देने वाली, विपक्ष के पक्ष को नष्ट कर देने वाली होती है जबकि पूर्णिमा तिथि विनाश देने वाली तथा यश को क्षय करने वाली होती है।

सितेतराद्यवासरो विभूतिसौख्यभोगदः।
सितेतरे जघन्यके फलप्रदाश्च वासराः।।२३।।

मञ्जुमती टीका : कृष्णपक्ष की प्रतिपदा तिथि विभूति और सुख देने एवं ऐश्वर्य देने वाली होती है। जबकि कृष्ण के अतिरिक्त तिथि जघन्य फल प्रदान करने वाली होती है।

सुरेज्यदैत्येज्यशशीन्दुजानां वाराश्च वर्गाः शुभदाः प्रयाणे।
आदित्यभूसूनुशनैश्चराणां वाराश्च वर्गा न शुभप्रदाः स्युः।।२४।।

मञ्जुमती टीका : बृहस्पति, शुक्र, चन्द्रमा एवं बुध का दिन हो और इन्हीं ग्रहों का वर्ग भी हो तो यात्रा करने पर शुभ होता है। जबकि सूर्य, मङ्गल एवं शनि वार अथवा उनका वर्ग यात्रा में शुभ फल नहीं देते।

पौष्णद्वयादित्यकरेज्यमित्रविष्णिवन्दुवस्वाह्वयभानि यानि।
श्रेष्ठानि यात्रासु नवैव तानि मुक्त्वा त्रिपञ्चादिमसप्तभानि।।२५।।

मञ्जुमती टीका : रेवती, अश्विनी, पुनर्वसु, हस्त, पुष्य, अनुराधा, श्रवण, मृगशिरा तथा धनिष्ठा, ये नौ नक्षत्र श्रेष्ठ हैं, अपने जन्म नक्षत्र से तीसरा, पाचंवा एवं सातवां नक्षत्र छोड़कर यात्रा श्रेष्ठ शुभ देने वाली होती है।

तिस्त्रोत्तरा वारुणनैर्ऋतेन्द्रपूर्वात्रयब्राह्मदशैव भानि।
मध्यानि कष्टान्यनिलानलेशद्विदैवचित्राहिमघान्तकानि।।२६।।

मञ्जुमती टीका : तीनों उत्तरा, शतभिषा, मूल, ज्येष्ठा, तीनों पूर्वा और रोहिणी ये दस नक्षत्र यात्रा में मध्यम कहे गये हैं। जबकि कृत्तिका स्वाती, विशाखा, चित्रा, आश्लेषा, मघा तथा भरणी यात्रा में कष्ट देने वाले नक्षत्र कहे गये हैं।

पुरुहूतदिशं पुरन्दरर्क्षे नेयाद्याम्यदिशं त्वजांघ्रिधिष्ण्ये।
जलनाथदिशं पितामहर्क्षे शूलाख्यान्यथ सौम्ययमर्क्षे।।२७।।

मञ्जुमती टीका : पूरब दिशा में ज्येष्ठा नक्षत्र में तथा दक्षिण दिशा में पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में नहीं जाना चाहिए। शतभिषा नक्षत्र, रोहिणी नक्षत्र में पश्चिम दिशा में और भरणी नक्षत्र में तथा शूल नामक योग में उत्तर दिशा में यात्रा कष्टदायक होती है।

तुहिनकिरणमन्दवारे शक्रदिशं न च व्रजेद्गुरौ च याम्यायाम्।
रविसितदिने प्रतीच्यां सौम्यदिशं ज्ञारयोश्च वारशूलाः स्युः।।२८।।

मञ्जुमती टीका : सोमवार एवं शनिवार के दिन पूरब दिशा में नहीं जाना चाहिए। गुरुवार के दिन दक्षिण दिशा में नहीं जाना चाहिए। रविवार एवं शुक्रवार के दिन पश्चिम दिशा में तथा बुध मङ्गल को उत्तर दिशा में दिकशूल होता है।

मेषादिमीनपर्यन्तं पश्चिमादिप्रदक्षिणम्।
चन्द्रकण्टकमित्याहुर्गमनं कार्यनाशनम्।।२९।।

मञ्जुमती टीका : मेष राशि से मीन राशि तक पश्चिम आदि प्रदक्षिणा क्रम से चन्द्रमा को कटंक कहा गया है। इसमें गमन करने से कार्य नष्ट होता है।

शूलाख्यानि च धिष्ण्यानि शूलसंज्ञाश्च वासराः।
यायिनां मृत्युदाः शीघ्रमथवाऽश्वादिहानिदाः।।३०।।

मञ्जुमती टीका : शूल नामक नक्षत्रों में शूल संज्ञा दी गयी है। उस वार में यात्रा करने वाले यात्री का शीघ्र ही घोड़े आदि की हानि अथवा मृत्यु हो जाती है।

पूर्वादिषु चतुर्दिक्षु वह्निधिष्ण्यान्निरन्तरम्।
सप्तसप्तक्रमेणैव दिग्द्वाराख्यानि भानि वै।।३१।।

मञ्जुमती टीका : पूर्व आदि चारों दिशाओं में कृत्तिका आदि नक्षत्र क्रमशः सात-सात के क्रम से दिकद्वार के नक्षत्र कहे गये हैं।

न लंघ्यः परिघो दण्डस्त्वाग्निवायुदिगाश्रितः।
पुष्यार्काश्विनमैत्राणि सर्वदिग्द्वारकाणि च।।३२।।

मञ्जुमती टीका : परिघ एवं दण्ड नामक योगों में अग्निकोण एवं वायुकोण का उल्लघंन नहीं करना चाहिए। अर्थात् यात्रा नहीं करनी चाहिए। पुष्य, हस्त, अश्विनी एवं अनुराधा सर्वदिकद्वार नक्षत्र कहे गये है।

सर्वदिक्ष्वपि यातॄणां सर्वकामार्थदानि च।
पूर्वादिदिक्षु मेषाद्याः क्रमाद्दिग्द्वारराशयः।।३३।।

मञ्जुमती टीका : सम्पूर्ण दिशाओं में यात्री के लिए ये नक्षत्र सम्पूर्ण कामनाओं एवं अर्थ को देने वाले होते हैं। पूर्व आदि दिशाओं में मेष आदि के क्रम से दिकद्वार राशियां कही गयी हैं।

सर्वदिक्षु प्रशस्तोऽपि पुष्यः सर्वार्थसाधकः।
प्रतीच्यां गमने त्याज्यः सौख्यसंपदमिच्छता।।३४।।

मञ्जुमती टीका : सम्पूर्ण दिशाओं में श्रेष्ठ तथा सभी धनों का साधक पुष्य नक्षत्र कहा गया है किन्तु पश्चिम दिशा में यात्रा करने पर सुख एवं सम्पत्ति की इच्छा रखने वाले व्यक्ति को पुष्य नक्षत्र का त्याग करना चाहिए।

दिग्द्वारराशयः सर्वे तद्दिग्यातुर्जयप्रदाः।
तद्वर्गाश्च तदंशाश्च लग्नाधिपस्तथाविधः।।३५।।

मञ्जुमती टीका : दिकद्वार राशियों में उनकी दिशा में जाने पर विजय मिलती है। उसके वर्ग में अथवा उनके अंश में लग्नेश भी यदि उस प्रकार से हो तो जय देने वाला होता है।

एकोऽपि चक्रगः खेटो लग्नस्थश्चारिराशिगः।
नीचस्थो वा तदंशस्थो यात्राकाले विनाशदः।।३६।।

मञ्जुमती टीका : एक भी चक्र में गया हुआ ग्रह लग्न में स्थित हो या जल राशि में, नीच स्थान में स्थित हो या उस अंश में स्थित हो तो यात्रा के समय विनाश देने वाला होता है।

यात्रायां यस्य वा शुक्रः संमुखो दक्षिणस्थितः।
करोति बहुधा नाशं बुधश्चेन्निधनप्रदः।।३७।।

मञ्जुमती टीका : यात्रा में जिसका शुक्र सामने या दक्षिण दिशा में स्थित हो तो वह अनेक प्रकार से नाश करता है। यदि बुध भी हो तो अवश्य ही मृत्यु प्रदान करता है।

दिगीश्वरा भास्करशुक्रभौमराह्वार्किचन्द्रज्ञसुरार्चिताः स्युः।
दिगीश्वरे यत्र ललाटसंस्थे यात्रा न कार्या न च सन्निवेशः।।३८।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य, शुक्र, मङ्गल, राहु, शनि, चन्द्रमा, बुध तथा बृहस्पति क्रमशः दिशाओं के स्वामी होते हैं। दिशा का स्वामी जहाँ ललाट भाग में स्थित हो तो उसमें यात्रा नहीं करनी चाहिए न प्रवेश करना चाहिए।

राशीनेकं द्वाविनाक्रान्तराशेरप्रादक्षिण्यान्न्यसेद्दिग्विदिक्षु।
यद्दिग्राशौ लग्नगे संमुखत्वे तद्दिग्यातुर्मृत्युदस्तद्दिगीशः।।३९।।

मञ्जुमती टीका : एक राशि दो के बिना आक्रान्त राशि में प्रदक्षिण क्रम

में प्रत्येक दिशाओं और कोणों में न्यास करें। यदि अग्र राशि में लग्न में गये हुए ग्रह सन्मुख हो तो उस दिशा में गमन से दिशा के स्वामी के अस्त होने पर मृत्यु होती है।

प्रयाणसमये यस्य विद्युन्नीहारवृष्टयः।
अकालजा भवन्त्येते सदा भङ्गकरा मृशम्।।४०।।

मञ्जुमती टीका : जिसके यात्रा के समय में बिजली, कोहरा अथवा वर्षा हो रही हो तो अकाल में हुए ये सदा यात्रा भङ्ग करने वाले होते हैं।

शुभाशुभनिमित्तानि ह्युत्पातशकुनानि च।
यात्राकाले नृणां तेषां निधनायाधनाय च।।४१।।

मञ्जुमती टीका : शुभ-अशुभ लक्षणों का उत्पात और शकुन यात्राकाल में मनुष्यों के लिए मृत्यु देने वाले या धनरहित करने वाले होते हैं।

वस्तूनां च शुभानां च पूर्वोक्तानां च वीक्षणम्।
प्रयाणसमये यस्य तस्य भङ्गो भवेत्तदा।।४२।।

मञ्जुमती टीका : पूर्व में कहे गये शुभ वस्तुओं का अवलोकन करके यदि प्रस्थान किया जाय तो दुर्योग भङ्ग हो जाते हैं ।

यात्रायां शकुनं यस्य यदि प्रावेशिकं भवेत्।
शोकदुःखं भवेत्तस्य गदो भवति निश्चयात्।।४३।।

मञ्जुमती टीका : जिसकी यात्रा में शकुन प्रावेशिक हो तो शोक, दुःख उसे प्राप्त होता है अथवा निश्चित ही रोगी हो जाता है।

पूर्वं प्रवेशिकं भूत्वा पश्चात्प्रास्थानिकं भवेत्।
सुखेन सिद्ध्यते कार्यं विपरीतं प्रवेशने।।४४।।

मञ्जुमती टीका : पहले प्रवेशिक होकर पुनः प्रास्थानिक होना चाहिए। ऐसा करने पर विपरीत योग में भी प्रवेश करने पर कार्य आसानी से सिद्ध हो जाता है।

शस्तावाग्वामभागे शिवगुरुरुरुच्छुच्छुंदरीकुम्भकाक-।
स्वर्णाक्षीणां प्रयाणे विहगगणपतिर्दक्षिणाः क्षीरवृक्षाः।
कृष्णादन्यच्चतुष्पादटति शुभकरो दक्षिणाद्वामभागे।।
व्यस्तं सर्वं प्रवेशे खरदिनविदृशोः पूर्ववद्वाक्प्रशस्ताः।।४५।।

मञ्जुमती टीका : यात्रा के समय में सियार, रुरु, छछूंदर, घड़ा, कौवा बांये भाग में प्रशस्त (श्रेष्ठ) कहे गये हैं। स्वर्ण, वलहीन व्यक्ति यदि प्रस्थान के समय पक्षी, गणेश तथा क्षीरवृक्ष (दूध वाले वृक्ष) दाहिने शुभ कहे गये हैं। कृष्णा गाय के अतिरिक्त कोई भी चतुष्पद या पशु दायें या बायें भाग में ध्वनि (आवाज) कर रहा हो तो सभी प्रकार के प्रवेश खर दिनों को छोड़ करके पूर्व की भाँति श्रेष्ठ होता है।

चाषबच्चभरद्वाजाश्छागो बर्ही तथैव च।
एतेषां दर्शनात्सिद्धिर्विजयश्च प्रदक्षिणात्।।४६।।

मञ्जुमती टीका : नीलकण्ठ या उसके सदृश पक्षी, उल्लू, बकरा तथा मोर इनका दक्षिण भाग में दर्शन होने पर यात्रा में सिद्धि और विजय प्राप्त होती है।

अर्चास्त्वभिमुखं यान्ति च्छत्रचामरदीपकैः।
नृत्यमङ्गलघोषाद्यैः सहिता राज्यलाभदाः।।४७।।

मञ्जुमती टीका : पूजा यदि सामने हो रही हो, छत्र, चामर एवं दीप के द्वारा तथा नाच या मङ्गल वाद्य के द्वारा यदि यात्रा हो तो राज्य और लाभ देने वाली होती है।

दृष्टे शवे रोदनवर्जिते च सम्पूर्णयात्राफलमेव तत्र।
प्रवेशकाले तु शवः शवत्वं करोति तद्रोदनवर्जितोऽपि।।४८।।

मञ्जुमती टीका : रोने से रहित यदि शव (मुर्दा) दिखाई पड़े तो सम्पूर्ण यात्रा शुभ फल देने वाली हो जाती है और रोदनरहित होते हुए भी प्रवेश काल में यदि शव दिखाई पड़े तो मृत्यु हो जाती है।

विडालसर्पशशकगोधाशूकरकीर्तनम् ।
शुभमालोकनं नेष्टं तदुक्तं वाऽशुभप्रदम्।।४९।।

मञ्जुमती टीका : बिल्ली, साँप, खरगोश, गोधा, शूकर यदि ध्वनि कर रहें हो तो ये शुभ होता है। किन्तु उनका देखना नेष्ट होता है। इन्हें अशुभप्रद कहा गया है।

कन्यागोवाद्यशंखं दधिफलकुसुमं पावकं दीप्यमानं।
यानं वा गोपयुक्तं हयगजवृषभं पूर्णकुम्भं द्विजं वा।
उद्धृत्याज्यं च मांसं जलचरयुगलं सिद्धमन्नं शवं वा।
वेश्यास्त्री मद्यभाण्डं प्रियहितवचनं मङ्गलं प्रस्थितानाम्।।५०।।

मञ्जुमती टीका : कुँवारी कन्या, गाय, वाद्य, शंख, दही, फल, फूल, जलती हुई अग्नि, सवारी, ग्वाल-बाल, घोड़ा, हाथी, बैल, भरा हुआ घड़ा अथवा ब्राह्मण घृत तथा माँस को छोड़कर मछलियाँ तथा पका हुआ अन्न, शव, वेश्या स्त्री, शराब का पात्र, प्रिय हित करने वाले वचन, प्रस्थान के समय कल्याणकारी कहे गये हैं।

गुडलवणवसास्थिक्लीवकार्पासपंक-।
प्रहरणरिपुमत्तोन्मत्तपग्वङ्गहीनैः।
पतितजटिलमुण्डैर्व्याधिताभ्यक्ततैलै-।
रखिलफलविनाशः क्षुत्पिपासार्तभूतैः।।५१।।

मञ्जुमती टीका : गुड़, नमक, वसा, हड्डी, क्लीव, कपास, कीचड़, प्रहरण उन्मत्त शत्रु, पङ्गु, अगंहीन व्यक्ति, गिरे हुए मुण्डित सिर वाले सन्यासी, व्याधि से ग्रस्त रोगी तथा तेल से नहाये हुए व्यक्ति, भूख और प्यास से व्याकुल व्यक्ति यदि प्रस्थान के समय दिखाई पड़े तो सम्पूर्ण कुलों का विनाश कर देते हैं।

शाखामृगाख्यभल्लूकदर्शनं स्वमरिष्टदम्।
एतयोः कीर्तनं यत्र यातुः कार्यविनाशनम्।।५२।।

मञ्जुमती टीका : वानर, भालू का दर्शन, अपने अभीष्ट की सिद्ध करने वाले होते हैं किन्तु इन दोनों का चिल्लाना प्रस्थान की बेला में कार्य का नाश करने वाला होता है।

जन्मान्धमुक्तकेशास्थिकुब्जवन्ध्याविरूपकैः।
कषायेन्धननास्तिक्यरजकैः कार्यनाशम्।।५३।।

मञ्जुमती टीका : जन्मान्ध, खुले हुए बालों वाला, हड्डी, कुबड़ा, बन्ध्या, कुरुप अथवा अङ्ग-भङ्ग वाला व्यक्ति, गेरुवा वस्त्रधारी, नास्तिक व्यक्ति तथा धोबी, यदि प्रस्थान समय में दिखाई पड़ें तो कार्य का नाश हो जाता है।

राहुस्थितर्क्षं तस्यास्यं पुच्छं पञ्चदशं ततः।
तदेव केतुभं ज्ञेयं सदा राहुः प्रतीपगः।।५४।।

मञ्जुमती टीका : राहु स्थित नक्षत्र में तथा उसके मुख में या पूंछ में उसके बाद पन्द्रहवें नक्षत्र को केतु का नक्षत्र जानना चाहिए। ये दोनों ग्रह सदैव वक्री चलते हैं।

त्रयोदश त्रयोदश धिष्ण्यान्युभयपार्श्वयोः।
मुखभागो मृतपक्षो जीवपक्षस्तु पृष्ठगः।।५५।।

मञ्जुमती टीका : तेरह-तेरह नक्षत्रों को दोनों बगल वाले भाग में स्थापित करके उसके मुखभाग में यात्रा मृत पक्ष वाली कही गयी है जबकि पीछे गमन करने वाले नक्षत्र में यात्रा जीवन प्रदान करती है।

रविः स्थायी शशी यायी तद्वशाच्च जयाजयौ।
जीवपक्षस्थिते सूर्ये मृतपक्षगते विधौ।।५६।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य स्थायी ग्रह है जबकि चन्द्रमा गमन करने वाला ग्रह है। इसके वश में जय और पराजय कहे गये हैं। जीव पक्ष में सूर्य के स्थित होने पर तथा मृत पक्ष में चन्द्रमा के स्थित होने पर।

स्थायिनां विजयस्तत्र यायिनां च पराजयः।
मृतपक्षगते भानौ जीवपक्षगते विधौ।।५७।।

मञ्जुमती टीका : स्थायी व्यक्ति की विजय होती है जबकि यायी पक्ष की पराजय होती है। मृतपक्ष में गये हुए सूर्य और जीव पक्ष में गये हुए चन्द्रमा के द्वारा।

यायिनां विजयस्तत्र स्थायिनां च पराजयः।
जीवपक्षगयोः सूर्यचन्द्रयोः सन्धिमादिशेत्।।५८।।

मञ्जुमती टीका : यायी की विजय तथा स्थायी की पराजय होती है। जीव पक्ष में सूर्य और चन्द्रमा दोनों गये हो तो स्थायी और यायी में मेलजोल होने का आदेश करें।

उभौ पराजितौ ज्ञेयौ मृतपक्षगयोस्तयोः।
चन्द्रे पुच्छे मुखे सूर्ये जयः स्वल्पोऽपि यायिनाम्।।५९।।

मञ्जुमती टीका : मृत पक्ष में जाने पर सूर्य और चन्द्र के दोनों स्थायी या यायी को पराजित जानना चाहिए। चन्द्रमा की पूंछ में तथा सूर्य के मुख में स्थित होने पर यायी की थोड़ी जीत होती है।

व्यत्यये व्यत्ययफलं युद्धेष्वेवं विचिन्तयेत्।
यात्रायामपि सर्वत्र चिन्तनीयं प्रयत्नतः।।६०।।

मञ्जुमती टीका : इसके विपरीत एक दूसरे के स्थान में होने पर विपरीत फल युद्ध में सदैव विचार करना चाहिए। प्रयत्नपूर्वक सर्वत्र यात्रा में इसका विचार करना चाहिए।

यात्रेष्टसिद्धिदाऽर्केन्दोरेकायनगयोस्तयोः ।
भिन्नायनगयोरह्नि निशि चेदन्यथा वधः।।६१।।

मञ्जुमती टीका : जब सूर्य और चन्द्रमा दोनों एक अयन मे हों तब यात्रा मनोवांछित फल को देने वाली होती है। भिन्न अयन में सूर्य चन्द्रमा के स्थित होने पर यदि दिन मे यात्रा हो रही हो तो शुभ रात्रि में अन्यथा वध होता है।

स्वेष्टलग्ने लग्नगते राशौ वा लग्नगे सति।
यातुर्भंगो भवेत्तत्र द्वादशे वान्यलग्नगे।।६२।।

मञ्जुमती टीका : अपने इष्टलग्न लग्नगत हो अथवा राशि लग्नगत हो गयी हो तो यात्री की यात्रा भङ्ग हो जाती है। अथवा द्वादश स्थान में अन्य लग्नगत होने पर।

स्वशत्रुलग्नराशौ वा यदा लग्नगते तदा।
यातुर्भंगप्रदा नित्यं तदीशे वाथ लग्नगे।।६३।।

मञ्जुमती टीका : अपनी शत्रु लग्न या राशि जब लग्न में स्थित हो तब उसके स्वामी के लग्न में होने पर यात्री की यात्रा को नित्य ही भङ्ग करने वाला कहा गया है।

अष्टलग्नाधिपे यत्र लग्नगे राशिगेऽथवा।
दुःखशोकभयं यातुरथवा निधनं भवेत्।।६४।।

मञ्जुमती टीका : लग्न से अष्टम स्थान का स्वामी जब लग्न में अथवा राशि में स्थित हो तो वह दुःख, शोक, और भय अथवा मृत्यु यात्री को देने वाला होता है।

जन्मराशौ लग्नगते तदीशे वा विलग्नगे।
अभीष्टफलदा यात्रा राशीशश्चेच्छुभग्रहः।।६५।।

मञ्जुमती टीका : जन्म राशि का स्वामी लग्न में गया हो अथवा लग्न का स्वामी लग्न में स्थित हो तो यदि राशीश शुभग्रह हो तो यात्रा अभीष्ट फल देने वाली होती है।

चरराशौ लग्नगते स्थिरे वा सौम्यवीक्षिते।
यातुरिष्टार्थदा यात्रा द्विस्वभावे त्वनिष्टदा।।६६।।

मञ्जुमती टीका : यदि लग्न में चर राशि स्थित हो अथवा स्थिर लग्न हो और शुभग्रह से देखा जाता हो तो यात्री के लिए इष्ट धन को देने वाली यात्रा होती है। किन्तु द्विस्वाभाव लग्न होने पर अनिष्ट फल प्राप्त होता है।

शीर्षोदये लग्नगते तदीशे वाथ लग्नगे।
अत्यन्तफलदा यात्रा तदीशश्चेच्छुभग्रहः।।६७।।

मञ्जुमती टीका : शीर्षोदय राशि का यदि लग्न हो और उसका स्वामी भी लग्न में स्थित हो तो और उसका स्वामी शुभग्रह भी हो तो यात्रा अत्यन्त शुभफल देने वाली होती है।

जन्मलग्ने लग्नगते तद्वर्गे वा विलग्नगे।
अत्यन्तफलदा यात्रा तदीशश्चेच्छुभग्रहः।।६८।।

मञ्जुमती टीका : जन्म लग्न यदि लग्नगत हो अथवा जन्मलग्न के वर्ग में लग्न गया हो और उसका स्वामी यदि शुभग्रह हो तो यात्रा अत्यन्त शुभफल देने वाली होती है।

शुभग्रहे लग्नगते तद्वर्गे वा विलग्नगे।
धनधान्यप्रदा यात्रा त्वथ वा विजयप्रदा।।६९।।

मञ्जुमती टीका : शुभग्रह लग्न में गया हो अथवा शुभग्रह के वर्ग में लग्न हो तो वह यात्रा धन-धान्य देने वाली अथवा विजय प्रदान करने वाली होती है।

दिग्द्वारभे लग्नगते तदंशे वा तदीश्वरे।
अर्थलाभप्रदा यातुरथवा विजयप्रदा।।७०।।

मञ्जुमती टीका : दिकद्वार नक्षत्र में लग्न गया हो अथवा नवांश या लग्नेश लग्नगत हो तो यात्रा यात्री के लिए अर्थलाभ कराने वाली अथवा विजय कराने वाली होती है।

जन्मराशिविलग्नाभ्यां लग्ने चोपचये गृहे।
सम्पूर्णफलदा यात्रा त्वथवा विजयप्रदा।।७१।।

मञ्जुमती टीका : जन्म राशि या लग्न से लग्न उपचय ग्रह अर्थात् (३, ६, १०, ११) गृह में गया हो तो वह यात्रा सम्पूर्ण रूप से फल देने वाली अथवा विजय प्रदान करने वाली होती है।

वर्गोतमांशगे लग्ने त्वथवापि सुधाकरे।
यात्रा कामदुघा यातुर्माता पुत्रस्य वै यथा।।७२।।

मञ्जुमती टीका : वर्गोत्तम अंश में यदि लग्न गया हो अथवा चन्द्रमा गया हो तो वह यात्रा कामनाओं को प्रदान करने वाली होती है। वह यात्रा यात्री के लिए ठीक वैसे होती है जैसे पुत्र के लिए माता।

दिग्द्वारभेषु यात्रोक्तेष्वथ वा सर्वभेषु च।
यात्रा रक्षति कर्तारं माता पुत्रमिवानिशम्।।७३।।

मञ्जुमती टीका : दिकद्वार नक्षत्रों में यात्रा हो अथवा सभी नक्षत्रों में

यात्रा कर्त्ता की रक्षा ठीक वैसे करती है जैसे माता पुत्र की दिन–रात रक्षा करती है।

स्वराशिगे शुभे लग्ने स्वांशगे मित्रगेऽपि वा।
यात्रा रक्षति कर्तारं पितेवानुगतं सुतम्।।७४।।

मञ्जुमती टीका : अपने राशि में शुभलग्न गया हो अथवा अपने नवांश में या मित्र राशि में स्थित हो तो उस लग्न में यात्रा करने पर यात्रा कर्त्ता की वैसे रक्षा करती है जैसे पुत्र पिता का अनुगामी होता है।

स्वाधिमित्रगते सौम्ये लग्नगे वा तदंशगे।
यात्रा रक्षति कर्तारं सुविद्येवातुरं द्विजम्।।७५।।

मञ्जुमती टीका : अपने अधिमित्र के राशि में शुभग्रह का लग्न हो अथवा उसका नवांश हो तो उस लग्न की यात्रा कर्त्ता की रक्षा वैसे करती है जैसे सुन्दर विद्या रोगी ब्राह्मण की रक्षा करती है।

वसुभस्योत्तरार्द्धाच्च पञ्चधिष्ण्येषु सर्वदा।
याम्यदिग्यायिनां नृणां दुःखदा भङ्गदाऽपि वा।।७६।।

मञ्जुमती टीका : धनिष्ठा नक्षत्र के उत्तरार्द्ध से पांच नक्षत्र तक अर्थात् रेवती नक्षत्र पञ्चक है यह सर्वदा दक्षिण दिशा में यात्रा करने वाले यात्री के लिए दुःख देने वाली या नष्ट करने वाली होती है।

अष्टमस्त्वभिजिन्नाममुहूर्तो भङ्गदः सदा।
याम्यदिग्यायिनां सन्ति गुणाश्च बहवो यदि।।७७।।

मञ्जुमती टीका : दिन के मुहूर्तो में आठवां मुहूर्त अभिजित् नाम का है यह अनेक दोषों को नष्ट कर देता है। दक्षिण दिशा में यात्री के लिए भी यह अनेक गुणों को देने वाला है।

अन्यदिक्षु प्रयातृणां स मुहूर्तो जयप्रदः।
प्राक्तनं सुकृतं यद्वन्नराणां पुण्यकर्मणाम्।।७८।।

मञ्जुमती टीका : अन्य दिशा में यात्रा करने वाले के लिए यह अभिजित् नामक मुहूर्त वैसे ही जय देने वाला है जैसे पूर्व में किए गये पुण्य मनुष्यों को

पुण्य कर्म में लगाते हैं।

यात्रा सम्पूर्णफलदा शुभैस्तुंगत्रिकोणगैः।
मध्यमा स्वसुहृद्भागैरधमा शत्रुनीचगैः।।७९।।

मञ्जुमती टीका : शुभग्रहों के अपने उच्च या उच्च राशि या त्रिकोण में जाने पर वह सम्पूर्ण यात्रा सुन्दर फल देने वाली होती है। यदि अपने मित्र राशि की लग्न हो तो यात्रा मध्यम जब कि शत्रु या नीच राशि की हो तो यात्रा अधम (निकृष्ट) होती है।

बलप्रदास्य खेटस्य वारवर्गः शुभप्रदः।
इतरग्रहवारादिर्यात्रायामशुभप्रदः ।।८०।।

मञ्जुमती टीका : बलवान ग्रह का वार अथवा उसका वर्ग शुभ फल देने वाला होता है। जबकि निर्बल ग्रहों का वार या वर्ग यात्रा में अशुभ फल देता है।

एकार्गलहतं धिष्ण्यं क्रूराक्रान्तं च विद्धभम्।
उत्पातदूषितं यत्र यात्रा भङ्गप्रदा सदा।।८१।।

मञ्जुमती टीका : एर्कागल से हत नक्षत्र क्रूर ग्रह से आक्रान्त या विद्ध नक्षत्र उत्पात से दूषित नक्षत्र में यात्रा सदैव नष्ट करने वाली होती है। अथवा कार्य का विनाश होता है।

तिथिनक्षत्रलग्नानामन्तरालं च रुक्प्रदम्।
गण्डान्तं त्रिविधं तेषां यात्रायां निधनप्रदम्।।८२।।

मञ्जुमती टीका : तिथि, नक्षत्र, लग्न का अन्तराल यानी सन्धि, रोग देने वाली होती है। तीनों गण्डान्त नक्षत्र यात्री के लिए यात्रा में मृत्युप्रद हो जाते हैं।

वैनाशिकादित्रृक्षेषु विषनाडीषु सर्वदा।
यातुर्मृत्युप्रदा यात्रा कालकूटविषोपमा।।८३।।

मञ्जुमती टीका : वैनाशिक आदि नक्षत्रों में या विषनाड़ियों में यात्रा

सर्वदा मृत्यु प्रदान करने वाली होती है। जैसे कालकूट विष सदैव नष्ट कर देता है।

महागणितमार्गेण त्वानीतौ पातवैधृतौ।
यो यात्यागमनं तस्य खवृक्षः पुष्पितो यदा।।८४।।

मञ्जुमती टीका : बड़ी गणना के अनुसार ज्ञात किए गये पात एव वैधृति योग में जो यात्री गमन करता है। उसको असफलता वैसे प्राप्त होती है जैसे आकाश वृक्ष के फूल।

कर्तरीदूषिते लग्ने चन्द्रे वापि षडष्टगे।
यातुर्भंगप्रदा यात्रा लग्ने बहुगुणान्विते।।८५।।

मञ्जुमती टीका : कर्तरी से दूषित व चन्द्रमा या षडाष्टक होने पर ये यात्रा नष्ट करने वाले होते हैं। भले ही लग्न अनेक गुणों से युक्त क्यों न हों।

पञ्चाङ्गदुष्टदिवसे लग्ने वा दोषदूषिते।
सा यात्रा भङ्गदा यातुश्चौरभीतिप्रदाथवा।।८६।।

मञ्जुमती टीका : पञ्चाङ्ग में दुष्ट वार हो अथवा लग्न दोष से दूषित हो तो वह यात्रा यात्री को नष्ट करने वाली होती अथवा चोर का भय देने वाली होती है।

शुक्रे चास्तङ्गते यत्र चन्द्रे वास्तमुपागते।
तयोर्बाल्ये च वार्द्धक्ये सा यात्रा भयरोगदा।।८७।।

मञ्जुमती टीका : जहाँ सूर्य अस्त हो गया हो और चन्द्रमा भी अस्त को प्राप्त हो गया हो अथवा ये दोनों बाल या वृद्ध अवस्था में तो वह यात्रा भय और रोग देने वाली होती है।

यात्रालग्नेऽर्कसंक्रान्तिदूषिते त्वयनेन वा।
यातुर्मासत्रयादेव शत्रुरोगभयप्रदा।।८८।।

मञ्जुमती टीका : यात्रा लग्न सूर्य की संक्रान्ति से दूषित हो या अयन से दूषित हो तो तीन मास में ही यात्री को शत्रु और रोग का डर हो जाता है।

केन्द्रत्रिकोणगैः सौम्यैस्त्रिभवारिगतैः परैः।
अलग्नरिपुचन्द्रेण यात्राभीष्टफलप्रदा।।८९।।

मञ्जुमती टीका : केन्द्र और त्रिकोण में गये हुए सौम्य ग्रह अथवा तीसरे, छठें या ग्यारहवे में स्थित में हो तो लग्न को छोड़ करके चन्द्रमा शत्रु स्थान में हो तो यात्रा मनवांछित फल देने वाली होती है।

यात्रा लग्नस्य केन्द्रेषु शून्येषु शुभखेचरैः।
निष्फलं गमनं तस्य जारजातस्य पिण्डवत्।।९०।।

मञ्जुमती टीका : यात्रा लग्न से यदि केन्द्र में कोई भी शुभग्रह न हो अथवा केन्द्र शुभग्रहों से रहित हो तो जैसे जार-जात का पिण्ड होता है उसी प्रकार यात्रा निष्फल हो जाती है।

त्रिकोणे द्वित्रिराशौ वा शून्ये यस्य शुभग्रहैः।
निष्फला तस्य यात्रा स्यान्मिथ्यावादस्य वाग्यथा।।९१।।

मञ्जुमती टीका : जिस यात्री के त्रिकोण या दो-तीन राशियों में शुभग्रह न हो तो मिथ्यावादी की वाणी जैसे व्यर्थ हो जाती है वैसे इसकी भी यात्रा निष्फल हो जाती है।

यस्मिन्वारे दुर्मुहूर्तलग्नं भङ्गप्रदं नृणाम्।
रुक्प्रदं वारदोषं च तस्मात्तत्त्रितयं त्यजेत्।।९२।।

मञ्जुमती टीका : जिस वार में दुष्ट मुहूर्त या दुष्ट लग्न हो तो वह मनुष्यों की यात्रा को निष्फल बना देता है। रोग प्रदान करने वाला वार होता है। इसलिए वार, मुहूर्त एवं लग्न तीनों के अशुभ होने पर त्याग कर देना चाहिए।

पश्चादभ्युदिते शुक्रे यायात्प्राचीं तथोत्तराम्।
प्राच्यामभ्युदिते तस्मिन्प्रतीचीं दक्षिणां दिशम्।।९३।।

मञ्जुमती टीका : शुक्र के पश्चिम उदय होने पर पूरब दिशा या उत्तर दिशा में यात्रा करना चाहिए। जबकि पूरब में उदित होने पर पश्चिम एवं दक्षिण दिशा की यात्रा श्रेष्ठ होती है।

सम्मुखे चन्द्रजे यत्र मार्गमध्योदिते यदि।
यावदस्तामिते तस्मिंस्तावत्तत्रैव संवसेत्।।९४।।

मञ्जुमती टीका : जिसके बुध यात्रा में सामने हो और मार्ग मध्य में उदित हुए हो तो जबतक अस्त न हो जायं तो वहां तबतक बसना चाहिए जब तक बुध उस राशि में स्थित रहे।

प्रतिशुक्रं प्रतिबुधं प्रतिभौमं गतो नरः।
बलेन शक्रतुल्योऽपि हतसैन्यो निवर्तते।।९५।।

मञ्जुमती टीका : शुक्र के सामने, बुध के सामने या मङ्गल के सामने यदि कोई यात्री यात्रा करता है तो इन्द्र के तुल्यबल होने पर भी उसकी सेना मारी जाती है। और उसे लौटना पड़ता है।

प्रवेशे स्वगृहे ग्रामे विवाहे देशविभ्रमे।
प्रतिशुक्रोद्भवो दोषो नैव भौमज्ञयोरपि।
तीर्थयात्राविधौ तेषां प्रतिशुक्रं न विद्यते।।९६।।

मञ्जुमती टीका : अपने घर या ग्राम में प्रवेश के समय विवाह में या देश में अकाल के समय सामने शुक्र से उत्पन्न दोष मङ्गल या बुध का दोष नहीं होता। तीर्थयात्रा में भी सामने शुक्र का दोष नही लगता।

काश्यपेषु वशिष्ठेषु भृग्वत्र्यङ्गिरसेषु च।
भरद्वाजेषु वत्सेषु प्रतिशुक्रं न विद्यते।।९७।।

मञ्जुमती टीका : कश्यप, वशिष्ठ भृगु, अङ्गिरा, भरद्वाज, वत्स, ऋषियों के गोत्र में उत्पन्न व्यक्ति के लिए सामने शुक्र का दोष नहीं लगता।

अयमर्थमनुक्तत्वाच्छास्त्रे पैतामहे क्वचित्।
तस्मात्संमुखदोषोऽस्ति प्रतिशुक्रस्य सर्वदा।।९८।।

मञ्जुमती टीका : इस अर्थ के न कहे जाने पर कहीं पितामह शास्त्र में ऐसा अर्थ नहीं किया गया है इसलिए सामने शुक्र का दोष सबको होता है।

तद्दोषशमनार्थाय शान्तिं वक्ष्ये समासतः।
कृत्वा शान्तिं प्रयत्नेन पश्चात्कार्यं समाचरेत्।।९९।।

मञ्जुमती टीका : इस सम्मुख शुक्र के दोष के लिए संक्षेप में शान्ति प्रक्रिया को कह रहा हूँ। प्रयत्नपूर्वक शान्ति करके कार्य सम्पन्न करना चाहिए।

भृगोर्लग्ने भृगोर्वर्गे भृगोर्वारे भृगूदये।
उपोष्य भृगुवारेऽपि यावच्छुक्रोदयं व्रती।।१००।।

मञ्जुमती टीका : शुक्र का लग्न हो, शुक्र का वर्ग हों, शुक्र का वार हो और शुक्र उदित हो तो जब तक शुक्र उदित रहे। शुक्रवार के दिन व्यक्ति को व्रत करके उपवास करना चाहिए।

रजतेन सुशुद्धेन प्रतिमां कारयेद्भृगोः।
लिखेदष्टदलं पद्मं कांस्यपात्रे च तण्डुलैः।।१०१।।

मञ्जुमती टीका : शुद्ध चाँदी के द्वारा शुक्र की प्रतिमा बनवानी चाहिए। कांस्य पात्र में चावलों से अष्टदल कमल का निर्माण करें।

शुक्लसूक्ष्माम्बरैर्वेष्ट्य प्रतिमां तत्र पूजयेत्।
शुक्लपुष्पाक्षतैर्गन्धैर्मुक्ताहारैर्विचित्रितैः ।।१०२।।

मञ्जुमती टीका : सफेद, सूक्ष्म प्रतिमा को लपेटकर पूजा करें। पुनः सफेद फूल अक्षत, गन्ध, मोती की माला आदि विचित्र पदार्थों से।

उपचाराणि कार्याणि शुक्रं ते अन्यदित्यृचा।
तन्मन्त्रेण जपं कुर्यात्सम्यगष्टोत्तरं शतम्।।१०३।।

मञ्जुमती टीका : शुक्र का अन्यदित्य इस मन्त्र से उपचार आदि के द्वारा शुक्र की पूजा करनी चाहिए और इस मन्त्र का १०८ बार जाप करना चाहिए।

कर्मान्ते तेन मन्त्रेण भक्त्या चार्घ्यं प्रदापयेत्।
श्वेतगन्धाक्षतैः पुष्पैः क्षीरमिश्रितवारिभिः।।१०४।।

मञ्जुमती टीका : उसी मन्त्र के द्वारा पूजन के अन्त में भक्तिपूर्वक

सफेद गन्ध, अक्षत्र, फूल तथा दुग्ध मिश्रित जल के द्वारा अर्घ देना चाहिए।

दैत्यमन्त्री दिवादर्शी चोशना भार्गवः कविः।
श्वेतोऽथ मण्डली काव्यो विधिस्थो भृगवे नमः।।१०५।।

मञ्जुमती टीका : दैत्य मन्त्री, दिवादर्शी, उशना, भार्गव, कवि, श्वेत, मण्डली, काव्य, विधि, भृगु इन नामों में चतुर्थी विभक्ति लगाकर प्रणाम करना चाहिए।

दत्त्वा ह्यर्घं प्रयत्नेन प्रार्थयेच्चैव भक्तितः।
अनेनैव च मन्त्रेण प्रांजलिः प्रणतः स्थितः।।१०६।।

मञ्जुमती टीका : इसी मन्त्र के द्वारा अंजलि बनाकर खड़े होकर झुककर शुक्र को अर्घ दे करके प्रयत्नपूर्वक भक्तिभाव से प्रार्थना करनी चाहिए।

त्वत्पूजयाऽनया शुक्र मे संमुखसमुद्भवम्।
दोषं विनाशय क्षिप्रं रक्ष मां तेजसां निधे।।१०७।।

मञ्जुमती टीका : हे शुक्र! आपकी इस पूजा के द्वारा आप मेरी वृद्धि को करें अर्थात् सन्मुख दोष का शीघ्र विनाश करें और हे तेजस्वी शुक्र! मेरी रक्षा करें।

इति प्रार्थ्य प्रयत्नेन प्रतिमा भूषणान्विता।
दैवज्ञायैव दातव्या श्वेताश्वसहितेन च।।१०८।।

मञ्जुमती टीका : ऐसी प्रार्थना करके प्रयत्नपूर्वक प्रतिमा को आभूषण से युक्त करके ज्योतिषी को सफेद घोड़े सहित दे देना चाहिए।

शिष्टेभ्यो दक्षिणां दद्याद्यथावित्तानुसारतः।
ब्राह्मणान्भोजयेत्पश्चात्स्वयं भुञ्जीत बन्धुभिः।।१०९।।

मञ्जुमती टीका : शिष्ट व्यक्तियों को अपने धन के अनुसार दक्षिणा देनी चाहिए। पुनः ब्राह्मणों को भोजन करावें । अन्त में बन्धु-बान्धवों के सहित स्वयं भी भोजन करें।

एवं यः कुरुते सम्यक्प्रातिशुक्रप्रपूजनम्।
न तस्य सम्मुखो दोषो विजयी चार्थवान्भवेत्।।११०।।

मञ्जुमती टीका : जो इस प्रकार से ठीक ढंग से सन्मुख शुक्र का पूजन करता है उसे सन्मुख शुक्र का दोष नहीं लगता वह धनवान एवं विजयी होता है।

इतरेषां ग्रहाणां च पूजां कुर्यात्प्रयत्नतः।
तत्तत्संमुखजं दोषं तत्क्षणादेव नश्यति।।१११।।

मञ्जुमती टीका : शुक्र से अतिरिक्त अन्य ग्रहों की भी पूजा प्रयत्नपूर्वक करनी चाहिए। उसी-उसी प्रकार से सन्मुख उत्पन्न दोषों को वह तक्षण ही नष्ट कर देता है।

सूर्याय कपिलां दद्याच्छंखं चन्द्रमसेऽपि च।
कुजाय वृषभं दद्यात्स्वर्णं दद्याद्बुधाय च।।११२।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य के लिए कपिला गऊ तथा चन्द्रमा के लिए शंख, मङ्गल के लिए बैल तथा बुध के लिए सोने का दान करना चाहिए।

गुरवे पीतवस्त्रं च सिताय सितलोहकम्।
एवं प्रयत्नतः कृत्वा सर्वान्कामानवाप्स्यति।।११३।।

मञ्जुमती टीका : गुरु के लिए पीला वस्त्र, शुक्र के लिए सफेद वस्त्र, और शनि के लिए लोहा देना चाहिए। इस प्रकार प्रयत्नपूर्वक करने से सभी कामनाओं की प्राप्ति होती है।

क्षुते मार्जारसमरे गृहदाहे ऋतौ स्त्रियः।
दुरुक्ते माहिषे युद्धे कुटुम्बे कलहादिके।।११४।।

मञ्जुमती टीका : घाव लगने पर या बिल्लियों के लड़ने पर, घर जलने पर, स्त्रियों के ऋतुमती होने पर, दो भैसों के लड़ने पर अथवा परिवार में झगड़ा आदि होने पर।

स्खलिते चाम्बरादीनां प्रत्याह्वाने च मैथुने।
वृषाश्वकुक्कुटादीनां युद्धे यात्रा त्वनिष्टदा।।११५।।

मञ्जुमती टीका : वस्त्र आदि के घिसकने (गिरने) पर, पीछे से बुलाये जाने पर, मैथुन, बैल, घोड़ा, मुर्गा, आदि की लड़ाई यात्रा के समय अनिष्ट देने वाली होती है।

विविधानि निमित्तानि बहूनि शकुनानि च।
एतेषामधिका यातुर्मन:शुद्धिर्जयप्रदा।।११६।।

मञ्जुमती टीका : अनेक प्रकार के निमित्त हैं और बहुत से शकुन हैं। इनका सबसे बढ़कर यात्री की मन:शुद्धि ही जय प्रदान करने वाली हो जाती है।

उद्वाहे व्रतबन्धे च प्रतिष्ठायां महोत्सवे।
असमाप्ते न गन्तव्यं मृतके सूतकेऽपि च।।११७।।

मञ्जुमती टीका : विवाह में, व्रतबन्ध में, प्रतिष्ठा में या महोत्सव में, मृतक में, और सूतक में भी क्रिया समाप्त किऐ बिना यात्रा नहीं करनी चाहिए।

घृतान्नं कृशरान्नं च मत्स्यान्नं घृतपायसम्।
पूर्वादिषु क्रमाद्भुक्त्वा यात्रासिद्धिमवाप्नुयात्।।११८।।

मञ्जुमती टीका : घी से मिले हुए अन्न को, खिचड़ी को, या मछली को या घी मिश्रित खीर को पूर्व आदि दिशाओं में क्रमश: खाकर यात्रा करने से अवश्य सिद्धि प्राप्त होती है।

मज्जिकां पायसं साज्यं कांजिकं पायसो दधि।
क्षीरं तिलोदनं भुक्त्वा रविवारादिषु व्रजेत्।।११९।।

मञ्जुमती टीका : खीर, घी, मट्ठा, दही, खीर, दूध, तिलयुक्त जल खाकर रविवार के दिन यात्री करनी चाहिए।

कुल्मा[१]षांश्च तिला[२]न्साज्यांस्तडुला[३]न्दधि[४] गोघृतम्[५]।
पा[६]यसं मृगमा[७]सं च तत्क्षीरघृतपा[८]यसम्।।१२०।।

मञ्जुमती टीका : एक काली उरद, दो तिल, तीन घीयुक्त चावल, चार दही, पांच गाय का घी, छ: खीर, सात हिरन का माँस, आठ दूध घीयुक्त खीर खाकर यात्रा करनी चाहिए।

चणका[9] मृगिणीमां[10]सं श[11]शमांसं च पौष्टिकम्[12]।
प्रियं[13]गुकमपू[14]पं च मण्डक[15]न्कदलीफलम्[16]।।१२१।।

मञ्जुमती टीका : नौ चना, दस हिरनी का माँस, ग्यारह खरगोश का माँस, बारह पौष्टिक पदार्थ, तेरह प्रियङ्गु (केसर अथवा छोटी इलायची), चौदह मालपुआ, पन्द्रह मण्डक तथा सोलह केले का फल शुभ होता है।

कू[17]र्मश्वा[18]वित्ततो गोधा[19]शा[20]लनीवार[21]कोदनम्।
कृ[22]शरान्नं मौद्गिका[23]न्नं पावा[24]न्नं मत्स्यभोजनम्[25]।।१२२।।

मञ्जुमती टीका : सत्रह कछुआ, अट्ठारह कुत्ता, उन्नीस गोधा (गोह), बीस शालिनीवार, इक्कीस कोदव, बाइस खिचड़ी, तेइस मूंग, चौबीस पावान्न तथा पच्चीस मछली का भोजन शुभ होता है।

चित्रा[26]न्नं च सदध्य[27]न्नमश्विभाश्च यथाक्रमात्।
भुक्त्वा सम्यग्व्रजेद्याता यात्राफलमवाप्स्यति।।१२३।।

मञ्जुमती टीका : छब्बीस विचित्र अन्न, सत्ताइस सुपाच्य अन्न, इन्हें अश्विनी नक्षत्र के क्रम से भोजन करके ठीक ढंग से यात्रा की जाये तो यात्रा का फल शुभ प्राप्त होता है।

ग्रहयज्ञं ततः कृत्वा पूर्वोक्तविधिना ततः।
दिगीश्वराकृतिं कृत्वा सुवर्णेन स्वमन्त्रकैः।।१२४।।

मञ्जुमती टीका : पुनः पूर्व में कहे गये विधान के द्वारा ग्रह यज्ञ करके दिशा के स्वामी की सोने की आकृति बनाकर उस देवता के मन्त्र के द्वारा।

स्वस्ववर्णैः सुगन्धाद्यैर्दीपैर्धूपैर्मनोरमैः।
तद्वर्णवस्त्रैर्नैवेद्यैर्भक्त्या सम्यक् प्रपूजयेत्।।१२५।।

मञ्जुमती टीका : अपने-अपने रंग के द्वारा सुन्दर गन्ध आदि दीपक तथा सुन्दर धूप से उसी रंग के वस्त्र से तथा भक्तिपूर्वक नैवेद्य को अर्पित करके ठीक ढंग से पूजा करनी चाहिए।

ऐरावतस्थं देवेन्द्रं वज्रपाणिं शचीपतिम्।
स्वर्णवर्णसहस्राक्षं दिव्याभरणभूषितम्।।१२६।।

मञ्जुमती टीका : ऐरावत (हाथी)में स्थित देवता के स्वामी हाथ में वज्र लिए हुए शची के पति स्वर्णिम वर्ण वाले सहस्र नेत्र वाले दिव्य आभूषण से सुशोभित हैं।

स्वाहाप्रियं मेषसंस्थं षडक्षमुक्स्रुवायुधम्।
सप्तजिह्वं सप्तहस्तं रक्तवर्णं हुताशनम्।।१२७।।

मञ्जुमती टीका : स्वाहा प्रिय मेष में स्थित छः नेत्र वाले स्रुवा, आयुध वाले, सात जीभ वाले, सात हाथ वाले, लाल वर्ण वाले, अग्निदेव हैं।

रक्तवर्णं श्यामकेशं यमं महिषवाहनम्।
दण्डपाणिं लोहिताक्षं सर्वाभरणभूषितम्।।१२८।।

मञ्जुमती टीका : लाल वर्ण, काले केश वाले यमराज भैसा वाहन वाले, हाथ में दण्ड लिए हुए लाल नेत्रों वाले सम्पूर्ण आभूषणों से सुशोभित हैं।

दीर्घग्रीवापतिं नीलं निर्ऋतिं नरवाहनम्।
ऊर्ध्वकेशं विरूपाक्षं खड्गचर्मधरं प्रभुम्।।१२९।।

मञ्जुमती टीका : लम्बी गर्दन वाले, नीले वर्ण वाले, मनुष्य को वाहन बनाने वाले, निऋत देवता ऊपर उठे हुए बाल वाले, विकृत नेत्र वाले, तलवार एवं चमड़े को धारण करने वाले स्वामी हैं।

वरुणं कालिकानाथमनर्घ्यमणिभूषितम्।
नागपाशधरं पीतवर्णं मकरवाहनम्।।१३०।।

मञ्जुमती टीका : वरुण देव, कालिका के स्वामी, बहुमूल्य मणि से सुशोभित, नागपाश को धारण करने वाले, पीले वर्ण वाले तथा मकर वाहन वाले हैं।

वायुं कृष्णमृगासीनमंजनीपतिमव्ययम्।
दण्डपाणिं शुक्लवर्णं जन्तूनामन्तरात्मकम्।।१३१।।

मञ्जुमती टीका : वायु देवता कृष्ण मृग पर आसीन हैं अंजनी के पति हैं। सदा एक रूप रहने वाले हैं। दण्ड हाथ में धारण किए हुए, श्वेत वर्ण वाले और प्राणियों की अन्तरात्मा में रहने वाले हैं।

अश्वारूढं कुन्तपाणिं चित्ररेखापतिं प्रभुम्।
धनाधीशं स्वर्णवर्णं यक्षगन्धर्वनायकम्।।१३२।।

मञ्जुमती टीका : घोड़े पर चढ़ें हुए, हाथ में भाला धारण किए हुए, चित्ररेखा के पति, स्वामी, धन के मालिक, स्वर्णिम वर्ण वाले, यक्ष और गन्धर्वों के नायक कुबेर हैं।

गौरीपतिं चन्द्रमौलिं शुद्धस्फटिकसन्निभम्।
पिनाकिनं वृषारूढं सर्वाभरणभूषितम्।।१३३।।

मञ्जुमती टीका : भगवान शिव गौरी के पति, चन्द्रमा को सिर पर धारण करने वाले, शुद्ध स्फटिक मणि के कान्ति के समान शोभा वाले, पिनाक नामक धनुष को धारण करने वाले, बैल पर चढ़े हुए, सम्पूर्ण आभूषणों से सुशोभित हैं।

तद्दिगीशं सुसम्पूज्य तिलहोमं च कारयेत्।
दैवज्ञाय ततो दद्यात्प्रतिमां दक्षिणान्विताम्।।१३४।।

मञ्जुमती टीका : प्रत्येक दिशा के स्वामियों की ठीक ढंग से पूजा करके तिल का हवन करना चाहिए। पुनः दक्षिणायुक्त प्रतिमा को ज्योतिषी को दे देनी चाहिए।

देवान्गुरून्पितॄन्विप्रान्स्वस्तिवाचनपूर्वकम् ।
नत्वा तुष्टः प्रीतिमना व्रजेन्मङ्गलनिःस्वनैः।।१३५।।

मञ्जुमती टीका : देवताओं को, गुरुओं को, पितरों को, ब्राह्मणों को प्रणाम करके प्रसन्नचित्त होता हुआ सन्तुष्ट होकर स्वच्छ वाचनपूर्वक मङ्गल ध्वनियों के साथ गमन करना चाहिए।

तस्मिन्मुहूर्ते स्वयमप्रयाणे प्रयोजनापेक्षतया च दैवात्।
तत्रैव तन्निर्गमनं च कार्य्यं स्वात्मासमानं च यदुक्तभानम्।।१३६।।

मञ्जुमती टीका : उस मुहूर्त में स्वयं यात्रा न करने पर दैववश प्रयोजन की अपेक्षा से उसी समय निर्गमन निकलने के लिए जिन नक्षत्रों में यात्रा कही गयी है, उसी में प्रस्थान करनी चाहिए।

श्वेतातपत्रध्वजचामराश्वविभूषणोष्णीषगजाम्बराणि।
आंदोलिकारत्नरथास्त्रशस्त्रशय्यासनाद्यं मनसस्त्वभीष्टम्।।१३७।।

मञ्जुमती टीका : सफेद छत्र, ध्वज, चँवर, घोड़ा, विभूषण, पगड़ी, हाथी का चमड़ा, पालकी, रत्न, रथ, अस्त्र-शस्त्र, चारपाई आदि से मन के जो अभीष्ट हैं।

कस्तूरिकागन्धफलाक्षतौघकर्पूरताम्बूलसुभक्षणानि।
विचित्रपारावतपक्षिसंघं प्रचालयेद्गंधचयं प्रबन्धम्।।१३८।।

मञ्जुमती टीका : कस्तूरी का गन्ध, फल, अक्षत समूह, कपूर, ताम्बूल आदि को खाकर विचित्र कबूतर पक्षी के जोड़े से गन्ध समूह का प्रबन्ध करके चलना चाहिए।

विचित्ररम्याणि गृहाणि हेममयानि रौप्याणि घटानि यानि।
प्रचालयेद्गायकवाचकाख्यभिषग्ग्रहज्ञं च पुरोहितं च।।१३९।।

मञ्जुमती टीका : रंग-बिरंगे सुन्दर गृहों से सोने या चाँदी से बने हुए घड़े, गायक, वाचक, वैद्य, ग्रहों को जानने वाले ज्योतिषी तथा पुरोहितों को चलाये।

प्रस्थानं धनुषां पञ्चशतान्युत शतद्वयम्।
स्वदेवसदनाद्यद्वा दशभिः प्रस्थितो मतः।।१४०।।

मञ्जुमती टीका : प्रस्थान (गमन की वस्तु), पांच सौ धनुष, अथवा २०० धनुष, अपने घर से दूर अथवा १० धनुष दूर पर प्रस्थान रखना चाहिए।

आरभ्य निर्गमाद्यायामात्क्षितिपो दशवासरान्।
मण्डलीकः सप्तरात्रात्प्राकृतः पञ्चरात्रतः।।१४१।।

मञ्जुमती टीका : प्रस्थान निकालने के दिन से आरम्भ करके १० दिन तक राजा को यात्रा करनी चाहिए जबकि मण्डलीक को ७ रात तक किन्तु साधारण मनुष्यों को ५ रात तक प्रस्थान का प्रभाव जानना चाहिए।

अत ऊर्ध्वं व्रजेद्भूयो भद्रे वा दिवसे नृपः।
राज्ञोऽन्यः प्राकृतो ज्ञेयो विप्रवैश्यादयो भुवि।।१४२।।

मञ्जुमती टीका : इसके ऊपर दिनों में यदि राजा प्रस्थान करे तो उसे पुनः सुन्दर मुहूर्त को देखना चाहिए। राजा के अतिरिक्त विप्र, वैश्य आदि पृथ्वी पर प्राकृतिक जन कहे गये हैं।

झषलग्ने झषांशे च पन्था वक्रश्च यायिनाम्।
जलराशौ जलांशे च जलयात्रार्थसिद्धिदा।।१४३।।

मञ्जुमती टीका : मीन लग्न या मीन क नवांश में यात्रा करने वालों के लिए मार्ग टेढ़ा अर्थात कष्टकारी होता है। जबकि जल राशि और जल नवांश में जल सम्बन्धी यात्रा धन की सिद्धि देने वाली होती है।

तनुरर्थाह्वयो धन्वी वाहनो मन्त्रसंज्ञकः।
शत्रुर्मार्गस्तथायुश्च मनोव्यापारसंज्ञकः।।१४४।।

मञ्जुमती टीका : द्वादशभावों के नाम क्रमशः बताए जा रहे हैं। तनु[१], अर्थ[२], पराक्रम[३], वाहन[४], मन्त्र[५], शत्रु[६], मार्ग[७], आयु[८], मन[९], व्यापार[१०]।

लाभश्च व्ययसंज्ञश्च तन्वादीनां च संज्ञकाः।
खेटे तन्वादिभावेषु ज्ञेयं यातुः फलं त्विदम्।।१४५।।

मञ्जुमती टीका : लाभ और व्यय संज्ञक, तनु आदि संज्ञक, ग्रहों के तनु आदि भावों में जो फल कहे गये हैं उन्हें यहां भी जानना चाहिए।

घ्नन्ति क्रूरास्त्रिषष्ठायभावान्हित्वा परान्सदा।
पुष्णन्ति सौम्यखचराः षष्ठाष्टान्त्यविना परान्।।१४६।।

मञ्जुमती टीका : क्रूर ग्रह तीसरे, छठें और ग्यारहवें भाव को छोड़कर अन्य भावों में सदा कार्यों को नष्ट करते हैं। जबकि शुभग्रह छठें, आठवें और बारहवें के बिना दूसरे भावों को पुष्ट करते हैं।

लग्ने षष्ठाष्टमं हन्ति चन्द्रः शुक्रोऽस्तगः सदा।
मृत्युलग्नस्थितश्चन्द्रो यातुर्मृत्युप्रदः सदा।।१४७।।

मञ्जुमती टीका : लग्न से छठें, आठवें, भावों में स्थित चन्द्रमा नष्ट करता हैं तथा शुक्र अस्त हो जाने पर सदैव कष्ट देता हैं मृत्यु लग्न में स्थित चन्द्रमा यात्रा करने वाले को सदैव मृत्यु देता हैं।

एवमुक्तप्रकारेण यात्रां नूनं करोति यः।
सर्वान्कामानवाप्नोति त्वरितन्तु न संशयः।।१४८।।

मञ्जुमती टीका : इस प्रकार पूर्व में कहे गये के अनुसार जो निश्चित ही यात्रा करता है वो सम्पूर्ण कामनाओं को शीघ्र ही प्राप्त करता है इसमें सन्देह नहीं है।

उक्त्वा साधारणां यात्रां युद्धयात्रां ब्रवीमि ताम्।
व्रजन्ति ये नृपाः सूक्ष्मलग्ने ते यायिनः सदा।।१४९।।

मञ्जुमती टीका : इस साधारण यात्रा को कहकर अब मैं उस युद्ध यात्रा को कह रहा हूँ जिसमें यात्रा करने वाले राजा लोग सदैव सूक्ष्म लग्न में यात्रा करते हैं।

फलसिद्धिर्धिष्ण्यगुणैरग्रजानां भवेत्सदा।
योगलग्ने क्षितीशानां चौराणां शकुनैर्भृशम्।।१५०।।

मञ्जुमती टीका : ब्राह्मणों के लिए फल की सिद्धि नक्षत्र के गुणों के अनुसार सदैव होती हैं। जबकि राजाओं के लिए योग, योगलग्न के अनुसार यात्रा का फल होता है जबकि चोरों को शकुन के अनुसार फल होता है।

मुहूर्त्तशक्तितोऽन्येषां निमित्तैश्च फलोदयः।
तत्तदुक्तप्रकारेण तस्माद्यात्रां करिष्यति।।१५१।।

मञ्जुमती टीका : अन्य लोगों को यात्रा का फल मुहूर्त की शक्ति से अथवा निमित्त के अनुसार प्राप्त होती है। उस-उस प्रकार से ऊपर कहे गये प्रकार के द्वारा यात्रा करनी चाहिए।

तिथिवारसनक्षत्रयोगेषु करणेषु च।
यात्रानुक्तेष्वथैतेषु चन्द्रताराबलेऽपि च।।१५२।।

मञ्जुमती टीका : तिथि, वार, नक्षत्र, योग एवं करणों में, जिसमें यात्रा न कही गयी हो उन मुहूर्तों में चन्द्र एवं तारा बल में भी।

योगलग्नयुता राज्ञां यात्रा च विजयप्रदा।
विचित्रान्योगलग्नांस्तान्सम्यग्वक्ष्ये समासतः।।१५३।।

मञ्जुमती टीका : योग लग्न से युत राजा की यात्रा विजय देने वाली होती है। अतः विचित्र योग लग्नों के फल को ठीक ढंग से संक्षेप में कहेगें।

गुरौ वीर्ये केन्द्रगते बुधे वा भृगुनन्दने।
विजयो नामयोगोऽयं यातुर्विजयदः सदा।।१५४।।

मञ्जुमती टीका : गुरु के बलवान होकर केन्द्र में स्थित होने पर अथवा बुध एवं शुक्र के बलवान होकर केन्द्र में आने पर यह योग विजय नाम का होता है। यह यात्रा करने वाले को सदा विजय देता है।

लक्षदोषान्बुधो हन्ति सितो लक्षद्वयं बली।
कोटिदोषान्गुरुर्हन्ति एको वा केन्द्रगो यदि।।१५५।।

मञ्जुमती टीका : बुध एक लाख दोष दूर करता है जबकि शुक्र बलवान होंने पर दो लाख दोषों को दूर करता है किन्तु किसी भी केन्द्र में गया हुआ अकेला बृहस्पति एक करोड़ दोषों को नष्ट करता है।

स्वराशिगे बुधे लग्ने सिते वा सुरवंदिते।
नद्यावर्ताह्वयो योगो यातुरिष्टार्थसिद्धिदः।।१५६।।

मञ्जुमती टीका : अपने राशि में बुध लग्न में स्थित हो अथवा शुक्र या गुरु अपने राशि का होकर लग्न में स्थित हों तो इस योग को नद्यावर्त योग कहा है जो यात्री के लिए अभीष्ट धन और सिद्धि को देने वाला होता है।

स्वांशसंस्थे बुधे लग्ने शुक्रे वा देवपूजिते।
शंखसंज्ञो महायोगो यातुः कीर्तिप्रदः सदा।।१५७।।

मञ्जुमती टीका : अपने नवांश में स्थित गुरु, बुध एवं शुक्र यदि लग्न में स्थित हों तो यह शंख नामक महायोग होता है। और यह यात्रा करने वाले को सदैव यश प्रदान करता है।

स्वराशिस्वांशगे सौम्ये लग्नस्थे वा भृगोः सुते।
जीवे वा पद्मयोगोऽयं यातुः कल्याणदः सदा।।१५८।।

मञ्जुमती टीका : अपने राशि और अपने नवांश में गये हुए लग्न में स्थित बुध, शुक्र या बृहस्पति हों तो यह पद्म नामक योग होता है जो यात्रा करने वाला का सदैव कल्याण करता है।

अधिमित्रगृहस्थे ज्ञे लग्नगे वा भृगोः सुते।
जीवे वा वज्रयोगोऽयं यातुः शत्रुविनाशकृत्।।१५९।।

मञ्जुमती टीका : अधिमित्र के घर में स्थित बुध, शुक्र या बृहस्पति यदि लग्न में स्थित हो तो यह वज्र नामक योग होता है। जो यात्रा करने वाले के शत्रु का विनाश करता है।

अधिमित्रांशगे सौम्ये सिते वाथसुरार्चिते।
लग्नगे मित्रयोगोऽयं शत्रूणां सन्धिकृत्सदा।।१६०।।

मञ्जुमती टीका : अधिमित्र के नवांश में स्थित होकर बुध, शुक्र या गुरु लग्न में स्थित हो जायें तो यह मित्र नामक योग होता है जो शत्रुओं से मेलजोल या मित्रता कराता है।

अधिमित्रगृहे स्वाधिमित्रांशस्थे भृगोः सुते।
गुरौ चानन्दयोगोऽयं सौम्ये चानन्ददः सदा।।१६१।।

मञ्जुमती टीका : अधिमित्र के घर में अथवा अपने अधिमित्र के नवाशं में स्थित शुक्र, गुरु या बुध हो तो यह आनन्द नामक योग होता है और यह यात्री को सदैव आनन्द देने वाला होता है।

स्वोच्चगे लग्नगे सौम्ये शुक्रे वा देवपूजिते।
अमृतो नामयोगोऽयं यातुरायुःप्रदः सदा।।१६२।।

मञ्जुमती टीका : अपने उच्च स्थान में गये हुए गुरु, शुक्र या बुध लग्न में स्थित हो तो यह अमृत नामक योग होता है यह यात्री के लिए सदैव आयु प्रदान करने वाला होता है।

उच्चगे लग्नसंस्थेषु बुधे वाऽथ गुरौ सिते।
शभसंज्ञो महायोगो यायिनां शुभदः सदा।।१६३।।

मञ्जुमती टीका : उच्च स्थान में गया हुआ बुध, गुरु या शुक्र लग्न में स्थित हो जायें तो यह शुभ नामक महायोग होता है। जो यात्री को सदैव सुख देता है।

स्वोच्चे स्वोच्चांशगे सौम्ये लग्नगे वा भृगोः सुते।
आये वा कीर्तियोगोऽयं यायिनां श्रीप्रदः सदा।।१६४।।

मञ्जुमती टीका : अपने उच्च या अपने उच्चांश में बुध या शुक्र लग्न में गये हो अथवा लाभ स्थान में स्थित हो तो यह कीर्ति नामक योग होता है। यह यात्री को सदैव लक्ष्मी देने वाला होता है।

शुभग्रहे द्वये लग्नसंस्थे वा त्रितयेऽपि वा।
योगोऽतियोगसंज्ञोऽयं विजयोऽखिलभूप्रदः।।१६५।।

मञ्जुमती टीका : यदि दो शुभग्रह अथवा तीन शुभग्रह लग्न में स्थित हो तो इस योग को अतियोग संज्ञा दी गयी हैं यह सम्पूर्ण पृथ्वी देने वाला तथा विजय देने वाला होता है।

त्रिषष्ठलाभगेष्वेषु रविमन्दकुजेषु च।
पूर्णचन्द्र महायोगः पूर्णराज्यप्रदः सदा।।१६६।।

मञ्जुमती टीका : तीसरें, छठें या लाभ स्थान में सूर्य, शनि या मङ्गल स्थित हो तो यह पूर्ण चन्द्र नामक महायोग होता है। जो सदैव पूर्ण राज्य को देने वाला होता है।

यत्रैकादशगे चन्द्रे भानौ वा प्रबले शुभे।
अभयो नाम योगोऽयं भवत्यरिविनाशकृत्।।१६७।।

मञ्जुमती टीका : जिसके ग्यारहवें स्थान में प्रबल हो करके चन्द्रमा या सूर्य स्थित हो तो इसे अभय नामक योग कहते हैं। यह सम्पूर्ण शत्रुओं का विनाश करने वाला होता है।

त्रिकोणगे शुभे खेटे सुबले वा द्वितीयगे।
कल्याणसंज्ञो योगोऽयं यायिनां मङ्गलप्रदः।।१६८।।

मञ्जुमती टीका : त्रिकोण स्थान में शुभग्रही स्थित हों अथवा बलवान होकर शुभग्रह दूसरे स्थान में स्थित हों तो इस योग को कल्याण संज्ञक कहा गया है। यह यात्रा करने वाले का सदैव मङ्गल करता है।

यत्र स्वोच्चगते लग्ने लग्नादेकादशस्थिते।
जयन्तनामयोगोऽयं शत्रुपक्षविनाशकृत्।।१६९।।

मञ्जुमती टीका : कोई भी ग्रह अपने उच्च राशि का होकर लग्न या लग्न से ग्यारहवें स्थित हो तो इसे जयन्त नामक योग कहते हैं। ये शत्रु पक्ष का विनाश कर देता है।

वर्गोत्तमगते लग्ने शुभे वा प्रबलान्विते।
सिद्धिसंज्ञो महायोगो यायिनां कार्य्यसिद्धिदः।।१७०।।

मञ्जुमती टीका : वर्गोत्तम में यदि लग्न हो जाय और प्रबल शुभग्रहों से युक्त हो जाय तो यह सिद्धि नामक महायोग होता है। यह यात्री के सम्पूर्ण कार्यों की सिद्धि को दे देता है।

लग्ने गुरौ विधौ खस्थे शनौ षष्ठेऽथवा रवौ।
पद्मयोगः शत्रुपक्षक्षयकारी रणे सदा।।१७१।।

मञ्जुमती टीका : लग्न स्थान में गुरु स्थित हो और दशम स्थान में चन्द्रमा, छठें स्थान में सूर्य या शनि हों, तो इसे पद्म नामक योग कहते हैं। यह सदैव युद्ध में शत्रु पक्ष का क्षय करने वाला होता है।

गुरौ कण्टकगे लग्ने भानावेकादशस्थिते।
पुण्डरीको महायोगः शत्रुपक्षविनाशकृत्।।१७२।।

मञ्जुमती टीका : गुरु केन्द्र या लग्न में हो अथवा सूर्य ग्यारहवें स्थित हो तो यह पुण्डरीक नामक महायोग होता है।यह शत्रु पक्ष का सम्पूर्ण रूप से विनाश कर देता है।

चन्द्रे लाभस्थिते सौम्ये लग्नगे वज्रसंज्ञकः।
योगो व्रजनिभो युद्धे यातॄणामिष्टसिद्धिदः।।१७३।।

मञ्जुमती टीका : चन्द्रमा लाभ स्थान में स्थित हो, बुधग्रह लग्न में स्थित हो, तो यह वज्र संज्ञक योग होता है। यह वज़ नामक योग वज्र के समान युद्ध में यात्री को अभीष्ट सिद्धि देने वाला होता है।

वृषराशिगते चन्द्रे लाभगे केन्द्रगे गुरौ।
कामधेनुरयं योगः कामदो यायिनां रणे।।१७४।।

मञ्जुमती टीका : वृष राशि में चन्द्रमा स्थित हो, और लाभ स्थान में अथवा केन्द्र में गुरु स्थित हो तो यह योग कामधेनु नाम से कहा गया है। यह युद्ध में यात्री की सभी कामनाओं को पूर्ण कर देता है।

सिते केन्द्रगते सूर्ये लाभगे घोरसंज्ञकः।
योगस्तद्वद्रणे शत्रुपक्षच्छेदकरस्तथा।।१७५।।

मञ्जुमती टीका : शुक्र केन्द्र में स्थित हो, सूर्य लाभ स्थान में स्थित हों तो यह घोर संज्ञक योग होता हैं। यह पूर्व की भाँति युद्ध में शत्रु पक्ष का विनाश कर देता है।

लग्ने सौम्ये रवौ षष्ठे लाभगे देवपूजिते।
महापाशुपतो योगः शत्रुवर्गविनाशकृत्।।१७६।।

मञ्जुमती टीका : लग्न में शुभग्रह हो, सूर्य छठें हों, लाभ स्थान में बृहस्पति हो तो इसे महापाशुपत योग कहा है। यह शत्रु वर्ग का विनाश करने वाला होता है।

स्वराशिसंस्थिते शुक्रे लग्नगे लाभगे विधौ।
ललाटलोचनं शम्भोस्तद्वद्दहन्त्यरीनलम्।।१७७।।

मञ्जुमती टीका : अपने राशि में स्थित शुक्र लग्न में गया हो तथा लाभ में चन्द्रमा स्थित हो तो इसे शंङ्कर का तृतीयनेत्र नामक योग कहा गया है। अथवा यह शंङ्कर के मस्तिष्क में स्थित नेत्र के समान स्थित है। और यह शत्रुओं को जैसे अग्नि ईधन को जलाती है वैसे नष्ट कर देता है।

उच्चस्थे लाभगे शुक्रे त्रिषष्ठेषु शुभग्रहे।
सुदर्शनो महायोगः शत्रुध्वंसकरो रणे।।१७८।।

मञ्जुमती टीका : उच्च स्थान में स्थित होकर लाभ स्थान में शुक्र स्थित हो तथा अन्य शुभग्रह तीसरे, या छठें स्थित हो तो इसे सुदर्शन नामक महायोग कहा गया है। यह युद्ध में शत्रु का नाश करने वाला होता है।

शुभद्वयान्तरगते चन्द्रे शुक्रेऽथवा गुरौ।
लग्नगे चक्रयोगोऽयं शत्रुसंघविनाशकृत्।।१७९।।

मञ्जुमती टीका : दो शुभग्रहों के मध्य में चन्द्रमा शुक्र अथवा गुरु लग्न में स्थित हो तो इसे चक्र नामक योग कहा गया है। ये सम्पूर्ण शत्रु समुदाय का विनाश करता है।

लग्नात्केन्द्रगते चन्द्रे लग्नस्थे देवपूजिते।
महाशंखाह्वयो योगः शत्रुसंघं निहन्त्यलम्।।१८०।।

मञ्जुमती टीका : लग्न से केन्द्र में चन्द्रमा हो और लग्न में बृहस्पति स्थित हो तो इसे महाशंख नामक योग कहा गया है। ये सम्पूर्ण शत्रुओं को शीघ्र ही नष्ट कर देता है।

केन्द्रत्रिकोणगे जीवे लाभगे स्वोच्चगे यमे।
कौस्तुभो नामयोगोऽयं रणे शत्रुनिबर्हणः।।१८१।।

मञ्जुमती टीका : केन्द्र एवं त्रिकोण में बृहस्पति स्थित हो, लाभ अथवा अपने स्थान में शनि स्थित हो तो इसे कौस्तुभ नामक योग कहा गया है। ये युद्ध में सारे शत्रुओं को नष्ट कर देता है।

त्रिधनायत्रिकोणस्थे जीवे वा भृगुनन्दने।
वर्द्धमानाह्वयो योगः प्रतिपक्षापनोदनः।।१८२।।

मञ्जुमती टीका : तीसरे, दूसरे, लाभ या त्रिकोण स्थान में गुरु या शुक्र स्थित हो तो इसे वर्द्धमान नामक योग कहा गया है। यह सम्पूर्ण प्रतिपक्ष का विनाश कर देता है।

भूसुते स्वोच्चगे लाभे मृगकुम्भगते यमे।
नद्यावर्त्ताह्वयो योगः शत्रुतूलानिलो रणे।।१८३।।

मञ्जुमती टीका : मङ्गल अपने उच्च में स्थित हो और मकर या कुम्भ राशि का शनि लाभ स्थान में स्थित हो तो इसे नद्यावर्त नामक योग कहा है। ये सम्पूर्ण शत्रुओं को युद्ध में वैसे नष्ट कर देता है जैसे रूई को अग्नि।

मेषगे भास्करे षष्टे लाभगे स्वोच्चगे यमे।
नक्षत्रपदयोगोऽयं शत्रुमेघानिलो रणे।।१८४।।

मञ्जुमती टीका : छठें स्थान में मेष राशि का सूर्य स्थित हों तथा लाभ स्थान में अथवा अपने उच्च में शनि स्थित हो तो इसे नक्षत्रपदयोग कहा गया है। यह शत्रुओं को वैसे नष्ट कर देता है जैसे बादलों के समूह अग्नि को वायु।

भौमे स्वराशिगे लग्ने सौम्ये केन्द्रत्रिकोणगे।
पुष्पयोगो रिपुवने कुठारः समराङ्गणे।।१८५।।

मञ्जुमती टीका : मङ्गल अपने राशि में स्थित होकर लग्न में स्थित हो, शुभग्रह, केन्द्र या त्रिकोण में हों तो इसे पुष्पयोग कहा गया है। यह शत्रुरूपी वन के लिए समराङ्गण में कुठार (कुल्हाड़ी) की भाँति कहा गया है।

चतुष्टयगते सौम्ये स्वतुंगे वा स्ववर्गगे।
रत्नयोगः शत्रुवनं महादावानलः स्वयम्।।१८६।।

मञ्जुमती टीका : केन्द्र में यदि शुभग्रह हों और वे अपने उच्च या अपने वर्ग में स्थित हो तो इसे रत्न योग कहा गया है। यह शत्रुरूपी वन के लिए महादावानल नाम से कहा गया है।

मित्रवर्गगते सौम्ये केन्द्रवर्गगतेऽपि वा।
कल्याणयोगो वैपक्षलाक्षारसहुताशनः।।१८७।।

मञ्जुमती टीका : मित्र वर्ग में यदि शुभग्रह हों अथवा केन्द्र में अपने वर्ग में जाकर स्थित हो तो इसे कल्याण नामक योग कहा गया है। यह विपक्षरूपी लाक्षारस (लाह) के लिए अग्नि स्वरूप होता है।

शुभग्रहेषु केन्द्रेषु पापेषु त्रिभवारिषु।
कुमुदो नामयोगोऽयं शत्रुद्विरदकेसरी।।१८८।।

मञ्जुमती टीका : शुभग्रह केन्द्र में हो और पापग्रह तीसरे, ग्यारहवे या छठें में हो तो इसे कुमुद नामक योग कहा गया है। ये शत्रुरूपी हाथी के लिए सिंह के समान है।

पूर्वार्द्धाङ्गेषु सौम्येषु पापेष्विंदावुपान्त्यगे।
चक्राख्ययोगः सापत्न्यत्रिपुराणां त्रिलोचनः।।१८९।।

मञ्जुमती टीका : पूर्वार्द्ध के अङ्गों में शुभग्रह स्थित हो और उत्तरार्द्ध के अङ्गों में पापग्रह स्थित हो तो इसे चक्र नामक योग कहा गया है। यह शुत्र समूह को वैसे नष्ट करता है जैसे त्रिपुरासुर को भगवान् शङ्कर।

परार्द्धाङ्गेषु सौम्येषु पापेष्विंदौ भवस्थिते।
शूलयोगस्त्वरिव्रातपूतनाकेशवः स्वयम्।।१९०।।

मञ्जुमती टीका : परार्द्ध के स्थानों में शुभग्रह स्थित हो और पाप एवं चन्द्रमा लाभ स्थान में स्थित हो तो इसे शूल नामक योग कहा गया है। यह सम्पूर्ण शत्रु समूह को वैसे नष्ट करता है जैसे पूतना को भगवान कृष्ण।

एकान्तरगते लग्नाच्छुभखेटेऽथवा शुभे।
वापीयोगस्त्वरिव्राततिमिरौघदिवाकरः।।१९१।।

मञ्जुमती टीका : एक-एक राशियों का अन्तर करके लग्न से द्वादश स्थान तक शुभग्रह एवं अशुभ ग्रह स्थित हो तो इसे वापी नामक योग कहा गया है। यह सम्पूर्ण शत्रु समूह को वैसे नष्ट कर देता है जैसे भगवान सूर्य अन्धकार को।

द्व्यन्तरान्तरिते सौम्ये पापे वा यदि लग्नतः।
वल्लकीयोगसंज्ञोऽयं विपक्षपुरपावकः।।१९२।।

मञ्जुमती टीका : लग्न से यदि दो-दो राशियों के अन्तर पर शुभ या पापग्रह स्थित हो तो इसे वल्लकी नामक योग कहा गया है। यह शत्रु पक्ष को वैसे नष्ट करता है जैसे नगर को अग्निदेव।

अन्तरातरिते सौम्ये पापे वा हिमदीधितौ।
लाभगे चापयोगोऽयं शत्रुभोगी भुजङ्गभुक्।।१९३।।

मञ्जुमती टीका : लग्न से बीच-बीच में शुभ या पापग्रह हों तथा चन्द्रमा लाभ स्थान में स्थित हो तो इससे चाप नामक योग होता है। यह शत्रुओं को वैसे ही नष्ट करता है जैसे सर्प के द्वारा काटे गये भोगी व्यक्ति।

चन्द्रेऽप्येकादशे संस्थे येषु केषु परेषु च।
मुशलो नाम योगोऽयं शत्रुदैत्यौघराघवः।।१९४।।

मञ्जुमती टीका : जिस किसी भी राशि का होकर चन्द्रमा ग्यारहवें स्थान में स्थित हो तो इसे मुशल नामक योग कहा गया है। यह शत्रुओं का वैसे विनाशक है जैसे दैत्यों के भगवान राम।

सौम्ये लग्नगते चन्द्रे लाभगे सुतगे शनौ।
अन्यस्थानेषु सर्वेषु शत्रुपक्षाशनिः स्वयम्।।१९५।।

मञ्जुमती टीका : बुध लग्न में हो, चन्द्रमा लाभ में, तथा पाचंवे शनि हो और अन्य स्थानों में सभी ग्रह हों तो शत्रु पक्ष को वैसे नष्ट करते हैं। जैसे वज्रपात।

चरराशिषु संस्थेषु निखिलेषु ग्रहेषु च।
लग्ने च रज्जुयोगोऽयं शत्रूणामशनिः स्वयम्।।१९६।।

मञ्जुमती टीका : यदि चर राशियों में सम्पूर्ण ग्रह स्थित हो और लग्न में भी चर राशि हो तो यह भी रज्जु नामक योग कहा गया है। यह शत्रुओं को ऐसे नष्ट करता है जैसे वज्र (बिजली) का पात।

स्थिरराशिषु संस्थेषु खचरेष्वखिलेष्वपि।
लग्ने वाऽनलयोगोऽयं प्रतिपक्षकुलान्तकः।।१९७।।

मञ्जुमती टीका : यदि स्थिर राशियों में सम्पूर्ण ग्रह स्थित हो और लग्न में भी स्थिर राशि हो तो यह अनल नामक योग कहा गया है। यह शत्रुओं के कुल का अन्त करने वाला कहा गया है।

द्विस्वभावेषु सर्वेषु ग्रहेष्विन्दौ विलग्नगे।
संवर्त्तयोगः सापत्न्यगोवृन्दे द्वीपिविक्रमः।।१९८।।

मञ्जुमती टीका : यदि द्विस्वभाव राशियों में सम्पूर्ण ग्रह स्थित हो और लग्न में भी द्विस्वभाव राशि हो तो इसे समवर्त्त नामक योग कहा गया है। यह शत्रुओं को ऐसे नष्ट करता है जैसे गायों के समूह को सिंह।

लग्ने चन्द्रे च चरभे खेटेषु स्थिरभेषु च।
यमदण्डो महायोगो नीयतेऽरीन्यमालयम्।।१९९।।

मञ्जुमती टीका : यदि लग्न में चन्द्रमा हो, चर राशि में अथवा स्थिर राशि में ही सभी ग्रह स्थित हों तो इसे यमदण्ड नामक महायोग कहा गया है। यह सम्पूर्ण शत्रुओं को यम के घर पहुंचा देता है।

चरराशौ लग्नगते ग्रहेषु स्थिरभेषु च।
ब्रह्मदण्डो महायोगः शत्रुप्राणापहारकः।।२००।।

मञ्जुमती टीका : चर राशि का लग्न हो और स्थिर राशि में सभी ग्रह हों तो यह ब्रह्मदण्ड नामक महायोग कहा गया है। यह शत्रुओं के प्राण का अपहरण कर लेता है।

स्थिरराशौ लग्नगते ग्रहेषु चरभेषु च।
योगः संजीविनी ज्ञेयो विपक्षान्धकशूलभृत्।।२०१।।

मञ्जुमती टीका : स्थिर राशि लग्न में हो और सम्पूर्ण ग्रह चर राशियों में गये हों तो यह संजीवनी नामक योग हो ता है। यह शत्रुओं के लिए ऐसे कष्ट देता है जैसै अन्धकासुर को भगवान शिव।

स्थिरभेषु च पापेषु चरभेष्वितरेषु च।
द्विस्वभावे लग्नगते योगः शत्रुविनाशकृत्।।२०२।।

मञ्जुमती टीका : स्थिर राशियों में सभी पापग्रह स्थित हों और चर राशियों में शुभग्रह स्थित हों तथा द्विस्वभाव राशि का लग्न हो तो यह योग भी शत्रु का विनाश कर देता है।

केन्द्रद्वितीययोः सौम्येष्वितरेषु स्थिरेषु च।
केदारयोगः सापत्न्यमेषसंघवृकः स्वयम्।।२०३।।

मञ्जुमती टीका : केन्द्र के दो स्थानों में सौम्य ग्रह स्थित हों और शेष स्थिर राशियों में पापग्रह तो यह केदार नामक योग होता है। यह शत्रुओं को ऐसे नष्ट करता है जैसे भेड़ों के समुदाय को भेड़िया।

केन्द्रद्वित्रिषु सर्वेषु सत्सु खेटेषु यत्र वै।
वीणायोगस्त्वरिव्रातमृत्युकेतू रणाङ्गणे।।२०४।।

मञ्जुमती टीका : दो-तीन केन्द्र स्थानों में यदि सभी शुभ या पापग्रह स्थित हो तो वीणा नामक योग होता है। यह यूद्धभूमि में सम्पूर्ण शत्रुओं को मृत्युकेतु की भाँति नष्ट करता है।

त्रिषष्ठगेषु पापेषु लाभगौ जीवभार्गवौ।
सिद्धियोगः सपत्नौघमूषकानां च जीह्वकः।।२०५।।

मञ्जुमती टीका : तीसरे, छठें स्थानो में पापग्रह स्थित हो तथा लाभ स्थान में गुरु और शुक्र स्थित हों तो इसे सिद्धयोग कहते हैं। यह सम्पूर्ण शत्रुओं को ऐसे नष्ट करता है जैसे जीह्वक (साँप) चूहों को।

सहजैकादशे पापे केन्द्रगेष्वितरेषु च।
कुम्भयोगस्त्वरिव्राततारकासुरषण्मुखः ।।२०६।।

मञ्जुमती टीका : तीसरे और ग्यारहवें स्थान में पापग्रह हों तथा केन्द्र स्थान में शुभग्रह हों तो इसे कुम्भ नामक योग कहा गया है। यह शत्रुओं को ऐसे नष्ट करता है जैसे तारकासुर को स्वामी कार्तिकेय।

केन्द्रद्वयेषु सौम्येषु चान्येष्वापोक्लिमेषु च।
अरविन्दो महायोगस्त्वरिसंघाहिनाकुलः।।२०७।।

मञ्जुमती टीका : दो केन्द्रों में शुभग्रह स्थित हों और पापग्रह आपोक्लिम (३, ६, ९, १२) में हों तो इसे अरविन्द नामक महायोग कहा गया है। यह शत्रु समूह को ऐसे नष्ट कर देता है जैसे सांपों को नेवला।

दशमस्थे शुभे लाभे चन्द्रेऽन्येषु च बन्धुषु।
गोत्रयोगः शत्रुपक्षगोत्राणां गोत्रभिस्त्स्वयम्।।२०८।।

मञ्जुमती टीका : दशम स्थान में शुभ ग्रह हों लाभ में चन्द्रमा हो और अन्य गृह चतुर्थ ग्रह में स्थित हों तो इसे गोत्रयोग कहा गया है। यह शत्रुओं को ऐसे नष्ट करता है जैसे गाय की रक्षा करने वाला स्वयं को।

तन्वनयगेषु सौम्येषु परेष्वरिभवेषु च।
जीमूतयोगो वैपक्षपावको सप्तसागराः।।२०९।।

मञ्जुमती टीका : लग्न एवं बारहवें स्थान में शुभ ग्रह स्थित हों और दूसरे छठें स्थान में स्थित हों तो इसे जीमूत नामक योग कहा गया है। यह विपक्षियों (शत्रुओं को) ऐसे नष्ट कर देता हैं। जैसे बड़वाग्नि सातों समुद्रों को।

सौम्येष्वाद्यन्तकेन्द्रेषु परेष्वायधनत्रिषु।
प्रभंजनो महायोगः शत्रुपादपभञ्जनः।।२१०।।

मञ्जुमती टीका : सौम्य ग्रह प्रथम से लेकर चारों केन्द्रों में स्थित हों और दूसरे ग्रह लाभ धन एवं तीसरे स्थान में स्थित हो तो इसे प्रभंजन नामक महायोग कहा गया है। यह शत्रुरूपी वृक्ष को उखाड़ने वाला होता है।

धर्मायगेषु पापेषु त्रिबन्धुष्वपरेषु च।
क्रकचो नामयोगोऽयं शत्रुमस्तकभेदकृत्।।२११।।

मञ्जुमती टीका : नवम एवं लाभ स्थान में पापग्रह हों तथा तीसरे और चौथे शुभग्रह हों तो इसे क्रचक नामक योग कहा गया है। यह शत्रुओं के मस्तक को भेदने वाला होता है।

त्रिकोणान्त्येषु सौम्येषु त्रिषष्ठेषु परेषु च।
दंशयोगः शत्रुजिह्वोत्पाटने दीर्घदंशनः।।२१२।।

मञ्जुमती टीका : पाचवें, नौवें तथा बारहवें स्थान मे शुभग्रह स्थित हों, तीसरे, छठें पापग्रह स्थित हों तो इसे दंश नामक योग कहा गया है। यह योग शत्रु की जिह्वा को नष्ट करने के लिए लम्बे दाँत के समान है।

भवरिष्फेषु सौम्येषु त्रिबन्धुषु परेषु च।
सृणियोगः शत्रुपक्षमत्तेभेन्द्रसृणिः स्वयम्।।२१३।।

मञ्जुमती टीका : ग्याहरवें तथा बारहवें स्थान में शुभग्रह हों, तीसरे, चतुर्थ स्थान में पापग्रह हों तो इसे सृणि नामक योग कहा गया है। यह शत्रुओं को वैसे नष्ट करता है जैसे मदमत्त हाथी को स्वयं अंकुश।

शुभेनैकेन योगः स्यात् केन्द्रधर्मात्मजेषु च।
तस्मिन्यातुरतिक्षेमं गमनागमनं सदा।।२१४।।

मञ्जुमती टीका : एक शुभ नामक योग होता है यदि केन्द्र और नवम, पञ्चम में सभी ग्रह हों तो इस योग में यात्रा करने से अत्यधिक कल्याण तथा गमनागमन बना रहता है।

त्रिकोणकेन्द्रसंस्थाभ्यां शुभाभ्यां मतिसंज्ञकः।
योगस्तस्मिन्सदा याता जित्वा शत्रून् रणाङ्गणे।।२१५।।

मञ्जुमती टीका : पाचंवें, नौवे अथवा केन्द्र स्थान में स्थित शुभग्रह हों तो ये मति नामक योग होता है। इस योग में यात्रा करने में युद्धभूमि में सदैव यात्री की विजय होती है।

योगातियोगः केन्द्रांकसुतस्थाः शुभखेचराः।
याता शत्रून्निहन्त्याजौ सप्ताङ्गेन समागतः।।२१६।।

मञ्जुमती टीका : केन्द्र नवम और पञ्चम में शुभग्रह स्थित हो तो इसे योगातियोग कहते हैं। यह यात्री के शत्रुओं को सात अङ्गों सहित राजा को भी नष्ट कर देता है।

जन्मभे जन्मलग्ने वा तयोरीशे विलग्नगे।
ताभ्यां केन्द्रत्रिषष्ठे वा यातुः शत्रुक्षयस्तदा।।२१७।।

मञ्जुमती टीका : जन्म राशि में अथवा जन्म लग्न में उनके स्वामी स्थित हों अथवा अन्य ग्रह केन्द्र या तीसरे, छठें स्थित हों तो इस योग में यात्रा करने वाले शत्रुओं का क्षय हो जाता है।

शत्रोरष्टमलग्ने वा राशौ वा यदि लग्नगे।
तदीशस्थितलग्ने वा यातुः शत्रुक्षयस्तदा।।२१८।।

मञ्जुमती टीका : शत्रु या अष्टम स्थान में लग्नेश या राशीश गया हो और उसका स्वामी लग्न में स्थित हो तो यात्री के शत्रुओं का क्षय हो जाता है।

लग्नकेन्द्रे जन्मपतौ धनायस्थैः परैर्ग्रहैः।
गतो राजा त्वरेः सेनां नीयते यममन्दिरम्।।२१९।।

मञ्जुमती टीका : लग्न अथवा केन्द्र में जन्म का स्वामी अर्थात् लग्नेश स्थित हो तथा धन या लाभ में अन्य ग्रह स्थित हों तो इसमें यात्रा करने वाला राजा शत्रु सेना को यमराज के घर पहुंचा देता है।

शुक्रे केन्द्रे लग्नसंस्थे चन्द्रे बन्धुस्थिते यदा।
गतो राजा रिपून्हन्ति केशवो दनुजानिव।।२२०।।

मञ्जुमती टीका : शुक्र केन्द्र या लग्न में स्थित हो चन्द्रमा चतुर्थ भाव में स्थित हो तो इस योग में यात्रा करने वाला राजा शत्रुओं को वैसे नष्ट कर देता है। जैसे राक्षसों को भगवान विष्णु।

षष्ठाष्टमेषु पापेषु लग्नेष्वन्येषु तत्र तु।
गतस्य रिपुसेनेयं तमुपेत्यभिसारिका।।२२१।।

मञ्जुमती टीका : छठें, आठवें स्थान में पापग्रह हों और लग्न में अन्य सभी ग्रह हो तो इस योग में यात्रा करने वाले राजा के पास में शत्रुसेना वैसे आ जाती है जैसे अभिसारिका नायिका।

लग्ने सौम्येऽष्टमे चन्द्रे लाभगेषु परेषु च।
गतस्याग्रे वैरिचमूः खलमैत्रीव न स्थिरा।।२२२।।

मञ्जुमती टीका : लग्न में शुभ ग्रह हों तथा आठवें चन्द्रमा हो और लाभ स्थान में अन्य सभी ग्रह हों तो इसमें जाने वाले राजा के आगे शत्रुओं की सेना दुष्टों के मैत्री के समान स्थिर नहीं रह पाती।

यमे तृतीयगे लाभे कुजे चन्द्रे शुभस्थिते।
गतस्य शत्रुधरणी हस्तस्था निखिला तदा।।२२३।।

मञ्जुमती टीका : शनि तीसरे स्थान में गया हो, लाभ स्थान में मङ्गल हो तथा शुभ स्थान में चन्द्रमा स्थित हों तो इस योग में गये हुए राजा को शत्रु हो राजा की सम्पूर्ण पृथ्वी आ जाती है।

दिग्राशिलग्नगे जीवे शुक्रे वाप्यथवा बुधे।
दहन्त्यरीन्गतो राजा कृष्णवर्त्मा यथेन्धनम्।।२२४।।

मञ्जुमती टीका : दशम राशि या लग्न में बृहस्पति, शुक्र अथवा बुध हो तो इसमें गया हुआ राजा शत्रुओं को वैसे मार डालता है जैसे अग्नि सम्पूर्ण ईधन को नष्ट कर देती है।

धिष्ण्ये चोपकुले लग्ने शुभे लाभस्थिते शनौ।
शुष्यत्यरीन् गतो राजा त्वर्करश्मिर्यथा ह्रदम्।।२२५।।

मञ्जुमती टीका : उप कुल नक्षत्र में लग्न हो, उसमें शुभग्रह हो तथा लाभ स्थान में शनि स्थित हो तो इसमें गया हुआ राजा सम्पूर्ण शत्रुओं को ऐसे सुखा देता है जैसे सूर्य की किरणें तालाब को।

दिग्वर्गराशिलग्नस्थे दिगीशे वा भवस्थिते।
गतो राजा रिपून् हन्ति पापं यद्वद्धरेः स्मृतिः।।२२६।।

मञ्जुमती टीका : दिग्वर्ग या राशि लग्न में स्थित हो और दिशाओं का स्वामी लाभ स्थान में स्थित हो तो इस योग में गया हुआ राजा सम्पूर्ण शत्रुओं को वैसे नष्ट कर डालता जैसे भगवान विष्णु का स्मरण पाप को नष्ट देता है।

इन्द्रौ स्वक्षेत्रगे लाभे स्वोच्चगे लग्नगे बुधे।
गतो राजा रिपून् हन्ति पापं पञ्चाक्षरी यथा।।२२७।।

मञ्जुमती टीका : चन्द्रमा अपने क्षेत्र में होकर लाभ स्थान में और अपने उच्च का होकर बुध लग्न में गया हो तो इस योग में गया हुआ राजा शत्रुओं को वैसे नष्ट करता है। जैसे पञ्चाक्षर मन्त्र पाप को।

स्वाधिमित्रगते सौम्ये लग्नस्थे वा भवान्विते।
गतो राजा रिपून् हन्ति कर्म ज्ञानोदये यथा।।२२८।।

मञ्जुमती टीका : अपने अधिमित्र के घर का होकर शुभग्रह लग्न में अथवा ग्यारहवें स्थान में स्थित हो तो इस योग में गया हुआ राजा शत्रुओं को वैसे नष्ट करता है। जैसे ज्ञान उदय होने पर कर्म नष्ट हो जाते हैं।

एकस्मिन्नैव मित्रर्क्षे स्वोच्चगे लग्नगे गुरौ।
गतो राजा रिपून् हन्ति पापं भागीरथी यथा।।२२९।।

मञ्जुमती टीका : एक ही ग्रह गुरु, अपने मित्र के राशि में या उच्च का होकर लग्न में स्थित हो तो इसमें यात्रा करने वाला राजा सम्पूर्ण शत्रुओं को वैसे नष्ट करता हैं जेसे भागीरथी पाप को।

विगजतुरगभीतान्पुण्यलोकाभिलाषी।
विरथशिथिलवस्त्रान्मुक्तशस्त्रास्त्रकेशान्।
नृपमुखगतसत्वान्प्रांजलीन्युद्ध्यमानः।
क्षितिपतिरिति वीरान्युद्धभूमौ न हन्यात्।।२३०।।

मञ्जुमती टीका : पुण्य लोकों को चाहने वाले राजाओं को युद्धभूमि में हो, भयभीत हो, रथरहित शिथिल वस्त्रवाले, खुले हुए अस्त्र-शस्त्र तथा बालों वाले, राजा के सामने आये हुए, हाथ जोड़े हुए युद्ध करने वाले योद्धाओं को नहीं मारना चाहिए।

सपत्नदेशान्नगरं प्रविश्य महीपतिर्देवगुरुद्विजार्थे।
कुर्यान्न वाञ्छा न कुलाङ्गनासु प्राणाभिलाषी न कदाचिदेव।।२३१।।

मञ्जुमती टीका : शत्रु के देश से नगर में प्रवेश किए हुए राजा, देवता एवं गुरू के निमित्त कभी भी प्राण की रक्षा करने वाले की कुलाङ्गनाओं की इच्छा न करें।

सापत्नसप्ताङ्गसमस्तवीरलक्ष्मीं गृहीत्वा निखिलप्रजानाम्।
दत्वाऽभयं पूर्ववदेव सर्वं संस्थाप्य लग्ने स्वपुरीं विशेच्च।।२३२।।

मञ्जुमती टीका : शत्रु के सातों अङ्गों को समस्त दीर्घ लक्ष्मी को ग्रहण करके सम्पूर्ण प्रजा के लिए निर्भय प्रदान करके पूर्व की भाँति सभी को स्थापित करके शुभलग्न के आने पर नगर में प्रवेश करने चाहिए।

तस्माद्विवाहे यात्रायामाधाने जातकेऽपि वा।
ग्रहयोगात्फलं वाच्यं शेषमन्यद्धि निष्फलम्।।२३३।।

मञ्जुमती टीका : इसलिए विवाह में, यात्रा में, आधान में, जातक में, इन ग्रह योगों के फलों को कहना चाहिए। शेष अन्य कार्यों में यह योग विफल हो जाते हैं।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
यात्राध्यायः सप्तत्रिंशः।।३७।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में यात्राध्याय नामक सैतीसवें अध्याय का हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथ गृहप्रवेशाध्यायः ३८।

अथ प्रवेशो नवसद्मनश्च सौम्यायने जीवसिते बलाढ्ये।
सिते च पक्षे शुभवासरे च वास्त्वर्चनं भूतबलिं च कृत्वा।।१।।

मञ्जुमती टीका : नये घर में प्रवेश उत्तरायन के सूर्य में, जब गुरु एवं शुक्र बलवान हो, अस्त न हों, शुक्ल पक्ष में, शुभवार में, वास्तु का पूजन एवं भूतबलि करके करना चाहिए।

नवप्रवेशेऽप्यथ कालशुद्धिर्न द्वन्द्वसौपूर्वकयोः कदाचित्।
प्रवेशपञ्चाङ्गदिने सुलग्ने वास्त्वर्चनं पूर्ववदत्र कार्य्यम्।।२।।

मञ्जुमती टीका : नवीन मकान के प्रवेश में ही समय शुद्धि का विचार करना चाहिये। तथा द्वन्द्व व सुपूर्व प्रवेश में काल शुद्धि देखना आवश्यक नहीं होता, इनमें केवल पचाङ्ग शुद्धि देखकर वास्तु पूजा और प्रवेश पूर्ववत् करना चाहिये।

अपूर्वसंज्ञः प्रथमप्रवेशो यात्रावसाने च सुपूर्वसंज्ञः।
द्वन्द्वाह्वयस्त्वग्निभयादिजातस्त्वेवं प्रवेशो त्रिविधः प्रदिष्टः।।३।।

मञ्जुमती टीका : नवीन मकान में प्रथम प्रवेश करने को अपूर्व प्रवेश, यात्रा से लौटने पर घर में प्रवेश करने को सुपूर्व प्रवेश और प्रवेश और अग्नि, जल (बाढ़) वायु बिजली इत्यादि से गिरे हुए मकान का पुनः उद्धार करके उसमें प्रवेश करने को द्वन्द्व प्रवेश कहते हैं।

दिवा प्रवेशः शुभदः सुपुत्रपौत्राभिवृद्धिं निशि भास्करेन्दोः।
बलेन मध्येन्दुजवासरस्य रात्रिं विना पूर्वतिथेश्च रात्रिम्।।४।।

मञ्जुमती टीका : दिन का प्रवेश शुभ देने वाला, सुन्दर पुत्र और पौत्रों की वृद्धि करने वाला होता है। जबकि रात्रि का प्रवेश सूर्य एवं चन्द्रमा के बलवान होने पर और बुधवार एवं पूर्व तिथि की रात्रि के बिना प्रवेश शुभद होता है।

दह्यते प्रविशतां च मन्दिरं वह्निभे नियतमेव वह्निना।
ब्रध्नभूमिसुतवासरे तथा शीतरश्मिदिवसे च वृद्धिम्।।५।।

मञ्जुमती टीका : यदि कृत्तिका नक्षत्र एवं रविवार, मङ्गलवार के दिन नये घर में अग्नि कुम्भ में प्रवेश हो तो वह घर को जला देता है। किन्तु सोमवार का दिन प्रवेश के लिए वृद्धि देने वाला होता है।

चन्द्रजार्य्यसितवासरेषु तु श्रीकरं सुतमहार्थलाभदम्।
सूर्यसूनुदिवसे स्थिरप्रदं किंतु चौरभयमत्र विद्यते।।६।।

मञ्जुमती टीका : बुध, गुरु एवं शुक्र के वारों में प्रवेश लक्ष्मी, पुत्र और बहुत धन का लाभ देने वाला होता है। शनिवार के दिन का प्रवेश स्थिरता तो देता है किन्तु चोर का भय बना रहता है।

रिक्तामर्मा दग्धतिथिं दिनेशभूसूनुषड्वर्गमिनेंदुदृष्टिम्।
क्रूरग्रहाधिष्ठितविद्धभं च विवर्ज्जनीयं त्रिविधप्रवेशे।।७।।

मञ्जुमती टीका : रिक्ता तिथि, अमावस्या तिथि तथा दग्ध तिथि सूर्य, मङ्गल का षडवर्ग, तथा सूर्य चन्द्रमा की दृष्टि पापग्रह जिस नक्षत्र में हों अथवा जो नक्षत्र पापग्रह से विद्ध हो तो उसमें तीनों प्रकार का प्रवेश वर्जित करना चाहिए।

माघेऽर्थलाभः प्रथमप्रवेशे पुत्रार्थलाभः खलु फाल्गुने च।
चैत्रेऽर्थहानिर्धनधान्यलाभो वैशाखमासे पशुपुत्रलाभः।।८।।

मञ्जुमती टीका : माघ मास में प्रथम प्रवेश धन लाभ कराने वाला, फाल्गुन मास पुत्र का लाभ देने वाला, चैत्र मास अर्थ की हानि करने वाला तथा बैशाख मास धन-धान्य तथा पशु-पुत्र का लाभ।

ज्येष्ठेसु मासेसु परेषु नूनं हानिप्रदः शत्रुभयप्रदश्च।
शुक्ले च पक्षे सुतरां प्रवृद्ध्यै कृष्णे च यावद्दशमी च तावत्।।९।।

मञ्जुमती टीका : ज्येष्ठ मास तथा अन्य मासों में हानि एवं शत्रुभय होता है। शुक्ल पक्ष में प्रवेश करने पर निरन्तर वृद्धि होती है। तथापि कृष्ण पक्ष की जब तक दशमी रहे तभी तक प्रवेश करना चाहिए।

— —

चित्रोत्तराधातृशशाङ्कमित्रवस्वंत्यवारीश्वरभेषु नूनम्।
आयुर्धनारोग्यसुपुत्रपौत्रसुकीर्तिदः स्यात्त्रिविधः प्रवेशः।।१०।।

मञ्जुमती टीका : चित्रा, तीनों उत्तरा, रोहिणी, मृगशिरा, अनुराधा, धनिष्ठा, रेवती, शतभिषा नक्षत्रों में निश्चित ही तीनों प्रवेश करने से आयु, धन, निरोगता, सुन्दर पुत्र-पौत्र एवं यश की वृद्धि होती है।

अर्कानिलार्यादितिदस्त्रविष्णुऋक्षे प्रविष्टं नवमन्दिरं यत्।
अब्दत्रयात्तत्परहस्तया तं शेषेषु धिष्ण्येषु च मृत्युदं स्यात्।।११।।

मञ्जुमती टीका : हस्त, स्वाती, पुष्य, पुनर्वसु, अश्विनी तथा श्रवण नक्षत्र में नये घर में प्रवेश करना शुभद होता है। तीन वर्ष के अन्दर दूसरे के हाथ चला जाता है उपर्युक्त नक्षत्रों में प्रवेश शुभ जबकि अन्य नक्षत्रों में प्रवेश मृत्यु देने वाला होता है।

पञ्चाङ्गसंशुद्धिदिने निशीशताराबले चाष्टकवर्गयुक्ते।
सौम्ये स्थिरे भे शुभदृष्टियुक्ते लग्नेऽथवा द्व्यङ्गगृहे विलग्ने।।१२।।

मञ्जुमती टीका : पचाङ्ग की शुद्धि के दिनों में रात्रि में तारा के बलवान होने पर अष्टक वर्ग के शुभ होने पर शुभ ग्रहों के स्थिर राशि के होने पर अथवा शुभ ग्रहों से यदि लग्न देखा जा रहा हो तो उस द्विस्वभाव या स्थिर लग्न में प्रवेश करना चाहिए।

न नैधनेभेऽपि न वाष्टलग्ने पञ्चेष्टिकेऽप्यष्टमशुद्धियुक्ते।
कार्यः प्रवेशो न चरांशलग्ने शुभेक्षिते वाप्यऽथ संयुते वा।।१३।।

मञ्जुमती टीका : अष्टम राशि में लग्नेश के जाने पर अथवा अष्टमेश के लग्न में जाने पर, पञ्चेष्ट लग्न मिलने पर भी अष्टम स्थान की शुद्धि होने पर, चर अंशों के लग्न को जब शुभग्रह देखते हों अथवा युत हों तो उस समय प्रवेश कार्य करना चाहिए।

कर्तुर्विलग्नाच्च हि जन्मराशेर्लग्नस्थितो राशिरिति प्रदिष्टः।
निर्व्याधिदारिद्र्ययशस्करश्च सुहृत्सुतघ्नो रिपुनाशदः सः।।१४।।

मञ्जुमती टीका : कर्त्ता के लग्न से यदि जन्म राशि, लग्न में स्थित

हो तो वही अभीष्ट राशि होती है। उससे क्रमशः व्याधिरहित, दरिद्रता, यश देने वाला, मित्र का नाशक, पुत्र को नष्ट करने वाला, शत्रु को नष्ट करने वाला।

कलत्रहन्ता निधनप्रदश्च रोगप्रदः सिद्धिकरोऽर्थदश्च।
क्रमाच्च वैरी भयदः प्रवेशे सदैव नूनं त्रिविधे विचिन्त्यम्।।१५।।

मञ्जुमती टीका : पत्नी को मारने वाला, मृत्यु देने वाला, रोग देने वाला, सिद्धि करने वाला, अर्थ देने वाला, तथा शत्रु का भय देने वाला, ये क्रमशः तीनों प्रकार के प्रवेश में निश्चित ही इसका विचार करना चाहिए।

केन्द्रत्रिकोणत्रिधनायसंस्थैः शुभैस्त्रिषष्ठाऽयगतैः खलैश्च।
लग्नान्त्यषष्ठाष्टमवर्जितेन चन्द्रेण लक्ष्मीनिलयः प्रवेशः।।१६।।

मञ्जुमती टीका : केन्द्र, त्रिकोण, तीसरे, दूसरे, तथा लाभ स्थान मे शुभ ग्रह स्थित हों, और पापग्रह तीसरे, छठें या ग्यारहवें में गये हों तो लग्न से बारहवें, छठें, आठवें और ग्यारहवें स्थान को छोड़कर चन्द्रमा स्थित हो तो उस घर में प्रवेश करने पर वह घर लक्ष्मी का घर बन जाता है।

यद्दिग्द्वारं मन्दिरं तद्दिगृक्षैरुक्तर्क्षैः स्यात्सन्निवेशो न सर्वैः।
पुष्यो मध्यः सन्निवेशेऽप्युडूनां वाराणां स्यात्सूर्यसूनोश्च वारः।।१७।।

मञ्जुमती टीका : जिस दिशा में घर का द्वार हो, उस दिशा के नक्षत्रों में जो ग्रह कहे गये हैं। उनमें प्रवेश करे सभी वारों में नहीं। पुष्य नक्षत्र के मध्य यदि ग्रह हो तो वारो के मध्य शनिवार के दिन गृहप्रवेश करना शुभ होता है।

मृगादिषड्राशिषु संस्थितेऽर्के नवप्रवेशः शुभदः सदैव।
कुम्भं विनान्येष्वपि केचिदूचुर्न सौरमिष्टं खलु सन्निवेशे।।१८।।

मञ्जुमती टीका : मकर आदि छः राशियों में, सूर्य के स्थित होने पर नये घर का प्रवेश सदैव शुभ होता है। कुम्भ चक्र के शुद्धि के बिना भी कुछ आचार्य लोगों ने सूर्य के इष्ट होने पर गृह प्रवेश शुभ कहा है।

प्रवेशलग्नान्निधनस्थितो यः क्रूरग्रहः क्रूरगृहे यदि स्यात्।
प्रवेशकर्त्तारमथ त्रिवर्षाद्धन्त्यष्टवर्षैः शुभराशिगश्चेत्।।१९।।

मञ्जुमती टीका : प्रवेश लग्न से अष्टम स्थान में जो क्रूर ग्रह स्थित हो अथवा क्रूर ग्रह के गृह में यदि लग्न हो तो प्रवेशकर्त्ता तीन वर्ष से आठ वर्ष के अन्दर नष्ट हो जाता है। यदि शुभ राशि में भी क्रूर ग्रह गये हों तो।

यः क्षीणचन्द्रोन्त्यषडष्टसंस्थः पापेक्षितः पापयुतोऽथवा स्यात्।
कर्तुः स्त्रियं हन्ति स वत्सरेण त्रिवर्षतः सौम्यनिरीक्षितश्चेत्।।२०।।

मञ्जुमती टीका : क्षीण चन्द्र छठें, आठवें तथा बारहवें स्थान में स्थित हों और पापग्रह से युत हो या पापग्रह से देखा जाता हो तो वह कर्त्ता के स्त्री को एक वर्ष से तीन वर्ष के अन्दर मार डालता है। भले ही वह शुभ ग्रह से देखा जा रहा हो।

एको ग्रहेन्द्रः परभागवर्तीं जायास्थितः कर्मगतोऽथ वा स्यात्।
प्रविष्टगेहं परहस्तयातं करोति वर्षाद्विबलः स खेटः।।२१।।

मञ्जुमती टीका : एक भी श्रेष्ठ ग्रह अर्थात् सूर्य, यदि पर भाग में स्थित हो, सप्तम या कर्मस्थान में गया हो और बलवान होकर वह ग्रह स्थित हो तो उसमें प्रवेश करने वाले का घर दूसरे के हाथ में चला जाता है।

गजाश्वशालादिषु सन्निवेशस्त्वेवं पशूनां पशुयोनिराशौ।
शुभग्रहैर्युक्तिनिरीक्षिते च प्रवेशतः शोभनमामनन्ति।।२२।।

मञ्जुमती टीका : हाथी और घोड़े की शाला का प्रवेश हो तो पशुओं का पशु योनि की राशि शुभद होती है। यदि शुभग्रह की युति हो या शुभग्रह से देखा जाता हो तो ऐसे ग्रह प्रवेश को अत्यन्त सुखद कहा गया है।

यद्वास्तुपूजारहितं तदत्र बलिं विना छन्नगृहं विरूपम्।
कपाटहीनं न विशेद्यतस्तत्सर्वापदामालयमेतदेव।।२३।।

मञ्जुमती टीका : जो घर वास्तुपूजा से रहित हो, पूजा के बिना हो, जिसकी छत न पड़ी हो, विद्रूप (जिसकी मरम्मत न हुई हो), तो ऐसे घर में प्रवश करने पर सभी प्रकार की विपत्तियों का पहाड़ टूट पड़ता है।

कृत्वा शुक्रं पृष्ठतो वामतोऽर्कं विप्रान्पूज्यानग्रतः पूर्णकुम्भम्।
हर्म्यं रम्यं तोरणैः स्त्रग्वितानैः स्त्रीभिः सम्यक् गीतवाद्यैर्विशेत्तत्।।२४।।

मञ्जुमती टीका : शुक्र को पीछे और रवि को बांयी ओर करके ब्राह्मणों का पूजन कर पूर्ण कलश (जल से भरा घड़ा) को आगे करके तोरण, माला बितान से सुशोभित मकान में स्त्री समुदाय के गीतों से युक्त वाद्यों के साथ प्रवेश करना उत्तम होता है।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
गृहप्रवेशाध्यायोऽष्टात्रिंशः।।३८।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में गृहप्रवेशाध्याय नामक अड़तीसवें अध्याय का हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथ वास्त्वध्याय: ३९।

वास्तुज्ञानं प्रवक्ष्यामि यदुक्तं ब्रह्मणा पुरा।
ग्रामसप्तपुरादीनां निर्माणं सूक्ष्मतोऽधुना।।१।।

मञ्जुमती टीका : अब मैं वास्तु ज्ञान को कहूँगा जो प्राचीन काल में ब्रह्माजी के द्वारा कहा गया था। गाँव, सप्तपुरी आदि का निर्माण इस समय सूक्ष्मता से कहा जा रहा है।

क्षेत्रमादौ परीक्षेत गन्धवर्णरसादिना।
श्वेतस्थानं द्विजातीनामीषद्रक्तं महीभुजाम्।।२।।

मञ्जुमती टीका : सर्वप्रथम खेत (जमीन) की परीक्षा गन्ध, वर्ण एवं रस आदि के द्वारा करनी चाहिए। सफेद भूमि ब्राह्मणों के लिए थोड़ी लाल क्षत्रियों के लिए कही गयी है।

विशां पीतं चतुर्थानां कृष्णवर्णं शुभप्रदम्।
मधुपुष्पाम्लपिशितं गन्धवर्णानुरूपत:।।३।।

मञ्जुमती टीका : वैश्वों के लिए पीली भूमि तथा चतुर्थ वर्ण (शूद्र) के लिए काले रंग की भूमि शुभ मानी गयी है। मधुर, पुष्प, अंम्ल और माँस गन्ध और वर्णों के अनुरूप से।

मधुरं कटुकं त्वम्लं तिक्तं तत्क्रमशो रसम्।
खातं कृत्वारत्निमात्रं खनयेत्तत्समन्तत:।।४।।

मञ्जुमती टीका : मधुर, कटु, अम्ल, और तिक्त ये क्रमश: विप्र आदि वर्णों के लिए भूमि का रस कहा गया है। एक हाथ खात (गश) करके चारो ओर से खनें।

रात्रादौ तज्जलै: पूर्य प्रात: सम्यङ्निरीक्षयेत्।
जलयुक्तं वृद्धिकरं पङ्कयुक्तं तु मध्यमम्।।५।।

मञ्जुमती टीका : रात्रि के पहले प्रहर में उस गड्ढें को जल से भरकर प्रातःकाल ठीक ढंग से निरीक्षण करें। गड्ढ़ा यदि जलयुक्त हो तो वृद्धि करने वाला, यदि कीचड़ युक्त हो तो मध्यम फल देने वाला होता है।

व्रणयुक्ते भवेद्धानिः शुष्के मृत्युं समादिशेत्।
तथैव तन्मृदं कृत्वा तद्गतं परिपूरयेत्।।६।।

मञ्जुमती टीका : यदि गड्ढे में ब्रण (दरार आदि) हो गये हों तो हानि होती है। और सूख जाने पर मृत्यु का आदेश दें। उसको पुनः उसी प्रकार से मिट्टी डाल करके उस गडढ़ें का पूर्ण करें।

अधिके वृद्धिमाप्नोति समे साम्यं क्षये क्षयम्।
प्रागुत्तरप्लवं वृद्धिरैशान्यं प्लवमिष्टदम्।।७।।

मञ्जुमती टीका : मिट्टी यदि अधिक हो जाये तो भूमि वृद्धि करने वाली, बराबर होने पर समता रखने वाली, कम पड़ जाने पर क्षय करने वाली होती है। पूरब एवं उत्तर दिशा में यदि जमीन ढाल हो तो वृद्धि करने वाली और ईशानकोण में ढाल हो तो अभीष्ट सिद्ध करने वाली होती है।

कीलकेशास्थिशुद्ध्यर्थं पुरुषत्रयमानतः।
खनित्वा पूरयेत्तं च पाषाणसिकताम्बुभिः।।८।।

मञ्जुमती टीका : कील, केश, अस्थि की शुद्धि के लिए, तीन पुरुष (पुरसा) के प्रमाण से जमीन को खनकर शुद्ध मिट्टी, पत्थर, बालू और जल आदि से उस गड्डे को भरे।

एवं परीक्षितं क्षेत्रं कृत्वा दिक्साधनं ततः।
सलिलेन समीकृत्य त्वथवापि शिलातले।।९।।

मञ्जुमती टीका : इस प्रकार भूमि की परीक्षा करके पुनः जल के द्वारा समतल करके दिकसाधन के लिए शिलातल पर एक मण्डल बनावें।

शंकुमानेन सूत्रेण लिखेद्वृत्तं समस्थले।
आद्वादशाङ्गुलं शंकुं वृत्तमध्ये समं न्यसेत्।।१०।।

मञ्जुमती टीका : पूर्वोक्त लक्षणों से युक्त एक शंकु की स्थापना करें। शंकुमान बारह अङ्गुल पर्यन्त हो। उस शंकु को समतल भूमि पर स्थापित करें। और वृत्त के मध्य में समान रूप से न्यास करे।

तच्छायाग्रं यत्र वृत्ते स्पृशेत्पूर्वापराह्णयोः।
कार्यौ बिन्दू तत्र वृत्ते यत्र पूर्वापराभिधे।।११।।

मञ्जुमती टीका : और जहाँ उस शंकु की छाया का अग्रभाग पूर्वाह्ण और अपराह्ण में जहाँ छायावृत्त का स्पर्श करें वहां वृत्त में बिन्दु बनाकर पूर्व और पश्चिम का ज्ञान करें।

तयोर्मध्ये हि मत्स्येन रेखा स्याद्दक्षिणोत्तरा।
दक्षिणोत्तरदिङ्मध्ये मत्स्योनापरपूर्विका।।१२।।

मञ्जुमती टीका : दोनों के मध्य में दक्षिण और उत्तर दिशा की ओर रेखा खीचें तथा रेखा दक्षिण से उत्तर साधित कर दिशा का ज्ञान करें।

दिङ्मध्योद्भवमत्स्यौ च विदिशश्चोपदेशतः।
चतुरस्रं बहिश्चात्र मूढा ज्यौतिषिका भुवि।।१३।।

मञ्जुमती टीका : दिशा के मध्य में उत्पन्न दो मछलियों द्वारा विदिशाओं का जो उपदेश मूढ़ ज्योतिषी करते हैं। वह भ्रामक है क्योंकि यहां बाहर सबकुछ चतुरस्र (चौकोर) रहेगा।

अल्पाधिकं चतुरस्रं कार्य्यं षड्वर्गशुद्धितः।
चतुरस्रेण मार्गेण प्राकारं कल्पयेद्भुवि।।१४।।

मञ्जुमती टीका : षडवर्ग रीति से भूमि शोधन के पश्चात चौकोर की हुई भूमि में रेखा चित्र से अल्पाधिक प्राकार (परकोटा या घर) पृथ्वी पर बनाना चाहिए।

द्वारमायामतः कार्यं पुत्रपौत्रधनप्रदम्।
विस्तारकोणद्वारं यद्दुःखशोकभयप्रदम्।।१५।।

मञ्जुमती टीका : उस विस्तार में अर्थात् गृह पिण्ड में दरवाजे का विस्तार पुत्र-पौत्र एवं धन देने वाला होता है। जबकि कोण द्वार का विस्तार

दुःख, शोक और भय देने वाला होता है।

तस्मात्कृत्वाऽष्टधा यामं दिक्षुद्वारेषु सत्स्वपि।
प्रादक्षिण्यात्फलान्यष्टावैकैकस्यामिति क्रमात्।।१६।।

मञ्जुमती टीका : उस गृह पिण्ड के विस्तार में पूर्वादि चारों दिशाओं में आठ प्रकार के द्वार दक्षिण के क्रम से कहे गये हैं। उन आठों द्वारों का फल एक-एक क्रम से इस प्रकार है।

दुःखशोकौ धनप्राप्तिर्नृपपूजा महद्धनम्।
स्त्रीजन्म पुत्रता हानिः प्राचीद्वारफलानि वै।।१७।।

मञ्जुमती टीका : दुःख, शोक, धन प्राप्ति, राजा से पूजा, बहुत धन, पुत्री का जन्म, पुत्रों की हानि, ये पूरब के दरवाजे के द्वार के फल हैं।

निधनं बन्धनं भीतिः पुत्रावाप्तिर्धनागमः।
यशोलाभश्चौरभयं व्याधिभीतिश्च दक्षिणे।।१८।।

मञ्जुमती टीका : मृत्यु, बन्धन, भय, पुत्र की प्राप्ति, धनागम, यश, लाभ, चोर का भय, रोग से भय, दक्षिण दिशा के द्वार का फल कहा गया है।

शत्रुवृद्धिः पुत्रहानिर्लक्ष्मीप्राप्तिर्धनागमः।
सौभाग्यं धनलाभश्च दुःखं शोकश्च पश्चिमे।।१९।।

मञ्जुमती टीका : शत्रु की वृद्धि, पुत्र की हानि, लक्ष्मी की प्राप्ति, धनागम, सौभाग्य, धनलाभ तथा दुःख एवं शोक पश्चिम द्वार का फल कहा गया है।

निःस्वं स्त्रीदूषणं हानिः संपत्प्राप्तिः सुखागमः।
दुःखागमः शत्रुबाधा चोत्तरस्यां दिशि क्रमात्।।२०।।

मञ्जुमती टीका : निर्धनता, स्त्री में दोष, हानि, सम्पत्ति की प्राप्ति, सुख तथा दुःख का आगम, शत्रु बाधा उत्तर दिशा के द्वार का फल कहा गया है।

विस्तारद्विगुणोत्सेधं द्वारं तद्विषमायतम्।
पश्चिमे दक्षिणे चापि कपाटं च शुभप्रदम्।।२१।।

मञ्जुमती टीका : इस प्रकार गृहद्वार निर्माण में विस्तार से दुगुनी ऊँचाई करनी चाहिए। और दरवाजे का विस्तार भी उसी अनुसार होना चाहिए। पश्चिम और दक्षिण दिशा में भी किवाड़ लगाना शुभ होता है।

एकाशीतिपदं कुर्य्यात्प्राकाराधिष्ठितां क्षितिम्।
मध्येन च पदं ब्रह्मस्थानं तन्निधनप्रदम्।।२२।।

मञ्जुमती टीका : वास्तु में कुल ८१ स्थान होते हैं। इस पृथ्वी पर प्राकार को स्थापित कर मध्य को ब्रह्म का स्थान जानना चाहिए। जिससे छेड़छाड़ करने पर मृत्यु होती है।

द्वात्रिंशदंशा पैशाच्याः प्राकाराय समीपगाः।
एतेषु गृहनिर्माणं शोकरोगभयप्रदम्।।२३।।

मञ्जुमती टीका : वास्तु चक्र के चर्तुदिक ३२ कोष्ठक को छोड़ करके समीप के कोष्ठक को पिशाचांश कहा गया है। इसमें गृहारम्भ करने से शोक, रोग एवं भय होता है।

दिग्विदिक्षु स्थिता रेखा शिराः स्युर्वास्तुनः सदा।
ब्रह्ममार्गपिशाचांशशिराणां पुत्रसंयुतिः।।२४।।

मञ्जुमती टीका : मध्य भाग से चारों कोनों में जाने वाली तिरछी रेखाओं से जहां ब्रह्म मार्ग और पिशाचांश का सिर मिलता है वह उनके पुत्रों की संयुति कही गयी है।

मर्माणि सन्धयो ज्ञेया वास्तुनस्तत्रतत्र तु।
मर्मसन्धिषु कालेषु कुड्यपादं न कारयेत्।।२५।।

मञ्जुमती टीका : वास्तु में रहते हुए वास्तु के मर्म स्थान और उसकी सन्धियों का भी ज्ञान करना चाहिए। मर्मस्थल और सन्धियों पर दीवार का आकार नहीं बनाना चाहिए।

शेषस्थानेषु निर्माणं पुत्रपौत्रप्रवर्द्धनम्।
स्वे स्वे निवेशनेऽप्येवमेतत्सर्वं विचिन्तयेत्।।२६।।

मञ्जुमती टीका : शेष स्थानों में निर्माण करने से पुत्र और पौत्र को

बढ़ाने वाला तथा अपने-अपने गृह प्रवेश एवं निर्माण में इन सभी बातों का सदैव चिन्तन करना चाहिए।

पितृमूलेज्यभाग्यार्कपौष्णभेषु च यत्कृतम्।
कुजेन सहितेष्वेव गृहं तद्दह्यतेऽग्निना।।२७।।

मञ्जुमती टीका : मघा, मूल, पुष्य, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त और रेवती नक्षत्रों में यदि मङ्गल स्थित हो तो उसमें किया गया निर्माण अग्नि के द्वारा जल जाता है।

अग्निनक्षत्रगे सूर्य्ये चन्द्रे वा संस्थिते यदि।
निर्मितं मन्दिरं नूनमग्निना दह्यतेऽचिरात्।।२८।।

मञ्जुमती टीका : अग्नि नक्षत्र में सूर्य गया हो अथवा वहाँ चन्द्रमा स्थित तो उस योग में गृहारम्भ किये जाने पर शीघ्र ही वह घर अग्नि के द्वारा जला दिया जाता है।

अजपाद्वितये याम्यमित्रेन्द्रानिलभेषु च।
यत्कृतं शनिसंयुक्तं गृह्यते यक्षराक्षसैः।।२९।।

मञ्जुमती टीका : पूर्वा भाद्रपद एवं उत्तरा भाद्रपद, भरणी, अनुराधा, ज्येष्ठा तथा स्वाती नक्षत्रों में यदि शनियुक्त हो तो इनमें ग्रहारम्भ करने से उसे यक्ष और राक्षस ग्रहण कर लेते हैं।

परवर्गगतस्त्वेकः खस्थो वा द्यूनगो ग्रहः।
परहस्तगतं गेहं करोति स्वगृहेऽबली।।३०।।

मञ्जुमती टीका : दूसरे के वर्ग में गया हुआ एक भी ग्रह आकाश अर्थात् दसवें स्थान में स्थित अथवा बारहवें स्थान में स्थित हो और अपने घर में बलवान हो तो ऐसी स्थिति में वह मकान दूसरे के हाथ में चला जाता है।

नीचशत्रुगते जीवे शुक्रे वा ज्ञेऽथवा रवौ।
निर्मितं सदनं शश्वदतिनिस्वत्वतां गतम्।।३१।।

मञ्जुमती टीका : नीच राशि अथवा शत्रु राशि में बृहस्पति, शुक्र, बुध अथवा रवि स्थित हो तो इस योग में ग्रहारम्भ किये जाने पर उस भवन का

स्वामी शीघ्र ही निर्धन हो जाता है।

इज्योत्तरात्रयाहीन्दुविष्णुधातृजलोडुषु ।
गुरुणा सहितेष्वेषु कृतं गेहं श्रियायुतम्।।३२।।

मञ्जुमती टीका : पुष्य, तीनों उत्तरा, श्लेषा, मृगशिरा, श्रवण, रोहिणी, शततारका नक्षत्र और गुरुवार में गृहारम्भ करने पर मकान लक्ष्मी से युक्त होता है।

द्विदैवत्वाष्ट्रवारीशरुद्रादितिवसूडुषु ।
शुक्रेण सहितेष्वेषु कृतं धान्यप्रदं गृहम्।।३३।।

मञ्जुमती टीका : विशाखा, चित्रा, शतभिषा, आर्द्रा, पुनर्वसु तथा धनिष्ठा नक्षत्रों में शुक्र स्थित हो तो इसमें निर्मित्त किया गया घर धन-धान्य से भर जाता है।

हस्तार्यमभत्वाष्ट्रदस्रचतुरास्येन्दुभेषु च।
बुधेन सहितेष्वेषु धनपुत्रसुखप्रदम्।।३४।।

मञ्जुमती टीका : हस्त, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, अश्विनी, रोहिणी तथा मृगशिरा में यदि बुध स्थित हो तो इसमें आरम्भ किये जाने पर गृह धन, पुत्र एवं सुख को देने वाला होता है।

गुरौ सिते वा सौम्ये वा गृहनिर्माणलग्नगे।
तद्वर्गे वा कृतं गेहं धनधान्यसुखप्रदम्।।३५।।

मञ्जुमती टीका : गुरु, शुक्र अथवा बुध गृहारम्भ के लग्न में हों अथवा इन ग्रहों के वर्ग में घर का निर्माण हो रहा हो तब धन-धान्य एवं सुख प्राप्त होता है।

स्वतुंगगे गुरौ शुक्रे बुधे वा यदि लग्नगे।
तद्वर्गे वा कृतं गेहं सर्वसंपत्प्रदं सदा।।३६।।

मञ्जुमती टीका : अपने उच्च राशि में स्थित होकर गुरु, शुक्र या बुध लग्न में स्थित हो अथवा उनके वर्ग का लग्न हो तो वे उस घर को सम्पूर्ण सम्पत्तियों से भर देते हैं।

यत्रैकादशगे सौम्ये खेटे चन्द्रेऽथवा रवौ।
अशत्रुनीचराशौ चेत्तद्गृहं भूरिधान्यदम्।।३७।।

मञ्जुमती टीका : यहाँ ग्याहरवें स्थान में बुध, चन्द्रमा अथवा सूर्य हों यदि वे अपने शत्रु अथवा नीच राशि में न हों तो वह घर अनेक प्रकार के अन्नों से भर जाता है।

शुभकेन्द्रत्रिकोणस्थे शत्रुनीचांशवर्जिते।
सदा लाभप्रदं गेहमुच्चस्थं भूरिधान्यदम्।।३८।।

मञ्जुमती टीका : शुभग्रह केन्द्र या त्रिकोण स्थान में स्थित हों तथा अपने शत्रु या नीच अंश से रहित हों तो इस योग में गृहारम्भ होने पर वह घर ऊचस्थ लाभ देने वाला तथा अनेक प्रकार की सम्पत्ति देने वाला होता है।

शुभद्वये त्रये वापि यस्मिन्निर्माणलग्नगे।
बहुकालस्थितं गेहं पुत्रपौत्रधनप्रदम्।।३९।।

मञ्जुमती टीका : जिस गृहारम्भ के लग्न में दो या तीन ग्रह शुभ होकर स्थित हों तो वह बहुत समय तक पुत्र, पौत्र और धन देने वाला होता है।

स्थिरराशिगते सूर्ये चरराशिगतेऽपि वा।
गृहारम्भः सदा कार्यो न कार्यो द्विस्वभावगे।।४०।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य स्थिर राशि में गया हो अथवा चर राशि में गया हो तो उस स्थिति में गृहारम्भ सदैव करना चाहिए किन्तु सूर्य के द्विस्वभाव राशि में जाने पर गृहारम्भ नहीं करना चाहिए।

मासे तपस्ये तपसि माधवे नभसि त्विषे।
ऊर्जे च गृहनिर्माणं पुत्रपौत्रप्रवर्द्धनम्।।४१।।

मञ्जुमती टीका : माघ, फाल्गुन, बैशाख, सावन, क्वार व कार्तिक में घर बनाने पर पुत्र, पौत्र तथा धन की प्राप्ति होता है।

गीर्वाणपूर्वगीर्वाणमन्त्रिणोर्दृश्यमानयोः ।
शुक्लपक्षे दिवा कार्यं न निर्माणं च रात्रिषु।।४२।।

मञ्जुमती टीका : गुरु, शुक्र के दृष्ट रहने पर शुक्ल पक्ष, दिन में घर का आरम्भ एवं रात में नहीं करना चाहिए।

अकारादिषु वर्गेषु दिक्ष्वष्टसु यथाक्रमम्।
गृध्रमार्जारसिंहश्वसर्पाखुगजशाशकाः ।।४३।।

मञ्जुमती टीका : अकारादि (अवर्ग, कवर्ग, चवर्ग, टवर्ग, तवर्ग, पवर्ग, यवर्ग, शवर्ग) ये वर्ण पूर्वादि आठों दिशाओं के क्रमशः गिद्ध, बिल्ली, सिंह, कुत्ता, सर्प, मूषक, हाथी तथा खरगोशा स्वामी होते हैं।

दिग्वर्गाणामियं योनिः स्ववर्गान्पञ्चमो रिपुः।
रिपुवर्गं परित्यज्य शेषवर्गः शुभप्रदः।।४४।।

मञ्जुमती टीका : प्रत्येक दिशाओं के वर्गो के अनुसार योनि कही गयी है। ये अपने वर्ग से पांचवे वर्ग के शत्रु होते है। शत्रु वर्ग को छोड़कर शेष वर्ग में गृह निर्माण शुभप्रद होता है।

साध्यवर्गं पुरः स्थाप्य पृष्ठतः साधकस्य च।
विभजेदष्टभिः शेषं साधकस्य धनं स्मृतम्।।४५।।

मञ्जुमती टीका : साध्य वर्ग को सामने स्थापित कर पीछें से साधक के वर्ग को स्थापित करे। पुनः आठ से भाग देने पर शेष साधक का धन होता है।

व्यत्ययेनागतं शेषं साधकस्य ऋणं स्मृतम्।
धनाधिकं ऋणं स्वल्पं सर्वसंपत्प्रदं स्मृतम्।।४६।।

मञ्जुमती टीका : इसी के विपरीत क्रम में आया जो शेष है वह साधक का ऋण कहा जाता है। धन अधिक रहने पर और थोड़ा ऋण होने पर वह सम्पूर्ण सम्पत्तियों को देने वाला होता है।

विस्तारायामगुणितं गृहस्य पदमुच्यते।
तस्माद्धनऋणान्यर्क्षवासराख्यनवांशकाः।।४७।।

मञ्जुमती टीका : लम्बाई एवं चौड़ाई का घात क्षेत्रफल अथवा पिण्ड कहलाता है। इसी से धन, ऋण, आय, नक्षत्र तथा वार आदि नव अंशों को जानना चाहिए।

गृहस्यागतभं यत्र तद्धि राश्यात्मकं यदि।
तन्नवांशवशात्तत्र ज्ञातव्यं सर्वदा गृहे।।४८।।

मञ्जुमती टीका : घर का आया हुआ नक्षत्र यदि वह राश्यात्मक भी हो तो नवांश बस ही सर्वदा घर को जानना चाहिए।

ग[८]जरा[३]मांक[९]व[८]स्वकऋतुभिर्गुणितात्पदात्।
सूर्याष्टाष्टर्क्षशैलांकविभक्तादवशिष्टका:।।४९।।

मञ्जुमती टीका : आठ, तीन, नौ, गज (आठ), राम तीन, अंक नौ, वसु आठ, ऋतु से पिण्ड का गुणा करने पर सूर्य बारह, आठ, आठ, सत्ताईस, सात, नौ से भाग देने पर शेष से फल जानना चाहिए।

सम्पूर्णा शुभदास्त्वेते त्वसम्पूर्णास्त्वनिष्टदा:।
धनाधिकं गृहं वृद्धयै निधनाय ऋणाधिकम्।।५०।।

मञ्जुमती टीका : यह सम्पूर्ण गृहारम्भ में शुभद हैं और असम्पूर्ण गृह निर्माण में अनिष्टकारी कहे गये है। धन अधिक होने पर गृह की सर्वदा वृद्धि होती है तथा ऋण अधिक होने पर मृत्यु हो जाती है।

विषमाय शुभायैव समाय: शोकदु:खद:।
गृहस्य तत्पतेस्त्वेकधिष्ण्यं च निधनप्रदम्।।५१।।

मञ्जुमती टीका : विषम आय घर के लिए शुभ होती है। जबकि सम आय शोक और दु:ख देने वाली होती है। घर का स्वामी और घर का एक नक्षत्र हो तो मृत्यु देने वाला हो जाता है।

विपत्प्रदा विपत्तारा प्रत्यरा प्रतिकूलदा।
निधनाख्या तारका या सर्वदा निधनप्रदा।।५२।।

मञ्जुमती टीका : विपत्तारा से विपत्ति, प्रत्यरि से शत्रुता और निघन तारा से सर्वथा मरण होता है।

विवर्ज्यास्तारकास्त्वेता निर्माणं शोभनप्रदम्।
कुर्वन्नज्ञानतो मूढो दु:खभाग्व्याधिभाग्यदि।।५३।।

मञ्जुमती टीका : इन ताराओं को छोड़कर शेष तारायें गृहारम्भ में शुभप्रद कही गयी हैं। यदि विपरीत ताराओं में अज्ञानवश कोई मूर्ख गृह निर्माण करता है तो वह दु:ख और व्याधि को भोगने वाला होता है।

राशिकूटादिकं सर्वं दम्पत्योरिव चिन्तयेत्।
वैनाशिकादित्रक्षं यद्वर्जयेत्सर्वदा गृहे।।५४।।

मञ्जुमती टीका : जैसे विवाह में कन्या एवं वर की राशि कूट आदि का विचार होता है। उसी प्रकार गृह कार्य में भी समझना चाहिए। जो वैनाशिक आदि नक्षत्र हैं उन्हें भी हमेशा गृहारम्भ में वर्जित कर देना चाहिए।

नि:स्वं द्विर्द्वादशे नूनं त्रिकोणे त्वनपत्यता।
षष्ठाष्टके नैधनं स्याद्व्यत्यये नैधनं फलम्।।५५।।

मञ्जुमती टीका : द्विर्द्वादश योग होने पर निर्धनता तथा नौ पञ्चम योग होने पर सन्तानहीनता षडष्टक योग होने पर निश्चित ही मृत्यु होती है। और इसके विपरीत होने पर शुभफल हो जाता है।

परेषु शुभदं गेहं सर्वं तत्कर्तृराशितः।
सूर्यारवारराश्यंशाः सदा वह्निभयप्रदाः।।५६।।

मञ्जुमती टीका : कर्त्ता की राशि से उपर्युक्त से भिन्न अन्य स्थितियों में ग्रह सदैव शुभ फल देता है। सूर्य और मङ्गलवार तथा उनके राशि नवांश में गृह निर्माण करना अग्नि का भय देता है।

शेषा ग्रहाणां राश्यंशाः कर्तुरिष्टार्थसिद्धिदाः।
तस्मात्सर्वं परीक्ष्यैतद्वदेज्ज्यौतिषिकः सदा।।५७।।

मञ्जुमती टीका : शेष ग्रहों के राशि या अंश कर्त्ता को अभीष्ट धन की सिद्धि देने वाले होते हैं। इसलिए सभी की परीक्षा करके ज्योतिषी को सदैव बोलना चाहिए।

गृहात्मको वास्तुपुरुषस्त्रिनेत्रः स्वेदसम्भवः।
पूर्वादिदिक्छिरोवामपार्श्वशायी प्रदक्षिणम्।।५८।।

मञ्जुमती टीका : घर की आत्मा वास्तु पुरुष भगवान् शङ्करजी के

पसीने से उत्पन्न हुआ है। यह पूर्व आदि दिशाओं में सिर और दक्षिण दिशा में बांये बगल से सोने वाला होता है।

चरवास्तु चरत्येवं पूजनीयो गृहाधिपैः।
त्रिषु त्रिषु च मासेषु नभस्यादिषु च क्रमात्।।५९।।

मञ्जुमती टीका : चर में वास्तु होने से घर का स्वामी पूज्यनीय होता है। और चलायमान रहता है। भादौ मास से आरम्भ करके क्रमशः तीन-तीन महीने तक पूर्वादि दिशाओं में।

यद्दिङ्मुखो वास्तुपुरुषः सदनं तन्मुखं शुभम्।
अन्यादिग्वक्त्रगेहं तु दुःखशोकभयावहम्।।६०।।

मञ्जुमती टीका : जिस दिशा में वास्तु पुरुष का मुख होता है उस दिशा में घर का द्वारा बनाना शुभफलदायक कहा गया है। वास्तु पुरुष के मुख के विपरीत दिशा में गृह द्वारा बनाने से दुःख, शोक एवं भय होता है।

चतुर्द्वित्र्यादिशालानामेषदोषो न विद्यते।
प्रधानसदनं वीक्ष्य शंकुं तत्रैव विन्यसेत्।।६१।।

मञ्जुमती टीका : यदि चारों दिशाओं में दरवाजा बनाया जा रहा हो तो वहां यह दोष नहीं होता। प्रधान द्वार को देखकर शंकु को वहीं स्थापित करना चाहिए।

अनुकूले ग्रहे वाऽपि वास्तुं तत्र च विन्यसेत्।
चतुःशालादिषु त्वेवं स्थापयेच्छंकुमुत्तमम्।।६२।।

मञ्जुमती टीका : ग्रहों के अनुकूल होने पर वहां वास्तु का निर्माण करें। चार शाला (कमरा) आदि में इसी प्रकार उत्तम शंकु को स्थापित करें।

धान्यरत्नस्वर्णयुतां मृन्मयां स्फाटिकां शुभाम्।
गृहमध्ये हस्तमात्रे गर्त्ते न्यासाय विन्यसेत्।।६३।।

मञ्जुमती टीका : धान्य रत्न और स्वर्ण से युक्त मिट्टी के पात्र में शुभ स्फटिक को रखकर गृह के मध्य में एक हाथ गड्ढा खनकर उसमें स्थापित करें।

वास्त्वायामदलं नाभिस्तस्मादध्यङ्गुलत्रयम्।
कुक्षिस्तास्मिन्न्यसेच्छंकुं पुत्रपौत्रधनप्रदम्।।६४।।

मञ्जुमती टीका : वास्तु के विस्तार के अर्द्धभाग में नाभि है। नाभि से सात अङ्गुल तक कुक्षि है। कुक्षिभाग में शंकु का रोपण करने से पुत्र, पौत्र और धन आदि की प्राप्ति होती है।

वितस्तिमात्रं शंकुः स्यात्सर्वेषां सर्वदा शुभम्।
गन्धपुष्पाम्बरस्वर्णधूपदीपैरलंकृतम् ।।६५।।

मञ्जुमती टीका : यदि २४ अङ्गुल मात्र का शंकु हो तो उसके स्थापना से सभी वर्णो के लिए घर सर्वदा शुभद होता है। गन्ध, पुष्प, वस्त्र, स्वर्ण, धूप और दीप से अलंकृत करें।

रक्तचन्दनबिल्वाम्रखदिरार्जुनवैणवम् ।
नीपकरंजकुटजसालनिम्बतरूद्भवम् ।।६६।।

मञ्जुमती टीका : लाल चन्दन, बेल, आम, खैर, अर्जुन, बाँस, कदम्ब, करन्ज, कुटज, शाल, नीम वृक्षों से उत्पन्न हुआ।

युग्मपत्रं महापत्रं गोरत्वक्कपजापकम्।
रक्तसारविशालत्वक्चन्दनागुरुसम्भवम् ।।६७।।

मञ्जुमती टीका : दो पत्तें अथवा बड़े पत्तें में गोरत्वक् (चमड़ा) और कपजायक, रक्तसार तथा विशाल त्वचा, चन्दन और अगुरु से उत्पन्न शंकु बनाना चाहिए।

शंकुं त्रिधा विभज्याद्यं चतुरस्त्रं द्वितीयकम्।
अष्टास्त्रकं तृतीयांशं लिंगाकारमृजुं शुभम्।।६८।।

मञ्जुमती टीका : शंकु का तीन भाग करके प्रथम कूट भाग का चतुष्कोण, दूसरे मध्य भाग का अष्टकोण, और तीसरे भाग को छिद्ररहित, सुन्दर लिङ्गाकार, सरल ढंग से बनाना चाहिए।

मृदुध्रुवक्षिप्रभेषु रिक्तामावर्जितेषु च।
व्यर्कारवारलग्नेषु क्रूरे चाष्टमवर्जिते।।६९।।

मञ्जुमती टीका : मृदृ, ध्रुव, छिप्र संज्ञक नक्षत्रों में रिक्ता एवं अमावस्या तिथि को छोड़कर सूर्य को मङ्गलवार को छोड़कर तथा अष्टम स्थान एवं लग्न में क्रूर ग्रहों के न होने पर।

न नैधनोदये कर्तुरष्टमे शुद्धिसंयुते।
स्थिरोदये स्थिरांशे च ग्रहज्ञार्चनपूर्वकम्।।७०।।

मञ्जुमती टीका : नैधन (वृश्चिक) लग्न से रहित तथा कर्त्ता के अष्टम स्थान के शुद्धि होने पर स्थिर लग्न में तथा स्थिर नवांश में ज्योतिषी के पूजनपूर्वक तुलसी का पूजन शिलान्यास करें।

शुभवारे शुभांशे च महादोषविवर्जिते।
पुण्याहघोषैर्वादित्रैर्विप्राशीर्वचनैः सदा।।७१।।

मञ्जुमती टीका : शुभवार, शुभग्रह के नवांश में महादोषों से रहित होते हुए पुण्याहवाचन वाद्य ध्वनि आदि के द्वारा ब्राह्मणों के आशीर्वाद से गृहारम्भ करे।

त्रिकोणकेन्द्रस्वत्र्यायशुभैः षट्त्र्यायगैः परैः।
आलग्न्यांत्यारि चन्द्रेण स्थापयेच्छंकुमुत्तमम्।।७२।।

मञ्जुमती टीका : त्रिकोण (५, ९) केन्द्र (१, ४, ७, १०) तीसरे, छठें तथा ग्यारहवें स्थान में शुभग्रह बैठें हों तथा पापग्रह छठें, तीसरे तथा ग्यारहवें में स्थित हों। लग्न से बारहवें और छठें चन्द्रमा न हो इसमें उत्तम शंकु की स्थापना करनी चाहिए।

शुभैर्यात्रोक्तशकुनैर्निमित्तैर्मंगलस्वनैः ।
षड्वर्गशुद्धिसूत्रेण सूत्रिते धरणीतले।।७३।।

मञ्जुमती टीका : शुभ यात्रा में शकुन, निमित्त और मङ्गल ध्वनि के द्वारा षडवर्ग की शुद्धि में सूत्र से भूमि की नाप करना चाहिए।

सूत्रिते समये तस्मिन्सूत्रं केनापि लंघितम्।
तदाऽस्थि तत्र जानीयात्पुरुषस्य प्रमाणतः।।७४।।

मञ्जुमती टीका : नापते समय यदि कोई भी व्यक्ति उस सूत्र का

उल्लघंन कर दे तो वहां एक पुरुषा नीचे हड्डी जानना चाहिए।

त्वंयोनित्वं तथा तारा व्ययोऽथ भवनांशकम्।
आयोऽथ गृहनामानि करणानि षडेवहि।
गृहस्यैतानि चिन्त्यानि प्रयत्नेन च धीमता।
अभ्यक्तो दृश्यते यस्यां दिशि शल्यं समादिशेत्।
तस्यामेव तदास्थीनि सप्तयङ्गुलमानतः।।७५।।

मञ्जुमती टीका : तुम योनि, तारा, व्यय, घर के अंशक, आय तथा घर का नाम, ये छः करण कहे गये हैं। बुद्धिमान व्यक्ति को प्रयत्नपूर्वक इन ग्रहों का विचार करना चाहिए। नापते समय जिस दिशा में उबटन दिखाई पड़े उस दिशा में हड्डी को कहना चाहिए। और वहीं उसी दिशा में सत्तर अङ्गुल प्रमाण से हड्डी को जानना चाहिए।

सूत्रिते समये यत्र श्वासूत्रोंपरि संस्थितः।
तदाऽस्थि तत्र जानीयात्वष्ठ्यङ्गुलमिते क्षितौ।।७६।।

मञ्जुमती टीका : नाप करते समय सूत्र के ऊपर यदि कुत्ता आ जाय तब वहां पर साठ अङ्गुल के प्रमाण पर पृथ्वी के अन्दर जानना चाहिए।

उच्चादेवागते तस्मिन्समये यत्र संस्थिते।
तदाऽस्थि तत्र जानीयाद्धस्तद्वयमिते क्षितौ।।७७।।

मञ्जुमती टीका : यदि कोई उस समय ऊँचें से आकर वहाँ स्थित हो जाये तो वहाँ दो हाथ नीचे पृथ्वी में हड्डी जानना चाहिए।

चाण्डाले जटिले वापि तदा यस्यां दिशि स्थिते।
तदास्थि तत्र जानीयादशीत्यङ्गुलमानतः।।७८।।

मञ्जुमती टीका : चाण्डाल या जटिल (जटाधारी) आकर जिस दिशा में स्थित हो जायें तो वहाँ अस्सी अङ्गुल नीचे हड्डी जाननी चाहिए।

नृगजाश्वपशूनां हि त्वेकस्मिन्यत्र संस्थितिः।
सदास्थि तत्र जानीयाद्धस्तत्रयमिते क्षितौ।।७९।।

मञ्जुमती टीका : यदि मनुष्य, हाथी या घोड़े आदि पशु एक ही स्थान

में स्थित हो जायें तो पृथ्वी में तीन हाथ गहरे हड्डी जानना चाहिए।

तस्मिन्नवसरे यत्र गृहदाहो भवेद्यदि।
मेषाऽस्थि तत्र जानीयात्पुरुषस्य प्रमाणतः।।८०।।

मञ्जुमती टीका : यदि नापते समय घर में आग लग जाये तो एक पुरुषा प्रमाण से पृथ्वी के नीचे बकरे की हड्डी जाननी चाहिए।

सूत्रे विसूत्रिते तस्मिन् भिन्ने कुम्भेऽथवा यदि।
आदिशेन्निधनं तत्र दंपत्योः क्रमशस्तदा।।८१।।

इति निमित्तशल्यम्।

मञ्जुमती टीका : यदि नाप के समय सूत्र टूट जाय अथवा घड़ा फूट जाये तो वहां क्रम से दम्पत्ति का मरण होगा ऐसा आदेश देना चाहिए।

षट्पदालयमादित्यस्यायस्कारगृहं शशी।
कुजस्थानानि शल्यानि तयोर्मध्ये करत्रये।।८२।।

इति रवींदुनिमित्तशल्यम्।

मञ्जुमती टीका : सूर्य के लिए छः पद वाला तथा चन्द्रमा के लिए आयताकार गृह तथा मङ्गल के स्थान में दोनों के मध्य तीन हाथ के नीचे शल्य कहना चाहिए।

अवर्गोच्चारिते प्रश्ने प्राच्यां दिशि समादिशेत्।
वुंजरास्थीनि पक्षैर्वा पुरुषस्य प्रमाणतः।।८३।।

मञ्जुमती टीका : प्रश्न के अनुसार यदि पूछने वाला प्रथम अक्षर अवर्ग का उच्चारण करे तो पूरब दिशा में हाथी की हड्डी दो पुरुष प्रमाण से पृथ्वी के नीचे कहना चाहिए।

कवर्गोच्चारिते प्रश्ने त्वाग्नेय्यामादिशेद्दिशि।
मार्जारस्याजशल्यं वा हस्तमात्रप्रमाणतः।।८४।।

मञ्जुमती टीका : प्रश्नकर्ता के द्वारा प्रथम अक्षर कवर्ग के उच्चारण करने पर अग्नि कोण में एक हाथके नीचे प्रमाण से बिल्ली अथवा बकरे की

हड्डी कहनी चाहिए।

चवर्गोच्चारिते प्रश्ने याम्यायां च समादिशेत्।
हरेर्लुलायशल्यं वा हस्तमात्रप्रमाणतः।।८५।।

मञ्जुमती टीका : प्रश्नकर्त्ता के द्वारा प्रश्न में प्रथम चवर्ग का उच्चारण होने पर दक्षिण दिशा में एक हाथ प्रमाण से पृथ्वी के नीचे बंदर या लङ्गूर की हड्डी कहनी चाहिए।

टवर्गोच्चारिते प्रश्ने नैर्ऋत्यां च समादिशेत्।
शुनः शल्यं नृशल्यं वा सार्द्धहस्तप्रमाणतः।।८६।।

मञ्जुमती टीका : प्रश्नकर्त्ता के द्वारा प्रश्न में प्रथम अक्षर टवर्ग का उच्चारण किये जाने पर नैऋत्य कोण में डेढ़ हाथ गहरे कुत्ते या मनुष्य की हड्डी कहनी चाहिए।

तवर्गोच्चारिते प्रश्ने प्रतीच्यां च समादिशेत्।
सर्पस्यांडजशल्यं वा हस्तद्वयमिते क्षितौ।।८७।।

मञ्जुमती टीका : प्रश्नकर्त्ता के द्वारा प्रश्न में प्रथम तवर्ग का उच्चारण होने पर पश्चिम दिशा में दो हाथ नीचे सर्प या पक्षी की हड्डी कहनी चाहिए।

पवर्गोच्चारिते प्रश्ने वायव्यां शल्यमादिशेत्।
आखोर्मेषस्य वा नूनं हस्तखातप्रमाणतः।।८८।।

मञ्जुमती टीका : प्रश्नकर्त्ता के द्वारा प्रश्न में प्रथम पवर्ग का उच्चारण होने पर वायव्य दिशा में एक हाथ पृथ्वी के नीचे चूहे अथवा भेड़ की हड्डी कहनी चाहिए।

यवर्गोच्चारिते प्रश्ने ह्युदीच्यामादिशेत्तदा।
गजस्याश्वस्य वा शल्यं पूर्वखातप्रमाणतः।।८९।।

मञ्जुमती टीका : प्रश्नकर्त्ता के द्वारा प्रश्न में प्रथम यवर्ग का उच्चारण होने पर उत्तर दिशा में एक हाथ के प्रमाण से पृथ्वी के नीचे हाथी या घोड़े की हड्डी कहनी चाहिए।

शवर्गोच्चारिते प्रश्ने त्वैशान्यां च समादिशेत्।
शशकस्योक्षशल्यं वा हस्तद्वयमिते क्षितौ।।९०।।

मञ्जुमती टीका : प्रश्नकर्त्ता के द्वारा प्रश्न में प्रथम शवर्ग का उच्चारण होने पर ईशानकोण में दो हाथ पृथ्वी के नीचे खरगोश या बैल की हड्डी कहनी चाहिए।

प्रश्नेत्युच्चारिते वेधे ब्रह्मस्थाने समादिशेत्।
नृशल्यं गजशल्यं वा नरखातप्रमाणतः।।९१।।

मञ्जुमती टीका : प्रश्न के उच्चारण में यदि विघ्न हो जाये तो ब्रह्म स्थान में मनुष्य के प्रमाण तक मनुष्य की या हाथी की हड्डी कहनी चाहिए।

प्रश्नेऽप्युच्चारिते यत्र नूनं वर्गस्य पञ्चमे।
न विद्यते तत्र शल्यं ब्रह्मोक्तत्वान्न संशयः।।९२।।

इति प्रश्नशल्यम्।

मञ्जुमती टीका : प्रश्न के उच्चारण में यदि वर्ग के पाचंवे अक्षर आ जाये तो वहां किसी भी प्रकार की हड्डी नहीं हैं यह ब्रह्मा के द्वारा कहा गया है इसमें थोड़ा भी सन्देह नहीं है।

एकद्वित्रिचतुःपञ्चषट्सप्ताष्टादशाह्वयाः ।
शालाः स्युर्दशभेदास्ताः सहिता नवशालयः।।९३।।

मञ्जुमती टीका : एक, दो, तीन, चार, पाँच, छः, सात, आठ तथा दस प्रमाण से दस प्रकार के शाला, नौ गृह के सहित कहे गये हैं।

आलिन्दभेदैरेताः स्युः प्रत्येकं दशषड्विधाः।
षष्ठिभिः सहिताः सप्तमिताः शालाः प्रकीर्तिताः।।९४।।

मञ्जुमती टीका : आँगन के भेद से ये सोलह प्रकार के पिण्ड कहे गये हैं। इनके भी क्रमशः छः-छः या सात भेद होते हैं।

ताश्चापि रूपादिग्रामप्रस्तारैर्विविधाः स्मृताः।
तेषां समस्तभेदानां प्रस्तारमधुनोच्यते।।९५।।

मञ्जुमती टीका : वह भी रूप आदि ग्राम अनेक प्रकार के प्रस्तार कहे गये हैं। उन समस्त प्रस्तार के भेदों को कहा जा रहा है।

गुरोरधो लघुः स्थाप्यः पुरस्तादूर्द्ध्ववन्न्यसेत्।
गुरुभिः पश्चिमं पूर्वं सर्वघ्ववधिर्विधिः।।९६।।

मञ्जुमती टीका : गुरु स्थान के नीचे लघु स्थापित कर इसी क्रम से ऊपर नीचे भाज्य, भाजक या अंश हर के रूप में रखें तथा परस्पर अग्रिम लब्धि से घात करने पर सर्व लब्धि प्राप्त होती है।

स्यादलिन्दं लघुस्थाने नालिन्दं गुरुमाश्रितम्।
गृहद्वारादलिन्देषु भवेयुर्दशषड्विधाः।।९७।।

मञ्जुमती टीका : गृहद्वार से प्रदक्षिण क्रम के अनुसार लघु पद मे आँगन करे। पूर्वादि दिशाओं के क्रमानुसार गृह के सोलह भेद हो जाते है।

ध्रुवं धान्यं जयं नन्दं खरं कान्तिं मनोरमम्।
सुवक्त्रं दुर्मुखं क्रूरं विपक्षं धनदं क्षयम्।।९८।।

मञ्जुमती टीका : ध्रुव, धान्य, जय, नन्द, खर, कान्ति, मनोरम, सुवक्त्र, दुर्मुख, क्रूर, विपक्ष, धनद तथा क्षय।

आक्रंदं विपुलं चैव षोडशं विजयं गृहम्।
इत्येवं शालभेदानि शेषाणामेवमेव हि।।९९।।

मञ्जुमती टीका : आक्रन्द, विपुल तथा विजय ये सोलह प्रकार के गृह कहे गये हैं। इस प्रकार ये भवनों के भेद शेष में भी इसी प्रकार से होते हैं।

ध्रुवसंज्ञं गृहं त्वायं धनधान्यसुखप्रदम्।
धनधान्यप्रदं नृणां जयं तद्विजयप्रदम्।।१००।।

मञ्जुमती टीका : ध्रुव संज्ञक घर, आय, धन-धान्य तथा सुख देने वाला होता है। यह मनुष्यों को धन-धान्य देने वाला तथा जय-विजय प्रदान करता है।

नन्दं स्त्रीहानिदं नूनं खरं संपद्विनाशनम्।
पुत्रपौत्रप्रदं कान्तिं श्रीप्रदं यन्मनोरमम्।।१०१।।

मञ्जुमती टीका : नन्द नामक घर, स्त्री को हानि देने वाला तथा खर नामक निश्चित ही सम्पत्ति का विनाश करने वाला कान्ति नामक घर पुत्र और पौत्र को देने वाला तथा मनोरम नामक घर लक्ष्मी देने वाला होता है।

सुवक्त्रं भोगदं नूनं दुर्मुखं विसुखप्रदम्।
सर्वदुःखप्रदं क्रूरं विपक्षं शत्रुभीतिदम्।।१०२।।

मञ्जुमती टीका : सुवक्त्र नामक घर, निश्चित ही भोग देने वाला, जबकि दुर्मुख नामक घर दुःख देने वाला होता है। और क्रूर नामक घर सभी प्रकार के दुःखों को देता है तथा विपक्ष नामक घर शत्रु से भय प्रदान करता है।

धनदं धनदं गेहं क्षयं सर्वक्षयप्रदम्।
विजयं नाम सदनं धनदं विजयप्रदम्।।१०३।।

मञ्जुमती टीका : धनद नामक घर धन देने वाला, क्षय नामक घर हानि करने वाला, विजय नामक घर धन और विजय प्रदान करता है।

ध्रुवाख्यं द्वित्रिभूमायं सौधसंज्ञं धरातलम्।
सुवर्णशिखरः सोऽपि प्रासादः सर्वभूभुजाम्।।१०४।।

मञ्जुमती टीका : ध्रुव नामक दो-तीन भूमि वाला यह पृथ्वी पर सौरध संज्ञक कहा गया है। यह भवन सम्पूर्ण क्षत्रियों के लिए स्वर्ण के शिखर पर पहुंचाते वाला होता है।

सौधाख्यं सदनं शश्वद्धनधान्यप्रदं सदा।
प्रासादसदनं शश्वद्धनारोग्यसुखप्रदम्।।१०५।।

मञ्जुमती टीका : सौध नामक घर निरन्तर धन-धान्य देने वाला होता है। जबकि प्रासाद नामक घर निरनन्तर आरोग्य और शुभ प्रदान करता है।

पुरतो मण्डपं चास्य तदेव भुवनेश्वरम्।
तद्गृहं विश्वरूपाख्यं सर्वसंपत्प्रदं सदा।।१०६।।

मञ्जुमती टीका : इसके सामने मण्डप उसी भवन के मालिक का होने पर वह घर विश्वरूप नाम से कहा गया है। जो सम्पूर्ण सम्पत्तियों को प्रदान करता है।

धनाख्यं सदनं द्वित्रिचतुःपञ्चादिभूमिकम्।
भूरिचन्द्रं महीपानां वित्तवृत्तसुखप्रदम्।।१०७।।

मञ्जुमती टीका : धन नामक घर दो, तीन, चार, पांच तल का कहा गया है। यह राजाओं के लिए अनेक प्रकार से धन, जीविका और सुख आदि प्रदान होता है।

जयाख्यनामसदनं द्वितीयाद्यं तु भूमिकम्।
विमुखं नाम तद्गेहं भार्यानाशप्रदं सदा।।१०८।।

मञ्जुमती टीका : जय नामक घर दो जल का होता है। और विमुख नामक घर भार्या का नाश करने वाला होता हैं।

नन्दाख्यं सदनं यत्र द्वितीयाद्यं तु भूमिकम्।
पूर्णचन्द्रं महद्गेहं सुखदं सर्वभूभुजाम्।।१०९।।

मञ्जुमती टीका : नन्द नामक भवन दो तल का कहा गया है। इस घर में पूर्ण चन्द्र की भाँति राजाओं को हमेशा सुख देता है।

खरं गेहं यदा यत्र द्वितीयाद्यं तु भूमिकम्।
आसुरं नामसदनं दुःखशोकभयप्रदम्।।११०।।

मञ्जुमती टीका : खर नामक घर दो तल का कहा गया है। और आसुर नामक घर दुःख, शोक एवं भय देने वाला होता है।

प्रासादो वाऽथ सौधो वा मनोरमगृहं यदा।
आनन्दसदनं नाम चित्तानन्दप्रदं सदा।।१११।।

मञ्जुमती टीका : प्रासाद और सौरध नामक मनोरम घर जब होता है तो उसे आनन्द सदन नाम दिया गया है। यह चित्त को आनन्द प्रदान करने होता है।

प्रासादो वाऽथ सौधो वा सुवक्त्रवदनं यदा।
हाटकं नाम सदनं सदा हाटकदं शुभम्।।११२।।

मञ्जुमती टीका : प्रासाद अथवा सौध जब सुवक्त्र नामक होता है। तब हाटक नामक सदन सदा सुवर्ण देने वाला और शुभ होता है।

प्रासादो वाऽथ सौधो वा दुर्मुखं सदनं यदा।
दुर्मुखं नामसदनं सर्वकार्यविनाशनम्।।११३।।

मञ्जुमती टीका : प्रासाद अथवा सौध जब दुर्मुख सदन होता है तो दुर्मुख नामक सदन सभी कार्यों को नष्ट कर देता है।

प्रासादो वाऽथ सौधो वा क्रूराख्यं सदनं यदा।
क्रूराख्यं सदनं नाम दुःखशोकभयप्रदम्।।११४।।

मञ्जुमती टीका : प्रासाद अथवा सौध जब क्रूर नाम का सदन होता है तो वह क्रूर नामक सदन अनेक दुःख, शोक और भय को देता है।

प्रासादो वाऽथ सौधो वा विपक्षसदनं यदा।
शत्रुसंज्ञं च तद्गेहं सर्वदा शत्रुभीतिदम्।।११५।।

मञ्जुमती टीका : प्रासाद अथवा सौध जब विपक्ष सदन होता है तो वह शत्रु संज्ञक घर हो जाता है। और उसमें सर्वदा शत्रु से भय होता है।

प्रासादो वाऽथ सौधो वा धनदाख्यं गृहं भवेत्।
धनधान्यप्रदं गेहं धनधान्यसुखावहम्।।११६।।

मञ्जुमती टीका : प्रासाद एवं सौध यदि धनद नामक घर होता है। तो वह घर धन-धान्य के साथ-साथ पर्याप्त सुख भी देता है।

प्रासादो वाऽथ सौधो वा क्षयाख्यं सदनं यदा।
आयुःक्षयं नाम गृहं सर्वदा तत्प्रदं ततः।।११७।।

मञ्जुमती टीका : प्रासाद अथवा सौध जब क्षय नामक घर होता है तो वह गृह हमेशा आयु का क्षय करने वाला होता है।

प्रासादो वाऽथ सौधो वा त्वाक्रंदं सदनं यदा।
आक्रंदं नाम सदनं वह्निभीतिप्रदं सदा।।११८।।

मञ्जुमती टीका : प्रासाद अथवा सौध जब आक्रन्द नामक घर होता है तो वह आक्रन्द नामक घर सदैव अग्नि से भय देता रहता है।

विपुलाख्यं यदा यत्र सौधः प्रासाद एव वा।
विपुलं नाम सदनं विपुलं धनधान्यदम्।।११९।।

मञ्जुमती टीका : विपुल नामक जब सौध या प्रासाद नामक घर हो तो वह विपुल नामक गृह बहुत धन और धान्य को देता है।

विजयाख्यं यदा नूनं सौधः प्रासाद एव च।
विजयं नाम सदनं सर्वदा विजयप्रदम्।।१२०।।

मञ्जुमती टीका : विजय नामक जब प्रासाद अथवा सौध हो तो सर्वदा विजय देता है।

विजयं नाम भवति सदनं सहितं यदा।
तद्भवं विजयं नाम स्मरणाद्विजयप्रदम्।।१२१।।

मञ्जुमती टीका : विजय नामक के सहित जब घर होता है तो उससे उत्पन्न विजय नामक स्मरण मात्र से ही जय प्रदान कर देता है।

एकशाला यदा नूनं चतुर्द्वारसमन्वितम्।
मनोरथप्रदं गेहं नाम्ना तद्विश्वतोमुखम्।।१२२।।

मञ्जुमती टीका : जब एक शाला का घर चारों ओर से द्वारयुक्त होता है। तब इसे विश्वतोमुख नामक घर की संज्ञा दी गयी हैं यह सम्पूर्ण मनोरथों को देने वाला होता है।

तदैव प्रवरैर्युक्तं कोणमध्येऽथ तद्गृहम्।
पुण्डरीकं नाम भवेत्सर्वकामफलप्रदम्।।१२३।।

मञ्जुमती टीका : वहीं मकान जब प्रवरों से युक्त होता है और कोण के मध्य में स्थित होता है तो उस घर का नाम पुण्डरीक कहा गया है। यह सभी कामनाओं के फल को देने वाला होता है।

पश्चिमद्वारहीनं तद्गृहंश्रीनिलयाह्वयम्।
श्रीप्रदं सर्वदा राज्ञां पुत्रपौत्रप्रवर्द्धनम्।।१२४।।

मञ्जुमती टीका : पश्चिम के दरवाजे से ही तीन दिशा में दरवाजे हों तो उस गृह को श्रीनिलय नामक घर कहा जाता है। यह राजाओं को हमेशा लक्ष्मी देने वाला तथा पुत्र-पौत्र को बढ़ाने वाला होता है।

उदग्द्वारविहीनं तच्छूकरस्य पदाह्वयम्।
सूकराद्भयदं नूनमथवा भूपतेर्भयम्।।१२५।।

मञ्जुमती टीका : उत्तर दिशा में द्वार हीन अन्य तीन दिशाओं में दरवाजे वाले घर को सूकर नाम से कहा गया है। यह सूकर नाम का गृह सूकर से अथवा राजाओं से भय देता है।

पूर्वद्वारविहीनं तद्व्याघ्रस्य पदसंज्ञकम्।
चतुष्पाद्भयदं गेहमथवा तस्कराद्भयम्।।१२६।।

मञ्जुमती टीका : पूर्व द्वार से रहित अन्य तीन दिशाओं में दरवाजे वाला मकान व्याघ्र संज्ञक कहा गया है। यह घर पशुओं अथवा चोरों का भय देता है।

दक्षिणद्वारहीनं तद्गृहं शेखरसंज्ञकम्।
सर्ववस्तुप्रदं गेहं सर्वरत्नप्रदं सदा।।१२७।।

मञ्जुमती टीका : दक्षिण दिशा द्वार से हीन हो अन्य तीन दिशाओं में दरवाजे हों तो इसे शेखर नामक घर कहा गया है। यह घर सदैव सम्पूर्ण वस्तुओं और सम्पूर्ण रत्नों को देने वाला कहा गया है।

इत्येकशालाभेदानि द्विशालाभेदमुच्यते।
द्विशालां कर्त्तुकामो यः कुर्यात्सम्यक्परीक्षणम्।।१२८।।

मञ्जुमती टीका : यहां तक एक शाला के भेदों को कहा गया है। अब दो शाला के भेदों को कहेगें। दो शाला बनवाने की इच्छा रखने वाला व्यक्ति ठीक ढंग से परीक्षा करके घर बनवावें।

याम्यपश्चिमयोर्नूनं द्विशालं कमलाकरम्।
नामतः सर्वदा नृणां श्रीप्रदं सर्वभोगदम्।।१२९।।

मञ्जुमती टीका : दक्षिण और पश्चिम दिशा में दो शाला का गृह कमलाकर

(लक्ष्मी का भण्डार) नाम से होता है। यह नाम के अनुसार सदैव मनुष्य को लक्ष्मी और सम्पूर्ण भोगों को देने वाला होता है।

पश्चिमोत्तरयोः शाला श्वापदं नाम नामतः।
हृद्रोगदुःखभयदमथवा चौरभीतिदम्।।१३०।।

मञ्जुमती टीका : पश्चिम और उत्तर दिशा में दो शाला का गृह स्वपद नाम से कहा गया है। यह घर सदैव हृदय रोग से दुःख, भय देने वाला अथवा चोर का भय देने वाला होता है।

प्राक्सौम्ययोर्द्विशाला सा विपक्षा दुःखकर्षिणी।
शत्रुभ्यो भयदा शश्वदथवा चौरभीतिदा।।१३१।।

मञ्जुमती टीका : पूरब और उत्तर में दो शाला का गृह विपक्षा नाम से कहा गया है। यह दुःख को देने वाला, शत्रुओं से निरन्तर भय देने वाला, अथवा चोरों से भय देने वाला होता है।

पूर्वदक्षिणयोर्नूनं द्विशाला सर्पदंष्ट्रिका।
आधिव्याधिव्यालचौरविशेषभयदा सदा।।१३२।।

मञ्जुमती टीका : पूरब और दक्षिण दिशा में दो शाला का गृह सर्पदंष्ट्रिका नाम से कहा गया है। यह गृह शारीरिक और मानसिक रोग सर्प से तथा चोर से विशेष भय सर्वदा देने वाला होता है।

याम्यपश्चिमयोरेव द्विशाला मङ्गलाष्टदा।
प्रासादो वाथ सौधो वा तस्यामेव तु कारयेत्।।१३३।।

मञ्जुमती टीका : दक्षिण और पश्चिम दिशा में दो शाला का निर्माण मङ्गलाष्टक कहा गया है। यह प्रासाद अथवा सौध उसी दिशा में कराना चाहिए।

अन्यदिक्षु द्विशालासु नैःस्वं शोकं लभेन्नरः।
तस्माद्द्विशालां वाऽन्यत्र प्रयत्नात्परिवर्जयेत्।।१३४।।

मञ्जुमती टीका : अन्य दिशाओं में दो शाला का निर्माण मनुष्य को निर्धनता एवं शोक देता है। इसलिए दूसरी अन्य दिशाओं में प्रयत्नपूर्वक द्विशाला का निर्माण त्याग देना चाहिए।

द्विशालाद्यासु सर्वासु द्वित्रिपञ्चादिभूमिकैः।
एवं षोडश सद्मानि भवंत्यत्राप्यनुक्रमात्।।१३५।।

मञ्जुमती टीका : द्विशाला आदि सभी दो, तीन, पांच आदि तल का कहा गया है। इस प्रकार कुल सोलह भवन क्रमशः यहां होते हैं।

खण्डेंदुसंज्ञकं त्वाद्यं द्वितीयं बुद्धिवर्द्धनम्।
तृतीयं शंखसंज्ञं तु धनायुःस्त्रीप्रदानि वै।।१३६।।

मञ्जुमती टीका : इनमें पहला भवन खण्डेन्दु संज्ञक कहा गया है। और दूसरा बुद्धिवर्धक, तीसरा शंख संज्ञक हमेशा धन, आयु तथा स्त्री प्रदान करने वाला निश्चित ही होता है।

चतुर्थपञ्चमं सद्म स्त्रीसौभाग्यविनाशदम्।
षष्ठसप्ताष्टमं गेहं लाभायुःश्रीप्रदं सदा।।१३७।।

मञ्जुमती टीका : चतुर्थ और पांचवा घर स्त्री और सौभाग्य का विनाश करने वाला होता है। जबकि छठां, सातवां और आठवां गृह लाभ, आयु तथा लक्ष्मी सदैव देने वाला होता है।

नवैकादशमं दुःखरोगशोकभयप्रदम्।
द्वादशं सदनं नूनं धनधान्यप्रदं सदा।।१३८।।

मञ्जुमती टीका : नौवां, दशवां और ग्यारहवां गृह दुःख, रोग एवं शोक एवं भय देने वाला होता है। जबकि बारहवां घर निश्चित ही सदैव धन-धान्य देने वाला होता है।

शोकदुःखप्रदं शश्वत्त्रयोदशचतुर्दशम्।
षोडशं पञ्चदशमं त्वायुरारोग्यवृद्धिदम्।।१३९।।

मञ्जुमती टीका : तेरहवां और चौदहवां घर हमेशा शोक और दुःख देने वाला होता है। जबकि पन्द्रहवां एवं सोलहवां प्रकार का घर आयु और आरोग्य में वृद्धि करता है।

उक्ता द्विशालाभेदानि नामरूपफलैः सह।
त्रिशालानामभेदानि अधुना कथ्यते भृशम्।।१४०।।

मञ्जुमती टीका : दो शाला नामक घर के भेदों को उनके नाम रूप फलों के साथ कहकर अब तीन शाला नामक भेदों को कहा जा रहा है।

उदङ्मुखा त्रिशाला सा जयन्ती संज्ञिता त्वथ।
विपुला कीर्तिदा राज्ञां पुत्रपौत्रधनप्रदा।।१४१।।

मञ्जुमती टीका : उत्तर मुख के दिशा में तीन शाला वाले गृह की जयन्ती नामक संज्ञा दी गयी है। यह जयन्ती नामक शाला अनेक प्रकार की कीर्ति देने वाली तथा राजाओं के लिए पुत्र-पौत्र और धन देने वाली होती है।

प्राग्द्वारसहिता सा च नाम्ना हरिपदाह्वयम्।
तदीप्सितार्थफलदं राज्ञां मुख्यतरं सदा।।१४२।।

मञ्जुमती टीका : जो त्रिशाला पूरब दरवाजे के सहित होती है। उसका नाम हरिप्रदा कहा गया है। यह सदैव राजाओं के लिए प्रधान रूप से अपने इच्छित वस्तुओं की तथा फलों की प्राप्ति कराने वाली होती है।

सा दक्षिणद्वारयुता चोष्ट्रदंष्ट्राह्वया भुवि।
निःस्वप्रदा क्षितीशानामथवा शत्रुभीतिदा।।१४३।।

मञ्जुमती टीका : वह त्रिशाला दक्षिण द्वार से युत होने पर उष्ट्रदंष्ट्रा नाम से कही गयी है। यह पृथ्वी पर राजाओं को निर्धन बनाने वाली अथवा शत्रु से भय देने वाली कही गयी है।

पश्चिमद्वारसहिता सर्वदाकुसुमाह्वया।
मित्रवृद्धिप्रदा नृणामथवा भ्रातृवृद्धिदा।।१४४।।

मञ्जुमती टीका : पश्चिम दरवाजे के सहित त्रिशाला का नाम सर्वदा कुसुमा कहा गया है। यह मित्रों की वृद्धि करने वाली अथवा मनुष्यों के लिए भाई की वृद्धि करने वाली होती है।

नानाकल्याणदाः शश्वत्पुत्रपौत्रप्रवर्द्धिनी।
प्राङ्मुखा या त्रिशाला सा नक्षत्रपदसंज्ञिता।।१४५।।

मञ्जुमती टीका : पूरब मुख की त्रिशाला का नाम नक्षत्रप्रदा है। यह

अनेक प्रकार के कल्याणों को देने वाली तथा निरन्तर पुत्र और पौत्रों को बढ़ाने वाली होती है।

सर्वदा धनदा नृणां दुःखशोकविनाशदा।
उदग्द्वारयुता सा च स्वर्णगर्भाह्वया क्षितौ।।१४६।।

मञ्जुमती टीका : उत्तर के दरवाजे से युत वह त्रिशाला स्वर्णगर्भा नाम से कही गयी है। यह पृथ्वी पर मनुष्यों को सदा धन देने वाली तथा दुःख और शोक दूर करने वाली होती है।

स्वर्णदास्वपरं चोदङ्मुखायां यत्फलं तु तत्।
कुलक्षयकरा सैव त्रिशाला दक्षिणामुखा।।१४७।।

मञ्जुमती टीका : स्वर्णदा नाम की त्रिशाला उत्तर मुख दरवाजे के फल को प्रदान करने वाली होती है। यह त्रिशाला जब दक्षिणा मुखी होती है। तो कुल को क्षय करने वाली होती है।

शालानां पापसंज्ञानां दृष्ट्वा सूर्य्यं निरीक्षयेत्।
प्रत्यङ्मुखा त्रिशाला सा क्षयाख्या नामतस्तथा।।१४८।।

मञ्जुमती टीका : पाप संज्ञक शालाओं को देखकर सूर्य का निरीक्षण करना चाहिए। जो पश्चिम मुख की त्रिशाला है इसका नाम क्षयाख्या है।

बहुव्ययकरी सैव पुत्रायुर्धननाशदा।
गृहोपरि गृहाणां च सम्यक्संचिन्त्य बुद्धिमान्।।१४९।।

मञ्जुमती टीका : यह बहुत व्यय करने वाली तथा पुत्र आयु तथा धन का नाश करने वाली, घर कऊपर घर का निर्माण बुद्धिमान व्यक्तियों को ठीक ढंग से विचार करके करना चाहिए।

प्रस्तारं यन्मनोरम्यं नानारूपप्रभेदतः।
उक्ता त्रिशालाभेदानि चतुःशालामथोऽच्यते।।१५०।।

मञ्जुमती टीका : जो प्रस्तार मन के लिए रमणीय है तथा नाना रूप और भेद वाले हैं उन त्रिशाला के भेदों को कहकर अब चतुः शाला के भेद को कहा जा रहा है।

पितामहोक्तमार्गेण नामरूपफलैः पृथक्।
चतुःशाला चतुर्भेदा सर्वतो भद्रसंज्ञिता।।१५१।।

मञ्जुमती टीका : पितामह के द्वारा कहे गये उक्त मार्ग से नाम रूप और फलों का अलग-अलग चतुः शाला के चार भेदों को सभी ओर से भद्र संज्ञा कही गयी है।

आयुरारोग्यविपुला कीर्तिसंपत्प्रदा नृणाम्।
पश्चिमद्वारसहिता नद्यावर्त्ताह्वया भृशम्।।१५२।।

मञ्जुमती टीका : यह मनुष्यों के लिए आयु, आरोग्य की अधिकता तथा कीर्ति और सम्पत्ति को प्रदान करने वाली होती है। यह जब पश्चिम दरवाजे के सहित होती है। तो इसका नाम नद्यावर्त कहा गया है।

सुगन्धवस्तुनिचयवस्त्ररत्नप्रदा सदा।
उत्तरद्वारसहिता शश्वत्सा रुचकाह्वया।।१५३।।

मञ्जुमती टीका : उत्तर द्वार के सहित वह चतुःशाला रूचका नाम से कही गयी हे। यह निरन्तर सुगन्ध, वस्तु समूह तथा रत्नों को सदैव प्रदान करने वाली होती है।

अन्नपानादिनिखिलभोगसौभाग्यपुत्रदा ।
प्राग्द्वारसहिता सैव स्वस्तिकेति प्रकीर्तिता।।१५४।।

मञ्जुमती टीका : पूरब दरवाजे के सहित चतुःशाला को स्वस्तिका नाम से कहा गया है। यह अन्न, पान, आदि सम्पूर्ण भोग सौभाग्य एवं पुत्र को देने वाली होती है।

गजाश्वपशुलोहादिभूषणश्रीप्रदा नृणाम्।
दक्षिणद्वारसहिता वर्द्धमानाह्वया भुवि।।१५५।।

नञ्जुमती टीका : दक्षिण द्वार के सहित चतुहशाला को वर्धमाना नाम से पृथ्वी पर कहा गया है। यह शाला हाथी, घोड़ा, पशु, लोहा, आभूषण तथा लक्ष्मी को सदैव मनुष्यों को देने वाली होती है।

तत्रस्थसर्ववस्तूनि वर्द्धन्तो वै श्रिया सह।
चतुःशालामध्यभागे कुर्यात्पूर्वमुखं गृहम्।।१५६।।

मञ्जुमती टीका : वहां स्थित सम्पूर्ण वस्तुओं को लक्ष्मी के साथ सदैव बढ़ती हैं। चतु:शाला के मध्यभाग में पूर्व मुख घर करना चाहिए।

गृहराडिति विख्यातं सर्वसंपत्प्रदं सदा।
तद्गृहं याम्यवक्त्रं चेत्कुबेरपदसंज्ञकम्।।१५७।।

मञ्जुमती टीका : वह गृहराट् (सम्राट) नाम से विख्यात है। ये सदैव सम्पूर्ण सम्पत्तियों को देने वाला कहा गया हैं वह गृह अगर दक्षिण मुखी हो तो कुबेर पद संज्ञक कहा गया है।

शश्वत्कुबेरगृहवदालये सर्वसंपदाम्।
प्रत्यग्वक्त्रं मन्दिरं वै महेन्द्रपदसंज्ञितम्।।१५८।।

मञ्जुमती टीका : यह घर निरन्तर कुबेर के घर के समान सम्पूर्ण सम्पत्तियों को देने वाला पश्चिम मुखी वह गृह निश्चित ही महेन्द्र पद नाम से कहा गया है।

इन्द्रवेश्म यथा सर्वसंपद्युक्तं तथैव तत्।
उदङ्मुख तत्सदनं वारुणं पदसंज्ञितम्।
सर्वरत्नालयं गेहं सर्वभोगसुखावहम्।।१५९।।

मञ्जुमती टीका : जैसे इन्द्र का गृह सदा सभी सम्पत्तियों से भरा रहता है। उसी प्रकार से वह महेन्द्र नामक शाला सम्पति देती हैं और उत्तर मुख का यदि गृह है तो इसे वारूण संज्ञा के नाम से जाना जाता हैं और यह सम्पूर्ण रत्नों का गृह कहा गया हैं। इस घर में सम्पूर्ण भोग एवं सुख प्राप्त होते हैं।

प्रासादो वाथ सौधो वा तद्गृहे वै भवेद्यदि।
तच्चन्द्रशेखरपदं निधीनामालयं भृशम्।।१६०।।

मञ्जुमती टीका : प्रासाद अथवा सौध यदि उस घर में हो तो उसे चन्द्रशेखर नाम से कहा गया है। और वह सम्पूर्ण निधियों का घर है। अर्थात् नौ निधियां उसमें निवास करती हैं।

कोणेष्वयचरं कुर्यान्महेन्द्रपदसंज्ञितम्।
महेन्द्रनिलयं यद्वत्तद्वच्च संपदालयम्।।१६१।।

मञ्जुमती टीका : यही यदि कोण में हो तो इसे महेन्द्र पद संज्ञा से कहा जाता है। यह इन्द्र के घर जैसे होता हैं वैसे सम्पूर्ण सम्पत्तियों का धाम है।

अस्यामपि द्वित्रिचतुःपञ्चषट्सप्तभूमिकैः।
षोडशाख्यानि जातानि तानि प्रस्तारतः क्रमात्।।१६२।।

मञ्जुमती टीका : इसके भी दो, तीन, चार, पांच, छः तथा सात तल होते हैं। ये सोलह प्रकार के होते हैं। इनके प्रस्तारों को क्रमशः कहा जा रहा है।

पञ्चादिदशपर्यन्ताः शालास्त्वेवं प्रकल्पयेत्।
प्रास्तारनामदिग्रूपफलैर्यो वास्तुकोविदः।।१६३।।

मञ्जुमती टीका : पांच से दस पर्यन्त इस शाला की कल्पना करनी चाहिए। इनके प्रस्तार नाम का रूप फल आदि को वास्तु के जानकारों ने कहा है।

ऐंद्र्यां दिशि स्नानगेहमाग्नेय्यां पचनालयम्।
याम्यायां शयनं वेश्म नैर्ऋत्यां शस्त्रमन्दिरम्।।१६४।।

मञ्जुमती टीका : पूरब दिशा में स्नानागार, अग्नि दिशा में भोजनालय, दक्षिण दिशा में शयनागार, तथा नैऋत्य कोण में शस्त्रागार बनाना चाहिए।

वारुण्यां भोजनगृहं वायव्यां पशुमन्दिरम्।
उदीच्यां हाटकं सद्म ऐशान्यां देवमन्दिरम्।।१६५।।

मञ्जुमती टीका : पश्चिम दिशा में भोजन का घर, वायव्य कोण में पशु घर, उत्तर में हाटक (श्रृंगार आदि प्रसाधन) का घर तथा ईशान कोण में देवता का स्थान बनाना चाहिए।

ध्वजधूमहरिश्वाख्यवृषगर्दभकुंजराः ।
ध्वांक्षश्चैते क्रमादायाः स्वस्थाने स्वगृहे शुभाः।।१६६।।

मञ्जुमती टीका : ध्वज, धूम्र, हरि, कुत्ता, बैल, गदहा, हाथी तथा ध्वांक्ष (कौवा) ये क्रमशः आय कहे गये हैं। ये अपने घरों में अपने स्थान में शुभ कहे जाते हैं।

ऐंद्राग्न्योर्मंथनं मध्ये याम्याग्न्यो रतिमन्दिरम्।
याम्यराक्षसयोर्मध्ये पुरीषत्यागमन्दिरम्।।१६७।।

मञ्जुमती टीका : पूरब और अग्नि कोण के मध्य में दही मन्थन आदि करना चाहिए। दक्षिण और अग्नि कोण के मध्य में रति अर्थात् शृंगार भू विलास का घर बनावें। दक्षिण तथा नैर्ऋत्य कोण के मध्य में मलमूत्र त्याग का कमरा बनावें।

राक्षसाम्बुपयोर्मध्ये विद्याभवनभ्यासस्यमन्दिरम्।
तोयेशानिलयोर्मध्ये सदनं रोदनं ततः।।१६८।।

मञ्जुमती टीका : नैर्ऋत्य कोण और पश्चिम के मध्य में अध्ययन कक्ष बनावें। पश्चिम और वायव्य कोण के मध्य में रोने वाला या क्रोध करने वाला घर बनावें।

कामोपभोगसदनं वायुकौबेरमध्ययोः।
कौबेरशानयोर्मध्ये चिकित्सासदनं सदा।।१६९।।

मञ्जुमती टीका : वायव्य और उत्तर दिशा के मध्य में काम और उपभोग जबकि उत्तर और ईशान कोण के मध्य में चिकित्सा का घर सदा बनाना चाहिए।

पुरन्दरेशयोर्मध्ये सर्ववस्तुसुसंग्रहम्।
सदनं कारयेदेवं क्रमादुक्तानि षोडश।।१७०।।

मञ्जुमती टीका : ईशान कोण एवं पूरब के मध्य में सम्पूर्ण वस्तुओं के संग्रह का घर बनाना चाहिए। इस प्रकार से क्रमशः सोलह कमरों को बनाने का विधान कहा गया है।

ध्वजः सिंहे तौ च गजे त्वेते गवि शुभप्रदाः।
वृषो न पूजितोऽन्यत्र ध्वजः सर्वत्र पूजितः।।१७१।।

मञ्जुमती टीका : ध्वज, सिंह दोनों तथा हाथी और गाय ये शुभप्रद होते हैं जबकि वृष पूजित नहीं होता। किन्तु ध्वज सर्वत्र पूजित होता है।

गृहोपरि गृहादीनामायमात्रं प्रकल्पयेत्।
न षड्वर्गशंकुमपि स्थापयेदायसद्मनि।।१७२।।

मञ्जुमती टीका : घर का निर्माण आय मात्र के लिए बनाना चाहिए। षडवर्ग शंकु को भी आय घर में स्थापित नहीं करना चाहिए।

मन्दिराणामष्टविधं जलस्त्रावं क्रमेण वै।
पांचालमानं वैदेहं कौरवं चैव कन्यकाम्।।१७३।।

मञ्जुमती टीका : जलस्त्राव क्रमशः मन्दिरों में आठ प्रकार का कहा गया है। इसमें पांचाल (पंजाब), वैदेह (विदेह अथवा मिथिला) कुरू, कन्नौज)।

मागधं सूरसेनाख्यं गान्धारावन्तिसंज्ञकम्।
एषामष्टविधानां च प्रमाणं सम्यगुच्यते।।१७४।।

मञ्जुमती टीका : मगध, सूरसेन, गान्धार, अवन्ती संज्ञक (उज्जैनी) ये आठ प्रकार के प्रमाण ठीक ढंग से कहे गये हैं।

स्वचतुर्भागविस्तारे सोत्सेधं यत्तदुच्यते।
पांचालामितरेषां च द्व्यङ्गुलोत्तरवृद्धिदः।।१७५।।

मञ्जुमती टीका : इनमें चतुर्गुणित मान विस्तार में जो तथा ऊँचाई में कहा गया है। वह पांचाल के लिए है। और उससे अतिरिक्त अन्य में दो अङ्गुल की उत्तरोत्तर वृद्धि कर देनी चाहिए।

वैदेहादीनि सर्वाणि मानानि स्युर्यथाक्रमात्।
पांचालः सर्ववर्णानां वैदेहः शूद्रजातिषु।।१७६।।

मञ्जुमती टीका : वैदेह आदि सभी मान यथा क्रम से कहे गये हैं। इसमें पाचांल का मान सभी वर्णो के लिए जबकि वैदेह का मान शूद्र जाति के लिए कहा गया है।

आवन्तिकमग्रजानां गान्धारः सर्वभूभुजाम्।
विशां कौजन्यकं मानं वैदेहं शूद्रजातिषु।।१७७।।

मञ्जुमती टीका : और अवन्ती का मान ब्राह्मणों के लिए, गान्धार्य का मान क्षत्रियों के लिए, कन्नौज का मान वैश्यों को तथा वैदेह मान शूद्र जातियों को मानना चाहिए।

सामान्यमन्यमानानि विप्रादीनां यथाक्रमात्।
गृहोपरिगृहादीनां जलस्रावं यथोच्यते।।१७८।।

मञ्जुमती टीका : सामान्य रूप से अन्य मानों को ब्राह्मण आदि जातियों में यथाक्रम से गृह आदि का जलस्राव कहा गया है।

नानाविधानि हर्म्याणि जालकाचित्रितानि च।
पश्चिमे दक्षिणे चैव गवाक्षं मन्दिरस्य च।।१७९।।

मञ्जुमती टीका : अनेक प्रकार से ऊँचे तालिकाओं वाले भवन विचित्र वातायान (झरोखे) आदि से युक्त होने चाहिए। प्रत्येक घर के पश्चिम और दक्षिण दिशा में निश्चित ही झरोखे बनाने चाहिए।

गजाये वा ध्वजाये वा गजानां मन्दिरं शुभम्।
अश्वालयं ध्वजाये वा खराये वा वृषेऽपि वा।।१८०।।

मञ्जुमती टीका : गज आय में या ध्वज के आय में हाथियों का घर शुभ होता है। किन्तु घुड़साल के लिए ध्यज आय अथवा खर आय अथवा वृष आय शुभ होता है।

उष्ट्राणां मन्दिरं कार्यं गजाये वा वृषे ध्वजे।
पशुसद्म वृषाये वा ध्वजाये वा शुभप्रदम्।।१८१।।

मञ्जुमती टीका : ऊँटों का घर गजाय, वृषाय अथवा ध्वजआय में करना चाहिए। पशुओं का घर वृष आय में अथवा ध्वज आय में सदैव शुभप्रद होता है।

शय्यासु वृषभः शस्तः पीठे सिंहः शुभप्रदः।
अन्यत्रछत्रवस्त्राणां वृषभाये ध्वजेऽपि वा।।१८२।।

मञ्जुमती टीका : शैय्या का घर वृष आय में श्रेष्ठ कहा गया है। जबकि उसका पीठभाग सिंह के आय में शुभप्रद होता है। अङ्ग की रक्षा

करने वाले छाता या वस्त्र आदि के लिए वृषभ अथवा ध्वज आय शुभप्रद कहा गया है।

पादुकोपानहौ कार्य्यौ सिंहायेऽप्यथवा ध्वजे।
उक्तानामप्यनुक्तानां मन्दिराणां ध्वजः शुभः।।१८३।।

मञ्जुमती टीका : पादुका तथा जूता के लिए सिंह तथा ध्वज आय में कक्ष का निर्माण शुभ कहा गया है। जो कहे गये अथवा नहीं कहे गये हैं। ऐसे कमरे भी ध्वज आय में शुभ होते हैं।

उदुम्बरप्लक्षनिम्बचूतस्नुहिबिभीतकः ।
बदरीखदिरं त्यक्त्वा निंदिताः कंटकद्रुमाः।।१८४।।

मञ्जुमती टीका : गूलर, पाकड़, नीम, आम, स्नुही (थूहर), बहेड़ा, बैर, खैर को छोड़कर अन्य कांटे वाले वृक्ष घर में लगाना निन्दित कहे गये है।

वटाश्वत्थकपित्थाख्यतिंतिणीकतकद्रुमाः।
अगस्तिशिग्रुपालाशदुग्धवृक्षाश्च निंदिताः।।१८५।।

मञ्जुमती टीका : बरगद, पीपल, कैथ, इमली तथा कतक (रीठा) के वृक्ष, अगस्त, शहजन, पलास (छीउल) तथा दूध के वृक्ष घर में लगाना निन्दित हे गये हैं।

करंजैरंडनिर्गुंडीगृहशालाश्च निन्दिताः।
स्वगृहात्पश्चिमे याम्ये पितुः स्वाग्रजमन्दिरम्।।१८६।।

मञ्जुमती टीका : करंज, रेड़ी, निरुगुंडी के वृक्ष घर के अन्दर निन्दित कहे गये हैं। अपने घर से पश्चिम दिशा से तथा दक्षिण दिशा में पिता और अपने बड़े भाई का घर बनाना चाहिए।

गृहपादा गृहस्तम्भा समाः कार्य्याश्च नाऽसमाः।
नात्युच्छ्रितं नातिनीचं कुड्योत्सेधं यथा रुचिः।।१८७।।

मञ्जुमती टीका : घर का पाद (दीर्घ चर्तुथांश) घर का स्तम्भ समान रहना चाहिए। असमान स्तम्भ शुभ नहीं होता है। गृह के दीवालों की ऊँचाई न तो अत्यधिक होना चाहिए और न ही अति न्यून। बल्कि सामान्य रखनी चाहिए।

भित्तिः पक्वेष्टकाभिर्वा दारुणाप्यथवा मृदा।
कार्या चित्रपटैर्वापि तृणैः पर्णैश्च न क्वचित्।।१८८।।

मञ्जुमती टीका : दीवाले पके ईट की हो तथा लकड़ी आदि को हो अथवा मिट्टी की हो। चित्रपट या तृण या घास आदि कभी भी न बनावें।

ऐश्वर्य्यं पुत्रहानिश्च स्त्रीहानिर्निधनं भवेत्।
संपच्छत्रुभयं सौख्यं पुष्टिः प्राच्यादितः क्रमात्।।१८९।।

मञ्जुमती टीका : अन्यथा इनमें बनाये गये घर क्रमशः पूर्वादिक क्रम से ऐश्वर्य, पुत्र हानि, स्त्री हानि और मृत्यु, सम्पति, शत्रुभय, सौख्य की पुष्टि होती है।

कूपे कृते मध्यमे तु धनहानिश्च वास्तुनः।
तस्मात्सम्यग्विचार्य्याथ कूपं कुर्याच्च बुद्धिमान्।।१९०।।

मञ्जुमती टीका : अगर घर के मध्य में कुँआ बनाया जाय तो वह धन हानि देने वाला होता है। इसलिए ठीक ढंग से विचार करके बुद्धिमान व्यक्ति को कुएं का निर्माण करना चाहिए।

पुन्नागशोकतिलकशमीबकुलचंपकाः ।
दाडिमीपिप्पलीद्राक्षापिचुमन्दाजयामराः ।।१९१।।

मञ्जुमती टीका : पुन्नाग, अशोक, तिलक, शमी, बबूल, मौलश्री, चंपा, अनार, पिप्पली, अङ्गूर, नीम, जय तथा अमरबेल।

बन्धूकपूगपनससरोजगृहमल्लिकाः ।
मल्लिकापाटलीजातीनारिकेरास्तृणद्रुमाः ।।१९२।।

मञ्जुमती टीका : दोपहरी का वृक्ष, सुपारी का वृक्ष, कटहल, कमल, गृह की मल्लिका (जूही), मल्लिका, गुलाब, जाति तथा नारियल के वृक्ष।

एते गृहाङ्गणे वृक्षाः सर्वदामङ्गलप्रदाः।
प्लक्षकर्कन्धुवृक्षौ द्वौ गृहस्योत्तरतः शुभे।।१९३।।

मञ्जुमती टीका : ये वृक्ष घर आङ्गन में हमेशा अमङ्गल करने वाले होते हैं। किन्तु पाकड़ और बेर के वृक्ष, ये दोनों घर के उत्तर दिशा में शुभ कहे गये हैं।

न्यग्रोधोदुम्बराश्वत्थाः प्रागादिषु शुभप्रदाः।
अगस्तिमातुलिंगाख्या हरिद्राकदलीस्तथा।।१९४।।

मञ्जुमती टीका : बरगद, गूलर तथा पीपल के वृक्ष पूरब दिशा में शुभप्रद कहे गये हैं। अगस्त, मातुलिङ्ग, हल्दी तथा केले के वृक्ष उसी प्रकार पूरब में शुभ हैं।

स्वयं प्रजाता अप्येते दुःखशोकभयप्रदाः।
निर्माणे मन्दिराणां च प्रवेशे त्रिविधेऽपि च।।१९५।।

मञ्जुमती टीका : यदि ये सभी अपने आप उग आये हों तो दुःख, शोक और भय देने वाले होते हैं। घर के निर्माण में तथा तीनों प्रकार के प्रवेश में भी।

वास्तुपूजा च कर्तव्या तस्मात्तां कथयाम्यथ।
गृहमध्ये हस्तमात्रं समन्तात्तंडुलोपरि।।१९६।।

मञ्जुमती टीका : वास्तु पूजन करनी चाहिए। अतएव उसको मैं कह रहा हूँ। गृह के मध्य में एक हाथ मात्र चारों ओर से चावलों के ऊपर।

एकाशीतिपदं कार्य्यं तिलैस्तुल्यं सुशोभनम्।
एकद्वित्रिपदाः पञ्चचत्वारिंशत्सुरार्चिताः।।१९७।।

मञ्जुमती टीका : ८१ खाने बनाने चाहिए। तिल के द्वारा समान रूप से सुशोभित हों। पुनः एक, दो , तीन खानों को ४५ खाने को देवताओं से पूजित करें।

द्वात्रिंशद्वाह्यतो वक्ष्यमाणाश्चान्तस्त्रयोदश।
तेषां स्थानानि नामानि वक्ष्यामीश्वरकोणतः।।१९८।।

मञ्जुमती टीका : ३२ खानों को बाहर से कहे जाने वाले अन्तिम १३ खानों में उनके स्थान और नामों को ईशानकोण से क्रमशः कहा जा रहा है।

तत्राग्निशम्भुकोणस्थस्त्वसौ चैव पदेश्वरः।
तस्माद्वितीयः पर्जन्यश्चासावेकपदेश्वरः।।१९९।।

मञ्जुमती टीका : ईशानकोण में अग्नि वहां से दूसरे में पर्जन्य और उसके ईश्वर को स्थापित करके पूजित करें।

जयन्त्येन्द्रार्कसत्याख्या भृशाश्च द्विपदेश्वराः।
आकाशवायुपरतः क्रमादेकपदेश्वराः।।२००।।

मञ्जुमती टीका : जयन्त और इन्द्र तथा सूर्य और सत्य तथा भृश ये दो पदों के स्वामी कहे गये हें। पुनः आकाश, वायु का क्रमशः एक पद के स्वामी होते हैं।

एवं प्राच्यां नव ज्ञात्वा नवमे वान्यदिक्षु च।
आद्यश्चान्तावेकपादा द्विपादाः पञ्च मध्यमाः।
पूषाद्यष्टौ यमान्ताः स्युरमरायाम्यभागगाः।।२०१।।

मञ्जुमती टीका : इस प्रकार से पूरब दिशा में नव को जानकर और नौ ही अन्य दिशाओं में आदि से अन्त तक एक पद वाले तथा द्विपद वाले तथा मध्यम में पांच पूषा आदि आठ से यम के अन्त तक देवताओं के भाग को दक्षिण दिशा तक कहा गया है।

अष्टौ पितृगणाधीशा यमान्ताः पश्चिमे सुराः।
आद्यन्तौ द्वौ चैकपदौ द्विपदाः पञ्च मध्यगाः।।२०२।।

मञ्जुमती टीका : आठ पितर और तथा यमान्त पश्चिम दिशा के देवता आदि से लेकर अन्त तक दो-दो एक पद और दो पदों में और मध्य में पांच स्थापित करने चाहिए।

रोगादिरित्यन्तत्सुराः सप्त सौम्यादिशि क्रमात्।
तदधस्थश्चतुष्कोणेष्वीशानादिषु च क्रमात्।।२०३।।

मञ्जुमती टीका : रोग आदि से लेकर अन्त देवता तक साथ-साथ उत्तर दिशा में क्रमशः स्थापित करने चाहिए। जिसमें क्रमशः उसके नीचे चारों कोणों में ईशान आदि कोण से स्थना एवं पूजन करना चाहिए।

आपः सावित्रविजयरुद्राश्चैकपदेश्वराः।
मध्ये नवपदो ब्रह्मा तस्येशानादिकोणगाः।।२०४।।

मञ्जुमती टीका : आप (जल) सविता, जय और रुद्र देव की एक पद में स्थापना कर पूजन करना चाहिए। मध्य के नौ पद ब्रह्मा के हैं। इसमें ईशानादि कोण से गये हुए।

आपवत्सोऽथ सविता विबुधाधिपसंज्ञकाः।
राजयक्ष्मा च चत्वारः सुराश्चैकपदेश्वराः।।२०५।।

मञ्जुमती टीका : आपवत्स, सविता एवं इन्द्र तथा राजयक्षमा इन चार देवताओं को एक पद स्थान कहा गया है।

ब्रह्मणः पूर्वतो दिक्षु त्रिपदाश्चमरा अमी।
अर्यमा च विवस्वांश्च मित्रः पृथ्वीधरः क्रमात्।।२०६।।

मञ्जुमती टीका : इसमें ब्रह्मा की पूरब दिशा और देवताओं का तीन पद कहा गया हैं। अर्यमा तथा विवस्वान, मित्र और पृथ्वी गृह क्रमशः कहे गये हैं।

स्वस्वस्थानेषु देवेषु स्थापितेष्वीदृशं भवेत्।
कोणेषु पञ्च पञ्चैव चतुर्ष्वैकपदाः सुराः।।२०७।।

मञ्जुमती टीका : अपने-अपने स्थानों में देवताओं को स्थापित करके पांच-पांच कोणों में एक पद के चारों देवताओं को स्थापित करें।

प्रागादिदिक्षु द्विपदाः पञ्च पञ्च यथा क्रमात्।
ब्रह्मणः पूर्वतो दिक्षु द्विपदाः स्युः समीपगाः।।२०८।।

मञ्जुमती टीका : पूर्व आदि दिशाओं में दो पद वाले तथा पांच-पांच के क्रम से तथा ब्रह्मा को पूर्व दिशा में द्विपद वालों को उनके समीप में स्थापित करे।

हिरण्यरेताः पर्जन्यो जयन्तः पाकशासनः।
सूर्यसत्यौ भृशाकाशौ वायुः पूषा च वै तथा।।२०९।।

मञ्जुमती टीका : ब्रह्मा, पर्जन्य, जयन्त और इन्द्र, सूर्य, सत्य, भृश, आकाश तथा वायु तथा पूषा को क्रमशः उस प्रकार से।

गृहर्क्षतः पितृपतिर्गंधर्वो मृगराजकः।
मृगः पितृगणाधीशः स्थाप्यो दौवारिकाह्वयः।।२१०।।

मञ्जुमती टीका : घर के नक्षत्र से यमराज, गन्धर्व, मृगराज, मृग, पितर गणाधीश तथा द्वौरिक को स्थापित करना चाहिए।

सुग्रीवः पुष्पदन्तश्च जलाधीशो निशाचरः।
शोषः पापश्च रोगो हि मुखो भल्लाट एव च।।२११।।

मञ्जुमती टीका : सुग्रीव, पुष्पदन्त, जलाधीश, निशाचर, शोष, पाप, रोग मुख और भल्लाट।

सोमसर्पौ दित्यदिती द्वात्रिंशदमराः स्मृताः।
आपश्चैवापवत्सश्च जयो रंध्रस्तथैव च।।२१२।।

मञ्जुमती टीका : सोम, सर्प दिति, अदिति से कुल ३२ देवता पूज्य कहे गये हैं। आप और आपवत्स, जय तथा उसी प्रकार से रन्ध्र।

मध्ये नवपदो ब्रह्मा तस्थौ तस्य समीपगः।
प्रागाद्यन्तरिता देवाः परितो ब्रह्मणः स्मृताः।।२१३।।

मञ्जुमती टीका : मध्य के नौ पद कोष्ठ ब्रह्मा के हैं उस ब्रह्म पद वाले भाग में पूर्वादि क्रम से एक अन्तर करके चारों ओर ब्रह्मा के देव कहे गये हैं।

अर्यमा सविता चैव विवस्वान्विबुधाधिपः।
मित्रोऽथ राजयक्ष्मा च तथा पृथ्वीधरः क्रमात्।।२१४।।

मञ्जुमती टीका : अर्यमा, सविता, विवस्वान और विबुधाधिप मित्र, राजयक्षमा तथा पृथ्वीधर ये क्रमशः।

आपवत्सोऽष्टमः पञ्चचत्वारिंशत्सुरोत्तमाः।
ज्ञात्वैवं स्थाननामानि ब्रह्मणा सहितानन्यसेत्।।२१५।।

मञ्जुमती टीका : तथा आपवत्स इन आठ देवताओं का स्थान है। ये कुल ४५ देव स्थान पूज्य कहे गये हैं। इन देवताओं का ब्रह्मा के साथ नामों और स्थानों को जानकर करके स्थापित करना चाहिए।

वास्तुज्ञो वास्तुमन्त्रेण गन्धपुष्पाक्षतादिभिः।
प्रणवेनार्चयेद्वापि अथवा स्वस्वनामभिः।।२१६।।

मञ्जुमती टीका : वास्तु का जानकार वास्तु के मन्त्रों के द्वारा गन्ध, पुष्प, अक्षत आदि से ओम् के उच्चारणपूर्वक अथवा उन-उन देवताओं के नाम से पूजन करें।

शुक्लवस्त्रयुगं दद्याद्धूपदीपफलैः सह।
अपूपैर्भूरिनैवेद्यैर्वाद्यैः सह समर्पयेत्।।२१७।।

मञ्जुमती टीका : दो श्वेत वस्त्रों को देकर धूप, दीप, फल के सहित मालपुआ आदि नैवेद्यों को मङ्गल वाद्यपूर्वक समर्पण करें।

ताम्बूलं च ततो दद्याद्देवेभ्यश्च पृथक्पृथक्।
दत्त्वा पुष्पांजलिं कर्त्ता प्रार्थयेद्वास्तुपूरुषम्।।२१८।।

मञ्जुमती टीका : उसके पश्चात अगल-अलग देवताओं को ताम्बूल प्रदान करें। पुनः कर्त्ता पुष्पांजलि देकर वास्तु पुरुष से प्रार्थना करे।

विप्रेभ्यो भोजनं दत्त्वा स्वयं भुञ्जीत बन्धुभिः।
नमस्ते वास्तुपुरुष भूशय्यानिरत प्रभो।।२१९।।

मञ्जुमती टीका : ब्राह्मणों को भोजन कराकर स्वयं अपने भाई-बन्धुओं के साथ भोजन करे। भूशयन से आनन्दित होने वाले हे स्वामी वास्तुपुरुष आपको प्रणाम है।

मद्गृहे धनधान्यादिसमृद्धिं कुरु सर्वदा।
इति प्रार्थ्य ततो दद्याद्दक्षिणामर्चकाय च।।२२०।।

मञ्जुमती टीका : मेरे घर को धन-धान्य आदि से सर्वदा समृद्ध कर दें। इस प्रकार उपर्युक्त विधि से प्रार्थना करके पुनः पूजा कराने वाले ब्राह्मणों को यथाशक्ति दक्षिणा देनी चाहिए।

एवं यः कुरुते सम्यग्वास्तुपूजां प्रयत्नतः।
आरोग्यं पुत्रपौत्रादि धनधान्यं लभेन्नरः।।२२१।।

मञ्जुमती टीका : जो इस प्रकार प्रयत्नपूर्वक ठीक ढंग से वास्तुपूजा करता है। वह मनुष्य आरोग्य पुत्र-पौत्र आदि तथा धन-धान्य आदि का लाभ करता है।

वास्तुपूजामकृत्वा यः प्रविशेन्नवमन्दिरे।
रोगान्नानाविधान्क्लेशानश्नुते सर्वसंकटान्।।२२२।।

मञ्जुमती टीका : वास्तु पूजा को बिना किये हुए जो नये घर में प्रवेश करता है वह अनेक प्रकार के रोग और क्लेशों को प्राप्त करता हुआ सम्पूर्ण संकटों को प्राप्त करता है।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां वास्त्वध्याय एकोनचत्वारिंशः।।३९।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में वास्त्वध्याय नामक उन्तालीसवें अध्याय का हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथ सुरप्रतिष्ठाध्याय: ४०।

अथ प्रतिष्ठां कथयामि सम्यक्छिवस्य विष्णोश्च तथापरेषाम्।
सौम्यायने देवगुरौ च शुक्रे संदृश्यमाने यदि वारकाणाम्।।१।।

मञ्जुमती टीका : मैं अब सुन्दर रीति से शिव व विष्णु अथवा अन्य देवों की प्रतिष्ठा के मुहूर्त को बता रहा हूँ। प्रतिष्ठा उत्तरायण तथा शुक्र, गुरु के दिखने पर करना चाहिए।

मासे तपस्ये तपसि प्रतिष्ठा धनायुरारोग्यकरी च कर्तुः।
चैत्रे महारुग्भयदा च शुक्रे समाधवे पुत्रधनप्रदा सा।।२।।

मञ्जुमती टीका : माघ एवं फाल्गुन मास में देवताओं की प्रतिष्ठा करने वाले कर्त्ता की धन, आयु एवं आरोग्य की वृद्धि होती है। जबकि चैत्र मास में प्रतिष्ठा करने से बड़ा भयंकर रोग एवं भय प्राप्त होता हैं। जबकि ज्येष्ठ एवं बैशाख मास की प्रतिष्ठा, पुत्र एवं धन की प्राप्ति कराने वाली होती है।

आषाढमासादिचतुष्टये च कलत्रसन्तानविनाशदा च।
ऊर्जे च कर्तुर्निधनप्रदा च सौम्ये सपौषेऽखिलदुःखदा सा।।३।।

मञ्जुमती टीका : आषाढ़ मास से चार मास पर्यन्त अर्थात् आषाढ़, सावन, भादों एवं क्वार मास में प्रतिष्ठा पत्नी एवं सन्तान का विनाश करने वाली होती है। और कार्तिक मास में की गई प्रतिष्ठा कर्त्ता को मृत्यु देती है। और उत्तरायण होने पर भी पौष मास की प्रतिष्ठा सम्पूर्ण दुःखों को देने वाली होती है।

वलक्षपक्षः शुभदः समस्तः सदैव तत्राद्यदिनं विहाय।
अन्त्यत्रिभागं परिहृत्य कृष्णे पक्षोऽपि शस्तः खलु पक्षयोश्च।।४।।

मञ्जुमती टीका : शुक्ल पक्ष के प्रथम दिन को छोड़कर समस्त शुक्ल पक्ष में तथा कृष्ण पक्ष के अन्तिम तृतीयांश का त्यागकर कृष्ण पक्ष में प्रतिष्ठा शुभ होती है।

रिक्तावमात्यक्तदिनेष्वनिन्द्ययोगेषु वैनाशिकवर्जितेषु।
दिने महादोषविवर्जिते च शशाङ्कताराबलसंयुतेऽपि।।५।।

मञ्जुमती टीका : रिक्ता तिथि, अमावस्या तिथि, क्षय तिथि, अयुक्त (न कहे गये) दिन, निन्द्ययोग, वैनाशिक नक्षत्र में महादोष से रहित तथा चन्द्र, तारा बल से युक्त होने पर प्रतिष्ठा करनी चाहिए।

देवस्य यस्योडुतिथिप्रशस्ते संस्थापने कर्मणि वासरश्च।
कर्तुर्दिनेशस्य बलं सदैव ग्रामाधिपग्रामबलं विचार्यम्।।६।।

मञ्जुमती टीका : जिस देवता का जो नक्षत्र, तिथि वार प्रशस्त कहा गया है तथा कर्त्ता का सूर्य बली होने पर और ग्राम के स्वामी का सदा ही ग्राम बल विचार कर स्थापना का काम शुभ होता है।

हस्तत्रये मित्रहरित्रये च पौष्णद्वयादित्यसुरेज्यभेषु।
तिस्त्रोत्तराधातृशशाङ्कभेषु सर्वामरस्थापनमुत्तमं स्यात्।।७।।

मञ्जुमती टीका : हस्त, चित्रा, स्वाती, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, रेवती, अश्विनी, पुनर्वसु, पुष्य, तीनों उत्तरा, रोहिणी, मृगशिरा नक्षत्र में सतस्त देवताओं की प्रतिष्ठा उत्तम होती है।

कीर्तिप्रदं क्षेमकरं कृशानोर्भयप्रदं वृद्धिकरं नृपाणाम्।
लक्ष्मीकरं सुस्थिरदं त्विनादिवारेषु संस्थापनमामनन्ति।।८।।

मञ्जुमती टीका : सूर्यवार में प्रतिष्ठा यश देने वाली, सोम में कल्याण करने वाली, भौमवार में अग्नि से भय देने वाली, बुधवार में वृद्धिदायिनी, गुरुवार में दृढ़, शुक्रवार में लक्ष्मीप्रद्र और शनिवार में प्रतिष्ठा करने से सुन्दर स्थिरता होती है।

पञ्चाङ्गशुद्धौ दिवसे दिनस्य पूर्वार्द्धभागे शुभदे मुहूर्ते।
शुभग्रहैर्वीक्षितसंयुते वा न नैधने नैधनशुद्धिलग्ने।।९।।

मञ्जुमती टीका : पचांङ्ग से शुद्ध दिन, पूर्वार्द्ध (१२ बजे तक) शुभद मुहूर्त से दृढ़ युत लग्न में प्रतिष्ठा करनी चाहिए किन्तु जन्म लग्न व राशि से अष्टम होने पर नहीं करनी चाहिए।

पञ्चेष्टिके जीवशशाङ्कसूर्यमुख्यग्रहैः सौम्यनवांशयुक्तैः।
लग्ने स्थिरे चोभयराशिलग्ने नवांशके चोभयभे स्थिरे वा।।१०।।

मञ्जुमती टीका : प्रधान ग्रह गुरु, चन्द्र, सूर्य आदि पाँच ग्रहों के शुभ नवांश में स्थित होने पर इष्ट स्थान में स्थित होने पर स्थिर लग्न या द्विस्वभाव राशि या द्विस्वभाव लग्न या स्थिर राशि के नवांश में भी प्रतिष्ठा करना चाहिए।

चरोदये लग्नगते न कार्यं संस्थापनं नैव चरांशकेऽपि।
चरोऽपि मुख्यः स तुलांशकश्च सदा मृदुत्वात्सुरसन्निवेशे।।११।।

मञ्जुमती टीका : चर राशि तथा चर नवांश में देवताओं की प्रतिष्ठा का त्याग करना चाहिए और चर राशि का लग्न भी यदि सम्पूर्ण अंशों का हो तो उसके शुभ होने के कारण सदैव देवताओं की प्रतिष्ठा करनी चाहिए।

सूर्येन्दुभौमार्क्यहिकेतवश्च लग्नस्थिता नैधनदाश्च कर्त्तुः।
सौम्यग्रहा लग्नगताः सदा ते त्वायुर्धनारोग्यकराश्च नूनम्।।१२।।

मञ्जुमती टीका : लग्न में सूर्य, चन्द्र, भौम, राहु व केतु सदा देवताओं की प्रतिष्ठा करने वालों की मृत्यु करते हैं। जबकि शुभ ग्रह लग्नस्थ हो तो अवश्य ही सदैव प्रतिष्ठा करने वालों को आयु, धन तथा आरोग्य को देते हैं।

लग्नाद्द्वितीये शुभखेचरेन्द्राश्चन्द्रश्च पुत्रार्थशुभप्रदा स्युः।
तत्रैव पापः पतिपक्षदुःखशोकप्रदा व्याधिकराः सदैव।।१३।।

मञ्जुमती टीका : देवताओं की प्रतिष्ठा के लग्न से दूसरे भाव में सभी शुभग्रह व चन्द्रमा, यदि स्थित हो तो वह पुत्र, धन-धान्य तथा शुभप्रद होता है और वहीं अर्थात् द्वितीय भाव में ही पापग्रह यदि स्थित हो तो शत्रु, दुःख, शोकदाता एवं सदैव ही रोग देने वाला होता है।

असौम्यसौम्या हिमदीधितिश्च तृतीयगा लाभकरा नितान्तम्।
चतुर्थगा लाभकराश्च सौम्याश्चन्द्रश्च पापा विसुखप्रदाः स्युः।।१४।।

मञ्जुमती टीका : लग्न से तृतीय भाव में शुभग्रह हो तथा पापग्रह भी हों किन्तु चन्द्रमा लाभ भाव में स्थित हों और चतुर्थ स्थान में शुभ ग्रह हों या चन्द्रमा हो तो इस योग में देवताओं की प्रतिष्ठा करने वाले कर्त्ता की सुख में

वृद्धि किन्तु वहां पापग्रह होने से कर्त्ता को सुखरहित करते हैं।

आनन्ददाः पञ्चमगाश्च सौम्या विधुश्च पापा रिपुभीतिदाः स्युः।
शत्रुस्थिताः शत्रुविनाशदाः स्युः क्रूराः सचन्द्रा भयदास्तु सौम्याः।।१५।।

मञ्जुमती टीका : देवताओं की प्रतिष्ठा के समय पञ्चम स्थान में गये हुए शुभग्रह तथा चन्द्रमा आनन्द देने वाले होते हैं। जबकि पापग्रह शत्रु से भय देने वाले होते हैं। छठें स्थान में यदि पापग्रह हो तो शत्रु का विनाश कर देते हैं। किन्तु शुभग्रह चन्द्रमा के साथ हो तो भय देने वाले होते हैं।

द्यूनस्थिनता सेन्दुशुभा दिशन्ति लाभं परे प्रीतिहराः सदैव।
सर्वे ग्रहा नैधनदास्त्वजस्त्रं सौम्यास्त्वसौम्याः खलु मृत्युसंस्थाः।।१६।।

मञ्जुमती टीका : सप्तम स्थान में चन्द्रमा के सहित यदि शुभग्रह प्राण प्रतिष्ठा के लग्न से स्थित हो तो लाभ देते हैं। और दूसरे अर्थात् पापग्रह सदैव प्रीति का हरण करने वाले होते हैं। किन्तु अष्टम स्थान में चाहे शुभग्रह हो या पापग्रह अथवा चन्द्रमा निरन्तर निश्चित ही मृत्यु को देने वाले होते हैं।

नवमस्थानगाः सौम्याः सेन्दवो विजयप्रदाः।
असौम्या नवमस्थाने दुःखशोकभयप्रदाः।।१७।।

मञ्जुमती टीका : नवें भाव में शुभग्रह व चन्द्रमा विजयदाता और पापग्रह स्थापना में दुःख, शोक भयप्रद होते हैं।

दशमस्थानगाश्चन्द्रसहिताः शुभखेचराः।
अर्थलाभकराः पापा व्याधिशत्रुभयप्रदाः।।१८।।

मञ्जुमती टीका : दसवें स्थान में चन्द्रमा और शुभग्रह धन लाभ कराने वाले और पापग्रह रोग, शत्रु और भय देने वाले होते हैं।

लाभस्थानगताः सर्वे खेचरा बहुलाभदाः।
व्ययदा व्ययगाः पापा सेन्दवः शोकदाः शुभाः।।१९।।

मञ्जुमती टीका : ग्यारहवें भाव में समस्त ग्रह अधिक लाभ कराने वाले और बारहवें भाव में चन्द्र व पापग्रह प्राण प्रतिष्ठा करने वाले व्यक्ति के लिए व्ययकर्त्ता और शुभग्रह शोक देने वाले होते हैं।

एकोऽपि जीवो बलवान्तनुस्थः सितोऽपि सौम्योऽप्यथवा बली चेत्।
दोषानशेषान्विनिहन्ति सद्यः स्कन्दो यथा तारकदैत्यवर्गम्।।२०।।

मञ्जुमती टीका : लग्न में गुरु, शुक्र, बुध में से एक भी बलवान होकर स्थित होने पर शीघ्र ही समस्त दोषों का विनाश होता हैं, जैसे भगवान शङ्कर के पुत्र स्वामी कार्तिकेय तारकासुर नामक दैत्य समूह को नष्ट करते हैं।

हन्त्यर्थहीनं त्वमरप्रतिष्ठा कर्त्तारमृत्विग्वराविप्रमुख्यम्।
मन्त्रैर्विहीना त्वथकर्तृभार्या यदा तदा लक्षणहानितश्च।।२१।।

मञ्जुमती टीका : धन से हीन देव प्रतिष्ठा कर्त्ता का, मन्त्रहीन ऋत्विज श्रेष्ठ ब्राह्मण का, जब लक्षण (शकुन) हानि हो तो प्रतिष्ठा करने वाले यजमान की पत्नी का नाश होता है।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
सुरप्रतिष्ठाध्यायश्चत्वारिंशः।।४०।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में सुरप्रतिष्ठाध्याय नामक चालीसवें अध्याय का हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथ गुणनिरूपणाध्यायः ४१।

काल एवेश्वरः साक्षादीश्वरः काल एव सः।
विद्यते चेश्वरज्ञानी चेत्कालज्ञः स एव वै।।१।।

मञ्जुमती टीका : काल ही ईश्वर है और साक्षात् ईश्वर ही काल हैं। जो ज्ञानी काल और ईश्वर में एकत्व देखता है निश्चित ही वही ठीक प्रकार से काल का ज्ञाता होता है।

तस्मात्कालं न जानन्ति योगिनोऽपि महीतले।
तथापि देहिनां नूनं हिताय कमलासनः।।२।।

मञ्जुमती टीका : इसलिए इस पृथ्वी पर योगी लोग भी काल को नहीं जानते। फिर भी मनुष्यों के हित के लिए ब्रह्माजी ने काल के विषय में वर्णन किया है।

भचक्रभ्रमणात्स्थूलकालं कल्पितवान्प्रभुः।
प्राणादिदिनमासादियुगान्तं चैव भग्रहैः।।३।।

मञ्जुमती टीका : भचक्र के भ्रमण से परमात्मा ने स्थूल समय को कल्पित किया है। प्राणआदि, दिन, मास आदि, तथा युग के अन्त तक भग्रहों के द्वारा।

शुभाशुभग्रहोत्पातपञ्चाङ्गतिथिवारजैः ।
तिथिनक्षत्रवारोत्थवारनक्षत्रपूर्वकैः ।।४।।

मञ्जुमती टीका : शुभ-अशुभ ग्रह, उत्पात, पचाङ्ग, तिथि और वार से उत्पन्न, तिथि, नक्षत्र तथा वार से उत्पन्न वार नक्षत्रपूर्वक।

एवमाद्यैर्गुणैर्दोषैर्नित्यं कालः समन्वितः।
तस्मात्कालगुणान्दोषान्कथयामि पृथक्पृथक्।।५।।

मञ्जुमती टीका : इस प्रकार से अनेक गुण-दोषों के युक्त नित्य ही काल प्रतिष्ठित है। इसलिए काल के गुण-दोषों को अब अलग-अलग कहा जा

रहा है।

नन्दास्वम्बुपवित्राग्निरौद्रविष्णूत्तरात्रयम् ।
वारयोगा भवन्त्येते सर्वकार्ये शुभप्रदाः।।६।।

मञ्जुमती टीका : नन्दा तिथियों में जब पूर्वाषाढ़ा, ज्येष्ठा, कृत्तिका आर्द्रा, श्रवण तथा तीनों उत्तरा नक्षत्र से शुभवारों का योग हो तो वे सभी कार्यों में शुभ प्रदान करने वाले होते हैं।

भद्रास्वदितिदैत्येज्ये कमलासनतारकाः।
श्रेष्ठयोगा भवन्त्येते सर्वदा मङ्गलप्रदाः।।७।।

मञ्जुमती टीका : भद्रा तिथियों में पुनर्वसु, मूल, पुष्य तथा रोहिणी नक्षत्र ये श्रेष्ठ योग होते हैं जो सदैव कल्याण प्रदान करने वाले होते हैं।

जयासु वसुसोमार्कदस्त्रान्त्येज्यभत्र्युत्तराः।
शुभयोगास्त्वमी नृणां मङ्गले मङ्गलप्रदाः।।८।।

मञ्जुमती टीका : जया तिथियों में धनिष्ठा, मृगशिरा, हस्त, अश्विनी, रेवती, पुष्य तथा तीनों उत्तरा शुभयोग कहे गये हैं। ये योग मनुष्यों के माङ्गलिक कृत्यों में कल्याण देने वाले होते हैं।

रिक्तास्वीज्यद्विदैवेन्द्रसार्पवायव्यतारकाः ।
तदा कल्याणयोगाः स्युः सर्वकार्येषु शोभनाः।।९।।

मञ्जुमती टीका : रिक्ता तिथियों में पुष्य, विशाखा, ज्येष्ठा, श्लेषा, स्वाती नक्षत्र कल्याण योग कहे गये हैं। ये सभी कार्यों में शुभ प्रदान करने वाले होते हैं।

पूर्णासु पुष्यपौष्णाद्यवसुवारीशतारकाः।
वर्द्धमानाह्वया योगाः शुभकार्यप्रवृद्धिदाः।।१०।।

मञ्जुमती टीका : पूर्णा तिथियों में पुष्य, रेवती, अश्विनी, धनिष्ठा, शतभिषा आदि नक्षत्रों का योग वर्द्धमान नामक योग से कहा गया है। यह शुभ कार्यों में वृद्धि देने वाला होता है।

उत्तरात्रयपौष्णोज्यमूलार्कहितारकाः ।
चित्रेन्द्वद्वितयः सौम्या योगाः स्युर्भानुवासरे।।११।।

मञ्जुमती टीका : तीनों उत्तरा रेवती, पुष्य, मूल, हस्त, आश्लेषा, चित्रा, ज्येष्ठा, विशाखा नक्षत्रों के दिन रविवार हो तो यह सौम्य योग होता है। (यह शुभ कार्यों के लिए उत्तम होता है)

सोमवारे दितिमरुद्वैष्णवत्रयतारकाः।
रोहिणीद्वयशाक्रेज्या महायोगाः प्रकीर्तिताः।।१२।।

मञ्जुमती टीका : सोमवार के दिन पुनर्वसु, स्वाती, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, रोहिणी, मृगशिरा, ज्येष्ठा एवं पुष्य नक्षत्र होने पर महायोग कहा गया है।

उत्तरात्रयमैत्रेज्यदस्रात्येन्द्वग्नितारकाः ।
भौमवारेण संयुक्ताः पूर्णयोगाः प्रकीर्तिताः।।१३।।

मञ्जुमती टीका : यदि मङ्गलवार के दिन तीनों उत्तरा, अनुराधा, पुष्य, अश्विनी, रेवती तथा कृत्तिका नक्षत्र हों तो इसे पूर्णयोग की संज्ञा दी गयी है।

बुधवासरेसुरेज्येन्दुधातृवह्नित्रिरुत्तराः ।
हस्तत्रयानिलास्ताराः शंखयोगाः प्रकीर्तिताः।।१४।।

मञ्जुमती टीका : बुधवार के दिन मूल, पुष्य, मृगशिरा, रोहिणी, कृत्तिका तथा तीनों उत्तरा एवं हस्त, चित्रा, स्वाती तथा पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र होने पर इसे शंखनामक योग कहा गया है।

गुरुवारेऽदितीज्यार्कत्रयमित्रांत्यतारकाः ।
श्रवणत्रयमित्येते योगाश्चामृतसंज्ञकाः।।१५।।

मञ्जुमती टीका : गुरुवार के दिन पुनर्वसु, हस्त, चित्रा, स्वाती, अनुराधा तथा रेवती एवं श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा इन नक्षत्रों का जब योग हो तो इसे अमृतसंज्ञक कहा गया है।

रेवतीद्वयहस्तेन्दुधातृमित्रत्रिरुत्तराः ।
शुक्रवारेण संयुक्ताः पद्मयोगाः प्रकीर्तिताः।।१६।।

मञ्जुमती टीका : शुक्रवार के दिन जब रेवती, अश्विनी, हस्त, मृगशिरा, रोहिणी, अनुराधा तथा तीनों उत्तरा युक्त हो तो इसे पद्मयोग कहा गया है।

रोहिणीद्वयपुष्येन्द्रविष्णुत्रयमघोत्तराः ।
शनिवारेण संयुक्ता योगाश्चानन्दसंज्ञकाः।।१७।।

मञ्जुमती टीका : शनिवार के दिन यदि रोहिणी, मृगशिरा, पुष्य, ज्येष्ठा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, मघा तथा उत्तरा आदि नक्षत्र हों तो आनन्दसंज्ञक योग होता है।

हस्तेन्दुदस्रामित्रेज्यपौष्णपद्मजतारकाः ।
आदित्यादिषु वारेषु सिद्धियोगाः क्रमादमी।।१८।।

मञ्जुमती टीका : क्रमशः हस्त, मृगशिरा, अश्विनी, अनुराधा, पुष्य, अश्विनी तथा मृगशिरा ये सातों नक्षत्र जब क्रम से रविवार आदि सातों दिनों से युक्त होते हैं तो सिद्धनामक योग होता है।

मूलहर्य्युत्तराभाद्रकृत्तिकादित्रयः क्रमात्।
भाग्यानिलाख्याः पीयूषयोगा वारेष्विनादिषु।।१९।।

मञ्जुमती टीका : मूल, श्रवण, उत्तरा भादप्रद, कृत्तिका, पूर्वा फाल्गुनी, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र ये क्रमशः रविवार आदि के दिनों में क्रमशः संयोग करें तो इसे पीयूष नामक योग कहा गया है।

स्वतुंगस्वांशगो जीवो यदि लग्नसमन्वितः।
बलवान्वीक्षयेद्वापि योगः कपिलसंज्ञकः।।२०।।

मञ्जुमती टीका : अपने उच्च तथा अपने नवांश में होकर यदि बृहस्पति लग्न में स्थित में हो अथवा बलवान होकर लग्न को देख रहे हों तो कपिल संज्ञक योग होता है।

परमोच्चगतो जीवो वीक्षयेद्वा विलग्नगः।
समुद्रयोगो विज्ञेयो योगराड्बलसंयुतः।।२१।।

मञ्जुमती टीका : बृहस्पति यदि अपने परम् उच्च राशि में जाकर लग्न में स्थित हो अथवा लग्न को देखे तो इसे सम्पूर्ण योगों में श्रेष्ठ बलवान समुद्र

योग से जानना चाहिए।

लग्नमालोकयेज्जीवस्त्वथवा लग्नगो बली।
वापीयोगः स विज्ञेयस्त्वधिमित्रगृहस्थितः।।२२।।

मञ्जुमती टीका : यदि गुरु बलवान होकर लग्न में स्थित हो अथवा बलवान होकर लग्न को देखें तो अथवा अपने अधिमित्र के घर में हों तो इसे वापी नामक योग से जानना चाहिए।

वीक्षयेत्संयुतो वापि लग्नं देवेन्द्रपूजितः।
स्वधिमित्रभभागस्थः स योगो मुसलाह्वयः।।२३।।

मञ्जुमती टीका : लग्न में यदि देवगुरु बृहस्पति स्थित हो या लग्न को देखें अथवा अपने अधिमित्र के भाग में स्थित हो जायें तो यह मूसल नामक योग होता है।

मित्रराशिगतो जीवो वीक्षयेद्वा विलग्नगः।
वियद्योगः स विज्ञेयः कमलासनचोदितः।।२४।।

मञ्जुमती टीका : मित्र राशि में गया हुआ गुरु यदि लग्न में स्थित हो अथवा लग्न को देख रहा हो तो इसे वियद नामक योग से जानना चाहिए। इसे ब्रह्माजी ने कहा है।

गुरुर्बली स्वलग्नस्थो वीक्षयेद्वा विलग्नगः।
पुण्डरीको महायोगः सर्वदा योगनायकः।।२५।।

मञ्जुमती टीका : गुरु बलवान होकर अपने लग्न में स्थित हो अथवा लग्न को देखें यह पुण्डरीक नामक योग होता है। ये सभी योगों का सर्वदा स्वामी कहा गया है।

शुभवर्गस्थितो जीवः सुबली सौम्यवीक्षितः।
गुणशेखरसंज्ञोऽयं योगो वा केवलं बली।।२६।।

मञ्जुमती टीका : शुभवर्ग में स्थित बृहस्पति बलवान होकर यदि शुभग्रह द्वारा देखा जा रहा हो तो इसे गुणशेखर नामक योग से जाना जाता है। अथवा केवल बली होने पर भी गुणशेखर योग होता है।

एवं शुक्रोऽपि सौम्योऽपि गुरुवद्योगकारकौ।
ग्रन्थविस्तारभीत्याथ त्वेवं संक्षिप्य चोदितम्।।२७।।

मञ्जुमती टीका : इसी प्रकार शुक्र भी अथवा बुध भी गुरु की तरह योगकारक होते हैं। इनके योगों से पुस्तक का विस्तार हो जायेगा। इस डर से केवल संक्षेप में ही कहा जा रहा है।

वर्गोत्तमगतो जीवः शुक्रो वा चन्द्रजोऽपि वा।
गुणधूर्जटिसंज्ञोऽयं यदा ते बलिनस्तदा।।२८।।

मञ्जुमती टीका : अपने-अपने वर्गोत्तम में यदि बृहस्पति, शुक्र अथवा बुध स्थित हो और बली भी हों तो इसे गुणधूर्जटी नामक योग कहा गया है।

बलिनः केन्द्रगाः सौम्या भवन्ति च यदा तदा।
गुणभास्करसंज्ञोऽयं यदि वा लाभसंस्थिताः।।२९।।

मञ्जुमती टीका : बलवान होकर शुभग्रह यदि केन्द्र में स्थित हों अथवा जब कभी लाभ स्थान में भी स्थित हों तो इसे गुणभास्कर संज्ञक योग कहा गया है।

त्रिकोणगा यदा सौम्याः सहोत्थधनगाऽथवा।
गुणकौस्तुभसंज्ञोऽयं यदि ते बलवत्तराः।।३०।।

मञ्जुमती टीका : जब शुभग्रह त्रिकोण स्थान में गये हों और तीसरे अथवा दूसरे स्थान में बलवान होकर यदि वे स्थित हों तो इसे गुणकौस्तुभ संज्ञक योग कहते है।

वर्गोत्तमगतश्चन्द्रो बलवाञ्छुभवीक्षितः।
लग्नमेवंविधं चेद्वा गुणानां चन्द्रशेखरः।।३१।।

मञ्जुमती टीका : यदि अपने वर्गोत्तम में चन्द्रमा बलवान होकर स्थित हो अथवा शुभ ग्रह से देखा जाता हो अथवा इसी प्रकार से लग्न में बलवान

होकर स्थित हो तो इसे चन्द्रशेखर नामक योग कहा गया है। यह सम्पूर्ण गुणों में श्रेष्ठ होता है।

त्रिषष्ठलाभगाः पापा बलिनः शुभवीक्षिताः।
भवन्ति यदि योगोऽयं श्रीवत्सो योगराट्प्रभुः।।३२।।

मञ्जुमती टीका : तीसरे, छठें या लाभ स्थान में बली होकर पापग्रह स्थित हों और शुभग्रह से देखे जाते हों तो यह सम्पूर्ण योगों का स्वामी श्रेष्ठ श्रीवत्स नामक योग होता है।

उच्चस्थो लाभगः सूर्यः षष्ठगो वा तृतीयगः।
यदि स्यात्सिंहयोगोऽयं तुंगांशस्थोऽपि वा यदि।।३३।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य यदि उच्च राशि का होकर लाभ स्थान, छठें, अथवा तीसरें स्थान में गया हों अथवा अपने परमोंच्च स्थान में स्थित हो तो सिंह नामक योग कहा गया है।

अधिमित्रगृहस्थो वा मित्रराशिगतोऽपि वा।
गुणशार्दूलसंज्ञोऽयं ब्रह्मणा कथितः पुरा।।३४।।

मञ्जुमती टीका : अपने अधिमित्र के घर स्थित होकर अथवा मित्र राशि में स्थित होकर कोई ग्रह स्थित हो तो इसे प्राचीन काल में ब्रह्माजी ने गुणशार्दूल नामक योग कहा है।

स्वतुंगस्थः कुजः सौम्यवीक्षितो लाभगो यदि।
दुश्चिक्यस्थो रिपुस्थो वा गुणानामिन्द्रसंज्ञकः।।३५।।

मञ्जुमती टीका : अपने उच्च राशि में स्थित मङ्गल लाभ स्थान में स्थित हों अथवा तीसरें स्थान में स्थित हो अथवा शत्रु स्थान में स्थित हो और शुभग्रह से देखा जाता हो तो गुणों में इसे इन्द्रसंज्ञक योग कहा गया है।

शनिः स्वतुंगगः सौम्यवीक्षितो लाभसंस्थितः।
तृतीयगः षष्ठगो वा गुणानां रत्नमालिका।।३६।।

मञ्जुमती टीका : शनि अपने उच्च राशि में जाकर लाभ स्थान तीसरें अथवा छठें स्थान मे स्थित हो और शुभग्रह से देखा जाता हो तो गुणों में इसे

रत्नमालिका नामक योग कहा गया है।

अधिमित्रस्वराशिस्थावथवा मित्रराशिगौ।
कुजार्कौ भवतो यत्र गुणो मकरतो भुवि।।३७।।

मञ्जुमती टीका : अपने अधिमित्र के घर में, अपने राशि में स्थित अथवा मित्र राशि में गये हुए मङ्गल एवं शनि, यदि स्थित हो तो इसे गुणों में पृथ्वी पर मकर नाम से कहा गया है।

स्वतुंगगः शशी यत्र लाभसंस्थो यदा भवेत्।
अधिमित्रगृहस्थो वा गुणानां निर्मलो मणिः।।३८।।

मञ्जुमती टीका : अपने उच्च राशि में गया हुआ चन्द्रमा जब लाभ स्थान में स्थित हो, अधिमित्र के घर में स्थित हो तो गुणों में इसे निर्मल मणि के नाम से कहा गया है।

चन्द्रार्कौ लाभगौ यत्र भवतौ यदि केवलम्।
गुणार्णवो महायोगो जनानामिष्टसिद्धिदः।।३९।।

मञ्जुमती टीका : जहां चन्द्रमा एवं सूर्य केवल लाभ स्थान में गये हों तो यह योग गुणार्णव नामक महायोग है। यह लोगों को अपने इष्ट की सिद्धि दिलाता है अर्थात् अभीष्ट वस्तुओं का लाभ कराता है।

धर्मकर्मद्वित्रिसंस्थः शशी यत्र भवेद्यदि।
सुदर्शनो महायोगो दोषासुरविनाशनः।।४०।।

मञ्जुमती टीका : धर्म, कर्म अर्थात् नवम एवं दशम स्थान में अथवा दूसरे तीसरें स्थान में यदि चन्द्रमा स्थित हो तो इसे सुदर्शन नामक महायोग कहा गया है। यह योग दोषरूपी राक्षसों का विनाश कर देता है।

लाभस्थितो यदा सूर्य्यश्चन्द्रो वाप्येक एव सः।
गुणसागरयोगोऽयं यदा भवति चेद्बली।।४१।।

मञ्जुमती टीका : लाभ स्थान में सूर्य एवं चन्द्रमा में से कोई एक बली स्थित होकर इसे गुणसागर नामक योग कहा गया है।

स्ववर्गस्थः शशी यत्र लग्नात्पञ्चमगो भवेत्।
पुण्ययोगः स विज्ञेयो गुरुर्वा यदि वा बुधः।।४२।।

मञ्जुमती टीका : अपने वर्ग में स्थित चन्द्रमा जब लग्न में पांचवें स्थान में हो तो इसे पुण्ययोग नाम से जानना चाहिए। और यह योग इसी प्रकार गुरु या बुध के होने पर भी बनता है।

नन्दाभौमार्कयोर्भद्रा शुक्रेन्द्वोश्च जया बुधे।
शुभयोगा गुरौ रिक्ता पूर्णा मन्देऽमृताह्वया।।४३।।

मञ्जुमती टीका : नन्दा तिथि मङ्गल और सूर्यवार से, भद्रा तिथि शुक्र और चन्द्रवार से तथा जया तिथि बुधवार से, रिक्ता तिथि गुरुवार से, तथा पूर्णा तिथि शनिवार से योग करने पर अमृतनामक शुभयोग देने वाली होती है।

शुक्रज्ञकुजमन्देज्यवारा नन्दादिषु क्रमात्।
सिद्धा तिथिः सिद्धिदा स्यात्सर्वकालेषु सर्वदा।।४४।।

मञ्जुमती टीका : शुक, बुध, मङ्गल, शनि, बृहस्पति के वार यदि क्रमशः नन्दा आदि तिथियों से युक्त हों तो इसे सिद्धा तिथि कहा जाता है। यह सभी कालों में सर्वदा सिद्धि देने वाली होती है।

पुष्यस्याद्यद्वितीयांशसंस्थितौ चन्द्रवाक्पती।
विजयो नाम योगोऽयं समरे विजयप्रदः।।४५।।

मञ्जुमती टीका : पुष्य नक्षत्र के प्रथम एवं द्वितीय चरण में यदि चन्द्रमा एवं बृहस्पति स्थित हो तो इसे विजय नामक योग कहा गया है। यह सदैव युद्ध में विजय प्रदान करता है।

परमोच्चगतोऽप्येको जीवो वाज्ञः सितोऽपि वा।
ब्रह्मदण्डो महायोगः सर्वदोषविनाशकृत्।।४६।।

मञ्जुमती टीका : अपने परमोच्च राशि में गये हुए अकेले बृह बुध अथवा शुक्र स्थित हों तो ब्रह्मदण्ड नामक महायोग कहा गया है। ये दोषों का विनाश कर देता है।

स्वतुंगांशस्थिताः सौम्या येषु केषु च राशिषु।
कामधेनुरयं योगः चन्द्रो वा वृषभांशगः।।४७।।

मञ्जुमती टीका : अपने उच्च अंश में स्थित शुभग्रह जिस किसी भी राशि में स्थित हो अथवा चन्द्रमा वृष राशि के अपने उच्चांश में गया हो तो कामधेनु नामक योग कहा गया है।

मूलत्रिकोणगाः सौम्या भवन्ति यदि वा शशी।
प्रभंजनो महायोगस्त्वथवापि तदंशगाः।।४८।।

मञ्जुमती टीका : अपने मूल त्रिकोण राशि में शुभग्रह अथवा चन्द्रमा गये हों तो अथवा अपने मूल त्रिकोण के अंश में स्थित हों तो प्रभंजन नामक योग कहा गया है।

मूलत्रिकोणगाः पापास्त्रिषष्ठायगता यदि।
इन्द्रदण्डो महायोगस्तदंशकगता अपि।।४९।।

मञ्जुमती टीका : मूल त्रिकोण में गये हुए पापग्रह यदि तीसरें, छठें अथवा लाभ स्थान में स्थित हों अथवा मूल त्रिकोण के अंश में स्थित होकर इन स्थानों में स्थित हो तो इसे इन्द्रदण्ड नामक महायोग कहा गया है।

चन्द्रः शुभांशको यत्र भवेच्छुभनिरीक्षतः।
रुद्रदण्डो महायोगो दोषतूलप्रभंजनः।।५०।।

मञ्जुमती टीका : शुभ अंश में स्थित चन्द्रमा जब शुभग्रह के द्वारा देखा जाता हो तो इसे रूद्रनामक महायोग कहते हैं। ये सम्पूर्ण योग रूई रूपी दोष के लिए वायु है। अर्थात् जैसे वायु रूई को उड़ा ले जाता है वैसे ये दोषों को नष्ट कर देता है।

मुहूर्तश्चाष्टमः शश्वदभिजिद्योगसंज्ञकः।
गुणानामधिपः सोऽपि मध्यं दिनगते रवौ।।५१।।

मञ्जुमती टीका : दिन के मुहूर्तों में आठवां सदैव अभिजित् संज्ञक मुहूर्त कहा गया है। यह सूर्य के दिन में मध्य आकाश में आने पर होता है और यह सम्पूर्ण गुणों का स्वामी है।

उक्तं निरूपणं सम्यगगुणानामथ सांप्रतम्।
पितामहोक्तमार्गेण वक्ष्ये दोषनिरूपणम्।।५२।

मञ्जुमती टीका : ठीक ढंग से गुणों के निरूपण को कहा गया है। इस समय ब्रह्मा के द्वारा कहे गये रास्ते के अनुसार दोषों के निरूपण को कहेगें।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
गुणनिरूपणाध्याय एकचत्वारिंशः।।४१।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में गुणनिरूपणाध्याय नामक बयालिसवें अध्याय का हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथ दोषनिरूपणाध्यायः ४२।

द्विदैवजलवस्वन्त्यब्रह्मेज्यार्यमतारकाः ।
उत्पातयोगा विज्ञेया भानुवारादिषु क्रमात्।।१।।

मञ्जुमती टीका : विशाखा, पूर्वाषाढ़ा, धनिष्ठा, रेवती, रोहिणी, पुष्य, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र यदि क्रमशः रविवार आदि दिनों के क्रम से आवें तो इन्हें उत्पात योग जानना चाहिए।

मैत्रविश्वाम्बुवाय्विन्दुसार्पसूर्याख्यातारकाः ।
मृत्युयोगा मृत्युकराः सूर्यवारादिषु क्रमात्।।२।।

मञ्जुमती टीका : अनुराधा, उत्तराषाढ़ा, पूर्वाषाढ़ा, स्वाती, मृगशिरा, श्लेषा, हस्त, ये नक्षत्र जब क्रमशः रविवार आदि दिनों में आवें तो इन्हें मृत्युयोग कहते है। तो ये मृत्यु देने वालें होतें है।

ब्रह्मेज्यार्यमवैशाखहरिवस्वन्त्यभेषु च।
नन्दायामर्कवारादिष्वन्धयोगाः प्रकीर्तिताः।।३।।

मञ्जुमती टीका : रोहिणी, पुष्य, उत्तरा फाल्गुनी, विशाखा, श्रवण, धनिष्ठा तथा रेवता इन नक्षत्रों में नन्दा तिथियों तथा रविवार आदि का योग होने पर अन्ध नामक योग कहा गया है।।

रुद्रसार्पाम्बुनैर्ऋत्यपितृभाग्याग्निभेषु च।
भद्रातिथौ काणयोगाः सूर्यवारादिषु क्रमात्।।४।।

मञ्जुमती टीका : आर्द्रा, श्लेषा, पूर्वाषाढ़ा, मूल, मघा, पूर्वा फाल्गुनी तथा कृत्तिका नक्षत्रों में भद्रा तिथि हो और रविवार आदि वार हों तो काणयोग होता है।

द्विदैवरौद्रमूलेन्द्रवारिविश्वपित्रुडुषु ।
जयासु पङ्गुयोगाः स्युरर्कवारादिषु क्रमात्।।५।।

मञ्जुमती टीका : विशाखा, आर्द्रा, मूल, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा तथा मघा नक्षत्रों में यदि जया नामक तिथि हो तो क्रमशः रविवार आदि वार हों तो इसे पङ्गुयोग कहा गया है।

अजपात्पितृवह्नीशत्वाष्ट्रमित्रवसूडुषु ।
रिक्तासु बधिरा योगाः सूर्यवारादिषु क्रमात्।।६।।

मञ्जुमती टीका : पूर्वा भाद्रपद, मघा, कृत्तिका आर्द्रा, चित्रा, अनुराधा तथा धनिष्ठा नक्षत्रों में यदि रिक्ता तिथियां हो तो क्रमशः रविवार आदि वार हों तो इसे वधिर नामक योग कहा है।

उद्वाहादिषु सर्वेषु मङ्गलेष्वपि निन्दिताः।
एते स्युः षड्विधा योगाः स्वनामफलदायकाः।।७।।

मञ्जुमती टीका : विवाह आदि सभी मङ्गल कार्यों में ये योग निन्दित कहे गये हैं। ये सभी योग छः प्रकार के होते हैं। और अपने नाम के अनुसार फल देते हैं।

द्वादश्येकादशीनागगौरीस्कन्दवसुष्वपि ।
नवम्यां दग्धयोगाख्या भानुवारादितः क्रमात्।।८।।

मञ्जुमती टीका : द्वादशी, एकादशी, पञ्चमी, तृतीया, षष्ठी, अष्टमी तथा नवमी तिथियों में क्रमशः रविवार आदि के दिन होने से दग्ध योग वाली कही गयीं हैं।

भरणीचित्रविश्वाख्यवस्वर्यमनगारिषु ।
पौष्णभेष्वर्कवारादिष्वर्कादिग्रहजन्मभम् ।।९।।

मञ्जुमती टीका : भरणी, चित्रा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, उत्तरा फाल्गुनी, ज्येष्ठा, रेवती नक्षत्रों में रविवार आदि क्रम से सूर्यादि ग्रहों का जन्म नक्षत्र जानना चाहिए।

अस्मिन्योगद्वये यत्तत्कृतं कर्म विनश्यति।
तस्माद्योगद्वयं त्याज्यं मङ्गलेष्वपि सर्वदा।।१०।।

मञ्जुमती टीका : इन दो योगों में जो भी कर्म किए जाते हैं वे सभी नष्ट हो जाते हैं। इसलिए सदैव मङ्गल आदि कार्यों में इन दोनों योगों का त्याग करना चाहिए।

कुजार्क्योः सप्तमी षष्ठी चन्द्रे भानौ चतुर्थिका।
द्वितीया ज्ञेऽष्टमी जीवे नवमी शुक्रवासरे।।११।।

मञ्जुमती टीका : मङ्गल एवं शनि, सप्तमी एवं षष्ठी तिथि में, चन्द्रमा एवं सूर्य चतुर्थी तिथि में, बुध द्वितीया तिथि में, गुरु अष्टमी में तथा नवमी में शुक्रवार को।

अचिकित्सागदा योगा मङ्गलेष्वपि निंदिताः।
भगन्दराश्मरीकुष्ठक्षयरोगप्रदायकाः ।।१२।।

मञ्जुमती टीका : चिकित्सा रोग के लिए यह योग तथा मङ्गलकारी कार्यों में निन्दित कहे गये है। इन योगों में चिकित्सा में भगन्दर, पथरी, कोढ़ तथा क्षय आदि रोग देने वाले होते हैं।

लग्नात्षष्ठाष्टसंस्थे शशिनि सुरगुरौ चापि मन्दे सुतस्थे।
भौमे रंध्रस्थितेऽर्के व्ययभवनगते मृत्युगे चन्द्रसूनौ।
द्यूनस्थे दैत्यपूज्ये सति निखिलनृणां मृत्युयोगा भवन्ति।
त्याज्या दावाग्निरूपा सततमवितथं मृत्युदा मङ्गलेषु।।१३।।

मञ्जुमती टीका : लग्न से छठें या आठवें स्थित चन्द्रमा, बृहस्पति के साथ स्थित हो तो तथा शनि पाचंवें स्थान में स्थित हो, मङ्गल अष्टम स्थान में स्थित हो, सूर्य बारहवें स्थान में गये हों तथा बुध मृत्यु भाव में स्थित हों, शुक्र सप्तम स्थान में स्थित हों, तो यह सम्पूर्ण मनुष्यों के लिए मृत्युयोग होता है। इसकों दावाग्नि रूप में मानकर हमेशा त्याग देना चाहिए। यह मङ्गल कार्यों में असत्य एवं मृत्यु देने वाला होता है।

सप्तषष्ठ्यादितिथयः सोमवारादिभिर्युताः।
अग्निजिह्वाः सप्त योगा मङ्गले कुलनाशदाः।।१४।।

मञ्जुमती टीका : सप्तमी एवं षष्ठी आदि तिथियाँ सोमवार और मङ्गलवार से युत हों। तो इसे अग्निजिह्वा नामक सप्तयोग कहा गया है। यह मङ्गल कार्यों

में सदैव कुल का नाश करने वाली होता है।

भानुवारादिभिर्युक्तास्त्वेताः स्युस्तिथयो यदा।
विषयोगास्त्वमी सप्त कालकूटविषोपमाः।।१५।।

मञ्जुमती टीका : जब ये तिथियों रविवार आदि दिनों से युक्त होती है। तो यह विषयोग नाम से कही जाती हैं। ये सातों की उपमा कालकूट नामक विष से दी गयी है।

घटिकाद्वयमृक्षान्ते मासान्ते तु दिनत्रयम्।
वर्षान्ते वर्जयेत्पक्षं ग्रहणे दिनसप्तकम्।।१६।।

मञ्जुमती टीका : नक्षत्र के अन्त की दो घड़ी, मास के अन्त के तीन दिन तथा वर्ष के अन्त का एक पक्ष तथा ग्रहण में सात दिन त्याग देना चाहिए।

ऋक्षान्ते पुत्रनाशः स्यान्मासान्ते तु धनक्षयः।
वर्षान्ते वर्गनाशः स्याद्ग्रहणे सर्वनाशनम्।।१७।।

मञ्जुमती टीका : नक्षत्र का अन्त, पुत्र का नाश करता है। मास का अन्त, धन का क्षय करता है, वर्ष का अन्त वर्ग का नाश करता है। जबकि ग्रहण सभी कुछ नाश कर देता है।

पश्चादुपप्लवादेव दोषः स्यान्नैव पूर्वतः।
गृहदाहादयो दोषा यथा स्युर्दहनात्परम्।।१८।।

मञ्जुमती टीका : यदि भूकम्प आदि उत्पात पहले हो जायें तो उपर्युक्त दोष नहीं होते किन्तु बाद में होने पर यह दोष होता है। जैसे गृहदाह आदि दोष जलनें के उपरान्त ही माने जाते हैं।

प्रतिपद्बुधवारे च सूर्यवारे च सप्तमी।
महाशूलाह्वयो योगो वर्जनीयो शुभे सदा।।१९।।

मञ्जुमती टीका : प्रतिपदा तिथि बुधवार के दिन को और रविवार के दिन सप्तमी तिथि को। इसे महाशूल नामक योग कहा गया है। इसे सभी शुभ कार्यों में त्याग देना चाहिए।

त्रिपूर्वावह्निरौद्राहियाम्यपौरन्दरेन्दुषु ।
पापवारेषु युक्तेषु दुष्टयोगाः प्रकीर्तिताः।।२०।।

मञ्जुमती टीका : तीनों पूर्वा, कृत्तिका आर्द्रा, श्लेषा, भरणी तथा ज्येष्ठा नक्षत्रों में यदि पापग्रहों के दिन हों तो इसे दुष्टयोग कहा गया है।

दुष्टयोगे वृतं कर्म त्वचिरादेव नश्यति।
तस्माच्छुभेषु कार्येषु वर्जनीयाः प्रयत्नतः।।२१।।

मञ्जुमती टीका : दुष्टयोग में किया गया शीघ्र ही नष्ट हो जाता है। इसलिए शुभ कार्यों को इसमें प्रयत्नपूर्वक त्याग देना चाहिए।

जीवस्थानात्तु शीतांशुर्निधनान्त्यारिसंस्थितः।
योगोऽयं संकटो नाम शोभने निधनप्रदः।।२२।।

मञ्जुमती टीका : बृहस्पति के स्थान से चन्द्रमा यदि आठवें, बारहवें अथवा शुत्र स्थान में स्थित हो तो यह योग संकट नाम का होता है। यह सदैव शुभ काम में मृत्यु देने वाला होता है।

यममैत्रादितिभाजपाद्रुद्रत्वाष्ट्रविष्णुषु ।
सत्स्वर्कादिषु वारेषु मृत्युदस्त्वशनिः शुभे।।२३।।

मञ्जुमती टीका : भरणी, अनुराधा, पुनर्वसु, पूर्वाभाद्रपद, आर्द्रा, चित्रा और श्रवण नक्षत्रों में सूर्य आदि वारों के होने पर अशनि नामक योग होता है। यह सदैव शुभ कार्यों में मृत्यु देने वाला होता है।

यदा वक्रौ गुरुसितौ परस्परनिरीक्षितौ।
सप्तमस्थौ तदा दोषः साक्षातस्तमयः समः।।२४।।

मञ्जुमती टीका : जब गुरु और शुक्र वक्री होकर एक दूसरे को देखें, एक दूसरे से सातवे स्थान में स्थित हों तो यह दोष साक्षात् प्रलयकाल के समान होता है।

दिवसस्याष्टमे भागे वारेशाद्याः क्रमाद्ग्रहाः।
शन्यंशः कुलिको दोषो वारेशः पुनरष्टमः।।२५।।

मञ्जुमती टीका : दिन के आठवें भाग में वारेश आदि ग्रह क्रमशः शनि के अंश से कुलिक दोष तथा पुनः आठवां वारेश दोष।

मृगेन्द्रसंस्थिते जीवे मध्यदेशे करग्रहे।
मृत्युयोगो मृत्युदः स्याद्दंपत्योः पञ्चवर्षतः।।२६।।

मञ्जुमती टीका : सिंह राशि में बृहस्पति के स्थित होने पर मध्य देश में विवाह करना मृत्युयोग नाम से कहा गया है। यह दम्पत्ति के लिए पांच वर्ष के भीतर मृत्यु देने वाला कहा गया है।

सिंहे सिंहांशके जीवे कलिंगे गौडगुर्ज्जरे।
कालमृत्युरयं योगो दंपत्योर्निधनप्रदः।।२७।।

मञ्जुमती टीका : सिंह राशि और सिंह के नवांश में यदि बृहस्पति स्थित हो तो कलिङ्ग देश गौड़ और गुर्जर देश में यह योग कालमृत्यु नाम से जाना जाता है। यह दम्पत्ति के लिए मरण देने वाला होता है।

मृगेन्द्रमध्यमांशस्थे जीवे योगोऽशनिस्त्वयम्।
गौतमीयाम्यभागे तु दम्पत्योर्निधनप्रदः।।२८।।

मञ्जुमती टीका : सिंह राशि के बीच वाले अंश में जब गुरु विद्यमान हों तो इसे अशनि नामक योग कहा गया है। यह गौतमी अर्थात् गोदावरी के दाहिने तट पर सभी वर्णों के दम्पत्तियों (जिनका इसी बीच में विवाह हुआ हो) उनका इसी बीच मृत्यु हो जाती है।

योगत्रयं वर्जनीयं चोक्तदेशेषु सर्वदा।
उद्वाहेष्यन्यदेशेषु चात्यर्थं मङ्गलप्रदम्।।२९।।

मञ्जुमती टीका : उपर्युक्त देशों में सर्वदा इन तीन योगों को त्याग देना चाहिए। किन्तु विवाह अन्य देशों में अत्यधिक मङ्गल देने वालें होते हैं।

अर्कवारेऽग्निपञ्चम्योः सोमे चित्राद्वितीययोः।
कुजे पूर्णेन्दुरोहिण्योः सप्तमीयाम्ययोर्बुधे।।३०।।

मञ्जुमती टीका : रविवार के दिन कृत्तिका नक्षत्र एवं पञ्चमी तिथि हो, सोमवार के दिन चित्रा नक्षत्र एवं द्वितीया तिथि हो, मङ्गलवार के दिन रोहिणी

नक्षत्र एवं पूर्णिमा तिथि हो, बुधवार के दिन भरणी नक्षत्र एवं सप्तमी तिथि हो।

गुरौ मित्रत्रयोदश्योः षष्ठश्रवणयोः सिते।
पौष्णाष्टम्यां शनियुते योगा हालाहलाभिधाः।।३१।।

मञ्जुमती टीका : गुरुवार के दिन अनुराधा नक्षत्र एवं त्रयोदशी तिथि हो, शुक्रवार के दिन श्रवण नक्षत्र एवं षष्ठी तिथि हो, शनिवार के दिन रेवती नक्षत्र एवं अष्टमी तिथि हो तो ये सभी हालाहल नामक योग कहे गये हैं।

एषु योगेषु कर्तव्यं मारणं शत्रुसंज्ञके।
विवाहादिषु कार्येषु नियतं निधनप्रदम्।।३२।।

मञ्जुमती टीका : इन योगों में शत्रु के लिए मारण प्रयोग करना चाहिए। जबकि इन योगों में विवाह आदि करने से निश्चित ही मृत्यु हो जाती है।

प्रतिपद्यम्बुनक्षत्रे पञ्चम्यां वह्निभे सति।
अष्टम्यामजपाद्धिष्ण्ये दशम्यां ब्रह्मभे यदि।।३३।।

मञ्जुमती टीका : प्रतिपदा तिथि को पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र हो, पञ्चमी तिथि को कृत्तिका नक्षत्र हो, अष्टमी को पूर्वाभाद्रपर नक्षत्र हो, दशमी को रोहिणी नक्षत्र हों।

द्वादश्यां सार्पनक्षत्रे त्रयोदश्यर्यमर्क्षयोः।
नक्षत्रलाञ्छितो योगो देवानामपि नाशदः।।३४।।

मञ्जुमती टीका : द्वादशी को आश्लेषा नक्षत्रहो,और त्रयोदशी को उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र हो। तो इन योगों को नक्षत्र लाञ्छित योग कहा गया है। ये देवताओं का भी नाश करने वाला होता है।

चतुर्दशी चतुर्थी च अष्टमी नवमी तथा।
षष्ठी च द्वादशी चैव पक्षच्छिद्राह्वयाः क्रमात्।।३५।।

मञ्जुमती टीका : चतुर्दशी, चतुर्थी, अष्टमी, नवमी, षष्ठी और द्वादशी तिथियां क्रमशः पक्ष छिद्र नाम से कही गयी हैं।

क्रमादेतासु तिथिषु वर्जनीयाश्च नाडिकाः।
भूताष्टमनुतत्वांकदश शेषास्तु शोभनाः।।३६।।

मञ्जुमती टीका : इन तिथियों में क्रमशः पांच, आठ, चौदह, पांच, नौ, दस नाड़ियों का सदैव त्याग करना चाहिए। जबकि शेष नाड़ी शुभद होती है।

दोषनाडीषु यत्कर्म शुभं सर्वं विनश्यति।
विवाहे विधवा नारी व्रात्यः स्याच्चोपनायने।।३७।।

मञ्जुमती टीका : दोष वाली नाड़ियों में जो शुभाशुभ कर्म किये जाते हैं। वे सबका विनाश कर देती हैं। विवाह करने पर स्त्री विधवा हो जाती है जबकि उपनयन संस्कार करने पर वटु व्रात्य हो जाता है।

सीमन्ते गर्भनाशः स्यात्प्राशने मरणं ध्रुवम्।
अग्निना दह्यते क्षिप्रं गृहारम्भे विशेषतः।।३८।।

मञ्जुमती टीका : सीमन्तोनयन संस्कार करने पर गर्भ का नाश हो जाता है। और अन्नप्राशन संस्कार करने पर निश्चित ही मृत्यु हो जाती है। और यदि इन नाड़ियों में गृहारम्भ किया जाय तो विशेष रूप से वह गृह शीघ्र से अग्नि के द्वारा जल जाता हैं।

राजराष्ट्रविनाशः स्यात्प्रतिष्ठायां न संशयः।
किमत्र बहुनोक्तेन कृतं कर्म विनश्यति।।३९।।

मञ्जुमती टीका : यदि प्रतिष्ठा किया जाय तो राज्य और राष्ट्र का विनाश हो जाता है इसमें सन्देह नहीं है। इस विषय में बहुत अधिक क्या कहा जायें, जो भी कर्म होते है वे नाश को प्राप्त हो जाते है।

द्विदैवमित्रचान्द्रेन्द्रवह्निसार्पभतारकाः।
रविवारेण संयुक्ता वर्जनीयाः प्रयत्नतः।।४०।।

मञ्जुमती टीका : विशाखा, अनुराधा, मृगशिरा, ज्येष्ठा, कृत्तिका तथा आश्लेषा नक्षत्र यदि रविवार से युक्त हो तो प्रयत्नपूर्वक सभी कार्यों में इनका त्याग करना चाहिए।

आषाढद्वयवह्नीज्यद्विदैवपितृतारकाः।
सोमवारेण संयुक्ताः शुभकर्मविनाशदाः।।४१।।

मञ्जुमती टीका : दोनों आषाढ़ा कृत्तिका पुष्य, विशाखा, मघा इन नक्षत्रों

में यदि सोमवार हों तो सभी शुभ कार्यों को नाश करने वाला होता है।

ज्येष्ठाजपादश्रवणधनिष्ठार्द्राहितोयपाः ।
भौमवारेण संयुक्ताः सर्वमङ्गलनाशदाः।।४२।।

मञ्जुमती टीका : ज्येष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, श्रवण, धनिष्ठा, आर्द्रा, आश्लेषा तथा शतभिषा इन नक्षत्रों में यदि मङ्गलवार हो तो सम्पूर्ण माङ्गलिक कृत्यों का नाश करने वाला होता है।

अश्विनीभरणीमूलपौष्णवस्वार्द्रतारकाः ।
बुधवारेण संयुक्ताः सर्वशोभननाशदाः।।४३।।

मञ्जुमती टीका : अश्विनी, भरणी, मूल, रेवती, धनिष्ठा तथा आर्द्रा इन नक्षत्रों के दिन यदि बुधवार तो सभी शुभ कामों का नाश करने वाले होता है।

अर्यमारोहिणीत्वाष्ट्रधातृचन्द्राख्यतारकाः ।
गुरुवारेण संयुक्ताः शोभने निधनप्रदाः।।४४।।

मञ्जुमती टीका : उत्तरा फाल्गुनी, रोहिणी, चित्रा, श्रवण एवं मृगशिरा नक्षत्रों में यदि गुरुवार हो तो वह सभी शुभ कार्यो में मृत्यु देने वाला होता है।

सार्पद्विदैवमित्रेन्दुरोहिणीपितृतारकाः ।
शुक्रवारेण संयुक्ता वर्जनीयाश्च मङ्गले।।४५।।

मञ्जुमती टीका : आश्लेषा, विशाखा, अनुराधा, मृगशिरा, रोहिणी तथा मघा नक्षत्र यदि शुक्रवार के दिन पड़ रहे हों तो इन्हें सभी माङ्गलिक कार्यों में त्याग देना चाहिए।

उत्तराफाल्गुनीपौष्णभेज्यादित्यार्कवैष्णवाः ।
शनिवारेण संयुक्ताः सर्वशोभनगर्हिताः।।४६।।

मञ्जुमती टीका : उत्तरा फाल्गुनी, रेवती, पुष्य, पुनर्वसु, हस्त एवं श्रवण नक्षत्र यदि शनिवार के दिन हों तो सभी शुभ कार्यों में निन्दनीय माने गये हैं।

एषु योगेषु तत्सर्वं कृतं कर्म विनश्यति।
विवाहे विधवा नारी व्रती पातककृद्भवेत्।।४७।।

मञ्जुमती टीका : इन योगों में किया गया सम्पूर्ण कर्म नाश को प्राप्त हो जाता है। विवाह होने पर स्त्री विधवा हो जाती है। और उपनयन आदि संस्कार होने वाले वटु पातकी अर्थात् पाप करने लगते हैं।

वारेशे बलसंयुक्ते योगास्त्वेते बलप्रदाः।
न किंचिद्दोषदास्तास्मिन्बलहीने न संशयः।।४८।।

मञ्जुमती टीका : वार के स्वामी के बलवान होने पर ये योग और बल देने वाले हो जाते हैं। ये कुछ भी दोष देने वाले नहीं रह जाते यदि बलहीन हो जायें। इसमें किसी प्रकार का सन्देह नहीं हैं।

हस्तवासवयोराद्यं विशाखार्द्राद्वितीयकम्।
तृतीयकमहिर्बुध्न्ये चान्त्यांशं यममूलयोः।।४९।।

मञ्जुमती टीका : हस्त और धनिष्ठा नक्षत्र प्रथम, विशाखा और आर्द्रा दूसरा, उत्तराभाद्रपद तीसरा और भरणी और मूल के अन्तिम अंश।

दिवा मृत्युप्रदाः पादा दोषास्त्वेते न रात्रिषु।
शुभकार्य्ये प्रसूतो च सर्वदा परिवर्जयेत्।।५०।।

मञ्जुमती टीका : इनका प्रथम चरण दिन में मृत्यु देने वाला होता हैं किन्तु रात्रि में दोषी नहीं होते। इसलिए शुभ कार्यों में उत्पन्न इन दोषों को सर्वदा त्याग देना चाहिए।

अश्विसार्पभयोराद्यं द्वितीयं यममूलयोः।
तृतीयं त्र्युत्तराहर्य्योर्वाछिद्रोरन्त्यपादकः।।५१।।

मञ्जुमती टीका : अश्विनी एवं आश्लेषा नक्षत्र प्रथम, भरणी एवं मूल नक्षत्र दूसरा, तीनों उत्तरा एवं श्रवण नक्षत्र तीसरा। इनका अन्तिम चरण छिद्रसंज्ञक कहा गया है।

दिवायोगा इति ख्याताः शोभने रोगदाः सदा।
दिवारोगप्रदास्त्वेते न तु रात्रौ कदाचन।।५२।।

मञ्जुमती टीका : ये दिन के योग कहे गये हैं। शुभ कार्य में ये सदैव रोग देने वाले होते हैं। ये दिन में ही रोग प्रदान करते है और रात में कभी भी रोग

नहीं देते अर्थात् शुभ रहते हैं।

तस्माद्दिवैव संत्याज्या रोगमृत्युप्रदायका:।
दिवाऽदि दोषदा नैव रवीन्दोर्बलयुक्तयो:।।५३।।

मञ्जुमती टीका : इसलिए रोग एवं मृत्यु देने वाले इन योगों का दिन में त्याग करना चाहिए। दिन आदि में दोष देने वाले हैं। यदि सूर्य चन्द्रमा बलहीन न हो तो।

वारानर्कादितस्त्रिघ्ना: शोधयेच्चैकधिष्ण्यत:।
ततो भवार्कषट्तारा क्रमात्काणान्धबाधिरा:।।५४।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य आदि वारों का तीन से गुणा करें और एक नक्षत्र से इनका शोधन करें। इस स्थिति में ग्यारह, बारह एवं छठवीं तारा क्रमश: काण (काना), अन्ध (अन्धा) तथा वधिर अर्थात् बहरा कहा गया है।

द्विदैवधातृवह्न्यर्कवसुदैवतपैतृका:।
अर्कवारेण संयुक्ता हालाहलविषोपमा:।।५५।।

मञ्जुमती टीका : विशाखा, रोहिणी, कृत्तिका हस्त, धनिष्ठा तथा मघा नक्षत्र यदि रविवार से युक्त हो जायें तो इसकी हालाहल उपमा दी गयी है।

उत्तरात्रयचित्राख्यद्विदैवाहयतारका:।
सोमवारेण संयुक्ता: कालकूटविषोपमा:।।५६।।

मञ्जुमती टीका : तीनों उत्तरा चित्रा, विशाखा तथा अश्विनी नक्षत्र यदि सोमवार से युक्त हों तो इनकी कालकूट विष की उपमा दी गयी है।

शततारद्विदैवार्द्रा उत्तराषाढतारका:।
आरवारेण संयुक्ता गुणघ्ना विषसंज्ञका:।।५७।।

मञ्जुमती टीका : शतभिषा, विशाखा, आर्द्रा, उत्तराषाढ़ा यदि मङ्गलवार से युत हों तो इन्हें गुणों का नाशक विषसंज्ञक कहा गया है।

अश्विनीभरणीवह्निवसुमूलाद्यतारका:।
बुधवारेण संयुक्ता दोषा: सर्वाह्यस्त्वमी।।५८।।

मञ्जुमती टीका : अश्विनी, भरणी, कृत्तिका धनिष्ठा तथा मूल आदि नक्षत्र बुधवार से युत हों तो ये सभी कार्यों को नष्ट करने वाले दोष कहे गये हैं।

भचतुष्कं वह्निधिष्ण्याद्वरुणार्यमतारकाः।
गुरुवारेण संयुक्ता दोषा मङ्गलनाशदाः।।५९।।

मञ्जुमती टीका : कृत्तिका से चार नक्षत्र तक अर्थात् कृत्तिका रोहिणी, मृगशिरा एवं आर्द्रा तथा शतशिषा तथा उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र यदि गुरुवार से युत हो तो इसे माङ्गलिक कार्यों में नाश करने वाला दोष कहा गया है।

शक्रसार्पमघावह्निद्विदैवालुततारकाः ।
शुक्रवारेण संयुक्ता महादोषाह्वयास्त्वमी।।६०।।

मञ्जुमती टीका : ज्येष्ठा, श्लेषा, मघा, कृत्तिका विशाखा आदि नक्षत्र में यदि शुक्रवार से युत हों तो यह महादोष संज्ञक होता है।

अर्य्यमादितिपौष्णार्कविश्वाषाढाख्यतारकाः।
शनिवारेण संयुक्ता दोषा गुणविमर्दनाः।।६१।।

मञ्जुमती टीका : उत्तरा फाल्गुनी, पुनर्वसु, रेवती, हस्त, उत्तराषाढ़ा आदि नक्षत्र यदि शनिवार से युत हों तो इसे विमर्दन दोष कहा गया है।

त्रयोदशलवैर्युक्तः सूर्यो राशिचतुष्टयः।
तदा धूमाह्वयो योगः सर्वशोभननाशदः।।६२।।

मञ्जुमती टीका : तेरह अंशों से युक्त सूर्य यदि चार राशियों में स्थित हो तो इसे धूम नामक योग कहा गया है। जो सम्पूर्ण शुभ कार्यों को नष्ट कर देता हैं।

धूमे मण्डलतः शुद्धे व्यतीपातोऽपरो विषः।
व्यतीपाते च षड्राशियुक्तोऽसौ परिवेषकः।।६३।।

मञ्जुमती टीका : धूम मण्डल से शुद्ध में व्यतिपात हो और दूसरा विष हो। व्यतिपात में छः राशियां यदि युत हो तो इसे परिवेषक नामक योग कहा गया है।

परिवेषे चक्रयुक्ते विषदोषो धनुर्धरः।
अत्याष्टिभागयुक्तेऽस्मिन्केतुसंज्ञोऽपरो विषः।।६४।।

मञ्जुमती टीका : परिवेष में चक्र युत होने पर विष नामक दोष होता है। धनु राशि के आठवां भाग युक्त होने पर इसे केतु संज्ञा दी गयी है जो दूसरे विष के सदृश होता है।

एवं पञ्चार्कदोषाः स्युश्चतुर्मुखमुखोदिताः।
पञ्चदोषेषु संयुक्तेष्विनेन्दूदयराशिषु।।६५।।

मञ्जुमती टीका : इस प्रकार पांच सूर्य के दोष हैं। इनको ब्रह्माजी ने कहा है। पञ्च दोषों से युक्त होने पर सूर्य और चन्द्रमा उदय राशि से परिगणित होते हैं।

विवाहे विधवा नारी प्रतिष्ठायां कुलक्षयः।
द्वितीये जन्मनि व्रात्यः सीमन्ते गर्भनाशनम्।।६६।।

मञ्जुमती टीका : इन दोषों में विवाह होने पर स्त्री विधवा हो जाती है। प्राण-प्रतिष्ठा करने पर कुल का क्षय हो जाता है। उपनयन संस्कार होने पर वह अपने कर्मों से च्युत होकर व्रात्य हो जाता है। और सीमन्तोनयन संस्कार करने पर गर्भ का नाश हो जाता है।

नवान्नभोजने मृत्युश्चौले व्याधिर्भवेत्तदा।
तस्मात्पञ्चार्कदोषास्ते वर्जनीयाश्च मङ्गले।।६७।।

मञ्जुमती टीका : नवीन अन्न भोजन करने पर मृत्यु हो जाती है। और चौल (मुण्डन) कर्म होने पर रोग हो जाता है। इसलिए इन पांचों दोषों को माङ्गलिक कार्यों में सर्वदा त्याग कर देना चाहिए।

जीवराशिर्द्वितीयायां चतुर्थ्यां घटतावुरी।
षष्ठ्यां च मेषसिंहाख्यावष्टम्यां बुधसद्मनि।।६८।।

मञ्जुमती टीका : धनु एवं मीन राशि द्वितीया तिथि में हों और कुम्भ और वृष राशि चतुर्थी में हों, मेष और सिंह राशि षष्ठी में हों एवं मिथनु एवं कन्या अष्टमी तिथि में हों।

दशम्यां सिंहकीटाख्यौ द्वादश्यां मृगजूकभे।
एते मृत्युप्रदा योगाः शोभनेष्वतिगर्हिताः।।६९।।

मञ्जुमती टीका : दशमी तिथि में सिंह राशि एवं वृश्चिक राशि हों, द्वादशी तिथि में मकर एवं तुला राशि हों, ये सभी योग मृत्यु देने वाले होते हैं। ये शुभ कार्यों में सदैव निन्दित कहे गये हैं।

मृगसिंहौ तृतीयायां प्रथमायां तुलामृगौ।
पञ्चम्यां बुधराशौ द्वौ सप्तम्यां चापचन्द्रभे।।७०।।

मञ्जुमती टीका : मकर और सिंह तृतीया तिथि में हों और प्रतिपदा में तुला एवं मकर हों पञ्चमी में मिथनु एवं कन्या राशि हों तथा सप्तमी में धनु एवं कर्क राशि हों।

नवम्यां सिंहकीटाख्यावेकादश्यां गुरो गृहे।
वृषमीनौ त्रयोदश्यां दग्धसंज्ञास्त्वमी गृहाः।।७१।।

मञ्जुमती टीका : नवमी में सिंह एवं वृश्चिक राशि हों, एकादशी में धनु एवं मीन राशि हों, त्रयोदशी में वृष एवं मीन राशि हों तो ये राशियां दग्ध संज्ञक कही गयी हैं।

दग्धसद्मनि यत्कर्म कृतं सर्वं विनश्यति।
तस्माद्दग्धा गृहास्त्याज्याः शोभनेष्वखिलेष्वपि।।७२।।

मञ्जुमती टीका : दग्ध राशि में जो कर्म किये जाते हैं। वे सभी नाश को प्राप्त हो जाते हैं। इसलिए दग्ध घरों का सम्पूर्ण शुभ कार्यों में त्याग करना चाहिए।

महागणितमार्गस्थो व्यतीपातोऽत्र दोषदः।
बलवद्गुणसंपन्नोऽप्यसौ कुलविनाशदः।।७३।।

मञ्जुमती टीका : महागणित मार्ग में स्थित यहाँ व्यतिपात नामक योग दोष देने वाला होता है। बलवान गुण सम्पन्न होने पर भी यह योग कुल का विनाश करने वाला होता है।

अश्विनी रोहिणी चैत्रे शून्यभे परिकीर्तिते।
चित्रास्वाती च वैशाखे ज्येष्ठे विश्वाख्यतारका:।।७४।।

मञ्जुमती टीका : अश्विनी, रोहिणी, चैत्र मास में शून्य नक्षत्र कहे गये हैं। चित्रा, स्वाती बैशाख मास में तथा ज्येष्ठ मास में उत्तराषाढ़ा नक्षत्र शून्य कहे गये हैं।

भगवासवमाषाढे श्रावणे हरिविश्वभम्।
नभस्ये वारुणान्त्यर्क्षमजपादश्वयुज्यपि।।७५।।

मञ्जुमती टीका : पूर्वा फाल्गुनी, धनिष्ठा नक्षत्र आषाढ़ मास में तथा श्रवण एवं उत्तराषाढ़ा नक्षत्र सावन मास में, और शतभिषा एवं रेवती नक्षत्र भाद्रपद मास में और पूर्वाभाद्रपद एवं अश्विनी नक्षत्र क्वार मास में।

कार्तिके पितृवस्वृक्षे सौम्ये चित्रादिदैवते।
पौषे दस्त्रकरार्द्राः स्युर्माघे मूलं च विष्णुभम्।।७६।।

मञ्जुमती टीका : कार्तिक मास में मघा एवं धनिष्ठा नक्षत्र, अगहन मास में चित्रा एवं विशाखा नक्षत्र, पौष मास में अश्विनी, हस्त एवं आर्द्रा नक्षत्र तथा माघ मास में मूल एवं श्रवण नक्षत्र।

तपस्ये शक्रभरणी शून्यभान्याहुरग्रजा:।
एषु येन कृत कर्म धनै: सह विनश्यति।।७७।।

मञ्जुमती टीका : फाल्गुन मास मे ज्येष्ठा एवं भरणी नक्षत्र, शून्य नक्षत्र ब्राह्मणों द्वारा कहे गये हैं। इसलिए इन नक्षत्रों में जिस किसी के द्वारा जो भी कार्य किया जाता है उसका धन के साथ विनाश हो जाता है।

अष्टमी नवमी चैत्रे पक्षयोरुभयोरपि।
माधवे द्वादशी त्याज्या पक्षयोरुभयोरपि।।७८।।

मञ्जुमती टीका : चैत्र मास के दोनों पक्ष अर्थात् शुक्ल एवं कृष्ण पक्ष के अष्टमी एवं नवमी तिथि में भी तथा बैशाख मास के दोनों पक्षों में द्वादशी तिथि त्याज्य कही गयी है।

ज्येष्ठे त्रयोदशी निन्द्या सिते कृष्णे चतुर्दशी।
आषाढे कृष्णपक्षे च षष्ठी सप्तम्यसत्प्रदा।।७९।।

मञ्जुमती टीका : ज्येष्ठ मास में त्रयोदशी तिथि, शुक्ल पक्ष में तथा कृष्ण पक्ष में चतुर्दशी तिथि, आषाढ़ के कृष्ण पक्ष में षष्ठी तिथि तथा शुक्ल पक्ष में षष्ठी तिथि अशुभप्रद हैं।

द्वितीया च तृतीया च श्रावणे सितकृष्णयोः।
प्रथमा च द्वितीया च नभस्ये मासि निन्दिता।।८०।।

मञ्जुमती टीका : द्वितीया और तृतीया तिथि सावन मास के शुक्ल एवं कृष्ण पक्ष में और भादौ मास की प्रतिपदा, द्वितीया तिथि निन्दित कही गयी है।

दशम्येकादशी निन्द्या मासीषे शुक्लकृष्णयोः।
ऊर्जे चतुर्दशी शुक्लकृष्णपक्षे च पञ्चमी।।८१।।

मञ्जुमती टीका : आश्विन मास के शुक्ल एवं कृष्ण पक्ष में दशमी और एकादशी तिथि निन्धित कही गयी है जबकि कार्तिक मास के कृष्ण एवं शुक्ल पक्ष में पञ्चमी और चतुर्दशी तिथि कही गयी है।

सप्तमी चाऽष्टमी सौम्ये पक्षयोरुभयोरपि।
पौषे पक्षद्वये चैव चतुर्थी पञ्चमी तथा।।८२।।

मञ्जुमती टीका : अगहन मास के दोनों पक्षों में सप्तमी एवं अष्टमी तिथि तथा पौष मास के दोनों पक्षों में चतुर्थी एवं पञ्चमी तिथि निन्दित हैं।

माघे तु पञ्चमी षष्ठी शुक्ल कृष्णे यथाक्रमात्।
तृतीया च चतुर्थी च फाल्गुने सितकृष्णयोः।।८३।।

मञ्जुमती टीका : माघ मास के कृष्ण पक्ष में पञ्चमी तिथि तथा कृष्ण पक्ष में षष्ठी तिथि क्रमशः निन्दित हैं। जबकि फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष में तृतीया एवं कृष्ण पक्ष में चतुर्थी तिथि निन्दित कही गयी हैं।

तिथयो मासशून्याख्याः शुभकर्मविनाशदाः।
आसु श्राद्धादि कुर्वीत नैव मङ्गलमाचरेत्।।८४।।

मञ्जुमती टीका : ये तिथि और मास शून्य कहे गये हैं। यह हमेशां शुभ कार्यों का नाश करने वाले है। इन तिथियों में श्राद्ध आदि कर्म तो किये जा सकते हैं। किन्तु माङ्गलिक कार्य का विधान कभी भी न करें।

घटमत्स्यवृषा युग्ममेषकन्याः सवृश्चिकाः।
तुलाचापकुलीराख्यमृगसिंहाख्यराशयः ।।८५।।

मञ्जुमती टीका : कुम्भ, मीन, वृष, मिथुन, मेष, कन्या, वृश्चिक, तुला, धनु, कर्क, मकर और सिंह राशियां क्रमशः।

चैत्राद्या मासशून्याख्या वंशवित्तविनाशदाः।
तस्मात्तान्संपरित्यज्य शोभनं कारयेत्सुधीः।।८६।।

मञ्जुमती टीका : चैत्र आदि मासों में मास शून्य कही गयी हैं। ये क्रमशः मास शून्य राशियाँ वंश तथा धन आदि का विनाश करती हैं। इसलिए उनको छोड़कर अन्य समय में बुद्धिमान व्यक्तियों को शुभ कार्य करना चाहिए।

दिव्यान्तरिक्षभौमाश्च उत्पाताः त्रिविधाः स्मृताः।
षण्मासं तदुडु त्याज्यं सप्ताहं च तदादितः।।८७।।

मञ्जुमती टीका : दिव्य (दिव लोक में), अन्तरिक्ष (मध्य लोक में) और भूमि (पृथ्वी लोक में) सम्बन्धी तीन प्रकार के उत्पात कहे गये है। इन उत्पातों युक्त नक्षत्रों को सात दिन से लेकर छः माह पर्यन्त त्याग करना चाहिए।

उत्पातदिनं संत्याज्यं नवमं च विशेषतः।
तयोः कृतं शुभं कर्म नाशमाप्नोति शीघ्रतः।।८८।।

मञ्जुमती टीका : उत्पात दिन एवं विशेष रूप से उत्पात से नौवें दिन का त्याग करना चाहिए। इन दोनों दिनों में किया गया शुभ कर्म शीघ्र ही विनाश दे देता है।

त्रिद्युस्पृग्दिवसं त्याज्यंनवमं च विशेषतः।
तयोः कृतं शुभं सर्वं नाशमाप्नोति शीघ्रतः।।८९।।

मञ्जुमती टीका : इन तीनों उत्पातों के दिनों का त्याग तथा विशेष रूप

से नौवें दिन त्याग देना चाहिए। यदि इन दो दिनों में कोई भी शुभ कार्य किये जायें वे सभी शीघ्र ही नाश दे देते हैं।

नृपसंन्यासिविद्वांसो यज्ञकृद्दैववित्तमाः।
एतेषां मरणे त्याज्यं त्रिदिनं शोभनेषु च।।९०।।

मञ्जुमती टीका : राजा, सन्यासी, विद्वान, यज्ञ कराने वाले दैवज्ञ। इनके मरने के पश्चात् तीन दिन तक समस्त शुभ कर्मों का त्याग कर देना चाहिए।

अब्दास्तु त्रिविधा जीवसौरचन्द्राह्वयाः सदा।
तेषामादौ तथा चान्ते त्रिदिनं वर्जयेच्छुभे।।९१।।

मञ्जुमती टीका : तीन प्रकार के वर्ष कहे गये हैं। गुरु का वर्ष, सूर्य का वर्ष तथा चन्द्रमा का वर्ष। इन तीनों वर्षों के प्रारम्भ और अन्त में तीन दिनों को शुभ कार्यों में त्याग देना चाहिए।

पूर्वतः परतः सूर्यसंक्रान्तेश्च विवर्जयेत्।
मङ्गलेषु सदा दुष्टा नाड्यः षोडश षोडश।।९२।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य संक्रान्ति से पूर्व और पश्चात् सोलह-सोलह नाड़ियों का सदैव मङ्गल कार्यों में त्याग करना चाहिए। ये नाड़ियां दोषयुक्त होती हैं।

दिनमेकं सदा त्याज्यमयने विषुवद्द्वये।
संक्रान्तिदिनमप्येवं ज्ञातव्यं मङ्गलेष्वपि।।९३।।

मञ्जुमती टीका : अयन संक्रान्ति में अथवा विषुवत संक्रान्ति के दिन एक दिन का त्याग करना चाहिए। इसी प्रकार जो भी संक्रान्ति का दिन हो उसमें माङ्गलिक कार्यों के त्याग को जानना चाहिए।

महापातौ वैधृतिश्च उपरागसमः सदा।
तस्माद्दिनत्रयं त्याज्यं तच्च पूर्वापरं दिनम्।।९४।।

मञ्जुमती टीका : व्यतिपात, वैधृति सदैव ग्रहण के समान दोषदायी होते हैं। इसलिए तीन दिन का त्याग पूर्व एवं पश्चात तक अर्थात् इन योगों से एक पूर्व तथा एक दिन पश्चात् और वह दिन अशुभ रहता है।

उपग्रहमहादोषा भूमिकम्पादयश्च ते।
मङ्गलेषु सदा त्याज्याः कालकूटविषोपमाः।।९५।।

मञ्जुमती टीका : उपग्रह आदि महादोष और भूकम्प आदि जो दोष हैं। वे सभी माङ्गलिक कार्यों में सदैव त्यागने के योग्य होते हैं। क्योंकि इनकी उपमा कालकूट नामक विष से दी गयी है।

कम्पं कम्पयति स्थानमुल्का दहति नाकुलम्।
दण्डे स्वामिविनाशः स्याद्ध्वजः सर्वविनाशकृत्।।९६।।

मञ्जुमती टीका : भूकम्प स्थान को कम्पित कर देता है अर्थात् स्थान से हटा देता है तथा उल्का कुल का दहन करती है। और दण्ड स्वामी का विनाश करता है। और ध्वज सबका विनाश कर देता है।

ग्रहणं द्युनिशोर्मध्ये संध्ययोर्वा भवेद्यदि।
उभयत्रापि दोषः स्यात्पश्चादेव न तत्र तु।।९७।।

मञ्जुमती टीका : ग्रहण दो रात्रियों के मध्य अथवा संध्याओं के बीच में हो तब दोनों ओर से दोष होता है। केवल पूर्व में ही हो ऐसा नहीं अर्थात् पूर्व और पश्चात् दोनों में दोष होता है।

अर्कारसितसौम्यार्यमन्दा यद्येकराशिगाः।
कण्टकाख्यो महादोषः सर्वकर्मविनाशकृत्।।९८।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य, मङ्गल, शुक्र, बुध, बृहस्पति एवं शनि। यदि एक राशि में गये हों तो यह कण्टक (काटां) नामक महादोष होता है। यह सभी कामों का विनाश कर देता है।

अकालवृष्टिनीहारपरिवेषशरासनाः।
लत्तापातादयो दोषाः शुभकार्यविनाशदाः।।९९।।

मञ्जुमती टीका : असमय में वृष्टि हो, कुहरा अथवा बर्फ गिरी हों, परिवेष हो या इन्द्रधनुष हो तथा पात आदि दोष सदैव शुभ कार्यों का नाश करने वाले होते हैं।

रूपादिबलसम्पूर्णा ग्रहेन्द्रा बलिनः सदा।
शीघ्रगाश्चाग्रगा भानो रश्मिभिर्बलवत्तराः।।१००।।

मञ्जुमती टीका : श्रेष्ठ श्री रूपादि सम्पूर्ण बलों से सदैव गृहस्वामी बली होते हैं। सूर्य से शीघ्र गमन करने वाले ग्रह तथा आगे गये हुए ग्रह किरणों के द्वारा बलवान हो जाते हैं।

पृष्ठतो रश्मिहीनाः स्युर्व्यत्ययान्मन्दचारिणः।
शशितो बलवान्सूर्य्यः सर्वकार्येषु सर्वदा।।१०१।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य से पीछे चलने वाले रश्मिरहित होते हैं। तथा व्यत्यय होने पर अर्थात् आगे जाने पर मन्दचारी हो जाते हैं। तथा सदैव सभी कार्यों में चन्द्रमा से सूर्य बलवान होता है।

सूर्य्यस्य राशिर्ज्वलितो भस्मसंज्ञं तु पृष्ठभम्।
अग्रभं धूमसंज्ञं तु तस्माद्भत्रितयं त्यजेत्।।१०२।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य की राशि से प्रज्ज्वलित पीछें के नक्षत्र को भस्मसंज्ञक कहा गया है। आगे वाले नक्षत्र को धूमसंज्ञक कहा गया है। इसलिए सभी शुभ कर्मों में सूर्य नक्षत्र को और उस नक्षत्र से एक पूर्व और एक बाद वाले तीन नक्षत्रों को त्याग देना चाहिए।

यत्तद्राशिकृतं यत्तच्छुभं सर्वं विनश्यति।
भस्मधूमाह्वयं राशिद्वयं श्रेष्ठं शुभैर्युतम्।।१०३।।

मञ्जुमती टीका : उस राशि में किये गये जो भी शुभ कर्म हैं। वे सभी शुभ कर्मों का विनाश कर देते हैं। इसलिए भस्म एवं धूम नामक दो राशियां यदि शुभ ग्रहों से युत हो तभी श्रेष्ठ होती हैं।

शून्याधिमासद्वितयं गडान्तं त्रिविधं सदा।
महापातत्रयं दुष्टं भसन्धित्रितयं भृशम्।।१०४।।

मञ्जुमती टीका : शून्य मास एवं अधिमास दो को तथा तीन गण्डान्त नक्षत्रों को एवं तीन महापात दोषों को और नक्षत्रों की या राशियों का तीन सन्धि दोष सदैव त्याज्य है।

संग्रहः कर्त्तरीसूर्यसंक्रान्तिविषनाडिकाः।
ग्रहणोभयतो दोषो दुःक्षणः कुनवांशकः।।१०५।।

मञ्जुमती टीका : संग्रह दोष, कर्त्तरी दोष, सूर्य संक्रान्ति दोष, विषनाड़ी दोष, ग्रहण से दोनों ओर के दोष, बुरे क्षण तथा बुरे नवांश।

पापविद्धाधिष्ठितभं खार्जूरिकसमांघ्रिभम्।
कुजाष्टमः सितारिस्थः चन्द्रः षष्ठाष्टरिःफगः।।१०६।।

मञ्जुमती टीका : पापग्रह से विद्ध अधिष्ठित नक्षत्र खार्जूरिक दोष तथा नक्षत्र के समान चरण दोष अष्टम मङ्गल का दोष, सातवें शुक्र का दोष। एवं छठें, आठवें तथा बारहवें चन्द्रमा का दोष।

पञ्चाङ्गशुद्धिरहितश्चोत्पाताकालवृष्टिजाः ।
एकविंशन्महादोषास्त्वन्ते ब्रह्ममुखोदिताः।।१०७।।

मञ्जुमती टीका : पचाङ्ग शुद्धि रहित दोष, उत्पातदोष, अकाल वृष्टिदोष, ये सभी २१ महादोषों को ब्रह्मा के द्वारा कहा गया है।

कदाचिन्नैव सीदन्ति गुणानां कोटिकोटिभिः।
तस्मादेतेषु दोषेषु कदाचिन्नाचरेच्छुभम्।।१०८।।

मञ्जुमती टीका : ये कभी भी करोड़ों-करोड़ों गुणों के द्वारा भी पीड़ित नहीं होते। इसलिए इन दोषों में कभी भी शुभ कर्मों का आचरण नहीं करना चाहिए।

विवाहे विधवा नारी मरणं व्रतबन्धने।
ग्रामनाशः प्रतिष्ठायां सीमन्ते गर्भनाशनम्।।१०९।।

मञ्जुमती टीका : यदि इन योगों में शुभ कार्य किये जायें तो विवाह होने पर नारी विधवा हो जाती है। व्रतबन्ध (जनेऊ) होने पर वटु का मरण हो जाता हैं। और देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा करने पर ग्राम का नाश हो जाता है। जबकि सीमन्तोनयन होने पर गर्भ का नाश हो जाता है।

नवान्नभोजने मृत्युः कृषौ तत्फलनाशनम्।
कर्तृनाशो गृहारम्भे प्रवेशे पतिनाशनम्।।११०।।

मञ्जुमती टीका : नवीन अन्न भोजन करने पर कर्त्ता की मृत्यु हो जाती है। कृषि कार्य आरम्भ करने पर कृषि जन्य फलों का नाश हो जाता है। तथा गृहारम्भ करने पर कर्त्ता का नाश हो जाता है तथा गृहप्रवेश करने पर स्वामी का नाश हो जाता है।

यात्रायां कर्त्तृनाशः स्याद्युद्धयाने विशेषतः।
लभ्यते सुमहापुण्यमेषु श्राद्धादिकर्मभिः।।१११।।

मञ्जुमती टीका : यात्रा करने पर कर्त्ता का नाश होता है विशेष करके युद्ध आदि कार्यों में। किन्तु इन योगों में श्राद्ध आदि कार्य करने पर अत्यधिक पुण्य प्राप्त होता हैं।

ज्येष्ठं ज्येष्ठाद्यजो हन्ति द्वितीयेऽप्यथ सोदरम्।
तृतीये मातरं हन्ति स्वयं जातश्चतुर्थके।।११२।।

मञ्जुमती टीका : ज्येष्ठा नक्षत्र में उत्पन्न जातक प्रथम चरण में अपने से बड़े भाई या बहन का नाश, दूसरे में सहोदर का नाश, तीसरे में माता का और चतुर्थी में जातक स्वयं का नाश कर देता है।

ज्येष्ठर्क्षे कन्यका जाता हन्ति शीघ्रं धवाग्रजम्।
ज्येष्ठान्त्यपादजातस्तु पितृनाशाय जायते।।११३।।

मञ्जुमती टीका : ज्येष्ठा नक्षत्र में कन्या उत्पन्न हो तो अपने पति के बड़ें भाई को शीघ्र ही नष्ट कर देती है। जबकि ज्येष्ठा के अन्तिम चरण में उत्पन्न कन्या पिता के नाश के लिए उत्पन्न होती है।

ज्येष्ठं ज्येष्ठाद्यपादे तु हन्ति बालो न बालिका।
सा बालिका तु मूलर्क्षे पितरं मातरं तथा।।११४।।

मञ्जुमती टीका : ज्येष्ठा के पहले चरण में उत्पन्न जातक अपने से बड़ें के मृत्यु का कारण बनते हैं। किन्तु यदि वह जातक पुत्री है तो अपने बड़े भाई या बहन के लिए नहीं अपितु विवाहोपरान्त अपने ज्येष्ठ को, और वह मूल नक्षत्र में उत्पन्न हुई है तो वह अपने पति के माता-पिता (सास-ससुर) के लिए मृत्युदायक होती है।

वासवे प्रथमे पादे द्वितीये च तृतीयके।
स्वल्पदोष इति प्रोक्तं पितरं हन्ति तुर्यके।।११५।।

मञ्जुमती टीका : धनिष्ठा नक्षत्र के पहले चरण में दूसरे तथा तीसरे में बहुत थोड़ा दोष कहा गया है। किन्तु चतुर्थ चरण पिता के मृत्यु का कारण भी बनता है।

वासवर्क्षचतुर्थांशे पुत्री पुत्रस्तु जायते।
पीडारिष्टनिवृत्यर्थं शान्तिं कुर्याच्च मूलवत्।।११६।।

मञ्जुमती टीका : धनिष्ठा नक्षत्र के चतुर्थ चरण में यदि पुत्री या पुत्र उत्पन्न हुआ हो तो उस पीड़ा और अरिष्ट का निवारण करने के लिए मूल नक्षत्र की भाँति शान्ति कर्म करानी चाहिए।

नैर्ऋत्यभोद्भूतसुतः सुता वा क्षिप्रं त्ववश्यं श्वशुरं निहन्ति।
तदन्त्यपादाज्जनिता निहन्ति नैवोत्क्रमेणाहिभवः कलत्रम्।।११७।।

मञ्जुमती टीका : यदि मूल नक्षत्र में पुत्र या पुत्री उत्पन्न हो तो वह शीघ्र ही अपने ससुर को मार डालती है। उस नक्षत्र के अन्तिम चरण में उत्पन्न जातक नष्ट नहीं करता। और इसी प्रकार उल्टे क्रम से श्लेषा आदि नक्षत्रों में उत्पन्न कन्याओं के फलों को जानना चाहिए।

सर्पेशताराजनिता धवाग्रजं द्विद्वैवताराजनिता तु देवरम्।
पुरन्दरर्क्षाज्जनितः सुतस्तदा स्वसाग्रजं हन्ति न पुत्रिका यदि।।११८।।

मञ्जुमती टीका : श्लेषा नक्षत्र में उत्पन्न बालिका अपने पति के बड़ें भाई को तथा विशाखा नक्षत्र में उत्पन्न कन्या अपने देवर को तथा ज्येष्ठा नक्षत्र में उत्पन्न बालक अपनी बड़ी बहन को किन्तु ज्येष्ठा नक्षत्र में उत्पन्न कन्या अपने बड़े भाई को नहीं मारती।

हन्ति ज्येष्ठान्त्यपादोत्थः स्वज्येष्ठं चैव कन्यका।
विप्रेभ्यो गोत्रयं दद्यात्तद्दोषशमनाय वै।
अशक्तो गोद्वयं दद्याद्गामेकां वापि भक्तितः।।११९।।

मञ्जुमती टीका : ज्येष्ठा के अन्तिम चरण में उत्पन्न कन्या अपने ज्येष्ठ

का नाश करती हैं। इसलिए इन दोंषों के शमन करने के लिए ब्राह्मणों के लिए तीन गायों का दान देना चाहिए। असमर्थ हं।ने पर दो गायें अथवा अपनी भक्ति के अनुसार एक गाय का दान करना चाहिए।

भौजङ्गपौरन्दरपौष्णभानां तदग्रभानां च यदन्तरालम्।
अभुक्तसंज्ञं प्रहरप्रमाणं त्यजेत्सुतं तत्र भवां सुतां च।।१२०।।

मञ्जुमती टीका : श्लेषा नक्षत्र, ज्येष्ठा नक्षत्र तथा रेवती नक्षत्र यदि अपने अग्रिम नक्षत्रों से अन्तराल अर्थात सन्धि में हों तो इसे अभुक्त संज्ञक नक्षत्र कहा जाता है। एक प्रहर के प्रमाण में तथा तीन घण्टे में ही उत्पन्न होने वाले उस पुत्र या पुत्री का त्याग कर देना चाहिए।

मूलाद्यपादजनितः पितरं निहन्ति द्वितीयतः स्वजननीं त्रिपदोऽर्थवृन्दम्।
तुरीयजः शुभकरः फलमेतदेव वैलोमते भुजगधिष्ण्यभवस्य सर्वम्।।१२१।।

मञ्जुमती टीका : मूल नक्षत्र के पहले चरण मे जातक पिता को नष्ट करता है। दूसरे में अपने माता को, तीसरे में धनसमूह को, तथा चतुर्थ चरण शुभ हो जाता है। इन फलों को श्लेषा आदि नक्षत्रों में विरीत क्रम से अर्थात् चतुर्थ चरण में पिता के लिए, तीसरे के लिए माता के लिए, दूसरे में धन के लिए तथा चतुर्थ चरण शुभ हो जाता है।

नैर्ऋत्यभौजङ्गमगण्डदोषनिवारणायाभ्युदयाय नूनम्।
पितामहोक्तां रुचिरां च शान्ति प्रवच्मि दैवज्ञहिताय सम्यक्।।१२२।।

मञ्जुमती टीका : मूल, आश्लेषा तथा गण्ड आदि दोषों के निवारण के लिए और जातकों कें उन्नति के लिए निश्चित ही पितामह के द्वारा कहे गये सुन्दर शान्ति को दैवज्ञों के हित के लिए ठीक प्रकार से कह रहा हूँ।

चित्राद्यर्द्धे पुष्यमध्ये द्विपादे पूर्वाषाढाधिष्ण्यपादे तृतीये।
जातः पुत्रश्चोत्तराद्ये विधत्ते मातापित्रोर्भ्रातरं चात्मनाशम्।।१२३।।

मञ्जुमती टींका : चित्रा नक्षत्र का पूर्वार्द्ध, पुष्य नक्षत्र के मध्य का दूसरा चरण, पूर्वाषाढ़ा. नक्षत्र का तीसरा चरण, तथा उत्तराषाढ़ा के प्रथम चरण में उत्पन्न जातक माता, पिता, भाई तथा अपना भी नाश करता है।

द्विमासस्योत्तरादोषः पुष्ये चैव त्रिमासकः।
पूर्वाषाढाष्टमे मासि चित्राषाण्मासिकं फलम्।।१२४।।

मञ्जुमती टीका : दो मास तक उत्तरा का दोष रहता हैं, पुष्य नक्षत्र का दोष तीन माह तक, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र का दोष आठ माह तक जबकि चित्रा नक्षत्र का दोष छः मास में अपना फल देता है।

नवमासं तथाश्लेषां मूले चाष्टमवर्षके।
ज्येष्ठा पञ्चदशे मासि पुत्रदर्शनवर्जिताः।।१२५।।

मञ्जुमती टीका : श्लेषा नक्षत्र नौ महीने में, मूल नक्षत्र आठ वर्ष में, ज्येष्ठा नक्षत्र पन्द्रह महीने में दोष देता है किन्तु पुत्र दर्शन न करने पर ये दोष नहीं रहते।

ज्येष्ठान्त्यपादघटिकामितमेव केचिन्मूलं ह्यभुक्तमपरे पुनरामनन्ति।
मूलाद्यपादघटिकाद्वितयेन सार्द्धमष्टौ समा परिहरेदिह जन्मभाजम्।।१२६।।

मञ्जुमती टीका : कुछ लोगों का मत है कि ज्येष्ठा के अन्त की एक घटी और दूसरे मूल के प्रथम चरण को अभुक्त मूल कहते हैं। मूल के प्रथम चरण की ढाई घटी तक अभुक्त मूल माना है। आठ वर्ष पर्यन्त इसमें उत्पन्न होने वाले बालक या बालिका का परित्याग कर देना चाहिए।

अभुक्तमूलव्यतिरिक्तगण्डदोषेषु शान्तिं विदधीत धीमान्।
शास्त्रोक्तरीत्या खलु सूतकान्ते मासे तृतीयेऽप्यथ वत्सरान्ते।।१२७।।

मञ्जुमती टीका : अभुक्त मूल को छोड़कर अन्य गण्ड दोषों की शान्ति बुद्धिमान व्यक्ति को करनी चाहिए। इसे शास्त्रोक्तविधि से सूतक के अन्त में तीसरे महीनें में अथवा वर्ष के अन्त तक अवश्य करनी चाहिए।

मातृगण्डसुते ताते सूतकान्ते विचक्षणाः।
कुर्याच्छान्तिं तादृशे वा तद्दोषस्यापनुत्तये।।१२८।।

मञ्जुमती टीका : मातृगण्ड में उत्पन्न होने वाले पुत्र की शान्ति बुद्धिमान व्यक्तियों को उसके दोष के निवारण के लिए सूतक के अन्त में करनी चाहिए।

मूलाद्यपादो दिवसे यदि स्यात्तज्जः पितुर्नाशनकारणं स्यात्।
द्वितीयपादो यदि रात्रिभागे तदुद्भवो मातृविनाशकः स्यात्।।१२९।।

मञ्जुमती टीका : मूल का पहला चरण दिन में यदि हो तो उसमें उत्पन्न जातक पिता के नाश का कारण होता है। दूसरा चरण यदि रात्रि वाले भाग में हो तो उसमें उत्पन्न जातक माता का नाश करने वाला होता है।

मूलाद्यपादो यदि रात्रिभागे तदात्मनो नास्ति पितुर्विनाशः।
द्वितीयपादो दिनगो यदि स्यान्न मातुरल्पोऽपि तदास्ति दोषः।।१३०।।

मञ्जुमती टीका : मूल का पहला चरण यदि रात्रि के भाग में हो तब उत्पन्न जातक पिता का विनाश न करके अपना नाश करता है। और यदि मूल का दूसरा चरण दिन वाले भाग में हो तो माता के लिए थोड़ा भी दोष नहीं देता है।

अथ गण्डदोषशान्तिविधिः।

ईशान्यामथवा प्राच्यामुदीच्यां दिशि कल्पयेत्।
मण्डपं चाष्टभिर्हस्तैश्चतुभिर्वासमन्ततः।।१३१।।

मञ्जुमती टीका : ईशान कोण अथवा पूरब या उत्तर दिशा में आठ हाथ अथवा चार हाथ का चौकोर मण्डप का निर्माण करें।

कदलीस्तम्भसंयुक्तमाम्रपल्लवराजितम् ।
पुष्पमालायुतं सम्यक् तूर्यघोषनिनादितम्।।१३२।।

मञ्जुमती टीका : केले के खम्भें ये युक्त करके आम के पल्लवों से सुशोमिभ करते हुए फूल की माला से ठीक ढंग से निर्माण करके वाद्य आदि बजवावें।

चतुर्द्वारसमायुक्तं तोरणाद्यैरलङ्कृतम्।
पिष्टेन कल्पयेत्सर्वं तथा गोमयमण्डले।।१३३।।

मञ्जुमती टीका : चारों द्वारों से युक्त तोरण आदि के द्वारा सुशोभित करके आटा से कल्पित करके गोबर से गाय के मण्डप को लीप कर चारों ओर आटे से चौक पूरे।

कुण्डं च तद्बहिः कार्य्यं ग्रहयज्ञोक्तमार्गतः।
पञ्चामृतं पञ्चगव्यं पञ्चत्वक्पल्लवानि च।।१३४।।

मञ्जुमती टीका : ग्रह और यज्ञ के द्वारा कहे गये रास्ते से बाहर कुण्ड का निर्माण करें। पुनः पञ्चामृत, पञ्चद्रव्य, पञ्चछाल और पञ्चपल्लवों के द्वारा।

रोचनं कुंकुमं शंखं गजदन्तं च गुग्गुलम्।
सद्बीजाश्च शतौषध्यः सुगन्धकलमृत्तिकाः।।१३५।।

मञ्जुमती टीका : रोरी, हल्दी, शंख, हाथी का दाँत, गुग्गुल, शतबीज, शतौषधि, सुन्दर गन्ध, धूपबत्ती तथा सुन्दर मिट्टी के द्वारा।

शतच्छिद्रं बृहत्कुम्भं शिरोदेशे च धारयेत्।
ततो राज्याभिषेकं च कुर्य्यादाचार्यकोविदः।।१३६।।

मञ्जुमती टीका : सौ छेद वाले बड़ें घड़ें को सिर भाग में धारण करें। पुनः विद्वान आचार्य राज्याभिषेक को करवावें।

आदाय चतुरः कुम्भानाचार्यो वेदपारगः।
निनयेयुर्बृहत्कुम्भमब्लिङ्गैर्जलमन्त्रकैः ।।१३७।।

मञ्जुमती टीका : चार कलश को लेकर वेद में पारंगत आचार्य बड़ें कुम्भ के द्वारा अपलिङ्ग तथा जल मन्त्रों के द्वारा अभिमन्त्रित करके स्नान करायें।

स्नातुर्नीराजनं कुर्य्याच्चित्रानैर्दीपमालिकैः।
कुंकुमं माल्याम्बरौ दत्त्वा प्रार्थयेन्निर्ऋतिं द्विजान्।।१३८।।

मञ्जुमती टीका : अनेक विचित्र दीपमालिका के द्वारा स्नान किये हुए की आरती करवावें। पुनः कुमकुम, माला, वस्त्र आदि देकर निऋत देवता और ब्राह्मणों से प्रार्थना करें।

अनेन सुकृतेनैव निर्ऋतिः प्रीयतामिति।
गृहीत्वा सुकृतं तेभ्यः पूजाहोमजपादिकम्।।१३९।।

मञ्जुमती टीका : इस पुण्य के द्वारा निऋत देव प्रसन्न हो उनसे पुण्य ग्रहण करके पूजा, होम आदि जप करें।

आचार्याय वृषं दद्याल्लोहपिंडं सदक्षिणम्।
प्रतिमां वसुसंयुक्तां बीजान् शक्त्यनुसारतः।।१४०।।

मञ्जुमती टीका : पुनः आचार्य के लिए बैल दें। लोहे का पिण्ड दक्षिणा में प्रदान करें। पुनः धनयुक्त प्रतिमा को बीज के सहित अपने शक्ति के अनुसार।

आचार्य्येभ्यो ब्राह्मणेभ्यो दद्याद्वित्तानुसारतः।
द्वाराङ्गजापकेभ्यश्च भयलोभविवर्जितः।।१४१।।

मञ्जुमती टीका : आचार्यों को, ब्राह्मणों को, अपने सामर्थ्य के अनुसार धन देना चाहिए। पुनः अङ्गजापक अथवा सहायक आचार्यों को भय और लोभ से रहित होकर दक्षिणा प्रदान करें।

श्रोत्रियाय विशिष्टाय ब्राह्मणाय कुटुम्बिने।
वस्त्रालंकारसंयुक्तां धेनुं दद्यात्सदक्षिणाम्।।१४२।।

मञ्जुमती टीका : श्रोत्रिय ब्राह्मण के लिए विशिष्ट दक्षिणा तथा उसके परिवार के लिए वस्त्र, आभूषण से युक्त गाय दक्षिणा के सहित देनी चाहिए।

ब्राह्मणान्भोजयेत्पश्चादाशीर्वादपुरःसरम् ।
एवं यः कुरुते शान्तिङ्गण्डदोषात्प्रमुच्यतेः।।१४३।।

मञ्जुमती टीका : पुनः ब्राह्मणों को भोजन करायें उसके पश्चात् आशीर्वाद लेकर उन्हें विदा करें। जो इस प्रकार से शान्ति कर्म करता है वह गण्डदोष से सर्वथा मुक्त हो जाता है।

एतत्सर्वं सार्पभेऽपि समानं किंचिदुच्यते।
सार्पेभ्यः स्वाहेति मन्त्रमुखान्ते जुहुयात्ततः।।१४४।।

मञ्जुमती टीका : यह सभी शान्ति कर्म, आश्लेषा आदि नक्षत्रों में उत्पन्न जातकों के लिए समान रूप से कराना चाहिए। सार्पेभ्यः स्वाहा इस मन्त्र से अग्नि में अन्त में हवन करें।

आश्लेषाभ्याः स्वाहा दंदशूकेभ्यः स्वाहेति।
उपहोममन्त्रौ।
इदं सर्पेभ्य इति वाक्यैः पूर्वदष्टभिः।।१४५।।

मञ्जुमती टीका : सार्पेभ्यः पुनः आश्लेषाभ्यः स्वाहा, दंदशूकेभ्यः स्वाहा इन मन्त्रों से पुनः हवन करें और पुनः इदंसर्पेभ्यः इन वाक्यों के द्वारा पूर्व में

कहे गये आठ मन्त्रों से हवन करें।

एषामास्तीकऋषिस्त्रिष्टुप्छन्दोऽस्य देवताः।
नमोस्तु सर्पेभ्य इत्युपचाराश्च पूर्ववत्।।१४६।।

मञ्जुमती टीका : इस मन्त्र के ऋषि आस्तीक हैं। और छन्द त्रिष्टुप् है और इसके देवता सर्प हैं। नमोस्तुसर्पेभ्यः इस मन्त्र के द्वारा पूर्व की भाँति पूजन करें।

अस्य मन्त्रस्य बृहती छन्दः सर्पाधिदेवता।
आस्तीकऋषिमन्त्रोऽयं सर्वदुःखविनाशदः।।१४७।।

मञ्जुमती टीका : इस मन्त्र का छन्द वृहती है तथा अधिदेवता सर्प है। और आस्तीक इस मन्त्र के ऋषि हैं। यह मन्त्र सभी दुःखों का नाश करने वाला है।

पितामहानुसारेण चोक्तं दोषनिरूपणम्।
गुणापवादमधुना कथ्यते च पृथक् पृथक्।।१४८।।

मञ्जुमती टीका : पितामह के अनुसार यह दोष निरूपण नामक अध्याय कहा गया है। अब गुणों के अपवादों को अलग-अलग कह रहे हैं।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
दोषनिरूपणाध्यायो द्वाचत्वारिंशः।।४२।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में दोषनिरूपणाध्याय नामक बयालिसवें अध्याय का हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथ गुण दोषापवादाध्यायः ४३।

अथातः संप्रवक्ष्यामि दोषाणामपवादकम्।
अध्यायं तं हितार्थाय दैवज्ञानां च सुन्दरम्।।१।।

मञ्जुमती टीका : अब इसके पश्चात मैं दोषों के अपवाद नामक अध्याय को कह रहा हूँ जो कि अत्यन्त सुन्दर है और जो ज्योतिषियों के लिए हितकारक है।

अधर्मेण जितो धर्मः पुण्यं पापचयेन च।
यद्वत्कलियुगे तद्वद्दोषेण गुणसञ्चयम्।।२।।

मञ्जुमती टीका : अधर्म के द्वारा धर्म जीत लिया जाता है और पाप समूह के द्वारा पुण्य। जिस प्रकार कलियुग में होता है उसी प्रकार दोष के द्वारा गुण समूह भी नष्ट कर दिये जाते हैं।

नामनिर्देशतो यत्र चैव दोषस्त्विदं गुणम्।
हन्ति तत्रैव सान्यत्र प्रशंसा परमस्य वै।।३।।

मञ्जुमती टीका : जहाँ नाम निर्देश मात्र से ये दोष गुण को नष्ट करते हैं वहीं वे दोष अन्यत्र निश्चित ही प्रशंसा को प्राप्त होते हैं।

वारयोगगुणं हन्ति योगश्चोत्पातसंज्ञितः।
अतिसर्वगुणोपेतमाधि कायं यथा तथा।।४।।

मञ्जुमती टीका : वार योग के गुण को नष्ट करता है और योग उत्पात संज्ञक कहे गये है। अत्यधिक सम्पूर्ण गुणों से युक्त शरीर वाले जैसे-तैसे कहे गये हैं।

श्रेष्ठयोगं तथा हन्ति मृत्युयोगो महाबलः।
सम्पूर्णगुणिनं यद्वत्सर्पस्तु मूषकं यथा।।५।।

मञ्जुमती टीका : श्रेष्ठयोग महा बलवान मृत्युयोग को वैसे नष्ट करता है जैसे सर्प मूषक को।

शुभयोगं निहन्त्याशु त्वघयोगो महाबलः।
यथा कृष्णमृगं साधु शार्दूलस्त्वतिगर्वितः।।६।।

मञ्जुमती टीका : शुभयोग महा बलवान पापयोगों को वैसे नष्ट कर देता है जैसे काले हिरण को अत्यन्त गर्वित सिंह नष्ट कर देता है।

हन्ति कल्याणयोगाख्यं काणयोगो महाबलः।
प्रभञ्जनो यथा तूलराशिं पटतरस्तथा।।७।।

मञ्जुमती टीका : कल्याण योग अत्यन्त बलवान काण योग को वैसे नष्ट कर देता है। जैसे वायु सम्पूर्ण रूई समूह तथा वस्तु को।

वर्द्धमानाह्वयं योगं पङ्गुयोगो निहन्ति वै।
अन्नं सुगुणसंपन्नमुग्रा विपलवा यथा।।८।।

मञ्जुमती टीका : वर्द्धमान नामक योग पङ्गु योग को वैसे ही नष्ट कर डालता है। जैसे सुन्दर गुण सम्पन्न अन्न उग्र अकाल को नष्ट कर देता है।

सुधायोगान्निहन्त्येव बधिरो योगचंचलः।
वृकोऽजसमितिं यद्वत्तद्वदेवाचिराद्धशम्।।९।।

मञ्जुमती टीका : सुधायोग चंचल वधिरयोग को ऐसे नष्ट करता है जैसे भेड़ों के समूह को भेड़िया। उसी प्रकार शीघ्र ही वधिरयोग नष्ट हो जाता है।

बलिनं गुणसंपन्नं महायोगं निहन्ति वै।
दग्धयोगो यथा मेहः शरीरमचिराद्धशम्।।१०।।

मञ्जुमती टीका : बलीगुण सम्पन्न महायोग निश्चित ही दग्धयोग को वैसे नष्ट करता है जैसे बादल शरीर की गर्मी को।

सुवर्णगन्धपुष्पाणि रक्तगन्धोदकानि च।
सुवर्णेन प्रमाणेन तदर्द्धार्द्धेन वा पुनः।।११।।

मञ्जुमती टीका : सुवर्ण गन्ध और फूल लाल गन्ध और जल सोनें के प्रमाण से उसके आधे अथवा पुनः आधे से।

निर्ऋतिप्रतिमां कुर्य्याद्वित्तशाठ्यविवर्जितः।
वस्त्राणि षोडशाष्टौ वा शुक्लसूक्ष्माण्यतन्द्रितः।।१२।।

मञ्जुमती टीका : निऋति देवता की प्रतिमा बनवानी चाहिए। इसमें धन की कंजूसी नहीं करनी चाहिए। निरालस्य होकर श्वेत, सूक्ष्म वस्त्रों के द्वारा सोलह अथवा आठ।

ब्राह्मणान्वरयेत्पश्चात्स्वस्तिवाचनपूर्वकम् ।
प्रधानाचार्यमेतेषां श्रेष्ठं तत्प्रतिमार्चने।।१३।।

मञ्जुमती टीका : ब्राह्मणों का वरण करना चाहिए। पुनः स्वस्ति वाचनपूर्वक प्रधान आचार्य को श्रेष्ठ प्रतिमा के पूजन में।

ईशानादिषु कोणेषु चतुरः कलशार्चने।
एवं पृथक् पृथग्वापि मधुपर्कसमन्वितान्।।१४।।

मञ्जुमती टीका : ईशान आदि चारों कोनों में कलश से पूजन करना चाहिए। इस प्रकार अलग-अलग मुधपर्क से युक्त होकर।

द्वारेषु जापकानष्टौ पूर्ववच्चाङ्गजापकान्।
ईशानादिषु कोणेषु कलशाञ्जलपूरितान्।।१५।।

मञ्जुमती टीका : दरवाजे पर आठ जप करने वालों को पूर्व की भाँति अङ्ग जापकों ईशानादि चारों कोनों में कलशों को जल से पूर्ण करके।

पूर्वोक्तद्रव्यसंयुक्ताञ्छुक्लवर्णान्सुशोभनान्।
तण्डुलोपरि संस्थाप्य चोपचारैः प्रपूजयेत्।।१६।।

मञ्जुमती टीका : पहले कही गयी सामग्री से युक्त होकर श्वेत रंग वाले सुन्दर शोभायमान चावलों के ऊपर स्थापित करके सामग्री आदि के द्वारा पूजन करना चाहिए।

अब्लिंगैर्वारुणैर्मन्त्रैः शुक्लपुष्पाक्षतादिभिः।
ततः कुम्भजलं स्पृष्ट्वा कुशकूर्च्चैर्जपादिकान्।।१७।।

मञ्जुमती टीका : अपलिङ्ग वारूण मन्त्रों के द्वारा श्वेत, फूल अक्षत आदि से पुनः कलश के जल को छूकर कुश आदि के द्वारा जप आदि करने वालों को।

भद्रभक्तं च भद्राग्नेरानो भद्रा इति क्रमात्।
पुरुषसूक्तं च तन्मन्त्रैर्देवान्ध्यात्वाप्यतंद्रितः।।१८।।

मञ्जुमती टीका : भद्र भक्तों को तथा भद्राग्नि को आनोभद्रा इस मन्त्र के क्रम से पुरुष सूक्त अथवा उन-उन मन्त्रों से देवताओं का आलस्यरहित होकर ध्यान करके।

प्रसिद्धा रुद्रसूक्तस्य ऋषिश्च्छन्दोऽधिदेवता।
भद्राग्ने इति सूक्तस्य आद्यर्चौ द्वे जपोत्यकौ।।१९।।

मञ्जुमती टीका : प्रसिद्ध रूद्र सूत्र का ऋषि, छन्द तथा अधिदेवता भद्राग्नि इस सूक्त से प्रथम दो जप करने वालों को।

ततो दशर्चानुष्टुभो वामदेवोऽग्निदेवता।
आनोभद्रास्य सूक्तस्य आद्याः पञ्च च सप्त च।।२०।।

मञ्जुमती टीका : पुनः दस ऋचा अनुष्टुप छन्द, वाम देवता, अग्निदेवता आदि का प्रथम पांच या सात आनोभद्रा इस सूक्त का (पाठ करें)।

जगत्यश्च विराट् चैव शेषास्तिस्त्रस्त्वनुष्टुभः।
रहूगणसुतश्चैव गौतमश्च ऋषी स्मृतौ।।२१।।

मञ्जुमती टीका : जगती, विराट और तीसरा अनुष्टुप् मन्त्रों से रहूगण के पुत्र और गौतम ऋषि का स्मरण करके।

देवताश्च तथा विश्वेदेवताश्च प्रकीर्तिताः।
चतुर्दशानुष्टुभास्तु पुरुषसूक्तस्य चोदिताः।।२२।।

मञ्जुमती टीका : देवता तथा विश्वेदेवता चौदह अनुष्टुप पुरुष सूक्त के मन्त्र कहे गये हैं।

ऋचौ द्वे त्रिष्टुभौ ज्ञेयो ऋषिर्नारायणः स्वयम्।
सूक्तं नारायणः साक्षाद्देवतापरपूजकः।।२३।।

मञ्जुमती टीका : दो ऋचाओं को त्रिष्टुप जानना चाहिए। इनके ऋषि स्वयं नारायण है। यह साक्षात् नारायण सूक्त के द्वारा देवताओं का भी पूजन करना चाहिए।

शतच्छिद्रं बृहत्कुम्भं स्थापयेन्मध्यतस्ततः।
तत्पश्चान्निर्ऋतिदेवमर्चयेत्पश्चिमामुखम् ।।२४।।

मञ्जुमती टीका : सौ छेद वाले बड़े घड़े को बीच में स्थापित करे। इसके बाद निर्ऋति देवता का पश्चिम की ओर मुख करके पूजन करें।

मोषुणस्त्विवतिमन्त्रेण शुक्लवस्त्राक्षतादिभिः।
मोषुणस्त्विवति मन्त्रस्य ऋषिः प्रस्कण्वसंज्ञकः।।२५।।

मञ्जुमती टीका : मोषुण इस मन्त्र के द्वारा श्वेत वस्त्र, अक्षत आदि के द्वारा मोषुण इस मन्त्र के ऋषि प्रस्कण्व नाम से कहे गये हैं।

निर्ऋतिर्देवताछन्दो गायत्री क्लेशनाशिनी।
करालवदनं कृष्णं खड्गचर्मधरं तनुम्।।२६।।

मञ्जुमती टीका : इसके देवता निर्ऋति हैं, छन्द गायत्री कष्ट नष्ट करने वाली, भयंकर काले शरीर तथा तलवार और चमड़े को धारण करने वाली हैं।

ऋग्यजुःसामवेदांश्च जपेद्वारेषु पूर्वतः।
अथर्वणं तथोदीच्यां नियतात्मा ह्यतंद्रितः।।२७।।

मञ्जुमती टीका : ऋग्वेद यजुर्वेद और सामवेदों के द्वारा पूर्व द्वार से दक्षिण एवं पश्चिम जप करे। और जितेन्द्रिय आलस्यरहित होता हुआ अथर्ववेद के मन्त्रों से उत्तर दिशा में जप करें।

षडङ्गजापकस्तत्र तत्तन्मन्त्रं जपेत्ततः।
तत्तन्मन्त्रैर्ग्रहान्सर्वान्लोकपालान्समर्चयेत् ।।२८।।

मञ्जुमती टीका : छः अङ्ग जापकों को वहां उन-उन मन्त्रों का जप करना चाहिए। पुनः उन्हीं मन्त्रों से सम्पूर्ण ग्रहों और लोकपालों की पूजा करनी चाहिए।

अष्टोत्तरसहस्त्रं वा शतं वा नियतात्मवान्।
मूलं प्रजामिति मन्त्रद्वयस्य प्रस्कण्वको ऋषिः।।२९।।

मञ्जुमती टीका : १०८ हजार अथवा १०८ सौ जितेन्द्रिय को मूलप्रजामिति इन दो मन्त्रों के ऋषि प्रस् कण्व है इनके देवता निर्ऋति हैं और त्रिष्टुभ छन्द

पाप से मुक्त करने वाला है।

निर्ऋतिर्देवता त्रिष्टुप्छन्दः पापविमोचनम्।
मूलं प्रजामित्यष्टौ वाक्येनार्चयेद्विनियोगतः।।३०।।

मञ्जुमती टीका : मूलम और प्रजामिति इन आठ वाक्यों के द्वारा विनियोगपूर्वक पूजन करना चाहिए।

स्वगृह्योक्तविधानेन कुण्डेऽग्निं स्थापयेत्ततः।
प्रजापतये स्वाहेति मुखान्ते जुहुयाच्चरुम्।।३१।।

मञ्जुमती टीका : अपने गृह सूत्रों में कहे गये विधान के अनुसार कुण्ड में अग्नि की स्थापना करनी चाहिए। पुनः प्रजापतये स्वाहा इस मन्त्र से अग्नि में चरु का हवन करना चाहिए।

मूलाय स्वाहा प्रजापतये स्वाहेत्युपहोममन्त्रौ।
पायससमिदाज्येन चरुणामष्टसहस्रकम्।।३२।।

मञ्जुमती टीका : मूलाय स्वाहा, प्रजापतये स्वाहा इस उपहोम के मन्त्रों से खीर, समिधा, तथा घी के द्वारा चरू से आठ हजार।

अथवाष्टोत्तरशतं प्रत्येकं जुहुयात्ततः।
मूलं प्रजामित्यष्टभिर्वाक्यैर्मन्त्रद्वयेन च।।३३।।

मञ्जुमती टीका : अथवा १०८ मन्त्रों के द्वारा प्रत्येक से हवन करें। मूल प्रजामिति इन आठ वाक्यों के द्वारा अथवा दो मन्त्रों से।

सावित्रसौम्यनैर्ऋत्यमन्त्रैरश्वत्थसम्भवैः ।
समिद्भिश्च तिलव्रीहीन्हुत्वा व्याहृतिभिस्ततः।।३४।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य सम्बन्धित, सोम सम्बन्धित तथा निर्ऋति देवता से सम्बन्धित मन्त्रों के द्वारा पीपल से उत्पन्न समिधाओं से तिल और चावल का व्याहृतियों के द्वारा हवन।

जपादींश्च ततः कर्त्ता भक्त्या पूर्णाहुतिं स्वयम्।
ततो मङ्गलघोषैश्च स्नानकर्मसमाचरेत्।।३५।।

मञ्जुमती टीका : पुनः कर्त्ता जप आदि के बाद भक्तिपूर्वक स्वयं पूर्णाहुति कर मङ्गल वाद्य के द्वारा स्नान कर्म का आचरण करें।

आद्यपादे पितृगण्डे त्रयाणामभिषेचनम्।
इतरत्र शिशोर्मातुरभिषेकं समाचरेत्।।३६।।

मञ्जुमती टीका : मघा नक्षत्र के गण्डान्त के पहले चरण में तीनों का अभिषेक करना चाहिए। उससे भिन्न बालक का माता के साथ अभिषेक करना चाहिए।

ग्रहजन्मभयोगोऽयं पूर्णयोगं निहन्ति हि।
यथा गोसमितिं व्याघ्रश्चोद्धतः खलसंयुतः।।३७।।

मञ्जुमती टीका : ग्रहजन्य नक्षत्र का यह योग पूर्ण योग को भी नष्ट कर देता है। जैसे गायों के समूह को उद्धत दुष्टता से युक्त बाघ नष्ट कर देता है।

अचिकित्सगदायोगः शंखयोगं निहन्तिवै।
यथा काकः पुरोडाशं तथैव तमशोभनम्।।३८।।

मञ्जुमती टीका : अचिकित्स गदा योग को शंखयोग वैसे नष्ट कर देता है। जैसे कौवा यज्ञ के पुरोडास को नष्ट कर देता है।

ग्रहैः कृतो मृत्युयोगो निहन्त्यमृतसंज्ञकम्।
योगो गुणान्महानन्यान्पावको विपिनं यथा।।३९।।

मञ्जुमती टीका : ग्रहों के द्वारा बने हुए मृत्युयोग को अमृत संज्ञक योग जो महान गुणों वाला हैं, उसी प्रकार नष्ट करता है जैसे बहुत बड़ें जङ्गल को अग्निदेव।

अग्निजिह्वाह्वयो योगः पद्मयोगश्च तद्गुणान्।
अन्यान् हन्त्यचिरादेव नकुलः पन्नगं यथा।।४०।।

मञ्जुमती टीका : अग्नि जिह्वा नामक योग के दोषों को पद्मयोग के सम्पूर्ण गुण वैसे ही शीघ्र नष्ट कर देते हैं, जैसे सांप को नेवला।

विषयोगो निहन्त्याशु योगं त्वानन्दसंज्ञकम्।
लग्नोद्भवान्गुणानन्यान्व्याघ्रः कृष्णमृगं यथा।।४१।।

मञ्जुमती टीका : आनन्द संज्ञक गुण विषयोग के दोष समूहों को शीघ्र ही लग्न से उत्पन्न गुणों को उस प्रकार नष्ट करते हैं, जैसे कृष्णमृग को बाघ।

अर्द्धयामभान्तरालं तद्वद्योगान्तरात्मकम्।
मासान्तो त्रिदिनं दोषमब्दान्ते पक्षमेव च।।४२।।

मञ्जुमती टीका : जैसे अर्द्धयाम नक्षत्र के मध्य उसी प्रकार योगों के मध्य एक महीने के अन्त में, तीन दिन के अन्त में, वर्ष के अन्त में, या पक्ष के अन्त के दोष।

योगान्तरालदोषो यः सहस्रं गुणसञ्चयम्।
ऋक्षान्तरालदोषो यस्त्वयुतं गुणसञ्चयम्।।४३।।

मञ्जुमती टीका : योगान्तराल का जो दोष वह सहसों गुण समूहों को और नक्षत्रों के अन्तराल का दोष दस हजार गुण समूहों को।

मासान्तदोषस्त्वचिराद्गुणकोटिं निहन्त्यथ।
गुणानामयुतं हन्ति वर्षान्ते पक्षदोषकः।।४४।।

मञ्जुमती टीका : मासान्त दोष शीघ्र ही करोड़ गुणों को नष्ट कर देता है। जबकि वर्षान्त और पक्ष दोष दस हजार गुणों के दोषो का नष्ट करता है।

उपप्लवभवो दोषो हन्त्यत्र गुणसञ्चयम्।
तद्धिष्ण्योत्पातजो दोषः कर्तुरर्थविनाशदः।।४५।।

मञ्जुमती टीका : भूकम्पजन्य दोष गुण समूहों का नष्ट करता है। और नक्षत्र से उत्पन्न दोष कर्त्ता के धन का विनाश कर देता है।

महाशूलाह्वयो योगः सिद्धियोगं निहन्ति वै।
स्वर्भानुर्बलसंपन्नः शशांकं बलिनं यथा।।४६।।

मञ्जुमती टीका : महाशूल नामक योग निश्चित ही सिद्धि योग को नष्ट कर देता है जैसे बल सम्पन्न राहु पूर्णिमा के चन्द्रमा भी नष्ट कर देता है।

यथा पीयूषयोगाख्यं दुष्टयोगो बलाधिकः।
दावाग्निर्विपिनं सर्वं नानातरुविमण्डतिम्।।४७।।

मञ्जुमती टीका : अत्यधिक बलवान दुष्ट नामक योग पीयूष नामक योग को उसी प्रकार नष्ट करता है। जैसे अनेक प्रकार से वृक्षों से सुशोभित सम्पूर्ण जङ्गल को दावाग्नि नष्ट कर देती है।

कपिलाख्यं महायोगं बलिनं दोषकम्पनम्।
हन्त्येव शकटो योगस्त्वनृतं सुकृतं यथा।।४८।।

मञ्जुमती टीका : कपिल नामक महायोग को बलवान दोषों को कम्पित करने वाले को शकट नामक योग उसी प्रकार नष्ट करता है जैसे असत्य पुण्य को नष्ट कर देता है।

अशनिर्नामयोगो यः समुद्रं योगवल्लभम्।
राघवाग्निशरो यद्वदुदधेः शम्बरं यथा।।४९।।

श्लोव : अशनि नामक योग समुद्र योग बल्लभ को वैसे ही नष्ट करता है जैसे भगवान राम के अग्नि बाण समुद्र के जल को।

समसप्तकयोर्जीवशुक्रयोश्च परस्परम्।
तदा मूढसमो दोषः शुभकार्य्यविनाशदः।।५०।।

मञ्जुमती टीका : बृहस्पति एवं शुक्र का परस्पर समसप्तक नामक योग मूढ़ सम दोष है यह सम्पूर्ण शुभ कार्यों को नष्ट कर देता है।

तुङ्गमित्रस्वर्क्षगयोस्तयोर्वा तत्तदंशयोः।
तदा मूढसमा दोषो नाशं याति न संशयः।।५१।।

मञ्जुमती टीका : उच्च मित्र अपने राशि आदि में गये हुए अथवा उनके अंशों में गये हुए शुक्र और बृहस्पति के समसप्तक योग मूढ समदोष कहे गये हैं, ये नष्ट हो जाते हैं।

महाकुलिकयोगश्च वापी योगं निहन्ति हि।
अन्यान्महागुणांश्चापि पावकस्त्विंधनं यथा।।५२।।

मञ्जुमती टीका : महाकुलिक योग बापी योग को तथा अन्यान्य महागुणों को भी वैसे नष्ट करता है जैसे अग्नि ईधन को नष्ट कर देती हैं।

हन्ति योगं मौसलाख्यं योगो हालाहलाह्वयः।
लग्नोद्भवान्गुणानन्यान्कितवोऽष्टापदं यथा।।५३।।

मञ्जुमती टीका : हालाहल नामक योग, मौसल नामक योग को तथा लग्न से उत्पन्न अन्यान्य गुणों को वैसे नष्ट करते हैं जैसे अत्यन्त धनवान को जुआरी नष्ट कर देता है।

नक्षत्रलांक्षितो योगः स्वयोगं हन्ति सर्वदा।
अन्यान्हन्ति गुणानुग्रान्स्वैरिणी स्वकुलं यथा।।५४।।

मञ्जुमती टीका : नक्षत्र लाक्षित योग सदैव स्वयोग और अन्य गुणों को वैसे नष्ट करता है जैसे स्वच्छन्दचारिणी स्त्री अपने कुल को नष्ट करती है।

पुण्डरीकं महायोगं पक्षच्छिद्रोत्थनाडिका।
हन्ति पक्षिगणं श्येनो यद्वत्तद्वन्न संशयः।।५५।।

मञ्जुमती टीका : पुण्डरीक नामक महायोग पक्ष छिद्र से उत्पन्न नाड़ी दोषों को वैसे नष्ट करता है जैसे पक्षियों के समूह को बाज पक्षी। इसमें बिल्कुल भी संशय नहीं है।

गुणशेखरयोगाख्यं भानुवारादिसम्भवाः।
पापयोगा यथा घ्नन्ति पुरुषं स्त्रीरजस्तथा।।५६।।

मञ्जुमती टीका : गुणशेखर नामक योग रविवार आदि से उत्पन्न पापयोगों को वैसे नष्ट करते हैं जैसे पुरुष को स्त्रीरज।

दिवैव मृत्युदो मृत्युयोगोऽयं न च रात्रिषु।
हन्ति धूर्जटियोगं तु सन्निपातो यथा नरम्।।५७।।

मञ्जुमती टीका : मृत्युयोग दिन में ही मृत्यु देने वाला होता है। यह रात्रि में मृत्यु नहीं देता। इसे धूर्जटि नामक योग वैसे नष्ट करता है। जैसे सन्निपात रोग मनुष्य को नष्ट कर देता है।

गुणभास्करयोगं तु दिवारोगप्रदो हि यः।
हन्ति रोगाह्वयो योगः स्त्रीसङ्गी मेहरोगिणम्।।५८।।

मञ्जुमती टीका : गुण भास्कर नामक योग जो दिन में ही रोग प्रदान करने वाला है वह रोग योग को उसी प्रकार नष्ट करता है। जैसे मेह रोगी को स्त्री सङ्ग।

गुणपार्श्वमहायोगं महाहालाहलो यथा।
हन्ति तारापतिं नूनं सैंहिकेयो महाबली।।५९।।

मञ्जुमती टीका : गुण पार्श्व नामक महायोग को महा हालाहल नामक योग वैसे ही नष्ट करता है जैसे महाबली राहु निश्चित ही चन्द्रमा को ग्रस लेता है।

तं चन्द्रशेखरं योगं महाकाणान्धबाधिराः।
घ्नन्ति योगा यथा मेघचयं चण्डमहानिलः।।६०।।

मञ्जुमती टीका : महाकाण, अन्ध, वधिर आदि योग उस चन्द्रशेखर नामक योग को उसी प्रकार नष्ट करते हैं जैसे बहुत बड़ें मेघ समूहों को प्रचण्ड वायु का समूह।

गुणमर्दनयोगोऽयं योगं श्रीवत्ससंज्ञकम्।
हन्ति यद्वद्विप्रनिन्दा स्वार्जितं धर्मसञ्चयम्।।६१।।

मञ्जुमती टीका : गुणमर्दन नामक यह योग श्रीवत्स नामक योग को उस प्रकार नष्ट कर देता है। जैसे ब्राह्मण की निन्दा अपने अर्जित धर्म समूह को नष्ट कर देती है।

अर्कादिवारसम्भूताः कालकूटविषाह्वयाः।
घ्नन्ति योगाः सिंहयोगं गुरुनिन्देव जीवितम्।।६२।।

मञ्जुमती टीका : रविवार आदि वारों से उत्पन्न कालकूट नामक विष योग सिंह योग को वैसे नष्ट करता है जैसे गुरु की निन्दा जीवन को नष्ट कर देती है।

हन्ति शार्दूलयोगाख्यं धूमयोगो निकृष्टवान्।
क्रोधो हन्ति तपोराशिं चिरकालमुपार्जितम्।।६३।।

मञ्जुमती टीका : शार्दूल नामक योग निकृष्ट धूम योग को वैसे नष्ट करता है जैसे चिरकाल से उपार्जित तप समूह को क्रोध नष्ट कर देता है।

व्यतीपातेन्तरे दोषस्त्विन्द्रयोगं निहन्ति वै।
लग्नोद्भवान्गुणानन्यान्पांशुला स्वकुलं यथा।।६४।।

मञ्जुमती टीका : व्यतिपात के अन्तराल से उत्पन्न दोष इन्द्रयोग को और लग्न से उत्पन्न अन्य गुणों को वैसे नष्ट कर देता है जैसे पांशुला (वेश्या) अपने कुल को नष्ट करती है।

रत्नमालाह्वयं योगं परिवेधोऽतिभीषणः।
हन्ति लग्नगुणानन्यान्गाव्यं मद्यलवो यथा।।६५।।

मञ्जुमती टीका : रत्नमाला नामक योग को अत्यन्त भंयकर परिवेध नामक योग तथा लग्न के गुणों से उत्पन्न अन्य योगो को भी वैसे नष्ट करता है जैसे पञ्चगव्य को एक बूँद मदिरा।

गुणकल्पतरुं हन्ति दोषस्त्विन्द्रधनुस्तथा।
अश्मरी च महारोगस्त्वचिरात्तु शरीरिणम्।।६६।।

मञ्जुमती टीका : कल्पतरू के गुणों को इन्द्रधनुष योग का दोष वैसे नष्ट करता हैं जैसे अश्मरी (पथरी) नामक रोग शीघ्र ही शरीर को नष्ट कर देता है।

केतुसंज्ञो महायोगो योगं गुणमणिं सदा।
भगन्दरो महारोगो हन्ति द्राग्देहधारिणम्।।६७।।

मञ्जुमती टीका : केतु संज्ञक महायोग गुणमणि नामक योग को सदैव उसी प्रकार नष्ट करता है जैसे भगन्दर नामक महारोग देहधारी को नष्ट कर देता है।

गुणार्णवं महायोगं हन्ति निर्घातसंज्ञकः।
योगो विभीषणाकारो मेहरोगो यथा नरम्।।६८।।

मञ्जुमती टीका : गुणार्णव नामक योग को निर्घात संज्ञक योग भयंकर आकृतियों से वैसे नष्ट करता है जैसै मेह रोग मनुष्य को नष्ट करता है।

सुदर्शनं महायोगं मेघदोषो निहन्ति वै।
अजीर्णरोगस्त्वत्यर्थमचिरान्मनुजोत्तमम् ।।६९।।

मञ्जुमती टीका : सुदर्शन नामक महायोग को मेघ दोष वैसे नष्ट करता है जैसे अजीर्ण रोग शीघ्र उत्तम श्रेष्ठ मनुष्यों को भी नष्ट कर देता है।

गुणसागरयोगाख्यं योगः कुलिकसंज्ञकः।
हन्ति यद्वद्वयोदोषः सर्वधातुचयं महत्।।७०।।

मञ्जुमती टीका : गुणसागर योग को कुलिक संज्ञक योग वैसे नष्ट करता है जैसे अवस्था दोष सम्पूर्ण धातु समूहों को नष्ट कर देते हैं।

उल्कायोगो निहन्त्याशु पुण्ययोगं महाबलम्।
स्नुहिवृक्षक्षीरलवः शरीरमिव निर्मलम्।।७१।।

मञ्जुमती टीका : उल्का नामक योग महा बलवान पुण्य योग को वैसे नष्ट करता है स्नुहि वृक्ष का एक बूँद दूध भी निर्मल शरीर को नष्ट कर देता है।

शुभयोगं निहन्त्याशु विद्युद्दोषो महाबलः।
गुणानां निचयं वान्यं शुद्धान्नं लशुनं यथा।।७२।।

मञ्जुमती टीका : शुभ नामक योग को तथा अन्य गुणों के समूहों को महाबलवान विद्युत दोष शीघ्र ही वैसे नष्ट करता है जैसे शुद्ध अन्न को लहसुन।

सिद्धां तिथिं हन्ति सम्यक् पातश्चण्डीशसम्भवः।
महानन्यानन्गुणान्सर्वान्यथा श्वा हव्यसञ्चयम्।।७३।।

मञ्जुमती टीका : सिद्धा तिथि को पात चण्डीश से उत्पन्न दोष ठीक प्रकार से तथा बड़ें अन्यान्य सम्पूर्ण को गुणों को वैसे ही नष्ट कर देता है जैसे हवन के सामग्रियों को कुत्ता।

विजयाख्यं महायोगं लत्तादोषो निहन्त्यलम्।
लग्नोद्भवान्गुणानन्यानान्त्रवृद्धिर्यथा तनुम्।।७४।।

मञ्जुमती टीका : विजय नामक महायोग को तथा लग्न से उत्पन्न अन्य-अन्य गुणों को लत्ता नामक दोष वैसे ही नष्ट कर देता है जैसे आँतों की वृद्धि शरीर को नष्ट कर देती है।

ब्रह्मदण्डं महायोगं योगो निर्घातसंज्ञकः।
गुणानन्यान्निहन्त्याशु क्षीरं मद्यलवो यथा।।७५।।

मञ्जुमती टीका : ब्रह्मदण्ड नामक महायोग को अन्यान्य गुणों को भी निर्घात संज्ञक योग वैसे ही शीघ्र नष्ट कर देता है। जैसे मदिरा की एक बूँद दूध को नष्ट कर देती है।

कामधेनुं महायोगं क्षेपयोगो निहन्ति वै।
क्षयरोगो यथा नूनं शरीरं विपुलं शुभम्।।७६।।

मञ्जुमती टीका : कामधेनु महायोग को क्षेपयोग ठीक उसी प्रकार से नष्ट कर देता है जैसे सुन्दर विशाल शरीर को निश्चित ही क्षयरोग नष्ट कर देता है।

ब्रह्मदण्डं महायोगं योगो निर्घातसंज्ञकः।
यथा हन्ति गुणान्सर्वान्पिशुनः स्नेहसञ्चयम्।।७७।।

मञ्जुमती टीका : ब्रह्मदण्ड नामक महायोग को तथा सम्पूर्ण गुणों को निर्घात संज्ञक योग उसी प्रकार नष्ट कर देता है जैसे प्रेम समूह को चुघुलखोर व्यक्ति।

प्रभंजनं महायोगं योगः संवर्त्तसंज्ञकः।
हन्ति यद्वन्महावृक्षं कोटरस्थोऽनलो यथा।।७८।।

मञ्जुमती टीका : प्रभंजन नामक महायोग को सम्वर्त नामक योग उसी प्रकार नष्ट करता है। जैसे महा वृक्ष को कोटर (खोहड़) में स्थित अग्नि।

इन्द्रदण्डं महायोगं कालदण्डो महाबलः।
हन्ति यद्वत्कफो रोगः शरीरं वज्रसन्निभम्।।७९।।

मञ्जुमती टीका : महाबलवान कालदण्ड इन्द्र दण्ड नामक महायोग को उसी प्रकार नष्ट कर देता है जैसे वज्र की भाँति कठोर शरीर को कफ रोग।

इन्द्रदण्डं महायोगं योगस्त्वेकार्गलाह्वयः।
हन्ति यद्वत्पूर्णगर्भं सन्निपातज्वरो यथा।।८०।।

मञ्जुमती टीका : इन्द्रदण्ड नामक महायोग को एकार्गल नामक योग वैसे ही नष्ट करता है जैसे पूर्ण गर्भ को सन्निपात नामक ज्वर।

अभिजित्संज्ञकं योगं गण्डान्तयोगसंज्ञकः।
हन्ति यद्वन्मृगव्याधः पक्षिसंघमिवाखिलम्।।८१।।

मञ्जुमती टीका : अभिजित संज्ञक योग को गण्डान्त संज्ञक योग उसी प्रकार से नष्ट करता है। जैसे सम्पूर्ण पक्षी समुदाय को बहेलिया।

क्रूरग्रहैर्विद्धदोषो हन्ति गोधूलिकं शुभम्।
यद्वन्महोदरो रोगः कायं दृढतरं भृशम्।।८२।।

मञ्जुमती टीका : क्रूर ग्रहों से विद्ध दोष शुभ गोधूलि बेला को वैसे ही नष्ट करती है जैसे मजबूत शरीर को महोदर नामक रोग।

अवमाख्या तिथिर्हन्ति सौम्यग्रहकृतं शुभम्।
लग्नलग्नांशकगुणान् राजयक्ष्मेव सत्तनुम्।।८३।।

मञ्जुमती टीका : जैसे अमावस्या तिथि शुभग्रहों के द्वारा किये गये शुभफलों को तथा लग्न और लग्न के नवांश से उत्पन्न गुणों को वैसे नष्ट करती है। जैसे सुन्दर शरीर को टीवी रोग।

ग्रहजन्माह्वयो दोषो गुरुलग्नस्थितं शुभम्।
हन्ति तारापतिं यद्वत्सैंहिकेयो महाबलः।।८४।।

मञ्जुमती टीका : ग्रह जन्म नामक दोष शुभ लग्न में स्थित गुरु की शुभता को वैसे नष्ट करता है। जैसे महा बलवान राहु चन्द्रमा को।

प्रतिसूर्यो निहन्त्याशु यच्छुभग्रहजं शुभम्।
लग्नलग्नांशसम्भूतं कुठारो विटपं यथा।।८५।।

मञ्जुमती टीका : प्रतिसूर्य नामक दोष तथा लग्न और लग्न के नवाशं से उत्पन्न शुभ योग को वैसे ही शीघ्र नष्ट कर देता है जैसे कुठार वृक्ष को नष्ट कर देता है।

प्रतिचन्द्रो निहन्त्याशु प्रतिशुक्रकृतं शुभम्।
लग्नषड्वर्गसम्भूतं मेघसंघमिवानिलः।।८६।।

मञ्जुमती टीका : प्रतिशुक्र के द्वारा किये गये शुभ फल को तथा लग्न एवं षडवर्ग से उत्पन्न शुभ फलों को प्रति चन्द्रमा वैसे नष्ट करता है जैसै बादलों

के समूह को वायु।

परिवेषो निहन्त्याशु लग्नलग्नांशजं गुणम्।
शुभग्रहकृतं सर्वं मक्षिका भोजनं यथा।।८७।।

मञ्जुमती टीका : लग्न और लग्नांश से उत्पन्न गुण तथा शुभग्रहकृत शुभ फलों को परिवेष नामक दुष्टयोग वैसे नष्ट करता है। जैसे भोजन को मक्खियाँ।

नीहारदोषो हन्त्याशु सौम्यग्रहकृतं शुभम्।
अपि लग्नकृतं श्राद्धं वृषलीपुत्रको यथा।।८८।।

मञ्जुमती टीका : शुभग्रहकृत शुभ फलों को और लग्नकृत शुभ फलों को नीहार नामक दोष वैसे ही शीघ्र नष्ट करता है जैसे वृषली पुत्र श्राद्ध को नष्ट करता है।

अकालवृष्टिजो दोषः सकलं गुणसञ्चयम्।
हन्ति यद्वत्पांशुलाख्या नितरां स्वकुलं महत्।।८९।।

मञ्जुमती टीका : अकाल वृष्टि से उत्पन्न दोष सम्पूर्ण गुण समूहों को वैसे ही नष्ट कर देता है। जैसे वेश्या अपने सम्पूर्ण कुल को नष्ट कर देती है।

अकालगर्जितो दोषः सकलं गुणसञ्चयम्।
हन्ति यद्वन्मेघवृन्दं तारकामण्डलं यथा।।९०।।

मञ्जुमती टीका : अकाल गर्जित दोष सम्पूर्ण गुण समूहों को वैसे नष्ट कर देते हैं जैसे तारका मण्डल को मेघों का समुदाय।

दिग्धूमदोषो हन्त्याशु सकलं गुणसञ्चयम्।
यथा दुर्वाससः शापः सुरेन्द्रमिव गर्वितम्।।९१।।

मञ्जुमती टीका : दिग् धूम नामक दोष सम्पूर्ण गुण समूहों को वैसे ही शीघ्र नष्ट देता है जैसे दुर्वासा का शॉप गर्वित इन्द्र को।

दग्धलग्नोद्भवो दोषः सकलं गुणसञ्चयम्।
हन्ति यद्वन्महावह्निरिन्धनानां च सञ्चयम्।।९२।।

मञ्जुमती टीका : दग्ध लग्न से उत्पन्न दोष सम्पूर्ण गुण समूहों को वैसे नष्ट करता है। जैसे महा अग्नि ईधन के समूहों कों नष्ट कर देता है।

शून्यधिष्ण्योद्भवो दोषः सकलं गुणसञ्चयम्।
हन्ति यद्वन्महावृष्टिः सकलं भूतसञ्चयम्।।९३।।

मञ्जुमती टीका : शून्य नक्षत्र से उत्पन्न दोष सम्पूर्ण गुण समुदाय को वैसे नष्ट करती है जैसे महावृष्टि सम्पूर्ण प्राणियों के समूह को।

दोषः शून्यतिथेर्जातः सकलं गुणसञ्चयम्।
हन्ति यद्वद्वैनतेयः सर्वं सर्पकुलं महत्।।९४।।

मञ्जुमती टीका : शून्य तिथि से उत्पन्न दोष सम्पूर्ण गुण समूह को वैसे नष्ट करता है जैसे गरुड़जी सम्पूर्ण सांपों के बड़े कुल को नष्ट कर देते हैं।

ये मण्डनाध्यायगुणापवादा दोषाश्च सर्वे त्विह चिन्तनीयाः।
गुणापवादं निखिलं समुक्त्वा दोषापवादं त्वधुनाऽभिधास्ये।।९५।।

मञ्जुमती टीका : जो मण्डनाध्याय गुणों के अपवाद और दोष हैं। उन सबका यहां विचार करना चाहिए। गुणों के सम्पूर्ण अपवादों को कह कर इस समय दोषों के अपवाद को कह रहा हूँ।

प्रबला अपि दोषास्ते सीदन्त्येव कलौ युगे।
पापरूपा यतो दोषाः पुण्यरूपाः सदा गुणाः।।९६।।

मञ्जुमती टीका : प्रबल दोष भी कलयुग में काँपते हैं क्योंकि दोष सदैव पापरूप होते हैं और गुण सदैव पुण्यरूप होते हैं।

एकं मृगं मृगी सूते पञ्चसूते वृकान्वृकी।
अतारो विलयं याति घनमाला यथा तथा।।९७।।

मञ्जुमती टीका : सिंहनी एक ही शेर को पैदा करती हैं जबकि मादा भेड़ियां पांच भेड़ियों को पैदा करती है। अतारा घनमाला जैसे तैसे विलय को प्राप्त हो जाती है।

आलस्योपहतः पादः पादः पाखण्डमाश्रितः।
राजानं सेवते पादः पादः कृषिमुपाश्रितः।।९८।।

मञ्जुमती टीका : आलस्य से उपहत चरण, पाखण्ड से आश्रित चरण, राजा के सेवक चरण और कृषि भी चरण पर ही आश्रित रहती है।

एकं पादं त्रयः पादा भक्षयन्ति दिने दिने।
तथापि वर्द्धते पादः क्षीणं याति पदत्रयम्।।९९।।

मञ्जुमती टीका : एक चरण तीन चरणों का भक्षण करता है फिर भी एक पाद बढ़ता रहता है जबकि तीन पाद छिन्न हो जाता है।

यथा दैत्या हता देवैस्तथा दोषा हता गुणैः।
विविधैर्योगजैः सौम्यखैटजैर्लग्नवर्गजैः।।१००।।

मञ्जुमती टीका : जैसे दैत्य देवताओं के द्वारा मारे जाते हैं, उसी प्रकार से विविध योगो से उत्पन्न, शुभग्रहों से उत्पन्न, लग्न से उत्पन्न तथा षडवर्ग से उत्पन्न गुणों के द्वारा समस्त दोष नष्ट कर दिये जाते हैं।

निर्देशान्नामतो यत्र वामं दोषमयं गुणैः।
तत्रैव हन्ति नान्यत्र प्रशंसाऽत्र परस्य च।।१०१।।

मञ्जुमती टीका : जहां गुणों से विपरीत दोषों को नष्ट करने का उल्लेख है वह नाम के निर्देश से ही जानना चाहिए। अन्यत्र नहीं, यहां दूसरे की प्रंशसा की जा रही है।

उत्पातयोगजं दोषं चरयोगो निहन्ति वै।
मत्तेभेन्द्रचयं यद्वत्पञ्चवक्त्रो महाबलः।।१०२।।

मञ्जुमती टीका : उत्पात योग ये उत्पन्न दोषों को निश्चित ही चरयोग वैसे नष्ट कर देता है जैसे हाथियों के समूह को महाबली सिंह नष्ट कर देता है।

निहन्ति मृत्युयोगं तु श्रेष्ठयोगो महाबलः।
यथान्धकारं निबिडं भास्करस्योदयो यथा।।१०३।।

मञ्जुमती टीका : महाबली श्रेष्ठयोग मृत्युयोग को ऐसे नष्ट करता है जैसे घोर अन्धकार को सूर्योदय।

अन्धयोगकृतं दोषं शुभयोगो निहन्ति वै।
यथा हरिकथालापः पापं जन्मशतोद्भवम्।।१०४।।

मञ्जुमती टीका : अन्धयोग से उत्पन्न दोषों को शुभयोग निश्चित ही वैसे नष्ट कर देते हैं जैसे सैकड़ों जन्मों से उत्पन्न पापों को भगवान् की कथावार्ता।

काणयोगकृतं दोषं हन्ति कल्याणसंज्ञकः।
स योगः शार्दूलमिव सर्वदा मृगसंहतिम्।।१०५।।

मञ्जुमती टीका : काणयोग से उत्पन्न दोषों को कल्याण नामक योग वैसे नष्ट करता है जैसे हिरणों के समूह को सर्वदा बाघ नष्ट कर देता है।

पङ्गुयोगं निहन्त्याशु योगो वै वर्द्धमानकः।
काकानां संहतिं यद्वत्तद्वच्छ्येनो महाबलः।।१०६।।

मञ्जुमती टीका : पङ्गुयोग से उत्पन्न दोषों को वर्द्धमान नामक योग शीघ्र ही वैसे नष्ट करता है जैसे कौवों के समूह को बलवान बाज पक्षी।

सुधायोगो निहन्त्याशु योगं बधिरसंज्ञकम्।
भुजङ्गसंहतिं यद्वद्वैनतेयो महाबलः।।१०७।।

मञ्जुमती टीका : सुधा नामक योग वधिर नामक योग से उत्पन्न दोषों को उसी प्रकार नष्ट करता है। जेसे सर्प समुदाय को महाबली गरुड़जी नष्ट कर देते हैं।

महायोगो निहन्त्याशु योगं तु राक्षसाह्वयम्।
दैत्यानां संहतिं यद्वच्छरो दाशरथेर्यथा।।१०८।।

मञ्जुमती टीका : राक्षस नामक योग से उत्पन्न दोषों को महायोग के गुणवैसे नष्ट कर देते हैं जैसे दैत्यों के समूह को भगवान् राम के बाण।

दग्धयोगं निहन्त्याशु महायोगो महाबलः।
पञ्चाक्षरी महापापं कोटिजन्मकृतं तु यत्।।१०९।।

मञ्जुमती टीका : महा बलवान महायोग दग्धयोग से उत्पन्न दोषों को वैसे नष्ट करता है जैसे करोड़ों जन्मों से किये गये पापों को पञ्चाक्षरी नामक मन्त्र नष्ट कर देता है।

ग्रहजन्मकृतं दोषं पूर्णयोगो निहन्ति वै।
महादावानलो यद्वद्विस्तृतं विपिनं भृशम्।।११०।।

मञ्जुमती टीका : ग्रहजन्मकृत दोषों को पूर्णयोग वैसे नष्ट करता है जैसे बहुत बड़ें जङ्गल को महा दावानल अर्थात् जङ्गल की अग्नि।

गदायोगं निहन्त्याशु शंखयोगो महाबलः।
आखूनां संहतिं यद्वन्मार्जारोऽमितविक्रमः।।१११।।

मञ्जुमती टीका : गदायोग के दोषों को महाबलवान शंखयोग के गुण वैसे शीघ्र ही नष्ट कर देते हैं जैसे बहुत पराक्रमी मार्जार (बिल्ली) चूहों के समूहों को नष्ट कर देता है।

ग्रहैः कृतं मृत्युयोगं योगश्चामृतसंज्ञकः।
संजीवको गारुडाख्यो हन्ति यद्वद्विषोल्बणम्।।११२।।

मञ्जुमती टीका : ग्रहों के द्वारा उत्पन्न मृत्युयोग को अमृतसंज्ञक योग वैसे नष्ट करता है जैसे संजीवक मन्त्र विष के समूहों को नष्ट कर देता है।

अग्निजिह्वद्वयं योगं पद्मयोगो निहन्ति वै।
अधनं बलसंपन्नो गुरुः सर्वकुलं यथा।।११३।।

मञ्जुमती टीका : अग्नि जिह्वद्वय नामक योग के दोषों को पद्म नामक योग के गुण ठीक वैसे ही नष्ट कर देते हैं जैसे धनरहित तथा बल स्पन्न गुरु सम्पूर्ण कुलों का उद्धार कर देता है।

विपद्योगं निहन्त्याशु योगश्चानन्दसंज्ञकः।
एकादशीव्रतं यद्वत्पापं जन्मशतोद्भवम्।।११४।

मञ्जुमती टीका : विपद नामक योग के दोषों को आनन्द नामक योग वैसे नष्ट कर देता है जैसे सैकड़ों जन्मों से उत्पन्न पाप समूह को एकादशी व्रत।

भान्तरालकृतं दोषं सिद्धियोगो निहन्ति वै।
जीमूतसञ्चयं यद्वदनिलश्चोद्धतो भृशम्।।११५।।

मञ्जुमती टीका : नक्षत्र के सन्धिकृत दोषों को सिद्धि नामक दोष वैसे नष्ट करता है जैसे बादलों के समूह को उद्धत वायु।

योगान्तरालकं दोषं हन्ति सिद्धातिथिः स्वयम्।
भागीरथीजलं यद्वदघं जन्मशतोद्भवम्।।११६।।

मञ्जुमती टीका : योग के सन्धिकृत दोषों को सिद्धा तिथि स्वयं वैसे नष्ट कर देती है जैसे सैकड़ों जन्मों से उत्पन्न पापों को गङ्गाजी का जल।

मासान्ते त्रिदिनं दोषो न नष्टो गुणकोटिभिः।
वर्षान्ते पक्षदोषोऽपि तद्वदेव न सीदति।।११७।।

मञ्जुमती टीका : मासान्त के तीन दिन के दोषों को करोड़ों गुणों के द्वारा भी नहीं नष्ट किया जा सकता। उसी प्रकार से वर्षान्त का दोष पक्ष दोष भी किन्हीं भी गुणों से पीड़ित नहीं होता।

उपप्लवर्क्षजो दोषश्चोत्पातर्क्षभवस्तथा।
पापविद्धर्क्षजः पापसंस्थभदोषसञ्चयः।।११८।।

मञ्जुमती टीका : भूकम्प के नक्षत्र से उत्पन्न दोषों को तथा उत्पात के नक्षत्रों से उत्पन्न दोषों को और पापग्रह से विद्ध नक्षत्रों से उत्पन्न दोषों को एवं पाप राशि में स्थित नक्षत्र दोष समूहों को।

एते दोषाश्च चत्वारो महाबलतरास्त्वमी।
सर्वदा नैव सीदन्ति गुणानां कोटिकोटिभिः।।११९।।

मञ्जुमती टीका : ये चारों दोष अत्यन्त बलवान कहे गये हैं। इन दोषों को करोड़ो-करोड़ों गुणों के द्वारा भी कभी भी पीड़ित नहीं किया जा सकता अर्थात् इनके दोषों को दूर नहीं किया जा सकता।

महाशूलाह्वयं योगं सिद्धियोगो निहन्ति वै।
कृष्णाष्टमीव्रतं यद्वत्पापं जन्मशतोद्भवम्।।१२०।।

मञ्जुमती टीका : महाशूल नामक योग के दोषों को निचित ही सिद्धि योग वैसे नष्ट करता है जैसे सैकड़ों जन्मों से उत्पन्न पापों को कृष्णजन्माष्टमी का व्रत दूर कर देता है।

दुष्टयोगं निहन्त्याशु योगः पीयूषसंज्ञकः।
सुदर्शनं महाचक्रं करोति दनुजक्षयम्।।१२१।।

मञ्जुमती टीका : पीयूष संज्ञक योग दुष्टयोग से उत्पन्न दोषों का शीघ्र ही वैसे नष्ट कर देता है। जैसे सुदर्शन नामक महाचक्र राक्षसों का क्षय कर देता है।

शकटाख्यं महायोगं कपिलो नामयोगराट्।
हन्ति मत्स्यध्वजं यद्वद्भवनेत्रोद्भवोऽनलः।।१२२।।

मञ्जुमती टीका : शकट नामक महायोग के दोषों को कपिल नामक योगों का सम्राट वैसे ही नष्ट कर देता है जैसे भगवान् शंङ्कर के तीसरी आँख से उत्पन्न अग्नि कामदेव को नष्ट कर देती है।

समुद्रसंज्ञको योगो योगं त्वनिलसंज्ञकम्।
हन्ति यद्वन्महावायुर्वारिवाहचयं महत्।।१२३।।

मञ्जुमती टीका : अनिल संज्ञक योग के दोषों को समुद्र संज्ञकयोग के गुण वैसे नष्ट करते हैं जैसे बादलों के समूह को महा वायु नष्ट कर देती है।

मृत्युतुल्यं महादोषं विनाशं कुरुते सदा।
तुङ्गमित्रस्वर्क्षसंस्थौ देवदैत्येन्द्रपूजितौ।।१२४।।

मञ्जुमती टीका : मृत्युतुल्य महादोष का सदैव विनाश कर देते हैं। अपने उच्च मित्र राशि अथवा अपनी राशि में स्थित गुरु एवं शुक्र।

महाकुलिकयोगं तु वापीयोगो निहन्ति वै।
सर्पाणां संहतिं यद्वन्महानकुलसंहतिः।।१२५।।

मञ्जुमती टीका : महाकुलिक योग के दोषों को वापीयोग के गुण वैसे नष्ट करते हैं जैसे सर्पों के समूहा को बड़ें नेवले का समूह।

हालाहलाह्वयं नामामृतयोगो निहन्ति वै।
भागीरथी यथा स्नानं पापं जन्मशतोद्भवम्।।१२६।।

मञ्जुमती टीका : हालाहल नामक योग के दोषों को अमृतनामक योग के गुण निश्चित ही वैसे नष्ट कर देते हैं जैसे सैकड़ों जन्मों से उत्पन्न पापों को गङ्गाजल नष्ट कर देता है।

पक्षच्छिद्रोक्तनाडीनां दोषं हन्ति सदा तथा।
पुण्डरीकाह्वयो योगः पिनाकी त्रिपुरं यथा।।१२७।।

मञ्जुमती टीका : पक्ष च्छिद्र में कहे गये नाड़ियों के दोषों को पुण्डरीक नामक योग के गुण सदैव वैसे ही नष्ट करते हैं जैसे त्रिपुरासुर का भगवान् शंङ्कर।

भानुवारादिसम्भूतान्पापयोगान्निहन्ति वै।
गुणशेखर योगोऽयं राघवो रावणं यथा।।१२८।।

मञ्जुमती टीका : रविवार आदि दिनों से उत्पन्न गुणशेखर नामक यह योग पापयोगों को वैसे ही निश्चित नष्ट कर देते हैं जैसे भगवान् राम रावण को।

दिवैव मृत्युदं योगं हन्ति योगो महाबली।
धूर्जटी नाम योगोऽयं त्विन्धनं पावको यथा।१२९।।

मञ्जुमती टीका : दिन में मृत्यु देने वाला योग के दोषों को महाबली धूर्जटी नामक योग वैसे नष्ट करता है जैसे अग्नि ईधन समूह को।

दिवैव रोगदं योगं रोगं हन्ति महाबली।
गुणभास्करयोगोऽयं विपिनं पावको यथा।।१३०।।

मञ्जुमती टीका : दिन को रोगद योगों के रोग को गुण भाष्कर नामक महाबली योग वैसे नष्ट करता है जैसे बहुत बड़ें जङ्गल को अग्नि नष्ट कर देती है।

महाहालाहलं योगं गुणभास्करसंज्ञकः।
योगो हन्ति यथा तद्वत्कुमारस्तारकासुरम्।।१३१।।

मञ्जुमती टीका : महा हालाहल नामक योग के दोषों को गुण भाष्कर संज्ञक योग वैसे नष्ट करता है जैसे तारकासुर को कुमार अर्थात् स्वामी कार्तिकेय।

चन्द्रशेखरयोगोऽयं महाकाणान्धबाधिरान्।
दोषान् हन्ति यथा तद्वद्वालिनं राघवो यथा।।१३२।।

मञ्जुमती टीका : महाकाण अन्ध और वधिर योगों के दोषों को चन्द्रशेखर नामक यह योग ठीक उसी प्रकार से नष्ट कर देता है जैसे बालि का भगवान राम।

गुणमर्दनयोगाख्यं योगः श्रीवत्ससंज्ञकः।
हन्ति यद्वन्महावृक्षान्प्रचण्डः प्रबलोऽनिलः।।१३३।।

मञ्जुमती टीका : गुणमर्दन नामक योग के दोषों को श्रीवत्स नामक योग उसी प्रकार से नष्ट कर देता है जैसे बड़े-बड़ें वृक्षों को प्रबल और प्रचण्ड वायु नष्ट कर देती है।

अर्कादिवारसम्भूतान्कालकूटाख्ययोगकान्।
हन्ति यद्वत्सिंहयोगः पापं पञ्चाक्षरी यथा।।१३४।।

मञ्जुमती टीका : रविवार आदि वारों से उत्पन्न कालकूट नामक योग के दोषों को सिंहयोग उसी प्रकार नष्ट करता है जैसे पापों को पञ्चाक्षरी मन्त्र।

धूमयोगं निहन्त्याशु योगः शार्दूलसंज्ञकः।
हन्ति यद्वद्विप्रमुख्यं पापः पातकसंज्ञकः।।१३५।।

मञ्जुमती टीका : धूमयोग के दोषों को शार्दूल नामक योग शीघ्र ही वैसे नष्ट कर देता है जैसे पातकसंज्ञक पापों को श्रेष्ठ ब्राह्मण।

उपग्रहाह्वयं दोषं सिद्धियोगो निहन्ति वै।
मर्दयतो बलातैलं वातरोगं यथा तथा।।१३६।।

मञ्जुमती टीका : उपग्रह नामक योग के दोषों को सिद्धि नामक योग वैसे नष्ट करता है। जैसे बला नामक तेल के मर्दन (मालिश) से वातरोग नष्ट हो जाता है।

इन्द्रयोगो निहन्त्याशु व्यतीपाताह्वयं सदा।
रोगं यद्वद्ब्रह्मवादी द्वन्द्वसंसारिकं सुखम्।।१३७।।

मञ्जुमती टीका : इन्द्र नामक योग व्यतिपात योग के दोषों को सदैव शीघ्र ही वैसे नष्ट कर देता है जैसे कोई ब्रह्मवादी सांसारिक द्वन्द्व के सुखों को नष्ट कर देता है।

परिवेषाह्वयं योगं हन्ति यद्वन्महाबलम्।
रत्नमालाह्वयो योगः पिनाकी त्रिपुरं यथा।।१३८।।

मञ्जुमती टीका : परिवेष नामक योग के दोषो को महाबलवान रत्नमाला नामक योग वैसे नष्ट कर देता है जैसे त्रिपुरासुर को भगवान शंङ्कर।

गुणकल्पतरुर्योगः कुपुत्रः स्वकुलं यथा।
हन्तीन्द्रधनुषं योगं महाबलवत्तरं शरम्।।१३९।।

मञ्जुमती टीका : इन्द्रधनुष नामक योग के दोषों को तथा महाबलवान बाणों के दोषों को गुण कल्पतरू नामक योग वैसे नष्ट करता है जैसे कुपुत्र अपने कुल को नष्ट कर देता है।

वातसंज्ञं महादोषं हन्ति यद्वन्महाबली।
योगो गुणमणिः सर्वं प्रणवः पापसञ्चयम्।।१४०।।

मञ्जुमती टीका : वातसंज्ञक महादोषों को महाबलवान गुणमणि नामक योग वैसे नष्ट करता है जैसे पापसमूहों को प्रणव अर्थात् ओम् का उच्चारण।

गुणार्णवमहायोगो हन्ति निर्घातसंज्ञकम्।
योगं यद्वन्पापचयं निरन्तरहरिस्मृतिः।।१४१।।

मञ्जुमती टीका : गुणार्णव नामक महायोग निर्घात नामक योग के द्वारा उत्पन्न दोषों को वैसे ही नष्ट कर देता है जैसे पापसमूहों को निरन्तर भगवान विष्णु की स्मृति नष्ट कर देती है।

सुदर्शनमहायोगो हन्ति निर्घातसंज्ञकम्।
हन्ति यद्वद् पापमचयं प्रणाममिव शूलिनि।।१४२।।

मञ्जुमती टीका : सुदर्शन नामक महायोग निर्घात संज्ञक दोषों को वैसे नष्ट कर देता है जैसे भगवान शंङ्कर के प्रणाम से सम्पूर्ण पापों का समूह नष्ट हो जाता है।

गुणसागरयोगोऽयं योगं कुलिकसंज्ञकम्।
हन्ति यद्वन्महारोगं हिंग्वादिको महान्तु वै।।१४३।।

मञ्जुमती टीका : गुणसागर नामक योग कुलिक संज्ञक योग के दोषों को वैसे नष्ट कर देता है जैसे हिंग्रवादिक चूर्ण महारोगों को नष्ट कर देते हैं।

उल्कायोगं निहन्त्याशु पुण्ययोगो महाबलः।
अश्मरीसंज्ञकं योगं यद्वच्छ्वेतार्कमूलकम्।।१४४।।

मञ्जुमती टीका : उल्का योग के दोषों को योग महाबली पुण्य नामक शीघ्र ही वैसे नष्ट कर देता है जैसे पथरी नामक रोग को श्वेत मदार वृक्ष की मूल नष्ट कर देती है।

शुभयोगो निहन्त्याशु विधुदोषं महाबलम्।
महोदरव्याधिचयं स्नुहिक्षीरं यथा तथा।।१४५।।

मञ्जुमती टीका : महाबली चन्द्रमा के दोष को शुभ नामक योग शीघ्र ही वैसे नष्ट कर देता है जैसे महोदर व्याधि को स्नुहि का दूध नष्ट कर देता है।

चण्डायुधं सचण्डीशं हन्ति सिद्धातिथिर्यथा।
आंत्रवृद्धिर्यथा कायं निखिलं सुदृढं यथा।।१४६।।

मञ्जुमती टीका : चण्डायुध तथा चण्डीश योग के दोषों को सिद्धा तिथि उसी प्रकार नष्ट कर देती है जैसे दृढ़ सम्पूर्ण शरीर को आँत की वृद्धि नष्ट कर देती है।

विजयाख्यो महायोगो लाक्षादोषं निहन्ति वै।
यथा नयनजं पुष्पं शिग्रुमूलं यथा बली।।१४७।।

मञ्जुमती टीका : लाक्षा दोष को निश्चित ही विजय नामक महादोष वैसे नष्ट कर देता है जैसे नयनज पुष्प को बलवान शिग्रुरु मूल नष्ट कर देता है।

ब्रह्मदण्डाह्वयो योगो दोषं निर्घातसंज्ञकम्।
हन्ति यद्वन्नेत्ररोगं नलजं वीरसंयुतम्।।१४८।।

मञ्जुमती टीका : निर्घात संज्ञक दोषों को ब्रह्मदण्ड नामक योग वैसे नष्ट कर देता है जैसे वीरयुक्त नल से उत्पन्न नेत्र रोगों को नष्ट कर देता है।

कामधेनुमहायोगो धूम्रयोगं निहन्ति वै।
उन्मादरोगं कल्याणघृतं यद्वन्महाबलम्।।१४९।।

मञ्जुमती टीका : कामधेनु नामक महायोग धूम्रयोग को वैसे ही नष्ट कर देता है जैसे महाबली कल्याण करने वाला घृत उन्माद रोग को नष्ट कर देता है।

ब्रह्मदण्डाह्वयो योगो योगं क्रकचसंज्ञकम्।
हन्ति तद्वद्राजरोगं यद्वद्गंडीरसंज्ञकम्।।१५०।।

मञ्जुमती टीका : क्रकच संज्ञक योग के दोषों को ब्रह्मदण्ड नामक योग वैसे ही नष्ट कर देता है जैसे गण्डीर राजरोग अर्थात् टीवी रोग को नष्ट कर देता है।

प्रभंजनो महायोगो योगं संवर्त्तसंज्ञकम्।
शतावीरधृतं हन्ति मूत्रकृच्छ्रं यथा तथा।।१५१।।

मञ्जुमती टीका : प्रभंजन नामक महायोग सम्वर्त सज्ञंक योग के दोषों को वैसे ही नष्ट कर देता है जैसे शतावीर मूत्रकृच्छ्र रोग को नष्ट कर देता है।

इन्द्रदण्डो महायोगो कालदण्डं महाबलम्।
हन्ति यद्वत्त्रिकटुकं कासश्वासं महाबलम्।।१५२।।

मञ्जुमती टीका : इन्द्रदण्ड नामक महायोग महाबली कालदण्ड के दोषों को वैसे ही नष्ट कर देता है जैसे महाबली कास (खांसी), श्वांस (दमा) रोगों को त्रिकटु नामक औषधि नष्ट कर देती है।

एकार्गलं महादोषं इन्द्रदण्डो निहन्ति वै।
कालकूटं विषं यद्वत्तद्वदेवेन्दुशेखरः।।१५३।।

मञ्जुमती टीका : एकार्गल महादोष को इन्द्रदण्ड नामक योग वैसे ही नष्ट कर देता है जैसे कालकूट विष को भगवान शंङ्कर।

गण्डान्तदोषमखिलमभिजिद्योगसंज्ञकः ।
हन्ति यद्वत्सर्वपापान् राजसूयपरो नृपः।।१५४।।

मञ्जुमती टीका : सम्पूर्ण गण्डान्त दोषों को अभिजित् संज्ञक योग वैसे ही नष्ट कर देता है जैसे राजाओं का राजसूय यज्ञ सम्पूर्ण पापों को नष्ट कर देता है।

गोधूलिको महायोगो विद्धभं पापखेचरैः।
हन्ति यद्वत्पापराशिं यथा लक्ष्मीपतेः स्मृतिः।।१५५।।

मञ्जुमती टीका : पापग्रहों से विद्ध नक्षत्र के दोषों को गोधूलि नामक महादोष वैसे नष्ट करता भगवान विष्णु की स्मृति सम्पूर्ण पाप समूहों को नष्ट कर देती है।

अवमाख्यातिथेर्दोषं केन्द्रगो देवपूजितः।
हन्ति यद्वत्पापचयं द्वित्रिषड्वार्षिकं व्रतम्।।१५६।।

मञ्जुमती टीका : अमावस्या तिथि से उत्पन्न दोषों को केन्द्र में स्थित बृहस्पति वैसे ही नष्ट कर देता है जैसे दो, तीन अथवा छः वर्षों का व्रत सम्पूर्ण पाप समूहों को नष्ट कर देता है।

ग्रहजन्माह्वयं योगं शुभः केन्द्रगतो यथा।
हन्ति पापचयं भक्त्या प्रणाममिव शंकरे।।१५७।।

मञ्जुमती टीका : ग्रहजन्म नामक योग के दोषों को केन्द्रगत शुभग्रह वैसे ही नष्ट कर देता है जैसे भगवान शंङ्कर को भक्तिपूर्वक प्रणाम करने से सारे पापसमूह नष्ट हो जाते हैं।

त्रिद्युस्पृग्यामदोषं यः शुभः केन्द्रगतः सदा।
हन्ति यद्वत्पापचयमशून्यशयनव्रतम्।।१५८।।

मञ्जुमती टीका : त्रिद्युस्पृक्याम दोषों को जो भी शुभग्रह केन्द्र में स्थित हो तो सदैव ऐसे नष्ट कर देता है जैसे पापसमूहों को अशून्यशयन व्रत नष्ट कर देता है।

प्रतिसूर्य्याह्वयं दोषं केन्द्रगः शुभखेचरः।
निहन्ति यद्वन्पिशुनः सकलं स्नेहसञ्चयम्।।१५९।।

मञ्जुमती टीका : प्रतिसूर्य नामक दोष को केन्द्र में स्थित शुभग्रह वैसे ही नष्ट कर देता है जैसे कोई चुगुलखोर सम्पूर्ण प्रेम समूहों को नष्ट कर देता है।

प्रतिचन्द्रकृतं दोषं लाभगः पूर्णचन्द्रमाः।
हन्ति यद्वत्पापचयं सुलब्धाध्यापको द्विजः।।१६०।।

मञ्जुमती टीका : प्रतिचन्द्रकृत दोष को लाभ स्थान में स्थित पूर्ण चन्द्रमा वैसे ही नष्ट कर देता है जैसे पापसमूहों को सुन्दर ब्राह्मण अध्यापक।

नीहारदोषं हन्त्याशु त्रिषडायगतो रविः।
हन्ति यद्वत्क्षीरचयं सद्यस्त्वम्लरसो यथा।।१६१।।

मञ्जुमती टीका : नीहार दोष को तीसरे, छठें या लाभ स्थान में गये हुए सूर्य शीघ्र ही वैसे नष्ट कर देते हैं। जैसे अम्लरस शीघ्र ही दूध समूह को नष्ट कर देता है।

अकालगर्जितं दोषं केन्द्रगः शुभखेचरः।
हन्ति यद्वत्पाशुपतमन्धकं नाम राक्षसम्।।१६२।।

मञ्जुमती टीका : अकाल गर्जित दोष को केन्द्र स्थान में गया हुआं शुभग्रह वैसे ही नष्ट कर देता है जैसे भगवान शङ्कर का पाशुपत अस्त्र अन्धक नामक राक्षस को नष्ट कर देता है।

अकालवृष्टिजं दोषं गुरुरेको महाबली।
हन्ति यद्वद्रामशरः खरनामासुरं भृशम्।।१६३।।

मञ्जुमती टीका : अकाल वृष्टि से उत्पन्न दोष को महाबलवान अकेला गुरु वैसे नष्ट कर देता है जैसे भगवान राम का बाण खर नामक राक्षस को नष्ट कर देता है।

दिग्धूमदोषं हन्त्याशु लाभस्थानगतः शुभः।
हन्ति यद्वत्पापचयं हरेः पादोदकं महत्।।१६४।।

मञ्जुमती टीका : दिग्धूम दोष को लाभ स्थान में गया हुआ शुभग्रह शीघ्र ही वैसे नष्ट कर देता है जैसे भगवान विष्णु का चरणोदक सारे पापसमूहों

को नष्ट कर देता है।

परिवेषकृतं दोषं षड्वर्गः शुभखेटजः।
निहन्ति यद्वद्व्रतिनं चन्द्रः पापांशसंस्थितः।।१६५।।

मञ्जुमती टीका : परिवेषकृत दोष को षडवर्ग में बलवान शुभग्रह वैसे नष्ट कर देता है जैसे पाप अंश में स्थित चन्द्रमा के दोष को व्रती नष्ट करता है।

महाप्रभंजनं दोषं दशमायगतः शशी।
हन्ति यद्वत्पापचयं शिवरात्रिव्रतं महत्।।१६६।।

मञ्जुमती टीका : महाप्रभंजन नामक दोष को दसवें या ग्यारहवें स्थान में स्थित चन्द्रमा वैसे नष्ट कर देता है। जैसे पापसमूहों को शिवरात्रि का व्रत।

दग्धलग्नोद्भवं दोषं लाभगः क्षितिनन्दनः।
हन्ति यद्वन्महापापं कृष्णाष्टमीव्रतं यथा।।१६७।।

मञ्जुमती टीका : दग्ध लग्न से उत्पन्न दोष को लाभ स्थान में गया हुआ मङ्गल वैसे नष्ट कर देता है जैसे भगवान कृष्ण की अष्टमी व्रत सम्पूर्ण महापापों को नष्ट कर देती है।

शून्यधिष्ण्योद्भवं दोषं रिपुस्थानगतः कुजः।
हन्ति यद्वन्महापापं तप्तकृच्छ्रव्रतं यथा।।१६८।।

मञ्जुमती टीका : शून्य नक्षत्र से उत्पन्न दोष को छठें स्थान में गया हुआ मङ्गल उसी प्रकार नष्ट कर देता है। जैसे तप्त कृच्छ्र व्रत बड़े-बड़े पापों का नष्ट कर देता है।

दोषं शून्यतिथेर्जातं लाभगः सौम्यखेचरः।
हन्ति यद्वन्महापापं कृच्छ्रसान्तपनं यथा।।१६९।।

मञ्जुमती टीका : शून्य तिथि से उत्पन्न दोषों को लाभ स्थान में गया हुआ शुभग्रह उसी प्रकार नष्ट कर देता है जैसे बड़े-बड़े पापों को कृच्छ्र सान्तपन व्रत।

त्रिद्युस्पृगाख्यदोषं च हन्ति सिद्धातिथिः स्वयम्।
दावानलो यथा सर्वं निखिलं विपिनं भृशम्।।१७०।।

मञ्जुमती टीका : त्रिद्युस्पृक दोष को स्वयं सिद्धा तिथि वैसे नष्ट कर देती है जैसे दावानल सम्पूर्ण जङ्गल समूह को नष्ट कर देता है।

अपवादैः शमं यान्ति दोषाश्चैव तथा गुणाः।
न यान्ति ते महादोषाः कदाचिद्गुणकोटिभिः।।१७१।।

मञ्जुमती टीका : दोषों तथा गुणों का अपवाद के द्वारा शमन हो जाता है। किन्तु कभी कभी करोड़ों गुणों के द्वारा भी महादोषों का शमन नहीं हो पाता।

गुणांश्च दोषांश्च गुणापवादान्दोषापावादांश्च विचिन्त्य सम्यक्।
गुणाधिकं दैवविदल्पदोषं कालं वदेत्तं खलु मङ्गलेषु।।१७२।।

मञ्जुमती टीका : गुणों को और दोषों को तथा गुणापवादों को एवं दोषापवादों को ठीक ढंग से विचार करके दैवज्ञ (ज्योतिषियों) को सदैव माङ्गलिक कार्यों में गुणाधिक और अल्पदोष वाले समय को बताना चाहिए।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
गुणदोषापवादाध्यायस्त्रिश्चत्वारिंशः४३।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में गुणदोषापवादाध्याय नामक तिरालिसवें अध्याय का हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

❀❀

अथ वस्त्रपरिधानाध्यायः ४४।

सन्मानायतनं नवाम्बरधृतिः सत्कीर्तिसौभाग्यदा।
शत्रूणां दमना सुहृत्प्रियकरी सद्भाषणा कान्तिदा।
विद्यानां तिलका सभासु जयदा त्रैलोक्यवश्यंकरी।
तस्मात्तत्फलमृक्षवारवशतो वक्ष्ये शुभं चोत्तरम्।।१।।

मञ्जुमती टीका : नवीन वस्त्र का धारण करना (मानव के लिए), सम्मान का घर, सुन्दर यश और सौभाग्य को देने वाला, शत्रुओं का दमन करने वाला, मित्रों का प्रिय करने वाला, सुन्दर भाषण कराने वाला, कान्ति देने वाला, विद्याओं का शिरोमणि, सभा में विजय देने वाला, तीनों लोकों को वश में करने वाला है। इसलिए नवीन वस्त्र धारण करने के परिणाम को नक्षत्र एवं वार के अनुसार सभी शुभ फलों को कहूँगा।

नववस्त्रभृतः क्रमशो भवति फलं दस्त्रधिष्ण्यतो नियतम्।
सन्ततं त्वम्बरलाभं त्वतिविपुलं क्लेशमर्थहानिश्च।।२।।

मञ्जुमती टीका : नवीन वस्त्र का धारण करना, अश्विनी आदि नक्षत्रों के अनुसार क्रमशः फल देने वाला होता है। निरन्तर वस्त्र लाभ[१], अत्यधिक क्लेश और धन की हानि[२] हेती है।

क्षितिपतिपूजानियतं स्वजनविरोधः स्वमित्रतो हानिः।
स्थलजलकनकप्राप्तिर्विपुला कीर्तिर्विरोधमखिलजनैः।।३।।

मञ्जुमती टीका : राजा की पूजा में नियत[३], स्वजनों से विरोध[४] और अपने मित्रों से हानि[५], स्थल जल और सोने की प्राप्ति[७], अधिक यश तथा सम्पूर्ण लोगों से विरोध[८]।

वह्निर्भयं सुतहानिर्विरोधलाभः स्वबन्धुजनपूजा।
स्थितिमखिलं लाभः पशुलाभो भूषणलाभश्च।।४।।

मञ्जुमती टीका : अग्नि का भय[9], पुत्र की हानि[10], विरोध[11], अपने भाई-बन्धुओं से पूजा[12], सबका पालन[13], लाभ[14], पशु लाभ और आभूषण का लाभ[15] होता है।

धनधान्यहानिरतुला स्वजनविरोधः कलत्रकलहः स्यात्।
भूसुरपूजाहानिर्बहुविधरोगः समस्तगुणलाभः।।५।।

मञ्जुमती टीका : धन-धान्य की बड़ी हानि[16], स्वजनों का विरोध[17], पत्नी से कलह[18], देवताओं की पूजा[19], हानि[20], बहुत प्रकार के रोग[21] तथा सम्पूर्ण गुणों का लाभ[22] होता है।

कदन्नाशनलाभः सतत विदेशगमनं शत्रुतो भीत्याः।
परवनिताजनलाभः प्रभूतमणिकनकवस्तुलाभः स्यात्।।६।।

मञ्जुमती टीका : कुअन्न के भोजन का लाभ[23], निरन्तर विदेश गमन[24], शत्रु से भय[25], दूसरे की स्त्री का लाभ[26], अत्यधिक मणि सोने तथा वस्तु आदि का लाभ[27] होता है।

अनलोपहतेर्मूषककाष्ठादिलोहप्रसङ्गहतेः ।
हरिद्रारससूत्रेण नवधाभिहते शुभाशुभं चिन्त्यम्।।७।।

मञ्जुमती टीका : अग्नि से जला हुआ मूषक, काष्ठ आदि लोहे के द्वारा हत, हल्दी के रस सूत से नौ प्रकार से विभक्त करके वस्त्र धारण के शुभाशुभ फलों का विचार करना चाहिए।

अम्बरकोणेष्वमरा निवसन्ति तदंत्यमध्योर्मनुजाः।
परत्रितये दनुजाः शुभाशुभं चिन्तयेन्नवांशेषु।।८।।

मञ्जुमती टीका : नवीन वस्त्र के चारों कोणों में देवता निवास करते हैं। उसके अन्त में और मध्य में मनुष्य निवास करते हैं और शेष तीन स्थलों में राक्षसों का निवास कहा गया है। इस प्रकार वस्त्र के नौ भाग करके शुभ और अशुभ परिणामों को जानना चाहिए।

धनलाभं त्वमरांशे मनुजांशे पुत्रपौत्रधनलाभः।
रोगभयं दनुजांशे प्रान्ते सर्वांशके नेष्टफलम्।।९।।

मञ्जुमती टीका : देवताओं के भाग्य से धनलाभ तथा मनुष्य के अंश से पुत्र-पौत्र और धन का लाभ, जबकि राक्षसों के अंश से रोग का भय तथा सम्पूर्ण राक्षसों के अंश से बुरा फल भी जानना चाहिए।

नवाम्बरं सम्भृतमाशु जीर्णं तिग्मांशुवारांशकलग्नवर्गे।
निशापतेरंबुभिरार्द्रमेतत्कुजस्य वर्गे भयमेव वह्नेः।।१०।।

मञ्जुमती टीका : रविवार के दिन या सूर्य के अंश में सूर्य के लग्न में या सूर्य के वार में नया वस्त्र धारण करने से वह शीघ्र ही जीर्ण हो जाता है अर्थात् फट जाता है। चन्द्रमा के वार, अंश, लग्न या वर्ग में धारण करने से सदैव गीला रहता है किन्तु मङ्गल के वार, अंश, लग्न या वर्ग में वस्त्र धारण करने से अग्नि का भय होता है।

लाभप्रदं सोमसुतस्य वर्गे वर्गे गुरोर्बुद्धिदयासुरेज्यें।
दुःखप्रदं सूर्यसुतस्य वर्गे तस्मिन्क्षणे वा फलमेतदेव।।११।।

मञ्जुमती टीका : बुध के वर्ग में वस्त्र नवीन वस्त्र धारण करने से लाभ होता है और गुरु के वार, वर्ग आदि में धारण करने से बुद्धि की वृद्धि, और शुक्रवार या शुक्र के वर्ग में धारण करने से दया की वृद्धि होती है। किन्तु शनिवार के दिन या वर्ग में नवीन वस्त्र धारण करने से दुःख प्राप्त होता है और यह वस्त्र धारण करने का परिणाम उसी क्षण प्राप्त होता है।

छत्रध्वजस्वस्तिकवर्द्धमान श्रीवत्समत्स्याम्बुजतोरणानाम्।
च्छेदाकृती राक्षसभागगोपि लक्ष्मीसमृद्धिं कुरुते तदानीम्।।१२।।

मञ्जुमती टीका : छत्र, ध्वज, स्वस्तिक, वर्द्धमान, श्रीवत्स, मत्स्य, कमल, तोरण की आकृति बनाकर राक्षस वाले भाग में स्थापित करने से उस समय लक्ष्मी की समृद्धि बढ़ती है।

कपोतकंकोष्ट्रशृंगालकाकक्रव्यादगोमायुकबन्धरूपाः।
च्छेदाकृतिर्दैवतभागगोऽपि करोति दुःखं भयमाशु नूनम्।।१३।।

मञ्जुमती टीका : कबूतर, कंक, ऊँट, सियार, कौवा, माँस की अग्नि, गीदड़, धड़ वाले रूपों की आकृति बनाकर, देवता वाले भागों में स्थापित करने से निश्चित ही शीघ्र भय एवं दुःख प्राप्त होता है।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
वस्त्रपरिधानाध्यायश्चतुश्चत्वारिंशः।।४४।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठ संहिता में
वस्त्रपरिधानाध्याय नामक चौवालिसवें अध्याय का
हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथोत्पाताध्यायः ४५।

अथातः संप्रवक्ष्यामि उत्पाताध्यायमुत्तमम्।
अन्यत्वं प्रकृतेः यत्तदसावुत्पातसंज्ञकम्।।१।।

मञ्जुमती टीका : अब इसके पश्चात् यहाँ से मैं उत्पात नामक उत्तम अध्याय को कहूँगा। प्रकृति का अन्यत्व अर्थात् विपरीत होने की उत्पात संज्ञा कही गयी है।

नोट – प्रकृति के बदलने पर भूमिजन्य, आकाशीय और दिव्य, ये तीन प्रकार के उत्पात होते हैं। मनुष्यों में जब विनम्रता नहीं रहती, पाप करने लगते हैं। और जब पाप बहुत बढ़ जाता है तो इससे प्रकृति में उपद्रव होने लगता है, इसी उपद्रव को आचार्यों ने उत्पात संज्ञा दी है।

अधर्मत्वादसत्याच्च नास्तिक्यादतिलोभतः।
अनाचारान्नृणां नित्यमुपसर्गः प्रजायतेः।।२।।

मञ्जुमती टीका : अधर्म से, असत्य से, नास्तिकता से, अति लोभ से, मनुष्यों के अनाचार से, नित्य ही उपद्रव उत्पन्न होते हैं।

तद्वशास्त्रिविधोत्पाता जायन्ते शोकदुखदाः।
दिव्यान्तरिक्षक्षितिजविकारा घोररूपिणः।।३।।

मञ्जुमती टीका : उस उपद्रव वश तीन प्रकार के शोक और दुःख देने वाले उत्पात उत्पन्न होते हैं। दिव्य, अन्तरिक्ष एवं भूमिजन्य भंयकर रूप वाले विकार कहे गये हैं।

ग्रहर्क्षजा केतवश्च उत्पाता दिव्यसंज्ञकाः।
निर्घातपरिवेषोल्कापुरन्दरधनुर्ध्वजाः ।।४।।

मञ्जुमती टीका : ग्रह नक्षत्रों से उत्पन्न और केतुओं से उत्पन्न विकार दिव्य संज्ञक कहे गये हैं। अर्थात् सूर्य आदि ग्रह और अश्विनी आदि नक्षत्रों के विकारयुक्त होने से जो उत्पात होता है, उसे दिव्य संज्ञा दी गयी है। निर्घात,

परिवेश, उल्का, इन्द्रधनुष और ध्वज।

लोहितैरावतोष्ट्राश्वकबन्धपरिघादयः ।
एवमाद्या महोत्पातास्त्वन्तरिक्षाह्वयास्त्वमी।।५।।

मञ्जुमती टीका : लोहित, ऐरावत, ऊँट, अश्व, कबन्ध तथा परिघ आदि से उत्पन्न हुए बड़े उत्पातों को अन्तरिक्ष उत्पात कहा जाता है।

उत्पद्यते क्षितौ यच्च स्थावरं वाथ जङ्गमम्।
तदेकदेशिकं भौममुत्पातं परिकीर्तितम्।।६।।

मञ्जुमती टीका : पृथ्वी के चलायमान होने से अथवा चर वस्तु के स्थिर एवं स्थिर वस्तु के चलायमान होने पर उसके एक भाग को भूमि सम्बन्धी उत्पात की संज्ञा दी गयी है।

भौमास्तु तुच्छफलदास्त्वन्तरिक्षास्तु मध्यमाः।
सम्पूर्णफलदा दिव्या वर्षादर्द्धात्तदर्द्धतः।।७।।

मञ्जुमती टीका : भौम उत्पात तुच्छ अर्थात् स्वल्प फल देने वाले होते हैं। जबकि अन्तरिक्ष उत्पात मध्यम फल देते हैं। किन्तु दिव्य उत्पात सम्पूर्ण फल देते हैं। वह तीन महीने, छः महीने अथवा एक वर्ष में अवश्य प्राप्त हो जाते हैं।

भौमं शान्त्या शमं याति मार्दवं त्वन्तरिक्षजम्।
दिव्यं होमान्नगोभूमिदानैस्तात्कोटिहोमतः।।८।।

मञ्जुमती टीका : भूमि सम्बन्धी उत्पात तो शान्ति से शमित अर्थात् नष्ट हो जाते हैं जबकि अन्तरिक्ष उत्पात मन्द पड़ जाते हैं अर्थात् कम हो जाते हैं। किन्तु दिव्य उत्पात हवन, अन्न, गाय, भूमि के दान से तथा करोड़ों हवन से।

महोपहाराद् रुद्रस्य गोदोहात्तत्पुरःसरम्।
अलंकृते क्षितितले यावत्क्षीरप्लवं भवेत्।।९।।

मञ्जुमती टीका : भगवान रुद्र के अनेक प्रकार के पूजन से तथा उनके समक्ष गोदोहन से पृथ्वी का अलंङ्कार तब तक करें जब तक दूध स्वतः बहने न लगे।

अपि दिव्यं शमं यान्ति किं पुनस्त्वितरद्वयम्।
अकृत्वा शान्तिकं राजा दुखाम्भोधौ निमज्जति।।१०।।

मञ्जुमती टीका : दिव्य उत्पात भी शमन हो जाते हैं। तो फिर इससे अतिरिक्त जो दो अर्थात् भूमि एवं अन्तरिक्ष उत्पात हैं। वे तो निश्चित ही शमित हो जायेगें बिना शान्ति कर्म किए राजा इन उत्पातों के होने पर दुःख रूपी समुद्र में डूब जाता है।

पुरे जनपदे कोशे वाहनेषु पुरोहिते।
स्त्रीपुत्रात्मनि भूपस्य पच्यते दैवमष्टभिः।।११।।

मञ्जुमती टीका : पुर (नगर) में, जनपद (ग्राम), कोष (खजाना), वाहन, पुरोहित, स्त्री, पुत्र तथा स्वयं (राजा) में, इन आठ प्रकार से दैव उत्पात के द्वारा राजा पीड़ित होता है।

हस्तैः षोडशभिः कार्य्यं चतुरस्त्रं समन्ततः।
मण्डपं याज्ञिकैर्वृक्षैरथवा वनदारुभिः।।१२।।

मञ्जुमती टीका : सोलह हाथ का चारों ओर से चौकोर मण्डप बनाना चाहिए। वह मण्डप याज्ञिक वृक्षों अथवा वन के वृक्षों द्वारा बनवाना चाहिए।

चतुर्द्वारसमायुक्तं तोरणाद्यैरलंकृतम्।
हस्तैश्चतुर्भिस्तन्मध्ये कुण्डं कार्यं समन्ततः।।१३।।

मञ्जुमती टीका : चार दरवाजों से युक्त तोरण आदि के द्वारा सुशोभित चारों ओर से चार हाथों के मध्य में कुण्ड बनाना चाहिए।

खातं हस्तचतुर्भिश्च वप्रत्रयसमन्वितम् ।
षडंगुलोन्नतस्त्वाद्यो द्वादशाङ्गुलविस्तृतः।।१४।।

मञ्जुमती टीका : चार हाथ प्रमाण से खात करे। जिसमें तीन ओर से मिट्टी की दीवार से युक्त करें। छः अङ्गुल ऊँचा तथा बारह अङ्गुल विस्तार बनावें।

दशाङ्गुलोन्नतो मध्यो ह्यष्टाङ्गुलसुविस्तृतः।
चतुर्दशाङ्गुलोत्सेधश्चतुरङ्गुलविस्तृतः ।।१५।।

मञ्जुमती टीका : मध्य में दस अङ्गुल ऊँचा और आठ अङ्गुल विस्तृत करे और चौहद अङ्गुल चौकोर तथा चार अङ्गुल विस्तृत करें।

तृतीयवप्रः कर्त्तव्यो योनिश्चैका तु पश्चिमे।
चतुर्दशाङ्गुलैर्दीर्घा चोन्नता षोडशाङ्गुलैः।।१६।।

मञ्जुमती टीका : तीसरी दीवार बनावें। और पश्चिम दिशा में एक योनि का निर्माण करें। चौदह अङ्गुल दीर्घ तथा सोलह अङ्गुल उन्नति करें।

हीनाधिका न कर्तव्या विस्तारः षड्भिरङ्गुलैः।
कुण्डस्य लक्षणं त्वेकं कोटिहोमे तु सर्वदा।।१७।।

मञ्जुमती टीका : कम या अधिक की वेदी नहीं बनानी चाहिए। इसका विस्तार छः अङ्गुल का होना चाहिए। यही एक कुण्ड का लक्षण कहा गया है। इसमें सदैव कोटि हवन किया जा सकता है।

ईशान्यां वेदिका कार्या सार्द्धहस्तप्रमाणतः।
उन्नता विस्तृता कार्या प्रागुदक्प्रवणा शुभा।।१८।।

मञ्जुमती टीका : डेढ़ हाथ के प्रमाण से ईशान कोण में वेदी का निर्माण करना चाहिए। यह वेदी ऊँची और विस्तृत करना चाहिए तथा पूरब और उत्तर दिशा में ढाल शुभ कहा गया है।

सर्वदेवमयी त्वाद्या शिवपूजापुरःसरम्।
ग्रहांस्तानर्चयेत्तत्र पूर्वोक्तविधिना ततः।।१९।।

मञ्जुमती टीका : सर्वप्रथम सर्वदेवमयी इस वेदिका में भगवान शङ्कर की पूजा के सहित पूर्वोक्त विधि के द्वारा ग्रहों का वहां पूजन करना चाहिए।

पलाशसमिदाज्यान्नैर्मुखान्तेऽष्टशतं पृथक्।
अघोरमन्त्रेण ततो ग्रहहोमं च कारयेत्।।२०।।

मञ्जुमती टीका : पलाश की लकड़ी, घी, अन्न के द्वारा अन्त में आठ सौ अलग–अलग अघोर मन्त्र के द्वारा पुनः ग्रह हवन को करना चाहिए।

तिलहोमं व्याहृतिभिर्घृतोक्तं जुहुयात्ततः।
द्वारे हि जापकैः स्वस्ववेदपारायणं क्रमात्।।२१।।

मञ्जुमती टीका : पुनः व्याहृतियों के द्वारा तिल का हवन तथा पुनः घी से हवन करना चाहिए। क्रमशः प्रत्येक द्वार पर जप करने वालों के द्वारा जो अपने-अपने वेद में पारङ्गत हो उनके द्वारा।

चमकं नमकं सूक्तपुरुषोक्ताङ्गजापकैः।
होमं नवभिराचार्यैः कार्यं तद्ब्रह्मणा सह।।२२।।

मञ्जुमती टीका : चमक, नमक द्वारा तथा पुरुष सूक्त द्वारा कहे गये अङ्ग जापकों के साथ नौ आचार्यों द्वारा तथा ब्रह्मा के सहित हवन करना चाहिए।

शिवविष्णोः कथालापैर्दिनशेषं नयेत्ततः।
एवं यावत्कोटिहोमस्तावत्कार्यमतन्द्रिभिः ।।२३।।

मञ्जुमती टीका : भगवान शङ्कर एवं विष्णु के कथा के कहने-सुनने में शेष दिन को बिता देना चाहिए। इस प्रकार आलस्यरहित होकर कोटि हवन को पूर्ण करना चाहिए।

नैवेद्यान्तो ततः पश्चाच्छान्तिवाचनपूर्वकम्।
ब्राह्मणान्भोजयेत्पश्चात्स्वयं भुञ्जीत बन्धुभिः।।२४।।

मञ्जुमती टीका : नैवेद्य के अन्त में पुनः शान्ति वाचनपूर्वक ब्राह्मणों को भोजन करायें उसके पश्चात भाइयों के साथ स्वयं भी भोजन करें।

तदर्द्धं वा तदर्द्धं वा लक्षहोममथापि वा।
कार्य्यं दोषानुसारेण वित्तशाठ्यविवर्जितः।।२५।।

मञ्जुमती टीका : उसका आधा अथवा उसका आधा अथवा लक्षहोम अर्थात् पचास लाख या पचीस लाख अथवा एक लाख, दोष के अनुसार धन की कंजूसी न करता हुआ हवन कराना चाहिए।

होमान्ते दक्षिणां दद्याच्चतुर्विंशतिऋत्विजान्।
प्रतिद्विजमलंकारं सार्द्धनिष्कशतद्वयम्।।२६।।

मञ्जुमती टीका : हवन के अन्त में दक्षिणा देनी चाहिए। चौबीस ऋत्विजों को दक्षिणा देनी चाहिए। प्रत्येक ब्राह्मण को ढाई सौ निष्क तथा अलङ्कार से सम्मानित करे।

तदर्द्धं वा तदर्द्धं वा दोषवित्तानुसारतः।
एवमेव यशःकामैर्नृपैः कुर्याच्च भक्तितः।।२७।।

मञ्जुमती टीका : उसका आधा अथवा उसका आधा अथवा दोष अथवा धन के अनुसार दक्षिणा देनी चाहिए। इस प्रकार यश की कामना करने वाले राजा के द्वारा भक्तिपूर्वक यज्ञ सम्पन्न करना चाहिए।

ब्रीहिभिश्चायुरर्थी चेत्सर्वकामी तिलैश्च सः।
उक्ता साधारणा शान्तिरुत्पातानामतः परम्।।२८।।

मञ्जुमती टीका : आयु की अभिलाषा रखने वाले व्यक्ति को धान (चावल) से तथा सम्पूर्ण कामनाओं की पूर्ति के लिए तिल से हवन करना चाहिए। यहां तक साधारण शान्ति को कहकर इसके आगे उत्पात नाम से शान्ति को कह रहे हैं।

उत्पातश्चैव शान्तिश्च वक्ष्यतेऽत्र पृथक् पृथक्।
मन्त्रद्रव्यमनुष्ठानं भक्त्या कार्यमतन्द्रितैः।।२९।।

मञ्जुमती टीका : उत्पात और शान्ति कर्मों को अब यहां अलग-अलग कहेगें। मन्त्र, द्रव्य तथा अनुष्ठान को आलस्यरहित होता हुआ भक्तिपूर्वक करना चाहिए।

अर्चाः प्रनृत्यन्ति पतन्ति यद्वा चलन्ति रोदन्ति हसन्ति यत्र।
पचन्ति जल्पन्ति च चेष्टयन्ति स्थानान्तरं वाप्यथवा व्रजन्ति।।३०।।

मञ्जुमती टीका : जहाँ मूर्तियां नाचने लगें, गिरने लगें, चलने लगें, रोने लगें, हंसने लगें, पचाने लगें, बकबक करने लगें, चेष्टा करने लगें, एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने लगें।

वमन्ति धूमानलरक्ततोयं स्नेहं दधिक्षीरसुराक्षतादि।
अङ्गारकार्पासतुषास्थिरोमकबन्धपाषाणकरोदनादि।।३१।।

मञ्जुमती टीका : वमन करने लगें, धुँआ, आग, रक्त, जल, तेल, दही, दूध, सुरा का अक्षत आदि अङ्गार, कपास, भूसी, हड्डी, रोआ, धड़ तथा पत्थर आदि का तथा रोना आदि।

एवमाद्या विकारास्ते दृश्यन्ते प्रतिमासु च।
राज्ञां जनपदानां च नाशाय द्राग्भवन्ति हि।।३२।।

मञ्जुमती टीका : इस प्रकार से और भी जो विकार प्रतिमा आदि में दिखाई पड़ें वह सब राजा और जनपद के विनाश के लिए होते हैं।

ऋषिब्रह्मजं पितृजं द्विजानामेव वै कृतम्।
शिवोत्थं लोकपालोत्थं शिशूनां नृपतेश्च तत्।।३३।।

मञ्जुमती टीका : ऋषि ब्रह्म से उत्पन्न, पितरों से उत्पन्न अथवा ब्राह्मणों के द्वारा किए हुए शङ्करजी से उत्पन्न, लोकपालों से उत्पन्न, बच्चों अथवा राजा के लिए वह।

लोकानां विष्णुसम्भूतं ग्रहोत्थं तत्पुरोधसाम्।
स्कन्दोत्थं मण्डलीकानां विशाखोक्तं क्षमाभुजाम्।।३४।।

मञ्जुमती टीका : संसार के लिए विष्णु से उत्पन्न, ग्रह से उत्पन्न अथवा पुरोहित के लिए, स्कन्द से उत्पन्न, मण्डली के लिए उत्पात विशाखा में कहे गये राजाओं को।

गणेशोत्थं च भूपस्य व्यासोक्तं तच्च भूपतेः।
अन्योत्थं यद्विकारं तल्लोकाभावाय सर्वदा।।३५।।

मञ्जुमती टीका : और गणेश से उत्पन्न राजा के लिए तथा व्यास के द्वारा कहा गया राजा का अन्य से उत्पन्न जो विकार है। वह हमेशा लोक भय के लिए होता है।

फलपाको भवेदष्टमासैस्तद्वत्सरेण वा।
उत्पातानामथैतेषां शान्तिं वक्ष्ये प्रयत्नतः।।३६।।

मञ्जुमती टीका : उत्पातों के फल का परिणाम आठ महीने में अथवा एक वर्ष में होता है। अतएव उन उत्पातों के शान्ति को प्रयत्नपूर्वक मैं कहूँगा।

दृष्ट्वा दैवविकारं तद्दिनत्रयमुपोषितः।
पुरोहितः शुद्धमनाः शुद्धभावो जितेन्द्रियः।।३७।।

मञ्जुमती टीका : दैव विकार को देखकर तीन दिन प्रयत्न उपवास करके शुद्ध मन, शुद्ध भाव से जितेन्द्रिय, पुरोहित के सहित।

चतुर्थदिवसे गत्वा दीपैः सार्द्धं शिवालयम्।
सहस्रकलशस्नानं कुर्यात्संकल्पपूर्वकम्।।३८।।

मञ्जुमती टीका : चौथे दिन जाकर शिवालय में दीपक के सहित सहस्र कलशों से संकल्पपूर्वक स्नान कराना चाहिए।

तल्लिंगमन्त्रैर्गन्धाद्यैर्वस्त्रैर्देवं समर्चयेत्।
घृतोपहारवित्तान्नैर्भक्त्या चैवं समर्चयेत्।।३९।।

मञ्जुमती टीका : उस लिङ्ग मन्त्र के द्वारा गन्ध, वस्त्र आदि से महादेव का पूजन करना चाहिए। घी के उपहार, धन, अन्न आदि के द्वारा भक्तिपूर्वक पूजा करनी चाहिए।

ग्रहशान्त्यामुक्तकुण्डे स्थापयेश्च हुताशनम्।
पालाशसमिद्याज्यान्नैस्ताल्लिंगैर्वेदमन्त्रकैः।।४०।।

मञ्जुमती टीका : ग्रह शान्ति, ऊपर कहे गये कुण्ड में अग्नि स्थापित करके पलाश, समिधा, घी, अन्न तथा लिङ्ग वेद मन्त्रों के द्वारा।

अष्टोत्तरसहस्रं वा पृथगष्टोतरं शतम्।
तिलहोमादिकं सर्वं शेषं पूर्ववदाचरेत्।।४१।।

मञ्जुमती टीका : एक हजार आठ अथवा एक सौ आठ तिल से हवन करे और शेष कर्म पूर्ववत करना चाहिए।

रात्रौ जागरणं कुर्यान्नृत्यगीतादिभिः सह।
आसप्तरात्रात्कृत्वैवमथवा पञ्चरात्रकम्।।४२।।

मञ्जुमती टीका : नाच-गाने आदि के साथ रात्रि में जागरण करे। यह सात रात्रि पर्यन्त अथवा पांच रात्रि पर्यन्त करके।

एवं यः कुरुते सम्यक् तस्माद्दोषात्प्रमुच्यते।
अनग्नौ दृश्यते ज्वाला काष्ठयुक्तो न दीप्यते।।४३।।

मञ्जुमती टीका : जो इस प्रकार से ठीक ढंग से अनुष्ठान करता है वह सभी दोषों से मुक्त हो जाता है। बिना अग्नि के ज्वाला तो दिखाई दे और काष्ठयुक्त अग्नि प्रज्वलित न हो।

सन्धुक्षतोपि नृपतेः पीडाजनपदस्य च।
यस्मिन्पुरे जनपदे धूमोऽनग्नौ महद्रजः।।४४।।

मञ्जुमती टीका : राजा को पीड़ा होती है और उस जनपद के निवासियों को कष्ट होता है। जिसके पुर (नगर) या जनपद में अग्नि के बिना धूम अथवा दिन में बहुत बड़ी धूल दिखाई दे।

दिवान्धकारो वृक्षाणां राजनाशो भवेत्तदा।
रात्रावदर्शनं व्यभ्रे तेषामग्निश्च निष्प्रभः।।४५।।

मञ्जुमती टीका : दिन में वृक्षों का अन्धकारयुक्त हो जाना तथा रात्रि के समय में बादल के बिना नक्षत्रों का अदर्शन और अग्नि का कान्तिरहित होना राजा का नाश करता है।

तदधीशस्य राष्ट्रस्य दुःखशोकभयप्रदः।
शयनासनवस्त्राणां पादुकेभ्यो नृगात्रतः।।४६।।

मञ्जुमती टीका : उस स्थान का अधिपति अर्थात् राजा (राष्ट्राध्यक्ष) को दुःख, शोक एवं भय देता है। शयनाशन (चारपाई), वस्त्र तथा जूते आदि में मनुष्यों के शरीर से जलन उत्पन्न हो।

महिषोष्ट्राश्वगोहस्तिपशुकेशेषु गात्रतः।
धूमाग्निविस्फुलिंगा वा दृश्यन्ते च जलादिषु।।४७।।

मञ्जुमती टीका : भैसा, ऊँट, घोड़ा, गाय, हाथी, अन्य पशु के बालों में तथा शरीर में धुँआ अग्नि आदि के चिङ्गारी दिखाई पड़ें अथवा जल आदि में।

राजराष्ट्रविनाशः स्याच्छत्रुतोऽग्नेर्भयं भवेत्।
आयुधानि प्रज्वलन्ति कोशेभ्यो निर्गतानि च।।४८।।

मञ्जुमती टीका : राजा और राष्ट्र का विनाश होता है अथवा शत्रु से अग्नि का भय होता है। जब अस्त्र-शस्त्र चलते हुए दिखाई पड़ें अथवा अपने म्यान से स्वयं निकल जायें।

वेपमानानि यदि वा जल्पन्त्यथ रुदन्ति वा।
हसन्ति तुमुलं युद्धमत्यन्तानिकटं वदेत्।।४९।।

मञ्जुमती टीका : यदि अस्त्र-शस्त्र में कम्पन हो अथवा बकबक करे, रोने लगे, हंसने लगे, तो बहुत जल्दी घनघोर युद्ध होने वाला है। ऐसा कहना चाहिए।

उत्पातानामथोक्तानां शान्तिं वक्ष्ये विधानतः।
रुद्राभिषेकं रुद्रेण नैवेद्यान्तं प्रपूजयेत्।।५०।।

मञ्जुमती टीका : ऊपर कहे गये उत्पातों का विधानपूर्वक शान्ति कह रहा हूँ। शङ्करजी का रुद्राभिषेक करके नैवेद्य अर्पित करके अन्त में विशेष रूप से पूजन करना चाहिए।

पूर्वोक्तलक्षणे कुण्डे स्थापयेच्च हुताशनम्।
मुखान्तो जुहुयादग्निं मन्त्रैरष्टसहस्रकम्।।५१।।

मञ्जुमती टीका : पहले कहे गये लक्षण वाले कुण्ड में अग्नि की स्थापना करके मुखान्त में अग्नि में आठ हजार मन्त्रों के द्वारा आहुति देनी चाहिए।

क्षीरवृक्षसमिद्भिश्च सर्षपैश्च पृथक् पृथक्।
तिलहोमं व्याहृतिभिर्ब्राह्मणान्भोजयेत्ततः।।५२।।

मञ्जुमती टीका : दूध वालें वृक्षों की समिधा से, तथा अलग-अलग सरसों से या तिल से व्याहृतियों के द्वारा होम करके पुनः ब्राह्मणों को भोजन कराना चाहिए।

एवं यः कुरुते भक्त्या तस्माद्दोषात्प्रमुच्यते।
ऋत्विग्भ्यो दक्षिणां दद्याद्वित्तशाठ्यविवर्जितः।।५३।।

मञ्जुमती टीका : जो इस प्रकार भक्तिपूर्वक पूजन करता है वह इस दोष से मुक्त हो जाता है। ऋत्विजों को धन की कंजूसी छोड़कर दक्षिणा देनी चाहिए।

एकरात्रं त्रिरात्रं वा शेषं पूर्ववदाचरेत्।
अकस्मादेव वृक्षाणां शाखाभङ्गो भवेद्यदि।।५४।।

मञ्जुमती टीका : एक रात्रि या तीन रात्रि पर्यन्त शेष कर्मों को पूर्ववत करना चाहिए। अकस्मात् यदि वृक्षों की शाखा टूट जाये।

राष्ट्रभङ्गं वदेच्छीघ्रं हसन्ते देशनाशनम्।
रुदितो व्याधितो भीतिः कम्पने ग्रामकम्पनम्।।५५।।

मञ्जुमती टीका : तो शीघ्र ही राष्ट्र का भङ्ग कहना चाहिए। हंसने पर देश का नाश, रोने पर व्याधि का भय, तथा काँपने पर ग्राम का काँपना जानना चाहिए।

विस्फुलिंगेऽथवा धूमे ज्वलिते वह्नितो भयम्।
फलपुष्पोद्गमे काले वृक्षाणां यदि शीघ्रतः।।५६।।

मञ्जुमती टीका : अग्नि के जलने पर चिङ्गारी अथवा धुँआ दिखाई दें तो अग्नि से भय होता है। यदि वृक्षों में फल या पुष्प निकलने के समय यह स्थिति दिखाई दें तो शीघ्र ही।

राष्ट्रविद्रावणं बालवृक्षेषु कुसुमेऽथवा।
शिशुहानिर्भवेत्क्षीरस्रवणे द्रव्यनाशनम्।।५७।।

मञ्जुमती टीका : राष्ट्र का विनाश होता है। बालवृक्ष अर्थात् पौधों में फूल निकला दिखाई दे तो बच्चों की हानि होती है। यदि दूध स्रवित हो रहा हो तो द्रव्य अर्थात् धन का विनाश होता है।

मद्ये वाहननाशः स्याच्छोणिते युद्धमादिशेत्।
स्नेहस्रावेऽनर्घभयं जलस्रावे महद्भयम्।।५८।।

मञ्जुमती टीका : मदिरा बह रही हो तो वाहन का नाश, यदि रक्त निकल रहा हो तो युद्ध होगा ऐसा कहना चाहिए। तेल के स्रवित होने पर मंहगाई का भय जबकि जल के स्रवित होने पर बहुत बड़ा भय होता है।

क्षौद्रद्रावो भवेद्यत्र रोगशोकभयं भवेत्।
शुष्कवृक्षे चांकुरिते वृक्षहानिस्त्वनर्घता।।५९।।

मञ्जुमती टीका : छोटा घाव यदि दिखाई पड़ें तो रोग, शोक एवं भय जानना चाहिए। यदि सूखा वृक्ष अंकुरित हो गया हो तो वृक्ष की हानि अथवा मंहगाई जाननी चाहिए।

अकस्माच्छोषिते वृक्षे तदेव फलमिष्यते।
पतिते स्वयमस्थाने भयं देवकृतं भवेत्।।६०।।

मञ्जुमती टीका : अकस्मात् वृक्ष के सूख जाने पर भी उसमें फल दिखाई पड़े अथवा बिना स्थान के स्वंय गिर पड़े तो देवकृत भय होता है।

जल्पने चलने वृक्षे राजराष्ट्रविनाशनम्।
कृत्वाभिषेकं वृक्षस्य यावच्छक्यं प्रयत्नतः।।६१।।

मञ्जुमती टीका : वृक्षों के जल्प (गप्प) करने पर या चलने पर राजा या राष्ट्र का विनाश हो जाता है। अतएव प्रयत्नपूर्वक यथासम्भव वृक्षों का अभिषेक करना चाहिए।

अर्चयेद्गन्धपुष्पस्रग्वस्त्रच्छत्रोपहारकैः ।
तत्पश्चादष्टभिर्हस्तैश्चतुर्भिर्वाथ मण्डपम्।।६२।।

मञ्जुमती टीका : गन्ध, फूल, माला, वस्त्र, छाता तथा उपहार के द्वारा पूजन करना चाहिए। उसके बाद आठ हाथों से अथवा चार हाथों के प्रमाण से मण्डप का निर्माण करना चाहिए।

कृत्वाथ कुण्डं तन्मध्ये सम्यक्तत्पूर्ववत्ततः।
द्वादशकृत्वो नमकं चमकं च भवेदितः।।६३।।

मञ्जुमती टीका : उसके मध्य में कुण्ड बनाकर पूर्व की भाँति ठीक ढंग से बारह बार नमक और चमक से रूद्राभिषेक करना चाहिए।

अग्निसंस्थापनं कृत्वा मुखान्ते जुहुयाच्चरुम्।
रुद्राय स्वाहेत्यनेन मन्त्रेण च सकृद्धुतम्।।६४।।

मञ्जुमती टीका : पुनः अग्नि की स्थापना करके उसके मुख भाग में चरु का हवन करना चाहिए। रूद्रायस्वाहा इस मन्त्र के द्वारा एक बार हवन करना चाहिए।

पृथगष्टशतं भक्त्या तिलव्याहृतिभिस्ततः।
ऋत्विग्भ्यो दक्षिणां दद्याच्छेषं पूर्ववदाचरेत्।।६५।।

मञ्जुमती टीका : अलग से आठ सौ तिल की व्याहृतियों के द्वारा भक्तिपूर्वक हवन करना चाहिए। पुनः ऋत्विजों को दक्षिणा देकर शेष कर्म पूर्ववत करना चाहिए।

विप्रान्सन्तोषयेद्भक्त्या घृतपायसभोजनैः।
उत्पातानां वृक्षजानां शान्तिमेषां प्रकल्पयेत्।।६६।।

मञ्जुमती टीका : भक्तिपूर्वक घी, खीर एवं भोजन के द्वारा ब्राह्मणों को सन्तुष्ट करना चाहिए। इस प्रकार वृक्षों से उत्पन्न उत्पातों की इस प्रकार से शान्ति व्यवस्था करनी चाहिए।

एवं यः कुरुते शान्तिं तस्माद्दोषात्प्रमुच्यते।
नालेऽस्मिन्सर्वसस्यानामेकस्मिन्द्वित्रिसम्भवे।।६७।।

मञ्जुमती टीका : जो इस प्रकार शान्ति करता है वह सभी दोषों से मुक्त हो जाता हैं। कमल, जौ आदि सभी फसलों में यदि एक नाल में दो या तीन बालें निकले तो।

मरणं तत्तदीशानां युग्मे पुष्पफले सति।
वृक्षस्य सुलतादीनामतिवृद्धिफलानि च।।६८।।

मञ्जुमती टीका : उस स्थान के स्वामी राजा आदि का मरण होता है। तथा यमलफूल या फलों की उत्पत्ति वृक्ष या सुन्दरलता (धान) में हो तो धान्यों की अधिक वृद्धि तथा सुन्दर फलों की प्राप्ति होती है।

शत्रोरागमनं भाव्यमचिरान्नियमेन वा।
उक्ततैलाधिकं हीनं तिलेभ्यो वा भवेद्यदा।।६९।।

मञ्जुमती टीका : शत्रु का आगमन होता है। यदि तिल के प्रमाण से आधे तेल का प्रमाण हो या तिल में तेल न निकले अथवा तिल से ज्यादा तेल निकले तो शीघ्र ही निमयविरूद्ध होने से शत्रु का भय होता है।

तैलं तदान्नतो भीतिरैरंडाद्यमथापि वा।
विकारैः फलपुष्पाद्यैः सौम्येन वरुणादिभिः।।७०।।

मञ्जुमती टीका : तब तेल या अन्न से भय रेड़ आदि तैलीय वृक्षों में विकारयुत पुष्प और फलों को सोम, देव तथा वरुण आदि के लिए।

जुहुयात्सौम्यमन्त्रेण पशुनिर्वापणाच्छुचिः।
सस्ये विकारे तत्क्षेत्रं दत्त्वा विप्राय तत्र वै।।७१।।

मञ्जुमती टीका : सोम के मन्त्र से हवन करना चाहिए। तथा पशु को पवित्र मन से गाँव से बाहर निकलना चाहिए। फसल के विकार होने पर उस क्षेत्र को बाह्मण को दान देकर।

मन्त्रेण च चरुं हुत्वा तस्माद्दोषात्प्रमुच्यते।
अतिवृष्टावनावृष्टौ क्षुद्भयः शत्रुतो भयम्।।७२।।

मञ्जुमती टीका : मन्त्र के द्वारा चरू का हवन करके इस दोष से मुक्ति होती है। अतिवृष्टि तथा अनावृष्टि होने पर शत्रु का भय अथवा दुर्भिक्ष होता है।

अनृतौ चेद्रोगभयमनृते भूभुजां वधः।
संप्रवृत्तेषु ऋतुषु शीतोष्णं तद्विपर्ययात्।।७३।।

मञ्जुमती टीका : वर्षा ऋतु से भिन्न अन्य ऋतु में यदि वृष्टि हो तो रोग का भय और बिना ऋतु के वर्षा से राजाओं की मृत्यु होती है। शीत और उष्ण में व्यत्यय होने से अर्थात् गर्मी के समय में ठंडी और ठंडी के समय में गर्मी पड़ने से तथा जिस ऋतु का जो धर्म है उसके न होने से।

षण्मासाद्राष्ट्रभीतिः स्यादथवा रोगदुःखतः।
अकाले सततं वृष्टिः सप्ताहं नृपतेर्वधः।।७४।।

मञ्जुमती टीका : छः मास के पश्चात् राष्ट्र भय अथवा रोग से दुःख तथा बिना समय के अर्थात् वर्षा ऋतु से भिन्न ऋतु में लगातार एक सप्ताह तक वृष्टि होने पर राजा का मरण होता है।

रक्तवृष्टौ रणोद्योगो मांसवृष्टौ महद्रणम्।
मरणं स्यादस्थिवृष्टौ वसावृष्टौ हि तत्फलम्।।७५।।

मञ्जुमती टीका : रक्त की वृष्टि होने पर युद्ध के लिए उद्योग अर्थात तैयारी, माँस की वृष्टि होने पर बहुत बड़ा युद्ध, और हड्डी की वृष्टि होने पर मृत्यु एवं वसा की वृष्टि होने पर भी वही फल प्राप्त होता है।

क्षौद्रवर्षे राष्ट्रनाशस्त्वङ्गारैः पांशुभिः सदा।
धान्याकफलपुष्पाद्यैर्लोहैः स्तेयैर्महद्भयम्।।७६।।

मञ्जुमती टीका : छौद्र (शहद आदि की) वर्षा होने पर राष्ट्र का नाश होता है तथा अङ्गार एवं धूल आदि की वृष्टि हो तो सदा राष्ट्र का नाश होता है। धान्य, फल, पुष्प आदि तथा लोहे आदि की वृष्टि होने पर चोरों का भय होता है।

पर्णैस्तृणैः काष्ठवर्षैस्तदेव फलमादिशेत्।
पाषाणवृष्टिरभ्रेषु प्राणिवृष्टिरथापि वा।।७७।।

मञ्जुमती टीका : यदि पत्ते, तृण, काष्ठ आदि की वर्षा हो तब भी उसी फल का आदेश करना चाहिए अर्थात् वही फल होता है। बादलों के न रहने पर यदि पत्थर (ओला) की वृष्टि हो अथवा प्राणियों (जीव-जन्तुओं) की वृष्टि हो तो।

चित्रवृष्टिर्यदि भवेत्सस्यानामीतिकारणम्।
आकाशे निर्मले भानोर्यदा छाया न दृश्यते।।७८।।

मञ्जुमती टीका : यदि विचित्र वृष्टि हो तो वह फसलों के लिए ईति (अतिवृष्टि, अनावृष्टि आदि का) का कारण होती है। जब आकाश के निर्मल रहते सूर्य की छाया (वृक्ष आदि द्रव्यों की) दिखाई न दे रही हो तो।

दृश्यते वा प्रतीपा सा तदा क्षुद्भयमादिशेत्।
रवीन्दुवायुपर्जन्ययोगः कार्यस्त्ववग्रहे।।७९।।

मञ्जुमती टीका : अथवा उल्टा दिखाई दे रही हो तो देश में दुर्भिक्ष आदि कहना चाहिए। सूर्य, चन्द्रमा, वायु, पर्जन्य (मेघ) के विकारजन्य उत्पात के समय यज्ञ करना चाहिए।

पूर्ववत्स्वर्णगोदानै रत्नैर्दोषात्प्रमुच्यते।
समीपस्थौ नदी यत्र नगराद्दूरगा यदि।।८०।।

मञ्जुमती टीका : पूर्व की भाँति स्वर्णदान, गोदान, रत्न दान से दोषों से मुक्ति हो जाती हैं। नगर के मध्य या समीप में बहती हुई नदी दूर चली जाय।

तत्पुरं कुरुते शून्यं यदि नासौ प्रतीपगा।
रक्तमांसकृमिस्नेहवाहनी शत्रुतो भयम्।।८१।।

मञ्जुमती टीका : यह उस पुर या स्थान को शून्य बना देता है यदि नदियों में रक्त, माँस क्रीड़ों, तेल आदि बहने लगे तो शत्रु का भय उत्पन्न हो जाता है।

अशोषिते प्रवाहादौ शोषितेऽपि च तत्फलम्।
गीतं प्रजल्पनं ज्वाला धूमः क्वाथोऽप्यरोदनम्।।८२।।

मञ्जुमती टीका : इस प्रकार अन्य में ऐसे दृश्य उपस्थित हो तों उन लोगों के मृत्यु के लिए निश्चित ही बिना खोदी हुई जमीन में जल निकलने लगे। और जलों में गन्ध अथवा गुण आदि रसों का अभाव हो जाये।

एवमादीनि कूपेषु जनानां निधनाय वै।
अखाते सलिले जाते खातेऽम्बुन्यगुणे यदि।।८३।।

मञ्जुमती टीका : इस प्रकार कूपादि जलाशयों की स्थिति मृत्युदायक होती है। विनाखात के जल का पैदा होना तथा कुण्डों के जल के गुण परिवर्तन से यही दोष होता है।

तोयाशये वापि कृतौ शाखिनः शत्रुतो भयम्।
विकारे च तथा कुर्य्यात्तन्मन्त्रैर्वरुणस्य च।।८४।।

मञ्जुमती टीका : जलाशयों में विकार पैदा हो जाये तो [illegible] अग्नि अथवा शत्रु का भय करता है। इन जल विकारों के होने पर व[illegible] के मन्त्रों से।

पूजाहोमं यथा पूर्वमरिष्टं याति तच्छमम्।
हीनकालेऽधिके तस्य देशस्य च कुलस्य च।।८५।।

मञ्जुमती टीका : पूजा हवन करने से पूर्व कथित अरिष्ट का शमन हो जाता है। समय से कम या अधिक काल में उस देश या कुल के लिए।

हीनकालेऽधिके काले प्रसवे सति योषिताम्।
असंख्यदिवसे युग्मप्रसवे चापि नाशनः।।८६।।

मञ्जुमती टीका : समय से बहुत पहले या बहुत बाद में स्त्रियों के प्रसव होने पर अगणित दिनों में जुड़वें प्रसव होने पर भी नाश कहना चाहिए।

अमानुषानि बीजानि जायते चाण्डजानि च।
हीनाङ्गस्त्वधिकाङ्गश्च अनङ्गाः सम्भवन्ति हि।।८७।।

मञ्जुमती टीका : अमानुष बीज यदि पक्षियों में उत्पन्न हो तो हीन अङ्ग वाले अथवा अधिक अङ्ग वाले या बिना अङ्ग वाले यदि उत्पन्न हो तो।

विशिरो द्वित्रिशिरसो विमुखाः पक्षिसन्निभाः।
विनाशं तस्य देशस्य राष्ट्रस्य च विनिर्दिशेत्।।८८।।

मञ्जुमती टीका : बिना सिर वाले, दो-तीन सिर वाले, बिना मुख वाले, पक्षियों के सदृश कान्ति वाले यदि उत्पन्न हों तो उस देश का विनाश कहना चाहिए।

हस्तिनी वडवा गौर्वा युग्मं यत्र प्रसूयते।
विजात्यं वा विकारं वा मासैः षड्भिर्नृपक्षयम्।।८९।।

मञ्जुमती टीका : हथिनी, घोड़ी, गाय यदि एक साथ दो बच्चे उत्पन्न करें विजाती अथवा विकारयुक्त पैदा करे तो छः महीने के अन्दर राजा की मृत्यु हो जाती है।

उष्ट्रमहिष्यो वेत्यादिप्रसवे कलहागमः।
उक्तानां च विकाराणां शान्तिं वक्ष्ये प्रयत्नतः।।९०।।

मञ्जुमती टीका : ऊँटनी तथा भैंस यदि उपर्युक्त प्रकार से प्रसव करें तो कलह का आगम होता है। उपर्युक्त प्रकार के जब विकार पड़े तो उनकी शान्ति

हम प्रयत्नपूर्वक कहेंगें।

त्यक्तव्या परदेशेषु नार्यस्ताः सहितार्थिना।
द्विजान्सन्तर्पयेदन्नैर्ग्रहशान्तिं च कारयेत्।।९१।।

मञ्जुमती टीका : उन स्त्रियों को जिन्होंने जन्म दिया है उनको चाहने वालों के सहित दूसरे देशों में जाकर छोड़ देना चाहिए। और ब्राह्मणों को अन्य के द्वारा प्रसन्न करना चाहिए तथा गृह शान्ति भी करानी चाहिए।

चतुष्पादाश्च यूथेभ्यस्त्यक्तव्या परभूमिषु।
नगरं स्वामिनं यूथमन्यथा तु विनाशयेत्।।९२।।

मञ्जुमती टीका : विकारयुत पशुओं को समूह से अलग अन्य स्थान में छोड़ आना चाहिए अन्यथा नगर और नगर के स्वामी की उनके समूह सहित मृत्यु हो जाती है उनका विनाश हो जाता है।

गोगजाश्वोष्ट्रमहिषनरपश्वादयो यथा।
रमन्ते चेद्वियोनौ तु पक्षिणोर्वान्यजन्तुषु।।९३।।

मञ्जुमती टीका : गाय, हाथी, घोड़ा, ऊँट, भैंस तथा नर पशु आदि जिस प्रकार से एक जाति के पशु दूसरे जाति के पशु अर्थात् वियोनि के साथ रमण करें और मैथुन करें और पक्षी अन्य प्राणी भी वियोनि के साथ रमण करें तो।

धेनुर्धेनुं पिबेद्यद्वा अनड्वाननडुहं प्रति।
श्वानो वापि पिबेद्धेनुं धेनुः श्वानमथापि वा।।९४।।

मञ्जुमती टीका : गाय, गाय का परस्पर एक दूसरे का स्तन पियें। बैल परस्पर कुत्ते परस्पर स्तनपान करें।

एवमादिविकारा ये प्राणिनां प्रभवन्ति चेत्।
मासत्रयान्तरे नूनं परचक्रागमं वदेत्।।९५।।

मञ्जुमती टीका : यदि इस प्रकार से अन्य विकार भी प्राणियों में उत्पन्न हो जायें तो तीन महीने के मध्य में निश्चित ही परचक्रागम अर्थात् दूसरे देश के राजा का आक्रमण कहना चाहिए।

त्यक्त्वा विवासनं होमं पूर्ववत्कारयेज्जपम्।
प्राजापत्येन मन्त्रेण समिदाज्यचरुं क्रमात्।।९६।।

मञ्जुमती टीका : विकारयुक्त पशुओं को छोड़ देने से अथवा दूसरे स्थान पर पहुंचा देने पर और पूर्व की भाँति जप और हवन करने से प्राजापत्य मन्त्र के द्वारा समिधा, घी और चरू से क्रमशः।

हुत्वा च तर्प्पयेद्विप्रान्बहुस्वर्णसुभोजनैः।
एवं यः कुरुते सम्यक् तस्माद्दोषात्प्रमुच्यते।।९७।।

मञ्जुमती टीका : हवन करके ब्राह्मणों को बहुत स्वर्ण और सुन्दर भोजन से तृप्त करें। और इस प्रकार ठीक ढंग से हवन आदि से शान्ति करता है वह इन दोषों से मुक्त हो जाता है।

अकृत्वा नास्तिको लोभादश्नुते सर्वसंकटात्।
आरोहकं विना यत्र वाहनं यदि गच्छति।।९८।।

मञ्जुमती टीका : जो नास्तिक लोभ के वशीभूत होकर इस शान्तिकर्म का नहीं करता वह सभी संकटों को प्राप्त करता है। यदि आरोहक अर्थात् सवार (सारथी अथवा ड्राइवर) के बिना वाहन स्वयं चलने लगे।

आरोहके विद्यमाने न व्रजेद्वाहनं यदा।
अकस्माद्रथचक्राणि पादभङ्गो भवेद्यदि।।९९।।

मञ्जुमती टीका : आरोहक (सवार) के रहने पर भी वाहन न चले। जमीन आदि में धसनें लगे, अकस्मात् रथ का पहिया टूट जाये।

परचक्रागमं तत्र वदेत्वत्सरतो भृशम्।
अताडिते तूर्य्यनादस्ताडिते नादवर्जिते।।१००।।

मञ्जुमती टीका : तो परचक्र का आगमन अर्थात् दूसरे देश के शत्रु राजा का आगमन एक वर्ष के अन्दर कहें। बिना ताड़न के ही वाद्य आदि से ध्वनि हो अथवा ताडन करने पर भी वाद्य से ध्वनि न हो।

अथ नानाविधा नादा राजराष्ट्रविनाशनम्।
तूर्यादिनादा नभसि श्रूयन्ते वापि निःस्वनाः।।१०१।।

मञ्जुमती टीका : इस तरह अनेक प्रकार के ध्वनियों के होने पर तो राजा और राष्ट्र का विनाश होता है। आकाश में बाजे आदि की ध्वनि सुनायी पड़ें। अथवा बिना बाजे आदि की ध्वनि अथवा ध्वनिरहित वाद्य सुनायी पड़े।

परैरभिभवस्तत्राप्यथवा महती गदा।
स्वलाङ्गूलेन स्वतनुं धेनुर्यदि सवेष्टिता।।१०२।।

मञ्जुमती टीका : तो दूसरों के द्वारा पराभव अथवा बहुत बड़े रोग की सूचना होती है। अपनी पूँछ के द्वारा अपने शरीर को गाय यदि लपेट ले।

नादाकारं शूर्पनिभं दर्वीरूपमथापि वा।
मुसलोलूखलं रूपं विकारं वा भवेद्यदि।।१०३।।

मञ्जुमती टीका : ध्वनि के आकार में सूप की भाँति कल्छुल की भाँति अथवा मूसल, ओखली आदि के रूपों में यदि विकार उत्पन्न हो जायें।

श्रृंगालसदृशे नादे विकारे वाथ जल्पिते।
हसिते रोदने वापि भयं भवति शीघ्रतः।।१०४।।

मञ्जुमती टीका : श्रृंगाल के समान यदि ध्वनि हो अथवा उनके फेकरने (बोलने) में विकार दिखाई पड़ें। हंसने अथवा रोने पर श्रृंगालों के शीघ्र ही बहुत बड़ा भय होता है।

अथवा राजनाशः स्यादचिकित्सो गदो भवेत्।
उत्पातेष्वेषु वायव्येषूत्तमं सक्तुभिर्यजेत्।।१०५।।

मञ्जुमती टीका : अथवा राजा का नाश होता है। या लाइलाज (दवा से ठीक न होने वाला रोग) होता है यह वायब्य से उत्पन्न उत्पात हो तो इसके शान्ति हेतु सत्तू (सतूआ) से वायु देवता की पूजा करनी चाहिए।

वायुं पूज्य शमीष्वत्र होमं कुर्य्याच्च पूर्ववत्।
आवायो भूप इत्याद्या ऋग्भिः पञ्चभिरेव च।।१०६।।

मञ्जुमती टीका : वायु देवता की पूजा करके शमी में पूर्व की भाँति हवन करना चाहिए। आवायोः भूप इति इन पांच ऋचाओं के द्वारा हवन तथा जप करना चाहिए।

वह्वन्नस्वर्णदानैश्च तद्दोषं शान्तिमाप्नुयात्।
अकस्माद्विपिने यत्र चरन्ति ग्रामपक्षिणः।।१०७।।

मञ्जुमती टीका : बहुत अन्न, स्वर्ण दान आदि के द्वारा उस दोष की शान्ति करनी चाहिए। अचानक यदि जङ्गल में गाँव के पक्षी विचरण करें।

ग्रामेषु यदि वा वन्या निर्भयाद्वा विशन्ति हि।
रात्रौ भवन्ति काकाश्च दिवसे कौशिकादयः।।१०८।।

मञ्जुमती टीका : यदि ग्राम में रहने वाले पक्षी जङ्गल में और जङ्गल में रहने वाले पक्षी ग्राम में निर्भय होकर प्रवेश करें अथवा रात्रि के समय में कौवे और दिन के समय में उल्लू आदि।

शृंगालो विशति ग्रामं शशो वाप्यथवा निशि।
मृगाः पक्षिगणा वापि चुक्रोशंति च संध्ययोः।।१०९।।

मञ्जुमती टीका : यदि सियार गाँव में प्रवेश करें, खरगोश रात्रि में प्रवेश करें, हिरन अथवा पक्षी गण दोनों सन्ध्यायों में चिल्लायें।

ग्रामस्य निकटे नूनं दीप्तायां शत्रुतो भयम्।
कपोतो विशति ग्राममारोहेद्वा विशेद्गृहम्।।११०।।

मञ्जुमती टीका : गाँव के समीप में निश्चित ही प्रकाश की स्थिति में कबूतर गाँव में प्रवेश करे अथवा घर में घुसे तो शत्रु का भय होता है।

श्येनगृध्रादयो व्योम्नि भ्रमन्तो वा प्रदक्षिणम्।
गृहस्य प्राङ्गणे यस्य हेमचक्षुः स्वरो भवेत्।
एवमादिविकारास्ते पक्षिणां चेद्भवन्ति हिः।।१११।।

मञ्जुमती टीका : बाज और गिद्ध आदि पक्षी आकाश में घूमते हुए यदि दक्षिण क्रम से घर कें आँगन में किसी स्वर्णिम नेत्र का स्वर हो। इस प्रकार से यदि और भी अन्य विकार यदि पक्षियों में दिखाई पड़ें तो।

मधुवल्मीकजच्छत्रपत्रांकुरविरूपकाः ।
गृहेषु यदि जायन्ते कर्तृनाशो गृहस्य च।।११२।।

मञ्जुमती टीका : मधु, शहद का छत्ता, वाल्मीकि (दीमक), पत्रांकुर यदि विरूप हो जायें और घर में यदि ये उत्पन्न हो तो घर के स्वामी का नाश हो जाता है।

शवार्द्राङ्गं गृहीत्वा श्वा यदि वा मन्दिरं नयेत्।
तत्स्वामिनाशनं क्षिप्रं गवाङ्गं चेद्रणे मृतिः।।११३।।

मञ्जुमती टीका : शव के गीले अङ्गों अथवा गवाङ्ग को ग्रहण करके कुत्ता यदि घर के अन्दर घुस जायें तो उस घर के स्वामी का नाश शीघ्र ही होता है अथवा रण में मृत्यु हो जाती है।

मृगपक्षिविकारेषु कुर्य्याद्धोमं जपादिकम्।
देवाः कपोत इत्यादि जप्तव्याः पञ्चभिर्द्विजैः।।११४।।

मञ्जुमती टीका : मृग, पक्षी आदि में पूर्वाक्त विकार होने पर जप और हवन करना चाहिए। देवाः कपोत इस मन्त्र का पांच ब्राह्मणों के द्वारा जप करावें।

सुदेव इति मन्त्रं च जपेच्छाकुनिकं च यत्।
अथर्वणशिरा यस्य जप्तव्याः पापनुत्तये।।११५।।

मञ्जुमती टीका : सुदेव इत्यादि मन्त्र का जप तथा शाकुनिक सूक्त द्वारा अथवा आथर्वण शिरा (वेदशिरांसि) मन्त्रों का पाप की निवृत्ति के लिए जप करना चाहिए।

गोभूस्वर्णान्नदानेन सर्वपापं विनश्यति।
तस्मादतिप्रयत्नेन शान्तिकर्म समाचरेत्।।११६।।

मञ्जुमती टीका : गाय, पृथ्वी, स्वर्ण तथा अन्न दान से सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। इसलिए अति प्रयत्नपूर्वक शान्ति कर्म को कराना चाहिए।

इन्द्रद्वारार्गलास्त्विन्द्रध्वजो वा नगरं यदि।
दृश्यते त्विन्द्रदण्डो वा तदा नृपवधं वदेत्।।११७।।

मञ्जुमती टीका : इन्द्रद्वार, इन्द्रअर्गला तथा इन्द्रध्वज एवं इन्द्रदण्ड यदि नगर में दिखाई पड़ें तो राजा की मृत्यु कहनी चाहिए।

गृहस्तम्भद्वारदारुकपाटपतनं यदि।
आस्फोटनं चैव तेषां तदा गृहपतेर्वधः।।११८।।

मञ्जुमती टीका : गृह का खम्भा, द्वार, लकड़ी, किवाड़ यदि गिर पड़ें अथवा स्वंय इसमें विस्फोट हो जायें तब गृहपति की मृत्यु जाननी चाहिए।

संध्याद्वयेऽनले दीप्ते धूमो वा यदि कानने।
अच्छिद्रे वा भुवि च्छिद्रं भूकम्पो वा भयप्रदः।।११९।।

मञ्जुमती टीका : दोनों संध्याओं में यदि अग्नि प्रज्वलित हो अथवा जङ्गल में धुआं दिखाई दें। पृथ्वी में यदि छिद्र दिखाई देने लगे। अथवा पृथ्वी में कम्पन हो तो भयकारी होता है।

वेदाचारं परित्यज्य वेदवाह्यं समाचरेत्।
असाधुशीलो नृपतिः सराष्ट्रेण विनश्यति।।१२०।।

मञ्जुमती टीका : वेद के आचरण का परित्याग करके, वेद के विपरीत आचरण होने लगे, राजा लोग अशिष्ट शील वाले हो जायें अर्थात् सज्जनों के आचरण से रहित हो जायें। तो राजा का उस राष्ट्र के साथ विनाश हो जाता है।

शिशवश्चोद्धता यत्र नगरे कृत्रिमायुधाः।
छिंधिभिंधीत्युक्तवन्तस्तदा चेद्युद्धमादिशेत्।।१२१।।

मञ्जुमती टीका : बच्चे जहाँ उद्धत हो जायें, जिस नगर में उद्धत बच्चे बनावटी अस्त्र-शस्त्र लेकर काट दो, तोड़ दो, इत्यादि वचन बोलते हुए एक दूसरे के ऊपर प्रहार आदि करें। तो शीघ्र ही युद्ध होगा ऐसा बताना चाहिए।

भूतप्रेतपिशाचेषु दृष्टेषु सदनेषु च।
तेषां हानिभयं कार्या शान्तिर्दोषापनुत्तये।।१२२।।

मञ्जुमती टीका : यदि घरों के अन्दर भूत-प्रेत पिशाच आदि दिखाई पड़ें तो उनके द्वारा हानि एवं भय होता है। इसलिए दोषों को दूर करने के लिए शान्ति कराना चाहिए।

शचीं शचीपतिं पूज्य तन्मन्त्रैर्जुहुयाद्धविः।
भूमिस्वर्णान्नदानैश्च बलिभिः शान्तिमाचरेत्।।१२३।।

मञ्जुमती टीका : शची और शचीपति अर्थात् इन्द्र की पूजा करके उनके मन्त्रों द्वारा हविष्यान्न का हवन करें। भूमि, स्वर्ण, अन्नदान तथा बलि के द्वारा शान्ति कर्म कराना चाहिए।

राजराष्ट्रविनाशाय केतूनामुदयः सदा।
वज्राशनिमहीकम्पसंध्यानिर्घातनिस्वनाः।।१२४।।

मञ्जुमती टीका : केतुओं का उदय सदैव राजा तथा राष्ट्र के विनाश के लिए होता है। वज्र (बिजली), अशनि (पत्थरों की वर्षा या उल्कापात), भूकम्प, सन्ध्या, निर्घात, शब्द।

परिवेषरजोधूमरक्तार्कास्तमयोदयाः ।।
द्रुमेभ्योऽन्नरसस्नेहमधुपुष्परसोद्गमाः ।।१२५।।

मञ्जुमती टीका : सूर्य-चन्द्र का परिवेष, धूली, धूम, रक्त वर्ण के रवि का उदयास्त, वृक्षों से भोजन, मधुरादि रस और तेल आदि की उत्पत्ति तथा फूल आदि का उद्गम।

पक्षावर्कविकारा यो शिवायमधुमाधवे।
तारोल्कापातकलुषं कपिलार्केन्दुमण्डलम्।।१२६।।

मञ्जुमती टीका : पक्षी और सूर्य आदि के ये सभी विकार चैत्र और वैशाख मास कल्याण के लिए होते हैं। तारा, उल्कापात से म़लिन आकाश तथा सूर्य-चन्द्रमा के पीले मण्डल।

अनग्निज्वलनास्फोटसमरेष्वनिलाहतम् ।
रक्तपद्मारुणा संध्या नभः क्षुब्धार्णवोपमम्।।१२७।।

मञ्जुमती टीका : अग्नि के बिना ज्वाला का शब्द और युद्ध में वायु से आहत, रक्त कमल की भाँति लाल वर्ण की सन्ध्या तथा चंचल तरंगयुक्त समुद्र के समान आकाश।

सरितां चाम्बुसंशोषं दृष्टवा ग्रामे शुभं वदेत्।
शक्रायुधं परिवेषं विद्युच्छुष्कविरोहणम्।।१२८।।

मञ्जुमती टीका : नदियों में जल का सूखना, ये सब उत्पात गर्मी की

ऋतु में देखकर शुभ कहना चाहिए। इन्द्रधनुष सूर्य, चन्द्र का परिवेष, बिजली, और सूखे वृक्षों में अंकुर निकलना।

कम्पोर्द्धर्त्तनवैकृत्यं रसनं दरणं क्षितेः।
नदोदपानसरसां विद्युच्चोत्तरणं प्लवः।।१२९।।

मञ्जुमती टीका : पृथ्वी का काँपना, उलट-पुलट होना, स्वरूप बदलना, शब्द करना तथा फटना, सरोवर अथवा नदी-नाले का बढ़ जाना, बिजली तथा अधिक जल होना।

सरणं चाद्रिगेहानां वर्षासु न भयावहम्।
दिव्यस्त्रीभूतगन्धर्वविमानाद्भुतदर्शनम् ।।१३०।।

मञ्जुमती टीका : पर्वत और घरों का चलायमान होना, ये सब उत्पात वर्षा ऋतु में भय नहीं देते अर्थात् शुभ होते हैं। दिव्य स्त्री, प्राणी, गन्धर्व विमान तथा आश्चर्य करने वाली वस्तुओं का दर्शन।

ग्रहनक्षत्रताराणां दर्शनं तु दिवाम्बरे।
गीतवादित्रनिर्घोषवनोपवनसानुषु ।।१३१।।

मञ्जुमती टीका : ग्रह नक्षत्र तथा तारा आदि का दिन के समय में दर्शन होना, वन, उपवन तथा पर्वतों की चोटी पर गीत और वाद्यों की ध्वनि होना।

सस्यवृद्धिरपांहानिरपापाः शरदि स्मृताः।
शीतानिलतुषारत्वंनर्त्तनं मृगपक्षिणाम्।।१३२।।

मञ्जुमती टीका : धान्य की वृद्धि और जल का हानि ये सभी शरद ऋतु में अपाप अर्थात् शुभ होते हैं। शीत तथा वायु का तुषार (बर्फ) अर्थात् ठण्डापन तथा मृगों और पक्षियों का नृत्य करना।

रक्षोयक्षादिसत्वानां दर्शनं वागमानुषी।
दिशो धूमान्धकारश्च सनभो वनपर्वताः।।१३३।।

मञ्जुमती टीका : राक्षस, यक्ष आदि प्राणियों का दर्शन तथा मनुष्य के बिना वाणी, घने अन्धकारयुक्त (धुंआ) आकाश, वन पर्वत तथा दिशायें।

उच्चैः सूर्योदयास्तौ च हेमन्ते शोभनाः स्मृताः।
हिमपातानिलोत्पातविरूपाद्भुतदर्शनम् ।।१३४।।

मञ्जुमती टीका : ऊँचें स्थान में सूर्य का उदय और अस्त होना, हेमन्त ऋतु में शुभ कहे गये हैं। हिमपात, वायु सम्बन्धी उत्पात तथा भयानक प्राणियों का जो आश्चर्य करने वाले हैं, उनका दिखाई पड़ना।

कृष्णाञ्जनसमाकाशं तारोल्कापातपिञ्जरम्।
चित्रगर्भोद्भवः स्त्रीषु गजाश्वामृगपक्षिषु।।१३५।।

मञ्जुमती टीका : काले अंजन की भाँति आकाश अर्थात् रात और तारा एवं उल्का पात से पीला आकाश, स्त्रियों के गर्भ से नाना प्रकार के घोड़ा आदि के सदृश अङ्गों वाले विचित्र प्रकार के प्राणियों की उत्पत्ति, हाथी, घोड़ा, मृग और पक्षी के गर्भ से विजातीय प्राणियों की उत्पत्ति।

पत्राङ्कुरलतानां च विकाराः शिशिरे शुभाः।
उत्पातानखिलानुक्त्वा काकसङ्गममुच्यते।।१३६।।

मञ्जुमती टीका : पत्र लता और अंकुरों में विकार दिखाई देना, ये सब शिशिर ऋतु में शुभ कहे गये हैं। सम्पूर्ण उत्पातों को कहकर अब कौवों के मैथुन का कहा जा रहा है।

काकयोर्मैथुनं सर्वं दिवा वा निशि वा नरः।
स वै निधनमाप्नोति स्थाननाशमथापि वा।।१३७।।

मञ्जुमती टीका : कौवों का मैथुन यदि दिन या रात्रि में किसी भी दिशा में मनुष्य देखता है तो वह स्थानच्युत अथवा उसकी मृत्यु हो जाती है।

महारोगाभितप्तो वा शत्रुभिर्वा पराजितः।
तद्दोषशमनार्थाय शान्तिं यत्नात्समाचरेत्।।१३८।।

मञ्जुमती टीका : काक मैथुन देखने वाला बहुत बड़े रोग से पीड़ित होता है अथवा शत्रुओं के द्वारा पराजित हो जाता है। इसलिए दोषों के शमन के लिए प्रयत्नपूर्वक शान्ति कर्म का आचरण करना चाहिए।

कुण्डं पूर्वोक्तविधिना कृत्वा होमं च कारयेत्।
यत इन्द्रं त्रिभिर्मंत्रैः सम्यक्त्रैयम्बकेन वा।।१३९।।

मञ्जुमती टीका : पूर्वोक्त विधि के द्वारा कुण्ड स्थापित करके होम करना चाहिए। जो इन्द्र के लिए यतइन्द्रम् इन तीन मन्त्रों के द्वारा अथवा ठीक प्रकार से त्र्यम्बक (महामृत्युंजय) मन्त्र के द्वारा।

पालाशसमिदाज्यान्नैः पृथगष्टोत्तरं शतम्।
एवं यः कुरुते सम्यक्तस्माद्दोषात्प्रमुच्यते।।१४०।।

मञ्जुमती टीका : पलाश की लकड़ी, घी और अन्न के द्वारा अलग-अलग १०८ मन्त्रों से जो सम्यक् रीति से इस प्रकार हवन करता है वह सभी दोषों से मुक्त हो जाता है।

शिथिलीजायते यस्य तस्य हानिर्निवेशने।
दुःखशोकभयक्लेशं कुटुम्बकलहो भवेत्।।१४१।।

मञ्जुमती टीका : प्रवेश के समय जिसे शिथिली उत्पन्न हो, उसको हानि, दुःख, शोक, भय, कष्ट तथा परिवार में कलह होता है।

वह्निभीतिः शत्रुभीतिराधिव्याधिस्ततो भयम्।
तद्दोषशमनार्थाय शान्तिं वक्ष्ये यथाविधि।।१४२।।

मञ्जुमती टीका : अग्नि का भय, शत्रु का भय, आधि (मानसिक रोग), व्याधि (शारीरिक रोग) से भय होता है। उसके दोष के शमन के लिए यथाविधि शान्ति को कह रहे हैं।

सुवर्णेन प्रमाणेन तदर्द्धार्द्धेन वा पुनः।
प्रतिमां मृत्युरूपाणां कल्पयित्वा प्रयत्नतः।।१४३।।

मञ्जुमती टीका : सोन के प्रमाण से, उसके आधे अथवा पुनः उसके आधे से मृत्युरूपी प्रतिमा को प्रयत्नपूर्वक बनवाकर।

अपमृत्युमपक्षुधामिति मन्त्रद्वयेन च।
कृत्वोपचारान्निखिलान्स्नाप्य पञ्चामृतैः सह।।१४४।।

मञ्जुमती टीका : अपमृत्युम् तथा अपक्षुधाम्, इन दो मन्त्रों के द्वारा सम्पूर्ण सामग्री के साथ पञ्चामृत के सहित स्नान कराकर।

उक्तप्रावरणं वेश्म नैवेद्यान्तं समर्पयेत्।
तदीशान्यां पूर्णकुम्भं पञ्चत्वक्पल्लवैर्युतम्।।१४५।।

मञ्जुमती टीका : उपर्युक्त सामग्रियो से घर में पूजन करके अन्त में नैवेद्य समर्पित करे। उसमें ईशानकोण में पूर्ण कलश को पञ्च, त्वचा एवं पञ्चपल्लवों से संयुक्त करें।

अब्लिंगैर्वारिमन्त्रैश्च मन्त्रितं वस्त्रवेष्टितम्।
स्वर्णरत्नैश्च संयुक्तं स्थापयित्वार्चयेत्ततः।।१४६।।

मञ्जुमती टीका : अपलिङ्गवारि मन्त्र के द्वारा अभिमन्त्रित करके वस्त्र से लपेट करके सोने और रत्नों के द्वारा संयुक्त करके स्थापना करके पुनः पूजन करें।

होमं च कारयेत्प्राच्यां कुण्डे वा स्थंडिलेऽपि वा।
पलाशसमिदाज्यान्नैरुक्तमन्त्रद्वयेन च।।१४७।।

मञ्जुमती टीका : पूरब दिशा में कुण्ड अथवा स्थण्डिल बनाकर उसमें हवन करायें। पुनः पलाश की लकड़ी, घी, अन्न आदि के द्वारा उपर्युक्त दो मन्त्रों से।

भक्त्याष्टशतं जुहुयादष्टाविंशतिमेव वा।
तिलहोमं व्याहृतिभिस्ततः पूर्णाहुतिं जपेत्।।१४८।।

मञ्जुमती टीका : भक्तिपूर्वक ८०० वार अथवा २८ वार हवन करना चाहिए। व्याहृतियों के द्वारा तिल का हवन पुनः पुर्णाहुति करनी चाहिए।

मृत्युवारुणसूक्तैश्च ग्रह मन्त्रैस्त्रिपञ्चकैः।
कुम्भोदकेन वा स्नानमाचार्यः प्रार्थयेत्ततः।।१४९।।

मञ्जुमती टीका : मृत्यु वारुण सूक्त के साथ ग्रहों के मन्त्रों से १५ कलश के जल से आचार्य के द्वारा स्नान कराकर पुनः प्रार्थना करनी चाहिए।

आचार्यायैव तां दद्यात्प्रतिमां निष्कविंशतिः।
तदर्द्धेन तदर्द्धेन तदर्द्धार्द्धेन वा पुनः।।१५०।।

मञ्जुमती टीका : आचार्य को पुनः बीस निष्क के साथ प्रतिमा का दान दे देना चाहिए। उसके आधे निष्क को अथवा उसके आधे से भी आधे निष्क को देना चाहिए।

ब्राह्मणेभ्यो विशिष्टेभ्यो दद्याद्वित्तानुसारतः।
ब्राह्मणान्भोजयेत्पश्चाच्छान्तिवाचनपूर्वकम्।।१५१।।

मञ्जुमती टीका : विशिष्ट ब्राह्मणों को अपने धन के अनुसार दान देना चाहिए। पुनः ब्राह्मणों को भाजन कराना चाहिए। उसके पश्चात शान्तिवाचन पूर्वक (विदा करना चाहिए)।

एवं यः कुरुते सम्यक्तस्माद्दोषान्प्रमुच्यते।
उक्ता साधारणी शान्तिर्द्रव्यमन्त्रफलैः सह।।१५२।।

मञ्जुमती टीका : जो इस प्रकार से सम्यक् रीति से करता है (शान्तिकर्म) वह सभी दोषों से मुक्त हो जाता है। इस साधारण शान्ति को कहकर पुनः द्रव्य, मन्त्र और फल के सहित।

ब्रह्मादिदिक्षु प्रत्येकं द्रव्यमन्त्रफलैः क्रमात्।
शिथिलीजायते मध्ये सप्ताहाच्च भवेच्छुभम्।।१५३।।

मञ्जुमती टीका : ब्रह्मा आदि प्रत्येक दिशाओं में क्रमशः द्रव्य, मन्त्र और फलों के साथ शिथिली उत्पन्न होने पर सप्ताह के मध्य में शुभ होता है।

अत ऊर्ध्वं व्याधिभयं ब्रह्मा तत्राधिदेवता।
तन्मन्त्रेणैव जुहुयात्पलाशान्नेन सर्पिषा।।१५४।।

मञ्जुमती टीका : इसके ऊपर रोग का भय होता है। उसके अधिदेवता ब्रह्मा हैं। अतएव उन्हीं के मन्त्र के द्वारा पलाश समिधा, अन्न तथा घी के द्वारा हवन करना चाहिए।

शिथिलीजायते प्राच्यां भयं स्यादष्टवासरात्।
अत ऊर्ध्वं राजभयमिन्द्रस्तत्राधिदेवता।।१५५।।

मञ्जुमती टीका : पूरब दिशा में शिथिली उत्पन्न हो तो आठ दिन में भय होता है। इसके ऊपर राजा को भय होता है। और इसके अधिदेवता इन्द्र कहे गये हैं।

जुहुयात्खदिराज्यान्नं तन्मन्त्रेण च भक्तितः।
अग्निभागे यदि भवेत्पञ्चाहात्सुहृदागमः।।१५६।।

मञ्जुमती टीका : उस मन्त्र के द्वारा भक्तिपूर्वक खैर की लकड़ी घी, और अन्न से हवन करें। यदि अग्निभाग (अग्निकोण) में पाँच दिन में हो तो मित्रों का आगमन होता है।

अत ऊर्ध्वं सर्पभयमग्निस्तत्राधिदेवता।
औदुम्बराज्यचरुभिर्जुहुयादग्निमन्त्रतः ।।१५७।।

मञ्जुमती टीका : इसके ऊपर होने पर साँप का भय होता है। इसके अधिदेवता अग्निदेव हैं। गूलर की लकड़ी, घी तथा चरू के द्वारा अग्नि मन्त्र से हवन करना चाहिए।

शिथिलीजायते याम्यामिष्टसिद्धिस्त्रिवासरात्।
भार्यानाशस्ततश्चोर्द्धं यमस्तत्राधिदेवता।।१५८।।

मञ्जुमती टीका : यदि दक्षिण दिशा में शिथिली उत्पन्न हो तो तीन दिन में इष्ट की सिद्धि होती है। इसके ऊपर पत्नी का नाश होता है। इसके अधिदेवता यमराज हैं।

घृतान्नप्लक्षसमिधयाम्यमन्त्रेण भक्तितः।
नैर्ऋत्यां वा यदि भवेद्धान्यलाभोऽष्टवासरात्।।१५९।।

मञ्जुमती टीका : घी, अन्न, पाकड़ की लकड़ी से याम्य मन्त्र के द्वारा भक्तिपूर्वक पूजन करना चाहिए। यदि नैर्ऋत्य कोण में शिथिली हो तो आठ दिन में अन्न आदि धन-धान्य का लाभ होता है।

अत ऊर्ध्वं चोरभयं जलेशस्तत्र देवता।
वटाज्यान्नेन जुहुयादृचा वरुणसंज्ञया।।१६०।।

मञ्जुमती टीका : इसके ऊपर चोर का भय होता है। इसके अधिदेवता

वरुणजी हैं। बरगद की समिधा, घी तथा अन्न के द्वारा वरुण संज्ञक मन्त्रों से हवन करना चाहिए।

शिथिलीजायते वायौ पशुनाशस्त्रिवासरात्।
अत ऊर्ध्वं शत्रुभयं वायुस्तत्राधिदेवता।।१६१।।

मञ्जुमती टीका : शिथिली यदि वायव्य कोण में उत्पन्न हो तो तीन दिन में पशु का नाश होता है। इसके ऊपर शत्रु का भय होता है। इसके अधिदेवता वायुदेव हैं।

अपामार्गाज्यचरुभिः स्वयं वा जुहुयात्ततः।
शिथिलीजायते सौम्ये स्वर्णलाभोऽष्टवासरात्।।१६२।।

मञ्जुमती टीका : अपामार्ग (चिचड़ी), घी तथा चरू के द्वारा स्वयं हवन करना चाहिए। यदि शिथिली उत्तर दिशा में उत्पन्न हो तो आठ दिन में सोने का लाभ होता है।

कुटुम्बकलहः पश्चात्कुबेरस्तत्र देवता।
अश्वत्थसमिदाज्यान्नैः सौम्यमन्त्रेण भक्तितः।।१६३।।

मञ्जुमती टीका : इसके पश्चात परिवार में कलह होती है। और इसके अधिदेवता कुबेर हैं। पीपल की लकड़ी, घी तथा अन्न के द्वारा सौम्य मन्त्र से भक्तिपूर्वक हवन करना चाहिए।

शिथिलीजायते रौद्रे स्वर्णलाभोऽष्टवासरात्।
अत ऊर्ध्वं तु निधनं रुद्रस्तत्राधिदेवता।।१६४।।

मञ्जुमती टीका : यदि शिथिली ईशानकोण में उत्पन्न हो तो आठ दिन में सोने का लाभ होता है। इसके ऊपर मृत्यु हो जाती है। इसके अधिदेवता रूद्र हैं।

आज्यान्नार्कसमिद्भिश्च जुहुयात्तु तया ऋचा।
देवहोमस्नानकूपभुजिस्थाने च तन्मृतिः।।१६५।।

मञ्जुमती टीका : घी, अन्न, मदार की लकड़ी से रूद्र के मन्त्रों के द्वारा हवन करना चाहिए। देवताओं का हवन, कुऐ का स्नान तथा भोजन के स्थान में शिथिली होने पर उसकी मृत्यु हो जाती है।

अन्नभाण्डे चान्नहानिः स्नेहभाण्डे प्रजाक्षयः।
सर्वे च जलभाण्डे च पत्नीनाशस्तथा भवेत्।।१६६।।

मञ्जुमती टीका : अन्न के बर्तन में होने से अन्न की हानि तेल के बर्तन में होने से प्रजाओं (सन्तान आदि) का क्षय और सभी जल के बर्तनों में होने पर पत्नी का नाश होता है।

शयने कर्तृनिधनं कुण्डोपरि धनक्षयः।
आलवालं पटुस्थाने नृपाद्भवति वै भयम्।।१६७।।

मञ्जुमती टीका : शयन में होने पर कर्त्ता की मृत्यु, कुण्ड के ऊपर होने पर धन का क्षय, आलबाल (थाल्हा) या पटु स्थान में होने पर राजा को निश्चय ही भय होता है।

उलूखलेकुशूले च द्वारदेशे महारुजा।
प्राकारे प्राङ्गणेऽलिन्दे क्रीडास्थाने तनुक्षयः।।१६८।।

मञ्जुमती टीका : ओखली, कुशूल अथवा द्वार देश अर्थात् दरवाजे पर शिथिली होने पर बहुत भयंकर रोग होता है। महल में, आङ्गन में या बरामदे में, क्रीडा (खेल) के स्थान मे होने पर शरीर का क्षय होता है।

गवां स्थानेषु गोहानिः पशुस्थाने पशुक्षयः।
दधिभाण्डेषु तन्नाशः क्षीरभाण्डे शिशुक्षयः।।१६९।।

मञ्जुमती टीका : गायों के स्थान में होने से गाय की हानि, पशु स्थान में होने से पशु का क्षय, दही के बर्तन में होने पर उसका नाश तथा दूध के बर्तन में होने से बालक का क्षय होता है।

आज्यभाण्डेऽन्नभीतिः स्यान्मधुभाण्डे तपःक्षयः।
सौवीरपक्वभाण्डे च लवणे कलहागमः।।१७०।।

मञ्जुमती टीका : घी के बर्तन में होने से अन्न का भय, शहद के बर्तन में होने से तप का क्षय, सौवीर तथा पकवान के बर्तन में होने पर अथवा नमक के बर्तन में होने पर झगड़ा होता है।

पेटिकायां वस्त्रहानिस्तरुपीठे रिपोर्भयम्।
गृहोपकरणे स्थाने क्षिप्रं तस्करतो भयम्।।१७१।।

मञ्जुमती टीका : पेटिका (बक्शे) में होने से वस्त्र की हानि, तरूपीठ में होने पर शत्रु का भय, घर के सामग्री में या स्थान में होने पर शीघ्र ही चोर का भय होता है।

शाकिन्यारामखलपूसस्यक्षेत्रे फलक्षयः।
पुरीषमन्दिरे गोष्ठे वृषचिकित्सारुजां भवेत्।।१७२।।

मञ्जुमती टीका : शाकनी अर्थात् शाक वाले खेत में, बगीचे में, खलिहान में तथा फसल या धान वाले खेत में होने पर फल का नाश हो जाता है। शौचालय में या गाय के स्थान में अथवा बैल के स्थान में होने से रोग उत्पन्न होता है।

तुल्यस्थानानि सर्वेषामुक्तराज्ञां च कथ्यते।
शिथिलीजायते यत्र ग्रामे जनपदे पुरे।।१७३।।

मञ्जुमती टीका : सभी समान स्थानों में राजाओं के लिए कहा गया है। शिथिली जिस गाँव जनपद या नगर में उत्पन्न होती हैं।

चैत्ये देवालये सेतौ विपिने पर्वतेषु च।
नदीतीरे जले चाथ क्षुद्रदेवगृहेषु च।।१७४।।

मञ्जुमती टीका : चैत्य (धर्मशाला), देवालय (मन्दिर), पुल, जङ्गल, पर्वत, नदी के किनारे अथवा जल अथवा छोटे देवताओं के घर में शिथिली होने पर।

अश्वालये गजगृहे खरोष्ट्रमृगपक्षिणाम्।
विद्यालये शस्त्रगृहे राज्योपकरणालये।।१७५।।

मञ्जुमती टीका : घुड़साल में, हाथी के स्थान में, गदहा, ऊँट, मृग तथा पक्षियों के स्थान में, विद्यालय, शस्त्रागार में तथा राजा के राज्य की सामग्रियों के स्थान में।

दासीदासगृहाद्येषु तत्तद्वर्गविनाशनम्।
साधारणेन शान्त्यैव एते दोषा लयं ययुः।
तस्माच्छान्तिश्च कर्तव्या द्विजभोजनपूर्वकम्।।१७६।।

मञ्जुमती टीका : नौकर चाकरों के घरों में होने पर उन-उन वर्गों का विनाश करता है। इन स्थानों में होने पर साधारण शान्ति के द्वारा ये सभी दोष नष्ट हो जाते हैं। इसलिए शान्ति ब्राह्मण भोजनपूर्वक करनी चाहिए।

कुड्याङ्गे मस्तकांद्यङ्गे पतिते फलमुच्यते।
मस्तके राज्यनाशः स्याद्भाले कर्णे च भूषणम्।।१७७।।

मञ्जुमती टीका : कुड्य अंङ्ग में, मस्तकादि के अङ्ग पर गिरने से फल कहा जा रहा है। मस्तक पर गिरने से राज्य का नाश, ललाट तथा कान पर गिरने से आभूषण की प्राप्ति होती है।

वक्षःस्थले तु सौभाग्यं हृदि प्रीतिविवर्द्धनम्।
पुत्रलाभस्तु कुक्षौ स्यान्नाभौ कीर्तिविवर्द्धनम्।।१७८।।

मञ्जुमती टीका : वक्षस्थल (छाती) पर गिरने से सौभाग्य की प्राप्ति, हृदय में गिरने पर आपस (पति-पत्नी) में प्रेम की वृद्धि, कोख पर गिरने से पुत्र का लाभ तथा नाभि पर गिरने से यश की वृद्धि होती है।

नेत्रयोर्मित्रलाभः स्यात्सुगन्धं नासिकोपरि।।
वक्त्रे तु भोजनं कण्ठे स्त्रीलाभः स्कन्धयोर्जयः।।१७९।।

मञ्जुमती टीका : दोनों नेत्रों पर गिरने से मित्र का लाभ, नासिका पर गिरने से सुगन्ध की प्राप्ति, मुख पर गिरने से भोजन की प्राप्ति, कण्ठ में स्त्री का लाभ तथा दोनों कन्धों पर गिरने से जय की प्राप्ति होती है।

हस्ते तेजोविवृद्धिः स्यादर्थवृद्धिः करद्वयोः।
अर्थलाभस्तु पृष्ठे स्यात्पार्श्वयोः सुहृदागमः।।१८०।।

मञ्जुमती टीका : हाथ में गिरने पर तेज की वृद्धि, दोनों हाथों में होने से धन की वृद्धि, पीठ पर गिरने से अर्थ का लाभ तथा पार्श्व (बगल) भाग में गिरने से मित्र का आगमन होता है।

पेटिकायां वस्त्रहानिस्तरुपीठे रिपोर्भयम्।
गृहोपकरणे स्थाने क्षिप्रं तस्करतो भयम्।।१७१।।

मञ्जुमती टीका : पेटिका (बक्शे) में होने से वस्त्र की हानि, तरूपीठ में होने पर शत्रु का भय, घर के सामग्री में या स्थान में होने पर शीघ्र ही चोर का भय होता है।

शाकिन्यारामखलपूसस्यक्षेत्रे फलक्षयः।
पुरीषमन्दिरे गोष्ठे वृषचिकित्सारुजां भवेत्।।१७२।।

मञ्जुमती टीका : शाकनी अर्थात् शाक वाले खेत में, बगीचे में, खलिहान में तथा फसल या धान वाले खेत में होने पर फल का नाश हो जाता है। शौचालय में या गाय के स्थान में अथवा बैल के स्थान में होने से रोग उत्पन्न होता है।

तुल्यस्थानानि सर्वेषामुक्तराज्ञां च कथ्यते।
शिथिलीजायते यत्र ग्रामे जनपदे पुरे।।१७३।।

मञ्जुमती टीका : सभी समान स्थानों में राजाओं के लिए कहा गया है। शिथिली जिस गाँव जनपद या नगर में उत्पन्न होती हैं।

चैत्ये देवालये सेतौ विपिने पर्वतेषु च।
नदीतीरे जले चाथ क्षुद्रदेवगृहेषु च।।१७४।।

मञ्जुमती टीका : चैत्य (धर्मशाला), देवालय (मन्दिर), पुल, जङ्गल, पर्वत, नदी के किनारे अथवा जल अथवा छोटे देवताओं के घर में शिथिली होने पर।

अश्वालये गजगृहे खरोष्ट्रमृगपक्षिणाम्।
विद्यालये शस्त्रगृहे राज्योपकरणालये।।१७५।।

मञ्जुमती टीका : घुड़साल में, हाथी के स्थान में, गदहा, ऊँट, मृग तथा पक्षियों के स्थान में, विद्यालय, शस्त्रागार में तथा राजा के राज्य की सामग्रियों के स्थान में।

दासीदासगृहाद्येषु तत्तद्वर्गविनाशनम्।
साधारणेन शान्त्यैव एते दोषा लयं ययुः।
तस्माच्छान्तिश्च कर्तव्या द्विजभोजनपूर्वकम्।।१७६।।

मञ्जुमती टीका : नौकर चाकरों के घरों में होने पर उन-उन वर्गों का विनाश करता है। इन स्थानों में होने पर साधारण शान्ति के द्वारा ये सभी दोष नष्ट हो जाते हैं। इसलिए शान्ति ब्राह्मण भोजनपूर्वक करनी चाहिए।

कुड्याङ्गे मस्तकांद्यङ्गे पतिते फलमुच्यते।
मस्तके राज्यनाशः स्याद्भाले कर्णे च भूषणम्।।१७७।।

मञ्जुमती टीका : कुड्य अंङ्ग में, मस्तकादि के अङ्ग पर गिरने से फल कहा जा रहा है। मस्तक पर गिरने से राज्य का नाश, ललाट तथा कान पर गिरने से आभूषण की प्राप्ति होती है।

वक्षःस्थले तु सौभाग्यं हृदि प्रीतिविवर्द्धनम्।
पुत्रलाभस्तु कुक्षौ स्यान्नाभौ कीर्तिविवर्द्धनम्।।१७८।।

मञ्जुमती टीका : वक्षस्थल (छाती) पर गिरने से सौभाग्य की प्राप्ति, हृदय में गिरने पर आपस (पति-पत्नी) में प्रेम की वृद्धि, कोख पर गिरने से पुत्र का लाभ तथा नाभि पर गिरने से यश की वृद्धि होती है।

नेत्रयोर्मित्रलाभः स्यात्सुगन्धं नासिकोपरि।।
वक्त्रे तु भोजनं कण्ठे स्त्रीलाभः स्कन्धयोर्जयः।।१७९।।

मञ्जुमती टीका : दोनों नेत्रों पर गिरने से मित्र का लाभ, नासिका पर गिरने से सुगन्ध की प्राप्ति, मुख पर गिरने से भोजन की प्राप्ति, कण्ठ में स्त्री का लाभ तथा दोनों कन्धों पर गिरने से जय की प्राप्ति होती है।

हस्ते तेजोविवृद्धिः स्यादर्थवृद्धिः करद्वयोः।
अर्थलाभस्तु पृष्ठे स्यात्पार्श्वयोः सुहृदागमः।।१८०।।

मञ्जुमती टीका : हाथ में गिरने पर तेज की वृद्धि, दोनों हाथों में होने से धन की वृद्धि, पीठ पर गिरने से अर्थ का लाभ तथा पार्श्व (बगल) भाग में गिरने से मित्र का आगमन होता है।

कटिस्थाने वस्त्रलाभो गुह्यस्थाने समागमः।
गुदे रोगविनाशः स्यादुरुजान्वोश्च वाहनम्।।१८१।।

मञ्जुमती टीका : कमर स्थान में गिरने से वस्त्र का लाभ, गुह्यस्थान में गिरने से समागम, गुदा में रोग का नाश तथा घुटने पर वाहन की प्राप्ति, दोनों जांघों पर या दोनों पैरों पर गिरने से सदा यात्रा होगी, ऐसा कहना चाहिए।

जंघयोः पादयोश्चैव सदा गमनमादिशेत्।
पादयोश्चोर्द्ध्वगमनं कुर्यादामस्तकाद्यदि।।१८२।।

मञ्जुमती टीका : दोनों पैरों के ऊपर भाग में गिरने से गमन तथा यदि मस्तक में हो तो।

गात्रप्रदक्षिणं वापि राज्यलाभो भवेत्तदा।
मस्तकात्पादपर्यन्तं यदि गच्छेत्तु कुड्यतः।।१८३।।

मञ्जुमती टीका : शरीर पर गिरने से उस समय राज्य का लाभ होता है। मस्तक से पैर पर्यन्त यदि दीवाल से जाये तो।

गात्रप्रदक्षिणं वापि हानिशोकं समादिशेत्।
सरटीपतने हानिः सर्वांगेषु च सर्वदा।।१८४।।

मञ्जुमती टीका : शरीर प्रदक्षिणा करके यदि गमन करें तो हानि और शोक का आदेश देना चाहिए। छिपकली के सभी अङ्गों में गिरने से सदैव हानि होती है।

ऊर्ध्वङ्गच्छेन्तथा वापि कुटुम्बकलहागमः।
सरटीपतनादेव सचैलः स्नानमाचरेत्।।१८५।।

मञ्जुमती टीका : यदि ऊपर के अङ्गों में गमन करे तब परिवार में कलह होता है। छिपकली के गिरने पर पहने हुए वस्त्र के सहित स्नान करना चाहिए।

व्याधिर्लक्ष्मीवह्निभयं बन्धुनाशधनक्षयः।
महद्यशः सुहृल्लाभः पुत्रहानिः क्षमाक्षयः।।१८६।।

मञ्जुमती टीका : रोग, लक्ष्मी, अग्नि का भय, बन्धु का नाश, धन का क्षय, बहुत बड़ा यश, मित्र का लाभ, पुत्र की हानि तथा पृथ्वी का क्षय होता है।

मस्तके चेन्द्रलुप्ते तु ब्रह्मस्थानादि तत्फलम्।
मस्तके त्वग्निदाहः स्यान्मलप्रस्रवदूषिते।।१८७।।

मञ्जुमती टीका : मस्तक से ब्रह्म स्थान पर्यन्त यदि गिरे तो यह फल कहा गया है। मस्तक में अग्निदाह तथा मल एवं दूषित का स्राव होता है।

काकश्येनादिनिहते शुष्कनिष्ठीवदूषिते।
विनापि वपनं सम्यक् केशानां शुद्धिरिष्यते।।१८८।।

मञ्जुमती टीका : बाज के द्वारा कौंवे आदि के मारे जाने पर सूखे कफ के दूषित होने पर बिना मुण्डन करायें ही बालों की शुद्धि हो जाती है।

सपञ्चगव्यतैलेनाभ्यङ्गस्नानं समाचरेत्।
पश्चात्तुजलसम्पूर्णं नवकुम्भं प्रकल्पयेत्।।१८९।।

मञ्जुमती टीका : पञ्चगव्य के सहित तेल मालिश करके स्नान करना चाहिए। इसके पश्चात जल से भरे हुए नवीन घड़ा स्थापित करना चाहिए।

पञ्चत्वक्पल्लवोपेतं पञ्चामृतसमन्वितम्।
अष्टमृत्तिकसद्बीजस्वर्णरत्नसमन्वितम् ।।१९०।।

मञ्जुमती टीका : पञ्चत्वक् एवं पञ्च पल्लवों से युक्त पञ्चामृत के सहित अष्टमृतिका शतबीज़, स्वर्ण, रत्न आदि युक्त।

शतौषधिसमायुक्तं शुक्लवस्त्रसमन्वितम्।
अब्लिंगैर्वारुणैः सूक्तैर्मंत्रितं समलंकृतम्।।१९१।।

मञ्जुमती टीका : शतौषधि के सहित श्वेत वस्त्र से समन्वित अपलिङ्गवारुण सूक्त से अभिमन्त्रित और अलंकृत करें।

धान्योपरि सुसंस्थाप्य चोपचारैः समर्चयेत्।
स्नात्वा तत्कुम्भतोयेन तिलहोमं समाचरेत्।।१९२।।

मञ्जुमती टीका : उसके ऊपर धान्य स्थापित करके षोडशोपचार अथवा यथोपचार से पूजन करें। उस कलश के जल से स्नान (अभिषेक) करके तिल का हवन करना चाहिए।

ब्राह्मणाय ततो दद्यात्कुम्भं वस्त्रं सदक्षिणम्।
ब्राह्मणान्भोजयेत्पश्चात्तस्माद्दोषात्प्रमुच्यते।।१९३।।

मञ्जुमती टीका : पुनः ब्राह्मण को वस्त्र एवं दक्षिणा के सहित कलश को देना चाहिए। इसके पश्चात ब्राह्मणों को भोजन करायें तब समस्त दोषों से छूट जाता है।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायामुत्पाताध्यायः पञ्चचत्वारिंशः।।४५।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ द्वारा रची गयी वशिष्ठसंहिता में उत्पाताध्याय नामक पैतालिसवें अध्याय का हिन्दी अनुवाद पूर्ण हुआ।

अथ रोगोत्पत्तिशान्त्यध्याय: ४६।

रोगशान्तिं प्रवक्ष्यामि रोगार्त्तानां शरीरिणाम्।
बलिपूजाङ्गहोमैश्च जपब्राह्मणभोजनैः।।१।।

मञ्जुमती टीका : अब रोग से पीड़ित शरीर वाले (मनुष्यों के लिए), बलि पूजा और पूजा के अङ्ग, हवन आदि के द्वारा तथा जप ब्राह्मणभोजन आदि के द्वारा रोग शान्ति को कहूँगा।

यस्मिन्धिष्ण्ये यदा नृणां रोगः संजायते सदा।
धिष्ण्यपूजा प्रकर्तव्या तदीश्वरसुतुष्टये।।२।।

मञ्जुमती टीका : सदैव जब मनुष्यों को जिस नक्षत्र में जो रोग उत्पन्न हों, उस नक्षत्र के स्वामी देवता की सन्तुष्टि के लिए नक्षत्र की पूजा करनी चाहिए।

सुवर्णेन प्रमाणेन तदर्द्धेन च वा पुनः।
धिष्ण्येशप्रतिमां कल्प्य यथा वित्तानुसारतः।।३।।

मञ्जुमती टीका : सोने के प्रमाण से अथवा उसके आधे भाग से पुनः नक्षत्र के स्वामी देवता की प्रतिमा को बनवाकर यथाशक्ति धन के अनुसार।

ईशान्यामथवा प्राच्यामुदीच्यां दिशि सल्लिखेत्।
तण्डुलोपर्य्यष्टदलं पद्मं गोमयमण्डले।।४।।

मञ्जुमती टीका : ईशानकोण में अथवा पूरब दिशा में अथवा उत्तर दिशा में चित्रित कर चावल के ऊपर अष्टदल कमल गोमय मण्डल में।

पञ्चामृतैः सलेहैश्च तत्तन्मन्त्रैः पृथक् पृथक्।
स्नाप्य कल्पोक्तमन्त्रेण प्रतिमां स्थापयेत्ततः।।५।।

मञ्जुमती टीका : पञ्चामृत और लेह के सहित उन-उन मन्त्रों के द्वारा अलग-अलग स्नान कराकर कल्पोक्त में कहे गये मन्त्रों के द्वारा वहाँ पुनः

प्रतिमा की स्थापना करें।

कर्णिकायां सुसंस्थाप्य धृत्वा देवं समर्चयेत्।
तद्वर्णवस्त्रगन्धाद्यैरुक्तधूपोपहारकैः ।।६।।

मञ्जुमती टीका : अष्टदल कमल की कर्णिका में स्थापित करके उसी में देवता को धारण कराकर भोजन करना चाहिए। उस देवता के वर्ण, वस्त्र और गन्ध आदि के द्वारा ऊपर कहे गये धूप आदि सामग्रियों से उपहार आदि के द्वारा।

आरक्तवर्णं कुम्भं च पञ्चत्वक्पल्लवैर्युतम्।
शुक्लवस्त्रस्वर्णरत्नशतौषधिसमन्वितम् ।।७।।

मञ्जुमती टीका : लाल वर्ण के कलश को पांच त्वचा एवं पञ्च पल्लवों से युक्त करके श्वेत वस्त्र स्वर्ण रत्न तथा शतौषधि से संयुक्त करें।

मृत्पञ्चगव्यसद्बीजफलक्षौद्रकुशान्वितम् ।
देवस्य पूर्वतः स्थाप्य जलमन्त्रैः समर्चयेत्।।८।।

मञ्जुमती टीका : मिट्टी, पञ्चगव्य, शतबीज, फल और क्षौद्र तथा कुशा से पूर्ण करके देवता के सामने स्थापित करके जल मन्त्रों के द्वारा पूजन करना चाहिए।

तत्प्राच्यां स्थंडिले वह्निं विधिवत्स्थापयेत्ततः।
मुखान्ते जुहुयादुक्तद्रव्येणाष्टसहस्रकम्।।९।।

मञ्जुमती टीका : उसके पूरब में स्थण्डिल बनाकर उसमें विधिवत अग्नि की स्थापना करनी चाहिए। मुखान्त में कहे गये द्रव्य आदि के द्वारा ८००० मन्त्रों से हवन करना चाहिए।

तिलाज्यहोमव्याहृतिभिरष्टोत्तरसहस्रकम् ।
पूर्णाहुतिं च जुहुयात्सम्यक् स्नायीत पूर्ववत्।।१०।।

मञ्जुमती टीका : तिल का हवन व्याहृतियों के द्वारा १००८ मन्त्रों से करना चाहिए। पुनः पूर्णाहुति का हवन करके ठीक प्रकार से पूर्ववत् अवभृथ स्नान करें।

ततः शुद्धोपविष्टस्य रोगिणः प्राङ्मुखस्य च।
मन्त्रपूतैः कुम्भजलैरब्लिंगैर्वारिमन्त्रकः।।११।।

मञ्जुमती टीका : इसके पश्चात शुद्ध आसन पर बैठकर रोगी को पूरब मुख करके मन्त्र से पवित्र कलश जल के द्वारा अपलिङ्गवारि मन्त्र के द्वारा।

मार्जनं कारयेत्तस्य सम्यक् संकल्पपूर्वकम्।
नीराजनं च शुद्धात्मा पूजास्थाने समागतः।।१२।।

मञ्जुमती टीका : ठीक ढंग से संकल्पपूर्वक उस रोगी का मार्जन करना चाहिए। इसके पश्चात् वह शुद्ध आत्मा पूजा स्थान में आकर आरती करे।

देवं हुताशनं भक्त्या प्रणम्य प्रार्थयेदिति।
अमृतोद्भवधिष्ण्येश यतस्त्वं शंकरात्मकः।।१३।।

मञ्जुमती टीका : अग्निदेव को भक्तिपूर्वक प्रणाम करके इस प्रकार प्रार्थना करे। आप अमृत से उत्पन्न नक्षत्र के स्वामी हैं क्योंकि आप तो शङ्करजी के पुत्र भी हैं।

रोगादस्माच्च मां रक्ष तव वश्याश्च धिष्ण्यपाः।
इति प्रार्थ्य ततो दद्यात्प्रतिमां वस्त्रसंयुताम्।।१४।।

मञ्जुमती टीका : इसलिए इस रोग से मेरी रक्षा करें। हम आपके वश में हैं। हे नक्षत्र के पालन करने वाले हम आपके वश में हैं। ऐसी प्रार्थना करके पुनः वस्त्र से संयुक्त प्रतिमा को देना चाहिए।

दक्षिणासहितां भक्त्या आचार्याय कुटुम्बिने।
ब्राह्मणे च यथा भक्त्या ब्राह्मणान्भोजयेत्ततः।।१५।।

मञ्जुमती टीका : दक्षिणा के सहित कुटुम्बी आचार्य को देना चाहिए और ब्राह्मण को यथा शक्ति दक्षिणा देनी चाहिए, पुनः भक्तिपूर्वक ब्राह्मण को भोजन कराना चाहिए।

कृत्वा नक्षत्रपूजां च तिथिवासरयोरपि।
सर्वान्कामानवाप्नोति रोगी रोगात्प्रमुच्यते।।१६।।

मञ्जुमती टीका : तिथि दिन और नक्षत्र की पूजा करने पर सभी इच्छाओं की प्राप्ति हो जाती है और रोग से छूट जाता है।

अश्विन्यामुत्थितो व्याधिर्नवरात्रेण मुच्यते।
देवस्यत्वेति मन्त्रेण गायत्री कश्यपोऽश्विनौ।।१७।।

मञ्जुमती टीका : अश्विनी नक्षत्र में उत्पन्न रोग नवरात्रि के पश्चात् छूटता है। अर्थात् जिस किसी रोगी को ज्वर आदि रोग यदि अश्विनी नक्षत्र में हों तो वह नौ दिन तक कष्ट पाकर पुनः वह देवस्यत्वा इस मन्त्र के द्वारा गायत्री, कश्यप और अश्विनी कुमारों की।

श्वेतवर्णौ सुधापूर्णौ कुम्भाम्भोजधरौ पृथक्।
चन्दनोत्पलपुष्पाज्यगुग्गुलू च गुडप्रियौ।।१८।।

मञ्जुमती टीका : सफेद रंग वाले अमृत से भरे हुए अलग-अलग कमल और कलश को धारण किए हुए चन्दन, कमल के फूल, घी, गुग्गुल और गुड़ के प्रेमी।

क्षीरलड्डूकभोक्तारौ समिधः क्षीरवृक्षजाः।
गुडोदनबलिं दद्याद्दीपैः सार्द्धं निशामुखे।।१९।।

मञ्जुमती टीका : दूध तथा लड्डू को खाने वाले, दूध वाले वृक्षों से उत्पन्न समिधा (लकड़ी) से गुड़, चावल की बलि (पूजा) दीपक सहित सायंकाल में दे।

भरण्यामुत्थितो व्याधि रचिरान्निधनप्रदः।
मासेन मुञ्चत्यथवा दैवस्य कुटिला गतिः।।२०।।

मञ्जुमती टीका : भरणी नक्षत्र में यदि रोग उत्पन्न हो जायें तो शीघ्र ही रोगी की मृत्यु हो जाती है अथवा एक महीने के बाद रोग से मुक्ति होती है क्योंकि दैव की गति बड़ी कुटिल है अर्थात् विचित्र है।

त्र्यम्बकस्य तु मन्त्रस्य चोक्ता छन्दर्षिदेवता।
गन्धोऽगुरुः करवीरं पुष्पं धूपश्च गुग्गुलुः।।२१।।

मञ्जुमती टीका : त्र्यम्बक के मन्त्र के कहने वाले छन्द ऋषि और देवता का स्मरण करके गन्ध और अगुरु, करबीर (कनेर) के फूल, धूप और गुग्गुल द्वारा।

आज्यदीपं च सर्वेषां नैवेद्यं च गुडोदनम्।
पाशदण्डधरो रक्तस्त्वाज्यमध्वाक्षतैर्हविः।।२२।।

मञ्जुमती टीका : घी के दीपक से तथा सभी के लिए गुड़ और चावल का नैवेद्य देकर पाश और दण्ड को धारण करने वाले यम के लिए रक्त, घी, मधु और अक्षत की हवि से।

महिषीनायकारूढः कृशरान्नबलिं हरेत्।
वक्ष्यमाणेन मन्त्रेण बलिं सम्यक् प्रदापयेत्।।२३।।

मञ्जुमती टीका : भैसें पर चढ़ें हुए, खिचड़ी की बलि प्रदान करे अन्न आदि का पूजा को ग्रहण करने वाले यमराज के लिए आगे कहे जाने वाले मन्त्र के द्वारा ठीक ढंग से बलि (पूजा) को देना चाहिए।

कृत्तिकासूत्थितो व्याधिर्दशरात्रेण मुञ्चति।
स्त्रुक्स्त्रुवाभयवरदः स्ववर्णो मेषवाहनः।।२४।।

मञ्जुमती टीका : कृत्तिका नक्षत्र में उत्पन्न व्याधि दस रात्रि के बाद रोगी को छोड़ती है। स्त्रुक् और स्त्रुवा तथा अभय वरदान को देने वाले अपने वर्ण (रंग) वाले, भेड़ें के वाहन वाले।

मेधातिथिर्जगत्यग्निः पुनन्तु मामितस्य च।
चन्दनं यूथिकापुष्पं घृतदीपः सगुग्गुलुः।।२५।।

मञ्जुमती टीका : ऋषि मेघा तिथि, छन्द जगती तथा देवता अग्नि मुझे यहां पवित्र करें। चन्दन तथा जूही का पुष्प, घी का दीपक एवं गुग्गुल।

नैवेद्यं तिलमाषान्नं चणकाद्येन संयुतम्।
गुडोदनं हविस्तत्र पायसेन बलिं हरेत्।।२६।।

मञ्जुमती टीका : तिल और उरद अन्न तथा चना आदि को मिश्रित करके नैवेद्य देना चाहिए। गुड़ एवं चावल की हवि से हवन करें तथा खीर के

द्वारा बलि अर्थात् पूजा करें।

रोहिण्यामुत्थितो व्याधिर्दशरात्रेण मुञ्चति।
नमो ब्रह्मण्यमन्त्रस्य गायत्री विधिरीश्वरः।।२७।।

मञ्जुमती टीका : रोहिणी नक्षत्र में उत्पन्न रोग दस रात्रि के बाद छोड़ देता है। नमो ब्रह्मण्य इस मन्त्र का छन्द गायत्री तथा देवता ब्रह्मा हैं।

शुष्कः कमण्डलुधरस्त्वक्षसूत्राभयप्रदः।
चन्दनं कमलं पुष्पं सदशाङ्गं च गुग्गुलुम्।।२८।।

मञ्जुमती टीका : सूखे कमण्डल को धारण करने वाले अक्षमाला, सूत तथा अभय को देने वाले ब्रह्माजी की चन्दन, कमल के फूल, दशाङ्ग तथा गुग्गुल से।

नैवेद्यं पायसं साज्यं सर्वदानैर्हविर्भवेत्।
दधिक्षीरघृतक्षौद्रशाल्यन्नेन बलिं हरेत्।।२९।।

मञ्जुमती टीका : घी के सहित खीर का नैवेद्य सभी दानों के द्वारा हविष्यान्न बनावें। दही, दूध, घी, छोटे चावल (तिन्नी, नीवार अथवा सांवा, काकुन) के साथ बलि अर्थात् पूजा करें।

चन्द्रभे चोत्थितो व्याधिः पञ्चरात्रेण मुञ्चति।
गदावरदपाणिश्च श्वेतोऽसौ रथवाहनः।।३०।।

मञ्जुमती टीका : मृगशिरा नक्षत्र में उत्पन्न रोग पांच रात्रि के बाद दूर हो जाता है। गदा से युत तथा वर हाथों वाले श्वेत वर्ण वाले रथ को वाहन बनाने वाले।

नवोनवोभवत्यस्य गायत्री गौतमः शशी।
चन्दनं कुमुदं पुष्पं दशाङ्गं पायसोदनम्।।३१।।

मञ्जुमती टीका : नवोनवोभवति (प्रतिदिन नया-नया होने वाले) इस मन्त्र का छन्द गायत्री है, ऋषि गौतम है तथा देवता चन्द्रमा हैं। चन्दन, कुमुद के फूल, दशाङ्ग तथा खीर के द्वारा।

नैवेद्यं मण्डकापूपं घृतक्षौद्रसमन्वितम्।
शर्करादधिमिश्रेण शुक्लान्नेन बलिं हरेत्।।३२।।

मञ्जुमती टीका : माण्ड, मालपूवा, घी और छोटे चावल से युक्त शर्करा, दही सफेद अन्न के द्वारा पूजा करनी चाहिए।

आर्द्रायामुत्थितो व्याधिरचिरान्निधनप्रदः।
मासेन मुञ्च्यत्यथवा दैवस्य कुटिला गतिः।।३३।।

मञ्जुमती टीका : आर्द्रा, नक्षत्र में उत्पन्न रोग शीघ्र ही मृत्यु प्रदान करता हैं अथवा एक महीने में रोग से निवृत्ति होती है क्योंकि दैव की गति अत्यन्त कुटिल है।

शुद्धस्फटिकसंकाशः शूलखड्गभयेष्टदः।
नमः शंकरायेत्यस्य बृहतीशो विधी ऋषिः।।३४।।

मञ्जुमती टीका : शुद्ध स्फटिक मणि के समान कान्ति वाले त्रिशूल तलवार अभय एवं मनोवांछित फल देने वाले शङ्करजी का नमःशङ्कराय: इस मन्त्र के द्वारा जप करें। इस मन्त्र का छन्द बृहती है। देवता रूद्र हैं तथा विधि ऋषि हैं।

चन्दनं सौरभं पुष्पं दशाङ्गं पायसोदनम्।
समध्वाज्यं हविस्तत्र दध्योदनबलिं हरेत्।।३५।।

मञ्जुमती टीका : चन्दन सुगन्धित पुष्प दशाङ्ग खीर, भात, समिधा, घी से युक्त हबि से हवन करके दही भात से बलि देनी चाहिए।

पुनर्वसुभवो व्याधिर्नवरात्रेण मुञ्चति।
कमण्डल्वक्षसूत्रेध्मदर्भस्रुक्स्रुवभृत्सदा ।।३६।।

मञ्जुमती टीका : पुनर्वसु नक्षत्र में उत्पन्न रोग नौ दिन के पश्चात् छोड़ता है। कमण्डल, रूद्राक्ष की माला, समिधा, कुश, स्रुक तथा स्रुव से युक्त सदैव।

अदितिद्यौश्च मन्त्रस्य त्रिष्टुपो द्रुहिणोऽदितिः।
हरिद्राकुंकुमं गन्धं पुष्पसेवन्तिकादयः।।३७।।

मञ्जुमती टीका : अदितिद्यौ इस मन्त्र का जप करें। इसका छन्द त्रिष्टुप है। ब्रह्मा ऋषि है तथा अदिति देवता हैं। हल्दी कुमकुम गन्ध, तथा सेवन्तिका आदि फूलों से।

धूपो मलयजं पिष्टं घृतान्नं पीतवर्णकम्।
घृताक्तं तण्डुलं हविः पीतान्नेन बलिं हरेत्।।३८।।

मञ्जुमती टीका : धूप, चन्दन, आटा, घी, अन्न, पीले रंग के वस्त्र, घी से युक्त चावल की हवि बनाकर पीले अन्न के द्वारा पूजा देनी चाहिए।

पुष्ये समुत्थितो व्याधिः सप्तरात्रेण मुञ्चति।
पीतो दण्डकमण्डल्वक्षसूत्राभयोद्यतः।।३९।।

मञ्जुमती टीका : पुष्य नक्षत्र में उत्पन्न रोग सात रात्रि के बाद छोड़ देता है। पीले दण्ड कमण्डल, अक्षमाला, जनेऊ तथा अभयमुद्रा में स्थित।

बृहस्पते अतीत्यस्य त्रिष्टुपो वाङ्गिरात्रृषिः।
वुंकुमं वारिजं पुष्पं नैवेद्यं घृतपायसम्।।४०।।

मञ्जुमती टीका : बृहस्पते अति इस मन्त्र का जप करे। इसका छन्द त्रिष्टुप है। अङ्गिरा ऋषि है तथा देवता बृहस्पति। कुमकुम कमल के पुष्प तथा घी, खीर से नैवेद्य दें।

मण्डकागुडसंयुक्तमेतच्चैव हविर्भवेत्।
समण्डकघृतान्नेन बलिं तत्र प्रदापयेत्।।४१।।

मञ्जुमती टीका : माँड़, गुड़ से युक्त करके फल बनावें। माड़, घी तथा अन्न से उस बृहस्पति देवता को पूजा प्रदान करें।

आश्लेषामुत्थितो व्याधिः क्लेशान्मासेन मुञ्चति।
नमो अस्तित्वतिमन्त्रस्य विरजाग्निश्च सर्पराट्।।४२।।

मञ्जुमती टीका : आश्लेषा नक्षत्र में उत्पन्न रोग अत्यधिक कष्ट से एक महीने में छोड़ता है। नमोअस्तित्व इस मन्त्र का जप करें। इसका छन्द विराट है। और ऋषि अग्नि हैं। देवता सर्पराज हैं।

मधुपर्णो भोगयुक्तः खड्गचर्मधरः शुभः।
सकुंकुमागुरुगन्धं पुष्पं चागस्तिसम्भवम्।।४३।।

मञ्जुमती टीका : मधु के पत्तों से युक्त भोगयुक्त तलवार और चर्म को धारण करने वाले शुभ कुमकुम के सहित अगुरु, गन्ध तथा अगस्त पुष्प के द्वारा।

घृतगुग्गुलधूपोऽत्र नैवेद्यं क्षीरसर्पिषः।
हविः साज्यं सुदध्यान्नं दध्योदनबलिं हरेत्।।४४।।

मञ्जुमती टीका : घी, गुग्गुल, धूप से पूजन करें घी और दूध से निर्मित नैवेद्य अर्पित करें। सुन्दर दही अन्न तथा घी के सहित हवि प्रदान करे तथा दही चावल के द्वारा बलि दें।

पितृभे चोत्थितो व्याधिः स चिरान्निधनप्रदः।
अथवा सार्द्धमासेन धूम्रो दण्डपवित्रधृक्।।४५।।

मञ्जुमती टीका : मघा नक्षत्र में उत्पन्न रोग शीघ्र ही मृत्यु प्रदान करता है। अथवा पन्द्रह दिन के बाद रोग की निवृत्ति होती है। धूम्रवर्ण एवं पवित्र दण्ड धारण किए हुए।

आयन्तुनस्त्वितीवास्य जगती पितरोऽब्जजः।
चन्दनं चम्पकं पुष्पं धूपः सघृतगुग्गुलुः।।४६।।

मञ्जुमती टीका : आयन्तु इत्यादि इस मन्त्र का जप करें। इसका जगती छन्द है। देवता पितर है। और ऋषि ब्रह्मा है। चन्दन तथा चम्पा के फूल से गुग्गुल घी के सहित पूजन करें।

नैवेद्यं घृतपिष्टान्नं तिलान्नं सघृतं हविः।
सतिलान्नं च मुद्गान्नं बलिं च पितृतुष्टये।।४७।।

मञ्जुमती टीका : नैवद्य, घी और आटे के अन्न से अर्थात् हलुआ से दें तिल का एवं घी के सहित हवि बनाकर हवन करे। मूँग निर्मित व्यञ्जन बलि पितरों की सन्तुष्टि के लिए दे।

पूर्वाफाल्गुनिभे व्याधिरर्द्धमासेन मुञ्चति।
भग एव भगवानित्यस्य जगती त्रिष्टुप्च गोविधिः।।४८।।

मञ्जुमती टीका : पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र में उत्पन्न व्याधि पन्द्रह दिन में छोड़ देती है। अर्थात् पन्द्रह दिन के बाद रोग मुक्ति होती है। इसके देवता भग भगवान हैं। इसका छन्द जगती एवं त्रिष्टुप हैं। और गोविधि इसके ऋषि हैं।

पद्माभयकरः पद्मवर्णः सिंहासने स्थितः।
चन्दनं मालतीपुष्पं विल्वधूपो घृतोदनम्।।४९।।

मञ्जुमती टीका : कमल एवं अभय हाथों वाले, पद्म वर्ण के सिंहासन पर बैठे हुए चन्दन मालती पुष्प बेल, धूप , घी और भात से।

नैवेद्यं शर्करापूपलड्डूकाभिश्च संयुतम्।
घृतोदनं हविस्तत्र पायसेन बलिं हरेत्।।५०।।

मञ्जुमती टीका : नैवेद्य में चीनी मालपूवा लड्डु आदि से युत करके देना चाहिए। घी और भात की हवि से हवन तथा खीर के द्वारा बलि प्रदान करनी चाहिए।

अर्यमर्क्षे भवेद्व्याधिरर्द्धमासेन मुञ्चति।
पद्मवर्णः पद्मसंस्थः पद्मगर्भसमुद्यतः।।५१।।

मञ्जुमती टीका : उत्तरा फाल्गुनी यदि रोग हो जाय तो पन्द्रह दिन में मुक्ति होती है। कमल वर्ण कमल पर स्थित कमल गर्भ से उद्यत।

अर्यमायानिमन्त्रस्य अर्यमात्रिभिरब्जजः।
कर्पूरं कुंकुमं गन्धं पुष्पं धूपकसंज्ञकम्।।५२।।

मञ्जुमती टीका : अर्यमा देवता के मन्त्र से आर्य मात्रिकाओं का कर्पूर, रोली और गन्ध धूप आदि सामग्रियों से।

घृतगुग्गुलुधूपोऽत्र नैवेद्यं घृतपायसम्।
होमद्रव्यं घृतान्नं स्याच्छाल्यन्नेन बलिं हरेत्।५३।।

मञ्जुमती टीका : घी गुग्गुल, धूपादि के द्वारा पूजन के साथ घी युक्त खीर का भोग लगावें तथा घी एवं अन्न से हवन करें, भात की बलि प्रदान करें।

हस्तो समुत्थितो व्याधिर्नवरात्रेण मुञ्चति।
उदुत्यमिति हिरण्यस्तु यो गायत्र्यदिती जपेत्।।५४।।

मञ्जुमती टीका : हस्त नक्षत्र में उत्पन्न रोग नव (९) दिन के पश्चात् छोड़ देता है। उदुत्यमिति हिरण्यस्तु मन्त्र का छन्द गायत्री तथा आदित्य देवता हैं।

रक्तगन्धं वुंकुमं च पुष्पं राजीवसंज्ञकम्।
सगन्धगुग्गुलुर्धूपो नैवेद्यं घृतपायसम्।।५५।।

मञ्जुमती टीका : लाल गन्ध, कुंकुम (रोली) लालकमल का फूल, गन्ध के सहित गुग्गुल, धूप आदि से पूजन कर घी एवं खीर का नैवेद्य अर्पित करना चाहिए।

मधुपुष्पतिलाज्यान्नं दूर्वाभिः सहितं हविः।
गुडशर्करमध्वाज्यपिष्टान्नेन बलिं हरेत्।।५६।।

मञ्जुमती टीका : मधु पुष्प, तिल, घी तथा अन्न एवं दूब के सहित हवि गुड़ शक्कर, मधु, घी तथा आटा आदि अन्न के द्वारा बलि (पूजन) करना चाहिए।

चित्रायामुत्थितो व्याधिर्दशरात्रेण मुञ्चति।
चित्रंदेवानामित्यस्य गायत्रीदितिजो रविः।।५७।।

मञ्जुमती टीका : चित्रा नक्षत्र में उत्पन्न रोग दस दिन के पश्चात् छोड़ देता है। चित्रं देवानामिति इस मन्त्र का छन्द गायंत्री तथा देवता त्वष्टा हैं रवि ऋषि हैं।

अक्षसूत्राजपकरस्त्विन्द्रं च पांशिलेरतः।
सवुंकुमागुरुर्धूपः कुसुमं चित्रवर्णकम्।।५८।।

मञ्जुमती टीका : अक्ष माला से जप करते हुए हाथों वाले पांशिल में लगे हुए इन्द्र देवता का कुंकुम, अगुरु, धूप तथा विचित्र वर्ण वाले फूलों से (पूजन करें)।

नैवेद्यं मोदकाज्यान्नं चित्रान्नं सघृतं हविः।
तदन्नेन बलिं दद्यात्सर्वरोगापनुत्तये।।५९।।

मञ्जुमती टीका : नैवेद्य में लड्डू, घी तथा अन्न, विचित्र अन्न अथवा अनेक अन्न एवं घी के सहित हवि प्रदान करें। उसी अन्न से बलि प्रदान करने से सम्पूर्ण रोगों से मुक्ति मिल जाती है।

स्वात्यर्क्षे चोत्थितो व्याधिः सर्वदा निधनप्रदः।
एकद्वित्रिचतुःपञ्चमासैर्वापि विमुञ्चति।।६०।।

मञ्जुमती टीका : स्वाती नक्षत्र में उत्पन्न रोग सर्वदा मृत्यु देने वाला होता है अथवा एक या दो अथवा तीन, चार या पांच महीने में रोग से मुक्ति देता है।

सनः पितेति मन्त्रस्य गायत्रीमरुदंगिरा।
खड्गचर्मधरः कृष्णो गन्धकृष्णागुरुर्भृशम्।।६१।।

मञ्जुमती टीका : सनः पिता इति इस मन्त्र का जप करना चाहिए। इस मन्त्र का छन्द गायत्री देवता मरुद् तथा ऋषि अङ्गिरा हैं। वे तलवार, चर्म को धारण किये हुए हैं, काले गन्ध एवं काले अगुरु गन्ध से।

पुष्पं दमनकं धूपं चन्दनागुरुगुग्गुलुः।
नैवेद्यं पायसं साज्यं हविस्तेन बलिं हरेत्।।६२।।

मञ्जुमती टीका : दमनक का फूल, धूप, चन्दन, अगुरु, गुग्गुल से पूजन तथा घी के सहित खीर का नैवेद्य तथा हवि एवं इन्हीं वस्तुओं से बलि प्रदान करनी चाहिए।

द्विदैवभे भवेब्द्याधिर्मासेनैवेकेन मुञ्चति।
इन्द्राग्नो आगतमिति गायत्री चास्य चैव वा।।६३।।

मञ्जुमती टीका : विशाखा नक्षत्र में यदि रोग हो तो एक महीने में मुक्ति देता है। इन्द्राग्नों आगतम् इति इस मन्त्र का जप करना चाहिए। इस मन्त्र का छन्द गायत्री तथा।

मधुच्छन्द ऋषींद्राग्नी तयोर्ध्यानं च पूर्ववत्।
श्रीखण्डं कुंकुमं गन्धं तयोः पुष्पं सरोरुहम्।।६४।।

मञ्जुमती टीका : मधुच्छन्द ऋषि हैं एवं इन्द्राग्नी देवता हैं इनका पूर्ववत् ध्यान करना चाहिए। चन्दन, कुंकुम, गन्ध तथा दोनों के लिए कमल का फूल।

देवदारुतरोर्धूपो नैवेद्यं घृतपायसम्।
तदेवान्नं हविस्तत्र चित्रान्नेन बलिं हरेत्।।६५।।

मञ्जुमती टीका : देवदारु वृक्ष की समिधा, धूप, नैवेद्य घी एवं खीर का तथा उसी अन्न से हवि तथा विचित्र अर्थात् अनेक अन्नों की बलि प्रदान करनी चाहिए।

मित्रभे चोत्थितो व्याधिर्दशरात्रेण मुञ्चति।
मित्रस्य चर्षिणीरिति गायत्री वास्य चैवहि।।६६।।

मञ्जुमती टीका : अनुराधा नक्षत्र में उत्पन्न रोग दस दिन के पश्चात् छोड़ता है। मित्रस्य चर्षणी इस मन्त्र से जप करें। मन्त्र का छन्द गायत्री और देवता मित्र हैं।

ऋषिर्हिरण्यस्तूपाख्यस्तत्र मित्रोऽधिदेवता।
द्विभुजः पद्मगर्भाख्यो पद्मभृत्यपद्मसंस्थितः।।६७।।

मञ्जुमती टीका : ऋषि हिरण्यस्तूप हैं तथा अधिदेवता मित्र हैं। दो भुजा वाले, पद्म (कमल) गर्भ वाले, पद्मभृत्य वाले तथा पद्म (कमल) पर स्थित हैं।

कुंकुमं पुण्डरीकाख्यं पुष्पं धूपं च चन्दनम्।
नैवेद्यं पायसं साज्यं हविः कन्दमसूरिकम्।।६८।।

मञ्जुमती टीका : कुंकुम, श्वेतकमल, फूल, धूप तथा चन्दन से पूजा करे घी के सहित खीर का नैवेद्य लगायें तथा कन्द एवं मसूर अन्न की हवि बनावे।

बलिं तत्र प्रदातव्यं मधुशर्करपायसम्।
घृतपूरकमापान्नं मुद्गगर्भैश्च संयुतम्।।६९।।

मञ्जुमती टीका : मधु, चीनी, खीर की बलि प्रदान करनी चाहिए घी से पूर्ण मूंग आदि अन्नों से युक्त बलि (पूजा) प्रदान करे।

ज्येष्ठायामुत्थितो व्याधिर्मृत्युरेव न संशयः।
अथवा मासमेकं वा मुञ्चत्येव न संशयः।।७०।।

मञ्जुमती टीका : ज्येष्ठा नक्षत्र में उत्पन्न रोग मृत्यु प्रदान करता है इसमें संशय नहीं है। अथवा असंशय एक महीने में रोग छोड़ देता है।

इन्द्रव इति मन्त्रस्य गायत्री चाङ्गिरा ऋषिः।
इन्द्रस्तु पूर्ववद्गंधं चन्दनं कुसुमं शुभम्।।७१।।

मञ्जुमती टीका : इन्द्रव इति इस मन्त्र का जप करें या करायें। इस मन्त्र का छन्द गायत्री है, ऋषि अङ्गिरा हैं देवता इन्द्र हैं इन्द्र की पूजा पूर्ववत् गन्ध, चन्दन एवं शुभ फलों से करें।

कर्पूरधूपो नैवेद्यं चित्रान्नं सुमनोहरम्।
हविष्वासूरणं कन्दं मधुकन्दं सुपायसम्।।७२।।

मञ्जुमती टीका : कपूर, धूप, द्वारा पूजन तथा सुन्दर मनोहारी अनेक अन्नों से नैवेद्य अर्पित करें। सूरन, कन्द, मधुकन्द तथा सुन्दर खीर की हवि प्रदान करें।

विचित्रपुष्पगन्धेन दध्यन्नेन बलिं हरेत्।
मूलभे चोत्थितो व्याधिर्मासार्धेन विमुञ्चति।।७३।।

मञ्जुमती टीका : विचित्र फूलों की गन्ध से दही एवं अन्न से पूजा (बलि) प्रदान करें। मूल नक्षत्र में उत्पन्न रोग एक पक्ष अर्थात् १५ दिनों में छोड़ता है।

खड्गवर्मधरः कृष्णः करालवदनः प्रभुः।
मो षुणस्य च गायत्री घोरकण्ठोऽथ नैर्ऋतिः।।७४।।

मञ्जुमती टीका : तलवार एवं चमड़े को धारण करने वाले, काले कराल वदन वाले, स्वामी। मोषुणस्य यह मन्त्र है इससे जप करे। इसका छन्द गायत्री है, घोर कण्ठ ऋषि हैं तथा देवता निऋति है।

गन्धः कृष्णागुरुः पुष्पं पद्मनीलोत्पलं शुभम्।
धूपं कृष्णागुरुर्माषमिश्रितं चोपहारकम्।।७५।।

मञ्जुमती टीका : गन्ध, काली अगुरु, शुभ नीले कमल का फूल, धूप तथा काली अगुरु में काली उड़द का मिश्रण करके पूजन सामग्री निर्मित करें।

तदेवान्नं हविस्तत्र माषान्नेन बलिं हरेत्।
वारिभे चोत्थितो व्याधीरोगिणो निधनप्रदः।।७६।।

मञ्जुमती टीका : उसी अन्न से हवि तथा उड़द के अन्न से बलि (पूजा) प्रदान करे। पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र में उत्पन्न रोग रोगी की मृत्यु का कारण बनता है।

विमुंच्यथवा मासैर्द्वित्रिषट्पञ्चसप्तकैः।
आप्यायस्येति मन्त्रस्य गायत्री पद्मभोजनम्।।७७।।

मञ्जुमती टीका : अथवा दो, तीन, छह, पांच तथा सात महीने के बाद छोड़ता है। आप्यायस्य इति इस मन्त्र का जप करे इस मन्त्र का छन्द गायत्री है तथा कमल ही भोजन है।

सुवर्णो द्विभुजः पद्मपाणिर्गन्धस्तु चन्दनम्।
पद्मशैलेयधूपोऽन्नं नैवेद्यं घृतपायसम्।।७८।।

मञ्जुमती टीका : सुन्दर वर्ण वाले अथवा स्वर्णिम वर्ण, दो भुजाओं वाले, कमल के समान हाथ वाले, गन्ध एवं चन्दन, कमल, शैलेय, धूप तथा अन्न से पूजन करके घी एवं खीर का नैवेद्य अर्पित करे।

हविर्मसूरमिष्टान्नं तदन्नेन बलिं हरेत्।
विश्वभे चोत्थितो व्याधिः सार्द्धमासेन मुञ्चति।।७९।।

मञ्जुमती टीका : हवि मसूर एवं मिष्ठान्न की तथा उसी अन्न के द्वारा

बलि (उपहार) प्रदान करे। उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में उत्पन्न रोग आधे महीने अर्थात् पन्द्रह दिन में छोड़ता है।

विश्वेदेवा स इत्यस्य गायत्री विश्वदेवता:।
कमण्डल्वभयाम्भोजवरदश्च कुशासन:।।८०।।

मञ्जुमती टीका : विश्वेदेवा स इति (इस मन्त्र का जप करें) इस मन्त्र का छन्द गायत्री है। देवता विश्वेदेव हैं। कमण्डल, अभय, कमल तथा वरदायक हाथ हैं एवं कुश आसन पर विराजमान हैं।

चन्दनं कमलं पुष्पं धूपं सघृतगुग्गुलु:।
नैवेद्यं पायसाज्यान्नं हविरष्येतदेवहि।।८१।।

मञ्जुमती टीका : चन्दन, कमल का फूल, धूप, घी के सहित गुग्गुल घी तथा खीर के अन्न का नैवेद्य तथा इसी की हवि बनायें।

समिद्भिर्निचुलै: सार्द्धं तदन्नेन बलिं हरेत्।
श्रवणे चोत्थितो व्याधिर्दशरात्रेण मुञ्चति।।८२।।

मञ्जुमती टीका : निचुल वृक्ष की समिधा के साथ उसी अन्न से बलि प्रदान करे। श्रवण नक्षत्र में उत्पन्न रोग दस दिन में छोड़ता है।

अतो देवेति मन्त्रस्य गायत्री पद्मजो हरि:।
पीताम्बर: कृष्णवर्ण: शंखचक्रगदाम्बुज:।।८३।।

मञ्जुमती टीका : अतो देव इति (इस मन्त्र का जप करे) इस मन्त्र का छन्द गायत्री, ब्रह्मा ऋषि तथा देवता विष्णु भगवान हैं। वे पीताम्बर युक्त श्यामल वर्ण वाले तथा शंख, चक्र, गदा एवं पद्म धारण किये हुए हैं।

चन्दनं मालतीपुष्पं धूप: कर्पूरगुग्गुलु:।
शाल्यन्नं षड्रसोपेतं भक्षभोज्यादिभि: सह।।८४।।

मञ्जुमती टीका : चन्दन, मालती पुष्प, धूप, कपूर, गुग्गुल, चावल, छह रसों से युक्त, भक्ष भोज्य आदि के साथ।

नैवेद्यं हविरप्येतत्पायसेन बलिं हरेत्।
वसुभे चोत्थितो व्याधिर्दशरात्रेण मुञ्चति।।८५।।

मञ्जुमती टीका : नैवेद्य देना चाहिए और इसी की हवि तथा खीर की बलि (पूजा) देनी चाहिए। धनिष्ठा नक्षत्र में उत्पन्न रोग दस दिन के पश्चात् छोड़ देता है।

त्रायन्तामिति मन्त्रस्यानुष्टुब्व्यासो वसुस्मृतः।
चापबाणधरः शुक्लगन्धः कर्पूरचन्दनम्।।८६।।

मञ्जुमती टीका : त्रायन्ताम् इति (इस मन्त्र का जप करे) इस मन्त्र का छन्द अनुष्टुप् है तथा देवता वसु हैं। चाप एवं वाण को धारण किये हुए सफेद गन्ध, कपूर तथा चन्दन।

वारिजं गुग्गुलुंधूपो नैवेद्यं घृतपायसम्।
हविश्चोदुम्बरसमिद्घृतपायससंयुतम् ।।८७।।

मञ्जुमती टीका : कमल, गुग्गुल, धूप से पूजन करे। घी तथा खीर का नैवेद्य दे। गूलर की समिधा तथा घी एवं खीर के सहित हविष्यान्न।

लड्डुकापूपमध्वाज्यतिलपिष्ट बलिं हरेत्।
वारुणे चोत्थितो व्याधिरष्टरात्रेण मुञ्चति।।८८।।

मञ्जुमती टीका : लड्डू, माल पुआ, मधु, घी, तिल, आटा से बलि प्रदान करें। शतभिषा नक्षत्र में उत्पन्न रोग आठ दिन के बाद छोड़ देता है।

इमं मे वरुण इत्यस्य गायत्री कपवचा ऋषिः।
नागपाशधरः श्रीमान्नवरत्नविभूषितः।।८९।।

मञ्जुमती टीका : इमं मे वरुण इति' (इस मन्त्र का जप करें) इस का छन्द गायत्री है कवपचा ऋषि हैं तथा देवता वरुण है। वे नागपाश को धारण किये हुए श्रीयुक्त तथा नवरत्नों से सुशोभित हैं।

मकरस्थोगुरुर्गावः पुष्पं च कमलात्मकम्।
कर्पूरं चन्दनं धूपो नैवेद्यं घृतपोलिका।।९०।।

मञ्जुमती टीका : मगरमच्छ पर बैठे हुए, भारी, गाय तथा कमल फूल कपूर, चन्दन, धूप, नैवेद्य, घी से बने हुए हलुआ।

हविरश्वत्थसमिधश्चित्रान्नेन बलिं हरेत्।
अजपाद्भे भवेद्व्याधिः सर्वदा निधनप्रदः।।९१।।

मञ्जुमती टीका : पीपलवृक्ष की समिधा के साथ हवि तथा विचित्र (अनेक) अन्नों से बलि प्रदान करें। पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में उत्पन्न रोग सर्वदा मृत्यु प्रदान करता है।

अथवा बहुभिर्मासैर्दिवसैर्वा विमुञ्चति।
वामपादकरं भूम्यामाकाशे त्वधरद्वयम्।।९२।।

मञ्जुमती टीका : अथवा बहुत दिनों या महीनों के बाद रोग से मुक्ति देता है। बायें पैर को हाथ से स्पर्श करते हुए, भूमि एवं आकाश में दोनों ओष्ठों को फैलाये हुए।

प्रसार्य प्रांजलिः साक्षादीश्वरं चिन्तयन् स्थितः।
शतमग्निरित्यस्याजपा गायत्री चतुराननः।।९३।।

मञ्जुमती टीका : अञ्जली को फैलाकर साक्षात् ईश्वर के ध्यान में स्थित शतमग्निः इति मन्त्र का जप करना चाहिए। इस मन्त्र का छन्द गायत्री तथा ऋषि ब्रह्मा जी हैं।

कुंकुमं चन्दनं गन्धं पुष्पं श्वेतार्कसंज्ञकम्।
धूपः शतौषधीमूलं नैवेद्यं घृतपायसम्।।९४।।

मञ्जुमती टीका : रोली, चन्दन, गन्ध, श्वेतं मदार का फूल, धूप, शतौषधि के मूल से पूजन करे एवं घी एवं खीर का भोग लगायें।

हविः कूष्मांडखण्डः स्याद्दध्यन्नेन बलिं हरेत्।
आहर्बुध्न्ये भवेद्व्याधिः सार्द्धमासेन मुञ्चति।।९५।।

मञ्जुमती टीका : कूष्माण्ड (कोहंड़ा) के टुकड़े की हवि तथा दही एवं अन्न से बलि प्रदान करे। उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में रोग होने पर आधे महीने अर्थात् पन्द्रह दिन में मुक्ति मिलती है।

नमस्ते रुद्र इत्यस्य सर्वं तत्रैव संस्थितम्।
गन्धचन्दनकर्पूराः पुष्पं पद्मोत्पलं शुभम्।।९६।।

मञ्जुमती टीका : नमस्ते रुद्र इस मन्त्र का जप वहीं स्थित होकर करे। गन्ध, चन्दन, कपूर, कमल का शुभ फूल।

सबिल्वं गुग्गुलुर्धूपो नैवेद्यं घृतपायसम्।
मुद्गमाषतिलान्नाज्ययवव्रीहिमयं हविः।।९७।।

मञ्जुमती टीका : वेल के साथ गुग्गुल, धूप से पूजन तथा घी एवं खीर का भोग लगाये। मूंग, उड़द, तिल, अन्न, घी, जौ, चावल से हवि तैयार करे।

माषमुद्गतिलान्नेन सम्यक् तत्र बलिं हरेत्।
रेवत्यामुत्थितो व्याधिरष्टरात्रेण मुञ्चति।।९८।।

मञ्जुमती टीका : उड़द, मूंग एवं तिलान्न से ठीक ढंग से वलि प्रदान करे। रेवती नक्षत्र में उत्पन्न रोग आठ दिन में छोड़ देता है।

हंसः शुचिषदित्यस्य जगती कश्यपो ऋषिः।
पूषा च देवताम्भोजवर्णांभोजधरः शुभः।।९९।।

मञ्जुमती टीका : हंसः शुचिषदिति (मन्त्र का जप करे) इस मन्त्र का छन्द जगती, ऋषि कश्यप तथा देवता पूषा हैं। ये देव कमल वर्ण वाले तथा शुभ कमल को धारण किये हुए हैं।

रक्तचन्दनगन्धोऽत्र पुष्पमन्दारसम्भवम्।
धूपस्तु गुग्गुलुः साज्यं नैवेद्यं घृतपायसम्।।१००।।

मञ्जुमती टीका : लाल चन्दन, गन्ध, मन्दार से उत्पन्न फूल, धूप, गुग्गुल, तथा घी के सहित पूजन करे तथा घी एवं खीर का नैवेद्य अर्पित करे।

हविस्तदेव सलिलं दध्यन्नेन बलिं हरेत्।
भूतेशानुचरो यस्माद्रोगनाथो महाज्वरः।।१०१।।

मञ्जुमती टीका : उसी की हवि प्रदान करें जल, दही, अन्न से बलि प्रदान करें। भगवान् शिव के अनुचर होने से महाज्वर रोग का स्वामी है।

रोगादस्माच्च मां त्राहि तं गृहीत्वोत्तमं बलिम्।
प्रतिपत्सु भवेद्व्याधिः पञ्चरात्रेण मुञ्चति।।१०२।।

मञ्जुमती टीका : अतएव रोग से मेरी रक्षा करें। इस उत्तमोत्तम बलि को ग्रहण करें। प्रतिपदा तिथि में रोग होने पर पांच दिन बाद छोड़ देता है।

ब्रह्मा तु देवता तत्र पायसेन बलिं हरेत्।
तृतीयायां भवेद्व्याधिः सप्तरात्रेण मुञ्चति।।१०३।।

मञ्जुमती टीका : उसके देवता ब्रह्मा जी हैं उन्हें खीर की बलि प्रदान करनी चाहिए। यदि तृतीया तिथि में रोग हो तो सात दिन बाद मुक्ति होती है।

उमा तु देवता तत्र घृताक्तेन बलिं हरेत्।
चतुर्दश्यां भवेद्व्याधिर्मत्युदो वा द्विमासकैः।।१०४।।

मञ्जुमती टीका : उसकी देवता पार्वती जी हैं उनके लिए घी के सहित बलि प्रदान करे। चतुर्दशी में रोग हो तो मृत्यु हो जाती है अथवा दो महीने के पश्चात्।

मुञ्चन्ति देवताः सर्वाः पिष्टान्नेन बलिं हरेत्।
पौर्णिमायां भवेद्व्याधिस्त्रिरात्रेण विमुञ्चति।।१०५।।

मञ्जुमती टीका : मुक्ति होती है। इसमें सभी देवताओं को आटे की बलि प्रदान करनी चाहिए। यदि पूर्णिमा तिथि में रोग हो तो तीन दिन के बाद मुक्ति मिलती है।

चन्द्रस्तु देवता तत्र दध्योदनबलिं हरेत्।
सूर्यवारे भवेद्व्याधिः सोमवारे भवेत्तथा।।१०६।।

मञ्जुमती टीका : उसका देवता चन्द्रमा है उसे दही भात की बलि देनी चाहिए। यदि रविवार के दिन रोग हो जाय अथवा सोमवार के दिन हो जाय तो।

भौमवारे भवेद्व्याधिः क्लेशाय मरणाय च।
कुजस्तु देवता तत्र रक्तान्नेन बलिं हरेत्।।१०७।।

मञ्जुमती टीका : अथवा मङ्गलवार के दिन रोग होने पर अत्यधिक

कष्ट अथवा मृत्यु होती है। उसका देवता मङ्गल है उसे लाल अन्न के द्वारा बलि प्रदान करनी चाहिए।

बुधवारे भवेद्व्याधिः सप्तरात्रेण मुञ्चति।
बुधस्तु देवता तत्र मुद्गान्नेन बलिं हरेत्।।१०८।।

मञ्जुमती टीका : बुधवार के दिन रोग होने पर सात दिन के पश्चात् मुक्ति होती है। उसका देवता बुध है उसे मूंग के अन्न से बलि प्रदान करनी चाहिए।

गुरुवारे भवेद्व्याधिः पञ्चरात्रेण मुञ्चति।
गुरुस्तु देवता तत्र हरिद्रान्नबलिं हरेत्।।१०९।।

मञ्जुमती टीका : गुरुवार के दिन रोग होने पर पांच दिन बाद मुक्ति मिलती है। इसका देवता गुरु है। इन्हें हल्दी एवं अन्न से बलि देनी चाहिए।

भृगुवारे भवेद्व्याधिः सप्तरात्रेण मुञ्चति।
शुक्रस्तु देवता तत्र चित्रान्नेन बलिं हरेत्।।११०।।

मञ्जुमती टीका : शुक्रवार के दिन रोग होने पर सात दिन के बाद रोग से छुटकारा मिलता है। उसका देवता शुक्र है इसे विचित्र (अनेक) अन्न द्वारा बलि देना चाहिए।

शनिवारे भवेद्व्याधिर्मासार्द्धेन विमुञ्चति।
शनिस्तु देवता तत्र माषान्नेन बलिं हरेत्।।१११।।

मञ्जुमती टीका : शनिवार के दिन रोग होने पर १५ दिन में रोग से मुक्ति मिलती है। इसका देवता शनि है उसे उड़द के अन्न से बलि प्रदान करनी चाहिए।

एवं राश्यादिषु दुर्गाबलिं दद्यात्तदीश्वरे।
यो बलिं कुरुते सम्यग्रोगी रोगात्प्रमुच्यते।।११२।।

मञ्जुमती टीका : इस प्रकार राशि आदि में भी उसके स्वामी अथवा दुर्गा को बलि देनी चाहिए। जो ठीक प्रकार से बलि देता है वह रोगी रोग से मुक्त हो जाता है।

आधाने निधने प्रत्यग्जन्माह्वयविपत्करे।
नक्षत्रजनिते व्याधौ क्लेशाय मरणाय च।।११३।।

मञ्जुमती टीका : आधान नक्षत्र, निधन नक्षत्र, प्रत्यरि तारा, जन्म नक्षत्र तथा विपत्ति तारा में नक्षत्र जनित रोग अत्यधिक कष्ट अथवा मृत्यु के लिए होती है।

आश्लेषार्द्रात्रिपूर्वायमवरुणमहच्छक्रतारानलाः स्युः-।
द्वादश्यां स्कन्दरिक्तातिथिषु च रविजारार्कवारेषु योषाम्।
संजाते तस्य रोगे यमपुरमचिरात्प्राप्नुवंत्येव चन्द्रे।
जन्मन्यष्टाख्यबन्धुव्ययभवनगते मृत्युलग्ने च राशौ।।११४।।

मञ्जुमती टीका : आश्लेषा, आर्द्रा, तीनों पूर्वा, भरणी, शतभिषा, ज्येष्ठा कृत्तिका नक्षत्र, द्वादशी, षष्ठी, चतुर्शी तिथि शनि, मङ्गल एवं रविवार के दिन स्त्रियों में रोग उत्पन्न होने पर शीघ्र ही यमलोक की प्राप्ति होती है। इसी प्रकार चन्द्रमा के जन्म नक्षत्र से अष्टम स्थान में चतुर्थ स्थान में अथवा व्यय अर्थात् द्वादश स्थान में जाने पर, मृत्यु लग्न में अथवा मृत्यु राशि में स्थिति होने पर भी शीघ्र ही मृत्यु हो जाती है।

इति श्री ब्रह्मर्षि वृद्धवशिष्ठविरचितायां संहितायां
रोगोत्पत्तिशान्त्यध्यायः षट्चत्वारिंशः।।४६।।

इस प्रकार ब्रह्मर्षि वृद्ध वशिष्ठ कृत संहिता का रोगोत्पत्ति शान्त्यध्याय नामक छियालिसहवां अध्याय पूर्ण हुआ।





इति वशिष्ठसंहिता समाप्ता

ग्रन्थ विशेष

वशिष्ठ संहिता का द्वितीय संस्करण पाठकों को समर्पित करते हुए अत्यधिक प्रसन्नता हो रही है। प्रथम संस्करण २००६ में प्रकाशित किया था। हस्तलिखित पाण्डुलिपियों का सम्पादन एवं अनुवाद बहुत ही श्रम साध्य कार्य है और तब जबकि किसी भी भाषा में उसका अनुवाद प्राप्त न हो, किन्तु **'क्लेशं फलेन हि पुनर्नवतां विधत्ते'** महाकवि कालिदास की इस सूक्ति के अनुसार कितनी भी कठिनाईयाँ क्यों न हो जब कार्य की सफलता हो जाती है तब कष्ट भी सुखकर प्रतीत होने लगता है। सम्पादन तथा अनुवाद जैसे महत्वपूर्ण कार्य निष्पादन में हुई पीड़ा को उस मार्ग से गये हुए पथिक ही अनुभव कर सकते हैं। इस ग्रन्थ के पैंतालिसवें (उत्पात नामक) अध्याय में भिन्न-भिन्न दिशाओं, स्थानों तथा अन्यान्य स्थालों में शिथिली उत्पन्न होने पर उसके परिणामों का वर्णन आया है। प्रथम संस्करण में शिथिली का अर्थ स्पष्ट नहीं हो सका था अतएव सर्वत्र अर्थ में शिथिली ही लिखा गया था। किन्तु बृहस्पति संहिता के सम्पादन के समय यह शब्द एक स्थल पर प्राप्त हुआ। जहाँ यह शिथिली शब्द स्वयं अपना अर्थ खोल दिया। जिसका अर्थ है कम्पन होने पर जैसे अंग स्फुरण होता है ठीक उसी प्रकार शरीर में कम्पन होने को ही संहिता ग्रन्थों में शिथिली कहा गया है। दूसरा अनुवादगत दोष बृहस्पतिचाराध्याय के श्लोक संख्या बीस में श्रुति के अर्थ में चार के स्थान पर प्रमादवश छ: लिख दिया गया था। अत: जहाँ ३० घटाने की बात कही गयी है वहाँ ३४ घटना चाहिए। उस श्लोक का सम्पूर्ण अर्थ है। भगण की संख्या में ४ का गुणा करे पुन: योग को बीस से विभक्त करे जो फल प्राप्त हो उसमें ३४ घटा दें पुन: ६० से भाग देने पर वर्तमान संवत्सर आता है, अस्तु और भी कामियाँ रह गयी होंगी, भविष्य में यदि अन्य त्रुटियों की ओर पाठकगण ध्यानाकर्षित करेंगे तो निश्चित ही अगला संस्करण और अधिक परिष्कृत होगा। आशा है पाठकगण दूसरे संस्करण को भी पूर्व की भांति ही समादर करेंगे।

मार्गशीर्ष शुक्ल
पंचमी

डॉ. गिरिजाशंकर शास्त्री
दारागंज प्रयाग

अन्य महत्वपूर्ण ग्रन्थ

आचार्य वाराहमिहिर। आचार्य वाराहमिहिर का व्यक्तित्व एवं कृतित्व सम्बन्धी ग्रन्थ। सम्पा.- डॉ. गिरिजाशंकर शास्त्री। (चौ.सं.भ. 95) 150.00

गणितकौमुदी (ज्योतिष)। पं. श्री गणपतिदेव शास्त्री कृत। काशी, बिहार, उत्कल हिन्दू विश्व विद्यालय, पंजाब आदि की प्रथम परिक्षा में स्वीकृत गणित विषय की पाठ्य पुस्तक (का. 81) 75.00

ग्रहलाघवं करणम्। श्री गणेशदैवज्ञ विरचितं। श्री विश्वनाथ दैवज्ञ कृत संस्कृत टीका तथा पं. श्री युगेश्वर झा शास्त्री कृत 'माधुरी' व्याख्या एवं हिन्दी टीकादि। सम्पादक- पं. श्री कपिलेश्वर शास्त्री। (का. 142) 100.00

गोलपरिभाषा सचित्र । ज्याक्षेत्रविचारसहिता । सम्पादक एवं व्याख्याकार - श्री निगम पाण्डेय। (चौ.सं.भ. 142) 45.00

जातकाभरणम् । अन्वय हिन्दी व्याख्या सहित सम्पादक-डॉ. सत्येन्द्र मिश्र (चौ.सं.भ. 105) 225.00

ज्योतिष फलितार्णव। फलित ज्योतिष का अनमोल रत्न-कुण्डली परीक्षण, नक्षत्र, दशा, ग्रहयुति, षड्वर्ग, अष्टकवर्ग एवं गोचर फल तथा रोगविचार आदि। लेखक-डॉ. गिरिजाशंकर शास्त्री। (चौ.सं.भ. 90) 350.00

ज्योतिष बालारिष्ट विज्ञान एवं समाधान । अल्पायु योग समान्वित 'अर्चना' हिन्दी व्याख्या सहित । सम्पादक-डा. मुरलीधर मिश्र (चौ.सं.भ. 151) 95.00

ज्योतिर्विज्ञानविमर्श । भारतीय ज्योतिष में विज्ञान एवं आकाश-पिण्ड से सम्बन्धित। लेखक-डॉ. गिरिजाशंकर शास्त्री। (चौ.सं.भ. 91) 190.00

ज्योतिष तत्व विवेक। ग्रह विवेचन, राशि एवं मुहूर्तविचार, यमलजातक विचार, ग्रहों का मेलापक, ताजिक विचार, रमलशास्त्र, वास्तुशास्त्र, हस्तरेखा, अङ्क एवं सामुद्रिकशास्त्र आदि से सम्बन्धित। लेखक-डॉ. गिरिजाशंकर शास्त्री। (चौ.सं.भ. 92) 200.00

ज्योतिष रोग विज्ञान एवं समाधान । स्त्रीजातकाध्यायसहिता 'अर्चना' हिन्दी व्याख्या समन्वित । सम्पादक-आचार्य मुरलीधर मिश्र। (चौ.सं.भ.135) 175.00

ज्योतिष विवाह सर्वस्व। (विवाह पद्धति सहित) सटीक पद्धति, द्वारपूजा आदि विचार। सम्पा.-डॉ. गिरिजाशंकर शास्त्री। (चौ.सं.भ. 97) 100.00

तिथिनिर्णयः । 'साधारण खण्ड एवं वैष्णव खण्ड' संस्कृत हिन्दी टीका सहित सम्पादक-आचार्य उपेन्द्रनाथ चतुर्वेदी। (चौ.सं.भ. 136) 135.00

नारदसंहिता। महामुनि नारद कृत। सान्वय 'विमला' हिन्दी व्याख्या सहित व्याख्याकार-आचार्य रामजन्म मिश्र। (का. 40) 175.00

प्रश्नभूषण। दैवज्ञ श्रीजीवनाथझा कृत। 'ज्योति' एवं 'उत्तरा' संस्कृत-हिन्दी टीका सहित। सम्पादक-पं. रामचन्द्र पाठक। (का. 258) 30.00

***

डॉ. गिरिजाशङ्कर शास्त्री

जन्मतिथि - १ दिसम्बर १९६१

शिक्षा - एम०ए० संस्कृत साहित्य (प्रथम) इलाहाबाद विश्वविद्यालय, आचार्य फलित ज्योतिष (प्रथम) सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, डी०फिल० (त्रिस्कन्ध ज्योतिष), इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद।

पुरस्कार - पं० प्रतापनारायण मिश्र युवासाहित्यकार सम्मान, उत्तर प्रदेश संस्कृत अकादमी द्वारा विशेष पुरस्कार (दो बार), प्रयागरत्न सम्मान, आर्यभट्ट ज्योतिष विशारद सम्मान, ज्योतिष रत्न सम्मान।

शास्त्र सम्मान - उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ, महर्षि वशिष्ठ सम्मान- अखिल भारतवर्षिय विद्वद्परिषद्, वाराणसी, महर्षि पाराशर सम्मान - नेपाल सरकार, संस्कृत महामहोपाध्याय सम्मान (हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग), प्रो. राजमोहन उपाध्याय स्मृति सम्मान (बी.एच.यू.)।

रचनाएँ - होडाचक्रम्, आचार्य वराहमिहिर, ज्योतिष तत्त्व विवेक, भारतीय कुण्डली विमर्श, ज्योतिष फलितार्णव, लोमश संहिता, वैदिक ज्योतिष (वेदाङ्गत्रयभाष्य सहित), ज्योतिर्विज्ञान विमर्श, मयूर चित्रकम्, भारतीय शास्त्र एवं शास्त्रकार, वशिष्ठसंहिता, भारतीय ज्योतिष में प्रयाग, बृहस्पति संहिता, पौराणिक ज्योतिष, यवनजातक, बृहद् लोमश संहिता (यन्त्रस्थ) एवं प्रयागराज पञ्चाङ्गम्।

प्रकाशित लेख - १५० से अधिक

प्रकाशक :

चौखम्भा संस्कृत भवन

संस्कृत, आयुर्वेद एवं इण्डोलाजिकल ग्रन्थों के प्रकाशक एवं वितरक

चौक, चित्रा सिनेमा के सामने (बैंक ऑफ बड़ौदा बिल्डिंग)

वाराणसी -२२१००१ (भारत)

फोन :+९१-५४२-२४२०४१४

E-mail : csb.brajendra@gmail.com

ISBN-978-81-89986-63-6